(2) कंकण सूर्यग्रहण (7 फरवरी, 2008 ई., गुरुवार)—यह ग्रहण माघ कृष्ण अमावस, गुरुवार, वि. संवत् २०६४ तद्नुसार 7 फरवरी, 2008 ई. को भा. स्टैं. टा. अनुसार प्रातः 7 बजकर 09 मिनट से प्रारम्भ होकर 11 बजकर 42 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा। यह ग्रहण न्यूज़ीलैण्ड, दक्षिण-पूर्वी आस्ट्रेलिया, फिज़ी तथा पश्चिमी समोन में दिखाई देगा।

भारत में दृश्य ग्रहणों का विस्तृत विवरण

(1) ग्रस्तास्त/ खग्रास चन्द्रग्रहण (3/4 मार्च, 2007 ई., शनि/रविवार)—इस ग्रहण का सविस्तार विवरण हम गतवर्षीय पंचांगदिवाकर में लिख आए हैं। इस वर्ष आप मुफीद आलम जन्त्री का अवलोकन कर सकते हैं।

(2) ग्रस्तोदय खण्डग्रास सूर्यग्रहण (19 मार्च, 2007 ई., सोमवार)—इस ग्रहण का भी सविस्तार विवरण हम गतवर्षीय पंचांगदिवाकर में लिख आए हैं।

(3) ग्रस्तोदय खग्रास चन्द्रग्रहण (28 अगस्त, 2007 ई., मंगलवार)—यह ग्रहण श्रावण पूर्णिमा तद्नुसार 28 अगस्त, 2007 ई. को सायं चन्द्रोदय के समय अरूणांचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैण्ड, मिज़ोरम, त्रिपुरा, आसाम, बंगाल के सदूर पूर्वी सीमावर्ती क्षेत्रों में दिखाई देगा। इन क्षेत्रों में चन्द्रमा ग्रस्त ही उदय होगा। और उदय के कुछ मिनट बाद ही ग्रहण समाप्त हो जाएगा। **भारत के अन्य किसी भी प्रान्त में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा।** ग्रहण चित्र (1) में देखने पर आपको स्पष्टतः पता चल जाएगा कि 'क-ख'

ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण-28 अग. 2007 ई.



CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

रेखा के दायीं ओर स्थित क्षेत्रों में ही यह ग्रहण दिखाई पड़ेगा। इस ग्रहण के स्पर्श, मोक्ष आदि का काल (भा. स्टै. टा. में) इस प्रकार है—

	घं. मिं.	
ग्रहण स्पर्श --------	14-21	28 अग., 2007 ई. (भा. स्टैं. टा.)
खग्रास प्रारम्भ ------	15-22	
ग्रहण मध्य----------	16-07	
खग्रास समाप्त ------	16-53	
ग्रहण समाप्त -------	17-54	

[ग्रहण पर्वकाल 3 घं. 33 मिं., चन्द्र मालिन्य प्रारम्भ 13 घं. 22 मिं., चन्द्र मालिन्य समा. 18 घं. 53 मिं.]

ग्रहण चित्र (1) में 'क-ख' रेखा के बाईं ओर स्थित नगरों में चन्द्रमा का उदय ग्रहण समाप्ति के बाद होगा। अत: स्पष्ट रूप से प्रतीत हो रहा है कि 'क-ख' रेखा के बायीं ओर शेष भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा और इससे केवल दायीं ओर के नगरों में (पूर्वी भारत) यह ग्रहण देखा जा सकेगा। इन क्षेत्रों में ग्रहण समाप्ति के समय चन्द्रमा को पूर्वी क्षितिज की ओर देखा जा सकेगा। इसी पृष्ठ पर पूर्वी प्रदेशों के मुख्य नगरों के चन्द्रोदय दिए गए हैं। जिससे स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि इन प्रदेशों के नगरों में भी खग्रास समाप्ति के बाद ही चन्द्रोदय होगा।

पूर्वी भारत के मुख्य नगरों के चन्द्रोदय

ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण–28 अगस्त, 2007 ई.

[17 घं. 54 मिं. से पहले जहाँ चन्द्रोदय होगा, वहीं ग्रहण ग्रस्तोदय रूप में दिखाई देगा।]

नगर	चन्द्रोदय घं.	मिं.	नगर	चन्द्रोदय घं.	मिं.	नगर	चन्द्रोदय घं.	मिं.
अगरतला (त्रिपु.)	17	48	गोचाम (अरु.)	17	40	डिगबोई (आ.)	17	34
अलीपुरदुआर (बं.)*	17	59	गंगटोक (सिकिम)*	18	02	नया बाज़ार (सिकि.)*	18	03
ऐज़वाल (मिज़ो)	17	42	गोलाघाट (आ.)	17	40	पोर्ट-ब्लेयर	17	32
ईटानगर (अरु.)	17	41	गोवाहाटी (आ.)	17	48	बोमडिला (आ.)	17	46
इम्फाल (मणि.)	17	38	जौग्राम (बं.)*	18	01	बोमडिला (अरु.)	17	47
डरब्रूल (मणि.)	17	36	चिरापूंजी (मे.)	17	48	ब्रह्मकुण्ड (आ.)	17	31
उत्त. लखीमपुर (आ.)	17	40	जलपाईगुड़ी (बं.)*	18	00	बाराकपुर (बं.)	17	55
कुमारग्राम (बं.)*	17	57	जोरहाट (आ.)	17	40	मातीमांगा (बं.)	17	54
कोलकत्ता (बं.)*	17	59	टवांग (अरु.)	17	50	शिलांग (मेघा)	17	47
कूच बिहार (बं)*	17	58	दार्जिलिंग*	18	04	लखीमपुर (आ.)	17	39
कोहिमा (नागा.)	17	38	डिब्रूगढ़ (आ.)	17	36	सिबसागर	17	37
						तेजपुर (आ.)	17	44

* = वाले शहरों में ग्रहण समाप्ति के बाद चन्द्रोदय होगा।

भारत के अतिरिक्त यह ग्रहण खग्रास रूप में अमेरिका (दक्षिणी तथा उत्तर-पूर्वी अमेरिका को छोड़कर), सिंगापुर, इण्डोनेशिया, जापान, फिलीपीन्स, हांगकांग, तथा पूर्वी एशिया के अन्य देशों में दिखाई देगा।

क्योंकि पंजाब, हरियाणा, हि. प्र., राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, उ. प्र., उत्तरांचल एवं म. प्र. आदि प्रदेशों में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा—अत: इस ग्रहण में यहाँ स्नान, दानादि धार्मिक विधानों का कोई महत्त्व नहीं होगा।

ग्रहण का सूतक—'क-ख' रेखा के दाईं ओर पड़ने वाले क्षेत्रों में ग्रहण का सूतक स्थानीय चन्द्रोदय से 9 घण्टे पूर्व प्रारम्भ होगा।

(4) ग्रस्तास्त खग्रास चन्द्रग्रहण (21 फरवरी, 2008 ई., गुरुवार)—यह ग्रहण माघ शुक्ल पूर्णिमा तदनुसार 21 फरवरी, 2008 ई. को भारत के केवल सुदूर पश्चिम-उत्तर नगरों (गुजरात, राजस्थान एवं काश्मीर के पश्चिमोत्तरी कुछ भागों में) में कुछ ही मिनटों के लिए ग्रहण आरम्भ के समय ग्रस्तास्त रूप में दिखाई देगा। भा. स्टै. टा. के अनुसार इसका प्रारम्भ, मोक्षादि काल इस प्रकार से होगा—

	घं. मिं.	
ग्रहण प्रारम्भ	7-13	21 फरवरी, 2008 ई., गुरुवार (भा. स्टैं. टा.) प्रात:
खग्रास प्रारम्भ	8-31	
ग्रहण मध्य	8-56	
खग्रास समाप्त	9-22	
ग्रहण समाप्त	10-39	

[चन्द्र मालिन्य प्रारम्भ—6 घं. 05 मिं., चन्द्र मालिन्य समाप्त 11 घं. 47 मिं.]

भारत के गुजरात, राजस्थान और काश्मीर के इन नगरों में चन्द्रास्त से लगभग 10-12 मिनट पहले ही यह ग्रहण प्रारम्भ होगा। अधिक से अधिक 13 मिनट के लिए इन नगरों में दिखाई देगा। यहाँ भी इसका परमग्रास अत्यन्त अल्प होगा, अत: इन नगरों में भी इस ग्रहण का कोई माहात्म्य नहीं होगा। (इन नगरों का चन्द्रास्त समय तथा पर्वकाल अलग से दिया गया है।)

ग्रहण चित्र (2) में दी गई 'क-ख' रेखा से बाईं ओर स्थित इन पश्चिमी प्रदेशों के नगरों में यह ग्रहण चन्द्रास्त के समय देखा जा सकेगा। रेखा के दाईं ओर स्थित सभी नगर-ग्रामों में यह ग्रहण नहीं देखा जा सकेगा क्योंकि इन क्षेत्रों में (पंजाब, हरियाणा, पूर्वी [illegible] आदि) ग्रहण प्रारम्भ होने से पहले ही चन्द्रमा अस्त हो

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कोहिमा (नागा.)	17	38	डिब्रूगढ़ (आ.)	17	36	तेजपुर (आ.)	17

* = वाले शहरों में ग्रहण समाप्ति के बाद चन्द्रोदय होगा।

गामों में यह ग्रहण नहीं देखा जा सकेगा क्योंकि इन क्षेत्रों में (पंजाब, हरियाणा, पूर्वी राजस्थान, पूर्वी गुजरात, दिल्ली आदि) ग्रहण प्रारम्भ होने से पहले ही चन्द्रमा अस्त हो चुका होगा। भारत के अधिकांश नगरों में ('क-ख' रेखा के बाईं ओर स्थित नगरों को छोड़कर) 7 घं. 13 मिं. से पहले ही चन्द्र-अस्त हो जाएगा।

इस ग्रस्तास्त चन्द्रग्रहण को 'क-ख' रेखा के बाईं ओर स्थित नगरों में प्रातः पश्चिमी क्षितिज की ओर चन्द्रमा अस्त होते देखा जा सकेगा।

भारत के अतिरिक्त यह ग्रहण खग्रास रूप में रूस, सऊदी अरब, ओमान तथा अन्य अरब देशों, अफ्रीका में भी दिखाई देगा।

ध्यान रहे—ग्रस्तास्त चन्द्रग्रहण का पर्वकाल ग्रहण के प्रारम्भ से चन्द्र के अस्तकाल तक ही माना जाता है। अतः चन्द्र के अस्त हो जाने पर वहां स्नान कर लेना चाहिए।

ग्रहण का सूतक—जिस क्षेत्र में ('क-ख' रेखा से बाईं ओर) यह ग्रस्तास्त चन्द्रग्रहण दिखाई देगा, केवल वहीं इस ग्रहण के सूतक का विचार होगा तथा 20 फर. की रात्रि 10 घं. 13 मिं. से प्रारम्भ होगा।

क्योंकि यह ग्रहण भारत के सुदूर पश्चिमोत्तर क्षेत्रों को (पश्चिमी राजस्थान, पश्चिम गुजरात) छोड़कर शेष भारत में दिखाई नहीं देगा। अतएव भारत के अधिकांश भागों में ('क-ख' रेखा के दायीं ओर के क्षेत्र में) इस चन्द्रग्रहण का कोई माहात्म, सूतकादि धार्मिक कृत्यों का विचार नहीं होगा।

ग्रस्तास्त (अल्पकालिक) खग्रास चन्द्रग्रहण (21 फर., 2008 ई.)
पश्चिमी भारत के मुख्य नगरों का चन्द्रास्त और पर्वकाल
(जहाँ चन्द्रास्त 7-13 से पहले होगा—वहाँ ग्रहण दिखाई नहीं देगा।)

नगर	चन्द्रास्त घं.	चन्द्रास्त मिं.	पर्व काल मिं.
(पश्चि. राजस्थान के नगर)			
*अनूपगढ़	7	11	—
*उतारनी	7	12	—
कुरी	7	19	6
*कोलायत	7	10	—
बुईआला	7	20	7
नाराव	7	18	5
गागरिया	7	17	4
*गूढ़ा	7	13	—
घोटारू	7	22	9
चारनवाला	7	15	2
जैसलमेर	7	18	5
देओरा	7	18	5
देवीकोट	7	16	3
नाचना	7	14	1
*पोखरन	7	13	—
*फलोंदी	7	13	—
बाड़मेर	7	14	1
*बालोतरा	7	12	—
*बीकानेर	7	10	—
मोहनगढ़	7	17	4
रामगढ़ (जैस.)	7	20	7
शाहगढ़	7	22	9
*हनुमानगढ़	7	08	—
(गुजरात के नगर)			
*अमरेली	7	12	—
जामनगर	7	17	4
जूनागढ़	7	14	1
जखाऊ	7	22	9
द्वारिका	7	21	8
पोरबन्दर	7	19	6
भुज	7	19	6
माधवपुर	7	15	2
मण्डवी (कच्छ)	7	20	7
मालिया	7	15	2
राजकोट	7	14	1
रापर	7	16	3
लखपत	7	24	11
सोमनाथ	7	14	1
*हलवाड़	7	13	—
(जम्मू-कश्मीर)			
गिलगित	7	14	1
*पुच्छ	7	13	—
*उड़ी	7	13	—

* — वाले नगरों में ग्रहण आरम्भ से पहले ही चन्द्र अस्त हो जाएगा।

ग्रस्तास्त चन्द्रग्रहण-21 फरवरी, 2008 ई.

यह ग्रहण भारत में 'क-ख' रेखा के बाईं ओर स्थित नगरों में ही चन्द्रास्त के समय कुछ ही मिनटों के लिए अल्पग्रास रूप में दिखाई देगा।

ग्रहण चित्र (2)



CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शनि साढ़ेसाती, ढैय्या एवं सुवर्णादि पाया विचार—संवत् २०६४ (सन् 2007-08 ई.)

गतवर्ष लगभग दो मास की अल्पावधि (1 नवम्बर, 2006 ई. से 9 जन. 2007 ई. तक) के लिए **शनि** शतभिषा नक्षत्र एवं कुम्भ के चन्द्रमा कालीन **सिंह राशि में प्रविष्ट** हो चुका होगा। विभिन्न राशियों पर इसका प्रभाव हम गतवर्षीय पंचांग (२०६३) में लिख चुके हैं।

10 जनवरी बुधवार को वक्री अवस्था में, हस्त नक्षत्र एवं कन्या के चन्द्रमा कालीन शनि देव सायं 6 बजकर 07 मिनट पर **पुनः कर्क राशि** में प्रवेश करेंगे तथा **15 जुलाई, 2007 ई. तक इसी राशि में संचार करेंगे।** कर्क राशि में संचार का फल भी यद्यपि संवत् २०६३ की **पंचांग** दिवाकर में दिया जा चुका है, परन्तु विक्रमी संवत् २०६४ में शनि द्वारा राशियों के **सुवर्णादि पाया परिवर्तन में अन्तर** आ जाने से **राशिगत फलादेश** में भी कुछ भिन्नता आ जाएगी। इसका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार से होगा—

▲कर्क राशिगत शनि का द्वादश राशियों का फल-2007 ई.▲

कर्क, मिथुन व सिंह राशि के जातकों को शनि की साढ़ेसति तथा **मेष व धनु** राशि वाले जातकों को शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा।

मेष—इस राशि को शनि की ढैय्या एवं पाया लौह होने से धन हानि, बनते कार्यों में विघ्न, घरेलू कलह-क्लेश रहने का भय, वृथा खर्च, स्वास्थ्य भी ठीक न रहे। फर.-मार्च में मंगल स्वोच्च होने से शुभ फल भी घटित होंगे।

वृष—शनि तृतीयस्थ होगा तथा शनि का पाया भी रजत होने से कार्य व्यवसाय में धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। सवारी, भूमि आदि सुख मिले। धर्म की ओर रुचि बढ़ेगी।

मिथुन—शनि की साढ़ेसती का प्रभाव उतरती अवस्था में रहेगा। इस पर शनि का पाया भी लौह है, कार्य-व्यवसाय में हानि, परिवार में कलह, शरीर कष्ट तथा वृथा खर्च बढ़ेंगे।

कर्क—राशि पर शनि साढ़ेसती होने से तनाव, घरेलू व कारोबारी उलझनें व खर्चों की अधिकता रहे। परन्तु **शनि का पाया ताम्बा** व गुरु की दृष्टि के फलस्वरूप गृह में मंगल कार्य व धन लाभ के अवसर मिलेंगे।

सिंह—राशि पर **चढ़ती साढ़ेसाती** होने से शत्रु भय, बन्धुजन से विरोध, शरीर कष्ट एवं वृथा खर्च होंगे। परन्तु शनि का **पाया चांदी (रजत)** होने से आकस्मिक धन लाभ, भूमि, वाहन, विवाह, पदोन्नति आदि तथा विद्या में सफलता भी होगी।

कन्या—शनि एकादश में होने से आकस्मिक धन लाभ, सवारी, पदोन्नति, विवाह आदि सुखों की प्राप्ति होगी। **शनि का पाया सुवर्ण** होने से घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनें तथा खर्चों की अधिकता भी रहे।

तुला—दशमस्थ शनि तथा पाया लौह होने से शरीर कष्ट, आर्थिक परेशानियां, धन हानि, अपव्यय, व्यवसाय या सर्विस में अड़चनें तथा परिवार में मनमुटाव होने के संकेत हैं।

बृश्चिक—नवमस्थ शनि एवं सुवर्ण का पाया होने से धन एवं भाग्योन्नति में विघ्न-बाधाएँ रहे, मानसिक एवं शारीरिक कष्ट हो। परिवार में वैमनस्य एवं वृथा खर्चों में वृद्धि हो। गुरु के कारण धर्म में रूचि बढ़े।

धनु—अष्टमस्थ शनि से ढैय्या का प्रभाव होगा जिससे गृह कलह, धन हानि, अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे। अड़चनों के कारण मानसिक परेशानियां भी बढ़ें। **शनि का पाया ताम्र** होने से उच्च-विद्या प्राप्ति, गृह में मंगल कार्य पर व्यय, वाहन आदि सुख भी प्राप्त होंगे।

मकर—सप्तमस्थ शनि होने से पारिवारिक कलह, धन लाभ व उन्नति में विघ्न, शरीर कष्ट, वृथा व्यय आदि अशुभ फल होंगे, परन्तु शनि का पाया चांदी होने से भूमि, वाहन, उच्चविद्या, स्त्री आदि सुखों की प्राप्ति होगी।

कुम्भ—शनि छटे स्थान में तथा पाया लौह होने से घरेलू परेशानियां, भाग्योन्नति में विघ्न/बाधाएँ, लाभ कम तथा खर्च अधिक, स्वास्थ्य में विकार होंगे।

मीन—शनि पंचमस्थ होने से बनते कार्यों में अड़चनें, प्रयासों में विफलता, खर्च अधिक रहे, परन्तु पाया ताम्र होने से सवारी आदि सुख साधनों की प्राप्ति, कुछ कार्यों में लाभ एवं सफलता प्राप्त होगी।

16 जुलाई सं. 2007 ई. **सोमवार** की प्रातः 4 बजकर 41 मिनट पर शनि **आश्लेषा एवं कर्क के चन्द्रमा** कालीन **सिंह राशि में संचार करेगा।** संवत् के अन्त (6 अप्रैल, 2008 ई.) तक इसी राशि में संचरण करेगा। शनि का द्वादश राशियों पर साढ़ेसाती, ढैय्या, पाया आदि का प्रभाव इस प्रकार से रहेगा।

सिंह राशिगत शनि का द्वादश राशिफल सं. २०६४

(16 जुलाई 2007 ई. से 6 अप्रैल, 2008 ई. तक)

- कर्क, सिंह व कन्या राशि के जातक शनि की साढ़ेसाती के अशुभ प्रभाव क्षेत्र में रहेंगे।
- वृष एवं मकर राशि के जातकों को शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा।

सिंह राशिकालिक शनि का द्वादश राशियों पर प्रभाव का विवरण यद्यपि गतवर्षीय (२०६३) **पंचाँगदिवाकर** में लिख चुके हैं, परन्तु प्रस्तुत वर्ष में शनि के सुवर्णादि पाया में अन्तर आ जाने के कारण शनि की साढ़ेसाती आदि के फल में भी अन्तर आ जाएगा।

मेष—राशि को शनि पंचम में होगा और पाया लौह होगा, जिससे उच्च विद्या में विघ्न, गुप्त चिन्ता, तनाव, स्वास्थ्य हानि, अनावश्यक खर्च एवं पारिवारिक उलझनों का सामना रहेगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

खर्चों की अधिकता भी रहे।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

मेष—राशि को शनि पंचम में होगी और पाया लौह होगा, जिससे उच्च विद्या में विघ्न, गुप्त चिन्ता, तनाव, स्वास्थ्य हानि, अनावश्यक खर्च एवं पारिवारिक उलझनों का सामना रहेगा।

वृष—चतुर्थ शनि होने से ढैय्या प्रारम्भ होगी जिससे अवांछित परिवर्तन, अपव्यय, भूमि, मकान एवं वाहनादि के सम्बन्ध में तथा घरेलू उलझनें रहें, शनि का पाया ताम्र होने से आकस्मिक धन लाभ व बिगड़े कामों में सुधार हो।

मिथुन—शनि तृतीयस्थ होगा। धन लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। विद्या या कम्पीटिशन में सफलता हो। शनि इस राशि में चांदी का पाया बदलेगा जिससे भूमि, वाहन, विवाह आदि सुखों की प्राप्ति होगी।

कर्क—शनि द्वितीयस्थ राशि परिवर्तित करेगा। शनि साढ़ेसाती रहेगी, पाया भी सुवर्ण है, जिससे व्यवसाय में कठिन व संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहे। आय कम व खर्च अधिक होंगे। गुरु के कारण धर्म कार्यों में रूचि रहेगी।

सिंह—केन्द्रस्थ शनि होने से घरेलू एवं व्यवसाय सम्बन्धी परेशानियां बढ़ेंगी। धन सम्बन्धी उलझनें भी बढ़ेंगी। पाया सुवर्ण होने से निकटस्थ बन्धुओं से मतान्तर पैदा होंगे, तनाव भी अधिक रहे।

कन्या—द्वादशस्थ शनि होने से साढ़ेसाती का अनिष्ट प्रभाव होगा। आय कम तथा खर्च अधिक होंगे। पाया भी सुवर्ण होने से अपने लोग भी परायों जैसा व्यवहार रखेंगे। बनते कामों में विघ्न होंगे। खर्चों की भी अधिकता रहे।

तुला—एकादश शनि होने से पदोन्नति, धन लाभ, सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी। शनि का पाया भी ताम्र होने से अकस्मात् धन लाभ एवं उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। गृह में कोई मंगल कार्य के योग भी हैं।

वृश्चिक—को शनि दशम स्थान में होने से कार्य व्यवसाय में अड़चनें व घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। परन्तु शनि का पाया रजत होने से संघर्ष के बावजूद निर्वाह सुख के साधन बनते रहेंगे।

धनु—राशि को शनि नवम स्थान में होने से धन लाभ एवं पदोन्नति में विघ्न रहें। स्वास्थ्य में विकार, निकट बन्धु से विरोध पैदा हो। शनि का पाया भी लौह होने से पारिवारिक एवं आर्थिक परेशानियां, अपव्यय आदि अशुभ फल होंगे।

मकर—राशि को अष्टमस्थ शनि होने से शनि की ढैय्या का अशुभ फल होगा। शरीर कष्ट, रोग भय, पारिवारिक उलझनें तथा खर्च अधिक रहेंगे, परन्तु ताम्र का पाया होने से उच्च विद्या में सफलता व आकस्मिक धन लाभ होंगे।

कुम्भ—राशि को सप्तम शनि होने से परिवार में कलह-क्लेश, शरीर कष्ट, धन हानि एवं अपव्यय तथा व्यवसाय में रुकावटें पैदा होंगी। पाया भी लौह होने से शत्रुभय, आय कम व खर्च अधिक होंगे।

मीन—राशि को शनि षष्ट स्थान में होने से संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। पाया भी रजत होने से वाहन, भूमि आदि सुखों की प्राप्ति तथा उच्च विद्या में सफलता रहे।

शनि की साढ़ेसाती के प्रभावस्वरूप जातक को पारिवारिक कलह एवं व्यवसाय सम्बन्धी उलझनें, आकस्मिक खर्चों की अधिकता, निकट बन्धुओं से विरोध, वृथा-दौड़धूप, बनते कामों में विघ्न/बाधाएँ, रोग, दुर्घटना से हानि, शत्रुभय, धन-हानि, सुख में कमी, आदि अशुभ फल घटित होते हैं।

शनि की ढैय्या के प्रभावस्वरूप जातक को घरेलू उलझनें, कलह-क्लेश, अशान्ति, धन-हानि, अनावश्यक खर्च, गुप्त चिन्ताएँ, रोग व शत्रुभय तथा शारीरिक एवं मानसिक कष्टों का भय होता है।

शनि साढ़ेसाती अथवा शनि ढैय्या का फल सदा अनिष्टकारी ही होगा—ऐसा आवश्यक नहीं। यदि किसी जातक की कुण्डली में शनि उच्चस्थ, मित्रक्षेत्री, स्वक्षेत्री अथवा वर्गोत्तम स्थिति में पड़ा हो, तो जातक की जन्म राशि या नाम राशि पर शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या का प्रभाव अपेक्षाकृत कम अरिष्टकर होगा। **वृष, मिथुन, कन्या, तुला, मकर या कुम्भ लग्न** की कुण्डली में शनि यदि शुभ स्थिति में हो, तो शनि की दशा व्यवसाय एवं कैरियर की दृष्टि से विशेष शुभ रहती है। अधिक विवरण के लिए **फलित ज्योतिष की ज्योतिष तत्त्व** (द्वितीय खण्ड) का अध्ययन कर सकते हैं।

शनि साढ़ेसाती, ढैय्या एवं शनि पाया के अशुभ फल की शान्ति के लिए शनि के बीज मन्त्र या वैदिक मन्त्र का 23 हज़ार की संख्या में विधिपूर्वक जप करना, तदुपरान्त दशमांश संख्या में हवन करना या करवाना कल्याणकारी रहता है। इसके अतिरिक्त शनिवार के दिन का व्रत रखना, उड़द, सप्तधान्यादि दान, कृष्ण वस्त्र, शिव उपासना, शनि स्तोत्र तथा शनि से सम्बन्धित अन्य वस्तुओं का दान करने से लाभ होता है। इसके अतिरिक्त शुभ मुहूर्त्त में नीलम एवं विधिपूर्वक निर्मित **शनि यन्त्र** धारण करना भी लाभप्रद रहता है।

शनि का बीज मन्त्र—"ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः॥"

शनि का वैदिक मन्त्र—

"ॐ शन्नो देवी रभिष्टय आपो भवन्तु पीतये, शं योरभिस्रवन्तु नः॥ शं नमः॥"

सर्वारिष्ट शान्त्यर्थ शनि स्तोत्र—

"ॐ नमस्ते कोणसंस्थाय पिङ्गलाय नमोऽस्तु ते। नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तुते॥
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चान्तकाय च। नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते शौरये विभो॥
नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च॥"

(धर्मसिन्धु)

प्रतिदिन प्रातःकाल भगवान शिव की पूजोपरान्त पीपल वृक्ष के समीप इस स्तोत्र का पाठ करके कच्ची लस्सी में काले तिल डालकर वृक्ष के मूल में लस्सी चढ़ाना तथा सायंकाल को तैल का दीपक जलाकर प्रार्थना करने से शनि-जनित अरिष्टों की शान्ति होती है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गुरु का शुभाशुभ गोचरफल–संवत् २०६४ (2007-08)

वर्ष के आरम्भ में गुरु **बृश्चिक राशि में संचार** कर रहा है। ता. 6 अप्रैल से वक्री होकर 7 अगस्त (2007 ई.) को इसी राशि में मार्गी हो जाएगा। ता. 22 नवम्बर, गुरुवार की प्रात: 5 बजकर 3 मिनट से गुरु अपनी **स्वराशि धनु में प्रवेश** करेंगे। संवत् २०६४ के अन्त तक **धनु राशि** में ही संचरणशील रहेंगे।

ध्यान रहे, गुरु का **बृश्चिक राशि** में संचार के समय, उसकी पंचम, सप्तम एवं नवम विशेष दृष्टियां क्रमश: मीन, वृष एवं कर्क राशियों पर रहेंगी।

वृश्चिक राशिकालीन गुरु का गोचर फल

(वर्षारम्भ से 21 नवम्बर, 2007 ई. तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय कम खर्च अधिक ऋण-रोग एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी।	विघ्नों के बाद कार्य सिद्धि धन-लाभ भाग्य-उन्नति	आय कम खर्च अधिक रहें। रोग व शत्रु भय बन्धु विरोध	भूमि-वाहनादि सुख हों धन लाभ धर्म-कर्म में रुचि गृह में शुभ कार्य हो।	कार्यों में विघ्न-बाधाएं व खर्च अधिक स्वास्थ्य हानि व तनाव	धन-लाभ प्रिय-बन्धु का सुख, पदोन्नति, दीर्घ यात्रा हो।	अचानक धन लाभ के चांस हों भाग्य वृद्धि प्रिय व श्रेष्ठ जन से सम्पर्क	संघर्ष से निर्वाह योग्य धन-लाभ, खर्चों की अधिकता परिवार-वैमनस्य	अल्प धन-लाभ, धर्म-कर्म में रूझान शुभ कार्यों पर खर्च हो।	धन-. सम्पदा का लाभ, भाग्य उन्नति प्रिय-मिलन व्यय अधिक	आय कम व खर्च अधिक परिवार में कलह, तनाव व चिन्ता हो।	योजनाओं में सफलता भूमि, वाहनादि सुख मिलें प्रिय-बन्धु सुख

धनु राशिकालीन गुरु का गोचर फल

(22 नवम्बर, 2007 से संम्वत् के अन्त तक)

धनु राशिस्थ संचार काल में गुरु की मेष, मिथुन एवं सिंह राशि पर क्रमश: विशेष दृष्टियां (५, ७ एवं ९) रहेंगी।

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
बिगड़े कामों में सफलता भूमि, वाहनादि सुख मिले प्रिय-बन्धु मिलन	आय कम व खर्च अधिक ऋण-रोग भय घरेलू उलझनें बढ़ेंगी	धन लाभ व भाग्य में उन्नति विघ्नों के बाद कार्य-सिद्धि हो भाग्य-उन्नति	आय कम, खर्च अधिक रहेगा रोग व शत्रुभय निजबन्धु विरोध	भूमि-वाहनादि सुख हों धन-लाभ, धर्म में रुचि, गृह में शुभ कार्य हो	बनते कामों में बाधाएँ, खर्च अधिक, शरीर-कष्ट गृह कलह-क्लेश हो।	प्रिय-बन्धु से मेल, धन लाभ, अच्छा पदोन्नति दीर्घ-यात्रा के योग	अचानक धन लाभ के अवसर हो, भाग्य में वृद्धि किसी श्रेष्ठजन से सम्पर्क हो।	संघष के बावजूद निर्वाह योग्य धन लाभ पर, खर्चों में अधिकता परिवार में कलह रहे।	अल्प-धन लाभ धर्म-कार्यों में प्रवृत्ति, शुभ कार्यों पर खर्च हो	धन-सम्पदा का लाभ, भाग्य में उन्नति प्रिय मिलन व्यय अधिक	आय कम व खर्च अधिक हो, परिवार में कलह-तनाव एवं उलझनें रहें।

गुरु के अशुभ फल की शान्ति–अथवा गुरु की शुभता बढ़ाने के लिए वृद्ध ब्राह्मण को भोजन कराना, गुरुवासरी अभावस्या तथा गुरुवार का व्रत रखना, पुखराज धारण करना, पीले वस्त्र, चने की दाल, कांस्य पात्र, सुवर्ण, शक्कर, केले, लड्डुओं, धार्मिक ग्रन्थ आदि का दान यथाशक्ति करने तथा गुरु के बीज मन्त्र अथवा गुरु गायत्री मन्त्र का जाप 19,000 की संख्या में विधिपूर्वक करना शुभ एवं फलदायक रहेगा। गुरु धनु और मीन राशि का स्वामी है। पति सौख्य की प्राप्ति के लिए स्त्रियों को गुरु के बीज मन्त्र, व्रत, पुखराज धारण तथा यथाशक्ति दान करना लाभदायक रहता है। प्रत्येक गुरुवार केसर का तिलक भी लगाना चाहिए।

गुरु गायत्री मन्त्र—

''ॐ अंगिरो जाताय विद्महे वाचस्पतये धीमहि तन्नो गुरु: प्रचोदयात्''

गुरु बीज मन्त्र—''ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं स: गुरवे नम:॥''

राहु-केतु का शुभाशुभ गोचरफल–संवत् २०६४

वर्ष के आरम्भ से लेकर वर्ष के अन्त (संवत् २०६४ के अन्त) तक राहु वक्र गति से **कुम्भ राशि** में तथा **केतु सिंह राशि** में संचार करेंगे। दोनों ग्रहों का शुभाशुभ फल यद्यपि हम गतवर्षीय पंचाँग में प्रकाशित कर चुके हैं, तथापि पाठकों की सुविधा के लिए फल पुन: लिख रहे हैं।

ध्यान रहे, किसी विशेष राशि पर गुरु, राहु, शनि आदि ग्रहों का गोचरफल पर अन्तिम निर्णय करते समय, उस राशि पर अन्य किसी ग्रह के योग एवं शुभाशुभ दृष्टि का भी विचार कर लेना चाहिए।

कुम्भ राशि के राहु का गोचर फल संवत् २०६४

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
कुछ बिगड़े कामों में सुधार, भूमि-वाहन आदि सुख हो।	खुश-खबरी मिले, शुभ कार्य हो, धन लाभ व खर्च बढ़े।	संघर्ष अधिक, निर्वाह योग्य धन में विघ्न हो, निजबन्धु से विरोध	लाभ कम खर्च अधिक हो, शरीर कष्ट व मित्रों से विरोध हो, अपने भी पराये हों।	बनते कामों में बाधाएं, धन-लाभ कम, खर्च अधिक रहे।	अचानक धन-लाभ, प्रिय-बन्धु से मेल, कार्यों में सफलता मिले	निज-बन्धु से कलह-क्लेश, रोग व शत्रु भय, खर्च व चिन्ता बढ़े।	किसी बन्धु से क्लेश, लाभ कम व खर्चों में वृद्धि हो।	पराक्रम व उत्साह में वृद्धि, शुभ यात्रा, धन व पदोन्नति के चांस बनेंगे	घरेलू कलह-क्लेश हो, वृथा खर्च भी बढ़े, शरीर कष्ट व तनाव बढ़े	निज-बन्धु से बिगाड़ हो, रोग व शत्रु भय हो, खर्चों में वृद्धि हो, दीर्घ यात्रा हो।	बनते कामों में विघ्न, वृथा दौड़-धूप व खर्च अधिक रहे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सिंह राशि के केतु का गोचर फल सं. २०६४

(वर्षारम्भ से सम्वत् के अन्त तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
घरेलू कलह-क्लेश मन अशान्त, लाभ कम खर्च अधिक	आर्थिक संकट के कारण घरेलू झंझट व अशान्ति रहे।	बिगड़े कामों में सुधार परिश्रम से धन लाभ अच्छा वाहन सुख मिले	वृथा दौड़-धूप अधिक हो, लाभ कम व खर्च अधिक रहे।	शरीर कष्ट व तनाव रहे, बनते कामों में विघ्न, खर्च ज्यादा हो।	रोग व शत्रु भय अपने भी परायों जैसा व्यवहार रखें।	धन लाभ साधारण वाहन, भूमि आदि साधनों की प्राप्ति संघर्ष अधिक रहे।	लाभ अल्प व खर्च अधिक रहे। गृह में कोई मंगल कार्य हो।	भाग्य उन्नति में विघ्न, वृथा खर्च बढ़े, दुर्घटना से चोट आदि का भय	धन-हानि, रोग व शत्रु भय विद्या, परिवार सम्बन्धी चिन्ता	कुटुम्ब में किसी प्रियजन से वैमनस्य, खर्च अधिक, किसी से धोखा मिले	पराक्रम से धन लाभ हो बिगड़े कामों में सुधार, खुशखबरी मिले

अनिष्ट राहु की शान्ति हेतु तिल, तेल, भूरे रंग का वस्त्र, कम्बल, नारियल, सप्तधान्य, सतनाजा, कृष्ण पुष्प आदि का दक्षिणा सहित दान करना कल्याणकारी रहता है। जन्मपत्री अनुशीलन के बाद गोमेध भी धारण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त राहु के बीज मन्त्र **'ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः'** का 18 हज़ार की संख्या में जाप करें। गजेन्द्र मोक्ष स्तोत्र का पाठ भी शुभ है। राहु का गायत्री मन्त्र—

ॐ शिरोरूपाय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो राहुः प्रचोदयात्

केतु के अरिष्ट की शान्ति हेतु लोहा, सप्तधान्य, लाल-काला वस्त्र, नारियल, कम्बल, कस्तूरी, बेल, कुष्ठाश्रम आदि में भोजन, क्षीर का दान तथा जन्मपत्री विश्लेषण के पश्चात् लहसनिया नग धारण करना कल्याणकारी रहता है। केतु के बीज मन्त्र 'ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः' की 17 हज़ार की संख्या में जाप करना तथा श्री गणेश स्तोत्र एवं अपराजिता स्तोत्र का पाठ करना शुभ है। केतु की शान्ति के लिए गायत्री मन्त्र—

ॐ पद्म पुत्राय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नोकेतु प्रचोदयात्

अनिष्ट ग्रहों की शान्ति के सम्बन्ध में और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारी आश्य पुस्तक **अनिष्ट ग्रह शान्ति और उपयोगी उपाय** मँगवाकर पढ़ें। —सम्पादक

शिवरात्रि पूजन कैसे करें ?

श्रीमहाशिवरात्रि का व्रत सब व्रतों में उत्तम एवं कल्याणकारी है। जैसे गंगाजी के समान कोई तीर्थ नहीं है। भगवान् शंकर के समान कोई दूसरा देवता नहीं है तथा शिवरात्रि से बढ़कर दूसरा कोई व्रत एवं तप नहीं है। व्याख्याकार पं. पन्ना लाल द्वारा प्रणीत इस महाशिवरात्रि व्रत कथा में **माहात्म्य, आध्यात्मिक रहस्य एवं सम्पूर्ण पूजन विधि,** उद्यापन, व्रत कथा, रुद्राष्टक, शिव पंचाक्षर, शिव चालीसा, शिव षडक्षर स्तोत्र, शिवमानस पूजा, आरती सहित बहुत सरल एवं सुबोधगम्य ढंग से प्रस्तुत की गई है जिससे शिव भगत स्वयं शिवरात्रि पूजन कर पुण्य लाभ ले सकें। पुस्तक खरीदते समय व्याख्याकार **पं. पन्ना लाल ज्योतिषी** का नाम तथा **जनरल बुक डिपो का पता** अवश्य देख लें अथवा सीधे वी.पी.पी. द्वारा मंगवाएं। **मूल्य 25/-** (डाक व्यय अलग)।

आज का दिन कैसा गुजरेगा ?



जिस दिन को मालूम करना हो कि **आज का दिन आपका कैसा गुजरेगा ?** तो उस दिन आप पंचांग में देखें कि चन्द्रमा किस नक्षत्र पर है। आप उस नक्षत्र को नं. १ पर से गिन कर ऊपर लिखे चक्र के क्रमानुसार 28 नक्षत्र लगा लें। फिर देखें कि आपके नाम का नक्षत्र किस स्थान पर आता है। वैसा फल जानें। यदि आपके नाम का नक्षत्र वृत्त (गोलाकार) के अन्दर पड़ेगा तो उस दिन शुभ समाचार, प्रिय बन्धु से मिलाप व धन लाभ होगा। यदि गोल वृत्त के बाहर पड़े तो दिन का आधा भाग खुशी में, आधा भाग फिकर और चिन्ता में व्यतीत होगा। यदि त्रिशूल के ऊपर पड़े तो पूरा दिन परेशानी, झगड़े, धन हानि व चिन्ता में व्यतीत होगा। **उदाहरणार्थ आज यदि मघा नक्षत्र हो तो, उसे नं. १ लें।** इसी क्रम में पूफा आदि 28 नक्षत्र क्रम से लिख लें। नक्षत्रों की तालिका इसी पंचाँग के अन्तिम पृष्ठों में देखें।

——खोई हुई वस्तु मिलेगी या नहीं ?——

विनष्टार्थस्य लाभोऽन्धे शीघ्रं मन्दे प्रयत्नतः। स्यात् दूरेश्रवणं मध्ये श्रुत्याप्ती न सुलोचने॥

१. अन्धाक्ष नक्षत्रों में गुम हुई अथवा चोरी हुई वस्तु पूर्व दिशा की ओर जाती है और उसकी पुनः प्राप्ति की शीघ्र सम्भावना रहती है।

२. सुलोचन नक्षत्रों में गुम हुई वस्तु उत्तर दिशा में जाती है परन्तु उसका न तो पता चलता है और न ही प्राप्त होती है।

३. मध्याक्ष नक्षत्र में खोई वस्तु पश्चिम दिशा की ओर अति दूर चली जाती है। पता चलने पर भी प्राप्त (हस्तंगत) नहीं होती।

४. मन्दाक्ष नक्षत्र में गुम अथवा चोरी हुई वस्तु दक्षिण की ओर चली जाती है तथा अत्यधिक प्रयत्न करने पर अन्ततोगत्वा वह प्राप्त हो जाती है। अन्धाक्षादि नक्षत्र निम्नलिखित हैं—

नक्षत्र संज्ञा	नाम नक्षत्र							मिलेगी या नहीं
(१) अन्धाक्ष	रोह.	पुष्य.	उफा.	विशा.	पूषा.	धनि.	रेव.	शीघ्र मिलेगी।
(२) सुलोचन	कृति.	पुन.	पूफा.	स्वा.	मूला.	श्रव.	उभा.	नहीं मिलेगी।
(३) मध्याक्ष	भर.	आर्द्रा.	मघा.	चित्रा.	ज्ये.	अभि.	पूभा.	पता लगाने पर भी नहीं मिलेगी।
(४) मन्दाक्ष	अश्वि.	मृग.	आश्ले.	हस्त.	अनु.	उषा.	शत.	बहुत यत्न करने पर मिलेगी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, गुरु पुष्यादि योगः—वि. संवत् २०६४ (सन् 2007-08)

किसी विशेष कार्य हेतु आवश्यक परिस्थितिवश अथवा शीघ्रता में कोई सुनियोजित एवं निर्धारित मुहूर्त न मिलता हो, तो आगे लिखे गए सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, रवि योग, गुरु पुष्य आदि योगों में अभीष्ट कार्यों का शुभारम्भ करके मनोवांछित कार्यों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

सर्वार्थ सिद्धि योगों में—अनुबन्ध करना, परीक्षा, नौकरी अथवा चुनाव आदि के लिए आवेदन करना, क्रय-विक्रय करना, यात्रा या मुकद्दमा करना, भूमि, सवारी, वस्त्र-आभूषणादि का क्रय करना इत्यादि कृत्य किए जा सकते हैं। **अमृत सिद्धि योगों में** स. सि. योगों वाले कृत्यों के अतिरिक्त विवाह करना, विदेश यात्रा शुरू करना, किसी कार्य सिद्धि हेतु सकाम अनुष्ठान करना आदि। रवि योग स. सि. योगों की भान्ति शुभ कार्यों के लिए प्रशस्त माने जाते हैं। **रवि योग की** उपलब्धता में यदि कोई योग भी हो, तो **'रवि योग'** अन्य कुयोगों का नाश करके शुभ फल प्रदान करता है।

रविपुष्य योगों—में जड़ी-बूटी तोड़ना तथा तोड़कर औषध तैयार करना, किसी विशेष रोग में रोगी को औषधि देना शुभ होता है। यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रादि प्रयोगों में यह योग शुभ होते हैं। इसमें शत्रुनाशक प्रयोग भी किए जाते हैं।

गुरु पुष्य योग—गुरु अथवा पिता, दादा या श्रेष्ठ व्यक्ति से मन्त्र, तन्त्र या किसी विशिष्ट विषय के सम्बन्ध में उच्च विद्या ग्रहण करना, धन, भूमि-विद्या एवं आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करना, कोई धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ करना, गुरू धारण करना, विदेश-गमन करना शुभ होता है।

उपरोक्त सभी योगों में से कोई योग विशेष ग्रहण करने से पूर्व तिथि एवं चन्द्रमा का बल भी ध्यान में रख लेवें, तो अत्यन्त लाभदायक होगा। (अर्थात् कृष्ण पक्ष की त्रोदशी से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर्यन्त चन्द्र निर्बल माना जाता है।) इनके अतिरिक्त गुरु-शुक्र ग्रहों के अस्त काल में, ग्रहण काल, श्राद्ध पक्ष, अधिक मास, त्रोदश दिनात्मक पक्ष आदि का भी ध्यान कर लेना प्रशस्त होगा। विवाह, मुण्डन, गृहनिर्माण, गृहप्रवेश, कार्य निर्धारित मुहूर्त्तों में ही करने कल्याणकारी होंगे। पण्डित पन्ना लाल पंचाँगकर्त्ता।

सर्वार्थ सिद्धि योग				सर्वार्थ सिद्धि योग				सर्वार्थ सिद्धि योग				सर्वार्थ सिद्धि योग				सर्वार्थ सिद्धि योग			
प्रारम्भ काल		समाप्ति काल		प्रारम्भ काल		समाप्ति काल		प्रारम्भ काल		समाप्ति काल		प्रारम्भ काल		समाप्ति काल		प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2007 ई.	घं. मिं.	2007 ई.	घं. मिं.	2007 ई.	घं. मिं.	2007 ई.	घं. मिं.	2007 ई.	घं. मिं.	2007 ई.	घं. मिं.	2007 ई.	घं. मिं.	2007 ई.	घं. मिं.	2008 ई.	घं. मिं.	2008 ई.	घं. मिं.
1 मार्च	सू. उ.	1 मार्च	13. 18	27 मई	सू. उ.	27 मई	20 55	5 अग.	सू. उ.	5 अग.	17 04	10 अक्तू.	7 22	11 अक्तू.	सू. उ.	4 जन.	14 18	5 जन.	सू. उ.
4 मार्च	20 03	5 मार्च	सू. उ.	30 मई	5 17	31 मई	पू. दिन	7 अग.	सू. उ.	7 अग.	14 17	13 अक्तू.	सू. उ.	13 अक्तू.	16 00	6 जन.	19 25	7 जन.	सू. उ.
16 मार्च	सू. उ.	16 मार्च	13 56	1 जून	सू. उ.	1 जून	7 24	8 अग.	सू. उ.	9 अग.	सू. उ.	15 अक्तू.	सू. उ.	15 अक्तू.	21 55	13 जन.	25 09	14 जन.	सू. उ.
20 मार्च	25 08	21 मार्च	सू. उ.	3 जून	सू. उ.	3 जून	10 29	10 अग.	11 35	11 अग.	सू. उ.	20 अक्तू.	सू. उ.	21 अक्तू.	6 06	15 जन.	23 26	16 जन.	सू. उ.
24 मार्च	सू. उ.	24 मार्च	17 00	10 जून	सू. उ.	10 जून	8 52	12 अग.	सू. उ.	12 अग.	11 31	23 अक्तू.	26 30	24 अक्तू.	सू. उ.	19 जन.	सू. उ.	19 जन.	16 36
1 अप्रै.	सू. उ.	2 अप्रै.	5 15	13 जून	सू. उ.	13 जून	24 21	18 अग.	23 0	19 अग.	सू. उ.	25 अक्तू.	सू. उ.	26 अक्तू.	18 03	27 जन.	सू. उ.	28 जन.	सू. उ.
6 अप्रै.	17 03	7 अप्रै.	सू. उ.	17 जून	18 08	18 जून	सू. उ.	21 अग.	4 50	21 अग.	सू. उ.	29 अक्तू.	सू. उ.	30 अक्तू.	सू. उ.	31 जन.	22 12	1 फर.	25 02
8 अप्रै.	21 29	9 अप्रै.	सू. उ.	18 जून	सू. उ.	18 जून	18 04	22 अग.	सू. उ.	22 अग.	7 20	1 नवं.	सू. उ.	2 नवं.	5 42	3 फर.	सू. उ.	4 फर.	5 35
15 अप्रै.	17 56	16 अप्रै.	सू. उ.	19 जून	सू. उ.	19 जून	18 48	26 अग.	सू. उ.	26 अग.	11 08	7 नवं.	सू. उ.	7 नवं.	16 07	10 फर.	सू. उ.	11 फर.	6 05
17 अप्रै.	12 11	18 अप्रै.	सू. उ.	27 जून	12 34	28 जून	14 37	27 अग.	सू. उ.	27 अग.	10 24	16 नवं.	12 33	17 नवं.	13 33	12 फर.	सू. उ.	13 फर.	3 27
23 अप्रै.	24 07	24 अप्रै.	सू. उ.	1 जुला	17 51	2 जुला	सू. उ.	31 अग.	3 19	31 अग.	25 10	20 नवं.	12 22	21 नवं.	सू. उ.	14 फर.	2 00	14 फर.	सू. उ.
24 अप्रै.	25 11	25 अप्रै.	सू. उ.	2 जुला	18 03	3 जुला	सू. उ.	3 सितं.	19 43	4 सितं.	सू. उ.	22 नवं.	सू. उ.	23 नवं.	5 23	24 फर.	सू. उ.	24 फर.	22 36
29 अप्रै.	सू. उ.	29 अप्रै.	11 18	8 जुला	13 13	9 जुला	सू. उ.	5 सितं.	सू. उ.	5 सितं.	17 45	24 नवं.	23 13	25 नवं.	सू. उ.	28 फर.	6 26	29 फर.	9 21
3 मई	22 56	4 मई	सू. उ.	10 जुला	10 00	11 जुला	8 18	6 सितं.	17 25	7 सितं.	सू. अ.	26 नवं.	सू. उ.	26 नवं.	17 39	2 मार्च	सू. उ.	2 मार्च	14 26
4 मई	सू. उ.	5 मई	1 15	11 जुला	8 18	12 जुला	सू. उ.	7 सितं.	सू. उ.	7 सितं.	17 33	29 नवं.	सू. उ.	29 नवं.	13 40	9 मार्च	सू. उ.	9 मार्च	13 41
6 मई	सू. उ.	7 मई	4 48	14 जुला	4 07	14 जुला	सू. उ.	12 सितं.	24 53	13 सितं.	सू. उ.	2 दिसं.	16 59	3 दिसं.	सू. उ.	11 मार्च	सू. उ.	11 मार्च	9 47
13 मई	सू. उ.	14 मई	1 12	15 जुला	सू. उ.	16 जुला	3 19	17 सितं.	12 24	18 सितं.	सू. उ.	8 दिसं.	7 16	8 दिसं.	सू. उ.	12 मार्च	7 51	13 मार्च	6 03
15 मई	सू. उ.	15 मई	19 55	25 जुला	सू. उ.	25 जुला	22 50	22 सितं.	20 59	23 सितं.	सू. उ.	14 दिसं.	सू. उ.	14 दिसं.	19 14	16 मार्च	25 47	17 मार्च	25 37
16 मई	17 06	17 मई	सू. उ.	29 जुला	सू. उ.	29 जुला	25 47	27 सितं.	12 56	29 सितं.	सू. उ.	18 दिसं.	सू. उ.	18 दिसं.	18 41	18 मार्च	सू. उ.	18 मार्च	25 51
21 मई	8 34	22 मई	सू. उ.	30 जुला	सू. उ.	30 जुला	25 12	1 अक्तू.	सू. उ.	2 अक्तू.	सू. उ.	20 दिसं.	सू. उ.	20 दिसं.	15 07	26 मार्च	14 15	27 मार्च	17 12
22 मई	8 59	23 मई	सू. उ.	3 अग.	20 9	4 अग.	सू. उ.	4 अक्तू.	सू. उ.	5 अक्तू.	सू. उ.	22 दिसं.	10 05	23 दिसं.	7 24	30 मार्च	25 01	31 मार्च	सू. उ.
												30 दिसं.	सू. उ.	30 दिसं.	26 55	6 अप्रै.	21 08	7 अप्रै.	सू. उ.

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

21 मई	8 34	22 मई	सू. उ.	30 जुला	सू. उ.	30 जुला	25 12	1 अक्तू.	सू. उ.	2 अक्तू.	सू. उ.	22 दिसं.	10 05	23 दिसं.	7 24	25 दिसं.	10 05	26 दिसं.	7 24	26 दिसं.	10 05	27 दिसं.	7 24
22 मई	8 59	23 मई	सू. उ.	3 अग.	20 9	4 अग.	सू. उ.	4 अक्तू.	सू. उ.	3 अक्तू.	सू. उ.	30 दिसं.	10 49	31 दिसं.	8 13	26 दिसं.	26 55	6 अप्रै.	21 08	7 अप्रै.	सू. उ.		

अमृत सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2007-08	घं. मिं.	2007-08	घं. मिं.
1 मार्च	सू. उ.	1 मार्च	13 18
20 मार्च	25 08	21 मार्च	सू. उ.
24 मार्च	सू. उ.	24 मार्च	17 00
2 अप्रै.	5 15	2 अप्रै.	सू. उ.
17 अप्रै.	12 11	18 अप्रै.	सू. उ.
29 अप्रै.	11 18	30 अप्रै.	सू. उ.
15 मई	सू. उ.	15 मई	19 55
27 मई	सू. उ.	27 मई	20 55
27 जून	12 34	28 मई	सू. उ.
25 जुला	सू. उ.	25 जुला	22 50
3 अग.	20 09	4 अग.	सू. उ.
22 अग.	सू. उ.	22 अग.	7 20
31 अग.	सू. उ.	31 अग.	25 11
28 सितं.	सू. उ.	28 सितं.	10 11
1 अक्तू.	24 47	2 अक्तू.	सू. उ.
4 अक्तू.	23 00	5 अक्तू.	सू. उ.
29 अक्तू.	9 25	30 अक्तू.	सू. उ.
1 नवं.	सू. उ.	2 नवं.	5 42
26 नवं.	सू. उ.	26 नवं.	17 39
29 नवं.	सू. उ.	29 नवं.	13 40
22 दिसं.	10 05	23 दिसं.	7 24
30 दिसं.	सू. उ.	31 दिसं.	2 55
(सन् 2008 ई.)			
15 जन.	23 26	16 जन.	सू. उ.
19 जन.	सू. उ.	19 जन.	16 36
[illegible] जन.	11 44	28 जन.	सू. उ.
[illegible] फर.	सू. उ.	13 फर.	3 27
[illegible] फर.	सू. उ.	24 फर.	22 36
[illegible] फर.	6 26	28 फर.	सू. उ.
[illegible] मार्च	सू. उ.	11 मार्च	9 47
[illegible] मार्च	सू. उ.	23 मार्च	6 41
26 मार्च	14 15	27 मार्च	सू. उ.

रवि योग

20 फर.	17 49	21 फर.	15 36
22 फर.	13 40	23 फर.	12 08
25 फर.	10 29	27 फर.	10 54
1 मार्च	13 18	2 मार्च	15 10

रवि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2007-08	घं. मिं.	2007-08	घं. मिं.
10 मार्च	10 44	11 मार्च	13 00
21 मार्च	22 27	22 मार्च	20 06
23 मार्च	18 15	24 मार्च	17 00
26 मार्च	16 36	28 मार्च	18 57
30 मार्च	23 29	31 मार्च	23 04
1 अप्रै.	2 16	2 अप्रै.	5 15
8 अप्रै.	21 29	9 अप्रै.	22 58
20 अप्रै.	3 46	20 अप्रै.	25 46
21 अप्रै.	24 25	22 अप्र.	23 51
24 अप्रै.	25 11	27 अप्रै.	5 25
28 अप्रै.	4 13	28 अप्रै.	8 14
30 अप्रै.	14 25	1 मई	17 28
8 मई	5 56	9 मई	6 34
19 मई	10 11	20 मई	8 59
21 मई	8 34	22 मई	8 59
24 मई	12 15	27 मई	20 55
29 मई	26 47	31 मई	5 17
6 जून	12 13	7 जून	12 01
17 जून	18 08	18 जून	18 04
19 जून	18 48	20 जून	20 19
24 जून	4 11	26 जून	10 04
28 जून	14 37	29 जून	16 11
5 जुला	16 46	6 जुला	15 07
6 जुला	15 48	7 जुला	14 37
17 जुला	3 50	18 जुला	5 02
19 जुल	6 53	20 जुला	9 18
20 जुला	14 34	21 जुला	12 06
23 जुला	18 00	25 जुला	22 50
27 जुला	25 28	28 जुला	25 54
4 अग.	18 36	5 अग.	17 04
15 अग.	15 10	16 अग.	17 25
17 अग.	11 09	17 अग.	20 05
18 अग.	23 00	19 अग.	26 00
22 अग.	7 20	24 अग.	10 36
26 अग.	11 08	27 अग.	10 24
2 सितं.	21 16	3 सितं.	19 43
15 सितं.	6 24	16 सितं.	9 25
17 सितं.	12 24	18 सितं.	15 12

रवि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2007-08	घं. मिं.	2007-08	घं. मिं.
20 सितं.	19 26	22 सितं.	20 59
24 सितं.	19 30	25 सितं.	17 45
1 अक्तू.	24 47	2 अक्तू.	23 33
14 अक्तू.	19 01	15 अक्तू.	21 55
16 अक्तू.	24 36	17 अक्तू.	26 54
20 अक्तू.	5 45	22 अक्तू.	5 39
23 अक्तू.	26 30	24 अक्तू.	16 03
24 अक्तू.	24 02	25 अक्तू.	21 09
31 अक्तू.	6 03	1 नवं.	5 42
13 नवं.	6 32	14 नवं.	8 56
15 नवं.	10 59	16 नवं.	12 33
18 नवं.	13 53	21 नवं.	10 33
23 नवं.	5 23	23 नवं.	26 19
29 नवं.	13 40	30 नवं.	13 58
12 दिसं.	16 33	13 दिसं.	18 05
14 दिसं.	19 14	15 दिसं.	19 55
16 दिसं.	13 27	16 दिसं.	20 05
18 दिसं.	18 41	20 दिसं.	15 07
22 दिसं.	10 05	23 दिसं.	7 24
28 दिसं.	23 43	29 दिसं.	15 44
29 दिसं.	24 58	30 दिसं.	26 55
10 जन.	24 59	11 जन.	17 38
11 जन.	25 24	12 जन.	25 27
13 जन.	25 09	14 जन.	24 28
16 जन.	22 05	18 जन.	18 35
20 जन.	14 38	21 जन.	12 48
28 जन.	13 48	29 जन.	16 22
10 फर.	7 08	11 फर.	6 05
12 फर.	4 50	13 फर.	3 27
14 फर.	24 33	16 फर.	21 47
18 फर.	19 40	19 फर.	19 01
20 फर.	3 34	20 फर.	18 45
27 फर.	3 32	28 फर.	6 26
10 मार्च	11 47	11 मार्च	9 47
12 मार्च	7 51	13 मार्च	6 03
15 मार्च	3 14	16 मार्च	25 47
17 मार्च	18 18	17 मार्च	25 37
20 मार्च	2 27	21 मार्च	3 28
27 मार्च	17 12	28 मार्च	20 07

द्विपुष्कर एवं त्रिपुष्कर योग (2007-08 ई.)

(गाड़ी, आभूषणादि बहुमूल्य वस्तुएँ खरीदने हेतु विशेष मुहूर्त्त)

द्विपुष्कर एवं त्रिपुष्कर योगों में बहुमूल्य एवं उपयोगी पदार्थ, वस्तुएँ जैसे—ज़मीन-जायदाद, हीरे-जवाहरात, स्वर्ण-चाँदी के आभूषण, कार, ट्रक, स्कूटर, गाय-भैंस क्रय करना, नवीन उद्योग की स्थापना आदि करना लाभदायक रहता है। इन योगों में यदि कोई अनिष्ट हो जाए, तो भी दुगुनी अथवा तीन गुणा हानि होने की सम्भावना हो जाती है। तो त्रिपुष्कर दोष की शान्ति के लिए तीन गौओं के मूल्य का धन तथा द्विपुष्कर में दो गौओं के मूल्य और तिलों द्वारा निर्मित पीठी का दान करना शुभ होगा। (वसिष्ठ.)

द्विपुष्कर योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2007-08	घं. मिं.	2007-08	घं. मिं.
20 जन.	17 01	21 जन.	05 10
24 मार्च	17 00	25 मार्च	12 11
3 अप्रै.	25 20	4 अप्रै.	सू. उ.
27 मई	22 25	28 मई	सू. उ.
21 जुला	12 06	21 जुला	22 47
31 जुला	सू. उ.	31 जुला	24 16
23 सितं.	20 36	24 सितं.	सू. उ.
2 अक्तू.	सू. उ.	2 अक्तू.	23 33
17 नवं.	13 33	17 नवं.	16 08
25 नवं.	20 16	26 नवं.	सू. उ.
19 जन.	16 36	19 जन.	26 16
29 जन.	सू. उ.	29 जन.	16 22
23 मार्च	06 41	23 मार्च	26 55
(रवि पुष्य योग)			
17 जून	18 08	18 जून	सू. उ.
15 जुला	सू. उ.	16 जुला	03 19
12 अग.	सू. उ.	12 अग.	11 31
16 मार्च	25 47	17 मार्च	सू. उ.
(गुरु पुष्य योग)			
4 जन.	21 45	5 जन.	सू. उ.
1 फर.	सू. उ.	2 फर.	6 45
1 मार्च	सू. उ.	1 मार्च	13 18
4 अक्तू.	23 00	5 अक्तू.	सू. उ.
1 नवं.	सू. उ.	2 नवं.	05 42
29 नवं.	सू. उ.	29 नवं.	13 40

त्रिपुष्कर योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2007-08	घं. मिं.	2007-08	घं. मिं.
10 जन.	02 12	10 जन.	सू. उ.
18 फर.	22 40	19 फर.	सू. उ.
27 फर.	23 35	28 फर.	सू. उ.
14 अप्रै.	20 20	15 अप्रै.	03 53
28 अप्रै.	08 14	29 अप्रै.	08 11
8 मई	22 50	9 मई	सू. उ.
16 जून	18 55	17 जून	04 19
26 जून	15 00	27 जून	सू. उ.
1 जुला	19 11	2 जुला	सू. उ.
10 जुला	26 01	11 जुला	सू. उ.
19 अग.	26 00	20 अग.	सू. उ.
25 अग.	11 13	25 अग.	21 02
2 सितं.	23 22	3 सितं.	सू. उ.
23 अक्तू.	सू. उ.	23 अक्तू.	20 50
27 अक्तू.	14 56	27 अक्तू.	26 38
6 नवं.	सू. उ.	6 नवं.	13 15
16 दिसं.	20 05	17 दिसं.	04 21
25 दिसं.	सू. उ.	25 दिसं.	24 48
29 दिसं.	24 58	30 दिसं.	24 24
(सन् 2008 ई.)			
17 फर.	20 37	18 फर.	सू. उ.
23 फर.	सू. उ.	23 फर.	09 16
4 मार्च	सू. उ.	4 मार्च	17 20

ज्वालामुखी योग—देखें पृष्ठ 121

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कालसर्प योग–चामत्कारिक शुभ फल भी देता है

कालसर्प योग जन्म कुण्डली में उस स्थिति में बनता है, जब कुण्डली में समस्त ग्रह राहु-केतु के एक ओर स्थित होते हैं। ज्योतिष जगत में **'कालसर्प योग'** के विषय में बड़ी चर्चाएं हैं। प्राचीन विचारधारा के ज्योतिर्विदों का कहना है कि प्राचीन ग्रन्थों में कालसर्प योग का कहीं उल्लेख नहीं है। आधुनिक ज्योतिर्विद जातक के जन्माङ्ग में कालसर्प योग की जो स्थिति पाते हैं, वह स्थिति पहले भी होती थी, जिसे राहु की दशा कहा जाता था। अति प्राचीन ज्योतिर्विदों ने **'कालसर्प योग'** शब्द का प्रयोग नहीं किया। परन्तु महर्षि पराशर एवं वराह मिहिर ने अपने ग्रन्थों में **'सर्प योग'** की चर्चा की है। बृहज्जातक तथा वृहत् पराशर होराशास्त्र में **योगः प्रोक्तकाल सर्पश्च.....॥ एवं 'राहुकेतुमध्ये ग्रहा सर्वे विघ्नदा काल सर्प जनकः तथा काल सर्पयोगस्य विषविषात्त जीवने भयावह पुनः पुनरपि शोकं च।** मानसागरी के अध्याय ४ में स्पष्ट उल्लेख है कि **''लग्नाच्च सप्तमे स्थाने शनि राहु संयुतौ। सर्पेण बाधा तस्योक्ता शय्यायां स्वपतोऽपिच।।४-१०॥''** यदि सप्तम भाव में शनि राहु के साथ हो तो उस जातक की मृत्यु 'सर्पदंश' से होती है। इसी सर्प योग को हम **'कालसर्प योग'** भी कहते हैं।

कुछ विद्वान लोग यह प्रश्न करते हैं कि **'कालसर्प योग'** अस्तित्व में कैसे आया ? तो यह प्रश्न अनुचित नहीं है क्योंकि अधिकांश ग्रन्थों में **'सर्प योग'** की तो चर्चा है किन्तु **'कालसर्प योग'** की नहीं। 'काल' शब्द जोड़ दिया जाए, तो साधारण प्राणी के मस्तिष्क में उसका प्रथम अर्थ 'मृत्यु' ही आएगा और जब 'काल' शब्द के साथ 'सर्प' जुड़ा हो, तब तो प्रथम दृष्ट्या जातक भयभीत हो जायेगा। समाज में सामान्य रूप से **'काल'** और **'सर्प'** दोनों प्रथमतः भयावह ही हैं। यह तो उसे धैर्य बँधाने और समझाने पर ही समझ में आयेगा कि 'काल' का अर्थ है समय और 'सर्प' हमारे पूज्य देवता हैं अर्थात् अब या जीवन का अमुक समय सर्प पूजा का समय है, नाग की पूजा और शिव भक्ति से हमें ऊर्जा प्राप्त होकर मन को शान्ति मिलती है। राहु-केतु की महादशा एवं कालसर्प/पितृदोष से पीड़ित जातकों की ऊर्जा शक्ति क्षीण हो जाती है। इसलिए नाग पूजा एवं शिवभक्ति का विधान हमारे शास्त्रों ने सुझाया है। इससे जातक को आने वाले कष्टों से राहत अथवा दूर होंगे।

राहु-केतु छाया ग्रह हैं। जैसे प्राचीन चरक संहिता में कैंसर एवं एड्स जैसे रोगों का उल्लेख नहीं है, परन्तु ये रोग नहीं है, ऐसा नहीं माना जा सकता। इसी प्रकार कालसर्प योग जब सभी सात ग्रह राहु और केतु या केतु और राहु के मध्य आ जाते हैं, तो राहु के प्रभाव से अन्य ग्रह निष्प्रभावी हो जाते हैं और राहु का अधिक प्रभाव आता है, जन्मकुण्डली में कालसर्प योग का निर्णय करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। राहु या केतु के साथ अन्य ग्रहों का सहचर्य की स्थिति में भाव-स्पष्ट कर लिए जाएँ तो इस योग में और भी अधिक स्पष्टता आ जाएगी। जैसे-लग्न भाव से निर्मित कालसर्प योग में यदि राहु के साथ मंगल या कोई भी ग्रह है तथा उसके भोगांश राहु से अधिक हैं तो कालसर्प योग दोषपूर्ण नहीं होगा, बल्कि योगकारक बनता है। कुछ विद्वान तो इसे भंग कालसर्प दोष की कुण्डली मानते हैं।

वैदिक रूप से राहु का अधिदेवता काल, प्रति अधिदेवता सर्प है, जबकि केतु का अधिदेवता चित्रगुप्त एवं प्रतिअधिदेवता ब्रह्माजी हैं। कालसर्प योग से सम्बन्धित जन्मकुण्डलियों के अध्ययन करने पर यह दिखाई पड़ता है कि कुछ कालसर्प योग से युक्त जातक असहनीय कष्ट झेल रहे हैं और कुछ उत्तरोत्तर समृद्धि, वैभव प्राप्त कर रहे हैं। व्यक्ति जब पद, प्रतिष्ठा, धन, परिवार आदि के मद में चूर हो जाता है, तब वह अपने सम्माननीय माता-पिता, पितर तथा आश्रित अन्य लोगों को सम्मान न देकर उनसे सम्मान कराने की इच्छायें रखता है और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है, उसी का प्रभाव अगले जन्म में कालसर्प योग के रूप में आता है। इसके विपरीत अपने माता-पिता आदि की यथाशक्ति सेवा करते है, उन्हें कालसर्प योग अनुकूल हो सुखी बनाता है।

> राहु वायुकारक, छाया व अशुभ ग्रह होते हुए भी प्राणी को दुःखों की अग्नि में तपाकर उसे कुन्दन की भान्ति निखारने एवं परिष्कृत करने का कार्य करता है। दुःखों से व्याकुल होकर ही मनुष्य प्रभु की शक्तियां का स्मरण करता है।

सामान्यतः कालसर्प योग का प्रभाव जीवनपर्यन्त रहता है, परन्तु राहु अथवा केतु की दशाऽन्तर्दशा में इसके प्रभाव, फलों का प्रादुर्भाव होते देखा जा सकता है। एक अन्य मान्यतानुसार कालसर्प योग यदि किसी जातक की कुण्डली में प्रथम छः भावों में बनता हो, तो उसे जीवन के पूर्वार्द्ध भाग में विशेष संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहता है [इस स्थिति में राहु सप्तम में तथा केतु लग्न भावस्थ होगा।] इसी भान्ति यदि राहु और केतु के मध्य सभी सातों ग्रह सप्तम भाव से द्वादश भावों के बीच पड़ते हों, तो तत्सम्बन्धित योग के प्रभावस्वरूप मनुष्य को जीवन का उत्तरार्द्ध भाग विशेष कठिन परिसिथतियों में से गुजारना पड़ता है। ध्यान रहे, इस योग की गणना राहु से लेकर केतु तक करनी चाहिए।

कालसर्प का शुभाशुभ फल द्वादश भावों में राश्यानुसार अलग-अलग होता है।

1. अनन्त कालसर्प योग–प्रथम व सातवें भाव से निर्मित कालसर्प योग मनुष्य के व्यक्तित्व, शरीर, सिर, आत्मा एवं पिता की माता (दादी) पर जीवन पर्यन्त प्रभावी रहता है। 42 वर्ष की आयु तक अथवा राहु की महादशा में विशेष प्रभाव देखा जा सकता है।

अशुभ प्रभाव–शरीर रोग, कष्ट व मानसिक तनाव अधिक रहता है। जीवन में संघर्ष अधिक करना पड़ता है। वैवाहिक जीवन में असन्तोष बना रहता है। जातक जीवन पर्यन्त उदर

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जब सभी सात ग्रह राहु और केतु या केतु और राहु के मध्य आ जाते हैं, तो राहु के प्रभाव से अन्य ग्रह निष्प्रभावी हो जाते हैं और राहु का अधिक प्रभाव आता है, जन्मकुण्डली में कालसर्प

अशुभ प्रभाव—शरीर रोग, कष्ट व मानसिक तनाव अधिक रहता है। अधिक करना पड़ता है। वैवाहिक जीवन में असन्तोष बना रहता है। जातक जीवन पर्यन्त उदर

विकार से पीड़ित रहता है। बचपन में अथवा बड़े होने तक पेट में कीड़े होते हैं। प्राय: इसको शौच सम्बन्धी कष्ट बना रहता है। यह तब और भी अधिक प्रभाव होता है, जब लग्न एवं राशि एक ही हो। जातक को स्वप्न में सूर्य एवं मृत्यु लोग की आत्माएं दिखती हैं।

शुभ फल—यदि यह अनन्त कालसर्प योग वृष एवं मिथुन, सिंह राशि पर आता है, तब राजयोगकारक भी होता है। जातक प्राय: विदेश गमन भी करता है। **रविक्षेत्रोदये राहौ राजभोगाय सम्पदि॥** वैद्यनाथ। गुप्त युक्तियों द्वारा लाभ व उन्नति प्राप्त करने वाला, बाहरी तौर पर सज्जन परन्तु भीतर से चालाक प्रवृत्ति का होगा।

2. कुलिक कालसर्प दोष—द्वितीय व आठवें भाव से निर्मित कालसर्प दोष में यदि राहु अशुभ हो, तो जातक को कुटुम्ब एवं धन सम्बन्धी उलझनों का सामना रहता है। अत्यन्त कठिन एवं विषम परिस्थितियों में निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनते हैं। गुप्त रोग होने की सम्भावना रहती है। जातक प्राय: अपनी वाणी पर संयम नहीं रख पाता। कभी-कभी मुख सम्बन्धी रोग, गले या श्वास सम्बन्धी परेशानी उत्पन्न हो।

शुभ फल—अचानक धन की प्राप्ति होती है। गढ़ा धन, लॉटरी, सट्टा आदि से भी धन का आगम हो सकता है। परिवार ख्याति प्राप्त एवं संयुक्त होता है। जातक धन की अपेक्षा कीर्ति को अधिक मूल्यवान समझता है।

3. वासुकि कालसर्प योग—तृतीय एवं नवम भाव में निर्मित इस योग से अपने निकटस्थ भाई-बन्धुओं के कारण ही विविध परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विदेशों में अथवा भ्रमणशील (घूमने-फिरने) के कार्यों द्वारा धनार्जन होता है।

शुभ प्रभाव—तृतीयेश उच्च स्थानस्थ होकर भाग्येश, पंचमेश या राज्येश से युति होने पर एवं राहु के तृतीय भाव में वृष या मिथुन या कन्या राशिस्थ होने पर अखण्ड साम्राज्य प्रदान करता है। राजनीति में विशेष सफलता देता है। भाई-बहन होते हैं तथा उनसे सहयोग भी प्राप्त होता है। यदि गुरु की दृष्टि भी हो तो पराक्रम में वृद्धि तथा भाई-बन्धुओं का यथेष्ठ सुख प्राप्त होता है। जातक का सम्पर्क एवं सम्बन्ध उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ भी रहता है, जिनसे जातक लाभान्वित भी होता है। शुभफल का अनुभव स्त्रीराशियों में प्राप्त होता है। अशुभ फल का अनुभव पुरुष राशियों में प्राप्त होगा।

4. शंखपाल कालसर्प योग—चतुर्थ व दशम भावों द्वारा निर्मित कालसर्प योग का प्रभाव जातक की माता, स्थायी सम्पत्ति, पैतृक सम्पत्ति, वाहन-सुख एवं शरीर में पेट पर पड़ता है। चतुर्थेश निर्बल हो एवं राहु नीच राशिस्थ होने से जातक को आराम कम व संघर्ष अधिक रहता है। माता-पिता एवं परिवार के निमित्त परेशानियां होती हैं। आय में अनिश्चितता रहती है। जातक को पथरी एवं किडनी आदि उदर विकार होते हैं। जातक घरेलू परिस्थितियों के प्रति असन्तुष्ट रहता है।

शुभ फल—इसके विपरीत उच्च राशिस्थ राहु होने एवं चतुर्थेश के बलिष्ठ होने पर यह योग पूर्ण शुभ तो नहीं, अपितु अल्प शुभफली बन जाता है। जन्म स्थान छोड़ने पर जातक सुखी रहता है तथा माता को कष्ट के बावजूद सुख प्राप्त होता है। १, २, ३, ४ एवं कन्या राशि में शुभ फल प्राप्त होते हैं।

5. पद्म कालसर्प योग—पंचम व एकादश भावों के मध्य कालसर्प योग का प्रभाव शिक्षा, संतान, श्रम का मूल्यांकन, मान-सम्मान, पेट विशेषकर लीवर एवं आँत पर पड़ता है। पंचमेश नीच, वक्री, अस्त या अन्य निर्बल भावों में स्थित हो तथा राहु नीच राशि धनु या शत्रु राशि में हो तथा किसी शुभ ग्रह की दृष्टि भी न हो तो जीवन के पूर्वार्द्ध भाग में अत्यन्त कठिन एवं संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहे। कोई भी विशेष कार्य पूर्ण होने से पूर्व विघ्न या रुकावटें पैदा हों। आर्थिक स्थिति अनिश्चित रहती है। सन्तान उत्पत्ति में विलम्ब अथवा कन्या सन्तान अधिक हों। उच्च-विद्या में विघ्न-बाधाएं अथवा अधूरी शिक्षा रहती है।

शुभ फल—पंचमेश उच्च राशि एवं बलिष्ठ स्थिति में होने एवं उच्च राशि या शुभ ग्रह द्वारा दृष्ट होने पर यह योग अनेक गुप्त विद्याओं का ज्ञान कराता है। सन्तान-उत्पत्ति के बाद क्रमिक उन्नति हो। मंगल-राहु योग हो तो जातक कूटनीति का प्रयोग करता है। भृगुसूत्र के अनुसार पंचम में यदि राहु हो तो मनुष्य को पुत्र सुख नहीं मिलता, सर्प के शाप से पुत्र का नाश होता है। नागदेव की पूजा करने से पुत्र प्राप्ति होती है।

6. महापद्म कालसर्पयोग—षष्ठ स्थान में राहु होने पर योग बनता है। इसका प्रभाव रोग, शत्रु, मामा और मौसी पर पड़ता है। षष्ठेश निर्बल एवं पापग्रस्त या राहु नीचस्थ होने से जातक गुप्त रोग एवं गुप्त षड्यन्त्र का शिकार होता है अथवा मामा/मौसी की अकाल मृत्यु होती है। वृथा खर्च, मानसिक तनाव व गुप्त शत्रु-भय, मातुल (नानके) पक्ष को अनिष्टकर, दांतों व नेत्रों सम्बन्धी रोग भय। प्रगति कठिनता से हो पाती है।

शुभ फल—षष्ठेश उच्च राशिस्थ, बलिष्ठ तथा राहु उच्च राशिस्थ होने से शत्रु स्वयं ही (निजी कारणों से) दूर हट जाते हैं। विदेश गमन भी होता है। जातक तर्क-वितर्क करने में कुशल, अपने बुद्धि-चातुर्य एवं गुप्त युक्तियों के बल पर शत्रुओं को परास्त करने वाला होता है।

7. तक्षक कालसर्प योग—राहु के सप्तम भाव में होने पर यह योग बनता है। इसका प्रभाव वैवाहिक जीवन, मित्र, सांझेदारी, दादा पर पड़ता है।

सप्तमेश ६, ८, १२वें अथवा अशुभ भावस्थ या राहु नीच राशिस्थ होने से वैवाहिक विलम्ब, विवाह होने पर वैवाहिक सुख में कमी, व्यवसाय में सांझेदारी के कार्यों में विघ्न-बाधाएं तथा धोखा, अत्यधिक परिश्रम द्वारा ही धन, आय के साधन हों। स्त्री/पति की ओर से परेशानी अथवा वैवाहिक जीवन में कलह-क्लेश हो।

शुभ फल—सप्तमेश शुभ हो तो जातक का एक जगह सम्बन्ध छूटने के बाद वैवाहिक सुख प्राप्त होता है। स्त्री राशि का राहु शुभ फल करता है। विवाह जल्दी होता है।

8. कर्कोटक कालसर्प योग—राहु के अष्टमस्थ होने से यह योग बनता है। अशुभ होने पर क्लिष्ट रोग का भय, मानसिक तनाव, आर्थिक तंगी व घरेलू उलझनें अधिक हों।

शुभ फल—अष्टमेश शुभ भावस्थ हो, या राहु उच्च राशिस्थ, शुभ दृष्ट हो तो जातक दीर्घजीवी होता है तथा जीवन के उत्तरार्द्ध में भूमि, मकान, वाहन एवं सुयोग्य सन्तान आदि सुखों की प्राप्ति होती है।

9. शंखनाद कालसर्प योग—नवम व तृतीया भाव में निर्मित कालसर्प योग में भाग्योन्नति में विघ्न-बाधाएं पैदा होंगी। लाटरी, सट्टे में धन का अपव्यय तथा किसी नजदीकी बन्धु द्वारा

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विश्वासघात हो। मनमाना आचरण करने से प्रवृत्त।

शुभ प्रभाव—जातक स्वाभिमानी, जादू, यंत्र-मंत्र, तन्त्र, ज्योतिष, लाटरी-शेयर आदि विषयों में रूचि रखने वाला, जातक ऐसी योजनाओं के संचालक होते हैं जिनमें धन की वृद्धि अचानक होती है।

10. पातक कालसर्प योग—दशम एवं चतुर्थ भावों में निर्मित इस योग से जातक अत्यन्त संघर्ष के पश्चात् जीवन में उन्नति करता है। आयु के उत्तरार्ध भाग में ही सफलता मिलती है। पिता के सुख में कमी करता है। झूठे आरोप झेलने पड़ते हैं।

शुभ प्रभाव—जातक उच्च प्रतिष्ठित संस्थान में महत्त्वपूर्ण पद प्राप्त करता है तथा अपनी योग्यता के बल पर भूमि, आवास, स्त्री आदि सुखों को प्राप्त करता है।

11. विषाक्त कालसर्प योग—एकादश व पंचम भाव से सम्बन्धित कालसर्प योग के कारण जातक पिता या सन्तान पक्ष के कारण चिन्तित, गुप्त आर्थिक, परेशानियां, प्रथम कन्या सन्तान की सम्भावना, पारिवारिक सुख एवं सहयोग में कमी, अत्यधिक परिश्रम करने पर भी धन लाभ के सम्बन्ध में असन्तोष बना रहता है।

शुभ प्रभाव—लाटरी, सट्टा, शेयर्ज द्वारा आकस्मिक धन लाभ, अनेक यात्राओं द्वारा धन लाभ एवं ऐश्वर्य प्राप्त करता है। अरिष्टनाशक एवं सौभाग्य में वृद्धिकारक होता है।

12. शेषनाग कालसर्प योग—द्वादश भाव में राहु होने पर यह योग बनता है। जातक को शिर, नेत्रादि के कारण कष्ट, देश-विदेश में भ्रमण करने वाला धन का वृथा खर्च अधिक होता है। कुसंगति के कारण व्यसन आदि का भी शिकार हो सकता है।

शुभ प्रभाव—यदि व्ययेश शुभ भावस्थ हो तो जातक अपने जन्म स्थान से दूर जाकर भाग्योदय प्राप्त करता है। आध्यात्म, धार्मिक, लेखन, ज्योतिष के क्षेत्र में विशेष रूचि रखेगा।

कालसर्प का मुख राहु होता है। यदि राहु बली हो तथा उस पर शुभ और योगकारक ग्रहों का प्रभाव हो, तो कालसर्प योग जातक को अतीव उन्नति देता है। किसी भी जन्मकुण्डली में उच्चस्तरीय सफलता के लिए केवल किसी एक योग पर निर्भर रहना शास्त्रसम्मत नहीं है। उच्चस्तरीय सफलता के लिए लग्न का बली और शुभ प्रभाव में होना अत्यन्त आवश्यक है। यदि लग्न बली हो, तो जातक की कुण्डली में विद्यमान् सामान्य शुभ ग्रहयोग भी जातक को अच्छी प्रगति देते हैं। इसके विपरीत लग्न के निर्बल होने पर जातक की कुण्डली में विद्यमान ग्रहयोग उच्चस्तरीय सफलता नहीं दे पाते। कालसर्प योग के शुभफलदायक होने की स्थिति में लग्न की बलवत्ता को ध्यान में रखना भी आवश्यक है। कालसर्प योग जिन स्थितियों में विशेष शुभ फलदायक सिद्ध होता है, उसके लिए योग की स्थिति एवं कुण्डली में विद्यमान् योगकारक ग्रहों के परस्पर सम्बन्ध को अवश्य देखना चाहिए।

जिन लोगों की कुण्डलियों में यह योग मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या और मीन राशिस्थ राहु से बनता है, उनके मन-मस्तिष्क और हृदय में गुह्य ज्ञान, अंतर्दृष्टि और प्रेरणाओं का अनूठा संगम होता है। जो उनके जीवन में उत्कर्ष के व्यापक अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे मनुष्यों का व्यक्तित्व बहिर्मुखी होता है। वे समाज कल्याण हेतु तत्पर, व्यवहार-कुशल और त्याग करने की भावना रखते हैं। उनकी लयबद्ध और यर्थाथवादी सोच होती है। लोगों में अपने नाम के प्रचार से उनके अहं और मन को सन्तुष्टि मिलती है।

(1) उदाहरणार्थ—(१) लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की कुण्डली में कालसर्प योग के बावजूद वे दूरदर्शिता और दृढ़ व स्थिर मानसिकता के व्यक्तित्व से लब्ध एक महान् पुरुष थे। उनके जैसा गृहमंत्री आज तक नहीं हुआ। उनकी कुण्डली में सप्तम भाव में बुध आदित्य योग एवं दशम भाव में रूचक और शश योग हैं। लग्नेश बली है। जिनकी कालसर्प के द्वारा कोई हानि नहीं हुई।

अनेक उच्चस्तरीय एवं सुप्रसिद्ध व्यक्तियों की कुण्डली में कालसर्प में कालर्प योग देखने में आया है। उदाहरणार्थ—सचिन तेंदुलकर, धीरू भाई अम्बानी, सुश्री लता-मंगेशकर, हिटलर, मोरारजी देसाई इत्यादि।

(2) उदाहरण कुण्डली—(२) संलग्न कुण्डली प्रसिद्ध उद्योगपति स्व. धीरू भाई अम्बानी की है, जिनके जन्मांग में समस्त ग्रह तृतीय के राहु तथा नवम के केतु के बीच हैं। कालसर्प योग का मुख तृतीय भाव में शनि की राशि तथा राहु के नक्षत्र में है। तृतीयेश शनि द्वितीय भाव में स्वगृही है। इस प्रकार कालसर्प का मुख राहु बली तथा शुभ स्थिति में है एवं उसका सम्बन्ध धनभाव से है, जोकि आर्थिक जगत में शीर्ष सफलतादायक है, इस प्रकार कालसर्प का मुख राहु धन उगलता रहा। तृतीय भाव में इसकी स्थिति स्वपराक्रम को बढ़ाने वाली तथा जुझारू प्रवृत्ति की द्योतक है। इस कालसर्पयोग का शुभ फल लग्न की बलवत्ता ने बहुत बढ़ा दिया। लग्नेश गुरु भाग्येश सूर्य के नक्षत्र में स्थित होकर दशम भावस्थ होना, लग्न में भाग्येश सूर्य और उसका मित्र चन्द्रमा स्थित है। लग्नेश और भाग्येश का नक्षत्र सम्बन्ध तथा भाग्येश की लग्न में स्थिति लग्न को बली और इन्हें प्रबल भाग्यवान बनाया। इस प्रकार श्रीअम्बानी की कुण्डली में उच्च सफलतादायक ग्रह योग विद्यमान थें, जिन्हें कालसर्प योग ने और भी ऊँचाईयों तक पहुँचाया।

(3) उदाहरण कुण्डली—(३) संलग्न जन्मांग प्रसिद्ध अभिनेता अनिल कपूर की है, जिन्होंने फिल्मी जगत में अच्छी पहचान बनाई। इनका जन्म कुम्भ लग्न के मिथुन नवांश में हुआ था। कर्कोटक नामक, अष्टमस्थ राहु तथा द्वितीयस्थ केतु के मध्य सभी ग्रह बैठे हैं। लग्नेश शनि एकादश भाव में तथा द्वितीयेश (वाणी का कारक) गुरु बुध के साथ है। कला का कारक शुक्र

वल्लभ भाई पटेल
31 अक्टू., 1875 ई.
6-00 सायं, लगभग
गुजरात



स्व. धीरू भाई अंबानी
28-12-1932
प्रातः 6-31 बजे
जन्मस्थान-गुजरात



अनिल कपूर
24-12-1959
12-00 दोपहर
मुम्बई



CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मनुष्यों को व्यक्तित्व बहिर्मुखी होता है। वे समाज कल्याण हेतु तत्पर, [illegible] त्याग करने की भावना रखते हैं। उनकी लयबद्ध [illegible] नाम के प्रचार से उनके अहं और मन को सन्तुष्टि मिलती हैं।

सभी यह बैठे हैं। लग्नेश शनि एकादश भाव में तथा द्वितीयेश (वाणी का कारक) गुरु बुध के साथ है। कला का कारक शुक्र



भाग्य भाव में स्वगृही है, जिसने कपूर जी को वास्तव में कलाकार बनाया। स्पष्ट है, अष्टम भाव में कन्या राशिस्थ राहु (नवांश में भाग्य स्थान) कोई अशुभ/अरिष्ट प्रभाव प्रदान नहीं कर रहा। यद्यपि अष्टमस्थ राहु उत्तम फल नहीं देता परन्तु शुभ-अशुभ परिणाम राशि, बल तथा अन्य ग्रहों को दृष्टि के अनुसार प्रदान करता है। अतः कर्कोटक नामक कालसर्प योग से भय में न आएं, यदि अष्टमस्थ राहु शुभ होगा तो निश्चय ही लाभकारी परिणाम देगा।

वास्तव में राहु वायुकारक, छाया व अशुभ ग्रह होते हुए भी प्राणी को दुःखों की अग्नि में तपाकर उसे कुन्दन की भान्ति निखारने एवं परिष्कृत करने का कार्य करता है। दुःखों से व्याकुल होकर ही मनुष्य प्रभु की शक्तियों का स्मरण करने लगता है।

—कालसर्प दोष शान्ति के लिए कुछ उपाय—

कालसर्प दोष की शान्ति के लिए मुख्य रूप से (१) ग्रह शान्ति (२) सर्प दोष (३) पितृ दोष शान्ति एवं नागबलि एवं शिव पूजन वैदिक पुराणोक्त विधि से किसी योग्य ब्राह्मण द्वारा करवानी चाहिए। (४) विधिपूर्वक महामृत्युञ्जय का जप भी करें।

यदि कुण्डली में **काल सर्पयोग** पड़ा हो, तो निम्नलिखित किंचित् उपाय करने **शुभ एवं कल्याणकारी** होंगे—(१) **कालसर्प** की अरिष्ट शान्ति के लिए शिव मन्दिर में सवा लाख **ॐ नमः शिवाय** मन्त्र का पाठ करना तथा पाठोपरान्त रूद्राभिषेक करवाने का विशेष महत्त्व है। साथ ही शिवलिंग पर चांदी का **सर्प युगल-नाग स्तोत्र** एवं नाग पूजनादि करके चढ़ाना शुभ होगा।

नाग गायत्री मन्त्र— ॐ नव कुलाय विद्महे विषदंताय धीमहि तन्नो सर्पः प्रचोदयात्॥

(२) प्रत्येक शनिवार एक नारियल को तैल एवं काले तिलों का तिलक लगाकर, मौली लपेटकर अपने शिर से तीन बार घुमा कर **ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः** मन्त्र कम-से-कम तीन बार पढ़कर चलते पानी में बहा देवें—ऐसे कम-से-कम **पाँच शनिवार** करें।

(३) प्रत्येक **शनिवार** कुत्तों को दूध और चपाती डालनी तथा गौओं, कौओं को तैल के छीटें देकर रसोई की प्रथम चपातियां डालना शुभ है।

(४) **कालसर्प** योग के कारण यदि वैवाहिक जीवन में बाधा आती हो, तो जातक पत्नी के साथ दोबारा विवाह करें एवं घर के द्वार पर चांदी का स्वस्तिक चिन्ह बनवाकर लगवाएं।

(५) घर में **मयूर पंख** का पंखा पवित्र स्थान पर रखें तथा भगवान् शिव का ध्यान करते हुए प्रातः उठते ही तथा सोने से पूर्व मयूर पंखे द्वारा हवा करें।

(६) कालसर्प योग शान्ति के लिए नवनाग देवताओं के नाम (नवनाग-स्तोत्र) का उच्चारण करना चाहिए—

अनंतं वासुकिं शेष पद्मानाभम् च कंबलम्। शंखपालं कर्कोटकं कालियं तक्षकं तथा॥
एतानि संस्मरेन्नित्यं आयुः कामार्थ सिद्धये। सर्पदोष क्षयार्थं च पुत्रपौत्रान् समृद्धये॥
तस्मै विषभयं नास्ति सर्वत्र विजयी भवेत्॥

(७) महाकुम्भ पर्व के अवसर पर प्रमुख स्नान करें और कुम्भ में स्थित शिव मन्दिर में जाकर विधिपूर्वक पूजन करें। चाँदी के बने नाग-नागिन के कम-से-कम ११ जोड़ों को प्रतिदिन शिवलिंग में चढ़ाएँ तथा महादेव से इस कुयोग से मुक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करें।

(८) प्रत्येक बुधवार को काले वस्त्र में उड़द या मूंग एक मुट्ठी डालकर, राहु का मन्त्र जाप कर किसी भिखारी को दे देवें। यदि दान लेने वाला कोई नहीं मिले तो बहते पानी में उस अन्न को छोड़ देना चाहिए। इस प्रकार 72 बुधवार करते रहने से अवश्य लाभ होता है।

(९) किसी अश्वत्थ (बट) के वृक्ष से नित्य १०८ प्रदक्षिणा (घेरे) लगाने चाहिए। तीन सौ दिन में जब २८००० प्रदक्षिणा पूरी होगी तो दोष दूर होकर स्वतः ही संतति की प्राप्ति होगी।

(१०) इसके अतिरिक्त महाकाल रुद्र स्तोत्र, रुद्र सूक्त, शिव-पंचाक्षर स्तोत्र, मनसादेवी नाग स्तोत्र, महामृत्युञ्जय आदि स्तोत्रों का विधि-विधान से पूजन, हवन करने से कालसर्प दोष की शान्ति हो जाती है।

(११) (i) प्रथम भाव से निर्मित कालसर्पदोष हो, तो गले में हमेशा चांदी का चौकोर टुकड़ा पहनें।

(ii) द्वितीय भाव से निर्मित कालसर्पदोष हो, तो घर के वायव्य (उत्तर-पश्चिम) कोण को साफ कर, मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर रखें। प्रतिदिन पानी बदलते रहें। पुराने पानी को घर के बाहर चौराहे पर रखें।

(iii) तृतीय भाव से निर्मित कालसर्प योग हो, तो अपने जन्मदिन पर गुड़, गेहूँ और तांबे का दान करें।

(iv) चतुर्थ भाव से निर्मित कालसर्प योग हो, तो प्रतिदिन बहते हुए जल में दूध बहाएं।

(v) पंचम भाव से निर्मित कालसर्प योग हो, तो घर के ईशान कोण में सफेद हाथी की मूर्त्ति रखें।

(vi) षष्ठ भाव से कालसर्प बने तो प्रत्येक मास की पंचमी तिथि को एक श्रीफल बहते हुए पानी में डाल दें।

(vii) सप्तम भाव से कालसर्प योग बने, तो मिट्टी के बरतन में दूध भरकर वीरान स्थान पर रख आएँ।

(viii) अष्टम भाव से कालसर्प योग बने, तो प्रतिदिन सुबह काली गाय को गुड़, रोटी, काले तिल और उड़द खिलाएं।

(ix) नवम भाव से कालसर्प योग बने, तो 18 नारियल सूर्योदय से सूर्यास्त तक 18 शिव मन्दिरों में रखें। यह प्रत्येक वर्ष में एक बार शिवरात्रि को करें।

(x) दशम भाव से कालसर्प योग बने, तो घर से बाहर निकलते समय काली उड़द के दाने, सिर पर से 7 बार घुमाकर ज़मीन पर बिखेर दें। महत्त्वपूर्ण कार्य के समय यह प्रयोग से कार्य में कोई अवरोध उत्पन्न नहीं होता है।

(xi) एकादश भाव से कालसर्प योग बने, तो हर बुधवार को घर की सफ़ाई करें। सफ़ाई के बाद घर का कूड़ा घर के पास के रास्ते पर फेंक दें। उस दिन शरीर के अन्दर या बाहर एक फटा हुआ कपड़ा अवश्य पहनें।

(xii) द्वादश भाव से कालसर्प योग बने तो, प्रत्येक मास की अमावस्या को काले कपड़े में काला तिल, दूध में भिगोया हुआ जौं, नारियल और कोयला बांध कर बहते हुए पानी में बहाएं।

उपरोक्त उपाये यदि सम्भव हो, तो लगातार 43 दिन तक करे।

(१३) **तंत्र प्रयोग**—1 मीटर काले कपड़े में १/२ किलो उड़द, लोहे का टुकड़ा, काले तिल, मूंग और चावल, मधु, दूर्वा, खिचड़ी, गुड़, कर्पूर—इन वस्तुओं को बांधकर हर मास की अमावस्या को शिव मन्दिर में रखना चाहिए तथा यथाशक्ति **'ॐ नमः शिवाय'** मंत्र का जाप करना चाहिए।

अपनी अनुकूलता के अनुसार ऊपर बतायें गए कोई भी उपाय नियमित रूप से करने से अवश्य लाभ होगा।

कालसर्प दोष की शान्ति के लिए हमारी पुस्तक की प्रतीक्षा कीजिए।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

हथेली में ग्रह पर्वत (Mounts) व उनका फल

हथेली में ग्रहों के पर्वतों का भी विशेष महत्त्व रहता है। अगर जन्म कुण्डली में कोई ग्रह बलवान होता है तो उस जातक की हथेली में भी उस ग्रह का पर्वत उभरा और स्पष्ट होता है। जिस व्यक्ति को अपनी जन्म-तिथि अथवा जन्म समय का ज्ञान नहीं होता, उस व्यक्ति की हथेली पर पर्वतों के आधार पर सही जन्म-कुण्डली का निर्माण किया जा सकता है। अंगूठे से जन्म लग्न मालूम किया जाता है। प्रथम अंगुली (तर्जनी) से बृहस्पति की स्थिति, मध्यमा से शनि, व अनामिका से सूर्य की स्थिति मालूम कर कुण्डली का निर्माण किया जा सकता है। तर्जनी के नीचे के स्थान को बृहस्पति का पर्वत कहते हैं। मध्यमा अंगुली के नीचे के स्थान को शनि का पर्वत कहते हैं। अनामिका अंगुली के नीचे के भाग को सूर्य पर्वत कहते हैं और कनिष्ठिका अंगुली के नीचे के स्थान को बुध पर्वत कहते हैं। अंगूठे के नीचे हथेली पर जो जीवन रेखा से घिरा हो उसे शुक्र पर्वत कहते हैं। उसी के बायीं ओर हथेली में ऊंचे उठे पर्वत को चन्द्र पर्वत कहते हैं। हृदय रेखा के नीचे और मस्तिष्क रेखा के ऊपर ऊँचे उठे भाग को मंगल का प्रथम क्षेत्र कहते हैं। शुक्र पर्वत के ऊपर और बृहस्पति, को मंगल का द्वितीय क्षेत्र कहते हैं। इस प्रकार सूर्य, चन्द्र, बुध, बृहस्पति, शुक्र शनि के एक-एक ग्रह पर्वत तथा मंगल के दो ग्रह पर्वत हथेली में होते हैं। हथेली का मध्य भाग जो थोड़ा धंसा होता है उसे करतल मध्य कहते हैं। हथेली के मध्य भाग की अपेक्षा ग्रह पर्वत ऊँचे उठे होते हैं। अंग्रेज़ी में इन पर्वतों को Mounts कहते हैं।



सूर्य पर्वत (Sun Mount)—यह पर्वत अनामिका अंगुली के नीचे होता है। सूर्य पर्वत उन्नत होने पर जातक उत्साही, कला प्रेमी, शिल्पविद्या में निपुण, भावुक, धनवान्, उदार होता है। अगर सूर्य का पर्वत धंसा हुआ हो तो उस जातक में उत्साह की कमी होती है और उसकी बुद्धि भी तेज नहीं होती। उसे सामाजिक कार्यों में प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं होती। यदि क्रास × का चिन्ह हो तो अनावश्यक बदनामी प्राप्त होती है। यदि सूर्य पर्वत हथेली में साधारण रूप से उच्च हो तो काव्य-कला सौन्दर्य इत्यादि में अभिरूचि होती है। जिस व्यक्ति के हाथ में सूर्य का पर्वत उच्च हो उसे यश व प्रतिष्ठा प्राप्त होती है और वह धनवान होता है। सूर्य का पर्वत उठा हुआ हो तो व्यक्ति लेखक, यशस्वी, सुखी एवं बुद्धिमान होता है। सूर्य के पर्वत पर त्रिकोण का चिन्ह हो तो जातक उच्च राज्याधिकारी, सरकारी क्षेत्रों में लाभान्वित, उच्चपदाधिकारी या लेखक अथवा कलाकार होता है। सूर्य-पर्वत पर बिन्दु या वृत्त का चिन्ह शुभ नहीं माना जाता। जिस व्यक्ति के हाथ में यह पर्वत हो ही न उसका जीवन साधारण सा होता है। इस पर्वत से प्रतिभा, यश, सम्मान, सुख व सफलता की जानकारी प्राप्त होती है। अगर सूर्य-पर्वत बुध पर्वत के साथ मिला हो तो ऐसे जातक नम्र स्वभाव वाले, वाहनादि सुखों से युक्त, ईमानदार, व्यवहार दक्ष होते हैं। यदि स्त्री के हाथों में यह लक्षण हों तो रूपवती, पति से प्रीति रखने वाली, हंसमुख व सुशीला होती है। सूर्य पर्वत पर अगर दो खड़ी रेखाएं हों तो वह महाधनी होता है। अगर सूर्य का पर्वत शनि की ओर झुक जाए तो व्यक्ति एकान्तप्रिय व उदासीन होता है कभी-कभी निराशावादी बन जाता है।

चन्द्र पर्वत (Moon Mount)—दाहिने हाथ में आयु रेखा से बांयी ओर भाग्य रेखा के पास और मणिबंध रेखा से ऊपर चन्द्र पर्वत होता है। चन्द्र क्षेत्र सौन्दर्य-प्रियता, कल्पना काव्य, साहित्य आदि से सम्बन्ध रखता है। जिस व्यक्ति के हाथ में चन्द्र का क्षेत्र धंसा हुआ होता है, उसमें प्राय: कल्पना शक्ति का अभाव होता है। जिस व्यक्ति के हाथ में चन्द्र-क्षेत्र उच्च होता है वह, साहित्य, काव्य, कला, संगीत, कल्पना, गायन आदि के कारण सफल होता है धन, स्त्री, माता व विदेश यात्रा का सुख प्राप्त होता है। यदि चन्द्र क्षेत्र, साधारण हो तो पाचन शक्ति कमज़ोर होती है। चन्द्र-क्षेत्र का संपूर्ण भाग अत्यधिक उच्च हो और स्वास्थ्य के अन्य लक्षण हथेली में शुभ न हों तो सिर दर्द, पागलपन आदि के रोग होते हैं। चन्द्र-पर्वत अच्छा और उठाव हो तो मनुष्य सुखी, कला प्रेमी और शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत करने वाला होता है, अधिक उठा हुआ हो तो व्यक्ति में उतावलापन अधिक होता है और उसे क्रोध भी जल्दी आता है। चन्द्र पर्वत गहरा हो तो व्यक्ति चिन्ता-ग्रस्त होता है। चन्द्र-क्षेत्र पर त्रिकोण का चिन्ह हो तो व्यक्ति गुप्त विद्याओं को जानने वाला होता है। इस पर्वत पर वर्तुल या कोई दाग का चिन्ह हो तो मानसिक रोग एवं जलभय होता है। यदि इस पर ऊर्ध्व रेखाएँ हों, तो विदेश-यात्रा के अवसर मिलते हैं। इस पर आड़ी-तिरछी रेखाएँ विदेश में विघ्न व परेशानियां पैदा करती है।

चन्द्र-क्षेत्र मणिबन्ध की ओर झुका हुआ हो व्यक्ति कल्पना लोक में विचरण करता है। चन्द्र-पर्वत से यदि कोई रेखा शुक्र पर्वत की ओर जावे तो वह व्यक्ति जलयात्रा करता है। चन्द्र प्रधान व्यक्ति कलाकार होते हैं तथा कोमलता और भावुकता इनके स्वाभाविक गुण होते हैं। चन्द्र पव4त-उन्नत हो तो जातक में कल्पना, भावुकता, सौन्दर्य प्रियता तथा प्रकृति-प्रेम विशेष रूप से होता है। ऐसे व्यक्ति अच्छे कलाकार, संगीतकार, साहित्यकार और कवि होते हैं। जिस व्यक्ति के हाथ में चन्द्र-क्षेत्र अनुपस्थित होता है, वह कठोर हृदय का होता है।

मंगल पर्वत (Mars Mount)—मंगल के दो क्षेत्र होते हैं। पहला हथेली में बुध पर्वत एवं हृदय रेखा के नीचे एवं चंद्र पर्वत के ऊपर मंगल का स्थान है। दूसरा मंगल पर्वत

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

बृहस्पति पर्वत के नीचे होता है, जहाँ से जीवन-रेखा प्रारम्भ होती है। यह जीवन रेखा के दोनों के उच्च होने का भी समझना चाहिए। जिन व्यक्तियों के बुध व गुरु के पर्वत समान

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

होता है और वह धनवान होता है। सूर्य का पर्वत उठा हुआ हो तो व्यक्ति [illegible] सुखी एवं बुद्धिमान होता है। सूर्य के पर्वत पर [illegible] राज्याधिकारी, सरकारी क्षेत्रों में लाभान्वित, उच्चपदाधिकारी या लेखक अथवा कलाकार होता

मंगल पर्वत (Mars Mount)—मंगल के दो क्षेत्र होते हैं। पहला हथेली में बुध पर्वत एवं हृदय रेखा के नीचे एवं चंद्र पर्वत के ऊपर मंगल का स्थान है। दूसरा मंगल पर्वत बृहस्पति पर्वत के नीचे होता है जहाँ से जीवन-रेखा प्रारम्भ होती है। यह जीवन रेखा के अन्दर और शुक्र पर्वत की समाप्ति पर होता है। मंगल प्रधान व्यक्ति साहसी, निडर तथा शक्तिशाली होते हैं। जिनके हाथों में मंगल पर्वत बलवान होता है वे प्रभुत्वाकांक्षी, परिश्रम के कामों में दक्ष, लड़ाई-झगड़े में उत्साही होते हैं। धीरजता तथा साहस इनका प्रधान गुण होता है। नैतिक बलशाली, चंचल प्रकृति के सैनिक होते हैं।

यदि मंगल पर्वत बहुत अधिक ऊँचा हो तो वह व्यक्ति दुराचारी, अकारण क्रोध करने वाला, समाज-विरोधी, निर्दयी होता है। ऐसे व्यक्ति स्वभाव से लड़ाकू तथा अपनी बात को ज़बरदस्ती मनवाने के आदी होते हैं। यदि मंगल का पर्वत नीचा हो तो व्यक्ति में सहन-शक्ति की कमी होती है, नास्तिक, डरपोक तथा शान्त विचार का होता है।

यदि मंगल पर्वत का झुकाव शुक्र क्षेत्र की ओर होता है तो यह निश्चित समझना चाहिए कि उस व्यक्ति में सद्गुणों की अपेक्षा दुर्गुण विशेष होंगे। ऐसे व्यक्ति झूठी शान-शौकत, व्यर्थ का आडम्बर तथा प्रदर्शन प्रिय होते हैं। यदि मंगल पर्वत या राहु के पर्वत पर त्रिकोण का चिन्ह हो तो ऐसा व्यक्ति युद्ध कुशल, दृढ़-निश्चयी, उत्तम सेनापति अर्थात् प्रबन्धन क्षमता से युक्त होता है। मंगल पर्वत यदि बुध की ओर झुका हो तो ऐसा व्यक्ति अच्छी राय देने वाला, सलाहकार होता है। यदि मंगल पर्वत पर आड़ी-तिरछी रेखाएं हों और उनसे जाल-सा बन गया हो तो निश्चय ही उसकी मृत्यु दुर्घटना के फलस्वरूप होती है। मंगल का पर्वत यदि अशुभ, निर्बल हो तो ऐसे व्यक्ति को तीव्र ज्वर, पित्त विकार, शस्त्र, शत्रु, चोर व राजा से भय प्राप्त होता है। रक्त-विकार से पीड़ा होती है। यदि मंगल पर्वत भली प्रकार से विकसित हो तथा साथ ही हथेली का रंग भी लालिमा लिए हो तो वह व्यक्ति निश्चय ही ऊँचा पद प्राप्त करता है। संघर्षों एवं बाधाओं के बावजूद वह अपने लक्ष्य तक पहुंच जाने में पूर्ण सफलता प्राप्त करता है।

वस्तुतः मंगल पर्वत से ही व्यक्ति साहसी, निर्भीक और स्पष्टवक्ता बनता है।

बुध पर्वत (Mercury Mount)—कनिष्ठिका ऊँगली के नीचे (मूल में) हृदय रेखा या मंगल पर्वत के ऊपर जो स्थान है उस स्थान को बुध पर्वत कहते हैं। यह पर्वत भौतिक सम्पदा एवं भौतिक समृद्धि का सूचक है। बुध का क्षेत्र अच्छा हो तो व्यक्ति को व्यापारिक एवं वैज्ञानिक कार्यों में सफलता मिलती है। ऐसा व्यक्ति बुद्धिमान, ज्योतिषी, धनी एवं कवि होता है। कानून का ज्ञाता, लेखक एवं हंसमुख प्रकृति का भी होता है। यदि बुध पर्वत अत्यन्त ऊँचा हो तो वह ठग, चालाक, धूर्त, विश्वासघाती और लफंगा भी होता है। ऐसे व्यक्ति धन के पीछे पागल रहते हैं। यदि बुध पर्वत नीचा हो तो अप्रसन्न, आलसी, धनहीन एवं मन्दबुद्धि होते है।

यदि बुध पर्वत सूर्य की ओर झुका हुआ हो तो ऐसा व्यक्ति जीवन में आसानी से सफलता प्राप्त कर सकता है। ऐसे व्यक्ति व्यापार कुशल, प्रतापी, चिकित्सक, वकील, ज्योतिषी आदि होता है। ऐसे व्यक्ति विद्या-व्यसनी होते हैं। यदि बुध पर्वत मंगल पर्वत की ओर झुका हो तो ऐसा व्यक्ति अत्यन्त हंसमुख प्रकृति का होता है। यही फल मंगल, बुध दोनों के उच्च होने का भी समझना चाहिए। जिन व्यक्तियों के बुध व गुरु के पर्वत समान रूप से ऊँचे उठे हों, वे विद्याभ्यासी, संगति प्रिय, सफल साहित्यकार, पत्रकार, लेखक होते हैं। श्रमवान और उद्यमी होते हैं। मान-सम्मान प्राप्त करने वाले होते हैं। बुध व शुक्र का पर्वत समान रूप से ऊँचे हों तो वह विलक्षण ज्ञान वाला, शृंगार प्रिय और संतति सुख से पूर्ण होता है।

जिनके हाथों में बुध पर्वत सही रूप से विकसित होता है, वे मनोविज्ञान के क्षेत्र में माहिर होते हैं। ऐसे व्यक्ति अवसरवादी एवं भौतिकवादी कहे जाते हैं। धन-संचय करने में ये उचित-अनुचित आदि का कोई ख्याल नहीं रखते। यदि बुध पर्वत पर कोई तिरछी रेखा आई हो तो उसे गुप्त परेशानी होती है। यदि इस पर त्रिकोण Δ का चिन्ह हो तो ऐसा व्यक्ति यशस्वी, मान प्रतिष्ठा वाला या व्यापारी होकर प्रचुर धन पैदा करता है। यदि बुध पर्वत पर दो चार खड़ी रेखाएं हों तो वह डाक्टर या औषधि संग्रहकर्ता होता है। यदि बुध का पर्वत ऊँचा उठा हुआ कुछ चौरस दिखे तो वह ज्योतिषी होता है। यदि हथेली पर बुध पर्वत का अभाव हो तो उसका जीवन दरिद्रता में ही व्यतीत होता है। लम्बी उंगलियों के साथ विकसित बुध पर्वत हो तो वह व्यक्ति स्त्रियों के प्रति विशेष आसक्ति रखने वाला होता है।

यदि बुध पर्वत अपने आप में पूर्णतः श्रेष्ठ एवं विकसित हो तो ऐसा व्यक्ति जीवन में पूर्ण सफलता प्राप्त कर सकता है।

बृहस्पति क्षेत्र (Jupiter Mount)—तर्जनी अँगली के मूल भाग में राहु पर्वत के ऊपर शनि पर्वत के पास जो स्थान है उसे गुरु का क्षेत्र या गुरु पर्वत कहते हैं। हथेली में गुरु का पर्वत उच्च हो तो उस व्यक्ति में देव-तुल्य सभी गुण पाए जाते हैं। ऐसा व्यक्ति तेजवान, ओजस्वी, दर्शनीय विद्वान्, उदार, ज्योतिषी, अध्यापक होता है। वह धनधान्य युक्त, सदाचारी, सत्यवक्ता होने के साथ-साथ जहां स्वयं की उन्नति करता है, वहाँ दूसरों को उन्नति देने में सहायक रहता है। यदि गुरु का पर्वत अत्यन्त उच्च हो तो व्यक्ति आडम्बर वाला, मिथ्याभिमानी, स्वार्थी, धोखा देने में चतुर तथा स्वेच्छाचारी होता है।

यदि गुरु पर्वत अल्पविकसित या अविकसित होता है तो उन व्यक्तियों में उपर्युक्त गुणों की न्यूनता समझनी चाहिए। विपरीत योनि के प्रति इनके मन में कोमल भावनाएं होती हैं। यदि गुरु पर्वत का झुकाव शनि की ओर हो तो ऐसा व्यक्ति चिन्तनशील तथा अपने ही कार्यों में लगा रहने वाला परन्तु जीवन में सफलता न मिल पाने के कारण धीरे-धीरे उसमें निराशा की भावना आने लगती है। यदि गुरु पर्वत राहु पर्वत की ओर झुका हो तो ऐसा व्यक्ति धूर्त तथा रोगी होता है। यदि गुरु, शुक्र का पर्वत एक समान ऊँचा हो तो ऐसा व्यक्ति असत्य वक्ता, शत्रु-युक्त, अविचारी, झगड़ालू तथा स्त्रियों के साथ रहकर भी उनसे कम प्रीति वाला होता है। यदि गुरु पर्वत निम्न तथा शनि पर्वत ही अधिक उठा हो तो वह समाज व घर वालों से घृणा करता है। तथा इन दोनों के एक समान ऊँचे होने पर धैर्यवान्, भाग्यवान और अदृष्टवादी होता है।

अगर बृहस्पति-क्षेत्र पर क्रास (X) का चिन्ह हो तो जातक धार्मिक क्षेत्र में बहुत ऊँचा

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

उठ जाता है। उसका वैवाहिक जीवन सानन्द रहता है। यदि गुरु पर्वत पर सीधी रेखा हो तो ऐसा व्यक्ति यशस्वी होता है परन्तु बहुत सी रेखाएं होने पर अपयश प्राप्त होता है। गुरु पर्वत पर त्रिकोण चिन्ह हो तो व्यक्ति सात्विक विचार, चतुर व कुशल होता है। यदि त्रिकोण के साथ सूर्य रेखा भी हो तो ऐसा व्यक्ति किसी संस्था का मन्त्री होता है। गुरु के पर्वत पर तारा का चिन्ह हो तो अच्छा फल देता है किन्तु परिवार की ओर से परेशानी कारक होता है। यदि गुरु के पर्वत पर गुणा (क्रास) का चिन्ह हो तथा तर्जनी के मूल में स्पष्ट हो तो उस व्यक्ति का विवाह सम्पन्न एवं कुलीन घराने में होता है। ऐसे व्यक्ति ससुराल पक्ष से सहयोग प्राप्त कर अच्छी उन्नति प्राप्त कर लेते हैं। अस्पष्ट गुणा का चिन्ह या अत्यन्त सूक्ष्म होने पर उसके मस्तक पर चोट चपेट आदि से कोई घाव अवश्य हो जाता है।

यदि व्यक्ति की उंगलियां नुकीली हों तथा गुरु पर्वत विकसित हो तो वह व्यक्ति अंधविश्वासी होता है। वर्गाकार उंगलियों के साथ विकसित गुरु पर्वत हो तो वह जीवन में निरंकुश तथा अत्याचारी बन जाता है। यदि उंगलियां लम्बी हों तो वह व्यक्ति अपव्ययी तथा भोगी होता है। यदि गुरु पर्वत अशुभ हो तो उसे कुष्ठ, चर्म, क्षय-रोग, गठिया, पीलिया तथा फेफड़े सम्बन्धी रोग रहता है।

वस्तुत: गुरु पर्वत जीवन में अत्यधिक सहायक तथा उन्नति की ओर अग्रसर करने वाला पर्वत कहा गया है।

शुक्र पर्वत (Venus Mount)—अंगूठे के नीचे और जीवन रेखा के भीतर का भाग शुक्र क्षेत्र कहलाता है। शुक्र पर्वत से सौन्दर्य प्रियता, काम वासना, संगीत प्रियता, स्वास्थ्य, संतान उत्पन्न करने की शक्ति का विचार किया जाता है। अगर किसी व्यक्ति के हाथ में शुक्र का पर्वत उठा हुआ न हो तो उस व्यक्ति में उपर्युक्त गुण न्यून मात्रा में होता है। शुक्र क्षेत्र का साधारण उच्च होना अच्छा है। साधारण उच्च होने पर जातक में उपर्युक्त सभी गुण पाये जाते हैं।

शुक्र का अति उच्च होना अशुभ होता है। अतिउच्च होने पर मनुष्य अत्यधिक विलासी, व्यभिचारी व कामुक होता है। शुक्र पर्वत उठावदार व शुभ होने पर व्यक्ति निरोगी होता है, और वह सुख-शान्तिपूर्वक जीवन व्यतीत करता है। उसकी ललित कला में अधिक रूचि होती है। यदि शुक्र पर्वत धंसा हुआ अथवा गहरा हो तो वह व्यक्ति नपुंसक होता है तथा धातु रोग से ग्रसित होता है। शुक्र पर्वत पर व्रत या बिन्दु के चिन्ह अशुभ होते हैं। शुक्र क्षेत्र से कोई रेखा वृहस्पति की ओर जावे तो उस व्यक्ति को यश, प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। यदि कोई रेखा शुक्र से निकल कर भाग्य रेखा को काटे तो धन हानि होती है। शुक्र पर्वत हथेली में अनुपस्थित होने पर व्यक्ति निर्मोही हो जाता है। वह उदासीन व सन्यासी बन जाता है। हाथ में शुक्र पर्वत अच्छा होने पर चेहरा लावण्यमय व प्रभावशाली होता है।

शनि पर्वत (Saturn Mount)—यह मध्यमा अंगुली के नीचे होता है। एकान्त-प्रियता, परिश्रम-शीलता व किसी वस्तु का गंभीरता पूर्वक अध्ययन इसके स्वाभाविक गुण है। यदि शनि पर्वत अत्यधिक उन्नत हो तो उस जातक पर शनि का प्रभाव अधिक रहता है। अत: वह मनुष्य चिन्तायुक्त व दु:खी रहता है तथा अविश्वासी होता है। अगर शनि का क्षेत्र साधारण उन्नत हो तो वह जातक विचारशील होता है। अगर शनि का पर्वत बिगड़ा हुआ हो तो उस मनुष्य का स्वास्थ्य खराब रहता है व विशेष रूप से वह पित-वात रोग का रोगी होता है। शनि का पर्वत उठावदार व शुभ हो तो उस व्यक्ति का जीवन सुखी होता है। आवश्यकता से अधिक उठा हुआ हो तो वह एकान्त-प्रिय और वैराग्य की भावना रखने वाला होता है। शनि का पर्वत गहरा होने पर मनुष्य का जीवन दु:खी होता है और वह कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत करता है। जिस व्यक्ति के शनि पर्वत पर त्रिकोण का चिन्ह हो, वह यौगिक क्रियाओं और गुप्त विद्याओं को जानने वाला होता है। शनि पर्वत पर वृत या बिन्दु के चिन्ह दु:ख व दरिद्रता के चिन्ह होते हैं। शनि पर्वत प्रधान व्यक्ति एकान्त-प्रिय होने के कारण भीड़ से बचना चाहते हैं। शनि क्षेत्र प्रधान व्यक्ति प्राय: इन्जीनियर, जादूगर, साहित्यकार व वैज्ञानिक होते हैं। नृत्य, गान, संगीत इत्यादि में इनकी रुचि नहीं होती है। ये संदेहशील प्रकृति के व्यक्ति होते हैं। शनि क्षेत्र अत्यधिक विकसित होने पर जातक आत्महत्या तक कर लेता है। वे स्वभाव से उदासीन व चिड़चिड़े होते हैं। जिस व्यक्ति के हाथ में शनि पर्वत वृहस्पति की और झुका हुआ हो तो श्रेष्ठ होता है। उस व्यक्ति में वृहस्पति के गुणों का समावेश हो जाता है। वह व्यक्ति उन्नतशील बन जाता है। सूर्य की ओर झुका हुआ होने पर व्यक्ति निष्क्रय व उदासीन हो जाता है। शनि क्षेत्र पर रेखाएं शुभ होती है परन्तु चिन्ह जैसे वृत्त आदि अशुभ माने गए हैं।

ऊपर संक्षेप में भिन्न ग्रह क्षेत्रों के लक्षण और फल बताये गये हैं। किसी हाथ में एक, किसी में दो, किसी में तीन ग्रह क्षेत्र उच्च रहते हैं। इसलिए अलग-2 फलों का मिलान पर, परिणाम में जो फल आवे, वह कहना चाहिए।

विवाह सम्बन्धी योग–

(1) यदि किसी स्त्री के हाथ में भाग्यरेखा का उदय चन्द्र पर्वत से हुआ हो और वह स्पष्ट रूप से आगे बढ़ती हुई शनि के पर्वत पर चलीगई हो तो ऐसी स्त्री विवाह के बाद अपने पति के अधीन रहती है।

(2) यदि स्त्री के दाएँ हाथ में भी ऐसी ही रेखा हो तो उसको उन्नति तथा भाग्योदय में सहायता प्राप्त होती है।

(3) यदि स्त्री के हाथ में भाग्य रेखा चन्द्र पर्वत से उदित होकर गुरु-पर्वत पर गई हो वह धनी पुरूष की पत्नी होती है। उसे सुख, यश एवं विदेश-गमन आदि के लाभ प्राप्त होते हैं।

(4) यदि विवाह रेखा में से एक शाखा हृदय-रेखा की ओर लटकी हुई हो परन्तु हृदय-रेखा से मिली न हो तो ऐसी स्त्री का पति शराबी होता है।

(5) यदि हृदय रेखा गुरु क्षेत्र से उदय हो तथा चन्द्र से निकलती हुई भाग्य रेखा आकर हृदय-रेखा में विलीन हो गई तो ऐसी स्त्री को अत्याधिक प्रेम करने वाला पति प्राप्त होता है।

(6) यदि हृदय-रेखा शृंखलाकार होकर बीच में शनि-क्षेत्र की ओर झुकी हुई हो तो ऐसी रेखा वाली स्त्रियों को पुरुषों की परवाह नहीं रहती।

(7) यदि भाग्य-रेखा, चन्द्र क्षेत्र से प्रारम्भ होकर सुन्दर गहरे रूप में बृहस्पति के क्षेत्र तक चली जाये तो उस स्त्री का अपने पति अथवा किसी अन्य पुरुष की सहायता से भाग्योदय होता है।

(8) यदि किसी विवाह-रेखा स्पष्ट तथा सुन्दर हो, साथ ही चन्द्र क्षेत्र से आई हुई कोई प्रभाव रेखा भाग्य रेखा में आकर मिल जाये तो ऐसी स्त्री का विवाह किसी धनी कुल में होता है। उसे अपने सम्बन्धियों के अतिरिक्त अन्य व्यक्ति के सहयोग से भाग्योदय होता है।

(9) यदि विवाह-रेखा में से पतली-पतली शाखायें निकल-कर हृदय रेखा की ओर गई हो तो ऐसी स्त्री के पति का स्वास्थ्य खराब रहने के कारण दाम्पत्य सुख में बाधा होती है।

अधिक जानकारी के लिए हमारे कार्यालय से 'हस्तरेखा विज्ञान' मंगवाएँ मूल्य 120/- सौ रुपये अग्रिम
पता–जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर चौक, जालन्धर।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रियता, परिश्रम-शीलता व किसी वस्तु की गंभीरता पूर्वक अध्ययन इसके स्वाभाविक गुण है। यदि शनि पर्वत अत्यधिक उन्नत हो तो उस जातक पर शनि का प्रभाव अधिक रहता है। अतः वह मनुष्य चिन्तायुक्त व दुःखी रहता है तथा अविश्वासी होता है। अगर शनि का

पति का स्वास्थ्य खराब रहने के कारण दाम्पत्य सुख में बाधा होती है।

अधिक जानकारी के लिए हमारे कार्यालय से 'हस्तरेखा विज्ञान' मंगवाएँ मूल्य 120/- सौ रुपये अग्रिम (एडवांस) भेजें।

पता—जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर।

अरिष्ट ग्रहों के दान, पूजा एवं उपाय

अनिष्ट ग्रहों की शान्ति के लिए ज्योतिष शास्त्र में अनेक प्रकार के उपाय बतलायें गए हैं—जैसे मंत्रजाप-हवन, दान, ग्रह औषधि स्नान, तीर्थ-स्नान, व्रत रखना, नग एवं यंत्र धारण करना इत्यादि। पाठकों के लाभार्थ, आगे कुछ उपायों का संक्षिप्त विवरण लिखा जाता है। **ध्यान रहे,** सूर्य चन्द्रादि ग्रहों की उपासना के माध्यम से हम सर्वपिता परमात्मा की ही उपासना करते हैं। क्योंकि विश्व के सभी सौरपिण्डों के द्वारा ईश्वर की असीम शक्ति की ही सतत अभिव्यक्ति हो रही है।

पूर्वा जन्मों में कृत शुभाशुभ कर्मों के अनुसार एवं ग्रहों के द्वारा अनुप्रेरित होकर मनुष्य ऐहिक जीवन में सुख-दुख, लाभ-हानि, इष्ट-अनिष्टादि फल प्राप्त करता है। जन्मपत्री एवं वर्ष कुण्डली में पड़े क्रूर ग्रह मनुष्य को प्रतिकूल एवं कठिन समस्याएं उत्पन्न करवाते हैं, जबकि शुभ एवं योगकारक ग्रह अनुकूल व सौभाग्यवर्द्धक परिस्थितियां बनाने में सहायक होते हैं।

यदि अशुभ ग्रहों के प्रभावस्वरूप बार-बार प्रयत्न करने पर भी जीवन में विघ्नों एवं विफलताओं का सामना पड़े और भाग्य साथ न देता हो, तो अशुभ ग्रहों की अनुकूलता हेतु ज्योतिष आचार्यों द्वारा प्रतिपादित अनिष्ट ग्रहों के उपायों को अपनाकर जीवन को स्वास्थ्य, खुशहाल एवं सुखी बनाने का प्रयास करना चाहिए।

◆सूर्य शान्ति के लिए उपाय◆

यदि किसी जातक की जन्म अथवा वर्ष कुंडली में सूर्य अशुभ कारक हो तो उसको निम्नलिखित मन्त्र की (अपनी सामर्थ्यानुसार) कम-से-कम 7000 की संख्या में जप करना चाहिए। जप का आरम्भ शुक्लपक्षीय रविवार या शुभ मुहूर्त्त के दिन प्रातः सूर्योदय से करना चाहिए। पाठ करते समय समीप ताम्र बर्तन में शुद्ध जल, ताण्डुल, लाल चन्दन, लाल पुष्प, गंगाजल, थोड़ा गुड़ डालकर पात्र को लाल वस्त्र, आम के पत्तों एवं नारियल द्वारा ढक लेना चाहिए। साथ ही दान योग्य वस्तुओं को संकल्पपूर्वक पहले से पास में रख लेनी चाहिएं।

बीज मंत्र—ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः (जप संख्या 7000)

सूर्य दान हेतु वस्तुएँ—गेहूँ, लाल चन्दन, गुड़, लाल पुष्प, लाल वस्त्र, घी, लाल वर्ण की गाय, सुवर्ण, माणिक्य, ताम्र बर्तन, नारियल आदि लाल फल, मिष्ठान, दक्षिणा आदि।

उपाय—(1) तांबे की अँगूठी में माणिक्य अथवा विधिवत् तैयार किया हुआ सूर्य-यन्त्र (ताम्र पत्र पर) धारण करें।

(2) खाना खाते समय सोने अथवा तांबे के चम्मच का प्रयोग करना तथा 11 रविवार तक सूर्य स्नान करना। जब जन्म या वर्ष कुण्डली में सूर्य अशुभ हो तो।

(3) 108 रविवार तक ताम्र बर्तन में शुद्ध जल, लाल चन्दन मिलाकर सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य स्तोत्र का पाठ करना शुभ है।

(4) 40 या 43 दिन तक चलते पानी में गुड़ या तांबे के सिक्के बहाना शुभ होगा।

(5) सर्वप्रथम प्रातःकाल उठकर स्नान उपरान्त ताम्र कलश (गड़वी) में जल, दूध, पुष्प, गंध, लाल-चंदन आदि लेकर पूर्व दिशा में मुख करके गायत्री मंत्र तथा सूर्यार्घ्य मंत्र के उच्चारण से सूर्य को अर्घ्य प्रदान करना चाहिए।

(6) रविवार को नमक से परहेज़ रखें। लवणरहित सादा भोजन करें। ग्यारह रविवार पर्यन्त केवल दही और चावल का सेवन करना चाहिए।

◆चन्द्रमा शान्ति के लिए उपाय◆

जब जन्म या वर्ष कुण्डली में चन्द्र ग्रह अशुभ कारक हो तो निम्नलिखित मन्त्र की 11 हज़ार की संख्या में जप करना और तदुपरान्त दशमांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी होगा। जप का आरम्भ पूर्णिमा या शुक्ल पक्ष के सोमवार से किसी शुभ मुहूर्त्त में करना चाहिए।

तन्त्रोक्त चन्द्र मंत्र—ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः (जप संख्या 11,000)

दान योग्य वस्तुएँ—चावल, सफेद चन्दन, शंख, कपूर, घी, दही, चीनी या मिश्री, क्षीर, मोती, श्वेत वस्त्र, श्वेत पुष्प, श्वेत फल, चांदी, मिठाई और दक्षिणा। **उपाय=**

(1) चांदी के बर्तनों का प्रयोग करना एवं चारपाई के पायों में चांदी के कील ठुकवाना।

(2) सफेद मोतियों की माला अथवा चांदी की अँगूठी में मोती धारण करना।

यदि कुण्डली में चन्द्र अशुभ हो तो चन्द्रमा के अशुभत्व के निवारण हेतु उपाय—

(3) शीशे के गिलास में दूध, पानी आदि पीने से परहेज़ रखना तथा चाँदी के बर्तनों में दूध, पानी पीना शुभ होगा।

(4) पानी में कच्चा दूध मिलाकर चन्द्रमा का बीज मन्त्र पढ़ते हुए पीपल को डालना।

(5) लगातार 16 सोमवार व्रत रखकर सायंकाल सफेद वस्तुओं का दान करना चाहिए तथा पाँच छोटी कन्याओं को क्षीर सहित भोजन कराना चाहिए।

(6) सोमवार को ही प्रातःकाल स्नानादि करके ताम्र बर्तन में कच्ची लस्सी (जल तथा थोड़ा सा दूध) भगवान् की मूर्त्ति या शिवलिंग पर चढ़ाना चाहिए।

◆मंगल शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में मंगल अशुभकारक एवं बाधाकारक हो, तो निम्न मन्त्र की कम-से-कम 10 हज़ार संख्या में शुक्ल पक्ष के मंगलवार से प्रारम्भ करें।

तन्त्रोक्त मंगल मन्त्र—ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः (जप संख्या 10,000)

दान योग्य वस्तुएँ—गेहूँ, मसूर, लाल बैल, घी, गुड़, सुवर्ण, मसूर, मूंगा, ताम्र बर्तन, कनेर पुष्प, लाल चन्दन, लाल वस्त्र, केशर, लाल फल, नारियल, मीठी चापाती, गुड़ से निर्मित रेवड़ियां, दक्षिणा आदि। मंगल का दान युवा ब्राह्मण को करना शुभ है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

उपाय—जब कुण्डली में मंगल शुभ एवं योगकारक होता हुआ भी फल न करता हो तो निम्नलिखित उपाय शुभ होंगे—

(1) तांबे की अँगूठी में मूँगा धारण करना अथवा तांबे का कड़ा पहनना।

(2) मंगलवार को घर में गुलाब का पौधा लगाना तथा 108 दिन तक रात को तांबे के बर्तन में पानी सिरहाने रखकर घर में लगाए हुए गुलाब के पौधे को वहीं पानी डालना।

(3) मंगलवार का व्रत रखकर 27 मंगल किसी अपाहज को मीठा विशेषकर गुड़ से निर्मित भोजन खिलाना।

(4) नारियल को तिलक करके तथा लाल कपड़े में लपेटकर लगातार 3 मंगलवार चलते पानी में बहाएँ।

(5) लाल रंग की गाय या लाल वर्ण के कुत्ते को भोजन खिलाना शुभ होगा।

(6) मंगलवार का व्रत रखना चाहिए। विशषकर उन कन्याओं को जिनकी कुण्डली में मंगल मंगलीक योग बनकर विवाह में बाधा, विलम्ब उत्पन्न कर रहा हो—उन्हें मंगलागौरी का व्रत लगातार 7 मंगलवार रखना चाहिए।

◆बुध शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में बुध ग्रह अशुभफली हो तो भगवान् विष्णु का ध्यान करके शुक्ल पक्ष के बुधवार अथवा किसी शुभ मुहूर्त्त में आरम्भ करके 9000 की संख्या में बीज मंत्र का जप करना चाहिए।

तन्त्रोक्त बुध मन्त्र—ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः (जप संख्या 9000)

दान योग्य वस्तुएँ—मूंगी, 5 हरे फल, चीनी, हरे पुष्प, हरी इलायची, कांस्य-पत्र, पन्ना, सोना, हाथी का दांत, षड्रसों से युक्त भोजन हरी सब्ज़ी, हरा कपड़ा, दक्षिणा सहित दान करें।

उपाय—कुंडली में बुध शुभ होता हुआ भी फलकारक न हो तो निम्न उपाय शुभ होंगे—

(1) हरे रंग का पन्ना बुधवार को सोने की अँगूठी में धारण करना। हरे रंग के वस्त्रों को पहनना तथा हरे रंग के पर्दे लगाना शुभ होगा। हरे रंग की गाड़ी, स्कूटर या साईकिल आदि का प्रयोग करें। परन्तु यदि बुध अशुभ हो, तो हरे वस्त्र कदापि न पहनें।

(2) बुधवार को चाँदी या कांस्य के गोल टुकड़े को हरे रंग के कपड़े में लपेट कर जेब में रखें या भुजाओं के साथ बांधें।

यदि बुध अशुभ हो तो—(3) मूंगी साबत के सात दाने, हरा पत्थर, कांसे का गोल टुकड़ा, हरे वस्त्र में लपेट कर बुधवार को चलते पानी में बहाना शुभ होगा। पानी में बहाते समय कम-से-कम 7 बार बुध का बीज मन्त्र पढ़ें।

(4) हरे रंग के वस्त्र (परिधान) किसी हिजड़े को बुधवार के दिन शुभ होगा।

(5) बुधवार के दिन 6 इलायची हरे रूमाल में लपेटकर अपने पास रखें तथा इसके पश्चात् एक इलायची व तुलसीपत्र का सेवन करना।

◆गुरु शान्ति के लिए उपाय◆

जब किसी व्यक्ति की जन्म या वर्ष कुंडली में गुरु शुभ फल प्रकट न कर रहा हो तो उसे शुक्ल पक्ष के बृहस्पतिवार को, शुभ मुहूर्त्त में निम्नलिखित मन्त्र का 19,000 की संख्या में पाठ करना तथा तदोपरान्त दशांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी होगा।

तन्त्रोक्त गुरु मन्त्र—ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः (जप संख्या 19,000)

गुरु दान की वस्तुएं—पीले चावल, पुखराज, चने की दाल, हल्दी, शहद, पीला कपड़ा, पीले पुष्प व पीले फल (जैसे—आम, केले आदि), कांस्यपात्र, घोड़ा, लवण, शक्कर, घी, धर्मग्रन्थ, सुवर्ण, पीली मिठाई, दक्षिणा आदि।

उपाय—जन्म कुंडली में बृहस्पति शुभ व योगकारक होता हुआ भी शुभ फल प्रकट न कर रहा हो तो निम्नलिखित उपाय करें—

(1) सोने या चांदी की अँगूठी में तर्जनी अंगुली में तथा शुभ मुहूर्त्त में पुखराज धारण करें।

(2) 27 गुरुवार केसर का तिलक लगाना तथा केसर की पुड़िया पीले रंग के कपड़े या कागज़ में अपने पास रखना शुभ होगा।

गुरु के अशुभ प्रभाव के निवारण हेतु निम्नलिखित उपाय करें—

(3) चलते पानी में बादाम एवं नारियल पीले कपड़े में लपेटकर बहाना शुभ होगा।

(4) पीपल के वृक्ष को गुरुवार एवं शनिवार को गुरु का बीज मन्त्र एवं गुरु गायत्री मन्त्र पढ़ते हुए जल दें।

(5) वृद्ध ब्राह्मण को यथाशक्ति पीली वस्तुएँ, जैसे—चने की दाल, लड्डू, पीले वस्त्रों, शहदादि का दान करना चाहिए।

◆शुक्र शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में शुक्र अशुभकारक हो तो शुभ मुहूर्त्त में निम्न मन्त्र का 16,000 की संख्या में जाप करना तथा तदुपरान्त दशांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी होगा।

तन्त्रोक्त शुक्र मन्त्र—ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः (जप संख्या 16,000)

शुक्रदान की वस्तुएँ—चाँदी, चावल, सुवर्ण, दूध, दही अथवा दुग्ध निर्मित वस्तुएँ, मिश्री, श्वेत चन्दन, श्वेत घोड़ा, श्वेत वस्त्र, श्वेत पुष्प, श्वेत फल एवं सुगन्धित पदार्थ, दक्षिणा आदि।

उपाय—कुंडली में यदि शुक्र शुभ एवं योगकारक होता हुआ भी फलीभूत न हो रहा हो तो निम्न उपाय कल्याणकारी रहेंगे—

(1) चाँदी की कटोरी में सफेद चन्दन, मुश्कपूर, सफेद पत्थर का टुकड़ा रखकर सोने वाले कमरे में रखे चन्दन की अगरबत्ती जलाना शुभ होगा।

(2) घर में तुलसी का पौधा लगाना, सफेद गाय रखना, सफेद पुष्प लगवाना शुभ होगा तथा क्रीम रंग के रेशमी कपड़े में चाँदी के चौरस टुकड़े पर शुक्र यन्त्र खुदवाकर विधिपूर्वक अपने पास रखें।

शुक्र अशुभ प्रभावी होने की स्थिति में नीचे लिखे उपाय कल्याणकारी होंगे—

(3) शुक्रवार को श्री दुर्गा पूजन, 5 कन्या पूजन उन्हें खीरादि श्वेत वस्तुएँ देना तथा गौशाला में शुक्रवार से शुरु करके सात दिन तक गाय को हरा चारा, शक्कर एवं चरी डालना।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

◆गुरु शान्ति के लिए उपाय◆

जब किसी व्यक्ति की जन्म या वर्ष कुंडली में गुरु शुभ फल प्रकट न कर रहा हो तो उसे

(3) शुक्रवार को श्री दुर्गा पूजन, 5 कन्या पूजन उन्हें खीरादि श्वेत वस्तुएं देना तथा गौशाला में शुक्रवार से शुरु करके सात दिन तक गाय को हरा चारा, शक्कर एवं चरी डालना।

(4) सफेद रंग के पत्थर पर चन्दन का तिलक लगाकर चलते पानी में बहा देना या चांदी के टुकड़े पर शुक्र यन्त्र खुदवा कर रेशमी क्रीम रंग के वस्त्र में लपेट कर शुक्रवार को नीम के वृक्ष के नीचे दबाना।

(5) शुक्रवार का विधिवत् व्रत रखना चाहिए तथा पाँच शुक्रवार पाँच कन्याओं का पूजन कर उन्हें मिश्री सहित श्वेत वस्तुओं की भेंट देनी चाहिए।

◆शनि शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुण्डली में शनि अशुभ फल प्रदायक हो तो किसी शुभ मूहूर्त्त में आरम्भ करके निम्न मन्त्र का श्रद्धापूर्वक भगवान् शंकर का एवं शनि के रूप का ध्यान करते हुए 23 हज़ार संख्या पूर्ण करने के पश्चात् उसी मन्त्र सहित दशांश की संख्या में हवन करने से शुभ प्रभाव पड़ता है।

तन्त्रोक्त शनि मन्त्र—ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः (जप संख्या 23,000)

शनि के दान योग्य वस्तुएँ—नीलम, लोहा, तिल, उड़द (माश), सरसों का तेल, काला वस्त्र, काली गाय, कुल्थी, लौह निर्मित पात्र, जूता, भैंस, कस्तूरी, सुवर्ण, नारियल, काले अथवा नीले पुष्प, फल दक्षिणा इत्यादि।

उपाय—शनि शुभ होता हुआ भी शुभफल प्रकट न कर रहा हो तो निम्न उपाय शुभ होंगे—

(1) सोने की अँगूठी में नीलम धारण करें। उसके अभाव में नाव के कील की अँगूठी अथवा काले घोड़े के नाल (खुरों) की अँगूठी बनवाकर मध्यमा अंगूली में धारण करें।

(2) घर में नीले रंग के पर्दे तथा नीले रंग की चादरों का प्रयोग करना और स्वयं भी बहुधा नीले रंग के वस्त्रों का प्रयोग करना शुभ होगा। जब कुण्डली में शनि नीच या अरिष्टकर फल प्रकट कर रहा हो तो निम्न उपाय करें—

(3) शनिवार का व्रत और शनि स्तोत्र का पाठ करें।

(4) स्टील या लोहे की कटोरी में तेल का छाया-पात्र करके तेल पाँच शनिवार तक आक के पौधे पर अथवा **'शनि मन्दिर'** में डालना शुभ होगा। 5वें शनिवार को तेल चढ़ाने के बाद तेल वाली कटोरी को वही दबा देना या वही चढ़ा देना शुभ होगा। तेल चढ़ाते समय शनि का बीज मन्त्र पढ़ें।

◆राहु शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में राहु अशुभ फलदायक हो तो निम्नलिखित मन्त्र का 18,000 की संख्या में जाप करके दशमांश का हवन करें—

मन्त्र—ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः (जप संख्या 18,000)

राहु दान योग्य वस्तुएँ—सप्तधान्य, गोमेद, सीसा, काला घोड़ा, तिल, तैल, सोने या चाँदी का सर्प, उड़द, खड्ग (तलवार), कवच, नीला वस्त्र, काले रंग के पुष्प, नारियल, दक्षिणा आदि।

उपाय—अशुभ राहु या राहु की महादशा या अन्तर्दशा में निम्नलिखित उपाय करें—

(1) काले व नीले वस्त्र पहनने से परहेज़ करें तथा चाँदी की चेनी व लॉकेट पहनना शुभ होगा।

(2) चापाती को खीर लगाकर कौओं को एवं काले रंग की गाय को खिलाएँ।

(3) काले तिल, कच्चा कोयला, नीले रंग के ऊनी कपड़े में बाँधकर शनिवार अथवा राहु के नक्षत्रों में घर के आंगन में दबाना शुभ होगा। अथवा नीले वस्त्र के बांधे रूमाल को राहु मन्त्र पढ़ते जल में प्रवाह कर देवें।

◆केतु शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुण्डली में केतु अशभु फलकारी हो तो किसी शुभ मुहूर्त्त में नीचे लिखे मन्त्र की 17 हज़ार की संख्या में जाप करें तथा दशमांश का हवन करें।

मन्त्र—ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः (जप संख्या 17,000)

केतु की दान योग्य वस्तुएँ—लहसुनिया, लोहा, बकरा, नारियल, तिल, सप्तधान्य, धूम्र (धुएँ जैसा) वर्ण का वस्त्र, कस्तूरी, लौह चाकू, कपिला गाय, दक्षिणा सहित।

उपाय—(1) केतु की शान्ति के लिए श्री गणेश चतुर्थी का व्रत रखें तथा श्रीगणेश पूजन तथा लड्डुओं का भोग लगाना शुभ होगा।

(2) काले वस्त्र में बाँधकर काले व सफेद तिल चलते पानी में बहाना।

(3) रंग-बिरंगी (चितकबरी) गाय की सेवा करना एवं रंग-बिरंगे कुत्ते को दूध व चापाती (Bread) डालना।

——देवकार्य (देवपूजा कैसे करें)——

1. शालग्राम, तुलसी और शंख—इन तीनों को एक साथ रखने से भगवान् बहुत प्रसन्न होते हैं। शालग्राम तथा शंख पर रखी हुई तुलसी को अलग करना पाप है। शालग्राम से तुलसी अलग करने वाले को जन्मान्तर में स्त्री-वियोग की प्राप्ति होती है और शंख से तुलसी अलग करने वाला भार्याहीन तथा सात जन्मों तक रोगी होता है।

2. शालग्राम को बेचने वाला और खरीदने वाला—दोनों ही नरक में जाते हैं।

3. शिवलिंग पर चढ़े हुए फल, फूल, नैवेद्य, पत्र एवं जल ग्रहण करना निषिद्ध है। यदि शालग्राम से उनका स्पर्श हो जाय तो वे ग्रहण करने योग्य हो जाते हैं।

4. घर में अँगूठे के पर्व से लेकर एक बित्ता परिमाण की ही प्रतिमा होनी चाहिए। इससे बड़ी प्रतिमा घर में शुभ नहीं है।

5. घर में प्रतिदिन पूजा के लिये वही प्रतिमा कल्याणदायिनी होती है, जो स्वर्ण आदि धातुओं की बनी हो तथा कम-से-कम अँगूठे के बराबर तथा अधिक-से-अधिक एक बित्तेकी हो। जो टेढ़ी हो, जली हुई हो, खण्डित हो, जिसका मस्तक या आँख फूटी हुई हो अथवा जिसे चाण्डाल आदि अस्पृश्य मनुष्यों ने छू दिया हो, वैसी प्रतिमा की पूजा नहीं करनी चाहिये।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अनिष्ट ग्रहों की दशाऽन्तर्दशा में उपाय विचार

ज्योतिष शास्त्र का क्षेत्र बड़ा व्यापक एवं महत्त्वपूर्ण है और उसकी शाखाएँ भी अनन्त है तथा उपासनासे उसका बड़ा गहन सम्बन्ध है। मनुष्य अपने पूर्वकृत दुष्कर्मों के कारण ही कष्ट भोगता है। उसकी निवृत्तिके लिये उपासना आदि सत्कर्म ही उपाय हैं, इसलिये बुद्धिमान् मनुष्य को दुष्कर्मों से दूर रहते हुए प्रत्येक क्षण देवोपासनामें ही निरत रहना चाहिये। ज्योतिष शास्त्र को कालविधायक शास्त्र या काल (समय) ज्ञान-निर्णायक शास्त्र भी कहा जाता है। यद्यपि काल-ज्ञान के अन्य भी उपाय हैं, किन्तु प्रत्यक्ष शास्त्र होने से ज्योतिष अन्यतम शास्त्र है। ज्योतिष में भी स्वप्न, शकुन, प्रश्न, दशा-महादशा आदि के माध्यम से समय का परिज्ञान किया जाता है। सूर्य-चन्द्रादि ग्रहों तथा नक्षत्रादि की सम्यक् गणना एवं योग से भूत-भविष्य तथा वर्तमान—तीनों समयों की बातों की जानकारी होती है। ज्योतिष शास्त्र में जातक की जन्मकुण्डली के अनुसार मिलने वाले सुख-दुःखों की फलप्राप्ति में काल-निर्णय का बड़ा महत्त्व है, जिन्हें ग्रहों की दशा, अन्तर्दशाओं तथा गोचर आदि के माध्यम से जाना जाता है।

'बृहत्पाराशरहोराशास्त्र' नामक ग्रन्थ में प्रायः चालीस प्रकार की दशाओं की चर्चा है, किन्तु व्यवहार में विंशोत्तरी, अष्टोत्तरी तथा योगिनी दशा का विशेष चलन है। यहां केवल इतना ज्ञात करना है कि कौन-सी दशा-अन्तर्दशा में अनिष्टकारक योग होने पर भगवान् शिव की उपासना करनी चाहिये। उदाहरण हेतु कुछ अंश यहाँ दिये जाते हैं—

(१) **सूर्य की महादशा** में सूर्य की अनिष्टकारक अन्तर्दशा हो तो उस दोष की निवृत्ति के लिये मृत्युंजय मन्त्र का जप करना चाहिये। इससे समस्त दोषों की निवृत्ति हो जाती है और भगवान् शिव एवं ग्रहराज सूर्य देव का अनुग्रह प्राप्त होता है—

तद्दोषपरिहारार्थं मृत्युंजयजपं चरेत्॥ सूर्यप्रीतिकरीं शान्तिं कुर्यादारोग्यमादिशेत्।

—इसी प्रकार सूर्य की महादशा में शनि एवं केतु की अन्तर्दशा होने पर **मृत्युंजय मन्त्र का अनुष्ठान करने से अपमृत्यु का निवारण होता है—'मृत्युंजयजपं चरेत्।'**

(२) **चन्द्रमा की महादशा** में गुरु की अन्तर्दशा होने पर यदि अनिष्टकारक योग हो तो अपमृत्यु होती है, इसलिये इस दोष की निवृत्ति के लिये 'शिवसहस्रनाम' का जप करना चाहिए—**'तद्दोषपरिहारार्थं शिवसाहस्रकं जपेत्।'** शनि की अन्तर्दशा होने पर शरीर में कष्ट होता है, अतः मृत्युंजय मन्त्र का जप करना चाहिये। **चन्द्रमा में केतु** की अन्तर्दशा में भय होता है तथा शरीर में रोग उत्पन्न होते हैं, इसलिये मृत्युंजय मन्त्र का जप करना चाहिये—**'मृत्युंजयं प्रकुर्वीत सर्वसम्पत्प्रदायकम्।'** इसी प्रकार **चन्द्र में शुक्र** की अन्तर्दशा में तथा **सूर्य की अन्तर्दशा** में क्रमशः रुद्र-जप तथा शिवपूजन करना चाहिए—**'तद्दोष-विनिवृत्त्यर्थं रुद्रजापं च कारयेत्, तद्दोषपरिहारार्थं शिवपूजां च कारयेत्।'**

(३) **मंगल की महादशा या अन्तर्दशा में** रुद्र-जप तथा वृषभदान करना चाहिये। राहु की अन्तर्दशा होने पर नाग का दान, ब्राह्मण-भोजन तथा मृत्युंजय मन्त्र के जप कराने से आयु एवं आरोग्य की प्राप्ति होती है।

मंगल में बृहस्पति की **खराब अन्तर्दशा** होने पर शिवसहस्रनामावलीका जप करना चाहिये—**'तद्दोष-परिहारार्थं शिवसाहस्रकं जपेत्।'** इसी प्रकार शनि की दोषयुक्त अन्तर्दशा में मृत्युंजय मन्त्र के जप का विधान है।

(४) **राहु की महादशा** में बृहस्पति की अन्तर्दशा दोषकारक होने पर अपमृत्यु की सम्भावना रहती है, इसलिये स्वर्णप्रतिमा का दान तथा शिवपूजन करना चाहिये—**'स्वर्णस्य प्रतिमादानं शिवपूजां च कारयेत्।'**

(५) बृहस्पति की महादशा में **अनिष्टकारक बृहस्पति** के योग होने पर शिवसहस्रनामका जप, रुद्र-जप तथा गोदान करने से सुख-शान्ति की प्राप्ति होती है—**'तद्दोषपरिहारार्थं शिवसाहस्रकं जपेत्। रुद्रजाप्यं च गोदानं कुर्यादिष्टं समाप्नुयात्॥'** इसी प्रकार राहु की अन्तर्दशा होने पर मृत्युंजयमन्त्र के जपका विधान है।

(६) **शनि की महादशा** में शनि तथा राहु की खराब अन्तर्दशा होने पर मृत्युंजय-मन्त्र का जप कराना चाहिये। इसी प्रकार बृहस्पति की अनिष्टकारक अन्तर्दशा होने पर शिवसहस्रनाम का जप तथा स्वर्ण दान करना चाहिये। इससे आरोग्य प्राप्त होता है और सभी बाधाएँ दूर हो जाती हैं—

तद्दोषपरिहारार्थं शिवसाहस्रकं जपेत्। स्वर्णदानं प्रकुर्वीत ह्यारोग्यं भवति ध्रुवम्॥

(७) **बुध की महादशा** में मंगल, बृहस्पति एवं शनि की अन्तर्दशा यदि ठीक न हो तो वृषभ-दान और मृत्युंजय-मन्त्र तथा शिवसहस्रनाम के जप करने से अपमृत्यु का निवारण होता है तथा सर्वसौख्य प्राप्त होता है—

अनड्वाहं प्रकुर्वीत मृत्युंजयजपं चरेत्। तद्दोषपरिहारार्थं शिवसाहस्रकं जपेत्॥

(८) **केतु की महादशा** सात वर्ष तक रहती है। इस सात वर्ष में निश्चित क्रम से सभी ग्रह अपना समय अन्तर्भुक्त करते है। केतु में केतु तथा बृहस्पति ग्रह की दोषकर अन्तर्दशा रहने पर स्वास्थ्य-हानि तथा आत्म बन्धु से वियोग और अपमृत्यु होती है, ऐसी स्थिति में मृत्युंजय-जप तथा शिवसहस्रनाम का पाठ करने से सभी दुर्योग दूर हो जाते हैं।

(९) **शुक्र ग्रह की महादशा** में दोषयुक्त राहु, बृहस्पति तथा केतु की अन्तर्दशा में मृत्युंजय मन्त्र के जप करने से अपमृत्यु दूर होती है और सौख्य प्राप्त होता है तथा भगवान् शंकर की प्रसन्नता प्राप्त होती है— **तद्दोषपरिहारार्थ मृत्युंजयजपं चरेत्।**

उपर्युक्त संक्षिप्त विवरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि अनिष्टकारक दुर्योगों में भगवान् शंकर की **सहस्रनामावली के पाठ**, श्रीमहामृत्युंजप मन्त्र के जप, रुद्राष्टाध्यायीका पाठ, शिवलिङ्गार्चन, अभिषेक, स्तोत्र-पाठ अथवा अन्य जिस-किसी भी साधन से आशुतोष की प्रसन्नता प्राप्त कर लेने पर ग्रहजन्य सभी बाधाएँ शान्त हो जाती है, अकालमृत्यु नहीं होती। और सभी दिव्य सुख भोग प्राप्त हो जाते हैं। **मारकेश-ग्रहों की दशा-अन्तर्दशा** में तो प्रायः **महामृत्युंजय मन्त्र के जप का** विधान निर्दिष्ट हैं, महर्षि मार्कण्डेयजीने भी अत्यल्प आयु का योग जानकर भगवान् शिव की शरण ग्रहण की थी और उनकी **'चन्द्रशेखरमाश्रये मम किं करिष्यति वै यमः'** की अटूट निष्ठा थी। उपायों सम्बन्धी और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारी आगामी पुस्तक ''अनिष्ट ग्रहों के सुनहरी उपाय व टोटके पढ़ें॥''

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

एवं आरोग्य की प्राप्ति होती है।

मंगल में बृहस्पति की **खराब अन्तर्दशा** होने पर शिवसहस्रनामावलीका जप करना चाहिये—

। उपायों सम्बन्धी और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारी आगामी पुस्तक ''अनिष्ट ग्रहों के सुनहरी उपाय व टोटके पढ़ें॥''

सूर्यादि ग्रहों के अनिष्टफल की शान्ति हेतु दान एवं जपादि मन्त्र

													जप संख्या	जपकाल	जपनीय बीजमन्त्राः	हवन समिधा
सूर्य	कनक	माणिक्य	तांबा	सोना	लाल गाय	गुड़	घी	कमलादि	रक्तवस्त्र	लालचंदन	मूंगा	केशर	७०००	सूर्योदय	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	आक् काष्ठ
चन्द्र	चावल	मोती	चांदी	सोना	श्वेत बैल	मिश्री	दही	श्वेत पुष्प	श्वेतवस्त्र	श्वेतचंदन	शंख	कपूर	११०००	संध्याकाले	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः	पलाश
मंगल	मसूर	मूंगा	तांबा	सोना	लाल बैल	गुड़	घी	लाल कनेर	लालवस्त्र	लाल चंदन	केशर	कस्तूरी	१००००	सू.उ. २।१५	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	खैर
बुध	मूंग	पन्ना	कांस्य	सोना	शस्त्र	शक्कर	घी	सर्व रंग पु.	हरावस्त्र	अनेक फल	हाथीदांत	कपूर	९०००	सू.उ. ५ घड़ी	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	अपामार्ग
गुरू	पीतधान्य	पुखराज	कांस्यपात्र	सोना	अश्व	लवण श	घी	पीले पुष्प	पीतवस्त्र	पीला फल	धर्मग्रंथ	लवणशहद	१९०००	संध्याकाले	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	पीपल
शुक्र	चावल	हीरा	चांदी	सोना	श्वेत घोड़ा	मिसरी	दूध	श्वेत पुष्प	सफेदवस्त्र	सफेद चंदन	दही	सुगन्धित द्रव्य	१६०००	सू. उ. काल	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	गूलर
शनि	उड़द	नीलम	लोहा	सोना	काली गाय	कुलथी	तैल	काले पुष्प	कालावस्त्र	काले जूते	भैंस	कस्तूरी	२३०००	संध्याकाल	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	शमी
राहु	सप्तधान्य	गोमेद	सीसा	सोना	काला घोड़ा	ताम्र पात्र	तैल	कृष्ण पुष्प	नीलवस्त्र	नारियल	कंबल	खड्ग	१८०००	रात्रि	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	दूर्वा
केतु	सप्तधान्य	लसनिया	लोहा	सोना	बकरा	नारियल	तेल	धूम्र पुष्प	कालावस्त्र	शस्त्र ध्वज	कंबल	कस्तूरी	१७०००	रात्रि	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	कुशा
मुंथा	चावल	मोती	कांस्यपात्र	सोना	श्वेतचंदन	ऋतुपुष्प	घृत	श्वेतपुष्प	श्वेतवस्त्र	हाथीदांत	मुंथेश ग्रह.	ग्रह अनुसार	मुंथेश ग्रह अनुसार	प्रातः	मुन्था स्वामी मन्त्र	

विशेष—ध्यान रहे, प्रत्येक ग्रह के दाने के साथ यथाशक्ति दक्षिणा भी अवश्य देनी चाहिए। **सप्तधान्य**—गेहूँ, उड़द, मूंगी, चने, जौं, कंगनी और धान्य, चावल।

सूर्यादि ग्रहों के अरिष्ट निवारण हेतु औषधि स्नान

सूर्य	चन्द्रमा	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मनःशिला	पंचगव्य	बिल्व छाल	गोबर	चमेलीपुष्प	पिपरामूल	कालेतिल	लोबान	लोबान
इलायची	गोदूध	लाल पुष्प	अक्षत	पुष्प	जायफल	सूरमा	तारपीन	तारपीन
देवदारू	गोबर	हींग	मोती	श्वेत सरसों	केशर	लोबान	मुत्थरां	तिलपत्र
केशर	गजमद	गोदनी	शहद	शहद	मूली बीज	सौंफ	गजदंत	गजदंत
खश	शंख सीप	जटामांसी	सुवर्ण	गुलर	मैनशिला	खश	कस्तूरी	छागमूत्र
रक्तपुष्प	गंगाजल	मौलसिरी	जायफल	दमयंती	इलायची	खिल्ला	तिलपत्र	लाल चंदन
रक्तचंदन	श्वेत चंदन	सिगरफ	पिपरामूल	मुलट्ठी	श्वेतचंदन	शतकुसुम	गंगाजल	गंगाजल
कनेर पुष्प	स्फटिक	मालकंगनी	इत्यादि	नवीनपत्ते	गंगाजल	गाँदमिश्रित	—	—
मि. गंगाजल	गोमूत्र	गंगाजल	गंगाजल	गंगाजल				

होमादि में अग्नि वास जानना

जिस दिन को होम/हवन करना हो, उस दिन की तिथि और वार की संख्या को जोड़कर १ जमा करें फिर कुल जोड़ को ४ द्वारा भाग देवें। यदि शेष शून्य (०) अथवा ३ बचें, तो **अग्नि का वास पृथ्वी** पर होगा। इस दिन होम करना कल्याणकारक होता है। यदि शेष २ बचें तो अग्नि का वास **पाताल में** होता है। इसी दिन होम करने से धन का नुक्सान होता है। यदि ४ का भाग देने से १ शेष बचे तो आकाश में अग्नि का वास होगा, इसमें होम करने से आयु का क्षय होता है। **वार** की गणना **रविवार** से तथा तिथि की गणना **शुक्ल प्रतिपदा** से करनी चाहिए। तदुपरान्त ग्रह के मुख आहुति चक्र का विचार करना चाहिए।

ग्रहों के मुख में आहुति चक्र

सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनने से यदि ३ या ३ से कम की संख्या आए तो होमाहुति सूर्य के मुख में जाने, तीन से आगे की संख्या से ६ तक की संख्या में मिले, तो बुध के मुख में आहुति जानें। इसी प्रकार, निम्न क्रमानुसार सब ग्रहों में होमाहुति जानें।

ग्रह	सूर्य	बुध	शुक्र	शनि	चंद्र	मंग.	गुरु	राहु	केतु
नक्षत्र	३	३	३	३	३	३	३	३	३
फल	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ

नवग्रहों के जपनीय होमार्थ (हवन) मन्त्र

सूर्य मन्त्र—अर्क (आक) समिधा द्वारा ''ॐ आकृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च हिरण्येन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्॥ ॐ सूर्याय स्वाहा। इदं सूर्याय न मम॥१॥

चन्द्रमा मन्त्र—(पलाश या ढाक समिधा के साथ)—''ॐ इमं देवाऽसपत्न Ω सुवध्वम् महते क्षत्राय महते ज्येष्ठयाय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोऽमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां Ω राजा। ॐ सोमाय स्वाहा॥ इदं चन्द्रमसे न मम॥२॥

भौम मन्त्र—(खैर की लकड़ी से) ''ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपा Ω रेता Ω सि जिन्वति स्वाहा। ॐ भौमाय स्वाहा॥ इदं भौमाय इदं न मम॥''

बुध मंत्र—(अपामार्ग की समिधा से) ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहित्वमिष्टापूर्ते स Ω सृजेथामयं च। अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत॥ ॐ बुधाय स्वाहा। इदं बुधाय इदं न मम॥

गुरु मन्त्र—(पीपल) ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ ॐ बृहस्पतये स्वाहा॥ इदं बृहस्पतये, इदं न मम।

शुक्र मन्त्र—(गूलर) ॐ अन्नात् परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिबत् क्षत्रं पयः। सोमं प्रजापतिः ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपान Ω शुक्रमन्धसऽइन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु॥ ॐ शुक्राय स्वाहा॥ इदं शुक्राय, न मम।

शनि मन्त्र—(शमी की समिधा) ॐ शन्नो देवीरभिष्टयआपो भवन्तु पीतये। शंय्योरभिस्रवन्तु नः। ॐ शनैश्चराय स्वाहा। इदं शनैश्चराय, इदं न मम्॥

अष्टाङ्ग हवन की सामग्री—(१) चन्दन का बुरादा (२) तिल (३) शुद्ध घी (४) शुद्ध शक्कर (५) अगर (६) तगर (७) कपूर (८) शुद्ध केसर (९) नागरमोथा (१०) पञ्चमेवा, जौं और चावल।

जिस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए जिस चौपाई या सोरठे का जप बतलाया गया है, उसको सिद्ध करने के लिए एक दिन अष्टाङ्ग हवन की सामग्री से उसी चौपाई या सोरठे के द्वारा १०८ बार हवन करना चाहिए। यह हवन केवल एक ही दिन करना चाहिए। यह हवन रात को १० बजे के बाद ही करना उपयुक्त होगा। प्रत्येक आहुति में चौपाई आदि के अन्त में 'स्वाहा' का उच्चारण करना चाहिए। इसके बाद जब तक कार्य सफल न हो, तब तक उस मन्त्र (चौपाई, दोहे आदि) का प्रतिदिन कम-से-कम एक सौ आठ बार प्रातःकाल या रात्रि को जब सुविधा हो, जप करते रहना चाहिए।

❖सन्तान कामेश्वरी मन्त्र❖

"शक्ति उपासना" में "सन्तान कामेश्वरी" का बड़ा महत्त्व है। जिन महिलाओं को गर्भ निरोध हो जाता है अथवा अन्य किसी कारण से सन्तान प्राप्ति नहीं होती, उनके लिये यह मन्त्र शीघ्र फलदायक है। अपने संकल्प के साथ भगवती का पूजन करके ध्यान करना चाहिये।

ध्यान-भजे कामेश्वरीं देवीं शिवांके रूपसन्निभाम्। व्रतानुष्ठान मात्रेण आशु सन्तान वर्धिनीम्॥

विनियोग

अस्य श्रीसन्तानकामेश्वरी महामंत्रस्य मन्मथ ऋषिः त्रिष्टुप्छन्दः श्रीसन्तानकामेश्वरी देवता क्लीं बीजं श्रीं शक्तिः श्रीं कीलकं (अमुक्याः) मम सन्तान प्राप्तये, वृद्धये जपे विनियोगः।

अथ जपनीय मन्त्र

ॐ क्लीं ऐं ह्रीं श्रीं नमो भगवति सन्तानकामेश्वरि गर्भविरोधं।
निरासय निरासय सम्यक् शीघ्रं सन्तानमुत्पादयोत्पादय स्वाहा॥
श्रीकामेश्वरी यै अर्पणमस्तु

नोट—सवा लक्ष जपान्ते, दशांश हवन, तर्पण, मार्जन और ब्राह्मण भोजन से पूर्ति करें। कन्या पूजन करके आरम्भ करे। सन्तान अवश्य होती है। (विशेष विधि देखें रुद्रायमल ग्रन्थ)

❖पत्नी प्राप्ति के लिये विश्वावसु गंधर्वराज मन्त्र❖

निम्न मन्त्र का यदि सम्भव हो तो सवा लाख जाप करें। अन्यथा प्रतिदिन सात बार मन्त्र से तर्पण करने से कुछ समय में कार्य सफल हो जाता है।

विनियोग—ॐ अस्य श्रीगंधर्वराज विश्वावसु गंधर्व मन्त्रस्य संमोहन ऋषि गायत्री छन्दः श्रीगंधर्व विश्वावसुदेवता भार्या लाभार्थे जपे विनियोगः।

ध्यानम्— हेमाम्भोरुहभूषितो रथवरे पुंड्रेक्षुभि कल्पिते,
कल्हार स्थित रक्तपाणि कमलै कन्याजनै सेवितम्।
गंधर्वाधिपतिं प्रसन्न हृदयं विश्वावसु यः पुमान्।
मंत्रं तस्य जपेल्लभवेत कन्या मस्ये कांक्षितम्॥

मन्त्र—ॐ विश्वावसुनामि गंधर्वः कन्यानामधिपति सुरूपां सालंकरां कन्यां देहि मे नमस्तस्यै विश्वावसवे स्वाहा॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MOE-IKS

अष्टाङ्ग हवन की सामग्री—(१) चन्दन की बुरादी (२) तिल (३) शुद्ध घी (४) शुद्ध शक्कर (५) अगर (६) तगर (७) कपूर (८) शुद्ध केसर (९) नागरमोथा (१०) पंचमेवा, जौं और चावल।

मंत्र : ॐ विश्वावसुर्नाम गन्धर्व : कन्यानामधिपति सुरूपां सालंकरां कन्यां देहि मे नमस्तस्मै विश्वावसये स्वाहा॥

आजकल बहुतात लोगों को रोजगार अथवा वैवाहिक दृष्टि से विदेश भ्रमण की इच्छा रहती है, परन्तु किन्हीं कारणों से विघ्न-बाधाओं का सामना रहता है। उन्हें निम्न मन्त्र का जप करना शुभ रहेगा—''ॐ अनंग बल्लभाये विदेश गमनाय कार्य सिद्धयर्थे नमः''

किसी भी शुक्ल पक्ष के शुभ शुक्रवार प्रातः स्नानादि के पश्चात् स्वच्छ कपड़े पहनकर सफेद रंग के सूती आसन पर बैठकर अपने सामने एक लकड़ी के पट्टे पर सफेद वस्त्र को बिछाकर उस पर दक्षिणावर्ती शंख रखकर केसर से स्वास्तिक चिन्ह व तिलक लगाकर श्रद्धापूर्वक उपरोक्त मंत्र का जाप स्फटिक की माला से करें।

मंत्र जप समापन होने पर उस सफेद वस्त्र में दक्षिणावर्ती शंख को भली-भांति लपेटकर अपने पूजा स्थल पर रख देने से विदेश भ्रमण की सभी बाधाएं स्वतः ही दूर हो जाती हैं तथा विदेश भ्रमण की संभावनाएं प्रबल हो जाती है।

⇨ 'सर्वव्याधि नाश के लिए महमृत्युञ्जय मन्त्र' ⇦

'ॐ हौं जूँ सः, ॐ भूर्भुवः स्वः। ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्व्वारुकमिव बन्धनात् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्। स्वः भुवः भूः ॐ। सः जूँ हौं ॐ।'

अर्थ—हम परमपिता त्र्यम्बक (भगवान् शिव) की आराधना करते हैं। वह परमसुखदायक एवं पुष्टिवर्धक हैं। जैसे तरबूज आदि फल (पक जाने पर स्वयं ही) बेल से छूट जाता है, वैसे ही (पूर्ण आयु भोगकर) मैं मृत्युमय जीवन से (बिना कष्ट भोगे) छूट जाऊँ, परन्तु अमृतमय जीवन से मत छूटूँ।

संक्षिप्त विधि—यह सम्पुटयुक्त मन्त्र है। ॐकार का प्रतीक शिवलिङ्ग है; उसी के ऊपर अविच्छिन्न-अनवरत जलधारा के प्रवाहवत अपनी दृष्टि स्थिर करते हुए विश्वासपूर्वक मृत्युंजय महामन्त्र का जाप करता रहे तो ध्यानावस्था प्रत्यक्ष खड़ी हो जाती है और एक विलक्षण आनन्द की अनुभूति होती है।

किसी शुभ मुहूर्त में शुद्ध शान्तचित्त, संयमपूर्वक देवालय (विशेषकर शिव मन्दिर), गंगादि तीर्थ स्थान, जलाशय, पीपल वृक्ष के पास अथवा अपने निवास स्थान में स्वच्छ एकान्त स्थान पर संकल्पपूर्वक निश्चित विषम संख्या (एक, तीनादि) में नियमित रूप में श्रद्धापूर्वक पाठ करने से अवश्य लाभ मिलता है। जप संख्या में उलट-फेर या कमी बेशी करने से विक्षिप्तता का भय रहता है। जपसंख्या पूर्ण हो जाने पर जपसंख्या का दशमांश हवन, हवन का दशांश तर्पण तथा एवं तर्पण का दशांश मार्जन एवं यथेष्ठ दानादि सहित ब्राह्मण भोजन करवाना चाहिए तथा पाठोपरान्त शिव कवच पढ़ना चाहिए। जप के बाद इस प्रकार प्रार्थना करनी चाहिए।

गुह्यातिगुह्यगोप्ता त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्। सिद्धिर्भवतु मे देव त्वत्प्रसादन्महेश्वर॥
मृत्युंजय महारुद्र त्राहि मां शरणागतम। जन्ममृत्युजरारोगैः पीडितं कर्मबन्धनैः॥

श्रीमहामृत्युञ्जय मंत्र के जप से अकालमृत्यु का निवारण, दीर्घायु व आरोग्य की प्राप्ति होती है। इसके अतिरिक्त जन्मकुण्डली में ग्रह-नक्षत्र दोष, नाड़ी दोष, मंगलीक दोष, शत्रुषडाष्टक, विधुर एवं वैधव्यादि दोषों के निवारण हेतु तथा अतिशय क्लिष्ट एवं असाध्य रोगों और मृत्युतुल्य शारीरिक एवं मानसिक रोगों में उपायस्वरूप अचूक एवं सिद्ध मन्त्र माना गया है।

(1) यदि यथेष्ठ परिश्रम के बावजूद कारोबार चल न रहा हो तथा अत्यधिक खर्चे हों, तो गुरुपुष्य योग और शुभ चन्द्रमा के दिन प्रातः हरे रंग के कपड़े की छोटी थैली तैयार करें। श्रीगणेश जी के चित्र के आगे संकटनाशक गणेश स्तोत्र के पाठ कर, इस थैली में 7 मूंग, 10 ग्राम साबुत धनिया, एक पंचमुखी रुद्राक्ष, एक चाँदी का रुपया या 2 सुपारी, 2 हल्दी की गांठे रखकर गणेश जी को शुद्ध घी के मोदक का भोग लगाएं। यह थैली तिजोरी या कैश बॉक्स में रख दें। गरीबों और ब्राह्मणों को दान करते रहें। आर्थिक स्थिति शीघ्र सुधर जाएगी।

(2) उचित समय पर विवाह होने के लिए शुक्ल पक्ष में किसी गुरुवार के दिन प्रातःकाल स्नानादि के पश्चात् पीले वस्त्र पहनकर, बेसन देसी घी में सेंककर, बूरा मिलाकर 108 लड्डू बनाएं। पीले रंग की प्लास्टिक की टोकरी में पीले रंग का कपड़ा बिछाकर उस पर उन लड्डुओं को रख दें। कुछ दक्षिणा रख सारा सामान शिव मन्दिर में जाकर गणेश-पार्वती शिवजी का पूजन कर मनोवांछित वर प्राप्ति का संकल्पकर किसी ब्राह्मण को दान दें। इस प्रयोग से शीघ्र विवाह की संभावना बनेगी।

(3) पीपल पर लगातार 43 दिन लड़की या लड़का जल चढ़ाए, तो शादी की रुकावट दूर हो जाती है। रविवार को तथा मासिक धर्म आने पर जल नहीं चढ़ाना है।

(4) जब गर्भधारण हो गया हो, तो एक चाँदी की बांसुरी बनाकर कृष्ण-राधा के मन्दिर में पति-पत्नी दोनों, गुरुवार के दिन चढ़ाएं, तो गर्भपात नहीं होगा। अनुभूत उपाय है।

(5) ''ॐ गौरी आवे शिव जी ब्याहवे'' (अपना नाम) को विवाह तुरंत सिद्ध करें, देर न करै देर होय तो शिवजी का त्रिशूल पड़े। गुरु गोरख नाथ की दुहाई।'' इस मन्त्र की 11 दिन तक लगातार 1 माला रोज जप करें। दीपक और धूप जलाकर 11वें दिन एक मिट्टी के कुल्हड़ का मुँह लाल कपड़े में बाँध दें। उस कुल्हड़ पर बाहर की तरफ 7 रोली की बिंदी बना कर अपने आगे रखें और ऊपर दिए गए तंत्र-मंत्र की 5 माला का जप करें। चुपचाप कुल्हड़ को रात के समय किसी चौराहे पर रख आवें। पीछे मुड़ कर मत देखें। सारी रुकावट दूर हो कर बहुत शीघ्र विवाह हो जाता है।

(6) भगवान् कृष्ण को चांदी की बांसुरी बनाकर चढ़ाएं। साथ ही 43 दिन लगातार पति-पत्नी भगवान् कृष्ण के मन्दिर में जाकर 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय नमः' का (गत पृष्ठ पर सन्तान गोपाल मंत्र का भी पाठ करें) तथा बाद में गाय को चारा डालें, तो जल्दी सन्तान की प्राप्ति हो जाएगी। मासिक धर्म में पति अकेला ही इस क्रिया को करें।

(7) प्रेम के दिवाने के लिए लोहे के एक टुकड़े को आग में गर्म करके उसे पानी से बुझाएं। इसी प्रकार तीन बार गर्म करके क्रमशः पानी में बुझाएं और प्रत्येक बार बुझाते समय यह कहते जाएं कि जिस प्रकार यह गर्म लोहा पानी में शीतल होता है, उसी प्रकार अमुक लड़के का प्रेम अमुक लड़की से शीतल हो जाए। फिर उस पानी से प्रेम में पागल रोगी का मुँह धुलाएँ और थोड़ा पानी उसके वक्षस्थल पर भी छिड़क दें। 3 दिन तक इस क्रिया द्वारा वह अपनी प्रेमिका को भूल जाएगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बारह राशियों का मासिक एवं वार्षिक फल सन् 2007 ई.

बारह राशियों का मासिक एवं वार्षिक फल ग्रहों की गोचर स्थित्यनुसार लिख रहे हैं। अपने जीवन सम्बन्धी और अधिक जानकारी एवं महत्त्वपूर्ण विषयों–विद्या, व्यवसाय, विवाह, सन्तान, विदेश गमनादि प्रश्नों सम्बन्धी विशेष फलादेश तथा विशेष उपाय जानने के लिए शुद्ध एवं बड़ी जन्मपत्री का होना आवश्यक है। हमारे कार्यालय से शुद्ध एवं विस्तृत जन्मपत्री बनवाने के लिए जातक/जातिका का नाम, जन्म समय, वर्ष, स्थान (Place & Time of Birth), माता–पिता एवं व्यवसाय आदि का विवरण तथा अग्रिम रूप में पूरी फीस भेजें। बड़ी विस्तृत जन्मपत्री हस्तलिखित फलादेश सहित की फीस 551 रु. से 1100 रुपये। **मध्यम जन्मपत्री** 375 रु., वर्षफल फीस 300 रु.। विदेश में उत्पन्न जातक की फीस 31 पौंड अथवा 40 डालर होगी। डाकव्यय अतिरिक्त होगा, फीस M.O. या ड्राफ्ट द्वारा अग्रिम भेजें।

—पं. पन्ना लाल ज्योतिषी, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर–8

मेष राशि (Aries)—(चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

वर्ष प्रवेश कुंडली



ग्रहगोचर—10 जन. से 15 जुला. तक इस राशि पर शनि की दशम दृष्टि एवं शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा। 18 फर. से राशिस्वामी मंगल उच्च राशि में तथा 14 अप्रैल से 14 मई के मध्य सूर्य इस राशि पर **उच्च** स्थिति में संचार करेगा। उच्चविद्या में सफलता एवं धन लाभ के अवसर बनेंगे। 7 मई से 15 जून के मध्य राशिस्वामी मंगल द्वादशस्थ होने से अस्थिरता एवं वृथा खर्च बढ़ेंगे। 16 जून से 28 जुला. तक मंगल इसी राशि में शुभ होगा। 22 नवं. से वर्षान्त तक गुरु की शुभ दृष्टि रहेगी।

जनवरी—मासारम्भ में राशि स्वामी मंगल अष्टम में होने से बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। परन्तु 8 ता. से मं. भाग्य स्थान में आने से बिगड़े कामों में सुधार होगा। धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। उत्तरार्ध में ढैय्या के कारण तनाव व उलझनें भी होंगी।

फरवरी—पूर्वार्द्ध भाग में शनि की दृष्टि के कारण घरेलू उलझनें व व्यवसायिक परेशानियाँ बढ़ेंगी। खर्च भी अधिक रहेंगे। 18 ता. से राशि स्वामी मंगल उच्चराशिस्थ होने से पराक्रम में वृद्धि तथा उच्च प्रतिष्ठित लोगों से सम्बन्ध बनेंगे। धनागमन के साधनों में भी कुछ सुधार होगा।

मार्च—मास के आरम्भ में मंगल मकर राशि में संचरित है। पराक्रम एवं उत्साह में वृद्धि होगी। धन लाभ के अवसर एवं वाहन आदि सुखों की प्राप्ति होगी। निकट भाई-बन्धुओं से सम्पर्क बनेंगे। उत्तरार्ध भाग में अकस्मात् खर्च बढ़ेंगे।

अप्रैल—मासारम्भ में राशि स्वामी कुम्भ राशि में है। अत्यधिक संघर्ष के पश्चात् व्यवसाय में निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। घरेलू उलझनों के कारण मन चिन्तित रहे। उत्तरार्ध में कोई बिगड़ा काम बनेगा। भाग्य में उन्नति के योग हैं। वैशाखी को इष्टजाप, पाठ व दान करना शुभ होगा।

मई—रोजगार के लिए दौड़-धूप अधिक रहेगी। परन्तु प्रयास सार्थक सिद्ध होंगे। घरेलू उलझनों के कारण मन गुप्त परेशानियों से संतप्त रहे। किसी निकट बन्धु से कपटपूर्ण धोखा मिलने के संकेत हैं। विद्यार्थियों को सरस्वती स्तोत्र का नित्य पाठ करना चाहिए।

जून—मास के पूर्वार्द्ध में राशि स्वामी मंगल द्वादश भावस्थ होने से वृथा दौड़-धूप अधिक रहेगी। आय कम व खर्च भी अधिक रहेंगे। ता. 16 से मंगल इसी राशि में संचार करने से बिगड़े कामों में सुधार होगा। निर्वाह योग्य आ[illegible] सम्पर्क बनेंगे। ता. 16 से [illegible] स्वभाव में तेज़ी रहेगी। उत्तरार्ध में अकस्मात् धन लाभ के अवसर बनेंगे।

अगस्त—राशि स्वामी मंगल द्वितीयस्थ होने से विशेष परिश्रम एवं पुरुषार्थ करने पर ही धन लाभ के अवसर बनेंगे। कुछ रुके हुए कार्यों में प्रगति होगी। उच्च क्षेत्र के व्यक्तियों से सम्पर्क बढ़ेंगे। परन्तु खर्च अधिक होंगे।

सितम्बर—मास के पूर्वार्द्ध भाग में व्यवसाय सम्बन्धी उलझनें बढ़ेंगी, भाग-दौड़ एवं वृथा खर्च बढ़ेंगे। गृह में निकट बन्धु से मन-मुटाव होगा। ता. 16 से मंगल तृतीय स्थान में होने से पराक्रम एवं परिश्रम में वृद्धि होगी।

अक्तूबर—मासारम्भ में कार्यक्षेत्र में विघ्न-बाधाएँ रहेंगी। खर्चों की अधिकता से मन चिन्तित व अशान्त होगा। शरीर कष्ट और गुप्त शत्रु का भय होगा। ता. 17 से सूर्य की उच्च दृष्टि पड़ने से किसी विशिष्ट व्यक्ति की सहायता से बिगड़े कामों में सुधार होगा।

नवम्बर—आय कम तथा संघर्ष अधिक रहेगा। व्यवसाय एवं लाभ में रुकावटें पैदा होंगी। किसी निकटस्थ व्यक्ति द्वारा धोखा मिलने के संकेत हैं। अकस्मात् धन हानि के योग हैं। ता. 22 के बाद गुरू की शुभ दृष्टि होने से भाग्योन्नति व लाभ के अवसर मिलेंगे। धर्म-कर्म की ओर रुचि बढ़ेगी।

दिसम्बर—आकस्मिक धन लाभ हो, परन्तु मनोरंजन एवं विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक होगा। जल्दबाजी में किए गए निर्णयों से हानि होगी। व्यवसाय में अड़चनों के कारण परेशानियाँ बढ़ेंगी। किसी नए कार्य-क्षेत्र की योजना बनेंगी।

वृष राशि (Taurus)—(इ, उ, ए, ओ, व, वि, वृ, वे, वो)

वर्ष प्रवेश कुंडली



ग्रहगोचर—वर्षारम्भ से ही वृष राशि पर मंगल-गुरु की विशेष दृष्टियाँ पड़ रही हैं। कठिन संघर्ष के बाद सफलता प्राप्त होगी। ता. 16 फर. से 11 मार्च तक की अवधि में राशि स्वामी शुक्र उच्च स्थिति (मीन) में संचार करेगा। वाहनादि सुख-सुविधाओं पर खर्च होंगे। वर्षारम्भ से 21 नवंबर तक इस राशि पर गुरु की दृष्टि रहेगी। 29 मार्च से 6 मई के मध्य मंगल की दृष्टि होने से घरेलू उलझनें एवं तनाव रहेंगे। ता. 16 जुलाई से वर्ष के अन्त तक वृष राशि पर शनि की ढैय्या रहेगी।

उत्तरार्ध—[illegible] इस राशि पर मंगल-गुरु की सप्तम दृष्टि पड़ रही है। कठिन [illegible] पर खर्च होगा। क्रोध एवं उत्तेजना से कोई बना हुआ कार्य [illegible]

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मिलने के संकेत हैं। विद्यार्थियों की सरस्वती साधना का [illegible]

जून—मास के पूर्वार्द्ध में राशि स्वामी मंगल [illegible] अधिक रहेगी। आय कम व खर्च भी अधिक रहेंगे। ता. 16 से मंगल इसी राशि में संचार करने से बिगड़े कामों में सुधार होगा। निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे।



होंगे। कार्य-क्षेत्र में दौड़-धूप अधिक रहेगी। नए मित्रों के साथ सम्पर्क बनेंगे। ता. 16 से शुक्र उच्च राशि में होने से अकस्मात् धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होगी।

मार्च—मासारम्भ में शुक्र उच्च राशि का होने से शुभ फल घटित होंगे। पराक्रम में पर्याप्त वृद्धि होगी। कुछ बिगड़े कार्य बनेंगे। किसी श्रेष्ठ पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित होंगे। खर्च की अधिकता से मानसिक परेशानी भी रहेगी।

अप्रैल—मास में शुक्र वृष राशि में संचार करने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क होंगे। वाहन सुख प्राप्त होगा। इस राशि पर मंगल की दृष्टि भी होने से व्यवसाय एवं गृह सम्बन्धी उलझनों का सामना रहेगा।

मई—कार्य व्यवसाय में अड़चनों के बावजूद दैनिक कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यर्थ की दौड़-धूप, खर्च की अधिकता और प्रिय बन्धु से मनमुटाव होगा। उत्तरार्द्ध में आय के साधनों में वृद्धि और सन्तान से खुशी मिलेगी। सुख साधनों पर खर्च होगा।

जून—पराक्रम में वृद्धि एवं आय के साधनों में बढ़ौत्तरी होगी। व्यवसायिक व्यस्तताएं बढ़ेंगी। आँखों में कष्ट और चमड़ी रोग होने की सम्भावना होगी। उत्तरार्द्ध भाग में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि और लाभ के अवसर बढ़ेंगे। प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी।

जुलाई—कार्य व्यवसाय में उन्नति व लाभ के अवसर मिलेंगे। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विशेष परिश्रम और संघर्ष का सामना रहेगा। विशेष रूप से परिवार के सहयोग से किए गए प्रयास सार्थक होंगे।

अगस्त—अत्यधिक संघर्ष के बावजूद कुछ कार्यों में सफलता और कुछ कार्यों में विलम्ब होगा। धन और सुख-साधनों में आंशिक वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा। स्वास्थ्य ढीला रहेगा।

सितम्बर—इस मास मिश्रित प्रभाव रहेंगे। पारिवारिक सहयोग से धनागमन के साधन बनते रहेंगे। अत्यधिक परिश्रम करने पर कुछ सोची योजनाओं में आंशिक लाभ होगा। उत्तरार्द्ध में भूमि/सवारी आदि सम्बन्धी परेशानी और दुर्घटना में चोटादि का भय रहे।

अक्तूबर—विघ्न-बाधाओं के बावजूद गुज़ारे योग्य धन प्राप्ति के साधन बनते रहेंगे। घर-परिवार में खुशी के अवसर मिलेंगे। किसी विशेष रुके हुए कार्य में उच्चाधिकारियों से सम्पर्क करने पर प्रगति होगी।

नवम्बर—पूर्वार्द्ध भाग में परिवार में किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में भी धन लाभ रहे। खर्चों में अधिकता हो। आलस्य, वृथा शंकाओं के कारण लाभदायक अवसर हाथ से निकल जाएंगे। किसी निकट सम्बन्धी से धोखा मिलने के संकेत हैं।

दिसम्बर—शनि की ढैय्या के कारण बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। आशाओं के अनुरूप सफलता प्राप्ति नहीं होगी। कुछ विवादास्पद मामलें मानसिक तनाव का कारण बनेंगे। किसी निकट सम्बन्धी से तकरार होगी। उत्तरार्ध भाग में यात्रा अथवा विदेशगमन की योजना बनेगी।

मिथुन राशि (Gemini)–(क, कि, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह)

ग्रहगोचर—9 जन. से 15 जुला. तक शनि की साढ़ेसति होने से मानसिक तनाव और खर्च अधिक होंगे। 7 अप्रैल से 22 अप्रैल तक बुध मीन (नीच) राशि में आने से स्वास्थ्य हानि, बनते कार्यों में विघ्न तथा अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। 23 नवं. से वर्षान्त तक गुरू की दृष्टि रहेगी। जिससे व्यवसायिक क्षेत्रों में लाभ के अवसर मिलेंगे।

[illegible] हानि होने से घरेलू उलझनें एवं तनाव रहेंगे। ता. 16 जुलाई से वर्ष के अन्त तक वृष गोश पर शनि की ढैय्या रहेगी।

जनवरी—मासारम्भ में इस राशि पर मंगल-गुरु की सप्तम दृष्टि पड़ रही है। कठिन



पर खर्च होगा। क्रोध एवं उत्तेजना से कोई बना हुआ कार्य बिगड़ने के योग हैं। धर्म-कर्म में रूचि रहेगी। अशुभ शनि के कारण चोटादि का भय रहेगा।

फरवरी—उत्साह में वृद्धि और धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी नवीन कार्य की योजना बनेगी। परन्तु सन्तान सम्बन्धी कार्यों में व्यस्त होने से कार्यरूप देने में विलम्ब होगा। उत्तरार्द्ध भाग में व्यवसाय में अड़चनों के कारण तनाव व परेशानियां बढ़ेंगी।

मार्च—राशिस्वामी बुध भाग्य स्थान में संचार कर रहा है। किसी श्रेष्ठ बन्धु से मुलाकात होगी। बिगड़े काम बनेंगे। परिवार में किसी मंगल कार्य पर खर्च होगा। भाग्य स्थान में बुध-राहु का योग होने से वृथा भाग-दौड़ खर्च अधिक होगा। अष्टम मंगल होने से परिवार में कलह-क्लेश का भय होगा।

अप्रैल—इस मास में बुध मीन (नीच) राशि में संचार करने से बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। विशेष परिश्रम के बाद ही निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। ता. 24 अप्रैल से बुध लाभ स्थान में प्रवेश करेगा। धन लाभ एवं उन्नति के अवसर बनेंगे।

मई—इस मास मिश्रित फल रहेंगे। अत्यधिक भागदौड़ करने पर धन लाभ अल्प और मानसिक तनाव रहेगा। 24 ता. से बुध मिथुन में जाने से कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। विद्या के क्षेत्र में नये सम्पर्कों से विशेष रूचि पैदा होगी। धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा।

जून—कुछ रुके हुए कार्यों में सफलता के योग हैं। किसी उच्च प्रतिष्ठित मित्र के सहयोग से बिगड़ा कार्य बनेगा। धर्म-कर्म की ओर रुचि बढ़ेगी। परन्तु शनि साढ़सति के कारण मानसिक दबाव भी रहेगा। अधिकांश समय मनोरंजन एवं वृथा कार्यों में व्यतीत होगा।

जुलाई—विघ्न बाधाओं के बावजूद गुज़ारे योग्य धन प्राप्ति के अवसर प्राप्त हों। किसी उच्चाधिकारी से सम्पर्क स्थापित होंगे। स्त्री सुख एवं घर परिवार की ओर से खुशी का समाचार मिलेगा। सप्ताहान्त में किसी निकट बन्धु से कलह-क्लेश का भय होगा। सावधानी बरतें। धन का खर्च सोच-समझकर करें।

अगस्त—मासारम्भ में राशि स्वामी बुध द्वितीय भाव में होने से व्यर्थ की दौड़ धूप और फिज़ूल खर्ची बढ़ेगी। आय के साधनों में भी कमी होगी। उत्तरार्ध भाग में बुध अच्छी स्थिति में होने से बिगड़े काम बनेंगे। गृह में कोई मंगल कार्य होगा।

सितम्बर—मासारम्भ में राशिस्वामी बुध उच्चराशि में आने से आय के साधनों में सुधार होगा। किसी प्रियजन से मुलाकात होगी। स्त्री व संतान की ओर से शुभ समाचार प्राप्त होगा। उत्तरार्द्ध में घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनों के कारण अशान्ति होगी। खर्च भी अधिक रहेंगे।

अक्तूबर—ग्रहस्थिति के अनुसार मास के पूर्वार्द्ध भाग में परिस्थितियों में सुधार होने के योग हैं। किसी प्रिय एवं श्रेष्ठ व्यक्ति से मेल होगा। सुख-साधनों में वृद्धि होगी। परन्तु 12 ता. से बुध वक्री होने से धन का व्यय तथा क्रोध व उत्तेजना अधिक रहेगी।

नवम्बर—मासारम्भ में बुध कन्या में मार्गी हुआ है। गत किए गए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी। धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि एवं सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होंगी। उत्तरार्द्ध भाग में वृथा खर्च तथा मानसिक चिन्ता में वृद्धि रहेगी।

दिसम्बर—मासारम्भ में राशिस्वामी बुध छटे भाव में होने से नौकरी या व्यवसाय में संघर्षमयी परिस्थितियों का सामना रहेगा। आर्थिक मुश्किलें बढ़ेंगी। उत्तरार्द्ध में बुध की दृष्टि मिथुन पर होने से धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु अधिकांश समय व धन मनोरंजन, वाहन एवं विलास आदि कार्यों में व्यय होगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कर्क (Cancer)—(हि, हु, हे, हो, डा, डी, ड, डे, डो)

वर्ष प्रवेश कुंडली



ग्रहगोचर—इस राशि पर शनि का संचार 10 जनवरी से 15 जुलाई तक रहेगा। शनि की साढ़सती का प्रभाव वर्षभर रहेगा। गुरु की शुभ दृष्टि वर्षारम्भ से 22 नवम्बर तक रहेगी। फलस्वरूप वर्ष के पूर्वार्द्ध भाग में शुभाशुभ अर्थात् मिश्रित प्रभाव रहेंगे। अत्यधिक संघर्ष एवं कठिनाइयों के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

जनवरी—व्यवसाय में लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि, वाहन आदि सुखों की प्राप्ति होगी। धर्म-कर्म की ओर रुचि रहेगी। उत्तरार्ध भाग में परिवार में मंगल कार्य पर खर्च होगा। मंगल की दृष्टि के कारण उत्तर भाग में बनते कामों में कुछ उलझनें व परेशानियाँ रहेंगी।

फरवरी—गुरु की दृष्टि के कारण धार्मिक एवं शुभ कार्यों पर खर्च अधिक रहेगा। दूसरे सप्ताह नए-नए श्रेष्ठ लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। कोई बिगड़ा काम बनेगा। ता. 18 से मंगल की दृष्टि होने से स्वभाव में तेजी एवं व्यर्थ की दौड़-धूप एवं खर्च अधिक रहेंगे।

मार्च—मासारम्भ में इस राशि पर शनि की स्थिति एवं मंगल की अशुभ दृष्टि के कारण बनते कामों में अड़चनें, आय में कमी तथा विविध खर्चों की अधिकता रहे।

अप्रैल—मासारम्भ में कार्य-व्यवस्ताएँ अधिक रहेंगी, परन्तु संघर्ष के बावजूद गुजारे योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 14 के पश्चात् कोई बिगड़ा हुआ काम बनेगा। कार्य-व्यवसाय में लाभ व पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु शनि साढ़सति के कारण मानसिक तनाव व घरेलू उलझनें भी रहेंगी।

मई—मासारम्भ में घर-परिवार में कोई खुशी का वातावरण बनेगा। संघर्ष के बावजूद (गुरु के कारण) आय के साधन बनते रहेंगे परन्तु कार्य-व्यवसाय में परिश्रम एवं संघर्ष अधिक रहेगा। मासान्त में स्वास्थ्य विकार एवं बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी।

जून—पराक्रम में वृद्धि और व्यवसायिक व्यस्तताएं बढ़ेंगी। धार्मिक कार्य की इच्छा जागृत होगी। किसी प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। उत्तरार्द्ध भाग में इस राशि पर मंगल की दृष्टि के कारण भागदौड़ एवं उलझनें अधिक तथा फिजूलखर्च बढ़ेगा।

जुलाई—मास के आरम्भ में व्यर्थ की दौड़-धूप अधिक रहेगी। परन्तु निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। खर्च भी बहुत अधिक रहेंगे। उत्तरार्द्ध भाग में किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। किसी श्रेष्ठ व्यक्ति की सहायता से कोई बिगड़ा काम बनेगा।

अगस्त—मासारम्भ में परिश्रम एवं उत्साह में वृद्धि होगी। किसी मंगल कार्य पर व्यय होगा। ता. 16 के बाद अकस्मात् यात्रा के योग हैं। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बढ़ेंगे। कार्य, व्यवसाय में लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे।

सितम्बर—मासारम्भ में धर्म-कर्म की ओर रुचि बनेगी। भूमि, वाहन आदि सुख-साधनों में वृद्धि होगी। किसी प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। मासान्त में शरीर कष्ट व तनाव रहे। अकस्मात् धन का अपव्यय बढ़ेगा।

अक्तूबर—आशाओं में सफलता तथा अकस्मात् धन प्राप्ति के योग बनेंगे। किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। ता. 15 से स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी, मानसिक तनाव एवं खर्च अधिक और आय कम होगी। किसी प्रिय व्यक्ति के व्यवहार से मन [illegible]

सुख में वृद्धि होगी। किसी उत्कृष्ट वस्तु का लाभ भी प्राप्त होगा। मासान्त में यात्रा व फिजूलखर्ची रहेगी।

दिसम्बर—संघर्ष के बावजूद धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। कुछ रुके हुए कार्य बनेंगे। परिवार की ओर से शुभ समाचार प्राप्त होगा। उत्तरार्ध भाग में आलस्य में वृद्धि, अधिकांश समय व धन मनोरंजन कार्यों पर खर्च होगा। श्रीशिव उपासना करना कल्याणकारी होगा।

सिंह राशि (Leo)—(म, मि, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे)

वर्ष प्रवेश कुंडली



ग्रहगोचर—सिंह राशि पर केतु का संचार तथा शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव वर्षभर बना रहेगा। जिससे वर्ष में संघर्षमय परिस्थितियां रहेंगी। ता. 13 फरवरी से 13 मार्च के मध्य इस राशि पर सूर्य की स्वगृही दृष्टि पड़ेगी। ता. 17 अक्तू. से 15 नवं. के मध्य सूर्य नीच राशिस्थ रहेगा। 22 नवं. से वर्ष के अन्त तक गुरु की शुभ दृष्टि होगी।

जनवरी—मासारम्भ में राशिस्वामी सूर्य पंचम भाव में होने से कैरियर सम्बन्धी योजनाएं बनेंगी। किसी नवीन विद्या की ओर रूचि होगी। शनि की दृष्टि के कारण मानसिक तनाव एवं घरेलू उलझनें होंगी। 20 ता. के बाद बिगड़े कामों में सुधार होगा। कोई शुभ समाचार मिलेगा।

फरवरी—मासारम्भ में सूर्य छठे स्थान में होने से संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहे। आय कम व खर्च अधिक हो। उत्तरार्द्ध भाग में अप्रत्याशित और सूर्य की स्वगृही दृष्टि होने से राजकीय कार्यों में सफलता और सन्तान सुख मिलेगा।

मार्च—मासारम्भ में सूर्य की दृष्टि के कारण संघर्ष के पश्चात् धन लाभ हो। उदर-विकार व आँखों में कष्ट का भय रहे। किसी शुभ कार्य पर खर्च भी हो। मासान्त में अधिकांश समय व्यर्थ के कार्यों में व्यतीत होगा। भूमि-जायदाद सम्बन्धी परिवार में कुछ परेशानी व तनाव रहे।

अप्रैल—मंगल की दृष्टि के फलस्वरूप क्रोध, उत्तेजना अधिक रहे। व्यवसाय में उथल-पुथल रहे। ता. 10, 11 को किसी नए कार्य की योजना बनेगी परन्तु अभी एक-दो माह तक क्रियान्वित नहीं हो पाएगी। 14 अप्रैल से सूर्य भाग्य स्थान में उच्चराशिस्थ होने से धन लाभ व उन्नति के प्रसंग बनेंगे। वैशाख माहात्म्य का पाठ करना शुभ होगा।

मई—पूर्वार्द्ध भाग में भाग्य स्थान पर सूर्य की स्थिति होने से निर्वाह योग्य धन प्राप्त होगा। सुख-साधनों पर खर्च होगा। कुछ रुके कार्यों में प्रगति होगी। उत्तरार्द्ध भाग में स्वभाव में तेजी एवं क्रोध अधिक रहेगा। परन्तु निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

जून—मास के प्रारम्भ में बनते कामों में विघ्न-बाधाएं पड़ने के संकेत हैं। स्वास्थ्य कुछ नर्म, आय कम तथा खर्च बहुत अधिक रहेंगे। निकट बन्धुओं से कुछ मतान्तर पैदा होंगे। उत्तरार्द्ध भाग में हालात कुछ बेहतर होंगे। कुछ बिगड़े काम बनेंगे।

जुलाई—आय कम और खर्च अधिक होगा। वृथा भागदौड़ और अपव्यय होगा। स्वास्थ्य ढीला रहेगा। अत्यधिक परिश्रम करके गुजारे योग्य आय के साधन बनेंगे। शुभ मंगल एवं धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा।

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

सितम्बर—धर्म-कर्म में विशेष रूचि होगी। परिवार में शुभ कार्यों पर व्यय एवं संघर्ष होगा। व्यवसाय में परिवर्तन का विचार बनें। उत्साह एवं संघर्ष शक्ति बनी रहेगी। तनाव के पश्चात् चोटादि का भय, गुप्त चिन्ता अधिक हो।

अक्तूबर—कठिनाइयों एवं संघर्ष के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। मानसिक तनाव तथा घरेलू उलझनों के साथ खर्चों की भी अधिकता रहेगी। 15 अक्तूबर के बाद कोई महत्त्वपूर्ण कार्य के सम्पन्न होने के योग हैं।

नवम्बर—व्यवसाय में उन्नति के योग हैं लेकिन फिजूलखर्ची भी अधिक रहेगी। सोची हुई योजनाओं में आंशिक सफलता प्राप्त होगी। गत किए हुए प्रयास फलीभूत होंगे। व्यवसाय व नौकरी में परिवर्तन के संकेत हैं। नए-नए मित्रों के साथ सम्बन्ध बढ़ेंगे।

दिसम्बर—प्रथम भाग में आय-व्यय सामान्य रहेगा। भाग्योन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। बढ़ते कार्य-भार से मन अशान्त रहेगा। गायत्री जप तथा सूर्योपासना करनी शुभ एवं कल्याणकारी होगी।

कन्या राशि (Virgo)—(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

वर्ष प्रवेश कुंडली



ग्रहगोचर—वर्ष के आरम्भ से 9 जनवरी तक तथा फिर 16 जुलाई से वर्ष के अन्त तक इस राशि पर शनि की साढ़ेसती का प्रभाव रहेगा। इस अवधि में घरेलू एवं व्यवसाय सम्बन्धी परेशानियाँ रहेंगी। 10 जन. से 15 जुला. के मध्य इस राशि पर शनि की तृतीय दृष्टि होगी। 29 मार्च से 15 जून के मध्य मंगल की दृष्टि रहेगी। 3 नवं. से 29 नवं. के मध्य शुक्र संचार करेगा।

जनवरी—पूर्वार्द्ध में व्यवसाय में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहेगा। गृहस्थ जीवन में आर्थिक उलझनों एवं परेशानियों का सामना रहेगा। अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। उत्तरार्द्ध में बिगड़े कामों में कुछ सुधार होगा। परन्तु मानसिक तनाव रहेगा।

फरवरी—धन लाभ मध्यम परन्तु खर्च अधिक होंगे। उच्च-प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। 14 ता. से बुध वक्री होने से आय की अपेक्षा धन का खर्च अधिक रहे। अफसरों से तनाव और सोची हुई योजनाओं में विघ्न उत्पन्न होंगे। धन संचय में रुकावटें रहेंगी।

मार्च—मासारम्भ में बुध उदय होने से हालात में सुधार होगा। परन्तु दाम्पत्य जीवन में कुछ तनाव रहे। पैतृक सम्पत्ति सम्बन्धी विवाद से चिन्ता रहेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे। विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति, विदेशी सम्बन्धियों से शुभ समाचार भी मिलेगा।

अप्रैल—मासारम्भ ता. 7 से बुध नीच राशि में प्रवेश करेगा जिससे बनते कामों में विघ्न पैदा होंगे। स्वास्थ्य भी ठीक न रहे। व्यवसाय में लाभ कम तथा खर्च अधिक रहेंगे। ता. 24 के बाद स्थिति में कुछ सुधार होगा।

मई—अत्यन्त परिश्रम के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। किसी श्रेष्ठ व्यक्ति की सहायता से कुछ बिगड़े काम बनेंगे। राशि पर मंगल व शनि की दृष्टियाँ होने से घरेलू उलझनें एवं तनाव बढ़ेंगे। क्रोध भी अधिक रहे।

जून—शनि व मंगल की दृष्टि रहने से स्वभाव में तेजी, घरेलू एवं आर्थिक उलझनें रहेंगी। आय कम व खर्च अधिक होंगे। ता. 16 से बुध वक्री होने से हालात में परिवर्तन के योग बनेंगे।

जुलाई—मासारम्भ से शनि की दृष्टि होने से परिश्रम अधिक रहे। मानसिक तनाव, उचाटता तथा उद्विग्नता अधिक रहे। आय साधारण रहे। नए लोगों के सम्पर्क से लाभ कम और खर्च अधिक होगा। उदर रोग, प्रतिकूलता तथा व्यर्थ के खर्च सम्भव हैं।

अगस्त—परिवार में कलह और बनते कामों में विघ्न उत्पन्न होंगे। वृथा वाद-विवाद में खर्च भी अधिक होगा। ता. 16 के पश्चात् वृथा यात्रा, स्थान परिवर्तन, मानसिक तनाव और शत्रु भय होगा। दूरस्थ यात्रा और विदेशी कार्यों में प्रगति के योग हैं।

सितम्बर—पूर्वार्द्ध में परिवार में किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में भी कुछ धन लाभ होगा। खर्चों में अधिकता हो। आलस्य, भय एवं शंकाओं के कारण विशेष अवसर हाथ से निकल जाएंगे। किसी निकट सम्बन्धी से धोखा मिलने के संकेत हैं।

अक्तूबर—व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहेगी। घरेलू परेशानियों के कारण मन परेशान रहेगा। परिश्रम एवं प्रयास करने से हालात में कुछ सुधार होगा परन्तु धन संचय करने में कठिनाई होगी। मासान्त में परिवार में कलह-क्लेश और तनाव उत्पन्न होने के योग। स्वास्थ्य में खराबी रहे।

नवम्बर—कार्य व्यवसाय में अड़चनों के बावजूद दैनिक कार्यों में सफलता होगी, परन्तु व्यर्थ की दौड़ धूप, खर्च की अधिकता और प्रिय बन्धु से मनमुटाव होगा। उत्तरार्द्ध में मंगल दशम में वक्री होने से आय के साधनों में विघ्न बाधाएं उत्पन्न होंगी।

दिसम्बर—पराक्रम में वृद्धि एवं आय के साधनों में बढ़ोत्तरी होगी। व्यवसायिक व्यस्तताएं बढ़ेंगी। उत्तरार्द्ध भाग में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि और लाभ के अवसर बढ़ेंगे। शनि के कारण घरेलू कार्यों पर खर्च भी अधिक होंगे। मानसिक तनाव भी बढ़ेगा।

तुला राशि (Libra)—रा, री, रू, रे, रो, ता, ति, तु, ते

वर्ष प्रवेश कुंडली



ग्रहगोचर—वर्षारम्भ से 9 जन. तक तथा फिर 16 जुलाई से वर्ष के अन्त तक इस राशि पर शनि की उच्च दृष्टि रहेगी। इस अवधि में लाभ व उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। ता. 14 अप्रैल से 14 मई के मध्य सूर्य की नीच दृष्टि पड़ेगी। धन हानि व्यय एवं बनते कामों में विघ्न पैदा होंगे। 28 जुला. से 8 सित. के मध्य राशिस्वामी शुक्र वक्री होने से व्यवसाय में विघ्न बाधाएं होंगी। 30 नवं. से 24 दिसं. के मध्य शुक्र का संचार शुभ होगा।

जनवरी—पूर्वार्द्ध भाग में आय के साधन पर्याप्त रहेंगे। विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक होगा। उत्तरार्द्ध भाग में स्वास्थ्य ढीला, गुप्त रोग, वृथा वाद-विवाद और मानसिक तनाव रहेगा। स्वास्थ्य के लिए एकादशी का व्रत धारण करना लाभकारी रहेगा।

फरवरी—पराक्रम में वृद्धि एवं आय के साधनों में बढ़ोत्तरी होगी। व्यवसायिक व्यस्तताएं बढ़ेंगी। नये कार्य की योजना भी बनेगी। उत्तरार्द्ध भाग में शुक्र षष्ठस्थ परन्तु उच्चस्थ होने से गुप्त युक्तियों से धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। रोग एवं शत्रुभय भी रहेगा।

मार्च—इस मास विशेष उतार-चढ़ाव और पारिवारिक परेशानियों का सामना रहेगा। आलस्य में वृद्धि और व्यर्थ के कामों में समय व्यतीत होगा। कार्य-व्यवसाय में संघर्ष के पश्चात् धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। मासान्त में कुछ बिगड़े काम बनेंगे।

अप्रैल—इस मास राशिस्वामी शुक्र अष्टमस्थ में होने से धन लाभ के अवसर मिलने पर भी आप उनका पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। मानसिक तनाव व घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। वैशाख माहात्म्य का पाठ करना शुभ होगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मई—राशिस्वामी शुक्र भाग्य स्थान में होने से आशानुकूल एवं निर्वाह योग्य आय के साधनों की प्राप्ति होगी। वाहनादि सुख-साधनों पर व्यय अधिक होंगे। धर्म-कर्म की ओर अभिरूचि बढ़ेगी। मासान्त में किसी श्रेष्ठ व्यक्ति से मुलाकात होगी।

जून—मासारम्भ में शुक्र यद्यपि दशमभावस्थ है, परन्तु मंगल की दृष्टि पड़ने से धन लाभ के अवसर मिलने पर समुचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। मानसिक तनाव एवं उत्तेजना अधिक रहेगी।

जुलाई—मासारम्भ में मंगल की दृष्टि होने से मानसिक तनाव एवं घरेलू परेशानियाँ बढ़ेंगी। 10 ता. के बाद हालात में कुछ बेहतरी होगी। परन्तु आर्थिक क्षेत्र में रुकावटें पैदा होंगी। उत्तरार्द्ध में शनि की उच्च दृष्टि होने से धन प्राप्ति के साधन बनेंगे तथा बिगड़े काम बनेंगे।

अगस्त—मासारम्भ में शुक्र वक्री होने से व्यर्थ यात्रा की परेशानी उठानी पड़ेगी। गुज़ारे योग्य धन प्राप्ति व उन्नति के योग हैं। भाई-बन्धुओं का सहयोग प्राप्त होगा। व्यर्थ के झंझटों से दूर रहें। अन्यथा हानि होने की आशंका होगी। भागदौड़ करने पर भी आय अल्प होगी।

सितम्बर—मासारम्भ ता. 8 सितं. से शुक्रमार्गी होने से किसी प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होगी। भाई-बन्धु से सहयोग प्राप्त होगा। अकस्मात् धार्मिक स्थल की यात्रा होगी। परिवार में खुशी का समाचार मिलेगा। विद्यार्थियों को विद्या में सफलता के लिए अत्यन्त परिश्रम एवं स्वाध्याय करने से लाभ होगा।

अक्तूबर—सोची हुई योजनाओं में आंशिक सफलता मिलेगी, परन्तु धन का खर्च विलास-मनोरंजन आदि कार्यों पर अधिक होगा। मासान्त में सूर्य इस राशि पर नीचस्थ होगा। अधिकांश समय वृथा कार्यों में व्यतीत होगा। किसी प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

नवम्बर—मासारम्भ में सूर्य इस राशि पर नीच स्थिति में संचरित है। राशि स्वामी शुक्र भी 3 नवं. से नीच राशि (कन्या) में प्रविष्ट होगा, जिससे पूर्वार्द्ध भाग में आय कम व खर्च अधिक होंगे। पारिवारिक कलह व तनाव रहे। मासान्त में कुछ शुभ फल होंगे।

दिसम्बर—मास के आरम्भ में शुक्र इसी राशि में स्वगृही होकर संचार करेगा। बिगड़े कामों में सुधार होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। किसी प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होगी। मनोरंजक कार्यों पर खर्च अधिक रहेंगे।

नोट—अधिक विस्तृत जानकारी के लिए अपना वर्षफल बनवाएँ। —पं० पन्नालाल ज्यो०

बृश्चिक राशि (Scorpio)-(तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)



ग्रहगोचर—वर्ष के आरम्भ से 7 जनवरी तक इस राशि पर गुरु-मंगल का योग होगा तथा केवल गुरु संचार वर्षारम्भ से 21 नवं. तक रहेगा। वर्ष में भूमि-जायदाद, सवारी, मकान आदि के सुख प्राप्त होंगे। ता. 18 फर. से 28 मार्च के मध्य मंगल तृतीय (उच्चराशि) में होने से पराक्रम एवं धन में वृद्धि होगी। 16 जून से 15 सितं. के मध्य मंगल की स्वगृही शुभ दृष्टि रहेगी। 15 नवं. से मंगल वक्री अवस्था में संचार करने से धन हानि, विघ्न, खर्च आदि अशुभ फल होंगे।

वर्ष प्रवेश कुंडली

सू. बु. 9 | 8 मं. गु. | 7 | 10 शु. | 6 | 11 रा. | 5 श. के. | 12 | 2 चं. | 4 | 1 | 3

जनवरी—मासारम्भ में इस राशि पर मंगल-गुरु का योग होने से धन लाभ व भाग्य में उन्नति के अवसर बनेंगे। उच्च विद्या में सफलता प्राप्त होगी। व्यवसाय में भी उन्नति के योग हैं। प्रिय बन्धु से सम्बन्ध होंगे।

फरवरी—मासारम्भ में मंगल एवं गुरु के मध्य स्थान परिवर्तन योग बना है। अकस्मात् धन लाभ के अवसर बनेंगे। कोई नवीन कार्य की योजना भी सम्भव है। गृह में किसी मंगल कार्य के भी योग हैं।

मार्च—मासारम्भ में राशिस्वामी मंगल उच्चराशिस्थ होने से गत मास के बिगड़े कामों में कुछ सुधार होगा। धन लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। भूमि, वाहन आदि सुख के साधनों पर विशेष खर्च होंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बढ़ेंगे। मासान्त में आर्थिक परेशानियों से क्रोध एवं तनाव बढ़ेगा।

अप्रैल—घर-परिवार की ओर से शुभ समाचार मिलेगा। किसी नवीन कार्य की योजना भी बनेगी, परन्तु व्यवसायिक क्षेत्रों में रुकावटों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। मास के उत्तरार्द्ध में लाभ व उन्नति के योग हैं।

मई—आय के साधनों में वृद्धि के साथ-साथ मनोरंजन आदि पर खर्च तथा सवारी आदि सुखों में वृद्धि होगी। गृह में मंगल कार्य भी सम्पन्न होगा, परन्तु सूर्य की दृष्टि के कारण परिश्रम व दौड़धूप अधिक रहेगी।

जून—मासारम्भ में किसी श्रेष्ठ बन्धु से मुलाकात होगी। बिगड़े काम बनेंगे। परिवार में कोई मंगल कार्य होगा। उत्तरार्द्ध भाग में धन का अपव्यय बढ़ेगा। बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। पित्त एवं पेट विकार आदि के कारण शरीर कष्ट हो। निकटस्थ बन्धु से कलह हो।

जुलाई—मासारम्भ में इस राशि पर मंगल की स्वगृही दृष्टि पड़ने से उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बढ़ेंगे। कोई बिगड़ा काम बनेगा। विघ्नों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

अगस्त—वृश्चिक राशि पर गुरु का संचार है तथा उस पर मंगल की विशेष दृष्टि होने से भूमि, मकान, वाहन आदि सुखों की प्राप्ति होगी। कठिनाइयों के बावजूद गुज़ारे योग्य आय के स्रोत बनते रहेंगे।

सितम्बर—पूर्वार्द्ध भाग में इस राशि पर मंगल की स्वगृही दृष्टि होने से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बनेंगे। उत्तरार्द्ध भाग में मंगल अष्टम में होने से बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी।

अक्तूबर—इस मास में मिश्रित फल प्राप्त होगा। अत्यधिक भागदौड़ करने पर धन लाभ अल्प और मानसिक तनाव रहेगा। मासान्त में कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। विद्या के क्षेत्र में नये सम्पर्कों से विशेष रुचि पैदा होगी। शुभ एवं धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा।

नवम्बर—पूर्वार्द्ध भाग में सोची योजनाओं में कुछ सफलता मिलेगी। धन-लाभ व सवारी आदि सुखों पर खर्च होगा। उत्तरार्द्ध भाग मंगल वक्री होने से विघ्न-बाधाओं के बावजूद धन-लाभ के अवसर मिलेंगे। दूरस्थ स्थल की यात्रा और भ्रमण के योग हैं। परन्तु परिवार सम्बन्धी गुप्त चिन्ता रहेगी।

दिसम्बर—मासारम्भ में राशि स्वामी मंगल अष्टम में वक्री है। अत्यन्त संघर्ष एवं कठिनाइयों के बावजूद धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। उत्तरार्द्ध भाग में वृथा दौड़-धूप एवं अपव्यय अधिक रहेंगे। श्रीशिवोपासना करनी शुभ रहेगी।

धनु राशि (Sagittarius)-(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, ढ, भे)

ग्रहगोचर—वर्षारम्भ में इस राशि पर बुधादित्य (सूर्य-बुध) का योग है। 8 जन. से 17 [illegible] संचार होने से विघ्न-बाधाएँ होंगी। वर्षारम्भ से 21 नवं. [illegible]

[illegible] लोगों के साथ सम्बन्ध बनेंगे। मासान्त में घरेलू

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

जनवरी—मासारम्भ में इस राशि पर मंगल-[illegible] उन्नति के अवसर बनेंगे। उच्च विद्या में सफलता प्राप्त होगी। व्यवसाय में भी उन्नति के योग हैं। प्रिय बन्धु से सम्बन्ध होंगे।

तक इसी राशि में संचार करेगा। ता. 10 जन. से 15 जुला. तक शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा।



जनवरी—मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य-बुध का योग होने से संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। राशिपति गुरु 12वें होने से शुभ कार्यों पर खर्च अधिक रहेंगे।

फरवरी—मासारम्भ में पंचमेश मंगल का संचार होने से क्रोध एवं उत्तेजना की भावना अधिक रहेगी। लाभ कम तथा खर्च अधिक रहेंगे। बनते कामों में विघ्न-बाधाएँ रहने के संकेत हैं। किसी दुष्ट व्यक्ति से परेशानी होने के योग हैं।

मार्च—स्वभाव में क्रोध व आवेश अधिक रहेगा। लाभ कम तथा खर्च अधिक होंगे। किसी निकट बन्धु से धोखा मिलने की सम्भावना है। सतर्क रहें। बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। मासान्त में पारिवारिक कलह के कारण परेशानी हो।

अप्रैल—कठिन परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परिवार में व्यर्थ की आर्थिक उलझनें बढ़ेंगी। निकटतम भाई बन्धुओं से मनमुटाव पैदा होगा। उत्तरार्द्ध भाग में किसी श्रेष्ठ व्यक्ति से मुलाकात होगी। धार्मिक कार्यों की ओर रूचि बढ़ेगी।

मई—इस मास मंगल अधिकांशतः चतुर्थ (मीन राशि) में संचार करने से सुख में कमी तथा धन लाभ भी अल्प रहेगा। खर्च बढ़-चढ़कर (अधिक) रहेंगे। यद्यपि भाग्यवश निर्वाह योग्य धन लाभ होता रहेगा।

जून—मासारम्भ में अत्यन्त संघर्षपूर्ण एवं कठिन परिस्थितियों का सामना होगा। व्यवसाय में आर्थिक स्थिति अनिश्चित रहेगी। परिवार में अशान्ति होगी। उत्तरार्द्ध में भाग्येश सूर्य की दृष्टि पड़ने से आय के साधनों में सुधार होगा।

जुलाई—मास के पूर्वार्द्ध में शनि की ढैय्या का प्रभाव होने से व्यवसाय में आर्थिक हालात अस्थिर रहेंगे। आय कम तथा व्यय अधिक रहेंगे। उत्तरार्द्ध में ढैय्या का प्रभाव नहीं होगा। बिगड़े कामों में कुछ सुधार होगा।

अगस्त—व्यवसाय में यद्यपि उन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे परन्तु मंगल की दृष्टि के कारण कुछ असमंजस की स्थिति होने से हानि के संकेत हैं। उत्तरार्द्ध में परिवार में मंगल कार्य और खुशी के अवसर मिलेंगे। परन्तु स्वास्थ्य में खराबी और रक्त विकार होने का भय रहे।

सितम्बर—पुरुषार्थ द्वारा धन लाभ होगा। लाभदायक कार्यों के लिए जल्दबाजी न करें अन्यथा हानि होगी। व्यर्थ के कार्यों पर खर्च और मानसिक तनाव रहे। उत्तरार्द्ध भाग में नौकरी व व्यापार आदि में उन्नति के साधन बढ़ेंगे। राज दरबार में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

अक्तूबर—घरेलू एवं व्यवसाय सम्बन्धी चिन्ता रहेगी। परिवार में कुछ तनाव होगा। कठिन परिश्रम के पश्चात् निर्वाह योग्य धन मिलेगा। उत्तरार्द्ध भाग में बाधाओं के बावजूद धन प्राप्ति के मार्ग प्रशस्त होंगे। वाहनादि का क्रय-विक्रय भी होने के योग हैं।

नवम्बर—मासारम्भ में भाग्येश सूर्य लाभ स्थान में तुला राशिगत है। अड़चनों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 22 नवं. से गुरु धनु में ही संचार करने से धन लाभ व उन्नति के योग बनेंगे।

ग्रहगोचर—वर्षारम्भ में इस राशि पर बुधादित्य (सूर्य-बुध) का योग है। 8 जन. से 17 फर. तक इस राशि पर मंगल का संचार होने से विघ्न-बाधाएँ होंगी। वर्षारम्भ से 21 नवं. [illegible] साधनों में वृद्धि होगी। कुछ उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बनेंगे। मासान्त में घरेलू कलह के कारण मन चिन्तित रहेगा। श्रीदुर्गासप्तशती का पाठ करना शुभ होगा।

मकर राशि (Capricorn)—(भो, ज, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी)

वर्ष प्रवेश कुंडली



ग्रहगोचर—वर्षारम्भ से 9 जन. तक इस राशि पर शनि की ढैय्या होगी, परन्तु 22 जन. तक शुक्र का संचार शुभफली होगा। ता. 10 जन. से 15 जुला. तक इस राशि पर शनि की स्वगृही दृष्टि रहेगी। 18 फर. से 28 मार्च तक मंगल का संचार रहेगा। ता. 16 जुला. से वर्षान्त तक शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा। 16 सितं. से वर्षान्त तक मंगल की उच्च दृष्टि रहेगी।

जनवरी—मासारम्भ में भूमि-सवारी (वाहन), इलैक्ट्रानिक आदि सुख साधनों की प्राप्ति होगी, पूर्वार्द्ध में शनि की ढैय्या के कारण घरेलू उलझनें व तनाव रहेगा। उत्तरार्द्ध में किसी कार्य की योजना बनेगी। गृह में कोई मंगल कार्य पर व्यय सम्भव है।

फरवरी—मासारम्भ में शनि की दृष्टि होने से मान-सम्मान में वृद्धि तथा निर्वाह-योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 18 से इस राशि में मंगल संचार करेगा। भूमि-वाहन आदि के कारण कुछ परेशानी होगी। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होंगे।

मार्च—मासारम्भ में मंगल का संचार रहने से यद्यपि तनाव एवं क्रोध अधिक रहेगा, किन्तु शनि की शुभ दृष्टि होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। उच्च प्रतिष्ठित मित्रों के साथ सम्बन्ध बढ़ेंगे। मासान्त में किसी तीर्थस्थल अथवा पर्यटन स्थल की यात्रा भी होगी।

अप्रैल—मास के आरम्भ में व्यर्थ की दौड़-धूप अधिक रहेगी। परन्तु निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। खर्च भी बहुत अधिक रहेंगे। उत्तरार्द्ध भाग में किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। किसी श्रेष्ठ व्यक्ति की सहायता से कोई बिगड़ा काम बनेगा।

मई—मासारम्भ में परिश्रम एवं उत्साह में वृद्धि होगी। किसी मंगल कार्य पर व्यय होगा। ता. 15 के बाद अकस्मात् यात्रा के योग हैं। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बढ़ेंगे। कार्य-व्यवसाय में लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे।

जून—मासारम्भ में धर्म कर्म की ओर रुचि बनेगी। भूमि, वाहन आदि सुख-साधनों में वृद्धि होगी। किसी प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। मासान्त में शरीर कष्ट व तनाव रहेगा। अकस्मात् धन का अपव्यय बढ़ेगा।

जुलाई—आशाओं में सफलता तथा अकस्मात् धन प्राप्ति के योग बनेंगे। किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। ता. 16 से स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी, मानसिक तनाव एवं खर्च अधिक और आय कम होगी। किसी प्रिय व्यक्ति के व्यवहार से मन विक्षुब्ध होगा।

अगस्त—पराक्रम में वृद्धि एवं आय के साधनों में बढ़ोत्तरी होगी। व्यवसायिक व्यस्तताएं बढ़ेंगी। आँखों में कष्ट और चमड़ी रोग होने की सम्भावना होगी। उत्तरार्द्ध भाग में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि और लाभ के अवसर बढ़ेंगे। शनि के कारण मानसिक तनाव होगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सितम्बर—कार्य व्यवसाय में अड़चनों के बावजूद दैनिक कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यर्थ की दौड़-धूप, खर्च की अधिकता और प्रिय बन्धु से मनमुटाव होगा। उत्तरार्द्ध भाग में आय के साधनों में वृद्धि और सन्तान से खुशी मिलेगी। सुख साधनों पर खर्च होगा।

अक्तूबर—पूर्वार्द्ध भाग में सोची योजनाओं में कुछ सफलता मिलेगी। धन-लाभ व सवारी आदि सुखों पर खर्च होगा। उत्तरार्द्ध भाग में विघ्न-बाधाओं के बावजूद धन-लाभ के अवसर मिलेंगे। दूरस्थ स्थल की यात्रा और भ्रमण के योग हैं। परन्तु सन्तान सम्बन्धी गुप्त चिन्ता रहेगी।

नवम्बर—ग्रह स्थिति के अनुसार इस मास में पूर्वार्द्ध भाग में प्रतिष्ठा में वृद्धि तथा धन-लाभ एवं पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। कुछ उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बनेंगे। निर्वाह योग्य धन लाभ के बावजूद विलास कार्यों पर धन का व्यय अधिक होगा।

दिसम्बर—संघर्ष के बावजूद धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। कुछ रुके हुए कार्य बनेंगे। परिवार की ओर से शुभ समाचार प्राप्त होगा। उत्तरार्द्ध भाग में अधिकांश समय व धन मनोरंजक कार्यों पर खर्च होगा। श्री शिव उपासना करना शुभ एवं कल्याणकारी होगा।

कुम्भ राशि (Aquarius)—(गु, गे, गो, स, सी, सू, से, सो, द)

ग्रहगोचर—सम्पूर्ण वर्ष राशि पर राहु का संचार रहेगा। शनि की दृष्टि वर्षारम्भ से 9 जनवरी तक तथा उसके बाद 16 जुलाई से वर्षान्त तक शनि की दृष्टि पुनः रहेगी। वर्ष के उत्तरार्द्ध भाग में भाग्य में उन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। 29 मार्च से 6 मई के बीच मंगल का संचार तथा 17 अगस्त से 16 सितं. के मध्य सूर्य की दृष्टि पड़ने से निकट बन्धु से कलह-क्लेश तथा खर्चों की अधिकता रहेगी। भगवान् शिवोपासना करना कल्याणकारी होगा।

वर्षप्रवेश कुंडली



जनवरी—मासारम्भ से 9 जन. तक शनि की स्वगृही दृष्टि रहने से कठिन एवं संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि तथा उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बढ़ेगा। नए-नए मित्रों के साथ सम्पर्क भी बनेंगे।

फरवरी—विघ्न बाधाओं के बावजूद धन लाभ व कार्यों में सफलता प्राप्त हो। कारोबार में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। व्यवसाय में कुछ परिवर्तन का विचार बने। यात्रा का प्रोग्राम बनेगा। प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। मासान्त में स्त्री सुख व शुभ समाचार मिले। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय संघर्षपूर्ण रहेगा।

मार्च—मासारम्भ में कार्येश मंगल द्वादश भाव में उच्चस्थ होगा। कार्य-व्यवसाय के सम्बन्ध में दौड़-धूप अधिक रहेगी। यद्यपि अकस्मात् धन लाभ के चांस बनेंगे। प्रिय मित्रों के साथ सहयोग बढ़ेगा।

अप्रैल—इस मास भाग्येश शुक्र चतुर्थ भाव में स्वराशि में संचरित है। विघ्न-बाधाओं के बावजूद आय के स्रोतों में प्रगति होगी। परन्तु कुम्भ राशि पर मंगल-राहु का योग होने से धन लाभ की मात्रा कम होगी। स्वभाव में क्रोध व तनाव बढ़ेगा। अकस्मात् धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी उच्च प्रतिष्ठित जन के साथ सम्पर्क बनेंगे। स्वास्थ्य कुछ नर्म रहेगा।

जून—कठिन परिश्रम के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन मिलते रहेंगे। परन्तु व्यवसाय के सम्बन्ध में दौड़-धूप अधिक रहेगी। किसी प्रिय बन्धु से मन-मुटाव एवं तकरार होने के संकेत हैं, सावधानी बरतें।

जुलाई—मंगल तृतीय स्थान में स्वराशिगत होने से पराक्रम एवं पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। धन लाभ के चांस बनेंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बनेंगे। इस राशि पर राहु के कारण अपव्यय, तनाव व घरेलू उलझनें भी होंगी।

अगस्त—मासारम्भ में मंगल की कर्म भाव पर स्वराशि दृष्टि होगी। पर्याप्त परिश्रम के बाद निर्वाह योग्य धन लाभ के अवसर मिलेंगे, परन्तु मंगल पर शनि की दृष्टि के कारण खर्च भी बहुत होंगे। चोट आदि का भय होगा।

सितम्बर—शनि-मंगल के मध्य दृष्टि होने से संघर्ष व व्यवसायिक उलझनें बढ़ेंगी। बनते कामों में अड़चनें रहेंगी। आय कम तथा खर्च अधिक रहेंगे।

अक्तूबर—शुभ समाचार तथा अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति होगी। परिवार में मेलजोल बढ़ेगा। कार्य-व्यवसाय व नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। उत्तरार्द्ध भाग में किसी बिगड़े कार्य के बनने के योग हैं। नवीन कार्य योजना बनने से उत्साह बनेगा।

नवम्बर—मासारम्भ में सूर्य भाग्य स्थान में नीच राशिस्थ होने से व्यवसाय में विघ्न बाधाएँ होंगी। धन लाभ भी कम होगा। बनते कामों में अड़चनें रहेंगी। उत्तरार्द्ध में बिगड़े कामों में सुधार होगा।

दिसम्बर—मासारम्भ में धनेश गुरु लाभ स्थान में तथा सुखेश शुक्र भाग्य में होने से धन लाभ के चांस मिलेंगे। किसी उच्च प्रतिष्ठित व्यक्ति से सम्पर्क बनेंगे। मासान्त में लाभ कम तथा वृथा खर्च बढ़ेंगे।

मीन राशि (Pisces)—(दी, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि)

ग्रहगोचर—इस राशि पर राशिस्वामी गुरु की स्वगृही दृष्टि वर्षारम्भ से 21 नवं. तक रहेगी। 8 जन. से 17 फर. के मध्य मंगल की भी दृष्टि होगी। 14 मार्च से 13 अप्रैल के मध्य सूर्य का संचार रहेगा तथा 7 मई से 15 जून के मध्य मंगल का संचार रहेगा। 22 नवं. से वर्षान्त तक राशिस्वामी गुरु स्वराशि (धनु) पर संचार करेगा।

वर्षप्रवेश कुंडली



जनवरी—मासारम्भ में पंचमेश चन्द्र पर गुरु की शुभ दृष्टि होने से कोई शुभ समाचार मिलेगा। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क होंगे। धर्म-कर्म की ओर रुचि बनेगी। ता. 8 से राशि पर मंगल की दृष्टि होने से विघ्न होंगे।

फरवरी—विघ्न बाधाओं के बावजूद धन लाभ के चांस मिलते रहेंगे। अच्छे लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। धार्मिक कार्यों की ओर रुझान बढ़ेगा। द्वितीय स्थान में शनि की दृष्टि से व्यय अधिक होगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अप्रैल—इस मास भाग्येश शुक्र चतुर्थ भाव में स्वराशि में संचरित है। विघ्न-बाधाओं के बावजूद आय के स्रोतों में प्रगति होगी। परन्तु कुम्भ राशि पर मंगल-राहु का योग होने से धन लाभ की मात्रा कम होगी। स्वभाव में क्रोध व तनाव बढ़ेगा।

मार्च—दैनिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यापार को बढ़ाने में मित्रों और सहयोगियों का सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्यों की ओर रुझान बढ़ेगा। द्वितीय स्थान में शनि की दृष्टि से व्यय अधिक होगा।

रुचि बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति परन्तु खर्च अधिक और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं।

अप्रैल—6 अप्रैल से गुरु वक्री होने से व्यर्थ की दौड़-धूप अधिक रहेगी। परन्तु निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। खर्च भी बहुत अधिक रहेंगे। उत्तरार्द्ध किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। किसी श्रेष्ठ व्यक्ति की सहायता से कोई बिगड़ा काम बनेगा।

मई—संघर्ष के बावजूद धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। कुछ रुके हुए कार्य बनेंगे। परिवार की ओर से शुभ समाचार प्राप्त होगा। उत्तरार्द्ध भाग में आलस्य में वृद्धि, अधिकांश समय व धन मनोरंजन कार्यों पर खर्च होगा। श्रीशिव उपासना करना कल्याणकारी होगा।

जून—पूर्वार्द्ध कार्य व्यवसाय के लिए दौड़-धूप अधिक रहेगी। अत्यधिक परिश्रम करने पर धन लाभ अल्प होगा। घरेलू उलझनें एवं आर्थिक परेशानियाँ अधिक रहेंगी। उत्तरार्द्ध भाग में कुछ बिगड़े काम बनेंगे। उच्च-प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बढ़ेंगे।

जुलाई—कार्य-व्यवसाय में लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि, वाहन, विवाह आदि सुखों की प्राप्ति होगी। धर्म-कर्म की ओर रुचि रहेगी। उत्तरार्द्ध में परिवार में किसी मंगल कार्य पर खर्च होगा।

अगस्त—गुरु की स्थिति के कारण धार्मिक एवं शुभ कार्यों पर खर्च अधिक रहेगा। दूसरे सप्ताह नए-नए श्रेष्ठ लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। तीसरे सप्ताह कोई बिगड़ा काम बनेगा। चौथे सप्ताह स्वभाव में तेज़ी एवं व्यर्थ की दौड़-धूप अधिक रहेगी।

सितम्बर—गुरु की दृष्टि के कारण गृह में मंगल कार्य सम्पन्न होंगे। धार्मिक कार्यों की ओर प्रवृत्ति रहेगी। किसी के सहयोग से नया कार्य आरम्भ होगा। विद्या में सफलता एवं घरेलू सुखों में वृद्धि होगी। 17 सितम्बर से सूर्य की दृष्टि रहने से सरकार की ओर से लाभ, भागदौड़ अधिक एवं क्रोध व उत्तेजना भी अधिक रहेगी।

अक्तूबर—मासारम्भ में घर-परिवार में कोई खुशी का वातावरण बनेगा। संघर्ष के बावजूद (गुरु के कारण) आय के साधन बनते रहेंगे परन्तु कार्य-व्यवसाय में परिश्रम एवं संघर्ष अधिक रहेगा। मासान्त में स्वास्थ्य विकार एवं बनते कार्यों में अड़चनें पैदा होंगी। ता. 25 से परिस्थितियों में सुधार होगा।

नवम्बर—मासारम्भ में शुक्र नीच राशिगत है। संघर्ष के बावजूद धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। कुछ रुके हुए कार्य बनेंगे। परिवार की ओर से शुभ समाचार प्राप्त होगा। उत्तरार्द्ध भाग में आलस्य में वृद्धि, अधिकांश समय व धन मनोरंजक कार्यों पर खर्च होगा। श्रीशिव उपासना करना कल्याणकारी होगा।

दिसम्बर—अत्यधिक परिश्रम करने पर भी धन लाभ के अवसरों का समुचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। सन्तान के सम्बन्ध में चिन्ता और घरेलू उलझनों के कारण मन उदासीन रहेगा। ता. 10 के बाद आय कम और खर्च अधिक, पारिवारिक मतभेद और कार्य स्थिति सामान्य ही रहेगी।

सम्पूर्ण राशिफल—अपनी राशि सम्बन्धी वर्ष 2007 के लिए साप्ताहिक एवं दैनिक राशियों के उपायों सहित तथा **विस्तृत बड़ा राशिफल** के लिए हमारा वृहद् पं० देवी दयालु 'राशिफल' ही पढ़ें। लेखक का नाम पं. पन्ना लाल अवश्य देख लें। मूल्य 25 रु०

—पंचांग दिवाकर ज्योतिष कार्यालय, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर—140008 (पंजाब)

जन्म राशि एवं प्रसिद्ध नाम राशि का महत्त्व

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उसके प्रचलित नाम का विशेष महत्त्व होता है। परिवार, समाज, शिक्षा, कैरियर, मित्रता इत्यादि प्रत्येक कार्य-क्षेत्र में मनुष्य अपने प्रसिद्ध नाम से जाना जाता है। एक अच्छा नाम जो किसी महान् व्यक्ति के नाम सदृश हो, उसके लिए जीवन पर्यन्त प्रेरणा-स्रोत का काम करता है। इसी कारण हमारे प्राचीन ऋषि या ज्योतिषाचार्य जन्मराशर्यनुसार बालक का नाम कुलदेवता, महान् पुरुष, देववाचक, मंगलदायक, या कुल/परम्परा के अनुरूप सार्थक नाम रखते थे। उनके अनुसार मनुष्य के आन्तरिक गुणों एवं ब्राह्य व्यक्तित्व के विकास तथा भाग्य वृद्धि में नामकरण का विशेष महत्त्व होता था—

नामखिलस्य व्यवहार हेतुः शुभावहंकर्मसु भाग्यहेतुः।
नाम्नैव कीर्ति लभते मनुष्यस्ततः प्रशस्तं खलु नाम कर्म॥

प्राचीन काल में आचार्य/गुरु कन्या या बालक के जन्म नक्षत्र एवं राशि के अनुसार ही नाम रखने का परामर्श देते थे। अर्थहीन अथवा कुत्ते, बिल्ली के नाम सदृश नाम रखने से जातक/जातिका के व्यक्तित्व पर विपरीत प्रभाव पड़ते हैं। भारतीय मनीषियों ने वैसे तो जन्म नक्षत्र एवं जन्म राशि के आधार पर ही जातक का नाम रखने की आज्ञा दी है, परन्तु यदि परिस्थिति वश किसी व्यक्ति की जन्म कुण्डली में चन्द्रस्थित **जन्म राशि** में तथा, **प्रसिद्ध नाम** राशि में अन्तर होने की स्थिति में, दोनों राशियों के अन्तर्गत अलग-अलग प्रतिपाद्य कृत्यों को करने का परामर्श दिया है।

● **जन्म राशि (विचार)**—वर कन्या का राशि मिलान, विवाह निर्णय, गर्भाधान, पुंसवन, उपनयन, मुण्डन, विवाह षोडश संस्कार एवं **मांगलिक कार्य**, तीर्थादि की शुभ यात्रा, राशि से गोचर ग्रहों का फल-प्रतिपादन करना इत्यादि प्रशस्त है—

विवाहे सर्वमाङ्गल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे।
जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत्॥ (ज्योतिर्निबन्ध)
कुर्यात् षोडश कर्माणि जन्म राशौ बलान्विते॥ (ज्योतिषतत्त्वनिबन्धं)

● **प्रसिद्ध नाम राशि (विचार)**—प्रसिद्ध नाम राशि का प्रयोग गृहारम्भ, गृह-प्रवेश, सांसारिक व्यवहार, व्यापार (व्यवसाय), देश-कार्य, मन्त्र-सिद्धि, दानादि के समय संकल्प कार्य, पुनर्विवाह, स्वामी व सेवक के पारस्परिक सम्बन्ध, रोगशान्ति हेतु औषधी प्रयोग, विवाद, मुकद्दमा, युद्ध, द्यूतादि क्रूर कार्यों तथा दानादि शुभ संकल्पों में नाम राशि का ही प्रयोग करना चाहिए—

देश ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारकेः।
नाम राशेः प्रधानत्वं जन्म-राशिं न चिन्तयेत्॥
काकिण्यां वर्गशुद्धौ च वादे द्यूते ज्वरोदये।
मन्त्रे पुनर्भूवरणे, नामराशेः प्रधानता॥ (ज्योतिनिबन्ध)

यदि जन्म राशि का ज्ञान न हो, तो नाम राशि को ही ग्रहण करें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वि. संवत् २०६४ में सम्वत्सर, राजा, मन्त्री आदि का फल

ॐ स्वस्ति नः श्री गणेशाय नमः। अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने। समस्त जगदाधार भूर्तये ब्रह्मणे नमः। आदौ गणपतिं नमस्कृत्य प्रणम्य च पूर्वजानहम्-चन्द्रमिश्रं तत्पुत्रं रामजी दत्तस्य सूनं विश्वविख्यातं पण्डित देवी दयालुं स्व प्रपितामहम् स्मरन् भक्त्या लोकहितार्थाय सुख सम्पत्ति हेतवे। शर्वरी नामक नवविक्रमी सम्वत्सरे शुभे द्वित्रिंशत्योत्तर शत वर्षाणि (१३२) वर्ष प्रवेशे पं. पन्नालाल अहं प्रपौत्र पण्डित देवी दयालु मशहूर आलम ज्योतिषी, स्वपुत्रौ सहिताऽहं कूर्वे पंचांग दिवाकरम्॥

सृष्टि सम्वत् १९५, ५८, ८५, १०८ के अन्तर्गते, श्रीविक्रमी संवत् २०६४, कलि (कल्कि) संवत् ५१०८, श्रीकृष्ण सम्वत् ५२४३, सप्तर्षि संवत् ५०८३, श्रीबुद्ध संवत् २६३०/३१, श्रीमहावीर निर्वाण संवत् २५३२/३३, शक संवत् १९२८-२९, हिजरी सन् १४२७-२८, इंग्लिश सन् 2007-08 ई., खालसा संवत् ३०९, नानकशाही सम्वत् ५३९, सृष्टि संवत् के अन्तर्गत सतयुग प्रमाण १७२८०००, त्रेतायुग १२९६०००, द्वापर युग प्रमाण ८६४००० एवं कलियुग का प्रमाण ४३२००० वर्षों का होता है।

बार्हस्पत्यमान से विष्णुविंशति का ३४वां नया **शर्वरी नामक** संवत् २०६४, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च, सन् 2007 ईस्वी, **सोमवार से प्रारम्भ** होगा। धार्मिक अनुष्ठान एवं संकल्प आदि कार्यों के शुभारम्भ में **शर्वरी नाम के सम्वत्सर का प्रयोग** रहेगा। शास्त्रों में इसका फल इस प्रकार वर्णित है—

➤➤ *शर्वरी नाम सम्वत्सर का फल—*

शर्वरीवत्सरेपूर्णाधरासस्यार्घ वृष्टिभिः। जनाश्च सुखिनः सर्वे राजानः स्युः विवैरिणः॥

अर्थात् शर्वरी नामक सम्वत् आ जाने से वर्ष भर वर्षा बहुत हो, पृथ्वी पर अनाज आदि की फसल भी अच्छी हो। अधिकांश मनुष्य सुख-साधनों से सम्पन्न एवं सुखी रहें। राजनेताओं में परस्पर वैर-विरोध एवं टकराव अधिक रहे। फलस्वरूप राजनेता सामान्य लोगों की भलाई में कम तथा अपने स्वार्थ के कार्यों में अधिक प्रवृत्त रहेंगे।

➤➤ ***रोहिणी का वास***—विक्रमी सम्वत् २०६४ में **रोहिणी** का वास **समुद्र** पर होने से प्रस्तुत वर्ष वर्षा की बहुतता (बाहुल्य) रहेगी। कुछ स्थलों पर बाढ़ आदि प्रकोपों के कारण जन, धन, कृषि आदि को हानि होगी। धान्य, चावल, मक्की, घास, पौधे, वृक्षों आदि की पैदावार अच्छी रहेगी। राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में भी वर्षा के संकेत हैं।

यदा पयोनिधि स्थलेगतो विरंचिभं तदा। अतीव वर्षणं भवेत् समस्त धान्यवर्द्धनम्॥

➤➤ ***सम्वत् का निवास माली के घर***—समय अर्थात् सम्वत् का वास माली के गृह में होने से सर्वप्रकार के अनाज यथा-गेहूँ, उड़द, चने, चावल, [illegible] अधिक तेजभाव होंगी, परन्तु वर्षा अधिक होने से धान्य, चावल, पटसन, गन्ना, तृण, घास-पौधों आदि की पैदावार अच्छी होगी।

सर्ववस्तु समर्घं स्यात् मालाकार गृहेऽब्दके॥ मालिनः प्रचुरावृष्टिः॥

➤➤ ***सम्वत् का वाहन मृग***—नए सम्वत् का राजा चन्द्र होने से संवत् का वाहन मृग होगा, जिसके फलस्वरूप वर्षा की बहुलता रहेगी। गेहूँ, धान्य, चावल, गन्ना, मक्का आदि की पैदावार अच्छी होगी। धन-सम्पदा, सुख-ऐश्वर्य के साधनों में विस्तार होगा। नए-नए उद्योगों का विकास होगा। अधिकांशतः लोग बाह्य आडम्बरों में अधिक आकृष्ट होंगे।

(१) वर्ष के राजा चन्द्र का फल—

चन्द्रे नृपे मंगल शोभनानि प्रभूतवृष्टिः प्रचुरं च धान्यम्।
सौख्यं जनानामुदयो नृपाणां प्रशाम्यति व्याधि जरा नराणाम्॥

वर्ष का राजा चन्द्रमा होने से लोगों में शुभ, मंगलादि उत्सव अधिक होंगे। वर्षा बहुत हो। धान्य, चावल, मौसमी फल, वृक्ष, तृण, घास, गन्ना व अन्य रसदार वनस्पतियों की फसल अच्छी हो। लोगों में सुख-ऐश्वर्य के साधनों का प्रसार अधिक हो। राजनेताओं का प्रभुत्व बढ़ेगा, परन्तु प्रजा और नेताओं के मध्य सौहार्द भी बढ़ेगा। समुद्र एवं नदियों में जल का बहाव अधिक रहेगा। धार्मिक एवं धार्मिक विषयों पर चर्चा अधिक रहे। कुछ विशेष रोगों पर अनुसंधानात्मक प्रयोग होंगे। लोगों में श्वास, बलगम, कफ, प्रमेह, उन्माद, स्त्रीजन्य एवं मानसिक रोगों का आधिक्य होगा। स्त्रियों का प्रभाव-क्षेत्र बढ़ेगा।

(२) मन्त्री शनि का फल—

रविसुते यदि मन्त्रिणि पार्थिवा विनय संरहिता बहुदुः खदाः।
न जलदा जलदा जनता पदा जनपदेषु सुखं न धनं क्वचित्॥

अर्थात् वर्ष का मन्त्री शनि होने से प्रशासक वर्ग एवं राजनेताओं का व्यवहार साधारण प्रजा के प्रति अत्यन्त कठोर, निर्दयतापूर्ण एवं दुःखप्रदायक रहेगा। कुछ भू-स्थलों में वर्षा की कमी रहने से खाद्यान्नों में कमी एवं प्राकृतिक प्रकोपों का भय होगा। साधारण मनुष्यों के पास समुचित धन-सम्पदा एवं पर्याप्त सुख साधनों की कमी हो तथा दिलों में गहन असन्तोष व्याप्त हो। लोहा, जिस्त, स्टील, सिक्का, चांदी तथा दालें, गेहूं, चावल आदि खाद्यान्न वस्तुओं में तेजी होगी।

(३) सस्येश चन्द्र का फल—

सस्याधिपे शीतकरे प्रजासुखं मेघः पयो मुञ्चति गोप गोधुक्॥
[illegible] नृपा धरा भवेत् धान्यधनौघपूर्णा॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

सम्वत् का निवास माली के घर—सम्वत् का निवास माली के गृह में होने से सर्वप्रकार के अनाज यथा-गेहूँ, उड़द, चने, चावल, सुवर्ण, ताम्र, लौहादि वस्तुएं और

(३) सस्येश चन्द्र का फल—

सस्याधिपे शीतकरे प्रजासुखं मेघः पयो मुञ्चति गोप गोधुक्॥
देवद्विजाराधन तत्परा नृपा धरा भवेत् धान्यधनौघपूर्णा॥

अर्थात् सस्येश (ग्रीष्मकालीन फसलों का स्वामी) चन्द्रमा होने से लोगों में सुख-सुविधाओं के साधनों का विस्तार होगा। बादलों द्वारा वर्षा अच्छी बरसे। पशुओं से दूध पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। कुछ राजनेता लोग भी देव-विप्र की पूजार्चन आदि धर्म कार्यों में प्रवृत्त होंगे। पृथ्वी धन-धान्य, ऐश्वर्यवान् वस्तुओं से अधिक समृद्ध होगी।

(४) धान्येश सूर्य का फल—

पश्चाद् धान्याधिपे सूर्ये पश्चाद् धान्यं तदा नहि।
विग्रहं भूभृतां धान्यं महर्घं ज्वरपीड़नम्॥

धान्यपति सूर्य होने से शीतकालीन में पैदा होने वाली फसलें (जैसे—मूंग, मोंठ, बाजरा, धान्य, ईखादि) की पैदावार में कमी हो, अथवा प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसलों को हानि पहुँचे। फलस्वरूप धान्यादि अनाजों के मूल्यों में वृद्धि होगी। राजनेताओं में परस्पर विरोध रहे एवं कुछ देशों में परस्पर युद्ध का वातावरण बने। सर्व प्रकार के अनाज तेज भाव हों, सामान्य लोगों में ज्वर आदि रोगों का प्रकोप अधिक रहे।

(५) मेघेश शुक्र का फल—

भृगु सुतो जलदस्यपतिः यदा जलमुचो जलदादिविशोभनाः।
धननिधान युता द्विजपालका नृपतयो जनता सुखदायकाः॥

मेघेश अर्थात् वर्षा का स्वामी शुक्र होने से वर्ष में वर्षा बहुत अच्छी रहेगी। विद्वान् एवं ब्राह्मणों का सम्मान करने वाले राजनेता एवं प्रशासक लाभान्वित होंगे, अधिकांशतः शासक धन-धान्य से सम्पन्न होंगे। कुछ शासक सामान्य प्रजा की भलाई व सुख के लिए प्रयास करेंगे।

(६) रसेश बुध का फल—

रसपतौ द्विजराज सुते मही सुलभ धान्य-घृतादि युता जनाः।
प्रमुदिता वरनायक पालिता बहुजलाखिल देश सुरक्षिता॥

रसों का स्वामी बुध हो, तो उस साल में वर्षा अधिक हो तथा घी, धान्य, मक्की, चावल, ईख, सरसों आदि की पैदावार अच्छी हो, अर्थात् ये वस्तुएं लोगों के लिए सुलभ होंगी। अधिकांश राजनेता प्रसन्न रहें। सभी देश अपनी सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ एवं सुरक्षित रखने में प्रयत्नशील होंगे।

(७) नीरसेश चन्द्र का फल—

शुक्ल वर्णादिवस्तूनां मुक्तारजतवाससाम्। अर्घवृद्धिः प्रजायेत शशांके नीरसाधिपे॥

नीरसेश अर्थात् धातुओं का स्वामी चन्द्र होने से सफेद वर्ण की वस्तुएं—चांदी, मोती, वस्त्र, स्टील, प्लाटिनम, रूई, कपास, दूध-पनीर, गाय आदि चौपाय तेज भाव अर्थात् महंगे हो जाएंगे।

(८) फलेश शुक्र का फल—

यदि फलस्यपतौ भृगुजे धरामृदु कुमार महीरूहराशयः।
बहुफलानरनाथ सुभोगदा द्विजवराः श्रुतिपाठ परायणाः॥

फलों का स्वामी शुक्र होने से पृथ्वी पर कोमल घास, फल-फूल एवं पेड़-पौधों का उत्पादन अधिक होगा। अधिकांश राजनेता ऐश्वर्ययुक्त जीवन यापन करेंगे। धर्म-परायण पण्डित एवं विप्रलोग वेद-पुराणादि वैदिक साहित्य के पठन-पाठन में विशेष रूचि लेंगे।

(९) धनेश चन्द्र का फल—

धनपतिः मृगलांछनको यदा रसचय-क्रय-विक्रयतोधनम्।
वसनशालि-सुगन्धरसं बहु द्रविणतैलयुतं नृपसौख्यदम्॥

जिस वर्ष धनपति (कोशपति) चन्द्रमा हो, तो उस वर्ष वस्तुओं (विशेषकर करियाना वस्तुओं) के क्रय-विक्रय से धनोपार्जन अधिक रहे, अर्थात् करियाना वस्तुओं के व्यापार से अच्छा लाभ मिले। वस्त्र, चावल, घी, तैल (विशेषकर सुगन्धित तैल), रसादि वस्तुओं के व्यापार से अच्छा लाभ प्राप्त हो। अवसरवादी राजनेता विशेष प्रकार के सुख-साधनों से सम्पन्न होंगे।

(१०) दुर्गेश शुक्र का फल—

नगर देश विशेष पतिर्यदा भृगुसुतो बहुसौख्यकरो मतः।
विनयवणिज-गेहसमः सुखोनगवने निकटेऽपि च दूरतः॥

दुर्गेश, अर्थात् सेनापति शुक्र हो, तो देश के विशिष्ट राजनेता तथा वर्ग विशेष के लोग ही सुख-साधनों से सम्पन्न एवं समृद्ध होंगे। देश-विदेश के व्यापारिक क्षेत्रों में विस्तार होंगे। दूरस्थ वनों एवं पर्वतीय स्थलों में भी नागरिक स्थलों पर स्थित घरों जैसी सुख-सुविधाएँ उपलब्ध हों।

♠ **आवर्तकादि चतुर्मेघो में द्रोण नाम मेघ फल**—"द्रोणं वर्षति सर्वदा" कई स्थलों पर निरन्तर, मूसलाधार वर्षा होगी। कहीं असामायिक (बे-मौसमी) वर्षा होने से बाढ़ आदि प्रकोपों से फसलों एवं जन, धनादि की हानि होगी। राजनेता और समृद्ध होंगे (**समस्त—महीभूरिधान्येनयुक्ता**)

♠ **नवमेघों में नील नामक मेघ उदित हुआ है।**

फल—नील नामक मेघ आने पर वर्षा अच्छी हो, गाय आदि चौपाय पशु दूध अच्छा देवें। रूई, कपास आदि का उत्पादन अधिक हो। लोगों में सुख-सुविधाओं की वस्तुओं का प्रसार अधिक हो।

♠ **वज्रदंष्ट्र नामक नाग का फल**—

यत्र संवत्सरे नागो वज्रदंष्ट्राभिधानकः। तदां बुवर्षणं नैव सर्वसस्यविनाशनम्॥

अर्थात् संवत्सर में वज्रदंष्ट्र नाम का नाग होने पर वर्ष में उपयोगी वर्षा की कमी रहती है। सब प्रकार की फसलों के उत्पादन में कमी एवं हानि होती है। अनाज के मूल्यों में तेजी होने के संकेत हैं।

शनि की दृष्टि—विक्रमी संवत् २०६४ के प्रारम्भ से ही शनि वक्री अवस्था में

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कर्क राशि में संचार कर रहा है। 20 अप्रैल को मार्गी होगा, तथा ता. 15 जुलाई, 2007 ई. तक कर्क राशि में ही संचरित रहेगा। ता. 16 जुलाई से सम्वत् के अन्त तक की अवधि में पुनः सिंह राशि में संचार करेगा। कर्क राशि में संचार के मध्यान्तर शनि की मेष, कन्या एवं मकर राशियों पर विशेष दृष्टि रहेगी, इन राशि वालों के अतिरिक्त मिथुन व सिंह राशियों पर साढ़सति का भी अरिष्ट प्रभाव होगा।

अतएव कर्क राशि में संचार के दौरान शनि की क्रूर दृष्टि दक्षिण पूर्वी प्रान्तों में एवं देशों पर विशेषतया प्रभावी रहेगी।

सिंह राशि में संचार के दौरान शनि वृष, तुला व कुम्भ राशियों पर विशेष दृष्टियां रखेगा तथा कर्क, सिंह व कन्या राशि वाले जातक व राष्ट्रों पर शनि साढ़ेसति का प्रभाव होगा। उपरोक्त राशियों पर दृष्टियों के फलस्वरूप शनि का भारत एवं विश्व के दक्षिण-पश्चिम भागों पर विशेष दृष्टिपात रहेगा। शनि द्वारा दोनों (कर्क एवं सिंह) राशियों में संचरणकाल में मेष, वृष, कन्या आदि वाले देशों, प्रान्तों एवं व्यक्तियों पर दृष्टिपात के समय वहां राजनैतिक उथल-पुथल, सत्ता-परिवर्तन, आतंकवादी, विस्फोटक एवं हिंसक घटनाएँ घटित होने के संकेत हैं। दक्षिण-पूर्वी प्रदेशों में कहीं बाढ़, समुद्री तूफ़ान, भूस्खलन, महामारी, भूकम्प, यान-दुर्घटना, अग्निकाण्ड, सड़क दुर्घटनाएं आदि प्राकृतिक प्रकोपों से भारी कृषि, धन एवं जन हानि होने की सम्भावनाएं होंगी। मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ राशि वाले जातकों एवं राष्ट्रों विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य देशों में कहीं अप्रत्याशित घटनाएं घटित होंगी।

वर्षा आदि चार स्तम्भ-संवत् २०६४

(१) जल स्तम्भ—चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र का सम्पर्क ३ प्रतिशत है। फलस्वरूप आगामी वर्ष देश में कम वर्षा के योग हैं। कहीं खण्ड वर्षा एवं कहीं उपयोगी वर्षा की कमी रहेगी। कहीं पेयजल की समस्याएं उत्पन्न होंगी, भूमिगत जलस्तर में भी गिरावट बनेगी। दुर्भिक्ष की परिस्थितियां बनेंगी।

(२) तृण स्तम्भ—ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र का सम्पर्क २० प्रतिशत है। फलस्वरूप तिनके, बांस, घास, पुष्पों, वनस्पतियों, जड़ी-बूटियों तथा वन्य औषधियों के उत्पादन में कमी रहेगी। पशुओं के लिए चारे का अभाव रहे। फलस्वरूप गौं, भैंस आदि चौपाय पशुओं द्वारा दुग्ध उत्पादन में भी कमी रहे। आयुर्वेदिक औषधियां, दुग्ध, डेयरी उत्पाद महंगे होंगे।

(३) वायु-स्तम्भ—ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर नक्षत्र का सम्पर्क ५४ प्रतिशत है। कहीं वातावरण में ऊष्णता एवं आशातीत गर्मी का प्रकोप रहे तथा कहीं तेज़ आँधियों के कारण जन-धन एवं कृषि आदि को हानि पहुँचने की सम्भावना है। कहीं अधिक वर्षा हो, तो कुछ प्रदेशों में अल्प वर्षा के कारण सूखे की स्थिति रहे। बादलों की गति भी मध्यम रहेगी।

(४) अन्न-स्तम्भ—आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र का सम्पर्क 43 प्रतिशत है। गेहूँ, चना, मक्की, धान्यादि का उत्पादन सामान्य ही रहेगा। हाड़ी-सौणी की फसलों का सामान्य उत्पादन होने तथा जल व तृणस्तम्भ भी कम होने के कारण फसल अच्छी नहीं होगी। मूल्यों में वृद्धि तथा किसानों व बिचोलियों को लाभ मिलेगा।

संवत् के शुभाशुभ विचार में इन स्तम्भों का विशेष विचार किया जाता है।

सूर्य आर्द्रा प्रवेश फल संवत् २०६४

(आर्द्रा प्रवेश कुण्डली)



वि. संवत् २०६४ में, सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में, द्वितीय शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, व्यतीपात योग, कन्या के चन्द्रमा कालीन दोपहर 3 बजकर 27 मिनट पर, 22 जून, शुक्रवार को तुला लग्न में प्रवेश करेंगे।

आर्द्रा प्रवेश लग्न में तुला लग्न उदित है। लग्न का स्वामी शुक्र (जो कि जलीय ग्रह है) दशम भाव में जल राशि-कर्क में स्थित है जो कि अच्छी उपयोगी एवं विपुल वर्षा के संकेत हैं, परन्तु शुक्र के साथ शनि का योग होना तथा लग्न भाव पर एवं दशम भावस्थ शुक्र व शनि-दोनों ग्रहों पर मंगल की नीच दृष्टि पड़ने से भारत के पश्चिम एवं उत्तर भागों में कहीं अनुपयोगी व असमय वर्षा—अर्थात् कहीं अति वर्षा के कारण बाढ़ादि से जन-धन व कृषि आदि की हानि होगी। तो कहीं उपयोगी वर्षा की कमी से सूखा एवं फसलों को हानि पहुँचे। सप्तम भाव स्थित मंगल पर तथा द्वादश भाव में चन्द्र पर शनि की विशेष ३, १० दृष्टियाँ होना, भारत के दक्षिण व पूर्वीय भागों में असामयिक (अकालिक) वर्षा के कारण बाढ़ आदि का प्रकोप होगा। दशम भाव पर गुरु की भी शुभ दृष्टि होने से उत्तरी क्षेत्रों में कहीं उपयोगी वर्षा होने से गेहूँ, धान्यादि की कृषि के उत्पादन में अच्छी एवं लाभदायक वृद्धि होने के भी योग हैं।

यद्यपि अष्टमी तिथि के दिन तथा मध्याह्न के समय आर्द्रा का प्रवेश होने से कहीं उपयोगी वर्षा में कमी रहने से अनाज धान्य एवं घासादि पशुचारा के मूल्यों में विशेष वृद्धि होगी—

यदिस्यादष्टमीतिथ्यां आर्द्रा नक्षत्रगो रविः।
सस्यानां वाससां मूल्यं स्वल्प वृष्टिः न संशयः॥
मध्याह्नकाले कृषि नाशनाय धान्यं महर्घंच तृणस्य नाशः॥

उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र कालीन आर्द्रा प्रवेश का फल कृषि एवं कृषकों के लिए शुभफली एवं लाभप्रद माना गया है—

यदि रौद्रग आदित्ये चन्द्र भेयमदेवते। तदा सस्याभिवृद्धिः स्यात्पुत्र पौत्रयुतोजनः॥"

आर्द्रा प्रवेश में व्यतिपात योग होने से राजनेताओं एवं सामान्य लोगों के धन का अत्यधिक अपव्यय एवं क्षय रहेगा।

व्यतिपाताभिधेयोगे.....तर्हिराज्ञोजनानां च निश्चयेन—धनक्षयः॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कारण जन-धन एवं कृषि आदि को हानि पहुँचने की सम्भावना है। कहीं अधिक वर्षा हो तो कुछ प्रदेशों में अल्प वर्षा के कारण सूखे की स्थिति रहे। बादलों की गति भी मध्यम रहेगी।

आर्षमान को वर्ष में राष्ट्र की रक्षा के चार दुर्गों (किले), समृद्धि एवं सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।

(१) प्रथम आर्ष—गतवर्ष की पौष अमावस्या की मूला नक्षत्र के स्पर्श से माना जाता है। मूला नक्षत्र का स्पर्श 67 प्रतिशत है।

(२) द्वितीय आर्ष—वैशाख शुक्ल तृतीया को रोहिणी नक्षत्र 13 प्रतिशत है।

(३) तृतीय आर्ष—श्रावण पूर्णिमा के श्रवण नक्षत्र का अभाव है।

(४) चतुर्थ आर्ष—कार्तिक पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र 88 प्रतिशत है।

फल—इस वर्ष रक्षा के दो दुर्ग बली, द्वितीय दुर्गा अल्पबली तथा तृतीय दुर्ग का अभाव है। फलस्वरूप अनेक अवरोधों के होने पर भी राष्ट्र आर्थिक एवं रक्षा की दृष्टि से प्रगति पथ पर रहेगा। सुरक्षा, समृद्धि एवं राजनैतिक दृष्टि से यह वर्ष विशेष उलझन एवं असमंजसपूर्ण रहेगा। कहीं आतंकवादी एवं विस्फोटक घटनाओं के कारण आन्तरिक सुरक्षा को खतरा रहेगा। सामान्य प्रजा में युद्धादि का भय बनेगा। वर्षा-पानी की कमी एवं कहीं अकाल की स्थिति बनेगी।

—वर्षादि के विश्वमान—

वर्षादि विश्वा का कुल मान २० विश्वे होते हैं। जिस पदार्थ (विषय) के विश्वा १ से २० अंकों के मध्य जितने अधिक (२० अथवा उसके समीपस्थ) होंगे, उस वस्तु के उत्पादन की मात्रा उतनी अधिक होगी। जैसे आगे सं. २०६४ में धान्य के विश्वे ५ लिखे हैं, इसका तात्पर्य यह हुआ कि आगामी वर्ष धान्य का उत्पादन सामान्य से कम होगा।

वर्षा १५, धान्य ५, तृण १५, तेज १५, शीत ११, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ७, निद्रा १३, आलस्य ९, उद्यम ५, शान्ति ५, क्रोध १५, दंभ १३, लोभ ५, मैथुन ३, रसनिष्पत्ति १५, फलनिष्पत्ति ९, उत्साह १३, उग्रता १३, पाप ११, पुण्य १५, व्याधिनाश १३, आचार ९, अनाचार ७, मृत्यु ११, जन्म ७, देश उपद्रव १५, देश स्वस्थता ३, चोरभय ७, चोरनाश १३, अग्नि ५, अग्निशांत १, उद्भिज १५, जरायुज ३, अंडज ५, स्वेदज ७, टिड्डी ९, तोता १५, मूषक १९, सोना १५, तांबा १३, स्वचक्र ११, परचक्र १३, वृष्टि १५, अनावृष्टि ५॥

गुर्राफल विचार, सन् 1428 हिजरी

(इस्लामी मतानुसार बादशाह साल सूर्य)

सन् 2007 ई. में मुहर्रम की पहली (यकम) तारीख एवं हिजरी सन् 1428 का आगाज़ (प्रारम्भ) 21 जनवरी धनिष्ठा नक्षत्र एवं रविवार को कर्क लग्न में होगा। रविवार को हिजरी सन् का प्रारम्भ होने से इस्लामी मतानुसार बादशाह साल सूर्य (सूरज) होगा। मुस्लिम राष्ट्रों की इस नववर्ष कुण्डली में वर्ष का बादशाह सूर्य सप्तम भाव में लग्नेश चन्द्रमा एवं बुध, शुक्र के साथ सप्तम (मृत्युभाव) में स्थित है। शनि के साथ इनका समसप्तक योग है। गुरु की विशेष दृष्टि लग्नस्थ शनि

ईस्लामी मतानुसार वर्ष कुं.



उत्तेजना की भावनाएँ ज्यादा होंगी। हुक्मरानों में भी आपसी टकराव व विरोध अधिक होगा। मज़हबी झगड़े और तनाव अधिक होंगे। चोरी, बेईमानी और धोखा-फरेब की वारदातें होंगी। लग्न पर मंगल की दृष्टि होने से कुछ मुस्लिम देशों का अमेरिका एवं यूरोपीय देशों के साथ वैमनस्य बढ़ेगा। धर्म-ईमान की तरफ़ लोगों का ध्यान कम रहे। समृद्ध राष्ट्र जैसे अमेरिका, इंग्लैण्ड, जर्मनी मुस्लिम राष्ट्रों जैसे ईरान, पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, टर्की आदि देशों के खिलाफ कठोर नीति अपनाएंगे। 18 फर., 2007 से 28 मार्च, 2007 के मध्य शनि-मंगल के मध्य समसप्तक योग इजराइल—लेबनान के मध्य टकराव को अधिक भयावह बन जाएगा। 16 जून से 28 जुला. के मध्य परस्पर दृष्टि सम्बन्ध भी मुस्लिम अथवा आतंकवादी संगठनों तथा समृद्ध राष्ट्रों (अमेरिका, इंग्लैण्ड) के मध्य टकराव की स्थिति बनेगी। विस्फोट तथा उपद्रवी घटनाओं का भय है। किसी मुस्लिम राष्ट्र के प्रधान नेता के लिए भी विशेष संकट भरी स्थिति बन सकती हैं।

वि. संवत् 2064 में लाभ-हानि चक्र

(विंशोत्तरी मतानुसारेण)

आगामी वर्ष में आपको जिस राशि का लाभ-हानि का विवरण ज्ञात करना हो, तो आप निम्नलिखित अपनी राशि के नीचे लिखे लाभ-हानि के अंकों को जमा कर दें, फिर कुल जमा अंक में से 1 कम करके जोड़ को 8 से भाग दे देवें। भाग करने के पश्चात् यदि 1 बचे तो आगामी वर्ष में धन लाभ अच्छा रहेगा। मनोवांछित योजनाएं सफल होंगी। मनोरंजक कार्यों की ओर रूचि बढ़ेगी। यदि शेष 2 बचे तो, धन लाभ मध्यम पर शुभ कार्यों पर खर्च अधिक होगा। यदि शेष 3 बचें तो लाभ कम, खर्च (अपव्यय) अधिक रहेगा। व्यर्थ भागदौड़ अधिक रहेगी और घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। यदि शेष 4 बचें तो, मानसिक तनाव, शरीर-कष्ट और रोगादि पर खर्च हो, आर्थिक समस्याएँ उत्पन्न हों। यदि शेष 5 बचें, तो लाभ कम तथा फिजूलखर्ची अधिक रहेगी। बनते कार्यों में विघ्न पड़ेंगे। यदि शेष 6 बचे तो, भाग्योन्नति और धन लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। यदि शेष 7 बचें तो, व्यापार, लाटरी, सट्टे आदि द्वारा अकस्मात् धन लाभ होगा। जमीन-जायदाद आदि कार्यों पर खर्च होगा। आय के साधनों में भी वृद्धि होगी। यदि 8 अर्थात् 0 बचे, तो उस वर्ष लाभ कम व खर्च अधिक रहेगा, मानसिक परेशानियां भी बढ़ने के संकेत हैं।

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
लाभ	११	५	११	५	८	११	५	११	८	२	२	८
हानि	१४	८	५	२	१४	५	८	१४	५	८	८	५

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रहों के आधार पर आगामी वर्ष की प्रमुख भविष्यवाणियाँ संवत् २०६४ वि. (2007-08 ई.)

- नया **'शर्वरी'** नामक सम्वत् होने से पृथ्वी पर वर्षा अधिक हो तथा अनाजादि का उत्पादन अच्छा रहे। विशिष्ट वर्ग के लोग भूमि, वाहनादि सुख-साधनों से सम्पन्न होंगे। अधिकांश नेता प्रजा की भलाई में कम, परन्तु निज स्वार्थ पूर्ति में अधिक प्रवृत्त रहेंगे॥
- सम्वत् का **राजा चन्द्रमा** एवं **मन्त्री शनि** होने से राष्ट्र--नेताओं में परस्पर द्वेष, वैर-विरोध एवं टकराव अधिक रहे। भोग-विलास एवं सुख व ऐश्वर्य संसाधनों का प्रसार व प्रचार अधिक रहेगा। राजनेताओं के आचरण, कार्यशैली में परस्पर विरोधाभास रहेगा।
- सामाजिक, राजनीतिक, शिक्षा एवं अनुसन्धानात्मक आदि सभी क्षेत्रों में महिलाओं का योगदान बढ़ेगा।
- मन्त्री शनि के कारण अधिकांश प्रशासन तन्त्र व नेताओं का व्यवहार साधारण प्रजा के प्रति कठोर एवं उदासीनतापूर्ण रहेगा।
- औद्योगिक व आर्थिक क्षेत्रों में दिशाहीन प्रगति होने से उच्चवर्ग के लोग और अधिक अमीर तथा सामान्य एवं मध्यमवर्ग के लोग आर्थिक तंगी का शिकार रहेंगे।
- नव्य गणतन्त्र दिवस कुण्डली में राजा एवं कोशपति चन्द्र पर शनि की अशुभ दृष्टि होने से दैनिक उपभोग की वस्तुओं, अनाज, दालें, खाद्य तैल, पैट्रोलियम पदार्थ, सुवर्ण, चाँदी, लौहादि धातुओं के मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि होने से आम लोगों में दुःख, असंतोष एवं विरोध बढ़ेगा।
- राजा एवं मन्त्री के अधिकार (पद) दो परस्पर शत्रु ग्रहों के पास आने से राजा (प्रधानमन्त्री) की शक्ति का ह्रास होगा। उनमें निर्णयात्मक शक्ति का अभाव रहेगा। यद्यपि दर्गेश शुक्र पर मंगल की दृष्टि के कारण आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायात्मक प्रहार के लिए आन्तरिक सुरक्षा के लिए कुछ ठोस एवं आवश्यक पग उठाए जाएंगे।
- भारत पाक के मध्य शान्ति प्रक्रिया तथा बातचीत के बावजूद शनि की नववर्ष लग्न पर दृष्टि के कारण काश्मीर समस्या तथा आतंकवाद के मुद्दे पर गतिरोध जारी रहेगा। कोई विशेष समाधान नहीं निकलेगा।
- 17 मई से 15 जून के मध्य ज्येष्ठ अधिक मास रहने से किसी प्रधाननेता की आकस्मिक मृत्यु तथा छत्रभंग (राज्य-परिवर्तन) के स्पष्ट संकेत हैं।
- 30 जुला. से 12 अग. के मध्य श्रावण कृष्णपक्ष त्रयोदश दिनात्मक (13 दिन का) होने से भारत एवं विश्व में कहीं रेल या हवाई दुर्घटना अथवा भूकम्प, भूस्खलन, भारत के मुख्य प्रान्तों में बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों से भारी जन-धन एवं कृषि हानि का भय है।
- उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब आदि प्रदेशों में नेतृत्व परिवर्तन के योग होंगे।

एव सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते।
दृश्यते तु अग्रयया बुद्धयासूक्ष्म्या सूक्ष्म दर्शिभिः ॥ कठोपनिषद् ॥

ज्योतिष अध्यात्म विद्या का ही महत्त्वपूर्ण अंग है। परन्तु ज्योतिष जैसे सूक्ष्म ज्ञान की अभिव्यक्ति सभी प्राणियों में समान रूप से नहीं होती, बल्कि आत्मोन्नत एवं सूक्ष्म तथा दिव्य दृष्टि प्राप्त तत्त्वदर्शी मनीषियों ने ही अपने तपोबल के द्वारा मानव कल्याण की भावना से प्रेरित होकर ज्योतिष विद्या का प्रणयन किया था। आज से सहस्त्रों वर्ष पूर्व, जब आधुनिक वैज्ञानिक संयन्त्रों का आविष्कार भी नहीं हुआ था, तभी हमारे ऋषियों ने 'या ब्रह्माण्डे सा पिण्डे, या पिण्डे सा ब्रह्माण्डे' के सूत्र के आधार पर अपनी अन्तः दृष्टि द्वारा विश्व एवं सौर मण्डल की संरचना, ग्रहों की मार्गी, वक्रातिचार आदि गति तथा समस्त प्राणियों पर ग्रह रश्मियों के शुभाशुभ प्रभाव का अनुशीलन कर लिया था। उनके अनुसार सभी ग्रह अपनी उदार, दयालु, सत्यनिष्ठ एवं धर्मपरायण होता है, रजोगुणी ग्रहों के प्रभाव से जातक विषयासक्त, कामी, उच्चाकांक्षी, भोग-लोलुप तथा शनि, मंगल आदि तामसिक ग्रहों के प्रभाव से जातक क्रोधी, नास्तिक, व्यसनी एवं दुराचारी प्रकृति का होता है।

गुरु रवि शशिनः सत्त्वं रज्जास्सितज्ञौ तमोऽर्कसुत भौमो।
एते ही आत्म समानाः प्रकृतिस्तेभ्यः फलानि प्रयच्छन्ति॥

ज्योतिष विज्ञान हमें ग्रह-नक्षत्रों सम्बन्धी कुछ शास्त्रीय सिद्धान्त प्रदान करता है, जिनके द्वारा हमें पूर्व कर्मों के प्रतिफल को जानकर भविष्य में अपने जीवन को उच्चतर दिशा की ओर ले जाना है। ज्योतिष ज्ञान पर आधारित बनी एक जन्मपत्री अथवा जन्म कुण्डली अपने गर्भ में अनेक रहस्य संजोए रहती है। एक कुशल एवं अनुभवी ज्योतिषी की सहायता से मनुष्य अपने जीवन सम्बन्धी अज्ञात रहस्यों को जानकर निश्चय ही भौतिक एवं आध्यात्मिक

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सौर मण्डल की संरचना, ग्रहों की मार्गी, वक्रातिचा[illegible] एक कुशल एवं अनुभवी ज्योतिषी की सहायता से रश्मियों के शुभाशुभ प्रभाव का अनुशीलन कर लिया था। उनके अनुसार सभी ग्रह अपनी [illegible] मनुष्य अपने जीवन सम्बन्धी अज्ञात रहस्यों को जानकर निश्चय ही भौतिक एवं आध्यात्मिक

प्रारब्ध कर्मों की प्रतिमूर्ति है। अनेक जन्मों के पाप-पुण्य, शुभाशुभ कर्मों का फल कब प्रकट होगा ? और भविष्य में जातक को कैसी परिस्थितियों की सम्भावना है ? ऐसे महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर ज्योतिष शास्त्र अन्धेरे में दीप की भान्ति देता है—

''यदुपचितमन्यजन्मनि शुभाशुभं तस्य कर्मणः पक्तिम्।
व्यंजति शास्त्रमेतत् तमसि द्रव्याणि दीप इव॥''

ईश्वर की अपार कृपा से उत्तरी भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं सर्वप्राचीन प्रकाशन **''पंचांगदिवाकर''**, **'मुफ़ीद आलम जन्त्री'** (उर्दू-हिन्दी-पंजाबी) एवं तिथ पत्रिका (पंजाबी भाषा) को प्रकाशित होते हुए प्रस्तुत संवत् २०६४ (2007-08 ई.) में गौरवशाली 132 वर्ष हो जाएंगे। इस पंचांग समूह के प्रवर्तक एवं संस्थापक हमारे पूज्य पितामह विश्व विख्यात मशहूर आलम पण्डित देवी दयालु जी (लाहौर) से लेकर आज तक की दीर्घावधि में हमारे प्रकाशनों को जो राष्ट्रीय एवं विश्वव्यापी स्तर पर ख्याति एवं प्रशंसा प्राप्त हुई—वह सुविज्ञ पाठकगणों से छिपी नहीं है। उत्तरी भारत में शताब्दि से भी अधिक वर्षों पर्यन्त ज्योतिष के क्षेत्र में हमारी पंचांग, जन्त्री एवं अन्य प्रकाशनों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। हमारे प्रकाशनों की निरन्तर अग्रसर ख्याति को देखकर कुछ दुष्ट प्रकृति के धन लोलुप एवं लालची प्रकाशक हमारे टाईटल से मिलता जुलता टाईटल—नाम रखकर विषय-सामग्री को तोड़-मरोड़ कर छापते हैं। इस प्रकार लोगों को गुमराह व धोखा देने की कुचेष्टा करते रहे हैं। सुविज्ञ पाठकों को सूचित किया जाता है कि वह असली व प्रामाणिक पंचांगदिवाकर, तिथ पत्रिका, मुफ़ीद आलम जन्त्री तथा हमारी नव प्रकाशित 'अर्द्धशताब्दि पंचांग' (संवत् २००१ से २०६० तक) खरीदते समय प्रथम पृष्ठ पर गणितकर्त्ता पं. पन्ना लाल ज्योतिषी एम० ए०, पं० विवेक शर्मा व पंकज शर्मा, जालन्धर के नाम अवश्य पढ़ लिया करें।

गतवर्षीय पंचांगदिवाकर में चामत्कारिक भविष्यवाणियां

ईश्वर की कृपा से हमारी गत वर्षों की पंचांगों एवं जन्त्रियों से उल्लिखित अनेकशः **भविष्यवाणियां** ठीक निकलती आ रही हैं। **उदाहरणस्वरूप** जैसे-भारत का स्वतन्त्र होना (सं० 1947 ई०), बंगलादेश के रूप में पाकिस्तान का विभाजन, कांग्रेस (ई) की पराजय, पुनः सत्ता में आना, ईरान-ईराक युद्ध (२०३९), पूर्व प्रधानमन्त्री इन्दिरा गांधी की आकस्मिक मृत्यु (संवत् २०४१), पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गांधी की आकस्मिक मृत्यु (संवत् २०४८), सन् 1998 में मोर्चा सरकार (गुजराल सरकार) का पतन (२०५५) तथा लोकसभा चुनावों में भाजपा का सफल होकर सत्तारूढ़ होना आदि आगे संवत् २०५७ से २०६३ तक की कुछ प्रमुख भविष्यवाणियां ही उद्धृत हैं, जो ईश्वर कृपावश चामत्कारिक रूप से सत्य निकली हैं।

उदाहरणार्थ—संवत् २०५७ के पंचांग में-पाकिस्तान में शरीफ सरकार का तख्ता पलट तथा मार्शल लॉ या आपात् स्थिति का लगना एवं शासन परिवर्तन, छत्रभंग, उपद्रव, राजनीतिक टकराव व हिंसक घटनाएं होना (पृष्ठ 51-कालम I व II)

सं. २०५८ के पंचागदिवाकर पृष्ठ 56 (कालम II) पर जगत लग्न में **कालसर्प योग** के कारण मिथुन से धन राशि वाले देशों में विस्फोटक घटनाएं घटित होंगी। जैसा कि अमरीका में दुखद विस्फोटक घटनाएं हुईं। २०५९ में पृष्ठ 56 (कालम I) में पढ़ें—''अफ़गानिस्तान में नया राजनैतिक ग्रुप उभरकर आएगा तथा तालिबान अमरीकी शक्ति के सामने अधिक देर तक टिक नहीं पाएंगे।'' पृष्ठ 60 (कालम I) पर पंजाब के शीर्षक के अन्तर्गत स्पष्ट पढ़ें—''विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का मुख्य पार्टी के रूप में आना।'' फर. २००३ में खप्पर योग होने से अमरीका व ईराक युद्ध होना पृष्ठ 58-I.

संवत् २०६० (2003-04 ई.) के **भाद्रमास** में पाँच मंगलवार होने के कारण उ.प्र., म.प्र., कश्मीर आदि प्रदेशों में छत्रभंग (सत्ता-परिवर्तन) एवं हिंसक घटनाएं अधिक होना (पृष्ठ 65 का. I, II) जैसा कि उ.प्र. एवं कश्मीर घाटी में हुआ। ईराक में सत्ता परिवर्तन के योग के बारे में स्पष्टतः पढ़ें-पृष्ठ 63 कालम II पर।

सम्वत् २०६१ की पंचांग दिवाकर में स्पष्टतः पढ़ें—**''आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के सदस्य भाजपा की अपेक्षा अधिक सीटों पर कामयाब होकर निकलना''** पृष्ठ 68 का. I **''चुनावों में कुछ प्रदेशों में भाजपा की प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुँचेगी। उन्हें आशा के विपरीत कम सीटें मिलेंगी।''** पृष्ठ 67 का I. राजस्थान के सन्दर्भ में पृष्ठ 68 का II पर पढ़ें। विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना होगा।

संवत् २०६२ (2005-06) की पंचांग, जन्त्री में ''पाकिस्तान और भारत के मध्य दोस्ती और शान्तिवार्ताओं के नए आयाम जुड़ना (पृष्ठ 56 का. II, पृष्ठ 60-I) **हरियाणा** की प्रान्तीय चौटाला सरकार के वर्चस्व को गहरी ठेस पहुँचना (पृष्ठ 59 का. II) **''हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार आदि प्रदेशों में नेतृत्व परिवर्तन के योग''**—''कोयला, लोहा, **पैट्रोलियम** आदि उपभोग्य वस्तुओं की कीमतों में आशातीत वृद्धि होना-पृष्ठ 53), **अस्थिरता के बावजूद मनमोहन सरकार का अस्तित्व 2007 तक अवश्य बना रहेगा-पृष्ठ 60 का. I)''**

संवत्-२०६३ (2006-07) की पंचांग में मुस्लिम राष्ट्रों के कारण डीज़ल-पैट्रोल के मूल्यों में अत्यधिक तेज़ी के कारण मुद्रा-स्फीति दर में वृद्धि होगी (पृष्ठ 53), 14 अप्रैल से 11 जुलाई के मध्य खप्पर योग बनने से महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, उड़ीसा आदि प्रदेशों में विषम वर्षा, बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं से जन व धन हानि के योग हैं (पृष्ठ 53), पंजाब, बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की प्रबल संभावना (पृष्ठ 53), **7 फरवरी, 2007 ई. तक यू. पी. ए. सरकार के वर्चस्व को कोई खतरा नहीं** (पृष्ठ 53), भाजपा नेतृत्व में भी परिवर्तन की प्रबल संभावना है (पृष्ठ 53)। अमेरिकी सरकार की प्रतिष्ठा को विश्व में अनेक स्थलों पर भारी ठेस पहुँचेगी, विशेषकर अधिकांश मुस्लिम राष्ट्र (इराक, ईरान, अफ़गानिस्तान, लैबनान आदि) अमेरिका आदि देशों की मुस्लिम विरोधी विदेश नीतियों का खुलकर विरोध करेंगे। (पृष्ठ 55-का. II) जनोपयोगी दैनिक उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार, आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण लोगों में

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गहन असन्तोष एवं आक्रोश बढ़ेंगे। जुलाई-अगस्त में कुछ राज्यों में बाढ़ **समस्या गम्भीर** बनेगी (पृ 57 कालम I), **24 मई से 12 जुलाई के मध्य मंगल-शनि योग के कारण** काश्मीर, महाराष्ट्र, उ.प्र. आदि प्रदेशों में उपद्रव, अग्निकाण्ड, हिंसा एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होने के योग हैं (जैसा कि मुम्बई में 11 जुलाई को भयानक बम विस्फोट हुए) (पृ. 58 का. I). 8 अगस्त से 16 अग. मध्ये **चतुर्ग्रही योग** एवं आश्विन मास (8 सितम्बर से 7 अक्तूबर) में **पाँच शनिवार** होने से अनुपयोगी वर्षा से कहीं बाढ़ आदि प्राकृतिक प्रकोप एवं हिंसक, विस्फोटक घटनाएं घटित होंगी। (स्पष्ट पढ़े-पृष्ठ 58, कालम I) **[जैसा कि महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, उड़ीसा आदि में बाढ़ादि के कारण व्यापाक जन धन हानि हुई तथा 8 सितं. को ही मालेगाँव (महाराष्ट्र) में विस्फोटक घटनाएं घटित हुई।]**

सं. २०६४ में ग्रहों की आकाशी कौंसिल और भविष्यफल

वि. संवत् २०६४ में ग्रहों की आकाशी कौंसिल (ग्रह-परिषद्) के **दस अधिकारों में से आठ अधिकार सौम्य (शुभ)** ग्रहों को तथा केवल **दो अधिकार क्रूर ग्रहों** को प्राप्त हुए हैं। **राजा, सस्येश,** धातुओं तथा धनेश (कोशपति) के मुख्य अधिकार चन्द्र देव को, मेघ (वर्षा), फलों तथा सेनापति का अधिकार शुक्र को तथा **शेष मन्त्री का अधिकार** शनि देव एवं धान्य का अधिकार सूर्यदेव को प्राप्त हुआ है। **ग्रह परिषद् के वर्तमान** विभाजन के फलस्वरूप लोगों में सुख-साधनों की वृद्धि तथा ऐश्वर्य-परता अधिक बढ़ेगी। स्त्रियों का प्रभाव-क्षेत्र बढ़ेगा। वर्षा अधिक होगी, भारत में अनाज आदि फसलों का उत्पादन भी अच्छा होगा। **मन्त्री शनि** होने के कारण प्रशासक वर्ग एवं राजनेताओं का व्यवहार साधारण प्रजा के प्रति अपेक्षापूर्ण रहेगा। कुछ क्षेत्रों में कम वर्षा से अकाल एवं पेयजल की समस्या भी उत्पन्न होगी। **जलस्तम्भ** भी मात्र 3 प्रतिशत होने से अनोपयोगी वर्षा होगी। **शर्वरी नाम** नव सम्वत्सर होने से राजनेता सामान्य लोगों की भलाई में कम प्रवृत्त रहेंगे। शनि के प्रभावस्वरूप भ्रष्टाचार, चोरी-ठगी, लूटमार बेईमानी की वारदातें अधिक होंगी। राजनैतिक टकराव, उपद्रव, आतंकवादी एवं हिंसक घटनाएं अधिक होंगी, **कोशपति चन्द्र होने से** आतंकवादरोधी कार्रवाई के लिए वित्तीय आबंटन में वृद्धि तथा सामाजिक आर्थिक विकास के लिए कई नई योजनाएं बनेंगी। क्रय-विक्रय द्वारा व्यापार में भी वृद्धि होगी। **धान्येश** सूर्य के प्रभाव से शीतकालीन फसलों को हानि पहुँचेगी तथा **सभी प्रकार अनाज, दालों के मूल्यों में वृद्धि होगी।** मेघेश, फलेश तथा **सेनापति शुक्र** के प्रभावस्वरूप सामान्य वर्षा तथा फलों के अच्छे उत्पादन के बावजूद देश के विशिष्ट पूंजीवादी वर्ग के लोग तथा राजनेता ही सुख-साधनों से सम्पन्न तथा और समृद्ध होंगे। कई स्थलों पर निरन्तर एवं मूसलाधार वर्षा होगी और बाढ़ की स्थिति बनेगी तथा कहीं कम वर्षा के कारण अनाज के उत्पादन में कमी होगी। विद्युत् उत्पादन भी कम होने से सामान्य प्रजा में आक्रोश, विरोध एवं असन्तोष की भावना रहेगी। रसेश बुध तथा नीरसेश चन्द्र के कारण भी सौन्दर्य प्रसाधनों तथा विभिन्न उपभोग्य वस्तुओं के उत्पादन एवं प्रसार में विशेष वृद्धि होगी। बढ़िया किस्म के वस्त्रों, सुवर्णकार, अनाज-करियाना आदि सम्बन्धित व्यापारी, पेट्रोल, तेल, भवन निर्माण से सम्बन्धित व्यवसायी, अन्य व्यापारी वर्ग भी विशेष लाभान्वित होंगे। चन्द्र, शुक्र के कारण लोगों में सुख और ऐश्वर्य प्राप्ति से सम्बन्धित उपभोग्य वस्तुओं की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी। कम्प्यूटर, दूर-संचार संसाधनों, सौन्दर्य प्रसाधनों, वाहनों के क्रय-विक्रय की ओर अधिक जिज्ञासा रहेगी। इन उपभोग्य वस्तुओं से सम्बन्धित व्यापारी वर्ग विशेष लाभान्वित रहेंगे। राजा चन्द्र, मंत्री शनि एवं शर्वरी नामक सम्वत् होने से लोगों में कफ, प्रमेह, मधुमेह, उदर, स्नायु, श्वास, हृदय एवं मानसिक रोगों की अधिकता रहेगी।

नववर्ष प्रवेश एवं जगत् लग्न कुण्डली अनुसार भविष्यफल सं. २०६४

नववर्ष प्रवेश कुं. 8/13 घं.मिं.



जगत् लग्न कुण्डली 12/28 घं.मिं.



वि. सम्वत् २०६४ में नव सम्वत् प्रवेश 19 मार्च 2007 ई., सोमवार, चैत्र अमा. की समाप्ति पर प्रातः 8 बजकर 13 मिनट से **मेष लग्न** में प्रारम्भ होगा। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं नवरात्रारंभ भी इसी दिन से होगा। **वर्ष प्रवेश** कुंडली में मेष लग्न उदित हुआ है। लग्न का स्वामी युद्धप्रिय ग्रह मंगल दशम भाव (विदेशी व्यापार) से उच्चराशि होकर बैठकर लग्न भाव को स्वगृही दृष्टि से तथा चतुर्थ भावस्थ शनि को शत्रु दृष्टि से देख रहा है।

पंचमभाव (नेतृत्व एवं प्रशासन बुद्धि) का स्वामी सूर्य द्वादश भाव में चन्द्र के साथ योगकारक है, उस पर गुरु की शुभ दृष्टि पड़ रही है। ग्रहस्थिति के अनुसार विश्व के अधिकांश देश अत्यधिक संहारक हथियारों की दौड़ में अपना प्रभुत्व बनाने के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। प्रतिद्वन्दिता और होड़ की प्रवृत्तियां बढ़ेगी। ईराक, लैबनान, पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल एवं भारत सहित कुछ देशों में आतंकवादी ग्रुप विस्फोटक एवं हिंसक वारदातें करने के लिए सक्रिय रहेंगे।

28 मार्च तक शनि-मंगल के मध्य समसप्तक योग तथा फिर 29 मार्च से 6 मई तक शनि-मंगल के मध्य षडाष्टक योग होने से इस अवधि में ईरान, इराक आदि कुछ मुस्लिम देशों के साथ अमेरिका के साथ प्रत्यक्ष विरोध एवं टकराव के हालात बनेंगे। लैबनान,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इज़रायल, अफ़गानिस्तान, भारत, पाक सहित एशियाई देशों तथा कुछ यूरोपीय देशों में भी अग्निकांड, तोड़-फोड़, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होने के संकेत हैं। अमेरिका की स्वार्थपूर्ण कूटनीतियों के कारण अनेक मुस्लिम राष्ट्र पूंजीवादी साम्राज्यवाद के विरुद्ध नए गठजोड़ बनाने में सक्रिय होने लगेंगे।

16 जून से 15 जुलाई के मध्य **मंगल-शनि** के मध्य परस्पर पुनः दृष्टि सम्बन्ध होने से भारत-पाक, इज़रायल. लैबनान, अमेरिका-ईराक आदि विरोधी देशों के मध्य पुनः फौजी टकराव, विस्फोटक एवं हिंसा की घटनाएं घटित होंगी। मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, धनु व कुम्भ राशि वाले देश विशेष प्रभावित होंगे।

29 जुलाई से 15 सितम्बर के मध्य शनि-मंगल ग्रहों के मध्य पुनः दृष्टि सम्बन्ध होंगे, जोकि भारत, पाकिस्तान, ईरान, ईराक, लैबनान, अफ़गानिस्तान, आदि मुस्लिम बहुल्य देशों की आन्तरिक परिस्थितियों के लिए अरिष्टकर होंगे। मेष लग्न में नववर्ष प्रवेश का फल शास्त्र में इस प्रकार से उल्लेखित किया गया है—

मेष लग्नेतुपूर्वस्यां दुर्भिक्षं राज विग्रहः। दक्षिणस्यां सुभिक्षं स्याद् ब्रह्मधान्यरसा च भूः।

अर्थात् मेष लग्न में वर्ष प्रवेश हो, तो पूर्व दिशा में स्थित देश या प्रदेश में कहीं छत्रभंग (सत्ता परिवर्तन, राज विग्रह, प्रशासकों में टकराव तथा कहीं दुर्भिक्ष हो, कहीं अल्प वर्षा के कारण अकाल सी स्थिति होगी, तो कहीं अतिवर्षा के कारण बाढ़ से हानि होगी। दक्षिण में कृषि का उत्पादन अच्छा रहे।

जगत् लग्न (वर्षेश) कुण्डली अनुसार 14 अप्रैल, 2007 ई. शनिवार को दोपहर 12 बजकर 28 मिनट पर वर्ष प्रवेश **कर्क लग्न** में होगा। लग्न भाव (नेतृत्व) में सप्तमेश एवं अष्टमेश शनि शत्रु राशि का होकर स्थित है, जबकि लग्न का स्वामी चन्द्रमा अष्टम भाव में राहु-मंगल से युक्त होकर शत्रु राशि में पड़ा है। लग्न भाव पर शनि जोकि संवत् का मन्त्री भी है, उस पर गुरु की स्वोच्च दृष्टि भी पड़ रही है। प्रस्तुत ग्रह स्थिति के अनुसार भी विश्व का राजनीतिक वातावरण अशान्त, तनावपूर्ण एवं विक्षुब्ध रहेगा। कुण्डली में शनि-मंगल का षडाष्टक योग बना हुआ है, जिससे विश्व के प्रमुख एवं अन्य विकासशील देश अपनी सामरिक शक्ति बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक परमाणु हथियार बनाने के लिए अग्रसर रहेंगे।

इस्लामिक देश अमेरिका की साम्राज्यवादी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाने के लिए गुप्त तौर पर विश्व स्तर पर गठजोड़ बनाने के प्रयास करेंगे। ध्यान रहे, जगत् लग्न कुण्डली में तथा मुस्लिम राष्ट्रों की कुण्डली—दोनों में कर्क लग्न ही उदित हुआ है। तदनुसार विश्व की राजनीति मुस्लिम सम्प्रदाय के संगठनों की कूटनीतियों से विशेष तौर पर प्रभावित रहेगी। मुस्लिम राष्ट्र विशेषकर पाकिस्तान, सऊदी अरब, लैबनान, ईरान, इराक, टर्की, अफ़गानिस्तान, बंगलादेश, सूडान आदि राष्ट्र अन्दरूनी तौर पर इकट्ठे होकर अमेरिका और

मुस्लिम देशों की नववर्ष कुं.



यूरोपीय साम्राज्यवाद के खिलाफ विश्वव्यापी संगठन की बुनियाद रखेंगे। ईसाइयों के धार्मिक नेता पोप द्वारा पैगम्बर मोहम्मद के विरुद्ध की गई टिप्पणी विश्व में समस्त मुस्लिम समुदाय के आक्रोश की अग्नि में घी का काम करेगी।

पाकिस्तान के अन्दरूनी हालात अत्यन्त विक्षुब्ध रहेंगे। विशेषतौर पर 23 मार्च से 18 जुलाई तक तथा फिर 29 जुलाई से 15 सितं. तक की अवधि पाक सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण व अग्निपरीक्षा के होंगे। देश के प्रान्त बलूचिस्तान में उग्र-प्रदर्शन, अग्निकांड एवं हिंसक घटनाएं घटित होंगी।

चैत्र (मार्च) में ५ रविवार, वैशाख मास (3 अप्रैल से 2 मई) तथा **श्रावण में** (1 अगस्त से 28 अगस्त) में **पाँच मंगलवार** होना तथा कार्तिक मास 27 अक्तूबर से 24 नवंबर) फिर पौष मास (24 दिसंबर से 22 जन. 2008 ई.) में पुनः ५ मंगलवार होने से इन अवधियों में विश्व के अनेक देशों (विशेषकर पाक आदि) में राजनीतिक संकट, उपद्रव, आगजनी, छत्र भंग, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होने के संकेत हैं। परन्तु नववर्ष एवं जगत् लग्नदोनों कुण्डलियों में लग्न पर गुरु की शुभ दृष्टियां पड़ने से लक्षित होता है कि भारत, चीन, पाक, अफ़गानिस्तान, अमेरिका, जापान आदि देशों में नेतृत्व परिवर्तन की सम्भावना नहीं होगी। विकसित एवं विकासशील (गुट-निरपेक्ष) देशों के मध्य विश्व शान्ति वार्ताओं की प्रक्रिया का क्रम चलता रहेगा।

——विश्व के कुछ अन्य सम्बद्ध देश——

अमेरिका—इसकी प्रभाव राशि मिथुन है। वर्षप्रवेश कुण्डली में इस राशि का स्वामी, बुध एकादश भाव में राहु युक्त है, जबकि जगत् लग्न कुण्डली में राशिस्वामी बुध भाग्य स्थान में नीच राशिगत (मीन) है। बुश सरकार विस्तारवाद सम्बन्धी अपनी स्वार्थपूर्ण एवं कुटिल नीतियों के कारण विश्व के अनेक देशों के मध्य आलोचना का शिकार बनेगी। कुछ इस्लामिक देश अमेरिका के खिलाफ एकजुट होकर अमेरिका की सम्प्रभुता को चुनौती देंगे। इज़रायल और लैबनान तथा भारत व पाकिस्तान के सम्बन्ध में दोगली एवं पक्षपातपूर्ण कूटनीतियों को अपनाएगा। इज़रायल व पाकिस्तान को सैन्य सामग्री की सहायता का क्रम जारी रखेगा। विरोधास्पद परिस्थितियों के बावजूद बुश सरकार भारत, पाक, चीन व अन्य मध्य एशियाई राष्ट्रों के साथ राजनीतिक सम्बन्धों में सुधार के प्रयास जारी रखेगा। अन्तरिक्ष विज्ञान में विशिष्ट अनुसन्धानों के कार्यक्रम भी जारी रहेंगे।

पाकिस्तान—जगत् लग्न कुण्डली में इसकी प्रभाव राशि कन्या पर शनि की तृतीय दृष्टि पड़ रही है तथा राशिस्वामी बुध नवम भाव में नीच राशिगत है। ग्रह योगानुसार पाकिस्तान की सत्तारूढ़ मुशर्रफ सरकार को गम्भीर चुनौतियों का सामना रहेगा। आतंकवादी संगठनों को पनाह देने के विरोध में तथा तानाशाही रवैये के कारण अपने देश के भीतर ही जबरदस्त खिलाफत

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

के बाद मंडराने लगेंगे। हकूमत के लिए राजनीतिक संकट और अधिक गहरा होगा। बिलोचस्तान, सिन्ध आदि प्रान्तों में उपद्रव, जनांदोलन, विस्फोट एवं हिंसक घटनाओं में वृद्धि होगी। भारत के साथ शान्ति वार्ताओं के बावजूद कश्मीर आदि सीमावर्ती क्षेत्रों से आतंकवादी संगठनों को (अप्रत्यक्ष रूप में) घातक हथियारों की सहायता करता रहेगा। भारत के साथ शान्ति वार्ताओं का क्रम, गतिरोध के पश्चात् पुनः समायोजित होगा। बेनज़ीर भुट्टो तथा नवाज़ शरीफ़ साथ मिलकर पाकिस्तान की फौजी हकूमत के लिए चुनौती उत्पन्न करेंगे।

ब्रिटेन (Britain)—इसकी प्रभाव राशि मेष है। वर्षप्रवेश कुण्डली में इसकी राशि मंगल की स्वगृही दृष्टि, परन्तु शनि की नीच दृष्टि पड़ रही है। ग्रहस्थिति अनुसार देश में शुभाशुभ दोनों प्रकार के फल घटित होंगे। आगामी वर्ष ब्रिटेन के नेतृत्व में परिवर्तन के योग मिलते हैं। आन्तरिक एवं विदेश नीति में भी कुछ अमूल परिवर्तन लक्षित होंगे। भारत के साथ व्यापारिक एवं राजनीतिक सम्बन्धों में विशेष प्रगति होगी।

----विभिन्न देशों एवं नगरों की राशियाँ----



वि. संवत् २०६४ में गोचर ग्रह और भारत का भविष्यफल

कुं. स्वतंत्र भारत
15 अग., 1947, रात्रि 12 बजे



स्वतन्त्र भारत का 60वाँ वर्ष
15 अग., 2006 ई. 27/01



गणतंत्र दिवस का 58वाँ वर्ष
26 जन., 2007 ई. 25/01



58वें गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी, 2007 ई.) की वर्षकुण्डली में भारतवर्ष तुला लग्न में प्रवेश कर रहा है। तुला लग्न भारतीय गणतन्त्र दिवस के जन्मलग्न (मीन) की अष्टम भावस्थ राशि है। वर्ष लग्नेश **शुक्र** पंचमभाव (प्रशासक बुद्धि कौशल) में राहु युक्त होकर पड़ा है, इस पर मुंथापति गुरु की विशेष चतुर्थ शत्रु दृष्टि पड़ रही है। परन्तु शुक्र पर मुंथा एवं मंगल की गुप्त-मित्र दृष्टियां भी पड़ रही हैं। सामान्य प्रजा का प्रतिनिधित्व करने वाला तथा सम्वत् का राजा चन्द्र सप्तम भाव में स्थित है, उस पर शनि की दशम् शत्रु-दृष्टि पड़ रही है। प्रस्तुत ग्रहस्थिति के अनुसार विभिन्न राज्यों एवं केन्द्रशासित राज्यों में सामान्य लोगों की भलाई की दृष्टि से बहुत-सी रोज़गार एवं विकास सम्बन्धी योजनाएं बनाई जाएंगी, परन्तु राजनेताओं की स्वार्थपूर्ण प्रवृत्तियों के कारण, लोकहितकारी योजनाओं का समुचित लाभ सामान्य लोगों को नहीं मिल पाएगा। **वर्ष-लग्न कुण्डली में भारत की प्रभाव राशि मकर** पर सूर्य-बुध का योग बना हुआ है तथा शनि की स्वगृही शुभ दृष्टि पड़ रही है, परन्तु मकर राशि पापाक्रान्त भी है। फलस्वरूप, विभिन्न क्षेत्रों जैसे साईंस टैक्नोलोजी, कम्प्यूटरर्ज़, लघु उद्योग, सड़क-परिवहन, विद्युत्, दूर-संचार, तकनीकी, बैंकिंग आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति करेगा। तृतीय भाव में भौमयुक्त धनुराशिस्थ मुंथा तथा मुंथेश गुरु का बृश्चिक राशि में होने से **स्थान-परिवर्तन** योग बना है, जिससे भारतवर्ष आर्थिक एवं टैक्नोलोजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास करेगा। विश्व-राजनीति में प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। परन्तु चन्द्र पर शनि की शत्रु दृष्टि होने से विकास योजनाओं का लाभ साधारण लोगों को अल्प मात्रा में रहेगा। देश की कुछ ज्वलन्त समस्याएँ जैसे राजनायिक पार्टियों में परस्पर टकराव, कानून-व्यवस्था में सुदृढ़ता की कमी, बढ़ती जनसंख्या, बेईमानी, भ्रष्टाचार, विदेशी घुसपैठ, बिजली, पेयजल एवं आन्तरिक सुरक्षा नियमों में कमी, बेरोज़गारी, उपभोग्य वस्तुओं की

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कीमतों में अतिशय वृद्धि तथा देशव्यापी आतंकवादी हिंसक गतिविधियों के फलस्वरूप विकास प्रक्रियाओं के वांछित लाभ नहीं मिल पाएंगे।

स्वतन्त्र भारत के 60वें वर्ष (15 अगस्त, 2006 ई.) की प्रवेश कुण्डली में मिथुन लग्न उदित हो चुका है। वर्ष लग्नेश बुध द्वितीय स्थान में सूर्य, शुक्र व शनि के साथ चतुर्ग्रही योग बना हुआ है और द्वितीयेश (कोशपति) चन्द्र (जो वर्ष का राजा भी है) मुंथायुत होकर लाभ स्थान में है। भारत की प्रभाव राशि—मकर पर सूर्य, शनि, बुधादि ग्रहों की संयुक्त दृष्टियाँ भी पड़ रही हैं। ग्रह स्थिति के अनुसार सत्तारूढ़ केन्द्रीय सरकार को राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक समस्याओं से निपटने के लिए गम्भीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। छटे (शत्रु) भाव पर मंगल की स्वगृही दृष्टि होने से नक्सली एवं आतंकवादी तत्त्व (संगठन) देश में विस्फोटक एवं हिंसक वारदातें करके निर्दोष लोगों की हत्याओं के जघन्य अपराध करने की कुचेष्टाएं करेंगे। जुलाई-अगस्त (2006 ई.) को महाराष्ट्र में हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुःखद विस्फोटक वारदातों के स्पष्ट उदाहरण हैं। हमारे राष्ट्राध्यक्षों को आगे भी विशेष सावधान रहने की आवश्यकता होगी। गणतन्त्र दिवस की कुण्डली में भी भारत की प्रभावराशि मकर का राशिस्वामी **शनि एवं वर्ष के राजा चन्द्र के मध्य शत्रुजन्य दृष्टि सम्बन्ध होने से देश के भीतर ही कुछ दुष्ट प्रकृति के लोग भारत की शान्ति को भंग करने की कुचेष्टाओं में प्रयासरत होंगे।** ग्रहयोग अनुसार देश के भीतर भी राजनीतिक पार्टियां देश की भलाई के कार्यक्रमों की ओर कम तथा अपने स्वार्थ की तरफ़ अधिक अधिमान देंगे। कुछ राज्यों में बिगड़ती कानून व्यवस्था, बेरोज़गारी, आरक्षण का मुद्दा, भ्रष्टाचार, विद्युत् संकट, राजनेताओं में परस्पर टकराव, उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में अतिशय वृद्धि इत्यादि ज्वलन्त समस्याओं के कारण सामान्य लोगों में विक्षोभ एवं असन्तोष व्याप्त रहेगा।

कुं. स्वतन्त्र भारत, 61वां वर्ष
15 अगस्त, 2007 ई. (9-09 A.M.)



कुं. 59वां गणतन्त्र दिवस
26 जन. 2008 ई. (प्रातः 7-10)



स्वतन्त्र भारत के 61वें वर्ष की कुण्डली में **कन्या लग्न** उदित हुआ है। प्रथम स्वतन्त्र भारत कुण्डली में यह राशि पंचम भाव में पड़ती है। वर्ष लग्नेश बुध एकादश भाव में शुभ **बुधादित्य** योग निर्मित हुआ है। जिससे विश्व राजनीति एवं व्यापारिक क्षेत्र में भारत का वर्चस्व एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विदेशी मुद्रा भण्डार में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। परन्तु भारत की प्रभावराशि का स्वामी शनि द्वादश भाव में चन्द्र, शुक्र, केतु ग्रहों के पड़ने से लक्षित होता है कि **अगस्त, 2007 ई.** के बाद की अवधि सत्तारूढ़ केन्द्रीय (U.P.A.) सरकार के लिए विशेष संघर्षपूर्ण रहेगी। सत्तारूढ़ पार्टी से अलग हुए घटक दल सरकार के लिए चुनौती बनेंगे। 12वें चन्द्र, शनि, केतु आदि ग्रह होने से अधिकांश लोग, नेता एवं सरकारी तन्त्र के लोगों में अधिकाधिक धन-संग्रह की होड़ में नैतिक एवं चारित्रिक मूल्यों की कमी दिखाई देगी। सरकारी खर्चों में अत्यधिक वृद्धि होगी। दिशाहीन आर्थिक प्रगति होने से समाज का विशेष एवं उच्चवर्ग ही लाभान्वित होगा। सामान्य वर्ग के लोग तथाकथित विकास कार्यों के अवसरों से लाभान्वित नहीं हो पाएंगे। आतंकवाद को समाप्त करने के लिए भारत को कठोर एवं निर्णायक कदम उठाने आवश्यक होंगे।

—संवत् २०६४ में गोचर—ग्रह और भारतवर्ष—

सम्वतारम्भ से पूर्व ही (12 फर. से 13 मार्च तक) सूर्य-राहु का योग कुम्भ में तथा मंगल-शनि का **समसप्तक** योग (क्रमशः मकर व कर्क राशियों पर) 18 फर. से 29 मार्च तक रहेगा। इस अवधि में किसी विशिष्ट राजनेता की पदच्युति अथवा आकस्मिक मृत्यु होने के योग हैं। कुछ प्रदेशों में जैसे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, आन्ध्र प्रदेश, असम आदि पूर्वी क्षेत्रों एवं जम्मू-कश्मीर आदि पश्चिमोत्तर प्रदेशों में हिंसक वारदातें, उपद्रव, अग्निकाण्ड, साम्प्रदायिक फिसाद एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होने के संकेत हैं—

यदा सौरिभौमे सुरराज मंत्री—भार्गवश्च यदैक राशौ समसप्तके वा।
अयोध्या, मध्यदेशे लंकापुरे पूर्वस्यां च क्षुधाभयं शस्त्रं करोति॥

चान्द्र चैत्रमास (4 मार्च से 2 अप्रैल) में ही **पाँच रविवारों** का समावेश होने से राज्यों में कहीं खाद्यान्न की कमी, मन्त्रीमण्डल में परिवर्तन या छत्रभंग तथा राजनेताओं में टकराव एवं अनाज, दालों आदि के मूल्यों में अत्यधिक तेजी के योग बनेंगे—

यत्र मासे रवेर्वाराः जायन्ते पञ्चसततम्। दुर्भिक्षं छत्रभंगः स्यात् दास्ते महद्भयम्॥

29 मार्च से 6 मई के बीच मंगल-शनि के मध्य **षडाष्टकयोग** तथा 7 अप्रैल से 1 मई तक गुरु-शुक्र ग्रहों के मध्य **समसप्तक** योग बनने से कहीं राजनीतिक संकट, छत्रभंग (सत्ता परिवर्तन), जनांदोलन, साम्प्रदायिक उपद्रव, उत्तर-पश्चिम भागों में कही विस्फोटक टकराव एवं हिंसक वारदातें होने के योग हैं। **वैशाख मास** (अप्रैल-मई) में **पाँच मंगलवार** होने से इस समयावधि में किसी विशिष्ट राजनेता की मृत्यु या अपदस्थ होना, विस्फोटक एवं हिंसक घटनाएँ आदि घटित होंगी—

यत्रमासे महीसूनो जायन्ते पञ्चवासराः। रक्तेन पूरिता पृथिवी छत्रभंङ्गस्तदाभवेत्॥

ज्येष्ठ अधिकमास (17 मई से 15 जून) तक की अवधि में **ज्येष्ठधिक मास** रहेगा। जिसके फलस्वरूप भी किसी प्रधाननेता की आकस्मित मृत्यु अथवा छत्रभंग होने के संकेत हैं—**ज्येष्ठ द्वये नृपध्वसो॥**

चान्द्र **ज्येष्ठ, आषाढ़** एवं **श्रावण मासों** में क्रमशः पांच शनि, पाँच रवि, फिर पाँच

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मंगलवार होने से कहीं बाढ़, भूकम्प, यान दुर्घटना, भूस्खलन आदि अप्रत्याशित प्रकृति के प्रकोप होने के संकेत हैं।

16 जून से 15 जुला. तक शनि-मंगल ग्रहों के मध्य पुनः शत्रु-दृष्टि (4-10) सम्बन्ध होने से भारत की आन्तरिक स्थितियाँ क्लिष्ट एवं संघषपूर्ण होंगी। महाराष्ट्र, उड़ीसा, असम, बिहार आदि प्रदेशों में बाढ़ आदि प्रकोपों के कारण जन,धन एवं कृषि की हानि का भय होगा। इन्हीं दिनों **श्रावण कृष्ण** पक्ष (30 तुला से 12 अगस्त के मध्य) **तेरह दिन का पक्ष** घटित होने से कुछ अन्य प्रदेशों जैसे—कश्मीर, गुजरात, उत्तर प्रदेश आदि में विस्फोटक घटनाएँ, साम्प्रदायिक दंगे अथवा बाढ़ादि प्राकृतिक आपदाओं के कारण जन, धन, कृषि आदि की क्षति होने के संकेत हैं। 'विश्वघस्रपक्ष' का फल अशुभ कहा गया है—

यदा च जायते पक्षस्त्रयोदश दिनात्मकः।
भवेत लोकक्षयो घोरो रूण्डमाला युता मही॥
अनेक युग सहस्रयां दैव-योगात्प्रजायते।
त्रयोदश दिने पक्षस्तदा संहरते जगत्॥

17 अग. से 1 सितं. के मध्य **सिंह राशि** पर सूर्य, शनि, बुध, केतु आदि ग्रहों का चतुर्ग्रही एवं **पंचग्रही** योग बनने से कश्मीर, असम, आन्ध्रादि प्रदेशों में कहीं उपद्रव, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होंगी। राजनेताओं में कहीं टकराव बढ़ेंगे—

एकराशौ यदा चत्वारः पञ्चखेचराः। प्लावयन्ति महीं सर्वा रूधिरेण जलेन वा।

27 अगस्त को **सूर्य व शनि** के मध्य **अंशात्मकयुति** होने से राजनीतिक हालात अस्थिर होंगे। किसी मूर्धन्य नेता के निधन या अपदस्थ होने के योग हैं। 30 अग. को सिंह राशि में सूर्य-केतु के मध्य अंशात्मक योग भी किसी विशिष्ट राजनेता के लिए अरिष्टकर होगा।

चान्द्र **कार्तिक मास** से चान्द्र **पौष मासों** के मध्य (26 अक्तू. से 22 जन. 2008 ई.) पुनः क्रमशः ५ शनिवार, ५ रविवार और पाँच मंगलवार घटित होने से देश में कहीं राजनीतिक अस्थिरता, छत्रभंग, उपद्रव, उपभोग्य वस्तुओं में अतिशय मूल्य वृद्धि के कारण लोगों में विक्षोभ, तनाव एवं गहन असन्तोष व्याप्त रहेगा।

16 दिसम्बर, **रविवार** के दिन **पौष संक्रान्ति** होना तथा **सिंह राशि** में शनि **वक्री** होने से राजनेताओं में परस्पर टकराव, अस्थिरता, अनाज, तैलादि उपभोग्य वस्तुओं में आशातीत वृद्धि तथा प्रजा में बेचैनी, दुःख, असन्तोष, भय व अशान्ति बढ़ेगी—

''संक्रान्ति आदित्य दिने न शस्ता करोति युद्धं नृपतेरतीव।
धान्यं महर्घं प्रतिरौद्रवार्ता प्रजाभवेद् दुखित हीन दीना॥''

अत्यन्त कठिन संघर्षपूर्ण एवं क्लिष्ट चुनौतियों के बावजूद भारत विदेशी व्यापार एवं विदेश नीति के अन्तर्गत अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, अफ़गानिस्तान, पाकिस्तान, ईरान, साऊथ अफ्रीका, ब्राज़ील, क्यूबा, जापान, इटली आदि देशों के साथ व्यापारिक एवं सांस्कृतिक सम्बन्धों में वृद्धि होगी। भारत के आर्थिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उन्नति होगी। न्यायपालिका एवं सांसदीय प्रणाली के बीच कई बार संवैधानिक गतिरोध पैदा होंगे। पाकिस्तान के साथ शान्ति-वार्ताओं की शृंखला के बावजूद राजनायिक सम्बन्धों में विशेष प्रगति नहीं होगी। देश की आन्तरिक समस्याएं जैसे बेरोज़गारी, बेईमानी, भ्रष्टाचार, कानून और व्यवस्था की स्थिति, विद्युत् संकट, आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में तेज़ी, पेयजल में कमी, ढीली आन्तरिक सुरक्षा, आरक्षण के मुद्दे, असन्तुलित आर्थिक विकास, साम्प्रदायिकता, बढ़ती जनसंख्या तथा लोगों में चारित्रिक मूल्यों का गिरता स्तर आदि समस्याएँ और अधिक गम्भीर होंगी। बहुमुखी क्लिष्ट समस्याओं के बावजूद भारतवर्ष कम्प्यूटर उद्योग, दूरसंचार, अन्तरिक्ष विज्ञान, कपड़ा उद्योग, स्टील उद्योग व अन्य मध्यमस्तरीय उद्योगों में विशेष उन्नति करेगा।

—भारत के कुछ प्रमुख प्रान्त—

हिमाचल प्रदेश—गणतन्त्र दिवस (26 जन. 2007 ई.) की कुण्डली में इस प्रदेश की प्रभावराशि मीन पर गुरु की स्वगृही दृष्टि पड़ रही है, जिससे सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार राज्य की बेहतरी के लिए अनेक उपयोगी योजनाएं तैयार करेगी। इनमें मुख्यतः ग्राम पंचायत संस्थाओं की स्थापना करके प्रदेश के गाँवों एवं शहरों के बहुमुखी विकास की ओर ध्यान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्युत्, संचार-साधनों, परिवहन, पर्यटन, कृषि, जल एवं पेयजल, आयुर्वेद से सम्बन्धित जड़ी-बूटियों के विकासार्थ पौधों सम्बन्धी अनुसंधानात्मक कार्य, सेबादि फलों की कृषि एवं वन-उद्योग, चिकित्सा, दूर-संचार, इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर कोचिंग सैंटर, बागवानी, शिक्षा एवं अन्य तकनीकी क्षेत्रों में विकास के विशेष प्रयास किए जाएंगे। यद्यपि विभिन्न विकास योजनाओं का विशेष लाभ साधारण लोगों को नहीं मिल पायेगा। भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी, पेयजल एवं खाद्यान्न, तैलादि आवश्यक उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में आशातीत वृद्धि के कारण सामान्य लोगों में गहरी निराशा एवं असन्तोष की भावनाएँ व्याप्त रहेंगी। प्रदेश की राशि मीन पर मंगल की अशुभ दृष्टि के प्रभावस्वरूप कई स्थलों पर जनांदोलन, आक्रोश एवं तोड़फोड़ की वारदातें घटित होंगी। वर्ष के उत्तरार्ध भाग में प्रदेश के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं अतिवृष्टि, भू-स्खलन, वायु एवं विद्युत् विस्फोट, बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं के कारण कृषि-धन व जन हानि होने के योग हैं। यान-वाहनादि सड़क दुर्घटनाओं की भी संभावनाएँ हैं।

पंजाब—इसकी प्रभाव राशि भी मीन है, परन्तु नाम राशि कन्या है। इसकी प्रभाव राशि मीन पर गुरु की स्वगृही दृष्टि 21 नवम्बर तक रहेगी। 6 अप्रैल से राशिस्वामी गुरु वक्री हो रहा है तथा 7 मई से 13 जून के मध्य इसकी राशि पर मंगल का संचार रहेगा। जिसके फलस्वरूप वर्ष के पूर्वार्द्ध भाग में सत्तारूढ़ सरकार के लिए विशेष चुनौतियों से भरा होगा तथा विपक्ष के बीच जबरदस्त आरोप-प्रत्यारोपों के कारण परस्पर टकराव एवं विरोध बढ़ेंगे। कई स्थलों पर हिंसा की घटनाएँ होने की भी आशंका रहेगी। पंजाब के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली एवं पेयजल की कमी, उपभोग्य वस्तुओं की कीमतों में अत्यधिक तेज़ी, भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी, कानून-व्यवस्था सम्बन्धी समस्या, लघु एवं मध्यम स्तरीय व्यापारियों तथा आम

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नागरिकों को टैक्स वृद्धि आदि की समस्याओं के कारण वर्तमान कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा एवं साख को गहरी ठेस पहुँचेगी। आगामी सम्भावित विधानसभा के चुनावों में स्पष्ट बहुमत मिलना संदिग्ध होगा। उपरोक्त क्लिष्ट समस्याओं के बावजूद यह प्रदेश साईंस, कम्प्यूटर टैक्नोलोजी, दूरसंचार, परिवहन, लघु-उद्योगों में श्लाघनीय उन्नति होगी।

जम्मू-कश्मीर—इसकी प्रभाव राशि तुला है। 58वें वर्ष की नई गणतन्त्र दिवस की कुण्डली में सकी प्रभाव राशि (तुला) का लग्न ही उदित हुआ है। राशिस्वामी शुक्र पंचम भाव में राहु-युक्त होकर पड़ा है। उस पर मुंथापति गुरु की गुप्त शत्रु दृष्टि पड़ रही है। ग्रहस्थिति के अनुसार आगामी वर्ष में कश्मीर घाटी की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति गत कुछ वर्षों की अपेक्षा बेहतर होगी। कांग्रेस की गठबन्धन सरकार प्रान्त में पर्यटन, सेब, लकड़ी आदि के वन-उद्योग, रेल-मोटर आदि परिवहन संसाधन, विद्युत, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, दूरसंचार साधन एवं तकनीकी रोज़गार जैसे शाल-गलीचे आदि गर्म वस्त्रों के उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष कदम उठाएगी। प्रान्तीय सरकार घाटी में सामाजिक उन्नति के लिए विभिन्न प्रकार की आर्थिक योजनाएं तैयार करेगी। भारत-पाक की शान्ति वार्ताओं को विफल करने की कोशिश में लगे कुछ आतंकवादी संगठन विस्फोटक एवं हिंसक घटनाओं से गतिरोध पैदा करने की कुचेष्टाएँ करेंगे।

हरियाणा—इसकी नाम राशि मिथुन है, परन्तु प्रभाव राशि मीन है। नव्य गणतन्त्र दिवस की कुण्डली में इसकी राशि पर मंगल एवं मुंथा-दोनों की संयुक्त दृष्टियाँ हैं। राशि स्वामी बुध का बुधादित्य योग चतुर्थ भाव में शुभ है। ग्रहयोग अनुसार वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार प्रदेश में कृषि एवं लघु व मध्यम स्तरीय उद्योगों की स्थापना के लिए उल्लेखनीय प्रयास करेगी। विद्युत, कृषि, इंजीनियरिंग, शिक्षा, चिकित्सा, जल-संसाधनों, पेयजल, रोज़गार, आवास, निर्माण आदि की समस्याओं से निपटने के लिए बहुमुखी विकास योजनाएँ तैयार करेगी। विद्युत, जल-आपूर्ति, रोज़गार सम्बन्धी क्लिष्ट समस्याओं के बावजूद आगामी वर्ष भवन-निर्माण, बिल्डिंग-मैटीरियल, रोज़गार आदि आर्थिक, शिक्षा, व्यापार-सम्बन्धी राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक विकास होंगे। परन्तु सामान्य प्रजा का प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश एवं भय की भावना रहेगी।

दिल्ली—नई गणतन्त्र दिवस कुंडली में इसकी प्रभाव राशि मकर पर सू., बु. का शुभ योग बना हुआ है। इस पर शनि की स्वगृही दृष्टि पड़ रही है। ग्रहस्थिति के अनुसार शुभाशुभ दोनों प्रकार के फल होंगे। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत-सी नई Multinational कम्पनीज़ की स्थापना होने से विश्व-व्यापार का केन्द्र बनेगा।

राज्य में परिवहन, सड़क, आधुनिक तकनीक से निर्मित फ्लाई ओवर (Fly-Over) मैट्रो ट्रेन, मैडिकल एवं प्रबन्धनात्मक शिक्षा, प्रोग्रैसिव कम्प्यूटर, इंजीनियरिंग आदि तकनीकी शिक्षाओं आदि के क्षेत्र में विकास हेतु विशेष प्रयास किये जाएंगे। परन्तु प्रदेश की कुछ मौलिक समस्याओं जैसे विद्युत, मंहगाई, भ्रष्टाचार, आवास, पेयजल, व्यापारी प्रतिष्ठानों पर सीलिंग एवं पुनर्वासादि की समस्याएँ सत्तारूढ़ राज्य सरकार की साख एवं प्रतिष्ठा के लिए अत्यधिक क्षतिकारक सिद्ध होगी।

उत्तर प्रदेश—प्रभाव राशि धनु तथा नाम राशि वृष है। गणतन्त्र दि. कुं. में इसकी प्रभाव राशि पर मंगल एवं मुंथा का योग बना हुआ है। ग्रहस्थिति अनुसार प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी, मंहगाई, साम्प्रदायिक उपद्रव एवं राजनीतिक पार्टियों के मध्य टकराव आदि के कारण आन्तरिक अशान्ति होगी, सामान्य प्रजा में आक्रोश व असन्तोष रहे। संभावित विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ समाजवादी पार्टी को कम सीटें प्राप्त होंगी। नेतृत्व परिवर्तन के प्रबल योग हैं। कांग्रेस पार्टी को अपेक्षाकृत अधिक सफलता प्राप्त होगी। पुनरपि सांझा गठबन्धन सरकार बनने के ही योग हैं।

जैसा कि गतवर्ष की पंचांगदिवाकर २०६३ में स्पष्टत: लिख आए थे कि फर., 2007 ई. तक विपक्षी पार्टियों के आरोप प्रत्याशेयों के बावजूद डॉ. मनमोहन एवं यू.पी.ए. सरकार सफलतापूर्वक अपना कार्यकाल निर्धारित अवधि तक निभाएगी। आगामी वर्ष की ग्रहस्थिति एवं ग्रहगोचर के आधार पर स्पष्टत: संकेत हैं कि आगामी वर्ष भी डॉ. मनमोहन सिंह एवं गठबन्धन (UPA) सरकार विकट चुनौतियों के बावजूद अपना कार्यकाल पूरा कर लेंगे। ऐसे ग्रह योग हैं। भविष्य की भारतीय राजनीति में भी गठबन्धन सरकारों का वर्चस्व रहेगा। उपरोक्त भविष्यवाणियां गोचर ग्रहों के आधार पर अपनी अलपसीमित बुद्धि अनुसार लियिबद्ध की गई। वास्तव में सर्वश्रेष्ठ भविष्यवेत्ता तो स्वयं भगवान् ही हैं—

फलानि ग्रहसंचारेण सूचर्यान्त। को वक्तः तारटम्यस्य वेधसं विना॥

लेख लिपिबद्धः—
भाद्र. शुक्ल द्वादशी, मंगलवार (वामन जयन्ती)
दिनांक : 5 सितम्बर, 2006 ई.

निवेदकः
पं. पन्ना लाल ज्योतिषी
(लेखक—पंचांगदिवाकर), जालन्धर
फोन-0181-2457959

गण्डमूल नक्षत्र शान्ति प्रयोग (भा. टी.)

—व्याख्याकार—पण्डित पन्ना लाल पंचांगकर्त्ता

अश्विनी, आश्लेषा, मघा, ज्येष्ठा-मूला एवं रेवती—सभी छः गण्डमूलक नक्षत्रों पर छपी अत्यन्त उपयोगी पुस्तक जिसमें नक्षत्र, ग्रहों के आवाहन, पूजन, हवन, दान आदि की व्याख्या शास्त्र विधि-विधान के साथ एवं हिन्दी व्याख्या सहित दी गई है। गण्डमूल के सभी छः नक्षत्रों पर ऐसी उपयोगी पुस्तक पहिले आपने नहीं देखी होगी। कर्मकाण्डी पण्डितों एवं नव-विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त लाभदायक पुस्तक है। **मूल्य 35 रूपये।**

कुछ अन्य नवीन प्रकाशन

- चातुवार्षिक श्राद्ध पद्धति 15/-
- शिव मन्त्रावली 100/-
- अनिष्ट ग्रहों के उपयोगी उपाये 100/-
- कार्तिक माहात्म 25/-
- नवग्रह पूजा विधान 25/-
- फलित ज्योतिष (पंजाबी भाषा में) 250/-
- आदित्य हृदय स्तोत्र 8/-
- दुर्गा सप्तशती (कविता रुपान्तर) 35/-
- श्रीमद्भगवद्गीता (कविता रूपान्तर) 35/-

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सूर्यादि ग्रहों का राशि प्रवेश, वक्री-मार्गी एवं उदयास्त घण्टे-मिन्टों में (सन् 2007-08 ई.)

सूर्य राशि प्रवेश

ता. मास	राशि	घं. मिं.	ता. मास	राशि	घं. मिं.
14 जन.	मकर	18/07	17 सितं.	कन्या	11/07
13 फर.	कुम्भ	7/06	17 अक्तू.	तुला	23/05
14 मार्च	मीन	27/59	16 नवं.	वृश्चिक	22/51
14 अप्रै.	मेष	12/28	16 दिसं.	धनु	13/27
15 मई	वृष	09/18	14 जन.(08)	मकर	24/07
15 जून	मिथुन	15/53	13 फर.	कुम्भ	13/05
16 जुला.	कर्क	26/44	14 मार्च	मीन	09/57
17 अग.	सिंह	11/09			

मंगल राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मकर में)

29 मार्च	कुम्भ	17/15	16 सितं.	मिथुन	21/37
7 मई	मीन	21/08	15 नवं.	वक्री	13/54
16 जून	मेष	20/21	31 जन. (08)	मार्गी	4/05
29 जुला.	वृष	8/29			

बुध राशि प्रवेश (संवतारम्भ में कुम्भ में)

7 अप्रै.	मीन	8/24	12 अक्तू.	वक्री	09/18
24 अप्रै.	मेष	12/39	30 अक्तू.	व. कन्या	17/06
8 मई	वृष	18/26	2 नवं.	मार्गी	04/36
24 मई	मिथुन	19/51	4 नवं.	तुला	17/52
16 जून	वक्री	05/11	27 नवं.	वृश्चिक	21/27
10 जुला.	मार्गी	07/40	16 दिसं.	धनु	24/36
1 अग.	कर्क	17/46	4 जन. (08)	मकर	17/26
16 अग.	सिंह	17/32	28 जन.	वक्री	25/58
1 सितं.	कन्या	24/31	19 फर.	मार्गी	08/38
22 सितं.	तुला	16/02	10 मार्च	कुम्भ	14/29
			30 मार्च	मीन	13/35

गुरु राशि प्रवेश (संवतारम्भ में वृश्चिक में)

6 अप्रै.	वक्री	06/54	22 नवं.	धनु	05/03
7 अग.	मार्गी	07/37			

शुक्र राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मेष में)

7 अप्रै.	वृष	04/30	27 जुला.	वक्री	22/55
2 मई	मिथुन	27/23	19 अग.	कर्क	19/18
30 मई	कर्क	22/40	8 सितं.	मार्गी	21/46
3 जुला.	सिंह	27/24	29 सितं.	सिंह	24/27

शुक्र राशि प्रवेश

ता. मास	राशि	घं. मिं.
3 नवं.	कन्या	09/11
30 नवं.	तुला	14/17
25 दिसं.	वृश्चिक	23/37
19 जन. (08)	धनु	15/39
12 फर.	मकर	24/42
8 मार्च	कुम्भ	07/23
1 अप्रै.	मीन	14/00

शनि राशि प्रवेश

(संवतारम्भ से कर्क में वक्री)

20 अप्रै.	मार्गी	02/56
16 जुला.	सिंह	04/41
19 दिसं.	वक्री	19/40

राहु

(संवतारम्भ से कुम्भ में)

सारा संवत् कुम्भ राशि में संचार करेगा।

केतु

(संवतारम्भ से सिंह में)

सारा संवत् सिंह राशि में संचार करेगा।

यूरेनस

पूरा संवत् कुम्भ राशि में संचार करेगा।

नैपच्यून

सम्पूर्ण संवत् मकर राशि में संचार करेगा।

प्लूटो

सम्पूर्ण संवत् धनु राशि में संचार करेगा।

ग्रहों का वक्री-मार्गी

मंगल

15 नवं.	वक्री	13/54
31 जन. (08)	मार्गी	4/05

बुध

16 जून	वक्री	05/11
10 जुला.	मार्गी	07/40
12 अक्तू.	वक्री	09/18
2 नवं.	मार्गी	04/36
28 जन. (08)	वक्री	25/58
19 फर.	मार्गी	08/38

गुरु

(संवतारम्भ में वक्री)

6 अप्रै.	वक्री	06/54
7 अग.	मार्गी	07/37

शुक्र

27 जुला.	वक्री	22/55
8 सितं.	मार्गी	21/46

शनि

(संवतारम्भ में वक्री)

20 अप्रै.	मार्गी	02/56
19 दिसं.	वक्री	19/40

संवत् के अन्त तक वक्री रहेगा।

यूरेनस

23 जून	वक्री	20/13
24 नवं.	मार्गी	15/47

नैपच्यून

25 मई	वक्री	06/40
31 अक्तू.	मार्गी	25/41

प्लूटो

1 अप्रै.	वक्री	04/12
7 सितं.	मार्गी	20/30
2 अप्रै. (08)	वक्री	14/46

ग्रहों का उदय-अस्त

मंगल

सम्पूर्ण वर्ष उदय रहेगा।

बुध

20 अप्रै.	पूर्वेऽस्त	24/35
14 मई	पश्चिमोदय	11/45
20 जून	व. पश्चिमास्त	14/50
7 जुला	व. पूर्वोदय	15/23
3 अग	पूर्वेऽस्त	23/50
30 अग.	पश्चिमोदय	8/50
18 अक्तू.	व. पश्चिऽस्त	12/25
30 अक्तू.	व पूर्वोदय	05/50
24 नवं.	पूर्वेऽस्त	08/42
8 जन.(08)	पश्चिमोदय	24/15
31 जन.	व पश्चिऽस्त	19/05
12 फर.	व पूर्वोदय	22/37
3 अप्रै.	पूर्वेऽस्त	11/29

गुरु

10 दिसं.	पश्चि. अस्त	16/30
6 जन. (08)	पूर्व उदय	5/45

शुक्र

7 अग.	पश्चि. अस्त	28/40
24 अग.	पूर्व उदय	04/45

शनि

4 अग.	पश्चि. अस्त	05/10
8 सितं.	पूर्व उदय	26/12

अंशात्मक युतियां-2007-08 ई.

31 मार्च = बुध-राहु (कुम्भ)
24 अप्रै. = मंग-राहु (कुम्भ)
3 मई = सूर्य-बुध (मेष)
28 जून = सूर्य-बुध (मिथुन)
1 जुला. = शुक्र-शनि (कर्क)
13 अग. = शुक्र-शनि (सिंह)
16 अग. = सूर्य-बुध (कर्क)
18 अग. = सूर्य-शुक्र (सिंह)
22 अग. = सूर्य-शनि (सिंह)
23 अग. = बुध-केतु (सिंह)
30 अग. = सूर्य-केतु (सिंह)
12 अक्तू. = शनि-केतु (सिंह)
14 अक्तू. = शुक्र-शनि (सिंह)
24 अक्तू. = सूर्य-बुध (तुला)
17 दिसं. = सूर्य-बुध (धनु)
23 दिसं. = सूर्य-गुरु (धनु)
21 दिसं. = बुध-गुरु (धनु)
1 फर. 08 = गुरु-शुक्र (धनु)
17 फर. 08 = सूर्य-राहु (कुंभ)
26 फर. = बुध-शुक्र (मकर)
10 मार्च = शुक्र-राहु (कुम्भ)
12 मार्च = बुध-राहु (कुम्भ)
24 मार्च = बुध-शुक्र (कुम्भ)

दृष्टि-सम्बन्ध

- 16 जून से 15 जुला. मध्य मंगल-शनि के मध्य चतुर्थ-दशम दृष्टि सम्बन्ध
- 22 नवं. से 10 अप्रै., 08 तक मंगल-गुरु मध्ये दृष्टि सम्बन्ध
- 29 जुला. से 15 सितं. तक मंगल-गुरु मध्ये समसप्तक योग
- 29 जुला. से 15 सितं. तक मं.-श. मध्ये पुनः ४-१० दृष्टि सम्बन्ध
- 17 अग. से 1 सितं. तक सिंह राशि में चतुर्ग्रही योग—सू., बु., श., के.।

ग्रहों का नक्षत्र-चरण प्रवेश संवत् २०६४ वि.

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रहों का नक्षत्र–चरण प्रवेश–संवत् २०६४ वि.

सूर्य नक्षत्र प्रवेश

2007 ई.	नक्षत्र	चरण
21 मार्च	उ.भा. (2)	
25 मार्च	उ.भा. (3)	
28 मार्च	उ.भा. (4)	
31 मार्च	रेव (1)	23/05
4 अप्रै.	रेव. (2)	
7 अप्रै.	रेव. (3)	
10 अप्रै.	रेव. (4)	
14 अप्रै.	अश्वि 1 मेष	12/28
17 अप्रै.	अश्वि (2)	
21 अप्रै.	अश्वि (3)	
24 अप्रै.	अश्वि (4)	
28 अप्रै.	भर. (1)	04/13
1 मई	भर. (2)	
4 मई	भर. (3)	
8 मई	भर. (4)	
11 मई	कृति (1)	22/28
15 मई	कृति (2) वृष	9/18
18 मई	कृति. (3)	
22 मई	कृति. (4)	
25 मई	रोहि. (1)	18/35
29 मई	रोहि. (2)	
1 जून	रोहि. (3)	
5 जून	रोहि. (4)	
8 जून	मृग (1)	16/32
12 जून	मृग. (2)	
15 जून	मृग (3) मिथु.	15/53
18 जून	मृग. (4)	
22 जून	आर्द्रा (1)	15/27
25 जून	आर्द्रा (2)	
29 जून	आर्द्रा (3)	
2 जुला.	आर्द्रा (4)	
6 जुला.	पुर्न (1)	15/07
9 जुला.	पुर्न. (2)	
13 जुला.	पुर्न. (3)	

2007 ई.	नक्षत्र	चरण
16 जुला.	पुर्न 4 कर्क	26/44
20 जुला.	पुष्य (1)	14/34
23 जुला.	पुष्य (2)	
27 जुला.	पुष्य (3)	
30 जुला.	पुष्य (4)	
3 अग.	आश्ले. (1)	13/32
6 अग.	आश्ले. (2)	
10 अग.	आश्ले. (3)	
13 अग.	आश्ले. (4)	
17 अग.	मघा 1 सिंह	11/09
20 अग.	मघा. (2)	
24 अग.	मघा. (3)	
27 अग.	मघा. (4)	
31 अग.	पू.फा. (1)	7/11
3 सितं.	पू.फा. (2)	
7 सितं.	पू.फा. (3)	
10 सितं.	पू.फा. (4)	
13 सितं.	उ.फा. (1)	25/02
17 सितं.	उ.फा. 2 क.	11/07
20 सितं.	उ.फा. (3)	
24 सितं.	उ.फा. (4)	
27 सितं.	हस्त (1)	16/34
30 सितं.	हस्त (2)	
4 अक्तू.	हस्त (3)	
7 अक्तू.	हस्त (4)	
11 अक्तू.	चित्रा (1)	05/34
14 अक्तू.	चित्रा (2)	
17 अक्तू.	चित्रा 3 तुला	23/05
21 अक्तू.	चित्रा (4)	
24 अक्तू.	स्वा. (1)	16/03
27 अक्तू.	स्वा. (2)	
31 अक्तू.	स्वा. (3)	
3 नवं.	स्वा. (4)	

2007-08 ई.	नक्षत्र	चरण
6 नवं.	विशा. (1)	24/14
10 नवं.	विशा. (2)	
13 नवं.	विशा. (3)	
16 नवं.	विशा. 4 वृश्चि.	22/51
20 नवं.	अनु. (1)	6/11
23 नवं.	अनु. (2)	
26 नवं.	अनु. (3)	
29 नवं.	अनु. (4)	
3 दिसं.	ज्ये. (1)	10/34
6 दिसं.	ज्ये. (2)	
9 दिसं.	ज्ये. (3)	
13 दिसं.	ज्ये. (4)	
16 दिसं.	मूले 1 धनु.	13/27
19 दिसं.	मूल. (2)	
22 दिसं.	मूल. (3)	
26 दिसं.	मूल. (4)	
29 दिसं.	पूषा. (1)	15/44
1 जन. (08)	पू.षा. (2)	
5 जन.	पूषा. (3)	
8 जन.	पूषा. (4)	
11 जन.	उ.षा. (1)	17/38
14 जन.	उ.षा. 2 मक.	24/07
18 जन.	उ.षा. (3)	
21 जन.	उ.षा. (4)	
24 जन.	श्रव. (1)	19/58
28 जन.	श्रव. (2)	
31 जन.	श्रव. (3)	
3 फर.	श्रव. (4)	
6 फर.	धनि. (1)	23/05
10 फर.	धनि. (2)	
13 फर.	धनि. (3) कुंभे	13/05
16 फर.	धनि. (4)	
19 फर.	शत. (1)	27/34

सूर्य नक्षत्र प्रवेश

2008 ई.	नक्षत्र	चरण
23 फर.	शत. (2)	
26 फर.	शत. (3)	
29 फर.	शत. (4)	
4 मार्च	पू.भा. (1)	9/55
7 मार्च	पू.भा. (2)	
10 मार्च	पू.भा. (3)	
14 मार्च	पू.भा. 4 मीने	9/57
17 मार्च	उ.भा. (1)	18/18
21 मार्च	उ.भा. (2)	
24 मार्च	उ.भा. (3)	
27 मार्च	उ.भा. (4)	
31 मार्च	रेव. (1)	5/12
3 अप्रै.	रेव. (2)	
6 अप्रै.	रेव. (3)	
10 अप्रै.	रेव. (4)	

मंगल नक्षत्र प्रवेश

2008 ई.	नक्षत्र	चरण
3 मार्च	श्रव. (1)	12/24
7 मार्च	श्रव. (2)	
12 मार्च	श्रव. (3)	
16 मार्च	श्रव. (4)	
20 मार्च	धनि. (1)	24/14
25 मार्च	धनि. (2)	
29 मार्च	धनि. 3 कुंभे	17/15
2 अप्रै.	धनि. (4)	
7 अप्रै.	शते. (1)	9/55
11 अप्रै.	शते. (2)	
15 अप्रै.	शते. (3)	
20 अप्रै.	शते. (4)	
24 अप्रै.	पू.भा. (1)	19/07
28 अप्रै.	पू.भा. (2)	
3 मई	पू.भा. (3)	
7 मई	पूभा. 4 मीन	21/08
12 मई	उ.भा. (1)	6/10
16 मई	उ.भा. (2)	

मंगल नक्षत्र प्रवेश

2007 ई.	नक्षत्र	चरण
20 मई	उ.भा. (3)	
25 मई	उ.भा. (4)	
29 मई	रेवती (1)	21/34
3 जून	रेवती (2)	
7 जून	रेवती (3)	
12 जून	रेवती (4)	
16 जून	अश्वि 1 मेष	20/21
21 जून	अश्वि (2)	
5 जुला.	भरणी (1)	6/43
9 जुला.	भरणी (2)	
14 जुला.	भरणी (3)	
19 जुला.	भरणी (4)	
24 जुला.	कृति (1)	10/00
29 जुला.	कृति 2 वृष	8/29
3 अग.	कृति. (3)	
8 अग.	कृति. (4)	
13 अग.	रोहिणी (1)	15/19
18 अग.	रोहिणी (2)	
24 अग.	रोहिणी (3)	
29 अग.	रोहिणी (4)	
4 सितं.	मृगे (1)	16/25
10 सितं.	मृगे. (2)	
16 सितं.	मृगे. 3 मिथु.	21/37
23 सितं.	मृगे. (4)	
30 सितं.	आर्द्रा (1)	14/58
8 अक्तू.	आर्द्रा (2)	
17 अक्तू.	आर्द्रा (3)	
30 अक्तू.	आर्द्रा (4)	
15 नवं.	वक्री	13/54
1 दिसं.	आर्द्रा (3)	12/57
12 दिसं.	आर्द्रा (2)	19/51
21 दिसं.	आर्द्रा (1)	14/46
29 दिसं.	मृग (4)	28/08

मंगल नक्षत्र प्रवेश

2008 ई.	नक्षत्र	चरण
31 जन. (08) को मार्गी		4/05
6 मार्च	आर्द्रा (1)	15/02
15 मार्च	आर्द्रा. (2)	
24 मार्च	आर्द्रा. (3)	
31 मार्च	आर्द्रा. (4)	
8 अप्रै.	पुर्न (1)	8/22

बुध नक्षत्र प्रवेश

2 मार्च	धनि. (3)	15/45
8 मार्च को मार्गी		10/26
14 मार्च	धनि. (4)	17/00
19 मार्च	शत. (1)	9/00
22 मार्च	शत. (2)	
25 मार्च	शत. (3)	
28 मार्च	शत. (4)	
31 मार्च	पू.भा. (1)	8/14
2 अप्रै.	पू.भा. (2)	
4 अप्रै.	पू.भा. (3)	
7 अप्रै.	पू.भा. 4 मीन	8/24
9 अप्रै.	उ.भा. (1)	11/59
11 अप्रै.	उ.भा. (2)	
13 अप्रै.	उ.भा. (3)	
15 अप्रै.	उ.भा. (4)	
17 अप्रै.	रेवती (1)	10/20
19 अप्रै.	रेवती (2)	
20 अप्रै.	रेवती (3)	
22 अप्रै.	रेवती (4)	
24 अप्रै.	अश्वि 1 मेष	12/39
26 अप्रै.	अश्वि. (2)	
27 अप्रै.	अश्वि. (3)	
29 अप्रै.	अश्वि. (4)	
30 अप्रै.	भर. (1)	24/39
2 मई	भर. (2)	
4 मई	भर. (3)	
5 मई	भर. (4)	

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बुध नक्षत्र प्रवेश

2007 ई.	नक्षत्र	चरण
7 मई	कृति. (1)	5/16
8 मई	कृति 2 वृष	18/26
10 मई	कृति (3)	
11 मई	कृति (4)	
13 मई	रोहि (1)	13/01
15 मई	रोहि. (2)	
16 मई	रोहि. (3)	
18 मई	रोहि. (4)	
20 मई	मृग. (1)	15/37
22 मई	मृग. (2)	
24 मई	मृग 3 मिथु.	19/51
26 मई	मृग. (4)	
29 मई	आर्द्रा (1)	18/56
1 जून	आर्द्रा (2)	
5 जून	आर्द्रा (3)	
11 जून	आर्द्रा (4)	03/54
16 जून	वक्री	05/11
21 जून	आर्द्रा (3)	09/28
27 जून	आर्द्रा (2)	23/55
3 जुला.	आर्द्रा (1)	26/07
10 जुला.	मार्गी	07/40
15 जुला.	आर्द्रा (2)	
20 जुला.	आर्द्रा (3)	
23 जुला.	आर्द्रा (4)	
26 जुला.	पुर्न. (1)	12/44
28 जुला.	पुर्न (2)	
30 जुला.	पुर्न (3)	
1 अग.	पुर्न 4 कर्क	17/46
3 अग.	पुष्य (1)	13/00
5 अग.	पुष्य (2)	
6 अग.	पुष्य (3)	
8 अग.	पुष्य (4)	
10 अग.	आश्ले. (1)	05/10
11 अग.	आश्ले. (2)	

2007 ई.	नक्षत्र	चरण
13 अग.	आश्ले. (3)	
14 अग.	आश्ले. (4)	
16 अग.	मघा 1 सिंह	17/32
18 अग.	मघा (2)	
19 अग.	मघा (3)	
21 अग.	मघा (4)	
23 अग.	पू.फा. (1)	14/05
25 अग.	पू.फा. (2)	
27 अग.	पू.फा. (3)	05/30
28 अग.	पू.फा. (4)	
30 अग.	उ.फा. (1)	25/03
1 सितं.	उ.फा. 2 कन्या	24/31
3 सितं.	उ.फा. (3)	
5 सितं.	उ.फा. (4)	
8 सितं.	हस्त (1)	6/25
10 सितं.	हस्त (2)	
12 सितं.	हस्त (3)	
14 सितं.	हस्त (4)	
17 सितं.	चित्रा (1)	11/46
19 सितं.	चित्रा (2)	
22 सितं.	चित्रा 3 तुला	16/02
25 सितं.	चित्रा (4)	
28 सितं.	स्वा. (1)	13/29
1 अक्तू.	स्वा. (2)	
6 अक्तू.	स्वा. (3)	
12 अक्तू.	वक्री	09/18
17 अक्तू.	व. स्वा. (2)	13/03
20 अक्तू.	स्वा. (1)	27/08
23 अक्तू.	चित्रा (4)	20/58
26 अक्तू.	चित्रा (3)	15/27
30 अक्तू.	चित्रा 2 कन्या	17/06
2 नवं.	मार्गी	4/36
4 नवं.	चित्रा 3 तुला	17/52
8 नवं.	चित्रा (4)	

2007-08 ई.	नक्षत्र	चरण
11 नवं.	स्वा. (1)	26/30
14 नवं.	स्वा. (2)	
16 नवं.	स्वा. (3)	
19 नवं.	स्वा. (4)	
21 नवं.	विशा. (1)	10/49
23 नवं.	विशा. (2)	
25 नवं.	विशा. (3)	
27 नवं.	विशा. 4 वृश्चि	21/27
29 नवं.	अनु. (1)	24/33
1 दिसं.	अनु. (2)	
4 दिसं.	अनु. (3)	
6 दिसं.	अनु. (4)	
8 दिसं.	ज्ये. (1)	12/46
10 दिसं.	ज्ये. (2)	
12 दिसं.	ज्ये. (3)	
14 दिसं.	ज्ये. (4)	
16 दिसं.	मूला 1 धनु	24/36
18 दिसं.	मूला (2)	
21 दिसं.	मूला (3)	
23 दिसं.	मूला (4)	
25 दिसं.	पू.षा. (1)	10/17
27 दिसं.	पू.षा. (2)	
29 दिसं.	पू.षा. (3)	
31 दिसं.	पू.षा. (4)	
2 जन. 08	उ.षा. (1)	16/21
4 जन.	उ.षा. 2 मक.	17/27
6 जन.	उ.षा. (3)	
8 जन.	उ.षा. (4)	
10 जन.	श्रव. (1)	21/21
12 जन.	श्रव. (2)	
14 जन.	श्रव. (3)	
17 जन.	श्रव. (4)	
19 जन.	धनि. (1)	22/20
22 जन.	धनि. (2)	
28 जन.	वक्री	25/58

बुध नक्षत्र प्रवेश

2008 ई.	नक्षत्र	चरण
3 फर.	धनि. (1)	25/32
6 फर.	व. श्रव. (4)	24/25
9 फर.	श्रव. (3)	
13 फर.	श्रव. (2)	06/45
19 फर.	मार्गी	08/38
25 फर.	श्रव. (3)	
1 मार्च	श्रव. (4)	
4 मार्च	धनि. (1)	20/28
7 मार्च	धनि. (2)	
10 मार्च	धनि. 3 कुंभ	14/29
13 मार्च	धनि. (4)	
15 मार्च	शत. (1)	15/19
17 मार्च	शत. (2)	
20 मार्च	शत. (3)	
22 मार्च	शत. (4)	
24 मार्च	पू.भा. (1)	13/20
26 मार्च	पू.भा. (2)	
28 मार्च	पू.भा. (3)	
30 मार्च	पू.भा. 4 मीन	13/35
1 अप्रै.	उ.भा. (1)	11/11
3 अप्रै.	उ.भा. (2)	
4 अप्रै.	उ.भा. (3)	
7 अप्रै.	उ.भा. (4)	
8 अप्रै.	रेव. (1)	15/13

गुरु नक्षत्र प्रवेश
(संवतारम्भ से वृश्चिक में)

6 अप्रै.	गुरू वक्री	06/54
17 मई	व ज्ये. (2)	14/01
13 जून	ज्ये. (1)	16/12
16 जुला.	अनु. (4)	19/31
7 अग.	मार्गी	07/39
28 अग.	ज्ये. (1)	19/06
29 सितं.	ज्ये. (2)	09/49

गुरु नक्षत्र प्रवेश

2007-08 ई.	नक्षत्र	चरण
19 अक्तू.	ज्ये. (3)	23/46
6 नवं.	ज्ये. (4)	09/02
22 नवं.	मूला 1 धनु	05/03
7 दिसं.	मूला (2)	05/28
21 दिसं.	मूला (3)	20/27
5 जन.(08)	मूला (4)	09/54
20 जन.	पू.षा. (1)	05/20
4 फर.	पू.षा. (2)	16/06
21 फर.	पू.षा. (3)	08/20
11 मार्च	पू.षा. (4)	11/04
5 अप्रै.	उ.षा. (1)	26/15

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

12 मार्च	अश्वि 1 मेष	27/49
15 मार्च	अश्वि (2)	21/47
18 मार्च	अश्वि (3)	15/56
21 मार्च	अश्वि (4)	10/15
24 मार्च	भर. (1)	04/44
26 मार्च	भर. (2)	23/25
29 मार्च	भर. (3)	18/20
1 अप्रै.	भर. (4)	13/30
4 अप्रै.	कृति. (1)	08/52
7 अप्रै.	कृति 2 वृष	04/30
9 अप्रै.	कृति. (3)	
12 अप्रै.	कृति (4)	
15 अप्रै.	रोहि. (1)	17/02
18 अप्रै.	रोहि. (2)	
21 अप्रै.	रोहि. (3)	
24 अप्रै.	रोहि. (4)	
27 अप्रै.	मृग. (1)	06/16
30 अप्रै.	मृग. (2)	04/35
2 मई	मृग 3 मिथुन	27/23
5 मई	मृग. (4)	
8 मई	आर्द्रा (1)	26/32
11 मई	आर्द्रा (2)	
15 मई	आर्द्रा (3)	

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

2007 ई.	नक्षत्र	चरण
18 मई	आर्द्रा (4)	
21 मई	पुर्न (1)	08/34
24 मई	पुर्न (2)	
27 मई	पुर्न (3)	
30 मई	पुर्न (4) कर्क	22/40
3 जून	पुष्य (1)	05/57
6 जून	पुष्य (2)	
9 जून	पुष्य (3)	
13 जून	पुष्य (4)	
17 जून	आश्ले. (1)	06/59
20 जून	आश्ले. (2)	
25 जून	आश्ले. (3)	
29 जून	आश्ले. (4)	
3 जुला.	मघा 1 सिंह	27/24
9 जुला.	मघा (2)	
16 जुला.	मघा (3)	
27 जुला.	वक्री	22/55
7 अग.	मघा (2)	20/07
14 अग.	मघा (1)	08/35
19 अग.	आश्ले. 4 कर्क	19/18
25 अग.	आश्ले. (3)	12/23
2 सितं.	आश्ले. (2)	23/15
8 सितं.	मार्गी	21/46
14 सितं.	आश्ले. (3)	
23 सितं.	आश्ले. (4)	
29 सितं.	मघा 1 सिंह	24/27
4 अक्तू.	मघा (2)	
9 अक्तू.	मघा (3)	
13 अक्तू.	मघा (4)	
17 अक्तू.	पू.फा. (1)	05/06
20 अक्तू.	पू.फा. (2)	
24 अक्तू.	पू.फा. (3)	
27 अक्तू.	पू.फा. (4)	
30 अक्तू.	उ.फा. (1)	22/12

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

2007-08 ई.	नक्षत्र	चरण
3 नवं.	उ.फा. 2 कन्या	09/11
6 नवं.	उ.फा. (3)	
9 नवं.	उ.फा. (4)	
12 नवं.	हस्त (1)	18/52
15 नवं.	हस्त (2)	
18 नवं.	हस्त (3)	
21 नवं.	हस्त (4)	
24 नवं.	चित्रा (1)	18/28
27 नवं.	चित्रा (2)	
30 नवं.	चित्रा 3 तुला	14/17
3 दिसं.	चित्रा (4)	
6 दिसं.	स्वा. (1)	08/04
9 दिसं.	स्वा. (2)	
11 दिसं.	स्वा. (3)	
14 दिसं.	स्वा. (4)	
17 दिसं.	विशा. (1)	15/09
20 दिसं.	विशा. (2)	
23 दिसं.	विशा. (3)	
25 दिसं.	विशा. 4 वृश्चि	23/37
28 दिसं.	अनु. (1)	18/00
31 दिसं.	अनु. (2)	
3 जन. (08)	अनु. (3)	
5 जन.	अनु. (4)	
8 जन.	ज्ये. (1)	17/46
11 जन.	ज्ये. (2)	
14 जन.	ज्ये. (3)	
16 जन.	ज्ये. (4)	
19 जन.	मूला 1 धनु	15/39
22 जन.	मूला (2)	
24 जन.	मूला (3)	
27 जन.	मूला (4)	
30 जन.	पू.षा. (1)	12/13
2 फर.	पू.षा. (2)	
4 फर.	पू.षा. (3)	
7 फर.	पू.षा. (4)	

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

2008 ई.	नक्षत्र	चरण
10 फर.	उ.षा. (1)	07/52
12 फर.	उ.षा. 2 मक.	24/42
15 फर.	उ.षा. (3)	
18 फर.	उ.षा. (4)	
20 फर.	श्रव. (1)	27/05
23 फर.	श्रव. (2)	
26 फर.	श्रव. (3)	
29 फर.	श्रव. (4)	
2 मार्च	धनि. (1)	21/59
5 मार्च	धनि. (2)	
8 मार्च	धनि. 3 कुंभ	07/23
10 मार्च	धनि. (4)	
13 मार्च	शत.(1)	16/48
16 मार्च	शत. (2)	
18 मार्च	शत. (3)	
21 मार्च	शत. (4)	
24 मार्च	पू.भा. (1)	11/43
27 मार्च	पू.भा. (2)	
29 मार्च	पू.भा. (3)	
1 अप्रै.	पू.भा. 4 मीन	14/00
4 अप्रै.	उ.भा. (1)	6/46
6 अप्रै.	उ.भा. (2)	
9 अप्रै.	उ.भा. (3)	

शनि नक्षत्र प्रवेश
(संवतारम्भ से कर्क में)

20 अप्रै.	मार्गी	02/56
13 जून	आश्ले. (4)	11/25
16 जुला.	मघा 1 सिंह	04/41
12 अग.	मघा (2)	12/36
7 सितं.	मघा (3)	20/20
5 अक्तू.	मघा (4)	25/11
12 नवं.	पू.फा. (1)	08/40
19 दिसं.	वक्री	19/40
26 जन. 08	मघा (4)	19/32
10 मार्च	मघा (3)	16/02

राहु नक्षत्र प्रवेश
(वर्षारम्भ से कुम्भ में)

18 अप्रै.	शत. (4)	23/18
20 जून	शत. (3)	21/05
22 अग.	शत. (2)	18/52
24 अक्तू.	शत. (1)	16/42
26 दिसं.	धनि. (4)	14/00
27 फर.(08)	धनि. (3)	11/59

केतु नक्षत्र प्रवेश

18 अप्रै.	पू.फा. (2)	23/18
20 जून	पू.फा. (1)	21/05
22 अग.	मघा (4)	18/52
24 अक्तू.	मघा (3)	16/42
26 दिसं.	मघा (2)	14/00
27 फर.(08)	मघा (1)	11/59

यूरेनस नक्षत्र प्रवेश
(वर्षारम्भ से कुम्भ में)

24 अप्रै.	पू.भा. (2)	
23 जून	वक्री	20/13
25 अग.	पू.भा. (1)	
24 नवं.	मार्गी	15/47
14 फर. (08)	पू.भा. (2)	
14 अप्रै.	पू.भा. (3)	

नैपच्यून नक्षत्र प्रवेश
(वर्षारम्भ से मकर में)

11 मार्च	धनि. (2)	14/11
25 मई	वक्री	06/40
13 अग.	धनि. (1)	
31 अक्तू.	मार्गी	25/41
12 जन.(08)	धनि. (2)	

प्लूटो नक्षत्र प्रवेश
(वर्षारम्भ से धनु में)

1 अप्रै.	वक्री	04/12
1 जुला.	मूला (1)	
7 सितं.	मार्गी	20/30
8 नवं.	मूला (2)	
17 फर. (08)	मूला (3)	
2 अप्रै.	वक्री	14/46

वि. संवत् २०६४ में विभिन्न सम्वतों का प्रारम्भ

वर्ष का राजा चन्द्र | **वर्ष का मन्त्री शनि**

- वि. संवत् (शर्वरी नामक) २०६४ का शुभारम्भ = १९ मार्च, सोमवार
- कल्पादि से गत वर्ष = 1,97,29,49,107 वर्ष
- सृष्टि का आरम्भ वर्ष = 1,95,58,85,108 वर्ष
- इनमें सतयुग की कुल समयावधि = 172,8000 वर्ष
- त्रेतायुग की कुल समय अवधि = 12,96,000 वर्ष
- द्वापर युग की कुल समय अवधि = 8,64,000 वर्ष
- कलियुग की कुल समय अवधि = 4,32,000 वर्ष
- भोग्य कलि वर्ष (Balance) = 426892 वर्ष
- २०६४ में कलि वर्ष = 5108वां वर्ष (19 अग., रविवार)
- श्री कृष्ण जन्म संवत् = 5243 प्रा., 3 सितं., सोमवार
- सप्तर्षि संवत् 5083 प्रा. = 19 मार्च, सोमवार
- महात्मा बुद्ध सम्वत् 2631 प्रा., = 2 मई, बुधवार
- महावीर निर्वाण संवत् 2533 प्रा. = 9 नवं., शुक्रवार
- सन् ईसवी (क्रिश्चियन) 2007 प्रारम्भ = 1 जनवरी, सोमवार
- सन् ईसवी (क्रिश्चियन) 2008 प्रारम्भ = 1 जनवरी, मंगलवार
- शाका संवत् 1929 प्रा. = 22 मार्च, सन् 2007 ई. गुरुवार
- हिजरी सन् 1428 (मुस्लि॰) प्रा. = 21 जन., 2007 ई., रवि
- फसली सन् 1415 प्रारम्भ = 7 सितम्बर, गुरुवार, 2007 ई.
- बंगाली सन् 1414 प्रारम्भ = 15 अप्रैल, रविवार, 2007 ई.
- नानकशाही संवत् 539 प्रारम्भ = 14 मार्च, बुधवार, 2007 ई.
- खालसा सम्वत् 309 प्रारम्भ = 14 अप्रैल, शनिवार, 2007 ई.
- जय हिन्द संवत् 61वाँ प्रा. = 15 अग. बुधवार, 2007 ई.
- पंचांगदिवाकर' का प्रवेश वर्ष 132वाँ = 19 मार्च, सोमवार, 2007 ई.

देवकार्य (देवपूजा) कैसे करें ?

1. देवपूजा उत्तरमुख होकर और पितृपूजा दक्षिणमुख होकर करना चाहिये।

2. नीला, लाल अथवा काला वस्त्र पहनकर और बिना धोया हुआ वस्त्र पहनकर भगवान् विष्णु की उपासना करने वाला दोषी माना जाता है और उसका पतन होता है।

3. गीले वस्त्रों को पहनकर अथवा दोनों हाथ घुटनों से बाहर करके जो जप, होम और दान किया जाता है, वह सब निष्फल हो जाता है।

4. केस खोलकर आचमन और देवपूजन नहीं करना चाहिये।

5. ताँबा मंगलस्वरूप, पवित्र एवं भगवान् को बहुत प्रिय है। ताँबे के पात्र में रखकर जो वस्तु भगवान् को अर्पण की जाती है, उससे भगवान् को बड़ी प्रसन्नता होती है। इसलिये भगवान् को जल आदि वस्तुएँ ताँबे के पात्र में रखकर अर्पण करनी चाहिये।

6. चाँदी पितरों को तो परमप्रिय है, पर देवकार्य में इसे अशुभ माना गया है। इसलिये देवकार्य में चाँदी को दूर रखना चाहिये।

7. भगवान् की उपासना करते समय दीपक का स्पर्श करने पर हाथ धो लेना चाहिये, अन्यथा दोष लगता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रमुख व्रत-पर्वों का शास्त्रीय निर्णय-वि. संवत् २०६४

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं नवरात्रारम्भ (19 मार्च, सोमवार, 2007 ई.)

हेमाद्रि में **ब्रह्मपुराण** के अनुसार चैत्र महीने के प्रथम दिन शुक्ल पक्ष में सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने समस्त जगत् को रचा है—

चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमेऽहनि।
शुक्लपक्षे समग्रं तु तदा सूर्योदय सति॥ हेमाद्रौ ब्राह्मोक्ते

यदि दोनों दिन प्रतिपदा में सूर्योदय का समावेश हो अथवा दोनों दिन की प्रतिपदा में सूर्योदय न हो, तो उस स्थिति में पूर्व विद्धा, अर्थात् **अमावस युक्ता** प्रतिपदा को ग्रहण करना चाहिए—

दिन द्वये तद् व्याप्तौअव्याप्तौ वा पूर्वैव ग्राह्या॥ (निर्णयसिन्धु व धर्मसिंधु॥)
पूर्व विद्धैव कर्त्तव्या प्रतिपत्सर्वदा बुधैः (वृद्ध वसिष्ठ)

धर्मसिन्धुकार अनुसार भी यदि चैत्र-शुक्ल प्रतिपदा में सूर्योदय का अभाव रहे, तो पूर्व अर्थात् अमा. विद्धा ही ग्रहण करनी चाहिए।

''तिथि चिन्तामणि'' के मतानुसार यदि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि का क्षय हो जाए, अथवा प्रतिपदा तिथि सूर्योदय कालिक न हो, तो ऐसी स्थिति में **अमावस्या युक्ता** प्रतिपदा में ही नवसम्वत्सर का आरम्भ एवं चैत्र नवरात्र के शुभ कर्त्तव्य-घटस्थापन, देवी पूजन आदि शुभ कृत्य सम्पादित कर लेने चाहिएँ—

''चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सम्वत्सराम्भ च तत्रौदयिकी ग्राह्या। यत्र क्षयवशादमा-युक्तैव लभ्यते, न द्वितीया युता तत्र अमा. विद्धायामपि प्रतिपदि कलश स्थापनादि कार्यम्॥''....[तिथि चिन्तामणि]

भविष्योतर पु. एवं वृद्ध वसिष्ठ जी के मत भी उपरोक्त वाक्यों की पुष्टि करते हैं।

कुछ पौराणिक ग्रंथों में अमा. युक्त चैत्र नवरात्र एवं दुर्गा पूजन, घटस्थापन आदि का निषेध मानते हुए यह कहा है कि यदि प्रतिपदा मात्र १ मुहूर्त्त (२ घड़ी) भी हो, तो भी नवरात्र द्वितीया युक्त ग्रहण करना चाहिए—जैसे देवी पुराण का कथन है—

अमा. युक्त न कर्त्तव्या प्रतिपद् चण्डिकार्चने।
मुहूर्त्त मात्रा कर्त्तव्या द्वितीयायां गुणान्विता॥ (देवीपुराण)

परन्तु प्रस्तुत वर्षारम्भ में द्वितीया के साथ प्रतिपदा के योग का सर्वथा अभाव है।

प्रस्तुत वर्ष **19 मार्च को अमावस** तिथि ४ घड़ी (प्रातः 8:13) तक है, तदुपरान्त प्रतिपदा ५४ घड़ी, ४८ पल तक व्याप्त है, अर्थात् 20 मार्च की प्रातः 4 बजकर 32 मिनट तक रहेगी—*अर्थात् प्रतिपदा तिथि २० मार्च के सूर्योदय से लगभग २ घण्टे ४ मिनट पहिले ही समाप्त हो जाने* ***से क्षय को प्राप्त हुई है।*** उपरोक्त शास्त्र वचनों का ध्यान में रखते हुए **19 मार्च सोमवार को प्रातः 8-15 के बाद नया शर्वरी नामक विक्रमी सम्वत् २०६४ प्रारम्भ होगा।** इसी दिन को संवत् पूजन, पंचांग फल श्रवण, चैत्र (वासन्त) नवरात्र आरम्भ, घटस्थापन, श्रीदुर्गापूजा, दीप स्थापन, ध्वजारोहण आदि शुभ कृत्यों का आरम्भ होगा। घटस्थापन, दीप प्रज्वलन आदि शुभ कार्यों का सम्पादन 19 मार्च सोमवार प्रातः 9 बजकर 20 मिनट से दुपै. 11 बजकर 13 मिनट तक—**अर्थात् वृष लग्न में अथवा अभिजित मुहूर्त्त** काल में करना विशेष प्रशस्त होगा।

सम्वत् के राजा (चन्द्रमा) का निर्णय

उदय व्यापिनी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन जो वार होता है, उसके स्वामी ग्रह को ही वर्षेश (वर्ष का राजा) माना जाता है। यदि प्रतिपदा का क्षय हो, अर्थात् दोनों दिनों में ही सूर्योदय न हो, तो पहिले दिन अमावस युक्ता प्रतिपदा वाले दिन वार के स्वामी को ही वर्ष का राजा मानने का शास्त्र नियम है—

चैत्रे सित प्रतिपदि यो वारोऽर्कोदये स वर्षेशः।
उदय द्वितये पूर्वोनोदय युगलेऽपि पूर्वस्यात्। (ज्योतिर्निबन्ध, निर्णय सिन्धुः)

उपरोक्त शास्त्र वचनानुसार 19 मार्च सोमवार, अमा. विद्धा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (सोमवार) के **स्वामी ग्रह चन्द्रमा को ही वर्षेष्ट**-अर्थात् सम्वत् का राजा माना जायेगा।

श्री दुर्गाष्टमी (चैत्र शुक्लाष्टमी) (26 मार्च, सोमवार)

भविष्यपुराणानुसार चैत्रशुक्ल अष्टमी को श्री दुर्गाभवानी का प्रादुर्भाव हुआ था॥ ''धर्म सिन्धु'' के अनुसार अष्टमी नवमी विद्धा ग्रहण करनी चाहिए—

''चैत्र शुक्लाष्टमी भवान्या उत्पत्ति॥
तत्र नवमी युता ग्राह्या''॥

इस सम्बन्ध में अन्य स्थान में उल्लिखित है कि शुभ फलों की कामना वाले भक्तों को नवमी युक्ता अष्टमी में श्रीदुर्गा पूजन आदि शुभ कृत्य करने चाहिएँ—

''अष्टम्या नवमी विद्धा कर्त्तव्या फलाकांक्षिभिः॥'' (दीक्षित)

सम्वत् २०६४ में, **ता. 26 मार्च, 2007 ई०, सोमवार को अष्टमी** १२ घड़ी, ४० पल तक व्याप्त है, तदुपरान्त नवमी का संयोग हुआ है। उपरोक्त शास्त्र वचनों के अनुसार श्री दुर्गाष्टमी एवं भवान्युत्पत्ति 26 मार्च, 2007 ई० सोमवार को ही समोचित होगी।

श्री रामनवमी (27 मार्च, मंगलवार)

श्री राम का अवतरण चैत्र शुक्ल नवमी तिथि, पुनर्वसु नक्षत्र एवं मध्यान्ह काल में हुआ था। चैत्र शुक्ल रामनवमी। चैत्र शुक्ल नवम्यां पुनर्वसु-युतायां मध्यान्हे कर्क लग्न राश्यां.....

यदि नवमी दो दिन मध्यान्ह व्यापिनी या दोनों दिन मध्यान्ह काल में व्याप्त न हो, तो उस स्थिति में दूसरे दिन (पर विद्धा नवमी वाले दिन) को ही श्रीरामनवमी का व्रतोत्सवादि करना चाहिए। फिर अष्टमी विद्धा नवमी का त्याग करना चाहिए—

''दिन द्वये मध्याह्नव्याप्त अव्याप्तौ वा परा, अष्टमी विद्धाया निषेधात्॥'' धर्मसिन्धु

प्रस्तुत वर्ष 27 मार्च मंगलवार को चैत्र शुक्ल नवमी १२ घड़ी ५५ पल (दुपै. 11:37 स्टै. टा.)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

तक व्याप्त है तथा नवमी पुनर्वसु युता भी है, जिससे यह महापुण्यतम एवं सर्वमनोकामनापूरक होगी, जिससे इस दिन व्रत, पूजनादि करना विशेष प्रशस्त होगा।

चैत्र मासे नवम्यां तु जातो रामः स्वयं हरिः।
पुनर्वसु ऋक्ष संयुक्ता सा तिथिः सर्वकामदा॥
श्री राम नवमी प्रोक्ता कोटिसूर्य ग्रहाधिका॥ निर्णयसिन्धु

अक्षया तृतीया (19 अप्रैल, गुरूवार)

वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि को अक्षया-तृतीया का व्रत-पर्व मनाया जाता है। इस दिन किए गए स्नान, दान, जप-होमादि सभी सत्कर्मों का फल अक्षय अर्थात् अनन्त होता है। यह पूर्वाह्न एवं मध्याह्न व्यापिनी मनानी चाहिए—

वैशाख शुक्ल तृतीया अक्षया तृतीयोच्यते। सा पूर्वाह्न-व्यापिनी ग्राह्या॥ (निर्णयसिन्धु॥)

यदि यह तिथि पूर्वार्द्ध भाग में दोनों दिन में होय, तो तीन मुहूर्त्त (६ घड़ी) से अधिक व्याप्ति की स्थिति में परली (चतुर्थी युता) लें, और यदि तीन मुहूर्त्त से कम हो तो पहिली ही ग्रहण करनी चाहिए। धर्मसिन्धु अनुसार—

''द्वेधा विभक्त दिन पूर्वार्द्धैक देश व्यापिनी दिनद्वये चेत्, त्रिमुहूर्त्ताधिक व्याप्ति सत्त्वे परा॥ त्रिमुहूर्त्त न्यूनत्वे पूर्वा॥'' (धर्मसिन्धु)

प्रस्तुत वर्ष, २० अप्रैल शुक्रवार को वैशाख शुक्ल तृतीया मात्र १ घड़ी, ८ पल तक व्याप्त है, जबकि 19 अप्रैल, गुरूवार को तृतीया तिथि पूर्वाह्न, मध्याह्न एवं अपराह्न व्यापिनी होने के कारण स्नान दान, जप, होमादि तर्पण आदि सत्कृत्यों के लिए प्रशस्त होगी। यद्यपि 20 अप्रै. शुक्रवार को भी तृतीया आंशिक रूप में प्रातःकालीन स्नान, दानादि कार्यों के लिए शुभ होगी।

श्रीपरशुराम जयन्ती भी 19 अप्रैल, गुरुवार को ही ग्राह्य होगी। क्योंकि तृतीया तिथि इसी दिन प्रदोष व्यापिनी है।

गंगा दशहरा (26 मई, शनिवार)

ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि गंगा दशहरा कहलाती है। ज्येष्ठ शुक्ला दशमी हस्त नक्षत्र युक्त हो, तो दश प्रकार के पापों को दूर करती, जिससे दशहरा कहलाती है—

ज्येष्ठे मासि सिते पक्षे दशमी हस्त संयुता।
हरते दश पापानि तस्मात् दशहरा स्मृता॥ (हेमाद्रिः)

योगाधिक्ये फलाधिक्यात्—इसमें जितने योगों की अधिकता रहे उतना फल अधिक होता है।

ज्येष्ठ अधिक मास होने की स्थिति में, उसी अधिक मास में यह पर्व मनाया जाता है, शुद्ध में नहीं—

''ज्येष्ठे मलमासे सति तन्नैव दशहरा कार्या न तु शुद्धे॥'' (धर्मसिंधु एवं नि. सिन्धु)

'ब्रह्मपुराणानुसार' इस दिन स्नान, दान, जप, व्रत एवं श्रीगंगा पूजन करने से विशेष पुण्यों की प्राप्ति होती है। ज्येष्ठ अधिक मास में गंगा स्नान, पूजनादि करना, शुद्ध ज्येष्ठ की अपेक्षा अधिक फलप्रदायक होता है।

संवत् २०६४ में 26 मई शनिवार को ज्येष्ठ शुक्ल अधिक पक्ष की दशमी तिथि के दिन ही **श्रीगङ्गा दशहरा (हरिद्वार)** का पर्व आयोजित होगा। इस दिन हस्त नक्षत्र का योग सायं 5-48 के बाद व्याप्त रहेगा। जो व्यक्ति हरिद्वार आदि तीर्थ पर न जा सके, वह घर में ही गङ्गाजल युक्ता स्वच्छ जल में मन्त्रपूर्वक, स्नान, आवाहन एवं पूजनादि करे—

मन्त्र—''ॐ नमः शिवायै नारायण्यै दशहरायै गङ्गायै नमः॥''

⇨गुरू पूर्णिमा, व्यास पूजा (29 जुलाई, रविवार)⇦

गुरू पूर्णिमा एवं व्यास पूजादि पर्व आषाढ़ पूर्णिमा में सम्पादित किए जाते हैं। परन्तु शास्त्र नियमानुसार सूर्योदय के पश्चात् आषाढ़ पूर्णिमा कम-से-कम तीन मुहूर्त्त (६ घड़ी) अवश्य व्याप्त रहनी चाहिए। यदि आषाढ़ पूर्णिमा तीन मुहूर्त्त से कम हो, तो गुरू पूर्णिमा, व्यास पूजा आदि पर्व पहले दिन, अर्थात् चतुर्दशी विद्धा पूर्णिमा में मनाएँ जाने चाहिएँ, यथा—

''व्यास पूजा निर्णय—अत्रैव व्यास पूजोक्ता। तत्रा त्रिमुहूर्त्ता चेत्परैवेति सन्यास पद्धतौ। त्रिमुहूर्त्ताधिकं ग्राह्यं पर्वक्षौर-प्रणामयोः॥'' —निर्णयसिन्धुः

अर्थात्—व्यास पूजा निर्णय के सम्बन्ध में संन्यास पद्धति में कहा गया है कि पूर्णिमा तीन मुहूर्त्त होय, तो अगली लेनी चाहिए। कारण यह है कि पर्व, क्षौर और प्रणाम (अर्थात् पूजार्चना) में तीन मुहूर्त्त से अधिक तिथि ग्रहण करनी चाहिए।

कोकिला व्रत एवं शिव शयनोत्सव पर्व तो पहिले ही आषाढ़ पूर्णिमा की संध्या एवं सायंकाल में करने का निर्देश है—

''अस्यामेव पौर्णमास्यां प्रदोष व्यापिन्यां श्री शिवस्य शयनोत्सवः॥''—धर्मसिन्धुः

उपरोक्त शास्त्र वचनानुसार **व्यास पूजा, गुरू पूर्णिमा,** कोकिला व्रत (गौरी पूजा), शिवशयनोत्सव आदि पर्वोत्सव, 29 जुलाई रविवार को मनाने ही शास्त्र सम्मत एवं उचित होंगे। ता. 30 जुलाई सोमवार को पूर्णिमा प्रातः केवल १ घड़ी, २० पल अर्थात् प्रातः 6 बजकर 18 मिनट तक व्याप्त रहेगी। उसके पश्चात् श्रावण कृष्ण प्रतिपदा का आरम्भ हो जाएगा। जबकि 29 जुलाई, रविवार को पूर्णिमा प्रातः 7 बजकर 16 मिनट से लेकर पूरा दिन तथा पूरी रात तक व्याप्त रहेगी॥

दूर्वाष्टमी (21 अगस्त, मंगलवार)

भविष्य पुराणानुसार यह व्रत भाद्र. शुक्लाष्टमी को धन-सम्पत्ति, सौभाग्य, दाम्पत्य एवं पुत्र सन्तान सुख की कामना से किया जाता है। शास्त्र-वचनानुसार भा. शु. अष्टमी के समय यदि अगस्त्य तारा का उदय हो चुका हो अथवा कन्या का सूर्य हो, तो शास्त्रानुसार दूर्वाष्टमी पूर्ववर्ती किसी अन्य मास की अष्टमी (भा. कृष्ण या श्रावण शुक्लाष्टमी) में यह व्रत करना चाहिए, जबकि अगस्त्य तारा अदृश्य (अस्तंगत) हो—

सिंहार्के एव कर्त्तव्या न कन्याऽर्के कदाचन।
सिंहस्थे सोत्तमा सूर्येऽनुदिते मुनिसत्तम्॥ स्कंद पुराण
इदं दूर्वा पूजनं व्रतं कन्याऽर्केऽगस्त्योदये च वर्ज्यम्॥ (धर्मसिन्धुः)

''भाद्रपद शुक्लाष्टम्यामगस्त्योदये भाविनि सति पूर्व कृष्ण-अष्टम्यामेव कुर्यादिति हेमाद्रिः।'' निर्णयसिन्धुः

संवत् २०६४ में भाद्र शुक्लाष्टमी एवं भाद्र कृष्णाष्टमी से पूर्व ही, 3 सितम्बर को अगस्त्य तारा का उदय हो चुका है। इस स्थिति में श्रावण शुक्लाष्टमी अर्थात् 21 अगस्त, मंगलवार 2007 ई. को दूर्वाष्टमी व्रत, पूजनादि कृत्य करने शुभ होंगे॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भाद्र. कृष्णाष्टमी = श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत निर्णय

(3 सितम्बर सोमवार, अर्द्ध रात्रि व्यापिनी, रोहिणी योगे
4 सितम्बर, मंगलवार, उदय व्यापिनी)

भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को भगवान् श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाती है। सिद्धान्त रूप में अर्धरात्रि में व्याप्त रहने वाली अष्टमी तिथि ही अधिक मान्य होती है—

''कृष्ण जन्माष्टमीऽयं निशीथ व्यापिनी ग्राह्या।
पूर्व-दिन एव निशीथ योगे पूर्वा॥'' (धर्मसिन्धु)

सम्वत् २०६४ में **3 सितम्बर 2007 ई.**, सोमवार की रात्रि 9 बजकर 4 मिनट से लेकर आगामी दिवस 4 सितं., मंगलवार की सायं 7 बजकर 8 मिंट तक अष्टमी तिथि व्याप्त रहेगी तथा **रोहिणी नक्षत्र, 3 सितं. की सायं** 7 बजकर 43 मिंट से प्रारम्भ होकर आगामी दिन सायं 6-31 मिंट तक रहेगा। इस प्रकार 3 सितम्बर सोमवार की अर्द्धरात्रि के समय अष्टमी तिथि तथा रोहिणी नक्षत्र, वृष का चन्द्रमा एवं चन्द्रोदय काल (चं. उ. 22/42 रात्रि घं. मिं.) इसी दिन होने से **श्रीकृष्ण जन्माष्टमी** का व्रत, पूजा, चन्द्र को अर्घ्य दान, झूला-झुलाना, श्री कृष्ण कीर्तन आदि कृत्य करने विशेष प्रशस्त होंगे। रोहिणी का योग होने से इस दिन जयन्ती योग भी रहेगा। 4 सितम्बर, मंगलवार को अष्टमी तिथि तथा रोहिणी संयोग सायं ३० घड़ी ५५ पल, अर्थात् शाम 7 बजकर 31 मिनट तक रहेगा। **अर्द्धरात्रि काल में अष्टमी तिथि और रोहिणी दोनों का अभाव रहेगा।**

ता. 4 सितं. को यद्यपि **सूर्योदय** से लेकर सायं 7 बजकर 8 मिंट तक अष्टमी व्याप्त रहेगी, तदुपरांत अर्द्धरात्रि में नवमी व्याप्त होगी, जिसके फलस्वरूप जन्माष्टमी के व्रत, पूजन, अर्घ्यदान आदि का विशेष अधिक पुण्य लाभ नहीं होगा।

सिद्धान्त ग्रंथों में अधिकांश व्रत-पर्व, त्यौहारों को कर्मकाल विद्यमान तिथि के दिन ही करने के निर्देश दिए गए हैं। यथा—

तत्र सर्वातिथिः यदहः कर्मकाल व्यापिनी सैव ग्राह्या॥ (निर्णयसिन्धुः)

अर्थात् ''जो तिथि कर्म के समय तक जिस दिन रहे, वही ग्रहण करनी चाहिए।''

कर्मणो यस्य कालस्तत् कालव्यापिनी तिथिः।
तस्य कर्माणि कुर्वीत ह्रासवृद्धी न कारणम्॥ (विष्णु धर्मः)

इस प्रकार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का ***कर्मकाल अर्द्धरात्रि अष्टमी, वृष का चन्द्रमा एवं चन्द्रोदय काल*** *है, क्योंकि उसी समय से पूर्व श्रीकृष्ण के निमित्त व्रत, जन्म कालानन्तर बाल रूप में विशेष पूजा, झूला-झुलाना, चन्द्र को अर्घ्यदान, जागरण-कीर्तन आदि करने का विधान है।*

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के व्रतोत्सव के लिए अर्द्धरात्रि में अष्टमी होना अनिवार्य है। पूर्व दिन अर्द्धरात्रि व्याप्त अष्टमी को छोड़कर यह व्रत, उस दिन करना, जिस दिन आधी रात के समय अष्टमी का अभाव है—किसी प्रकार भी न्याय संगत नहीं लगता। यद्यपि कुछ विद्वानों के अनुसार सप्तमी विद्धा अष्टमी वर्जित मानी जाती है, लेकिन यह वर्जन तभी ग्राह्य है, जबकि अष्टमी दो दिन अर्द्ध रात्रि व्यापिनी हो, या दोनों दिन अर्द्धव्यापिनी न हो।

दिन द्वये अर्धरात्र व्याप्ता व व्याप्तौ वा परैव॥.....(व्रतराज)

जहाँ मुख्य काल विषय में पूर्व दिन ग्रहण करने योग्य तिथि हो, वहाँ पूर्व तिथि ग्रहण करें। दूसरे दिन भी ग्राह्य तिथि हो, तो परा तिथि लेनी, इसमें संदेह नहीं। यदि दोनों दिन पूरी तिथि व्याप्त हो, तो ही युग्म वाक्य से निर्णय करना।

''तत्र पूर्वेद्युरेव मुख्य कालेग्राह्य तिथि सत्त्वे पूर्वैव परत्रैव सत्त्वेपरैवेत्य संदेहः।
उभय यत्रापि पूर्ण व्याप्ति युग्म वाक्य निर्णयः॥'' धर्म सिन्धुः

आगे पुनः **धर्मसिन्धु** अनुसार ही कृष्ण पक्ष में पूर्व विद्धा अष्टमी ग्रहण करनी चाहिए तथा शुक्ल में पूरा विद्धा ग्रहण करें—

व्रत मात्रेऽष्टमी शुक्ल पक्षेपरा कृष्ण पक्षे पूर्वा॥ (धर्म सिन्धुः)

भगवान् श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के व्रत, पूजन, झूला झुलाना, संकीर्तन, जागरण आदि के सम्बन्ध में अधिकांश शास्त्रकारों ने रोहिणी नक्षत्र युक्त, अर्द्ध रात्रि व्यापिनी भाद्र कृष्णाष्टमी को ही ग्राह्य बतलाया है। इस सम्बन्ध में कुछ और शास्त्र-वाक्य उद्धृत किए जाते हैं—

भविष्यपुराण व विष्णुधर्म के अनुसार यदि भाद्र. कृष्ण पक्ष की अष्टमी को आधी रात के समय रोहिणी नक्षत्र होय, तो उसमें भगवान् श्री कृष्ण का व्रत, पूजनादि करने से तीन जन्मों के पाप दूर हो जाते हैं। भविष्यपुराण अनुसार,

अर्धरात्रे तु रोहिण्यां, यदा कृष्णाष्टमी भवेत्। तस्यामभ्यर्चनं शौरेर्हन्ति त्रिजन्मजम्॥

''वसिष्ठ संहिता'' अनुसार यदि रोहिणी युक्त कृष्णाष्टमी आधी रात को उपलब्ध हो, तो वही मुख्य काल कहा जाता है, क्योंकि हरि (भगवान् कृष्ण) स्वयं इसी योग में प्रगट हुए थे—

अष्टमी रोहिणी युक्ता निश्यर्धे दृश्यते यदि।
मुख्यकाल इति ख्यातस्तत्र जातो हरिः स्वयम्॥ (वसिष्ठ संहिता)

'धर्म सिन्धुकार' के अनुसार भी निशीथ-व्यपिनी अष्टमी एवं रोहिणी नक्षत्र योग से पूर्वा तिथि अर्थात् सप्तमी विद्धा अष्टमी ग्रहण करने का अनुरोध किया है—

विद्धाधिकायां पूर्व दिन एवं निशीथात्पूर्वं निशीथे वा रोहिणी योगे पूर्वा॥ (धर्मसिन्धुः)

नारद ऋषि अनुसार—

कार्या विद्धाऽपि सप्तम्या रोहिणी सहिताष्टमी।
तत्रोपवासं कुर्वति तिथ्यान्ते पारणम्॥ नारद

सप्तमी तिथि विद्धा भी हो, तो भी उसमें व्रतोपवास करके, तिथि के अन्त होने पर उसका पारणा करनी चाहिए।

कार्या विद्धापि सप्तम्या रोहिणी सहिताष्टमी॥ (पद्मपुराण)

अर्थात् सप्तमी विद्धा अष्टमी भी यदि रोहिणी युक्त हो, तो उसमें व्रतादि कार्य करने चाहिए।

अग्निपुराण अनुसार तो सप्तमी युक्त अष्टमी, अर्द्धरात्रि काल में यदि रोहिणी नक्षत्र युक्त

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

हो, तो वह अष्टमी तब तक पुण्यप्रदायक है, जब तक सूर्य-चन्द्र रहेंगे अर्थात् अक्षय पुण्यप्रदा है।

'गौतमी तन्त्र' में तो अर्ध रात्रिकालीन अष्टमी, यदि रोहिणी नक्षत्र युक्त हो, तो उस तिथि में किया गया व्रतोपवास, जपादि करोड़ों यज्ञों का फल देने वाला होता है। भाद्र कृष्णाष्टमी, रोहिणी नक्षत्र, काल में यदि सोमवार या बुधवार का संयोग हो जाए, तो वह जयन्ती नाम से विख्यात होती है। जन्म-जन्मान्तरों के पुण्यों से ऐसा योग प्राप्त होता है। जिसको जयन्ती-उपवास का सौभाग्य मिलते है, उसके कोटि जन्म कृत पाप नष्ट हो जाते हैं॥

''अष्टमी रोहिणी युक्ता चार्ध रात्रे यदा भवेत्।
उपोष्य तां तिथिं विद्वान् कोटियज्ञ फलं लभेत्॥
सोमाह्नि बुधवासरे वा अष्टमी रोहिणीयुता।
जयन्ती सा समाख्याता सालभ्या पुण्य सञ्चयैः॥''
तस्यामुपोष्य यत्पापं लोकः कोटिभवोद् भवम्।
विमुच्य निवसेद् विप्र वैकुण्ठे विरजे पुरे॥ (गौतमी तन्त्र)

ऐसे और भी बहुत से शास्त्र प्रमाण मिलते हैं, जो कि रोहिणी युक्ता, सप्तमी विद्धा, अर्ध रात्रिव्यापिनी भाद्र. कृष्ण अष्टमी में व्रतोपवास आदि कृत्य करने की शास्त्राज्ञा देते हैं। मीमांसक भट्टोजि दीक्षित के मतानुसार तो अर्द्ध रात्रि व्यापिनी अष्टमी में श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी का व्रत करना चाहिए, उस समय रोहिणी नक्षत्र को योग हो अथवा न हो। दूसरे दिन नवमी युक्ता अष्टमी के साथ रोहिणी नक्षत्र का योग अर्थहीन है—

रोहिणी योगाभावेऽपि अर्द्धरात्र व्यापिनी अष्टमी ग्राह्या।
पर दिने नक्षत्र योगः अकिंचित्करः॥

—स्मार्त और वैष्णवों का भेद—

परवर्ती ग्रंथाकारों के अनुसार—पूर्व युक्ता अर्थात् सप्तमी विद्धा अष्टमी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत, पूजादि करने वाले धर्मपरायण लोगों को स्मार्त एवं गृहस्थी लोग कहा जाता है, जबकि संन्यासादि धर्म एवं निष्काम व्रत धारण करने वाले वीतरागी लोगों को वैष्णव की संज्ञा दी गई है। उनके लिए सप्तमी विद्धा अष्टमी को न ग्रहण कर नवमी विद्धा अष्टमी का ही व्रतोपासना आदि करने की शास्त्राज्ञा दी गई है—

स्मार्त्तानां गृहिणी पूर्वा पोष्या, निष्काम वनस्थे विधवाभिः वैष्णवैश्च परै वा पोष्या॥
वैष्णवास्तु अर्द्धरात्रि व्यापिनीमपि रोहिणी युतामपि सप्तमी विद्धामष्टमीं परित्यज्य नवमी युतैव ग्राह्या॥ (धर्म सिन्धु)

नवमी युता अष्टमी में श्रीकृष्ण व्रतोपासना करने के सम्बन्ध में भी कुछ ग्रंथों में वचन पाए जाते हैं, उनमें से कुछ निम्नतः उल्लेखनीय हैं, यथा—

वर्जनीया प्रयत्नेन सप्तमी संयुताष्टमी।
स ऋक्षापि न कर्त्तव्या सप्तमी संयुताष्टमी॥ (निर्णयामृत)

पद्म पुराण के अनुसार जिन्होंने श्रावण (भाद्रपद) में रोहिणी नक्षत्र एवं बुधवार या सोमवार युक्त तथा नवमी युक्ता जन्माष्टमी का व्रत किया हो, वोह प्रेतयोनि को प्राप्त हुए अपने पितरों को भी प्रेत योनि से मुक्त कराते हैं—

प्रेतयोनिगतानां तु प्रेतत्वं नाशितं तु तैः। यैः कृता श्रावणे (भाद्रे) मासि अष्टमी रोहिणी युता। किं पुनः बुधवारेण सोमेनापि विशेषतः। किं पुनर्नवमी युक्ता कुलकोट्यास्तु मुक्तिदा॥''

स्कन्दपुराणानुसार भी उदयकालिक अष्टमी को ही ग्राह्य माना गया है, नवमी युक्ता यदि अष्टमी हो तथा बुधवार एवं रोहिणी नक्षत्र का योग भी हो, तो ऐसी जन्माष्टमी सौ वर्षों में भी दुर्लभ, अर्थात् उत्तम फल प्रदायक है।

''उदयेचाष्टमी किंचिन्नवमी सकला यदि। भवते बुध संयुक्ता प्राजापत्यर्क्ष संयुता। अपि वर्षशतेनापि लभ्यतेवाऽथवा न वा'' —(स्कन्द पुराण)

इस प्रकार की उदय व्यापिनी अष्टमी-रात्रिकाल में नवमी युक्ता होने पर भी ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं को वैष्णव कहा जाता है तथा सप्तमी युक्ता अर्द्ध-व्यापिनी अष्टमी को व्रतादि करने वाले श्रद्धालु भक्तों को स्मार्त्त कहा जाता है। ध्यान रहे, कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि, मथुरा-वृन्दावन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत, उत्सव प्रायः उदयकालिक (नवमी युक्ता) अष्टमी में ही मनाया जाता है।

अधिकांश शास्त्रकारों ने अर्धरात्रिव्यापिनी अष्टमी को ही व्रतोत्सव, पूजनादि करने की पुष्टि की है; क्योंकि श्रीभागवत पुराण अनुसार भगवान श्री कृष्ण का जन्म अर्धरात्रि (निशीथ व्यापिनी रात्रि) के समय ही हुआ था। यद्यपि कुछ स्थलों पर उदय व्यापिनी (नवमी युता) अष्टमी मनाने के सम्बन्ध में भी शास्त्र-वचन मिलते हैं, परन्तु हमारे मतानुसार धर्मपरायण श्रद्धालुओं को किसी प्रकार के पूर्वाग्रहों में न पड़ते हुए दोनों दिन अष्टमी होने की स्थिति में, पूर्वदिन, अर्धरात्रि व्यापिनी अष्टमी वाले दिन संकल्प सहित व्रत, जप, चन्द्रार्घ्य, झूला-झुलाना, संकीर्तन, स्तोत्र पाठ आदि कृत्य करने चाहिएं। दूसरे दिन अष्टमी तिथि और नक्षत्र के समाप्त होने पर पारणा (उद्यापन) उत्सव करना चाहिए। महर्षि भृगुजी का मत इस सम्बन्ध में द्रष्टव्य है— जन्माष्टमी रोहिणी च शिवरात्रिस्तथैव च।
पूर्व विद्धैव कर्त्तव्या तिथिभान्ते च पारणम्॥ (भृगु)
तिथ्यन्ते चोत्सवान्ते च व्रती कुर्वीत पारणम्॥ (याज्ञ. स्मृति)

अर्धरात्रि व्यापिनी अष्टमी के दिन विधिपूर्वक व्रत, पूजन, चन्द्र अर्घ्य देकर झूला-झुलाना, कीर्तन एवं जागरणादि करके दूसरे पूर्वाह्न में पुनः स्नानादि करके 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' आदि मन्त्रों का जप तथा श्री कृष्ण सम्बन्धी स्तोत्रों का पाठ करना चाहिए। फिर अष्टमी तिथि अथवा जिस नक्षत्र के योग में व्रत किया गया हो, उसकी समाप्ति (अन्त) होने पर पारणा करना चाहिए। यदि अभीष्ट तिथि या नक्षत्रादि के समाप्त होने में विलम्ब हो, अथवा किसी कारणवश असमर्थता हो, तो साधक केवल जल पीकर या फल खाकर पारणा की पूर्ति करें।

अतएवं 3 सितम्बर को व्रत-पूजनादि की दृष्टि से अर्द्धरात्रि व्या. अष्टमी, रोहिणी योग तथा सोमवार भी होने से जयन्ती योग के साथ-साथ अत्युत्कृष्ट फलप्रद योग भी बना है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दूसरे दिन 4 सितं. को केवल सायं तक अष्टमी व रोहिणी का योग बना है। हमारे मतानुसार दोनों दिन यथाशक्ति व्रत, पूजन, श्रीकृष्ण स्तोत्र पाठ, मन्त्र-जप, ध्यानादि करके इन पुण्य सुअवसरों का लाभ उठाना चाहिए। क्योंकि जिस मनुष्य को श्री कृष्णाष्टमी के उपवास, पूजनादि का सौभाग्य मिलता है, उसके कोटि जन्मकृत पाप नष्ट हो जाते हैं, तथा वह जन्म बन्धन से मुक्त होकर दिव्य वैकुण्ठादि भगवत् धाम में निवास करता है।

शुभाकांक्षी—(पं. पन्ना लाल शर्मा)

वामन द्वादशी

भाद्र. शुक्ल पक्ष की द्वादशी वामन द्वादशी-वामन जयन्ती के रूप में मनाई जाती है। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार वामन भगवान के अवतार के समय श्रवण नक्षत्र एवं मध्याह्न व्यापिनी द्वादशी थी। इसी कारण वामन द्वादशी श्रवणयुक्त ग्रहण की जाती है—

मध्याह्नव्यापिनी द्वादशी मध्यान्हे ततोऽन्यत्र वा काले श्रवणयुता।

यदि पंचांग गणित कारण द्वादशी में श्रवण योग न हो और एकादशी में श्रवण हो तो एकादशी में ही श्रवणद्वादशी (वामन जयंती) का व्रत करना चाहिए—

अत्र द्व दश्यां श्रवण योगाभावे एकादश्यां श्रवण योगे तत्रैव श्रवण द्वादशी व्रतं कार्यम्

(धर्मसिन्धु)

संवत् २०६४ में भाद्र. शुक्ल द्वादशी तिथि प्रातः 9.27 तक होने से न मध्याह्न व्यापिनी है और न ही इस दिन श्रवण नक्षत्र का योग है। परन्तु **23 सितम्बर** रविवार को प्रातः 10.59 के बाद मध्याह्न में द्वादशी तिथि तथा श्रवण नक्षत्र की व्याप्ति होने से **वामन जयन्ती** का पर्व इसी दिन को मनाया जाएगा।

आश्विन कृष्ण चतुर्थी व पंचमी का श्राद्ध

आश्विन (पितृ पक्ष) में मृत व्यक्ति की जो तिथि आए, उस तिथि पर मुख्य रूप से पार्वण श्राद्ध करने का विधान है। पार्वण श्राद्ध में पिता, पितामह, प्रपितामह, सपत्नीक अर्थात् माता-दादी और परदादी सहित छः जनों का श्राद्ध होता है। श्राद्ध कर्म में मध्याह्न एवं अपराह्न—दोनों काल विशेषतः ग्राह्य माने गए हैं, यथा—

(क) मध्याह्न—खड्गपात्रं, च तथा नेपाल कम्बलः, दर्भा-तिला, गावो दौहित्रश्चाष्टमः स्मृतः॥ (मत्स्य पुराण)

(ख) **पूर्वाह्ने मातृकं श्राद्धमपराह्णे तु पैतृकम्।**
एकोद्दिष्टं तु मध्याह्ने प्रातर्वृद्धि निमित्तकम्॥

प्रस्तुत वर्ष, **चतुर्थी का श्राद्ध** दो दिन ग्राह्य रहेगा। ता. 29 सितं. शनिवार को **तृतीया का श्राद्ध** दोप. 2.43 तक (मध्याह्न एवं अपराह्न दोनों काल में व्याप्त रहेगा)

इस दिन अपराह्न काल दुपै. 1.29 से 3 बजकर 51 मिनट तक रहेगा। अतएव दुपै. 2.44 से 3.51 तक चतुर्थी का श्राद्ध माना होगा।

ता. 30 सितं. को चतुर्थी तिथि दुपै. 11.26 तक जबकि इस दिन **मध्याह्न** काल दुपै. 11.07 से दुपै. 13.28 तक व्याप्त रहेगा। अतः **चतुर्थी तिथि** के लिए मात्र 19 मिनट का समय मिलेगा। इसी दिन **पंचमी** तिथि के श्राद्धादि कार्य के लिए दुपै. 11.27 के बाद दुपै. 13.28 तक **मध्याह्न** तथा दुपै.1.28 से दुपै. 3.51 का अपराह्न काल उपलब्ध रहेगा।

शरद् पूर्णिमा व्रत (25 अक्तूबर, गुरूवार)

इस व्रत को **कोजागर व्रत** भी कहते हैं। इसमें निशीथ व्यापिनी पूर्णिमा ग्रहण करनी चाहिए। इस पूर्णिमा की रात्रि को अपने आराध्य देव एवं भगवान् श्रीकृष्ण की वस्त्राभूषणादि से सुशोभित करके षोडशोपचार पूजन एवं स्तुति करें तथा रात्रि के समय बादाम, किशमिश सहित गोदुग्ध से बनी खीर को श्री भगवान को भोग लगावें, फिर कुछ क्षीर सहित चन्द्रदेव को अर्घ्य देकर, खीर से भरे पात्र को खुली चाँदनी में, सुरक्षित करके रखें। यदि उस पर चन्द्र किरणें भी पड़ें तो अत्यन्त शुभ है। दूसरे दिन पुनः भोग लगाकर ब्राह्मणों को क्षीर सहित भोजन करवाकर स्वयं प्रसाद रूप में ग्रहण करने से अनेक प्रकार के कायिक व मानसिक रोग दूर हो जाते हैं।

करवा चौथ व्रत (करक चतुर्थी, 29 अक्तूबर, सोमवार)

करवा चौथ का व्रत भारतीय संस्कृति के उस अखण्ड सौभाग्य एवं पवित्र बन्धन का प्रतीक है, जो पति-पत्नी के बीच प्रेम रूपी डोरी को जोड़ता है। सौभाग्यवती स्त्रियों द्वारा यह व्रत चन्द्रोदय व्यापिनी कार्तिक कृष्ण चतुर्थी को किया जाता है। यदि किसी वर्ष तृतीयायुक्त चतुर्थी में चन्द्रोदय न हो, और दूसरे दिन हो, तो पर युक्ता अर्थात् उदय व्यापिनी चतुर्थी ग्रहण करें। यदि दोनों में चं. उ. हो, पहली लें। यदि दोनों दिन चतुर्थी में चन्द्र उदय न हो, तो भी परयुता चतुर्थी ही ग्रहण करें—

कार्तिक कृष्ण चतुर्थी करक चतुर्थी। सा चन्द्रोदय व्यापिनी ग्राह्या॥.....परदिने एव चन्द्रोदय व्याप्तौ परैव॥ उभय दिने चन्द्रोदयव्यापित्वे तृतीया युतैव ग्राह्या। दिन द्वये चन्द्रोदय व्याप्त्यभावे परैव॥ (धर्मसिन्धुः)

प्रस्तुत वर्ष 28 अक्तूबर रविवार को तृतीया रात्रि 11 बजकर, 06 मिनट तक रहेगी। चन्द्रोदय लगभग 8 बजे को तृतीया में ही होगा। परन्तु 29 अक्तूबर, सोमवार को चतुर्थी तिथि रात्रि 8 बजकर 2 मिनट तक व्याप्त रहेगी। भारत के पूर्वी क्षेत्रों (पश्चिमी बंगाल, कलकत्ता, बिहार आदि) में तो प्रायः चन्द्रोदय भी हो जाएगा, परन्तु लुधियाना, जालन्धर, अमृतसर, बटाला, जम्मू आदि के मुख्य शहरों में तो तिथ्यन्त पर ही चन्द्रोदय होने की सम्भावना है। दोनों स्थितियों में व्रत करवा चौथ 29 अक्तूबर, सोमवार को ही शास्त्र-सम्मत बनता है।

आगामी पृष्ठ पर भारत के प्रसिद्ध नगरों में 29 अक्तू. के दिन का चंद्रोदय काल भी दिया गया है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दीपावली, श्रीमहालक्ष्मी पूजन

(9 नवंबर, शुक्रवार)

'ब्रह्मपुराण' के अनुसार **अर्द्धरात्रि व्यापिनी**—अर्थात् आधी रात तक रहने वाली अमावस्या श्रेष्ठ होती है। यदि वह आधी रात तक न रहे तो प्रदोषव्यापिनी लेनी चाहिए—

दीपान्दत्त्वा प्रदोषे तु लक्ष्मीं संपूज्य यथाविधि। स्वालंकृतेन भोक्तव्यं सितवस्त्रोपशोभिना॥ (निर्णय सिन्धुः)

दीपावली वास्तव में पांच पर्वों का महोत्सव माना जाता है, जिसकी व्याप्ति कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी (धन तेरस) से लेकर कार्तिक शुक्ल द्वितीया (भाई दूज) तक रहती है।

दीपावली की शाम (प्रदोषकाल) में स्नानादि के उपरान्त स्वच्छ वस्त्राभूषण धारण करके धर्मस्थल पर मन्त्रपूर्वक दीप दान करके अपने निवास स्थान पर श्री गणेश सहित महालक्ष्मी, कुबेर, महाकाली पूजन आदि करके अल्पाहार करना चाहिए। तदुपरान्त यथा उपलब्ध निशीथ आदि शुभ मुहूर्त्तों में मन्त्र-जप, यन्त्र सिद्धि आदि अनुष्ठान सम्पादित करने चाहिएं। दीपावली पूजन के पश्चात् गृह में चौमुखा दीपक रात्रि भर प्रज्ज्वलित रहना सौभाग्य एवं लक्ष्मी वृद्धि का द्योतक माना जाता है।

प्रस्तुत वर्ष 9 नवंबर को **कार्तिक अमावस** का अर्द्धरात्रि से भी अधिक समय (28.33 घं. मिं. तक) व्याप्त रहने से दीपावली का महत्त्व और भी अधिक प्रशस्त होगा। श्री महालक्ष्मी पूजन, मन्त्र-जाप, पाठ, तन्त्रादि साधना के लिए प्रदोष, निशीथ, महानिशीथादि काल व साधना काल अनुष्ठानानुसार अलग-अलग महत्त्व रखते हैं। आगे दीपावली पर्व में विशेष तौर पर ग्राह्य प्रदोषादि काल लिखे जाते हैं।

✤ ***प्रदोष काल***—9 नवबंर को, अपने शहर के सूर्यास्त से लेकर 2 घण्टे 40 मिनट पर्यन्त प्रदोष काल होगा। (प्रत्येक नगर के रात्रिमान के अनुसार इसका काल निर्धारण करें) जालन्धर में **प्रदोष काल** सायं 5.30 बजे से रात्रि 8 बजकर 10 मिनट तक रहेगा। सायं 5 बजकर 51 तक **मेष लग्न** फिर सायं 5.52 से रात्रि 7.45 (पौने आठ) तक स्थिर वृष लग्न विशेषतः प्रशस्त रहेगा। लग्न पर गुरु की शुभ दृष्टि होगी। तदुपरान्त रात्रि 7.46 से रात्रि 9.59 तक **मिथुन लग्न** होगा। प्रदोष काल में और वृष लग्न कालीन **स्वाती नक्षत्र, तुला का चंद्र, एवं सौभाग्य** नामक शुभ योग भी रहेगा। इस योग में दीपदान, श्रीमहालक्ष्मी पूजन व गणेश पूजन, कुबेर पूजन, बही खातों का पूजन, धर्म एवं गृह स्थलों पर दीप प्रज्वलित करना, ब्राह्मणों तथा अपने आश्रितों को भेंट, मिष्टान्नादि बांटना शुभ होता है।

✤ ***निशीथ काल***—9 नवबंर, शुक्रवार को जालन्धर व समीपवर्ती नगरों में **निशीथ काल रात्रि 8 बजकर 11 मिनट से शुरु होकर रात्रि 10:50 तक** रहेगा। इस दौरान मिथुन ल. 7.46 से रात्रि 9.59 तक होगा ; इस मध्य लाभ का चौघड़िया रात 10.50 तक, तथा स्वाती नक्षत्र 10.06 तक रहेगा तथा **कर्क लग्न** 9.59 से प्रारम्भ होकर रात्रि 12 बजकर 22 मिनट तक व्याप्त रहेगा। इस लग्न पर गुरु की उच्च दृष्टि भी रहेगी। इस अवधि में श्रीमहालक्ष्मी पूजन, महाकाली पूजन, लेखनी पूजन, कुबेर आदि देवताओं का पूजन, श्रीसूक्त, लक्ष्मीसूक्त एवं पुरुष सूक्त तथा अन्य काम्य मन्त्रों का जपानुष्ठान करना चाहिए।

✤ **महानिशीथकाल**—रात्रि 10.50 से अर्द्धरात्रि 1 बजकर 10 मिनट तक **महानिशीथ** काल रहेगा। इस दौरान **कर्क लग्न** भी प्रशस्त रहेगा। महानिशीथ काल में श्रीमहालक्ष्मी व महाशक्ति काली की उपासना, यन्त्र-मंत्र-तंत्र आदि क्रियाएँ, विशेष काम्य प्रयोग व तंत्र अनुष्ठान व यज्ञादि किए जाते हैं।

✤ **साधना काल**—अर्द्धरात्रि 1 बजकर 10 मिनट से 10 नवं. की प्रातः 4 घं. 33 मिं. तक रहेगा। इसमें उच्च स्तर की यौगिक क्रियाएँ, प्राणायाम व योग साधना, ध्यान-समाधि एवं महाशक्ति की निष्काम भक्ति साधना की जाएगी।

क्योंकि पंचांगदिवाकर के पाठक सम्पूर्ण भारत में हैं। इसलिए इस वर्ष से हम भारत के मुख्य नगरों में दीपावली पूजन एवं साधना आदि के लिए प्रशस्त काल दिया करेंगे। आशा है पाठक लाभान्वित होंगे।

विभिन्न नगरों में दीपावली पूजा एवं मन्त्रादि साधना हेतु विशेष प्रशस्त काल—9 नवम्बर शुक्रवार

नगर	वृष लग्न (प्रदोष व्याप्त)	कर्क लग्न (निशीथ/महानिशीथ काल व्याप्त	नगर	वृष लग्न (प्रदोष व्याप्त)	कर्क लग्न (निशीथ/महानिशीथ काल व्याप्त
अमृतसर (पं.)	17-53 से 19-47	22-02 से 24-25	कानपुर	17-40 से 19-37	21-49 से 24-08
अम्बाला (हरि.)	17-46 से 19-41	21-55 से 24-17	कांगड़ा (हि.प्र.)	17-46 से 19-40	21-54 से 24-18
अजमेर (राज.)	18-03 से 19-59	22-1_ से 24-32	कुरुक्षेत्र	17-47 से 19-42	21-56 से 24-18
अबोहर (पं.)	17-56 से 19-50	22-04 से 24-28	कुल्लू	17-44 से 19-38	21-52 से 24-16
अलवर (राज.)	17-54 से 19-49	22-03 से 24-23	कटुआ	17-49 से 19-43	21-57 से 24-21
आगरा (उ.प्र.)	17-47 से 19-43	21-57 से 24-16	खन्ना (पं.)	17-49 से 19-42	21-56 से 24-20
ऊना (हि. प्र.)	17-48 से 19-42	21-56 से 24-19	गुरदासपुर	17-50 से 19-44	21-58 से 24-22
उदयपुर (राज.)	18-10 से 20-07	22-19 से 24-37	गुड़गांव	17-50 से 19-44	21-57 से 24-19
उज्जैन	18-04 से 20-01	22-13 से 24-30	गाजियाबाद	17-49 से 19-44	21-58 से 24-20
करनाल (हरि.)	17-46 से 19-40	21-54 से 2_-1_	गंगानगर, (राज.)	17-57 से 19-51	22-05 से 24-29
कलकत्ता	17-14 से 19-13	21-25 से 2_-4_	ग्वालियर	17-49 से 19-46	21-59 से 24-17
कपूरथला (पं.)	17-52 से 19-46	21-59 से 24-22	चण्डीगढ़	17-46 से 19-41	21-55 से 24-17

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नगर	वृष लग्न (प्रदोष व्याप्त)	कर्क लग्न (निशीथ/महानिशीथ काल व्याप्त)	नगर	वृष लग्न (प्रदोष व्याप्त)	कर्क लग्न (निशीथ/महानिशीथ काल व्याप्त)
चम्बा	17-45 से 19-39	21-54 से 24-17	बरेली	17-40 से 19-35	21-49 से 24-09
जम्मू	17-50 से 19-44	21-58 से 24-22	बंगलौर	18-12 से 20-14	22-26 से 24-35
जयपुर	17-58 से 19-53	22-06 से 24-26	बुलन्दशहर	17-46 से 19-41	21-54 से 24-16
जोधपुर	18-09 से 20-06	22-19 से 24-38	बड़ौदा	18-17 से 20-15	22-28 से 24-45
जैसलमेर	18-17 से 20-13	22-26 से 24-45	बरनाला	17-50 से 19-44	21-57 से 24-21
जीन्द (ह.)	17-51 से 19-47	22-00 से 24-21	भटिण्डा	17-54 से 19-48	22-02 से 24-25
झांसी	17-49 से 19-46	21-59 से 24-16	भरतपुर	17-49 से 19-45	21-59 से 24-19
दिल्ली	17-49 से 19-44	21-58 से 24-19	भुवनेश्वर	17-28 से 19-28	21-40 से 23-54
देहरादून (उत्त.)	17-41 से 19-36	21-50 से 24-12	भोपाल	17-57 से 19-55	22-08 से 24-24
दुर्ग (छत्तीस.)	17-46 से 19-45	21-57 से 24-12	मद्रास	18-01 से 20-04	22-15 से 24-24
धर्मशाला (हि.प्र.)	17-46 से 19-41	21-53 से 24-17	मण्डी (हि.प्र.)	17-45 से 19-38	21-53 से 24-16
नाहन (हि.प्र.)	17-45 से 19-39	21-53 से 24-17	मथुरा	17-49 से 19-45	21-58 से 24-18
नंगल (पं.)	17-48 से 19-42	21-56 से 24-18	मलेरकोटला	17-50 से 19-44	21-58 से 24-21
नागपुर (महा.)	17-54 से 19-54	22-10 से 24-22	मेरठ	17-46 से 19-42	21-55 से 24-16
नाभा (पं.)	17-49 से 19-44	21-58 से 24-20	मुरादाबाद	17-43 से 19-38	21-53 से 24-14
नैनीताल	17-38 से 19-34	21-47 से 24-08	मुम्बई	18-22 से 20-22	22-34 से 24-47
नादौन (हि.प्र.)	17-48 से 19-42	21-56 से 24-18	रोपड़	17-46 से 19-42	21-56 से 24-18
पटियाला	17-48 से 19-42	21-58 से 24-19	रोहतक	17-50 से 19-46	22-00 से 24-20
पठानकोट	17-47 से 19-42	21-56 से 24-20	लुधियाना	17-49 से 19-43	21-58 से 24-20
पानीपत	17-46 से 19-39	21-53 से 24-17	लखनऊ	17-37 से 19-33	21-47 से 24-06
पुंछ	17-50 से 19-44	21-59 से 24-24	शिमला	17-45 से 19-40	21-53 से 24-16
प्रयाग	17-35 से 19-32	21-45 से 24-04	श्रीनगर	17-48 से 19-42	21-56 से 24-21
पटना	17-22 से 19-19	21-36 से 23-52	सोलन	17-45 से 19-40	21-56 से 24-16
पालमपुर (हि.प्र.)	17-46 से 19-39	21-53 से 24-17	सोनीपत	17-49 से 19-43	21-57 से 24-20
फरीदकोट (पं.)	17-54 से 19-49	22-03 से 24-25	सहारनपुर	17-45 से 19-40	21-54 से 24-16
फाजिल्का	17-56 से 19-50	22-05 से 24-28	सुन्दरनगर	17-45 से 19-39	21-53 से 24-17
फिरोजपुर	17-55 से 19-49	22-04 से 24-26	हरिद्वार	17-43 से 19-38	21-52 से 24-13
फगवाड़ा	17-50 से 19-44	21-58 से 24-21	हैदराबाद	18-02 से 20-03	22-14 से 24-27
फरीदाबाद (ह.)	17-48 से 19-43	21-57 से 24-19	हमीरपुर (हि.प्र.)	17-46 से 19-40	21-55 से 24-18
वाराणसी	17-31 से 19-29	21-42 से 23-59	हिसार	17-53 से 19-49	22-02 से 24-23
बटाला (पं.)	17-52 से 19-46	22-00 से 24-24	हाँसी	17-53 से 19-47	22-02 से 24-24
बिलासपुर (हि.प्र.)	17-46 से 19-40	21-54 से 24-18	होशियारपुर	17-48 से 19-41	21-56 से 24-19

—यमद्वितीया/भाई दूज—

कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि को अपने भाईयों की दीर्घायु एवं मंगलकामना से बहिनें शिव-पार्वती व यमदेव की पूजा के बाद, अपने भाईयों को मंगल टीका लगाती हैं। भाई अपनी बहन को यथाशक्ति वस्त्राभूषण के उपहार देता है।

शास्त्र वचनानुसार कार्तिक शुक्ल द्वितीया, यम द्वितीया एवं भ्रातृ दूज अपराह्नव्यापिनी ग्रहण करनी चाहिए—

कातिक शुक्ल द्वितीया यम द्वितीया/भ्रातृ द्वितीया॥
सा अपराह्न व्यापिनी ग्राह्या॥ (व्रतराज)

'हेमाद्रिः' अनुसार भी यम द्वितीया पूर्वविद्धा और मध्याह्न व्यापिनी ग्रहण करनी चाहिए—

यम द्वितीया मध्याह्न व्यापिनी पूर्वविद्धा चेति॥ (हेमाद्रिः)

प्रस्तुत वर्ष 11 नवंबर, रविवार को कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा प्रातः 7 बजकर 02 मिनट तक है, तदुपरान्त द्वितीया तिथि मध्याह्न एवं अपराह्न व्यापिनी व्याप्त है। दूसरे दिन (12 नवं.) को द्वितीया तिथि प्रातः 9 बजकर 22 मिनट तक होने से मध्याह्न एवं अपराह्न व्या. का अभाव है। अतः शास्त्रनियमानुसार 11 नवंबर रविवार को ही न्यायोचित होगी।

धर्मसिन्धु अनुसार भी यदि पहले दिन अपराह्न व्या. होय, तो पहली (प्रतिपदा युक्ता) लेनी और दोनों दिन अपराह्न व्या. हो अथवा दोनों दिन न हो, तभी परली (तृतीया युक्ता) लेनी चाहिए—

इयं पूर्वेद्युरेवापराह्न व्याप्तौ पूर्वा। उभयत्र व्याप्त्याव्याप्यादि पक्षांतरेषु परैः॥

भीष्मपंचक व्रतारम्भ व समाप्ति
(20 नवम्बर से 24 नवम्बर तक)

यह पर्व प्रायः कार्तिक प्रबोधिनी एकादशी से लेकर पूर्णिमा तक, पांच दिनों तक किया जाता है। यदि तिथि क्षयादि के कारण एकादशी से पूर्णिमा तक की अवधि में दिनों की संख्या पांच की अपेक्षा चार रह जाए तो उस स्थिति में दशमी विद्धा एकादशी से इस पर्व का प्रारम्भ करके पूर्णिमा तक पूरे पांच दिनों में भीष्म पंचकों के व्रत नियमों आदि का पालन करना चाहिए। इस सम्बन्ध में धर्मसिन्धुकार का स्पष्ट निर्देश है—

एकादश्यादि दिन पंचके भीष्मपंचक व्रत मुक्तम्। यदि शुद्धैकादश्यामारम्भे क्षयवशेन पौर्णमास्यां पंचदिनात्मक व्रत समाप्ति र्न घटते तदा विद्धैकादश्यामप्यारम्भः॥ —धर्मसिन्धु

प्रस्तुत वर्ष सम्वत् २०६४ में कार्तिक शुक्ल त्रयोदशी तिथि का क्षय होने से भीष्मपंचक हरि प्रबोधिनी एकादशी से पूर्णिमा तक पर्व दिनों की संख्या चार रह जाती है। उस स्थिति में दशमी विद्धा एकादशी अर्थात् 20 नवम्बर, मंगलवार से 24 नवं. शनिवार तक भीष्मपंचक परिव्याप्त रहेंगे।

करवाचौथ को मुख्य नगरों का चन्द्रोदय काल | [illegible] का फल और माहात्म्य

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

करवाचौथ को मुख्य नगरों का चन्द्रोदय काल
(29 अक्तूबर, सोमवार, 2007 ई.)

पंचांगदिवाकर के पाठक सम्पूर्ण भारत में हैं तथा ग्रह स्पष्ट तथा पक्ष वाले पृष्ठों पर केवल जालन्धर के चन्द्रोदयास्त दिए रहते हैं। 'पंचांगदिवाकर' के पाठकों के लिए भारत के प्रमुख नगरों के करवाचौथ (29 अक्तूबर, 2007 ई.) के दिन का चन्द्रोदय दे रहे हैं।

नगर	चंद्रोदय घं. मिं.	नगर	चंद्रोदय घं. मिं.	नगर	चंद्रोदय घं. मिं.	नगर	चंद्रोदय घं. मिं.
अमृतसर	20 16	गुड़गाँव (हरि.)	20 19	नैनीताल (उत्तरा.)	20 07	मेरठ	20 14
अम्बाला	20 15	गुरदासपुर	20 13	नवांशहर (पं.)	20 14	मोगा (पं.)	20 18
अर्की (हि. प्र.)	20 11	गुवाहाटी	19 27	नंगल (पं.)	20 12	मुक्तसर	20 23
अहमदाबाद (गु.)	20 49	चण्डीगढ़	20 12	पठानकोट (पं.)	20 12	मोहाली	20 12
अगरतला	19 33	चम्बा (हि.प्र.)	20 09	पटियाला	20 16	रामपुरबुशैहर	20 06
आगरा	20 18	चमौली (उत्तरां)	20 05	पंचकूला (हरि.)	20 11	रायपुर (छत्ती.)	20 20
इलाहाबाद	20 08	चेन्नई	20 45	पानीपत	20 17	रिवाड़ी (हरि.)	20 21
ईटावा (उ. प्र.)	20 15	जम्मू	20 12	पिहोवा (हरि.)	20 16	रोपड़ (पं.)	20 13
इन्दौर	20 38	जयपुर	20 28	पटना	19 52	रोहतक	20 18
अबोहर	20 25	जालन्धर	20 17	पालमपुर (हि.प्र.)	20 09	लखनऊ	20 07
अखनूर (का.)	20 13	जीन्द (हरि.)	20 20	पूंछ (का.)	20 12	लुधियाना	20 15
उज्जैन	20 37	जोधपुर	20 42	फगवाड़ा	20 15	शिमला	20 10
ऊधमपुर (का.)	20 12	जगाधरी (हरि.)	20 13	फरीदकोट	20 19	श्रीनगर	20 11
ऊना (हि. प्र.)	20 12	टोहाना (हरि.)	20 18	फिरोज़पुर	20 21	संगरूर	20 18
कठुआ (का.)	20 12	डोडा (का.)	20 10	फाज़िल्का	20 25	सहारनपुर	20 12
कपूरथला	20 16	डलहौज़ी (हि.प्र.)	20 09	फरीदाबाद (हरि.)	20 18	सोलन (हि.प्र.)	20 10
करतारपुर	20 15	दार्जिलिंग (बं.)	19 38	बनारस	20 04	सुनाम (पं.)	20 19
कलकत्ता	19 48	दिल्ली	20 17	बटाला	20 15	सोनीपत (हरि.)	20 17
कांगड़ा	20 10	देहरादून	20 10	बरेली (उ.प्र.)	20 10	सरकाघाट (हि.प्र.)	20 10
कालका (हरि.)	20 10	दुर्ग (छत्ती.)	20 22	बैंगलोर	20 56	सुन्दरनगर (हि.प्र.)	20 09
किश्तवाड़ (का.)	20 09	दीनानगर (पं.)	20 13	बिलासपुर (हि.प्र.)	20 12	हमीरपुर (हि.प्र.)	20 10
कुराली	20 12	धर्मशाला (हि.प्र.)	20 09	भटिण्डा (पं.)	20 22	हरिद्वार	20 09
कुरुक्षेत्र (हरि.)	20 15	धूरी (पं.)	20 18	भुवनेश्वर	20 06	हैदराबाद	20 41
कुल्लू (हि. प्र.)	20 06	नागपुर (म.)	20 29	भिवानी (हरि.)	20 20	होशियारपुर	20 13
कैथल (हरि.)	20 16	नाभा (पं.)	20 17	मण्डी (हि.प्र.)	20 08	हिसार	20 21
कोटखाई (हि.प्र.)	20 09	नाहन (हि.प्र.)	20 10	मलेरकोटला	20 16	हाथरस	20 17
खन्ना (पं.)	20 14	नारनौल (हरि.)	20 22	मुम्बई	20 59	हनुमानगढ़ (राज.)	20 25
गाज़ियाबाद	20 15	नालागढ़ (हि.प्र.)	20 13	मुगलसराय (उ.प्र.)	20 02	हांसी (हरि.)	20 21

नव सम्वत्सर का फल और माहात्म्य

भारत की गौरवमयी सभ्यता एवं संस्कृति में **सम्वत्सर** का विशेष महत्त्व है। हिन्दुओं के प्रायः सभी शुभ संस्कारों (विवाह–मुण्डनादि) एवं मन्त्र–जपादि अनुष्ठानों में संकल्पादि के समय सम्वत् के नाम का प्रयोग प्रमुखता से लिया जाता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवीन सम्वत् का प्रारम्भ होता है। सत्ययुग का आरम्भ भी इसी दिन हुआ माना जाता है तथा ब्रह्मा जी ने सृष्टि का आरम्भ भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को किया था। **''चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा संसर्ज प्रथमेऽहनि शुक्ल पक्षे समग्रे तु तदा सूर्योदये सति॥ (ब्रह्मपुराण)।''** सम्भवतः इसी कारण **इसे स्वयं सिद्ध मुहूर्त्त** माना जाता है। इस दिन किए गए जप–दानादि शुभ कर्मों के प्रभाव से वर्ष भर धन–सम्पदा एवं सुख–शान्ति बनी रहती है।

नवीन शर्वरी नाम का नव्य सम्वत् 19 मार्च 2007 ई. सोमवार को प्रारम्भ हो रहा है।

नव सम्वत्सर के आगमन पर प्रातः तैलाभ्यंग, नित्य कर्मों से निपटकर आसन, पाद्य, अर्घ्य, वस्त्र, यज्ञोपवीत, गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप–दीप, ताम्बुल, नैवेद्य, फल, आदि से सम्वत्सर पूजन एवं फल श्रवणादि, नवरात्र घट–स्थापन, मिट्टी के पात्र में रखी रेत–मिट्टी में जौं–गेहूँ आदि के बीज बोना, ओंकार सहित श्री गणेश, ब्रह्मा, विष्णु, शिव एवं श्री दुर्गा– इन पंचदेवों तथा नवग्रहों की स्वयं अथवा किसी सुयोग्य ब्राह्मणों द्वारा पूजार्चना करवा कर उन्हें क्षीर सहित सात्त्विक भोजन करवाकर उनका **पंचाँग का दान** सहित यथाशक्ति अन्न, वस्त्र, फल एवं धनादि देकर सत्कार करना चाहिए।

पूजन के समय भगवान् ब्रह्मा एवं विष्णु की मूर्तियों के समक्ष पुष्पाक्षत, नैवेद्य, अर्घ्य गंगा जल आदि लेकर निम्न मन्त्र पढ़ें–

ॐ ब्रह्मणे नमः से **ब्रह्मा जी का आवाहन तथा बहुरूपाय विष्णवे परमात्मने नमः परमात्म–** विष्णुमावाहयामि स्थापयामि च।

ॐ सम्वत्सराय नमः, चैत्राय नमः, वसन्ताय नमः। आदि नाम–मन्त्रों से पूजन करके विद्वान् ब्राह्मण का अर्चन करें। तथा खीर सहित भोजन करवाकर यथाशक्ति वस्त्र, फलों आदि का दान करें। संवत्सर की मूर्त्ति बनाकर उसकी **''चैत्राय नमः, वसन्ताय नमः''** आदि से भी पूजा करनी चाहिए।

तदुपरान्त स्वास्ती वाचन, शान्ति पाठ आदि मांगलिक मन्त्रों का पाठ करने के पश्चात् सूर्य देव को ताम्र बर्तन से मन्त्र–पूर्वक तीन बार अर्घ्य देकर **गायत्री मन्त्र** का जाप करना चाहिए। तत्पश्चात् दिवाकर पंचाँग में किसी ब्राह्मण के श्री मुख से **सम्वत् का नाम, सम्वत् का वास, सवारी राजा, मन्त्री आदि का फल श्रवण करना** चाहिए चैत्र, प्रतिपदा से लेकर नवमी तक भगवान्–विष्णु, शिव एवं श्री दुर्गा के समक्ष नित्य ज्योति जलाकर श्रद्धानुसार श्री दुर्गासप्तशती का जप पाठ करने का विधान है।

चैत्र प्रतिपदा से नवमी तक प्रतिदिन प्रातः कटु नीम की कोमल पत्तियाँ व पुष्पों का चूर्ण बनाकर, उसमें काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, ईमली, अजवायन, जीरा तथा शक्कर या चीनी बराबर मात्रा में मिलाकर चूर्ण बनाकर भगवान् को भोग लगाकर ग्रहण करने से वर्षभर आरोग्यता बनी रहती है तथा रक्त विकार, त्वचा, कुष्ठ आदि रोगों का भय नहीं रहता॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ज्येष्ठ अधिक मास का फल सम्वत् २०६४

(17 मई से 15 जून तक के मध्यकाल में)

'सिद्धान्त शिरोमणि' के अनुसार जिस चान्द्र मास के दोनों पक्षों में सौर संक्रान्ति का अभाव हो, उसे **अधि-मास** या अधिक मास कहते हैं, तथा यदि चान्द्र मास में दो सौर-संक्रान्तियों का समावेश हो जाए, वह **''क्षय मास''** कहलाता है—

असंक्रान्ति मासोऽधिमासः स्फुटः स्यात्, द्विसंक्रान्ति मासः क्षयाख्यः कदाचित्॥

सामान्यतः 32 महीने, 16 दिन और 4 घड़ी के बीत जाने पर भारतीय पंचाँगों में अधिक मास का समावेश किया जाता है। गणितानुसार सौरवर्ष 365 दिन, 6 घण्टे व 11 सैकिण्ड का होता है। जबकि चान्द्र वर्ष लगभग 354 दिन, 22½ पल लगभग 9 घण्टे का होता है। इन दोनों का अन्तर अधिक मास में पूरा कर लिया जाता है। लोक व्यवहार में अधिक मास को **अधिमास, मलमास या पुरूषोत्तम मास** भी कहा जाता है।

अधिक मास—अर्थात् मलमास में फल-प्राप्ति की कामना से किए जाने वाले प्रायः नैमित्तिक कर्म वर्जित हैं। जैसे—विवाह, मुण्डन, गृह-प्रवेश, यज्ञोपवीत, बहुमूल्य वस्तु जैसे—भूमि, आभूषण, गाड़ी आदि की खरीद करना, नव वधू का प्रवेश, दीक्षा ग्रहण, देव प्रतिष्ठा, यज्ञादि का अनुष्ठान, अष्टका श्राद्ध, कूआँ, तालाब आदि काम्य कर्मों का आरम्भ शुभ नहीं माना जाता।

अधिक मास में केवल भगवान् पुरूषोत्तम (विष्णु) की प्रसन्नता के लिए व्रत, उपवास, स्नान, दान या पूजनादि किए जाते हैं, उनका अक्षय फल होता है और साधक के अनिष्ट फलों का क्षय होता है।

विक्रमी सम्वत् २०६४ में निरयण ज्येष्ठ संक्रान्ति के बाद में पड़ने वाले दोनों पक्षों में सौर संक्रान्ति का अभाव हुआ है। अतएव **17 मई, 2007 ई. से लेकर 15 जून, 2007 के मध्यान्तर** में पड़ने वाले दोनों पक्षों की मध्यावधि में **ज्येष्ठ अधिक** मास या मल-मास रहेगा। इस कालविधि में शुभ काम्य नैमित्तिक कामों का आरम्भ वर्जित रहेगा। ज्येष्ठ **अधिक मास में पुरूषोत्तम माहात्म्य** का पाठ, भगवान् श्रीविष्णु की उपासना, जप, व्रत, दानादि कृत्य करने चाहिएँ। महर्षि वाल्मीकि के अनुसार पुरूषोत्तम मास में गेहूँ, चावल, मूँग, जौं, मटर, तिल, ककड़ी, केला, घी, आम, सोंठ, इमली, आँवला, सेंधानमक आदि का भोजन करना चाहिए। परन्तु उड़द, राई, प्याज़, लहसुन, गाजर, मूली, गोभी, दाल, शहद व तामसिक भोजन का त्याग करना चाहिए। केवल एकभुक्त (एक समय) भोजन करना तथा *यथासम्भव भूमि पर शयन करना चाहिए॥*

राष्ट्रीय ज्योतिष अनुसार सम्वत् में **ज्येष्ठ अधिमास** *का आगमन होने पर राष्ट्राध्यक्षों में परस्पर टकराव होते हैं। किसी विशिष्ट गणमान्य राजनेता के निधन एवं अपदस्थ होने के योग हैं—*

''ज्येष्ठ द्वये नृपध्वंसोधान्यानि क्षितिसत्तमे॥''—अर्थात् दो ज्येष्ठ मास होने से कुछ देशों के राष्ट्राध्यक्षों के मध्य टकराव हो, कहीं शासन परिवर्तन हो, कहीं उपद्रव एवं हिंसक घटनाएँ घटित हों। वर्षा अच्छी तथा धान्य की पैदावार अच्छी होगी। ज्येष्ठ अधिक मास में गुरु, शुक्र अस्त की भान्ति शास्त्रकारों ने विवाहादि शुभ कार्य वर्जित कहे हैं—

गृह प्रवेशश्चूड़ामौंजी बंध विवाहारतीर्थादि यात्रा वास्तु कर्मे तान्यधिवर्ज्यानि॥ (धर्मसिन्धु)

संवत् २०६४ में त्रयोदश (१३) दिनात्मक पक्ष का फल

विक्रमी सम्वत् २०६४ में तिथियों की प्रत्यक्षगणित की गणना के कारण **श्रावण कृष्ण पक्ष** (30 जुलाई से 12 अगस्त, 2007 ई.) के मध्य तेरह दिन का पक्ष आ रहा है। इसका फल अशुभ माना गया है।

सामान्यतः सूर्य और चन्द्रमा की स्पष्ट गणित प्रक्रिया के कारण भारतीय पंचांगों में कृष्ण अथवा शुक्ल पक्षों के अन्तर्गत प्रतिवर्ष पक्ष के दिन १४, १५ अथवा १६ दिन आ जाते हैं—अर्थात् पक्ष में कोई तिथि क्षय हो जाने की स्थिति में १४ दिन, तिथि वृद्धि होने पर १६ दिन तथा तिथि क्षय या वृद्धि न होने की स्थिति में १५ दिन ही होते हैं। कई बार चन्द्र और सूर्य की स्पष्ट **गणित प्रक्रिया के कारण** किसी पक्ष में दो बार तिथि का क्षय हो जाने से १३ दिन का पक्ष भी आ जाता है। इसको **विश्वधम्र** पक्ष भी कहते हैं। महाभारत में भी तेरह दिन के पक्ष के अशुभत्व के सम्बन्ध में वर्णन मिलता है। अन्य शास्त्रकारों ने भी त्रयोदश दिनात्मक पक्ष के अशुभत्व के विषय में अनेकत्र प्रमाण मिलते हैं, यथा—

अनेक युग साहस्रयां दैवयोगात् प्रजायते। त्रयोदश दिने पक्षः तदा संहरते जगत्॥

अर्थात् कई एक युगों में प्रजा का नाश करने के निमित्त तेरह दिन का पक्ष आता है, अर्थात् जिस पक्ष में तेरह दिन हों, वह पक्ष लोगों में क्लिष्ट रोग उत्पादक, महँगाई, विग्रह, उपद्रव एवं हिंसा आदि अशुभ फलकारक होता है। समाज में सर्वत्र अशान्ति का वातावरण फैलता है। अन्यत्र भी इसके सम्बन्ध में अशुभ फल कहे गए हैं—

यदा च जायते पक्षस्त्रयोदश दिनात्मकः। भवेल्लोक क्षयो—घोरो रूण्डमुण्डमाला युतामही।
त्रयोदश दिनः पक्षस्तदा संहरते जगत्। अपि वर्ष सहस्रेण कालयोगः प्रकीर्तितः॥

इस त्रयोदश दिनात्मक पक्ष के प्रभावस्वरूप भारत की राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियाँ अस्थिर होंगी। राजनीतिक पार्टियों के मध्य विग्रह, टकराव एवं बिखराव पैदा होंगे। कहीं तोड़-फोड़, हिंसा, विस्फोटक घटनाएँ एवं छत्रभंग की आशंका होगी। कहीं भूस्खलन, दुर्भिक्ष आदि प्राकृतिक प्रकोप घटित होंगे। दैनिक उपभोग्य की वस्तुओं में जबरदस्त तेज़ी होने के योग बनेंगे। तेरह दिन के पक्ष में शास्त्र में विवाह, मुण्डन, गृह प्रवेश, उपनयन आदि शुभ कार्यों का निषेध माना गया है। ज्योतिर्निबन्धानुसार—

उपनयनं परिणयनं तुवेशमारम्भादि कर्माणि। यात्रा द्विक्षयपक्षे कुर्यात् न जिजीविषु पुरूषः॥

इसी कारण शास्त्र वचनानुसार संवत् २०६४ के अन्तर्गत श्रावण कृष्ण पक्ष तेरह दिन का होने से विवाह, मुण्डन, गृह-प्रवेश, विपणि आदि शुभ मुहूर्त्त नहीं लगाए गए हैं।

ज्योतिष तत्त्व (गणित खण्ड)—इसमें भारतीय ज्योतिष के प्रारम्भिक इतिहास से लेकर ज्योतिष सम्बन्धी प्रारम्भिक ज्ञान—सम्पूर्ण बड़ी जन्मपत्री निर्माण शैली, ग्रहों से सप्तवर्गी बलाबल निकालना। भावों, राशियों एवं ग्रहों तथा फलादेश सम्बन्धी मूलभूत सिद्धान्तों को अत्यन्त सरल शैली में प्रस्तुत किया गया है।
(मूल्य 60 रुपए)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

सन 2007 ई. (ता. 20 मार्च से 2 अप्रैल तक) | भा. स्टैं. टा.

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वि. संवत् २०६४, चैत्र शुक्ल पक्ष शाक: १९२८-२९

सन् 2007 ई. (ता. 20 मार्च से 2 अप्रैल तक)

सूर्य उत्तरायण, दक्षिण-उत्तर गोल, वसन्त ऋतु

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	तारीखें शक फा.	सफर मु.	मार्च	चैत्र प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घटी पल	ग्रहलोपदर्शन—प्रातः मंगल पूर्व में, बुध भी पूर्व में, गुरु याम्योत्तरवृत्त के निकट होगा। सायं श. पूर्व कपाल में तथा शुक्र पश्चिम में दिखेगा।	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	भा. स्टैं. टा. जालन्धर सूर्योदय घं.	मिं.	सूर्यास्त घं.	मिं.
२९.५३	१	चंद्र	५४	४८	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	19	०	००	प्रतिपदा का क्षय, चैत्र नवरात्र प्रारंभ (19 मार्च) ०० ००	०	०	०	०	०	०	०	०
२९.५५	२	मंग	४५	४३	रेव	४६	२०	ब्रह्म	३७	२३	बा	२०	१६	२९	२९	20	७	मे. ४६/२०	चन्द्रदर्शन, ३० मु., पंचक समाप्त 25/08 घं. मिं., मंगल धनि. में A	११	०५	०५	१४	६	३६	१८	३४
३०.००	३	बुध	३७	०५	अश्वि	३९	४०	ऐंद्र	२६	५०	तै	११	२४	३०	रवि	21	८	मेष	गणगौरी तृतीया, मत्स्य जयंती, महाविषुव दिन, रबि उल्लावल १ मु.B	११	०६	०४	५०	६	३५	१८	३५
३०.०५	४	गुरु	२९	१८	भर	३३	५०	वैधृ	१७	२३	व	०३	१२	चै.	२	22	९	वृ. ४७/३३	भ. ३/१२ से २९/१८ तक, शक चैत्र व संवत् 1929 प्रारम्भ	११	०७	०४	२५	६	३४	१८	३६
३०.१०	५	शुक्र	२२	४५	कृति	२९	१८	विष्क	८	५३	बा	२२	४५	२	३	23	१०	वृष	श्री (लक्ष्मी) पंचमी, शुक्र भर. में ५५/३०,	११	०८	०३	५४	६	३२	१८	३७
३०.१७	६	शनि	१७	३८	रोहि	२६	१३	प्रीति आयु	१ ५५	२८ २३	तै	१७	३८	३	४	24	११	मि. ५५/१५	स्कन्द षष्ठी व्रत, पूजादि, स. सि. योग:	११	०९	०३	२४	६	३१	१८	३८
३०.२५	७	रवि	१४	१५	मृग	२४	५३	सौभा	५०	५०	व	१४	१५	४	५	25	१२	मिथुन	भ. १४/१५ से ४३/२८ तक,	११	१०	०२	५०	६	२९	१८	३९
३०.२७	८	चंद्र	१२	४०	आर्द्रा	२५	२०	शोभ	४७	४०	ब	१२	४०	५	६	26	१३	मिथुन	श्री दुर्गाष्टमी, भवान्युत्पत्ति, मेला बाहूफोर्ट (जम्मू)	११	११	०२	१६	६	२८	१८	३९
३०.३२	९	मंग	१२	५५	पुर्न	२७	३०	अति	४५	५५	कौ	१२	५५	६	७	27	१४	क. ११/४८	श्रीरामनवमी व्रत, नवरात्र समाप्त	११	१२	०१	३८	६	२७	१८	४०
३०.३५	१०	बुध	१४	५३	पुष्य	३१	१८	सुक	४५	२३	ग	१४	५३	७	८	28	१५	कर्क	भ. ४६/३७ से,	११	१३	००	५९	६	२६	१८	४०
३०.४२	११	गुरु	१८	२०	श्ले	३६	३०	धृति	४५	५५	वि	१८	२०	८	९	29	१६	सिं. ३६/३०	भ. १८/२० तक, मंगल कुम्भ में २७/०८, कामदा एकादशी व्रत, गं.मू.	११	१४	००	१४	६	२४	१८	४१
३०.४५	१२	शुक्र	२२	५८	मघा	४२	४५	शूल	४७	१३	बा	२२	५८	९	१०	30	१७	सिंह	प्रदोष व्रत, गण्डमूल	११	१४	५९	२९	६	२३	१८	४१
३०.५०	१३	शनि	२८	३०	पू.फा.	४९	४५	गंड	४९	१०	तै	२८	३०	१०	११	31	१८	सिंह	श्रीमहावीर जयंती, सूर्य रेव. में ४१/४८, बुध पू.भा. में ४/४०, अनङ्ग त्रयोदशी	११	१५	५८	४३	६	२२	१८	४२
३०.५७	१४	रवि	३५	५८	उ.फा.	५७	२०	वृद्धि	५१	३३	ग	२	१४	११	१२	अप्रै	१९	क. ६/४३	भ. ३५/५८ से, 1 अप्रैल प्रारम्भ, स. सि. योग:	११	१६	५७	५४	६	१९	१८	४३
३१.०३	१५	चंद्र	४१	०५	हस्त	६०	००	ध्रुव	५३	५८	वि	८	३२	१२	१३	2	२०	कन्या	भ. ८/३२ तक, चैत्र पूर्णिमा व्रतादि, श्रीहनुमान् जयंती (द. भारत) C	११	१७	५७	०२	६	१९	१८	४३

A ४४/०५, सूर्य सायन मेष में ५७/३३, उत्तर गोल प्रारम्भ, गण्डमूल B प्रारम्भ, शिवशक्ति पूजा C वैशाख स्नान प्रारम्भ, श्रीसत्यनारायण व्रत

चन्द्रे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 26 मार्च

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	२	९	१०	७	०	३	१०	४
१०	१३	२७	१३	२५	१५	२४	२१	२१
५९	५५	१९	३७	३७	४६	४४	१५	१५
५३	५३	३९	४५	४७	१९	४१	३०	३०
५९ २५	७८२ ३१	४६ ५६	७० ३४	१ ५८	७१ ५३	२ ३२	३ ११	३ ११
उभा ३	आर्द्रा ३	धनि २	शत ३	ज्ये. ३	भर १	श्ले ३	पूभा १	पूफा ३
—	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
—	उ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

१ शु. | ११ रा. बु. | १२ सू. | १० मं. | २ | ३ चं. | ९ | ४ श. | ६ | ८ गु. | ५ के. | ७



चन्द्रे पूर्णिमायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 2 अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	५	१०	१०	७	०	३	१०	४
१७	१०	०२	२२	२५	२४	२४	२०	२०
५५	०७	४१	३३	४७	०७	२८	५३	५३
०१	३२	२७	१८	३८	३७	५९	१५	१५
५९ १०	७०९ २५	४६ ००	८३ ४९	० ४०	६१ १६	१ ५०	३ ११	३ ११
रेव १	हस्त १	धनि ३	पूभा १	ज्ये. ३	भर ४	श्ले ३	पूभा १	पूफा ३
—	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
—	उ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. पूर्णिमा, प्रातः 5.30

१ शु. | बु. ११ रा. मं. | १२ सू. | १० | २ | ३ | ९ | ४ श. | ६ चं. | ८ गु. | ५ के. | ७



चैत्र शुक्ल पक्षफल–

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च, सोमवार) से **शर्वरी नामक नए** विक्रमी संवत्सर 2064 का प्रारम्भ होगा। अतएव आगामी नए सम्वत् काल में अनुष्ठान, शुभ संकल्प आदि कार्यों में इसी का प्रयोग होगा। नए सम्वत् का **राजा चन्द्र** तथा **मन्त्री शनि** है। नव-संवत्सर का नाम, वास, सवारी आदि का फल किसी प्रतिष्ठित ब्राह्मण, अग्रजन अथवा गुरु मुख से संवत् पूजनोपरान्त श्रवण करना चाहिए। सम्वत् आदि का फल श्रवण के पश्चात् प्रतिपदा को श्री दुर्गा की मूर्ति एवं घटस्थापन करके श्री दुर्गा मूर्ति के समक्ष प्रतिपदा से नवमी पर्यन्त नित्य प्रातः घी की ज्योत जलाकर श्री दुर्गा पूजा एवं सप्तशती का पाठ करने का विधान है। इसके अतिरिक्त नवरात्रों में व्रतादि रखकर अथवा एकभुक्त भोजन करके धर्म स्थानों में सुयोग्य ब्राह्मण को पंचांग एवं धर्म ग्रन्थ, अनाज, फल, वस्त्रादि का दान करना कल्याणकारी होता है। अमा. की प्रातः को ग्रस्तोदय **खण्ड-सूर्यग्रहण**, उत्तर भारत के विभिन्न नगरों में सूर्योदय से प्रारम्भ होकर अमावस तिथि की समाप्ति (प्रातः 8-13 तक) से पूर्व ही समाप्त हो जाएगा। तदुपरान्त चैत्र प्रतिपदा काल (अभिजित मुहूर्त) में तीर्थों पर स्नान-दान-जप आदि का विशेष माहात्म्य रहेगा। **शर्वरी नामक संवत्** एवं **राजा चन्द्र** आदि के प्रभावस्वरूप गेहूँ, ईख धान्यादि की फसलें तथा अंगूर, सेब, संगतरा, मौसम्मी आदि रसदार फलों की पैदावार अच्छी होगी। अधिकांश लोगों में धन एवं सुख-साधनों व ऐश्वर्य प्रसाधनों का प्रसार बढ़ेगा। **मन्त्री शनि** के प्रभावस्वरूप राजनेताओं में स्वार्थपरता, द्वेष बढ़ेगा। उनका व्यवहार साधारण लोगों के प्रति कठोर रहेगा। आवश्यक वस्तुओं में अत्यधिक महंगाई एवं भ्रष्टाचार के कारण सामान्य लोगों में गहन असन्तोष व विक्षोभ होगा। ***आकाश लक्षण***—हि. प्र., ज. का., पंजाब व हरियाणा के कुछ क्षेत्रों में तेज़ हवाओं एवं खण्ड वर्षा के योग हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वि. संवत् २०६४, वैशाख कृष्ण पक्ष शाकः १९२९

सन् 2007 ई. (3 अप्रैल से 17 अप्रैल तक)

सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, वसन्त ऋतु

भा. स्टैं. टा. — जालन्धर

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	तारीखें चै. शक	रवि मु.	अप्रैल	चै. प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घटी पल	ग्रहलोपदर्शन–प्रातः बुध एवं मंगल पूर्व में, गुरु याम्योत्तरवृत्त से पश्चिम में होगा। सायं शनि पूर्व क्षितिज के पास तथा शुक्र पश्चिम कपाल में होगा।	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं. मिं.	सूर्यास्त घं. मिं.
३१.०५	१	मंग	४७	३५	हस्त	५	०३	व्या	५३	५८	बा	१४	२०	१३	१४	3	२१	तु. ३८/५३	श्री कच्छपावतार जयंती	११	१८	५६	०८	६	१८	१८	४४
३१.१०	२	बुध	५३	५३	चित्रा	१२	४३	हर्ष	५८	४८	तै	२०	४४	१४	१५	4	२२	तुला	शुक्र कृति. में ६/२८,	११	१९	५५	१३	६	१७	१८	४५
३१.१३	३	गुरु	५९	४३	स्वा	२०	०८	वज्र	६०	००	व	२६	४८	१५	१६	5	२३	तुला	भ. २६/४८ से ५९/४३ तक,	११	२०	५४	१६	६	१६	१८	४५
३१.२०	४	शुक्र	६०	००	विशा	२७	०३	वज्र	०	५३	ब	३२	२१	१६	१७	6	२४	वृ. १०/२३	गुरु वक्री १/४०, शुक्र वृष में ५५/४०, श्रीगणेश चतुर्थी व्रत A	११	२१	५३	१७	६	१४	१८	४६
३१.२५	४	शनि	४	५८	अनु	३३	१०	सिद्धि	२	२०	बा	४	५८	१७	१८	7	२५	वृश्चिक	मंगल शत. में ९/१५, बुध मीन में ५/२८,	११	२२	५२	१५	६	१३	१८	४७
३१.२८	५	रवि	९	०८	ज्ये	३८	१३	व्य	३	०५	तै	९	०८	१८	१९	8	२६	ध. ३८/१३	गण्डमूल विचार A चन्द्रोदय 22/24 गुड फ्राइडे, अनुसूया जयन्ती,	११	२३	५१	१२	६	१२	१८	४७
३१.३५	६	चंद्र	१२	०३	मूल	४१	५८	वरी	२	५३	व	१२	०३	१९	२०	9	२७	धनु	भ. १२/०३ से ४२/४७ तक, बुध उ.भा. में १४/३०, गंडमूलादि	११	२४	५०	०८	६	११	१८	४९
३१.४०	७	मंग	१३	३०	पू.षा.	४४	१३	परि शिव	१ ५८	३५ ५५	बव	१३	३०	२०	२१	10	२८	म. ५९/२८		११	२५	४९	०१	६	०९	१८	४९
३१.४३	८	बुध	१३	१३	उ.षा.	४४	३८	सिद्ध	५४	५५	कौ	१३	१३	२१	२२	11	२९	मकर		११	२६	४७	५४	६	०८	१८	५०
३१.४८	९	गुरु	११	०८	श्रव	४३	१८	साध्य	४९	२५	ग	११	०८	२२	२३	12	३०	मकर	भ. ३९/११से प्रा.	११	२७	४६	४५	६	०७	१८	५१
३१.५३	१०	शुक्र	७	१३	धनि	४०	१५	शुभ	४२	३३	वि	७	१३	२३	२४	13	३१	कुं. १२/००	भ. ७/१३ तक, पंचक प्रारम्भ १२/०० (10/54 घं. मिं.), स. सि. यो.	११	२८	४५	३४	६	०६	१८	५१
३१.५८	११	शनि	१	३८	शत	३५	३८	शुक्ल	३४	२३	बा	१	३८	२४	२५	14	वै.	कुंभ	वरूथिनी एका. व्रत, सूर्य अश्वि (१) मेष में १५/५८, वैशाख B	११	२९	४४	२२	६	०५	१८	५२
०० ००	१२	शनि	५४	३०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	0	०	००	द्वादशी तिथि का क्षय ०० ०० ००	०	०	०	०	०	०	०	०
३२.०३	१३	रवि	४६	१५	पू.भा.	२९	४०	ब्रह्म	२५	०५	ग	२०	२३	२५	२६	15	२	मी. १६/१८	भ. ४६/१५ से, प्रदोष व्रत, शुक्र रोहि. में २७/२५,	०	००	४३	०७	६	०४	१८	५३
३२.०५	१४	चंद्र	३७	१०	उ.भा.	२२	४८	ऐंद्र	१५	०८	वि	११	४३	२६	२७	16	३	मीन	भ. ११/४३ तक, मास शिवरात्रि व्रत	०	०१	४१	५१	६	०३	१८	५४
३२.१३	३०	मंग	२७	४३	रेव	१५	२५	वैध्रु विष्कं	४ ५३	३८ ५३	च	२	२७	२७	२८	17	४	मे. १५/२५	भौमवती अमावस, पंचक समाप्त १५/२५, बुध रेव. में १०/४८ C	०	०२	४०	३१	६	०१	१८	५४

B संक्रान्ति, १५ मु., पुण्यकाल प्रातः सूर्योदय से, त्रिस्पर्शा महाद्वादशी, श्रीवल्लभाचार्य जयंती, डॉ. अम्बेदकर जयंती C स. सि. यो. 12/11 से,

बुधे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 11 अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	८	१०	११	७	१	३	१०	४
२६	२९	०९	०६	२५	०४	२४	२०	२०
४६	४५	३५	०६	४६	४५	१६	२४	२४
२१	५२	४२	०२	५२	२८	०५	३८	३८
५८ ५३	७९९ ५९	४६ ३	९८ १०	१ २	७० २२	० ५५	३ ११	३ ११
रेव ४	उषा १	शत ३	उभा ३	ज्ये ३	कृत्ति ३	श्ले ३	पूभा ६	पूफा ३
—	मा	मा	मा	व	मा	व	व	व
—	उ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30



भौमे अमावस्यायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 17 अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	११	१०	११	७	१	३	१०	४
०२	२५	१४	१६	२५	११	२४	२०	२०
३९	४५	११	१८	३७	४६	१२	०५	०५
१५	०३	५८	२१	५४	०९	१४	३४	३४
५८ ४२	११५ २८	४७ १	१०७ ३२	२ ८	६९ ४४	० १६	३ ११	३ ११
अश्वि १	रेव ३	शत ३	उभा ४	ज्ये ३	रोहि १	श्ले ३	पूभा ९	पूफा ३
—	मा	मा	मा	व	मा	व	व	व
—	अ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अमावस, प्रातः 5.30



वैशाख कृष्ण पक्षफल–

वैशाख मास में (वैशाख पूर्णिमा तक) प्रातः किसी तीर्थ स्थान, जलाशय में अथवा अपने निवास स्थान पर ही तीर्थजल मिश्रित शुद्ध जल से स्नान करके तुलसीदल सहित भगवान विष्णु की नित्य प्रति पूजा करके श्रीविष्णु सहस्त्रनाम एवं वैशाख माहात्म्य का नियमित पाठ करके '**ॐ नमो भगवते वासुदेवाय**' मन्त्र का पाठ करना चाहिए। पाठोपरान्त ब्राह्मण को भोजन करवाकर यथाशक्ति मिष्ठान्न, फल-वस्त्रादि का दान करने से पापों की निवृत्ति एवं सुख-शान्ति एवं आरोग्य में वृद्धि होती है। **ता. 14** अप्रैल को वैशाख संक्रान्ति 15 मुहूर्त्ति, शनिवार को है। जिसके फलस्वरूप सब प्रकार के अनाज, धान्यादि महँगे होंगे। कहीं दुर्भिक्ष का भय या अनाज की कमी होगी। लोगों में रोग-शोक दुःखों आदि की बहुलता होगी तथा सुखों की कमी होगी—**सौरेश्चवारे संक्रमश्चेत् दुर्भिक्षमा याति च सर्वधान्यम्। पृथ्वी सरोगानृपतेः प्रजासु भवेत् महायुद्ध तदानीम्।** राजनेताओं में परस्पर विरोध, टकराव एवं द्वेष अधिक होंगे। 15 मुहूर्ति संक्रान्ति धान्य, चावल, उड़द एवं सर्व प्रकार के अनाज के भावों में तेजी कारक होगी। **वैशाख संक्रान्ति कुण्डली** में सूर्य पर **शनि की नीच** दृष्टि होने से इस मास किसी विशिष्ट राजनेता की आकस्मिक मृत्यु या अपदस्थ होने के योग हैं। ***व्यापारिक रूख***—पक्ष के आरम्भ में 6 अप्रैल को गुरू वृश्चिक में **वक्री होने** से अनाज (गेहूँ, धान्यादि) एवं रूई, कपास का संग्रह करके कार्तिक में बेचने से अच्छा लाभ प्राप्त होना सम्भव होगा। पक्षारम्भ से ही कुम्भ राशि पर **मंगल-राहु** का योग होने से कहीं असामयिक (अकालिक) वर्षा होगी, जिससे अनाज की फसलों को हानि पहुँचेगी। *राहुरंगारकश्च राशि ऋक्षगतौ तदा। महाभयं च सस्यानां न च वृष्टिः प्रजायते॥* व्यापारिक वस्तुओं के मूल्यों में तेजी होगी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वि. संवत् २०६४, वैशाख शुक्ल पक्ष शाकः १९२९ — सन् 2007 ई. (18 अप्रैल से 2 मई तक)

सूर्य उत्तरायण, उत्तरगोल, वसन्त-ग्रीष्म ऋतु

भा. स्टैं. टा. जालन्धर

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	योग	घड़ी	पल	करण	घड़ी	पल	तारीखें चैत्र शक	रवि मु.	अप्रैल	वैशाख	चंद्र राशि प्रवेश घटी पल	ग्रहलोपदर्शन–प्रातः मंगल याम्योत्तरवृत्त से कुछ पूर्व में, 20 अप्रै. से बुध पूर्व में अस्त। प्रातः ही गुरु पश्चिम कपाल में दिखेगा। सायं शनि याम्योत्तरवृत्तासन्न तथा शुक्र पश्चिम में दिखेगा।	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	सूर्योदय मिं.	सूर्यास्त घं.	सूर्यास्त मिं.
३२.२०	१	बुध	१८	१५	अश्वि	७	५५	प्रीति	४३	२५	बव	१८	१५	२८	२९	18	५	मेष	चन्द्रदर्शन, मु. १५, राहु शत (४) केतु पू.फा. (२) में ४३/१५, गं.मू.	००	०३	३९	१०	६	००	१८	५६
३२.२५	२	गुरु	९	१५	भा कृति	० ५४	४८ २८	आयु	३३	३०	कौ	९	१५	२९	रबि	19	६	वृ. १४/०८	अक्षय तृतीया, श्रीपरशुराम जयंती, शिवाजी जयंती, शनि मार्गी A	००	०४	३७	४९	५	५९	१८	५७
३२.२७	३	शुक्र	१	०८	रोहि	४९	३०	सौभा	२४	३३	ग	१	०८	३०	२	20	७	वृष	भ. २७/४४ से ५४/२० तक, बुध पूर्व में अस्त ४६/३३, सूर्य सायन B	००	०५	३६	२४	५	५८	१८	५७
०० ००	४	शुक्र	५४	२०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	००	चतुर्थी तिथि का क्षय ०० ००	००	०	०	०	०	०	०	०
३२.३३	५	शनि	४९	१८	मृग	४६	१०	शोभ	१६	५०	बव	२१	४९	वैश	३	21	८	मि. १७/३८	आद्यगुरु श्रीशंकराचार्य जयंती, शक वैशाख प्रारम्भ, अगस्त्य अस्त	००	०६	३४	५८	५	५७	१८	५८
३२.३८	६	रवि	४६	१०	आर्द्रा	४४	४८	अति	१०	३५	कौ	१७	४४	२	४	22	९	मिथुन	श्रीरामानुजाचार्य जयंती	००	०७	३३	२९	५	५६	१८	५९
३२.४०	७	चंद्र	४५	१०	पुर्न	४५	३०	सुक	६	००	ग	१५	४०	३	५	23	१०	क. ३०/०८	भ. ४५/१० से, श्रीगंगा जयन्ती	००	०८	३१	५८	५	५५	१८	५९
३२.४५	८	मंग	४६	१८	पुष्य	४८	१३	धृति	३	०५	वि	१५	४४	४	६	24	११	कर्क	भ. १५/४४ तक, बुध अश्वि (1) मेष में १६/५३, मंगल पू.भा. में ३३/०३	००	०९	३०	२६	५	५४	१९	००
३२.५०	९	बुध	४९	१८	श्ले.	५२	४८	शूल	१	४८	बा	१७	४८	५	७	25	१२	सिं. ५२/४८	श्रीसीता नवमी, श्रीबगुलामुखी जयन्ती, गण्डमूलादि	००	१०	२८	५२	५	५३	१९	०१
३२.५३	१०	गुरु	५३	५०	मघा	५८	५३	गंड	१	५५	तै	२१	३४	६	८	26	१३	सिंह	गण्डमूलादि विचार	००	११	२७	१५	५	५२	१९	०१
३२.५८	११	शुक्र	५९	३३	पू.फा.	६०	००	वृद्धि	३	१०	व	२६	४२	७	९	27	१४	सिंह	भ. २६/४२ से ५९/३३ तक, मोहिनी एकादशी व्रत, सूर्य भर. में C	००	१२	२५	३६	५	५१	१९	०२
३३.०३	१२	शनि	६०	००	पू.फा.	६	००	ध्रुव	५	१५	ब	३२	४४	८	१०	28	१५	क. २२/५३		००	१३	२३	५४	५	५०	१९	०३
३३.०५	१२	रवि	५	५५	उ.फा.	१३	४३	व्या.	७	४८	बा	५	५५	९	११	29	१६	कन्या	प्रदोष व्रत, स. सि. योगः 11/18 घं. मिं. तक	००	१४	२२	१५	५	४९	१९	०३
३३.१०	१३	चंद्र	१२	२५	हस्त	२१	३३	हर्ष	१०	२८	तै	१२	२५	१०	१२	30	१७	तु. ५५/२३	श्रीनृसिंह जयन्ती, बुध भर. में ४७/०८	००	१५	२०	२६	५	४८	१९	०४
३३.१३	१४	मंग	१८	४५	चित्रा	२९	१०	वज्र	१३	००	व	१८	४५	११	१३	मई	१८	तुला	भ. १८/४५ से ५१/४४ तक, मई प्रारम्भ, मई दिवस, कूर्म जयन्ती D	००	१६	१८	३९	५	४८	१९	०५
३३.१५	१५	बुध	२४	४३	स्वा	३६	२०	सिद्धि	१५	१८	ब	२४	४३	१२	१४	2	१९	तुला	वैशाख पूर्णिमा, स्नानपुण्यादि, श्रीबुद्ध जयंती, शुक्र मिथुन में E	००	१७	१७	५१	५	४७	१९	०५

A ५१/०८ (26/26 घं.मिं.), रबि-उल्सानी (मुस्ल.) प्रारंभ B वृष में २६/४०, ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भ C ५५/५५, शुक्र मृग. में १/०३, D श्रीसत्यनारायण व्रत E ५४/००, वैशाख स्नान समाप्त

भौमे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 24 अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	३	१०	११	७	१	३	१०	४
०९	०६	१९	२९	२५	१९	२४	१९	१९
२९	१४	३३	२४	१९	५१	१२	४३	४३
२८	१५	५७	३८	०८	४२	४०	१८	१८
५८ २८	७६१ १	४५ ५७	११८ ४१	३ २४	६८ ५१	० २९	३ १०	३ १०
अश्वि ३	पुष्य १	शत ४	रेव ४	ज्ये. ३	रोहि ३	श्ले. ३	शत ४	पूफा २
—	मा	मा	मा	व	मा	मा	व	व
—	उ	उ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

२ शु. | १२ बु. | १ सू. | ३ | ११ मं. रा. | ४ चं. श. | १० | ५ के. | ७ | ९ | ६ | ८ गु.

बुधे पूर्णिमायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 2 मई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	६	१०	०	७	१	३	१०	४
१७	१२	२५	१५	२४	२८	२४	१९	१९
१६	३८	४१	५३	४७	५८	१९	१७	१७
१२	०१	१२	३३	२२	२१	३७	५२	५२
५८ १२	७१७ ११	४५ ५०	१२८ ४४	४ ४२	६७ ३८	१ २०	३ १०	३ १०
भर. २	स्वा. २	पूभा २	भर. १	ज्ये. ३	मृग २	श्ले. ३	शत ४	पूफा २
—	मा	मा	मा	व	मा	मा	व	व
—	अ	उ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. पूर्णिमा, प्रातः 5.30

२ शु. | १२ | १ सू. बु. | ११ मं. रा. | ३ | ४ श. | १० | ५ के. | ७ चं. | ९ | ६ | ८ गु.



वैशाख शुक्ल पक्षफल–

19 अप्रैल, गुरुवार को अक्षय तृतीया तथा भगवान परशुराम के अवतार की पुण्य तिथि होगी। इसी दिन त्रेतायुग का भी आरम्भ हुआ था। अक्षय तृतीया बड़ी पवित्र और महान् पुण्य फल देने वाली तिथि है। इसको स्वयं सिद्ध मुहूर्त्त भी माना जाता है। इस दिन किए गए जप, तप, स्नान, होम, दान आदि शुभ कर्मों का फल अनेक गुणा अधिक होता है। श्रीगंगा जयन्ती (23 अप्रैल) को हरिद्वार में प्रातः एवं मध्याह्न काल के समय श्री गंगा स्नान, जप, पाठ, दान एवं पुष्प-दीपादि सहित गंगा जी की पूजा करना विशेष कल्याणकारी होता है। ता. 25 को शक्तिस्वरूपा श्रीमाता बगुलामुखी की पूजार्चन करने से ऋण, रोग एवं शत्रुभय नहीं रहता। ता. 2 मई, बुधवार वैशाख पूर्णिमा के दिन हरिद्वार, कुरुक्षेत्र आदि तीर्थों पर जाकर जो व्यक्ति स्नान, जप, पाठ आदि के उपरान्त ब्राह्मणों को अन्न, वस्त्र, फल, जलापूरित कुम्भादि दक्षिणा सहित दान करता है, उसे अक्षय पुण्य फलों की प्राप्ति होती है। *लोक भविष्य*—वैशाख मास में पाँच मंगलवार होने से कहीं अग्निभय, तो कहीं उपयोगी वर्षा में कमी होगी। कुछ देशों के राष्ट्राध्यक्षों के मध्य टकराव एवं युद्ध के समाचार मिलेंगे। कहीं छत्रभंग (शासन परिवर्तन) या प्रमुख राजनेता की मृत्यु के योग हैं—"पंचभौमेभयं वह्णेः वृष्टिरोधस्तु कुत्रचित्। छत्रभंगस्तदा भवेत्॥" अग्निकाण्ड एवं हिंसक घटनाएं अधिक हों। पक्षारम्भ में ता. 20 को बुध पूर्व में अस्त होने से गेहूँ, धान्य, दालें, छोटी इलायची, खल-बिनौले, रूई, कपास आदि तेज भाव होंगे। ता. 24 को बुध मेष राशि में आने से सोना, चाँदी, लौह, पीतल, तांबा आदि धातुएं तेज होंगी। ता. 2 मई को मिथुन का शुक्र अरण्डी, तिल, तैल, सरसों, गुड़, अलसी में घटाबढ़ी तथा गेहूँ, चना, जौं, धान्य में तेजी करेगा।

आकाश लक्षण—इस पक्ष में उत्तरी भारत के उत्तरी क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ तेज बौछारें पड़ने के योग हैं। *शकुन*—अक्षय तीज को बादल चाल या बूंदाबांदी होना आगामी सुभिक्ष के संकेत हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वि. संवत् २०६४, प्रथम (शुद्ध) ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष शाक: १९२९ — सन् 2007 ई. (ता. 3 मई से 16 मई तक)

सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, ग्रीष्म ऋतु:

भा. स्टै. टा. जालन्धर

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	योग	घड़ी	पल	करण	घड़ी	पल	तारीखें वैशा. शुक्ल	रवि. मु.	मई	वैशाख	चंद्र राशि प्रवेश घटी पल	ग्रह दर्शन—प्रात: मंग. पूर्व कपाल में तथा गुरु पश्चिम क्षितिज की ओर होगा। सायं श. याम्योत्तरवृत्त से कुछ पश्चिम में हटा होगा, शुक्र भी उससे कुछ ऊपर पश्चिम में होगा। (14) मई से बुध भी सायं पश्चिम में होगा।	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं. मिं.	सूर्यास्त घं. मिं.
३३.२०	१	गुरु	३०	००	विशा	४२	५५	व्य.	१७	०५	कं.	३०	००	१३	१५	३	२०	वृ. २६/२०	प्रथम शुद्ध ज्येष्ठ कृष्ण पक्षारम्भ	००	१८	५०	००	५	४६	१९	०६
३३.२५	२	शुक्र	३४	३३	अनु	४८	४५	वरी	१८	२०	तै	२	१७	१४	१६	४	२१	वृश्चिक	नारद जयन्ती, स. सि. योग:	००	१९	१३	०८	५	४५	१९	०७
३३.२८	३	शनि	३८	१५	ज्ये	५३	४३	परि	१८	५८	व	६	२४	१५	१७	५	२२	ध. ५३/४३	भ. ६/२४ से ३८/१५ तक, श्रीगणेश चतुर्थी व्रत, चन्द्रोदय 22/15(जालंधर)	००	२०	११	१४	५	४४	१९	०७
३३.३५	४	रवि	४०	५८	मूल	५७	४५	शिव	१८	५३	ब	९	३७	१६	१८	६	२३	धनु	बुध कृति. में ५८/५५ (29/16 घं. मिं.), स. सि. योग:	००	२१	०९	१८	५	४२	१९	०८
३३.३८	५	चंद्र	४२	३५	पू.षा.	६०	००	सिद्ध	१७	५८	बौ	११	४७	१७	१९	७	२४	धनु	मंगल मीन में ३८/३८, टेगौर जयन्ती	००	२२	०७	२१	५	४१	१९	०८
३३.४०	६	मंग	४२	५३	पू.षा.	०	३८	साध्य	१६	०५	गर	१२	४४	१८	२०	८	२५	म. १६/०८	भ. ४२/५३ से, बुध वृष में ३१/५३, शुक्र आर्द्रा में ५२/०८,	००	२३	०५	२५	५	४१	१९	०९
३३.४३	७	बुध	४१	४५	उ.षा.	२	१३	शुभ	१३	०८	वि	१२	१९	१९	२१	९	२६	मकर	भ. १२/१९ तक,	००	२४	०३	२५	५	४१	१९	१०
३३.४८	८	गुरु	३९	१५	श्रव	२	२५	शुक्ल	९	०५	बा	१०	३०	२०	२२	१०	२७	कुं. ३१/५८	पंचक प्रारम्भ ३१/५८,	००	२५	०१	२५	५	४०	१९	११
३३.५०	९	शुक्र	३५	१३	धनि शत	१ ५८	१० २५	ब्रह्म ऐंद्र	३ ५७	५० २३	तै	७	१४	२१	२३	११	२८	कुम्भ	सूर्य कृति. में ४२/०३,	००	२५	५९	२१	५	३९	१९	११
३३.५३	१०	शनि	२९	४३	पू.भा.	५४	१५	वैधृ	४९	४३	व	२	२८	२२	२४	१२	२९	मी. ४०/२५	भ. २/२८ से २९/४३ तक, मंगल उ.भा. में १/१८,	००	२६	५७	२०	५	३९	१९	१२
३३.५८	११	रवि	२२	३०	उ.भा.	४८	५५	विष्क	४१	०८	बा	२२	३०	२३	२५	१३	३०	मीन	बुध रोहि. में १८/२८, अपरा एकादशी व्रत, भद्रकाली एकादशी A	००	२७	५५	१५	५	३८	१९	१३
३४.००	१२	चंद्र	१५	०३	रेव	४२	३८	प्रीति	३१	४३	तै	१५	०३	२४	२६	१४	३१	मे. ४२/३८	सोम प्रदोष व्रत, बुध पश्चिम से उदय १५/२०, पंचक समाप्त ४२/३८	००	२८	५३	०८	५	३७	१९	१३
३४.०५	१३	मंग	६	२५	अश्वि	३५	४८	आयु	२१	४५	व	६	२५	२५	२७	१५	ज्ये	मेष	भ. ६/२५ से ३१/५४ तक, सूर्य वृष में ९/१५, ज्येष्ठ संक्रान्ति, ३० B	००	२९	५१	०३	५	३६	१९	१४
०० ००	१४	मंग	५७	२३	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	००	चतुर्दशी तिथि क्षय ०० ००	००	०	०	०	०	०	०	०
३४.०८	३०	बुध	४८	२५	भर	२८	४८	सौभा	११	३५	च	२२	५४	२६	२८	१६	२	वृ. ४२/०५	भावुका अमावस, वट सावित्री व्रत (राज.), शनैश्चर जयन्ती	०१	००	४८	५४	५	३५	१९	१४

A (पं.), स. सि. योग: B मु., पुण्यकाल प्रात: उषाकाल से, स. सि. योग:, वट सावित्री व्रतारम्भ

गुरौ अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रात: ५/३० बजे, 10 मई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	९	११	१	७	२	३	१०	४
२५	२२	०१	०३	२४	०७	२४	१८	१८
०१	४१	४७	०७	०५	५४	३३	५२	५२
०३	५६	२४	१७	४४	३९	१५	२६	२६
५७ ५९	८१६ ४५	४५ ४१	१२६ ३२	५ ५०	६६ १३	२ १०	३ १०	३ १०
भर ४	ध्रुव ४	पूभा ४	कृति २	ज्ये ३	आश्ले ९	श्ले ३	शत ४	पूफा २
—	मा	मा	मा	व	मा	मा	व	व
—	उ	उ	अ	उ	उ	उ	अ	अ



बुधे अमावस्यायां ग्रह स्पष्ट प्रात: ५/३० बजे, 16 मई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
१	०	११	१	७	२	३	१०	४
००	१९	०६	१५	२३	१४	२४	१८	१८
४८	२२	२१	१८	२८	२९	४७	३३	३३
४२	०७	०७	३३	५५	०४	४५	२२	२२
५७ ५३	९०४ १२	४५ ३१	११३ ५१	६ ३२	६५ १	२ ४६	३ ११	३ ११
कृति २	भर २	उभा ९	रोहि २	ज्ये ३	आश्ले ३	श्ले ३	शत ४	पूफा २
—	मा	मा	मा	व	मा	मा	व	व
—	अ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ



प्रथम शुद्ध ज्येष्ठ कृष्ण पक्षफल—

इस पक्ष में अपरा एकादशी एवं भद्रकाली एकादशी (13 मई) का व्रत विधिपूर्वक रखने से अज्ञानतावश किए गए अनेकश: पापों से मुक्ति मिल जाती है। ता. 15 मई को **ज्येष्ठ संक्रान्ति** मंगलवार को प्रात: 9-18 बजे से वृष राशि में प्रवेश करेगी। संक्रान्ति को स्नान, जप, पाठ आदि का पुण्यकाल उषाकाल से प्रारम्भ हो जाएगा। **ज्येष्ठ मास** में स्नान, जप, ध्यानादि के पश्चात् वस्त्र, अन्न, मौसमी फल, जलापूरित-घट आदि का दान सुपात्र व्यक्ति को करना अत्यन्त कल्याणकारी होता है। इस पक्ष की त्रयोदशी से वट वृक्ष का पूजन करके अमावस तक तीन दिनों के लिए वटसावित्री का व्रत सौभाग्यशालिनी स्त्रियों को करना कल्याणकारी होता है। ता. 16 मई को **शनैश्चर** जयन्ती के दिन सायंकाल को दशरथकृत शनि स्तोत्र का पाठ शनि या शिव मन्दिर में करने से शनिजन्य दोषों की शान्ति होती है। ***व्यापारिक भविष्य***—पक्षारम्भ में ता. 7 मई को मंगल मीन राशि में आने से सोना, पीतल, पशुचारा, चौपाय, लकड़ी, कोयला, रूई, कपास के भाव तेज होंगे। चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी होगी। ''**मीन राशि कुजश्चैव तृणं काष्ठं चतुष्पद:। महर्घं जायते सर्वगृह्यते तत्र पण्डितै:।**'' ता. 8 को बुध वृष में आने से तिल, तैल, रूई, कपास, गेहूँ, चना, मटर एवं धान्य आदि में तेजी करेगा। परन्तु ता. 9 को शुक्र **आर्द्रा** में आने से रूई, कपास, व अनाज में घटाबढ़ी एवं मन्दी रहेगी। ता. 13 को बुध रोहिणी में आने से सोना, चाँदी, तिल, तैल, सरसों, चावल, गुड़, चीनी आदि में तेजी होगी। ता. 15 को **ज्येष्ठ संक्रान्ति** मंगलवासरी होने से तिल, तैल, घी, कपूर व रसादि की वस्तुएं व सर्वप्रकार के अनाज तेज भाव होंगे। **भौमस्यवारे यदि संक्रमश्चकरोति पृथ्व्यामसुखं महर्घता। संक्रान्ति फल**—वृष, मिथुन, कन्या, तुला, वृश्चिक, मकर, व मीन राशि को प्राय: संक्रान्ति शुभ व लाभप्रद होगी। ***आकाश लक्षण***—पक्ष में गर्मी का प्रभाव बढ़ेगा। पक्षान्त में तेज हवाओं के साथ कहीं रुक-रुक कर बौछारें पड़ेगी।

वि. संवत् २०६४, प्रथम (अधि.) ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष शाक: १९२९ — सन् 2007 ई. (ता. 17 मई से 1 जून तक)

सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, ग्रीष्म ऋतु:

भा. स्टै. टा. जालन्धर

तारीखें	चंद्र राशि

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वि. संवत् २०६४, (प्रथम (अधि.) ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष) शाकः १९२९ — सन् 2007 ई. (ता. 17 मई से 1 जून तक)

सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, ग्रीष्म ऋतुः

भा. स्टैं. टा. जालन्धर

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	तारीखें वैशा. शक	रवि मु.	मई	ज्येष्ठ प्र.	चंद्र राशि प्रवेश घटी पल	ग्रहदर्शन–प्रातः मंगल पूर्व कपाल में तथा गुरु पश्चिम में होगा। सायं शनि याम्योत्तरवृत्त से पश्चिम में हटा, सायं ही पश्चिम कपाल में तथा उससे ऊपर बुध दिखेगा।	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	सूर्योदय मिं.	सूर्यास्त घं.	सूर्यास्त मिं.
३४.१३	१	गुरु	३९	५८	कृति	२२	०८	शोभ अति	१ ५१	३३ ५८	किं	१४	१२	२७	२९	17	३	वृष	ज्येष्ठ अधिक मास प्रारम्भ, वक्री गुरु ज्ये. (२) में २१/०८	०१	०१	४६	४५	५	३४	१९	१५
३४.१५	२	शुक्र	३२	२३	रोहि	१६	१३	सुक	४३	१८	बा	६	११	२८	३०	18	४	मि. ४३/४३	चन्द्रदर्शन, मु. ३०,	०१	०२	४४	३१	५	३४	१९	१६
३४.२०	३	शनि	२६	१३	मृग	११	३५	धृति	३५	५०	ग	२६	१३	२९	जम	19	५	मिथुन	भ. ५३/५९ से, १ जमादिउलावल (मु.) प्रारम्भ,	०१	०३	४२	२१	५	३३	१९	१७
३४.२३	४	रवि	२१	४५	आर्द्रा	८	३५	शूल	२९	४८	वि	२१	४५	३०	२	20	६	क. ५२/३५	भ. २१/४५ तक, बुध मृग. में २५/१०,	०१	०४	४०	०८	५	३३	१९	१८
३४.२५	५	चंद्र	१९	२०	पुर्न	७	३५	गंड	२५	३०	बा	१९	२०	३१	३	21	७	कर्क	शुक्र पुर्न. में ७/३५, सूर्य सायन मिथुन में २५/२५, स. सि. यो. 8/34 से प्रा.	०१	०५	३७	५२	५	३२	१९	१८
३४.२८	६	मंग	१९	०३	पुष्य	८	३८	वृद्धि	२२	५०	तै	१९	०३	ज्ये	४	22	८	कर्क	शक ज्येष्ठ प्रारम्भ, स. सि. यो. 8/59 से प्रा.	०१	०६	३५	३४	५	३२	१९	१९
३४.३०	७	बुध	२०	५५	श्ले.	११	५०	ध्रुव	२१	५५	व	२०	५५	२	५	23	९	सिं. ११/५०	भ. २०/५५ से ५२/४७ तक,	०१	०७	३३	१३	५	३१	१९	१९
३४.३३	८	गुरु	२४	३८	मघा	१६	५०	व्या.	२२	२५	ब	२४	३८	३	६	24	१०	सिंह	बुध मिथुन राशि में ३५/५०	०१	०८	३०	५६	५	३१	१९	२०
३४.३५	९	शुक्र	२९	५०	पू.फा.	२३	२३	हर्ष	२४	०३	कौ	२९	५०	४	७	25	११	क. ४०/१०	सूर्य रोहिणी में ३२/४३, नैपच्यून वक्री २/५५	०१	०९	२८	३५	५	३०	१९	२०
३४.३८	१०	शनि	३५	५५	उ.फा.	३०	४५	वज्र	२६	२५	तै	२	५३	५	८	26	१२	कन्या	मेला गंङ्गा दशहरा (हरिद्वार), स्नान, दान, जपादि (देखें पृष्ठ 69)	०१	१०	२६	११	५	३०	१९	२१
३४.४३	११	रवि	४२	२०	हस्त	३८	३५	सिद्धि	२९	०८	व	९	०८	६	९	27	१३	कन्या	भ. ९/०८ से ४२/२० तक, पुरुषोत्तमा एकादशी व्रत, स. सि. यो.	०१	११	२३	४८	५	२९	१९	२२
३४.४५	१२	चंद्र	४८	३३	चित्रा	४६	१३	व्य.	३१	४३	बव	१५	२७	७	१०	28	१४	तु. १२/२५		०१	१२	२१	२३	५	२९	१९	२३
३४.४५	१३	मंग	५४	१०	स्वा.	५३	१५	वरी	३३	५५	कौ	२१	२२	८	११	29	१५	तुला	मंगल रेव. में ४०/१३, बुध आर्द्रा में ३३/३८, प्रदोष व्रत	०१	१३	१८	५७	५	२९	१९	२३
३४.४८	१४	बुध	५८	५५	विशा	५९	३०	परि	३५	३३	ग	२६	३३	९	१२	30	१६	वृ. ४३/००	भ. ५८/५५ से, शुक्र कर्क में ४२/५८, स. सि. यो.	०१	१४	१६	२६	५	२९	१९	२४
३४.५०	१५	गुरु	६०	००	अनु	६०	००	शिव	३६	३०	वि	३०	५०	१०	१३	31	१७	वृश्चिक	भ. ३०/५० तक, श्रीसत्यनारायण व्रत	०१	१५	१३	५८	५	२८	१९	२४
३४.५०	१५	शुक्र	२	४५	अनु	४	५०	सिद्ध	३६	३८	बव	२	४५	११	१४	जून	१८	वृश्चिक	अधि-ज्येष्ठ पूर्णिमा, स. सि. यो., जून मास प्रारम्भ	०१	१६	११	२८	५	२८	१९	२४

गुरौ अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 24 मई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
१	४	११	१	७	२	३	१०	४
०८	०९	१२	२९	२२	२३	२५	१८	१८
३०	५४	२४	०६	३४	०२	१२	०७	०७
५६	२०	१३	३२	०१	३३	३१	५६	५६
५७ ३९	७२६ १४	४५ १३	८९ १९	७ १३	६३ १	३ ३१	३ ११	३ ११
कृति ४	मघा ३	उभा ३	मृग २	ज्ये. २	पुर्न १	श्ले. ३	शत ४	पूफा २
—	मा	मा	मा	व	मा	मा	व	व
—	उ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30



शुक्रे पूर्णिमायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 1 जून

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
१	७	११	२	७	३	३	१०	४
१६	१५	१८	०९	२१	०१	२५	१७	१७
११	४१	२४	२५	३४	१८	४३	४२	४२
३३	२३	४६	३३	४६	१५	०४	३०	३०
५७ २९	७४५ १	४४ ५३	६१ २५	७ ३५	६० ३०	४ १३	३ ११	३ ११
रोहि २	अनु ४	रेव १	आर्द्रा १	ज्ये. २	पुर्न ४	श्ले. ३	शत ४	पूफा २
—	मा	मा	मा	व	मा	मा	व	व
—	उ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. पूर्णिमा, प्रातः 5.30



अधि. ज्येष्ठ शुक्ल पक्षफल–

17 मई, गुरूवार से ज्येष्ठ **अधिक मास** का प्रारम्भ होगा, जो कि 15 जून, शुक्रवार तक व्याप्त रहेगा। इस समयावधि में विवाह, मुण्डन, देव प्रतिष्ठा, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, यज्ञोपवीत संस्कार, काम्य व्रतानुष्ठानादि का आरम्भ, नववधू प्रवेश, नवीन आभूषण बनवाना, नई गाड़ी खरीदना आदि मांगलिक कार्यों के सम्पादन करने का त्याग करना चाहिए। परन्तु किसी रोग, ऋणादि कष्ट निवृत्ति के लिए किए जाने वाले जपादि अनुष्ठान, सन्तान के जन्म सम्बन्धी कृत्य, गर्भाधान, पुंसवन, और सीमान्त जैसे संस्कार तथा पूर्वागत एवं पूर्वनियोजित कार्य, प्रयोगादि किए जा सकते हैं। **अधिक मास** में शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ करके अमावस्या तक तीस दिनों में भगवान विष्णु की प्राप्ति के लिए जो व्रत, उपवास, स्नान, दान या पूजनादि किए जाते हैं, उनका अक्षय फल होता है और अनिष्ट नष्ट हो जाते हैं। अधिमास में एकभुक्त व्रत करके यथासामर्थ्य जप, दान, पुण्यादि करना चाहिए। यदि पूरे मास (30 दिन) व्रतादि करने की सामर्थ्य न हो, तो किसी एक शुभ दिन (एकादशी, पूर्णमाशी आदि) दोनों (पति-पत्नी) प्रातः स्नानादि नित्यकर्म करके वासुदेव को हृदय में रखकर व्रत करें। **अधिक मास** सम्बन्धी अधिक जानकारी के लिए **पुरूषोत्तम माहात्म्य** पुस्तक का पाठाध्ययन करना चाहिए। इस पक्ष की दशमी तिथि को मेला/पर्व **श्रीगंगा दशहरा** (हरिद्वार) तीर्थ पर बड़ी श्रद्धा भावना से मनाया जाएगा। यद्यपि **अधिमास** में प्रायः सभी पर्वों को मनाने का निषेध है, परन्तु गंगा दशहरा पर्व को मनाने की शास्त्राज्ञा अधिक मास में ही प्रदान की गई है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वि. संवत् २०६४, द्वितीय (अधि.) ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष शाक: १९२९ — सन् 2007 ई. (ता. 2 जून से 15 जून तक) — भा. स्टैं. टा. जालन्धर

सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, ग्रीष्म ऋतु:

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	तारीखें				चंद्र राशि प्रवेश घटी पल	ग्रहलोपदर्शन–प्रातः मंगल पूर्व कपाल में तथा गुरु को पश्चिम में देखें। सायं शनि, मंग. पश्चिम कपाल में परस्पर आसन्न तथा बुध पश्चिम क्षितिजासन्न होगा।	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं. मिं.	सूर्यास्त घं. मिं.
३४.५३	१	शनि	५	३०	ज्ये	९	१०	साध्य	३५	५८	कौ	५	३०	१२	१५	2	१९	ध. ९/१०	अधि-ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रारम्भ, शुक्र पुष्य में १/१३, गण्डमूलादि	०१	१७	०८	५५	५	२८	१९	२५
३४.५५	२	रवि	७	२०	मूल	१२	३५	शुभ	३४	३३	ग	७	२०	१३	१६	3	२०	धनु	भ. ३७/४४ से, स. सि. यो. 10/29 तक, गण्डमूलादि	०१	१८	०६	२३	५	२७	१९	२५
३४.५८	३	चंद्र	८	०८	पू.षा.	१४	५८	शुक्ल	३२	२३	वि	८	०८	१४	१७	4	२१	म. ३०/२५	भ. ८/०८ तक, श्रीगणेश चतुर्थी व्रत, चन्द्रोदय 22/41 (जालन्धर)	०१	१९	०३	५०	५	२७	१९	२६
३५.००	४	मंग	७	५८	उ.षा.	१६	२५	ब्रह्म	२९	२५	बा	७	५८	१५	१८	5	२२	मकर		०१	२०	०१	१६	५	२७	१९	२७
३५.००	५	बुध	६	४८	श्रव	१६	५५	ऐंद्र	२५	४०	तै	६	४८	१६	१९	6	२३	कुं. ४६/४८	पंचक प्रारम्भ ४६/४८,	०१	२०	५८	४२	५	२७	१९	२७
३५.००	६	गुरु	४	३८	धनि	१६	२५	वैधृ	२१	०८	व	४	३८	१७	२०	7	२४	कुम्भ	भ. ४/३८ से ३३/०२ तक,	०१	२१	५६	०७	५	२७	१९	२७
३५.०३	७	शुक्र	१	२५	शत	१४	५०	विष्क	१५	४०	बव	१	२५	१८	२१	8	२५	मी. ५७/५८	सूर्य मृग. में २७/४३,	०१	२२	५३	२८	५	२७	१९	२८
०० ००	८	शुक्र	५७	०८	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	००	अष्टमी तिथि का क्षय ०० ०० ००	००	०	०	०	०	०	०	०
३५.०४	९	शनि	५१	४८	पू.भा.	१२	१३	प्रीति	९	२३	तै	२४	२८	१९	२२	9	२६	मीन		०१	२३	५०	५२	५	२७	१९	२८
३५.०५	१०	रवि	४५	३३	उ.भा.	८	३५	आयु सौभ	२ ५४	१८ २३	व	१८	४१	२०	२३	10	२७	मीन	भ. १८/४१ से ४५/३३ तक, गण्डमूलादि 8/52 उप., स. सि. यो.	०१	२४	४८	३५	५	२६	१९	२८
३५.०८	११	चंद्र	३८	२८	रेव अश्वि	४ ५८	०२ ४५	शोभ	४५	५०	बव	१२	०१	२१	२४	11	२८	मे. ४/०३	पंचक समाप्त ४/०३, पुरुषोत्तमा एकादशी व्रत, गण्डमूलादि	०१	२५	४५	३८	५	२६	१९	२९
३५.०८	१२	मंग	३०	५०	भर	५३	०३	अति	३६	५५	कौ	४	३९	२२	२५	12	२९	मेष	भौम प्रदोष व्रत	०१	२६	४३	००	५	२६	१९	२९
३५.१०	१३	बुध	२३	०३	कृति	४७	१८	सुक	२७	५०	व	२३	०३	२३	२६	13	३०	वृ. ६/३८	भ. २३/०३ से ४९/१३ तक, वक्री गुरु ज्ये. (१) में २६/५५, शनि A	०१	२७	४०	२०	५	२६	१९	३०
३५.१०	१४	गुरु	१५	२३	रोहि	४१	५३	धृति	१८	५५	श	१५	२३	२४	२७	14	३१	वृष	अमावस पितृकार्येषु	०१	२८	३७	४४	५	२६	१९	३०
३५.१०	३०	शुक्र	८	१३	मृग	३७	१३	शूल	१०	२८	ना	८	१३	२५	२८	15	आ.	मि. ९/२५	ज्येष्ठ अधिक मास समाप्त, अमावस, सूर्य मिथुन में २६/०८, B	०१	२९	३५	०५	५	२६	१९	३०

A आश्ले. (4) में १४/५८, स. सि. योग: B आषाढ़ संक्रान्ति, ३० मु., पुण्यकाल सं. प्रात: 9/29 घं. मिं. बाद, बुध वक्री ५९/२३

शुक्रे सप्तम्यां ग्रह स्पष्ट प्रात: ५/३० बजे, 8 जून

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
१	१०	११	२	७	३	३	१०	४
२२	१६	२३	१५	२०	०८	२६	१७	१७
५३	३७	३७	१४	४१	१३	१४	२०	२०
३८	०८	५७	०६	२२	४९	१२	१५	१५
५७ २४	८३३ ७	४४ ३३	३३ ३२	७ ३९	५७ ४५	४ ४६	३ ११	३ ११
रोहि. ४	शत ३	रेव ३	आश्ले. ३	ज्ये. २	पुष्य २	मृगे. ३	शत ४	पुष्य २
—	मा	मा	मा	व	मा	मा	व	व
—	उ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रात: 5.30



शुक्रे अमावस्यायां ग्रह स्पष्ट प्रात: ५/३० बजे, 15 जून

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
१	१	११	२	७	३	३	१०	४
२९	२७	२८	१७	१९	१४	२६	१६	१६
३५	४६	४८	३५	४८	४८	४९	५७	५७
१५	१९	३५	५९	२१	२९	०६	५९	५९
५७ २०	८७६ ४९	४४ १२	६ ४६	७ २९	५४ ५६	५ १२	३ ११	३ ११
मृग २	मृग २	रेव ४	आश्ले. ४	ज्ये. १	पुष्य ४	मृगे. ४	शत ४	पुष्य २
—	मा	मा	मा	व	मा	मा	व	व
—	अ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अमा., प्रात: 5.30

अधि. ज्येष्ठ कृष्ण पक्षफल–

गतपक्ष की भान्ति इस पक्ष में भी विवाह, मुण्डन, गृह-प्रवेश आदि शुभ कृत्यों के सम्पादन का त्याग रहेगा। इस पक्ष में भी भगवान लक्ष्मीनारायण एवं सूर्य देव की पूजार्चन करके पुरूषोत्तमा एकादशी का व्रत रखना तथा यथाशक्ति अनाज, वस्त्र, फल, मिष्टान्न का दक्षिणा सहित दान करना कल्याणकारी होता है।

लोक भविष्य—द्वि-ज्येष्ठ मास होने से कहीं राजनेताओं में टकराव, छत्रभंग (राज्य-परिवर्तन) होने के संकेत हैं।

*आ. शु. ९, श.	20 अक्तू	४ कर्ति.	श्रव.	शनि-केतु वेध (त्याज्य)
का. शु. ९, चंद्र	19 नवं.	४ मार्ग.	पू.भा.	दुपै. 13/29 उप.
मा. शु. ९, मंग.	18 दिसं.	३ पौष	उ.भा.	ल. अभिजित
—सन् 2008 ईसवी में—				
मा. कृ. १२,रवि	3 फर.	२१ माघ	मूल	ल. १२, १, अभिजित
फा. कृ.१०,रवि	2 मार्च	१९ फागु.	मूल	ल. १२, १, अभिजित

नवग्रह पूजा विधान

(नवग्रह स्तोत्र, कवच तथा उपायों सहित)

नवग्रहों के पूजन विधान के सम्बन्ध में देश में अनेकों पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। पण्डित हीरानन्द शर्मा द्वारा सम्पादित की प्रस्तुत पुस्तक उनका श्लाघनीय प्रयास है। इस पुस्तक में प्रत्येक ग्रह के पूजन सम्बन्धी पृथक्-पृथक् विस्तृत विवरण दिया गया है, जिससे प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त ब्राह्मण भी नवग्रहों के पूजन सुगमता पूर्वक करवा सकता है।

प्रस्तुत पुस्तक में नवग्रह मण्डल में ग्रह स्थापन की रचना की विधि तथा उत्तरार्ध भाग में संक्षेप से सूर्यादि नवग्रहों के उपाय, नवग्रह स्तोत्र, नवग्रह कवच, नवग्रह पीड़ाहर स्तोत्र, नवग्रह चालीसा आदि सरल एवं विशिष्ट रूप दिए गए हैं जिससे धर्मपरायण लोगों के लिए असान रूप से उपयोगी हो सके। मूल्य 25 रुपए।

पता—जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर- 144008

गृहारम्भ में शुभाशुभ जानने हेतु "सूर्यभात् वृष चक्र"

'गृह प्रवेश में कलश वास्तु चक्र'

नामकरण संस्कार मुहूर्त्त २०६४

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

गृहारम्भ में शुभाशुभ जानने हेतु ''सूर्यभात् वृष चक्र''

भाग	प्रथम	द्वितीय	तृतीय	चतुर्थ	पंचम	षष्ठ	सप्तम	अष्टम
बैल के अंग	शिर	अग्र-पाद	पृष्ठ-पाद	पृष्ठ	दक्ष-कुक्षि	पुच्छ	वाम-कुक्षि	मुख
नक्षत्र	३	४	४	३	४	३	४	३
फल	अग्नि दाह	शून्य	स्थिर	श्री लाभ	धन लाभ	स्वामी हानि	दरिद्रता	कष्ट दुख

विधि—बैल की आकृति बनाकर उसे आठ भागों में बांटे। सूर्य अधीष्ठित नक्षत्र से आरम्भ करके प्रत्येक भाग में उपरोक्त क्रमानुसार नक्षत्रों की स्थापना करके फल ज्ञात करें। जैसे—यदि गृह निर्माण के समय सूर्य मघा नक्षत्र में हो, तो मघा, पूफा, उफा—यह ३ नक्षत्र प्रथम भाग (शिर) पर आएंगे। इसी क्रम से अन्य सभी २७ नक्षत्रों की स्थापना क्रमानुसार करें। यदि फिर चक्र में लिखे फलानुसार मुहूर्त्त के शुभाशुभ का निर्णय करें। यदि सूर्य का नक्षत्र प्रथम भाग में पड़े तो मकान में अग्नि का भय हो, यदि पंचम भाग में पड़े तो धन लाभ होगा।

अभिजित मुहूर्त्त

पुराणानुसार अभिजित मुहूर्त्त काल में क्रियमाण सभी कर्म प्रायः सफल होते हैं। भगवान् विष्णु के सुदर्शन चक्र की भान्ति अभिजित् मुहूर्त्त सब दोषों को नाश कर देता है—

दिनमध्यगते सूर्ये मुहूर्त्ते हि अभिजित् प्रभुः।
चक्रमादाय गोविन्दः सर्वान्दोषान्निकृन्तति॥

दिनमान के अर्ध भाग में स्थानीय सूर्योदय जमा कर देने से अभिजित् मुहूर्त्त का मध्य भाग निकल आता है। **'नारद पुराण'** के अनुसार **अभिजित्** के मध्याह्न काल से १ घटी अर्थात् २४ मिनट पूर्व और मध्याह्न से २४ मिनट पश्चात् तक के समय को **अभिजित् काल** कहा जाता है।

उदाहरण—मान लो, आपने २८ नवम्बर को अभिजित मुहूर्त्त का समय जानना है, तो उस दिन के दिनमान (२५/३० घटी पल) का अर्धभाग १२ घड़ी, ४५ पल होंगे। इस अर्ध भाग के ५ घंटे, ६ मिनट बनते हैं। इनके उस दिन में जालन्धर के सूर्योदय ७/१० घं. मिं. में जमा कर देने से दुपै. १२ बजकर १६ मिनट पर अभिजित मुहूर्त्त का मध्यकाल होगा। इससे २४ मिनट पूर्व अर्थात् ११/५२ घं. मिं. से अभिजित का प्रारम्भ काल तथा (१२/१६ + ००/२४ मिनट = १२ घं. ४० मिनट पर अभिजित का समाप्ति काल (घंटा मिंट) होगा।

स्वयं सिद्ध मुहूर्त्त

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, श्रीरामनवमी, अक्षया तृतीया, विजयादशमी, दीपावली तिथियां स्वयं सिद्ध (अणपुच्छ) मुहूर्त्त कहलाती हैं। आवश्यक परिस्थितिवश गृहारंभादि मुहूर्त्तों में कोई मुहूर्त्त न बन पड़े तो इन स्वयं सिद्ध मुहूर्त्तों में से शुभ कार्य का सम्पादन कर सकते हैं।

'गृह प्रवेश में कलश वास्तु चक्र'



नव गृह प्रवेश सम्बन्धी मुहूर्त्तों में और अधिक सूक्ष्मता प्राप्ति के लिए कलश-वास्तु चक्र का प्रयोग किया जाता है। किसी काल्पनिक कलश को आठ विभागों में बाँट लें। मुहूर्त्त काल में सूर्याधीष्ठित नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र (मुहूर्त्त वाला नक्षत्र) तक यथाक्रम नक्षत्र रखें। घट चित्र रेखांकित किया गया है। सूर्य नक्षत्र से चंद्र नक्षत्र १ (समान) होने पर मुख पर स्थापित करें। सूर्य के नक्षत्र से आगे गिनने पर दो से पाँच अर्थात् आगे के चार नक्षत्र पूर्व दिशा में रखें, इसी प्रकार ६ से ९ तक चार नक्षत्र कलश के दक्षिण में रखें, फिर दस से तेरह तक चार नक्षत्र पश्चिम में रखें, फिर १४ से १७ तक चार नक्षत्र उत्तर में रखें तथा १८ से २१ तक चार नक्षत्र कलश के उदर में रखें, फिर २२ से २४ तक तीन नक्षत्र कलश के तल में रखें तथा शेष २५ से २७ तीन नक्षत्र कलश के कण्ठ में रखें। इसके बाद गृह प्रवेश का फल निम्न प्रकार जानें—

गृह-प्रवेश में नक्षत्र फल	फल
१. यदि मुख का नक्षत्र ही प्रवेश नक्षत्र हो	अग्नि से भय होता है।
२. पूर्व के चार नक्षत्रों में भवन	उजाड़ होने का भय होता है।
३. दक्षिण के चार नक्षत्रों में	धन लाभ होता है।
४. पश्चिम के चार नक्षत्रों में	धन-वैभव प्राप्त होता है।
५. उत्तर के चार नक्षत्रों में	कलह-क्लेश रहता है।
६. उदर के चार नक्षत्रों में	विनाश का भय रहता है।
७. तल के तीन नक्षत्रों में	स्थिरता (स्थायी वास) आती है।
८. कण्ठ के तीन नक्षत्रों में	गृहस्वामी की चिरायु हो।

गण्डमूल नक्षत्र शान्ति प्रयोग

—व्याख्याकार—पण्डित पन्ना लाल पंचांगकर्त्ता

अश्विनी, आश्लेषा, मघा, ज्येष्ठा-मूला एवं रेवती—सभी 6 गण्डमूलक नक्षत्रों पर छपी अत्यन्त उपयोगी पुस्तक जिसमें नक्षत्र, ग्रहों के आवाहन, पूजन, हवन, दान आदि की व्याख्या शास्त्र विधि-विधान के साथ एवं हिन्दी व्याख्या सहित दी गई है। गण्डमूल के सभी छः नक्षत्रों पर ऐसी उपयोगी पुस्तक पहिले आपने नहीं देखी होगी। कर्मकाण्डी पण्डितों एवं नव-विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त लाभदायक पुस्तक है। मूल्य 35 रू.।

जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर शहर।

नामकरण संस्कार मुहूर्त्त २०६४

(अन्न प्राशन मुहूर्त्त में भी ग्राह्य)

अपनी कुल परम्परा अनुसार सूतक समाप्ति के पश्चात् जन्मदिन से १०, ११, १२, १३, १६, १९ या २२वें या ४१वें तथा विपणि में दिए गए शुभ मुहूर्त्तों में नामकरण संस्कार करना चाहिए। मनुष्य के बाह्य एवं आन्तरिक व्यक्तित्व के विकास में उसकी प्रसिद्ध नाम राशि का विशेष महत्त्व होता है। व्यापार, व्यवहार, सर्विस, संकल्पपूर्वक दान दीक्षा-मंत्र-सिद्धि आदि कार्यों में नाम की ही प्रधानता रहती है। नामकरण संस्कार अपने कुल के वृद्ध व्यक्ति, महात्मा, गुरु, पण्डित, ज्योतिषी, पिता या कुल पुरोहित जी से परामर्श के अनुसार अथवा जन्म-नक्षत्र के चरणाक्षर से प्रारम्भ होने वाले अक्षर से युक्त किसी महान् पुरुष, कुलदेवता, ईश्वर या देववाचक, मंगल/कल्याणार्थक तथा कानों को मधुर लगने वाले अक्षर वाला नाम रखना चाहिए। यदि जन्म नक्षत्र/राशि पाप ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो लग्न, लग्नेश या भाग्येश ग्रह से सम्बन्धित राशि वाले अक्षर से प्रारम्भ होने वाला नाम रखना चाहिए। उस दिन किसी ब्राह्मण द्वारा स्वास्ती वाचन, पंचदेव एवं नवग्रह पूजनादि करवा कर **ब्राह्मण** का भोजन, वस्त्र, फल दक्षिणा आदि द्वारा सत्कार करना चाहिए।

चुनाव में खड़े होने का मुहूर्त्त

शुभ तिथियाँ—(१ कृ.), २, ३, ५, ९, १०, १२ एवं १५ शुक्ल।

शुभ वार—सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार।

शुभ नक्षत्र—अश्विनी, रोहिणी, पुर्न, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, अनुराधा, श्रवण, धनिष्टा, रेवती।

शुभ लग्न—(इ) १, ४, ७, १०।

विशेष—केन्द्र-त्रिकोण में शुभ ग्रह हों, ३, ६, ११वें पाप ग्रह हो। लग्न एवं लग्नेश पर शुभ ग्रह की दृष्टि हो। बुध, शुक्र, गुरु उदित हों। चन्द्र बली हो तथा प्रत्याशी की राशि मुहूर्त्त वाले दिन-छटे, आठवें एवं १२वें न हो।

संसद् में शपथ ग्रह के समय स्थिर लग्न प्रशस्त होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विवाहादि शुभ कार्यों में दोषपूर्ण, अशुद्ध एवं त्याज्य मुहूर्त्त-संवत् २०६४ वि.

नीचे वि. संवत् २०६४ में उन विशेष दोषपूर्ण एवं अशुद्ध विवाह मुहूर्त्तों का विवरण दिया जा रहा है, जिनके अन्तर्गत विवाह नक्षत्र होते हुए भी उनको शुद्ध विवाह मुहूर्त्तों में सम्मिलित नहीं किया गया। जिज्ञासु पाठकों की शंका समाधान के लिए आगे कुछ अशुद्ध एवं त्याज्य विवाह मुहूर्त्तों का विवरण लिख रहें हैं जिनका प्रत्यक्षतः कोई शास्त्रीय परिहार नहीं मिलता है। अति आवश्यक परिस्थितियों वश यदि निम्न मुहूर्त्तों में से कोई विवाह आदि शुभ कार्य करना हो, तो विवाह नक्षत्र व योग स्वामी एवं देवता की विशिष्ट संख्या में संकल्पपूर्वक पूजा-पाठ व दानादि करके शुभ कार्य सम्पादित करने चाहिएँ॥

(निवेदक—पण्डित पन्ना लाल ज्योतिषी॥)

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
15 अप्रैल	रवि	उ.भा.	क्षीणचन्द्र, मृत्युबाण
25 अप्रैल	बुध	मघा	लग्नऽभावः
30 अप्रैल	सोम	चित्रा	मंगल का वेध
1 मई	मंगल	चित्रा	मंगल का वेध
2 मई	बुध	स्वाती	राहु का वेध
1 मई	मंगल	स्वाती	राहु का वेध
3 मई	गुरु	अनु.	सूर्य वेध, मृत्युबाण
4 मई	शुक्र	अनु.	सूर्य वेध, मृत्युबाण
10 मई	गुरु	श्रवण	क्रान्तिसाम्य दोष
10 मई	गुरु	धनि.	शनि का वेध
11 मई	शुक्र	धनि.	शनि का वेध
12 मई	शनि	उभा.	भौमयुति, लग्नाभाव
13 मई	रवि	उभा.	भौमयुति, मृत्युबाण
13 मई	रवि	रेव.	लग्नऽभाव
14 मई	सोम	रेव.	मासान्त
17 मई से 15 जून तक ज्येष्ठ अधिक मास			
22 जून	शुक्र	उफा.	व्यतीपात, दग्धा भद्रा
25 जून	सोम	चित्रा	लग्नाभाव
25 जून	सोम	स्वा.	राहु का वेध
26 जून	मंगल	स्वा.	राहु का वेध
28 जून	गुरु	अनु.	लग्नाभाव
2 जुला.	सोम	उषा.	वैधृति दोष.
3 जुला.	मंगल	धनि.	शनि का वेध
4 जुला.	बुध	धनि.	शनि का वेध
7 जुला.	शनि	उ.भा.	लग्नाभावः
8 जुला.	रवि	अश्वि.	केतु युति व वेध
9 जुला.	सोम	अश्वि	केतु युति व वेध

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
16 जुला.	सोम	मघा	संक्रान्ति दोष
20 जुला.	शुक्र	उ.फा.	लग्नाभाव
21 जुला.	शनि	हस्त	लग्नाभाव
22 जुला.	रवि	स्वाती	राहु का वेध
23 जुला.	सोम	स्वाती	राहु का वेध
27 जुला.	शुक्र	मूल	मृत्युबाण, लग्नऽभाव
29 जुला.	रवि	श्रवण	शनि का वेध
30 जुलाई से 12 अगस्त तक तेरह दिन का पक्ष और 7 अग. से 23 अग. तक शुक्रास्त रहेगा।			
27 अग.	सोम	श्रवण	सूर्य, शनि, केतु का वेध
28 अग.	मंगल	धनि.	मृत्युबाण दोषः
30 अग.	गुरु	उ.भा.	शूल योग, भुजङ्गपात
31 अग.	शुक्र	अश्विनी	सूर्य का वेध
1 सितं.	शनि	अश्विनी	सूर्य का वेध
9 सितं.	रवि	मघा	क्षीण चन्द्र, भद्रा
15 सितं.	शनि	स्वाती	मृत्युबाण, राहु वेध
16 सितं.	रवि	स्वा.	राहु-वेध, मासान्त
17 सितं.	सोम	अनु.	संक्रान्ति
19 सितं.	बुध	मूल	लग्नाभाव
21 सितं.	शुक्र	उ.षा.	मंगल का वेध
22 सितं.	शनि	उ.षा.	मंगल का वेध
22 सितं.	शनि	श्रवण	शनि, केतु का वेध
23 सितं.	रवि	श्रवण	शनि-केतु का वेध
26 सितं.	बुध	उ.भा.	श्राद्ध-पूर्णिमा
27 सितं. से 11 अक्तू. तक श्राद्ध रहेंगे।			

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
12 अक्तू.	शुक्र	चित्रा	वैधृति योग, सूर्य युति
12 अक्तू.	शुक्र	स्वाती	राहु का वेध
13 अक्तू.	शनि	स्वाती	राहु का वेध
16 अक्तू.	मंगल	मूले	मासान्त, मृत्युबाण
17 अक्तू.	बुध	मूले	संक्रान्ति
18 अक्तू.	गुरु	उ.षा.	मृत्युबाण दोष (23-15 उप.)
20 अक्तू.	शनि	श्रव.	शनि-केतु का वेध, भुजङ्गपात
25 अक्तू.	गुरू	रेव.	भद्रा-दोष व्याप्ति
30 अक्तू.	मंगल	मृग	लग्नाभाव
6 नवं.	मंगल	उ.फा.	मृत्युबाण दोष, वैधृति
16 नवं.	शुक्र	उषा	संक्रान्ति
17 नवं.	शनि	श्रव.	केतु का वेध
18 नवं.	रवि	धनि.	मृत्युबाण दोष
21 नवं.	बुध	उभा.	लग्नऽभाव
22 नवं.	गुरू	रेव/अश्वि	लग्नऽभाव, व्यतिपात
1 दिसं.	शनि	मघा	केतु युति, वैधृति
5 दिसं.	बुध	स्वा.	राहु-वेध, मृत्युबाण दोष
6 दिसं.	गुरू	स्वा.	राहु-वेध
8/9 दिसं.	श./र.	अनु.	गुरु वार्धक्य दोष.
गुरू अस्त—10 दिसं. से 4 जन. 2008 तक			
गुरू बाल्यत्व दोष—6 जन. से 8 जन. तक			
पौष मास—16 दिसं. से 13 जन. (08) तक			
सन् 2008 ईसवी में			
15 जन.	मंगल	रेव.	भद्रा दोष व्याप्त
15 जन.	मंगल	अश्वि	शनि का वेध

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
16 जन.	बुध	अश्वि	शनि वेध, मृत्युबाण
19 जन.	शनि	मृग	सूर्य का वेध
20 जन.	रवि	मृग	सूर्य का वेध
24 जन.	गुरू	मघा	मृत्यु बा./सूर्य वेध-19/56 उपरांत
25 जन.	शुक्र	मघा	सूर्य वेध, केतु युति
29 जन.	मंगल	चित्रा	शूले, भुजङ्गपात
29 जन.	मंगल	स्वाती	शूले, भुजङ्गपात
2 फर.	शनि	मूले	मृत्युबाण दोष
8 फर.	शुक्र	धनि	राहु युति, क्षीण चंद्र
10 फर.	रवि	रेव.	लग्नाभाव
12 फर.	मंगल	अश्वि	मासान्त
15 फर.	शुक्र	रोहि	वैधृति दोष
15 फर.	शुक्र	मृग	वैधृति, भौम युति
23 फर.	शनि	उ.फा.	मृत्युबाण दोष
24 फर.	रवि	हस्त	शूले, भुजङ्गपात
25 फर.	सोम	स्वा.	सूर्य का वेध
26 फर.	मंगल	स्वा.	सूर्य का वेध
3 मार्च	सोम	उ.षा.	भौमे वेध, मृत्युबाण
4 मार्च	मंगल	उ.षा.	भौम वेध
4 मार्च	मंगल	श्रव.	शनि, केतु वेध, त्र्यो.
12 मार्च	बुध	रोहि.	लग्नाभाव
13 मार्च	गुरु	रोहि.	मासान्त
14 मार्च से चैत्र मासारम्भः			

विवाहादि मुहूर्तों में लग्न-शुद्धि विचार

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विवाहादि मुहूर्तों में त्रिबल-शुद्धि विचार

शुभ विवाह मुहूर्तों में वर-कन्या के विवाह में जब सूर्य, चन्द्र एवं गुरु इन तीनों महत्त्वपूर्ण ग्रहों की शुभ गोचर स्थिति को ध्यान में रखते हुए शुद्ध विवाह मुहूर्त्त-दिन का विचार किया जाता है, तो उसे **त्रिबल-शुद्धि** विचार कहा जाता है। **वर की जन्म** राशि से सूर्य व चन्द्र का बल तथा **कन्या** की जन्म राशि से **गुरु व चन्द्र** का बल विशेषतया देखा जाता है। इन तीनों ग्रहों (सूर्य, चन्द्र व गुरु) के बलाबल के बिना विवाह-कार्य शुभ नहीं माना जाता है। मुनि **गर्गाचार्य** अनुसार—

स्त्रीणां गुरुबलं श्रेष्ठं पुरुषाणां रवेर्बलम् ।
तयोः चन्द्रबलं श्रेष्ठमिति गर्गेण निश्चितम्॥—(ज्योतिर्निबन्ध)

(1) **वर की** जन्म राशि से विवाह मुहूर्त्त के समय गोचर में सूर्य ३, ६, १०, ११वें हो, तो शुभ तथा १, २, ५, ७, ९वें सूर्य हो, तो किंचित्-अशुभ एवं पूज्य होता है। परन्तु यदि ४, ८ या १२वें गोचरस्थ सूर्य हो, तो अशुभ एवं त्याज्य होता है।

(2) **कन्या** की जन्म राशि से विवाह मुहूर्त्त के समय गोचर में गुरु यदि २, ५, ७, ९ या ११वें हो तो वह शुभ है, १, ३, ६ या १०वें तो हो वह सामान्य पूज्य होता है तथा यदि ४, ८ या १२वें हो तो गुरु अशुभ समझा जाता है, परन्तु आजकल क्योंकि कन्याओं का विवाह प्रायः प्रौढ़ायु होने पर ही किया जाता है, अतएव आचार्यों द्वारा कन्या के लिए गुरु (४, ८, १२वें) निंद्य एवं त्याज्य न मानकर विशेषतः पूज्य माना जाता है।

(3) **वर तथा कन्या** दोनों की राशि से विवाह मुहूर्त्त समय की राशि (गोचर चन्द्र) १, ३, ६, ७, १० या ११वें हो, तो वह चन्द्र शुभ होता है एवं २, ५, ९ या १२वें चन्द्र हो, तो कुछ अशुभ एवं पूज्य होता है तथा ४ या ८वें चन्द्र हो, तो अशुभ एवं निन्द्य माना जाता है। (मु. पारिजात) आगे दिए गए **त्रिबल-शुद्धि** चक्र से वर-कन्या के शुभ विवाह मुहूर्त्त का निर्णय करने में सुविधा होगी—

"त्रिबल शुद्धि-चक्र"

त्रिग्रह बल→	सूर्यबल	चन्द्रबल	गुरूबल
शुभ एवं ग्राह्य	३, ६, १०, ११	१, ३, ६, ७, १०, ११	२, ५, ७, ९, ११
अल्प-शुभ एवं पूज्य	१, २, ५, ७, ९	२, ५, ९, १२	१, ३, ६, १०
निन्द्य एवं त्याज्य	४, ८, १२	४, ८	४, ८, १२

● **विवाह-मुहूर्त्त** के सम्बन्ध में और अधिक सूक्ष्मता एवं शुद्धता लाने के लिए वर-कन्या की राशि से **त्रिबल शुद्धि** द्वारा प्राप्त मास, दिनादि के समय गोचरस्थ सूर्य, चन्द्र, गुरु, यदि उच्च राशि में या स्वराशिगत अथवा गुरु आदि शुभ ग्रह से दृष्ट हो, तो ऐसा विवाह मुहूर्त्त अति उत्तम एवं विशेष शुभ होता है।

● यदि **वर-कन्या की** राशि से सूर्य, चन्द्रादि गोचर ग्रह नीच या शत्रु-राशिस्थ अथवा किसी शत्रु या अशुभ ग्रह से दृष्ट होगा, तो ऐसा मुहूर्त्त शास्त्रानुसार ग्राह्य होते हुए भी पूज्य (अर्थात् पूजा वाला) विवाह मुहूर्त्त माना जाएगा॥

उदाहरण स्वरूप, मिथुन राशि के वर/कन्या को यदि वैशाख मास में मघा नक्षत्र में विवाह करना अभीष्ट हो, तो **त्रिबल शुद्धि** चक्र अनुसार मिथुन राशि को वैशाख में सूर्य ११वें एवं मेष में उच्चराशिस्थ होने से यह महीना अत्यन्त शुभ होगा तथा मघा नक्षत्र कालीन-चन्द्रमा तृतीय स्थान में सिंह राशिस्थ (मित्र क्षेत्र में) होने से **मिथुन राशि** के लिए **श्रेष्ठ** एवं **उत्तम मुहूर्त्त** होगा।

इसी भान्ति, **कुम्भ राशि** के जातक/जातिका को यदि **मार्गशीर्ष** (नवम्बर) मास में एवं अनुराधा नक्षत्र (बृश्चिक राशि) कालीन विवाह करना अभीष्ट हो, तो मार्गशीर्ष मास में **कुम्भ जातक** को (त्रिबल-शुद्धि अनुसार), सूर्य दशम (१०वें) होने से, तथा बृश्चिक का चन्द्रमा भी गोचर वश दसवें होने से विवाह ग्राह्य माना जाएगा। परन्तु कुम्भ राशि का स्वामी ग्रह **शनि**, सूर्य और चन्द्रमा की राशि बृश्चिक के स्वामी ग्रह-**मंगल** का शत्रु ग्रह होने से प्राप्त **विवाह-मुहूर्त्त** सामान्य एवं मध्यम कोटि का होगा। इसमें **मंगल ग्रह** की विशेष पूजा व उससे सम्बन्धित ग्रह का दानादि करना शुभ होगा।

त्रिबल-शुद्धि के सम्बन्ध में परिहार वाक्य

सूर्य, चन्द्र एवं गुरु-तीनों ग्रहों पर आधारित त्रिबल-शुद्धि के अनुसार निर्णय किए गए **विवाह-मुहूर्त्तों** के सम्बन्ध में ज्योतिष आचार्यों द्वारा प्रतिपादित अनेक स्थलों पर परिहार वाक्य भी उपलब्ध होते हैं। पाठकों के उपयोगार्थ निम्नलिखित परिहार अत्यन्त आवश्यक परिस्थितिवश एवं **ग्रहोचित पूजार्चन, दान आदि के पश्चात्** ही ग्रहण करने चाहिएँ॥

सूर्यबल—**त्रिबलशुद्धि** अनुसार वर की जन्म-राशि से ४, ८ एवं १२वें सूर्य अशुभ एवं त्याज्य माना जाता है। परन्तु अपवाद स्वरूप।

गर्गाचार्य के अनुसार संक्रान्ति से १३ दिन के अनन्तर अशुभ फल न होकर शुभ फल होता है— **अनिष्टस्थानमें सूर्य शुभराशिःपुरो भवेत्।**
त्रयोदशदिनं त्यक्त्वा शेषस्थ शुभमादिशेत्॥ (गर्गाचार्य)

अर्थात् जन्मराशि से सूर्य अशुभ स्थान पर हो एवं सूर्य की अग्रिम राशि शुभ हो, तो संक्रान्ति से त्रयोदश (१३) दिन के अनन्तर, उसे शुभ मानना चाहिए॥

'वशिष्ठ' जी के अनुसार भी जन्म राशि से दुःस्थानों (४, ८, १२) में गोचरवश गए हुए सूर्य एवं गुरु दोनों में से किसी एक ग्रह की भी विधिपूर्वक पूजा, दानादि करके विवाह करना शुभप्रद होता है—

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यत्रार्क गुर्वोरपि नैधनान्त्य-जन्मादि दु:स्थानगयो द्वयोर्वा॥
एकस्य पूजामपि तत्र कृत्वा पाणिग्रहं कार्यमत: सुसम्यक्॥ –(वशिष्ठ)

● ४, १२ वें सूर्य या गुरु आदि द्विगुणित (दोगुणी) पूजा-दानादि से तथा ८ वें (सूर्य एवं गुरु) त्रिगुणित दान-पूजादि के पश्चात् शुभ फल प्रदान करता है—

द्वि:अर्च्यो द्वादशस्तुर्यस्थाष्टम: त्रिगुणार्चनात्॥''

भावार्थ बोधिनी 'फलदीपिका' के अनुसार गोचरवश अनिष्टभाव में गया कोई ग्रह यदि स्वाराशि या उच्च राशि में हो तो दोष नहीं करता। यदि ग्रह शुभ भाव में हो और स्वराशि या उच्चराशिस्थ भी हो, तो पूर्ण शुभ फल करता है—

अनिष्ट भावस्थित खेचरेन्द्र:स्वोच्च स्वगेहोपगतो यदि स्यात्।
न दोषकृच्चोत्तमभावगश्चेत् पूर्ण फलं यच्छति गोचरेषु ॥३१॥ ॥अध्याय॥२६॥

इसी भान्ति यदि कोई अशुभ ग्रह भी गोचर में गुरु आदि शुभ ग्रह से दृष्ट हो, तो उसकी अशुभता नष्ट हो जाती है—

असत्फल: सौम्य निरीक्षितो य: शुभप्रदश्च: = फ० दी० ॥३०॥

चन्द्रबल विचार—चन्द्रबल सभी कार्यों में अपेक्षित माना जाता है। सामान्यत: विवाह, यज्ञोपवति, अन्न-प्राशनादि में ४, ८ वे स्थान में, (कुछ विद्वानों के अनुसार १२वें भी) चन्द्र एवं व्याज्य माना जाता है। परन्तु आजकल १२ वें चन्द्र को निंद्य न मानते हुए पूज्य ही माना जाता है, यथा—

● गर्भाधाने जन्मकालेऽभिषेके मौञ्जिबन्धने।
पाणिग्रहे प्रयाणे च चन्द्रो द्वादशग: शुभ:॥ (दैवज्ञकल्पदुम)
अन्येऽपि–पाणिग्रहेस्त्रीषुरतेऽभिषेके निषेकयात्राव्रतबन्धने च।
व्रतोपवासादिषु गर्गपूर्वै:प्रोक्त:शुभो द्वादशगो हिमांशु॥ २॥

अर्थात्-विवाह, गर्भाधान, स्त्री-प्रसंग, उपनयन, यात्रा, व्रत-उपवास आदि कार्यों में द्वादश (१२वें) चन्द्र शुभ होता है।

● जन्मराशि से २, ५, ९ वें स्थान में चन्द्र शुक्ल पक्ष में प्रशस्त होता है—

शुक्लपक्षे शुभश्चन्द्रो, द्वितीयनवपंचगै:॥–नारदपुराण

अशुभस्थान में गोचरस्थ चन्द्रमा, स्वोच्च राशि में, अधि-मित्र की राश्यंश (नवांश) में, या शुभ नवांश में अथवा गुरु से दृष्ट हो, तो शुभफल दायक होता है—

अनिष्टस्थान संस्थोऽपि भवेत् शुभकर: शशी।
सौम्यभागेऽधिमित्रांशे गुरूणावाऽपि वीक्षिते॥ –राजमर्त्तण्ड

'पंचांग दिवाकर' में गोचरवश चतुर्थ चंद्र पर, जहाँ गुरू की शुभ दृष्टि पड़ रही है, उस मुहूर्त्त को ग्रहण किया गया है।

विवाहादि शुभ कार्यों में जन्मराशिस्थ चन्द्र कुछ आचार्यों के अनुसार अशुभ माना है—

जन्मग: फलश्चन्द्र: पंचकर्मसु वर्जयेत्। यात्रा युद्धविगहेषु प्रवेशे क्षौरकर्मणि॥ 'फलितनवरत्न'

परन्तु दैवज्ञकल्पद्रुम, वाराहमिहिर आदि आचार्यों के मतानुसार क्षौर एवं यात्रा को छोड़कर विवाह आदि में जन्मस्थ चन्द्र ग्राह्य मान लिया गया है।

चन्द्रमा जन्म राशि के साथ जन्म नक्षत्र का भी हो, तो विवाह, यात्रा, और कर्म एवं गृह प्रवेश आदि कर्मों में विशेषत: वर्जित माना गया है—

''पट्टबन्धन चौलान्न प्राशने चोपनयने शुभदं, जन्मनक्षत्रमशुभंतु अन्य कर्मणि॥''
–पुरुषार्थ चिन्तामणि

वर-कन्या, किसी भी पक्ष में चन्द्र अशुभ एवं दोषयुक्त हो, तो उसका यथाशक्ति जप, पाठ पूजन एवं दान अवश्य करवा लेना चाहिए।

गुरू बल—प्राचीनकाल में कन्या की जन्म राशि से ४, ८, १२वें अशुभ एवं त्याज्य माना जाता था, परन्तु चूंकि आजकल प्रौढ़ायु (लगभग २१ वर्ष) हो जाने पर ही लड़कियों का विवाह किया जाता है, अतएव कन्या की जन्म राशि से अशुभ गुरू होने पर गुरूवार के दिन गुरू की किसी ब्राह्मण से पूजा, जप-पाठ एवं दानादि कृत्यों द्वारा शान्ति करवा कर विवाह कार्य करवाना चाहिएं—

परिहार–1. रजस्वला यदा कन्या गुरुशुद्धिं न चिन्तयेत्।
अष्टमेऽपि प्रकर्त्तव्यो विवाह: स्त्रिगुणार्चनात्॥ ज्यो. नि.

'निर्णय सिन्धु' अनुसार वर/कन्या बड़े हो जाने पर ४, ८, १२वें गुरू भी दोगुणी पूजार्चन (जप-दानादि) से उपयुक्त फल प्रदान करता है—

व्रते जन्मत्रिकारिस्थो जीवोऽपीष्टोऽर्चनात्सकृत्।
शुभोऽतिकाले तुर्याष्टव्ययस्थो द्विगुणार्चनात्॥ निर्णयसिन्धु।

2. स्वोच्चे स्वभे स्वमैत्रे वा स्वांशे वर्गोत्तमे गुरु:॥
रिष्फाष्टतुर्यगोऽपीष्टो नीचारिस्थ: शुभोऽप्यसत्॥ (मुहूर्त्त चिन्तामणि)

अर्थात् ४, ८ एवं १२वें स्थान में भी स्थित गुरु यदि स्वोच्च, स्वराशि, स्वमित्र राशि, स्वनवांश व वर्गोत्तम में हो, तो शुभ हो जाता है और शुभ भी गुरु यदि अपने नीच स्थान में या अपने शत्रु भाव में हो, तो अशुभ एवं पूज्य होगा।

नवग्रह पूजा विधान (नवग्रह स्तोत्र, कवच तथा उपायों सहित)

नवग्रहों के पूजन विधान के सम्बन्ध में देश में अनेकों पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। पण्डित हीरानन्द शर्मा द्वारा सम्पादित की प्रस्तुत पुस्तक उनका श्लाघनीय प्रयास है। इस पुस्तक में प्रत्येक ग्रह के पूजन सम्बन्धी पृथक्-पृथक् विस्तृत विवरण दिया गया है, जिससे प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त ब्राह्मण भी नवग्रहों के पूजन सुगमता पूर्वक करवा सकता है।

प्रस्तुत पुस्तक में नवग्रह मण्डल में ग्रह स्थापन की रचना की विधि तथा उत्तरार्ध भाग में संक्षेप से सूर्यादि नवग्रहों के उपाय, नवग्रह स्तोत्र, नवग्रह कवच, नवग्रह पीड़ाहर स्तोत्र, नवग्रह चालीसा आदि सरल एवं विशिष्ट रूप दिए गए हैं जिससे धर्मपरायण लोगों के लिए असान रूप से उपयोगी हो सके। मूल्य 25 रुपए।

पता—जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर-144008 (पंजाब)

विवाहादि शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि विचार

विवाह लग्न सम्बन्धी परिहार वाक्य

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विवाहादि शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि विचार

विवाह, मुण्डन, गृहारम्भादि शुभ कार्यों में मास, तिथि, नक्षत्र, योगादि की शुद्धि के साथ विवाह लग्न की शुद्धि को विशेष महत्त्व एवं प्रधानता दी गई है। तिथि को शरीर, चन्द्रमा को मन, योग–नक्षत्रों आदि को शरीर के अंग तथा लग्न को आत्मा माना गया है। यथा–

तिथिः शरीरं मन इन्दुवीर्यं विलग्नमात्माऽवयवास्तु-भाद्याः —ज्योतिर्निबंध

लग्न बल के बिना जो कुछ भी शुभ कार्य किया जाता है, उसका फल वैसे ही व्यर्थ हो जाता है, जैसे ग्रीष्मकाल में बिना जल के नदी।

लग्नवीर्यं विना यत्र यत्कर्म क्रियते बुधैः।
तत्फलं विलयं याति ग्रीष्मे कुसरिता यथा॥ —ज्योति. विदरणे

सभी शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि का विशेष महत्त्व है।

विवाह लग्न में अशुभ एवं पूज्य ग्रह



विवाह लग्न का निश्चय करना हो, तो त्रिविक्रम–संहितानुसार, **लग्न** स्थान में चन्द्र तथा सूर्य, शनि, मंगल, राहु, केतु आदि क्रूर ग्रह न हों, लग्न से छठे स्थान में शुक्र, चन्द्र, व लग्नेश न हो तथा आठवें स्थान में चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र व लग्नेश नहीं होने चाहिएं तथा सप्तम स्थान में कोई भी ग्रह नहीं होना चाहिए। **सातवें चन्द्र** और गुरु समफल करते हैं। अर्थात् चन्द्र, गुरु का दानादि करने से शान्ति हो जाती है।

"त्याज्या लग्नेऽब्दयो मंदः षष्ठे शुक्रेन्दुलग्नपाः।
रन्ध्रे-चन्द्रादयः पंच, सर्वेऽब्जगुरु समौ॥"

परिहारस्वरूप १२वें शनि, तीसरे शुक्र, चतुर्थ में राहु, दशम भाव में मंगल का दोष यथोचित दानादि करने से शान्ति हो जाती है। **'पंचांगदिवाकर'** में लगाए गए लग्न मुहूर्त्तों में इन तीनों भावों में शनि, शुक्र व मंगल ग्रहों की स्थिति हो वहां उचित दानादि करवा लें।

आगे षष्ठाष्टम एवं द्वादश चन्द्र, शुक्र, अष्टम भौम, लग्नस्थ एवं सप्तमस्थ चन्द्र गुरु आदि के अपवाद (परिहार) लिखे गए हैं।

विवाह में ग्राह्य शुभ लग्न–मुहूर्त ग्रन्थों के अनुसार विवाह लग्न काल में ३, ६, ८, ११वें सूर्य तथा इन्हीं स्थानों (३, ६, ११) में राहु, केतु और शनि भी शुभ होते हैं। ३, ६ और ११वें मंगल, २, ३, ११वें चंद्रमा, ३, ६, ७ शुभ और ८वें स्थानों को छोड़कर अन्य भावों में स्थित शुक्र शुभ होता है। ग्यारहवें भाव में सूर्य तथा केन्द्र त्रिकोण में गुरु लग्नगत अनेक दोषों का परिहार करते हैं–

लग्ने वर्गोत्तमे वेदो द्यूनाथे लाभगेऽथवा।
केन्द्र कोणे गुरौ दोषा नश्यन्ति सकलाऽपि॥ मु. गणपति॥

विवाह लग्न सम्बन्धी परिहार वाक्य

जन्म राशि से अष्टमस्थ लग्न–वर कन्या की जन्म राशि या लग्न से चतुर्थ, अष्टम तथा बारहवी राशिस्थ लग्न अशुभ कहे गए हैं। यथोक्तम्–

सुखघ्नं तुर्यमुद्वाहे द्वादश वित्तनाश कृत्। जन्म भात् जन्म लग्नाच्च मृत्युदंलग्नमष्टमम्॥

परन्तु परिहार स्वरूप जन्म राशि या लग्न राशि का स्वामी तथा विवाह लग्न का स्वामी ग्रह समान हो, अथवा मित्र क्षेत्री हो, अथवा अष्टमस्थ लग्न राशि का स्वामी, केन्द्र स्थित हो अथवा गुर्वादि शुभ ग्रह से वीक्षित हो तो अष्टम लग्न का दोष दूर होता है।

कर्तृरि दोष–लग्न में पापी ग्रह मार्गी होकर १२ भाव में तथा क्रूर (पापी) ग्रह वक्री गत होकर दूसरे भाव में हो, तो कर्तृरि दोष होता है। यह योग दारिद्रय, शोक व मृत्यु तुल्य कष्टकारी होता है।

परिहार–कर्तृरि दोष कारक ग्रह नीच, शत्रु क्षेत्री, अथवा अस्तगत हो, तो इस दोष का परिहार हो जाता है। इसके अतिरिक्त गुरु, शुक्र, बुध इनमें से कोई शुभ ग्रह केन्द्र त्रिकोण में अथवा २रे या १२वें भावस्थ गुरु हो तो भी कृर्तरि दोष निवार्य हो जाता है।

अष्टम भौम का परिहार–मंगल अस्तंगत, नीच राशि का (कर्क) या शत्रु राशि (मिथुन एवं कन्या) का होकर अष्टम स्थान में हो, तो दोषकारक नहीं, परन्तु लग्नेश होकर अष्टमगत नहीं होना चाहिए। अस्तगे नीचगे भौमे शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा।
कुजाष्टमोद्भवो दोषो न किंचिदपि विद्यते॥ कश्यप॥

छठे, बारहवें चन्द्र का परिहार–नीच राशि, शत्रु राशि या नीच–राशिगत चन्द्रमा ६ या १२वें स्थानस्थ होना दोषपूर्ण नहीं माना गया। जैसे–वृश्चिक, मिथुन, कन्या राशि ३, ६

नीचराशिगते चन्द्रे नीचांशगतेऽपि वा, चन्द्रे षष्ठारि–रिः फस्थे दोषो नास्ति न संशयः।

परन्तु लग्नेश होकर चन्द्र षष्ठाष्टम नहीं होना चाहिए।

लग्नस्थ चन्द्र का परिहार–"कर्किगोस्थः पूर्णो विधुस्तनौ"

व्रतबन्धोक्त अनुसार वृष, कर्क एवं पूर्ण चन्द्रमा या शुभग्रह से दृष्ट हो लग्न में दोषकारक नहीं होता। मु. मार्तंड

षष्ठाष्टमस्थ शुक्रापवाद–नीच एवं शत्रु राशिगत शुक्र छठे, आठवें हो तो दोषकारक नहीं परन्तु लग्नेश होकर इन भावों में न हो। जैसे–

नीच राशिगते शुक्रे शत्रु क्षेत्रगतेऽपि वा।
भृगु षट्कोत्थितो दोषो नास्ति तत्र न संशयः॥ मुहूर्त चिं. पीयूषधारा

सप्तम भावस्थ चन्द्र–गुरु–सप्तम भाव में यद्यपि सभी ग्रह वर्जित कहे हैं, परन्तु चन्द्र गुरु का परिहार है। "चन्द्र चान्द्री शुक्रजीवा यामित्रे शुभकारकाः।"

'मुहूर्त्तगणपति' अनुसार विवाहादि शुभ कार्य के लग्न में, केन्द्र–त्रिकोण में गुरु, शुक्र एवं बुध एवं ग्यारहवें भाव में चन्द्र या सूर्य अथवा सप्तमेश हो, तो अनेक दोषों का नाश हो जाता है।

वेध दोष परिहार–पंचशलाका चक्रानुसार विवाह नक्षत्र का क्रूर ग्रह द्वारा वेध हो जाने पर विवाहित नक्षत्र सर्वथा त्याज्य माना जाता है। परन्तु गुरु, बुध आदि सौम्य ग्रहों का चरण वेध (१ एवं ४थे चरण के मध्य तथा २ रे व ३ रे चरण ही अशुभ माना है। —ज्योतिर्निबन्ध

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

युतिदोष परिहार—पाप एवं क्रूर ग्रह की युति त्याज्य मानी जाती है। परन्तु यदि चन्द्रमा उच्चस्थ, स्वक्षेत्री या मित्रक्षेत्री (वृष, कर्क, मिथुन, सिंह एवं कन्या) राशि का हो तो युतिदोष अविचारणीय होता है।

दग्धा तिथि परिहार—विवाह लग्न समय केन्द्र-त्रिकोण गत गुरु हो एवं एकादश (११वां) भाव शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो दग्धातिथि का दोष नहीं रहता।—मु० गणपति

पंचांगदिवाकर में शुभ विवाह मुहूर्त्तों में जहाँ कहीं अशुभ योग का स्पर्श हुआ है, वहां पर सम्बन्धित देवता, ग्रहादि का दान व पूजा का उल्लेख कर दिया गया है।

भद्रा का शुभाशुभ विचार

भद्राकाल में विवाह, मुण्डन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, रक्षा बन्धन आदि मांगलिक कृत्यों का निषेध माना जाता है, परन्तु भद्रा काल में शत्रु का उच्चाटन करना, स्त्री प्रसंग में, यज्ञ करना, स्नान करना, अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग, आप्रेशन करना, मुकद्दमा करना, अग्नि लगाना, किसी वस्तु को काटना, भैंस, घोड़ा, ऊँट सम्बन्धी कर्म प्रशस्त माने जाते हैं।

भद्रा परिहार विचार—सामान्य परिस्थितियों में विवाह आदि शुभ मुहूर्त्तों में भद्रा का याग ही करना चाहिए, परन्तु अत्याधिक परिस्थितिवश भूलोक की भद्रा, अथवा भद्रा मुख, कण्ठ एवं हृदयगत भद्रा को छोड़कर भद्रा पुच्छ में शुभ कृत्य किए जा सकते हैं।

कार्येत्वाश्यके विष्टेर्मुख, कण्ठहृदि मात्रं परित्येत्।

भविष्य पुराणानुसार—भद्रा की **पाँच घड़ी** मुख में, दो घड़ी **कण्ठ में**, ११ घड़ी **हृदय में**, चार घड़ी नाभि में, पाँच घड़ी कटि में और तीन घड़ी पुच्छ में स्थित रहती है। जब भद्रा मुख में रहती है, तब कार्य का नाश होता है, कण्ठ में धन का नाश, हृदय में प्राणों का भय, नाभि में कलह, कटि में अर्थभंश होता है, पर पुच्छ में निश्चित रूप में विजय एवं कार्य सिद्धि हो जाती है—

मुखेतु घटिकाः पंच द्वे कण्ठे तु सदा स्थिते। हृदि चैकादश प्रोक्ताश्चतस्त्रो नाभिमण्डले॥
कटयां पंचैव विज्ञेयातिस्त्राः पुच्छे जयावहाः। मुखे कार्य विनाशाय ग्रीवायां धननाशिनी॥

एक अन्य मतानुसार अत्यावश्यक स्थिति में रात्रि में तिथि के पूर्वार्द्ध की भद्रा, दिन में परार्ध की भद्रा ग्रहण कर सकते हैं।

तिथेः पूर्वार्धजा रात्रौ दिने भद्रा परार्धजा। भद्रा दोषो न तत्र स्यात् कार्येऽत्यावश्यके सति॥

भद्रा परिहार

कुछ आवश्यक स्थितियों में भद्रा दोष का परिहार हो जाता है। यथा—

तिथि पूर्वार्धजा भद्रा दिवा भद्रा प्रकीर्तिता। तिथिरुत्तरजा भद्रा रात्रिभद्रेति कथ्यते॥
दिवा भद्रा रात्रौ रात्रिभद्रा यदा दिवा। तदाविष्टिकृतो—दोषो न, भवेत्सर्व सौख्यदः॥

अर्थात् तिथि के पूर्वार्द्ध भाग में प्रारम्भ भद्रा अर्थात् तिथि दिवस के पूर्वार्ध भाग में प्रारम्भ भद्रायादि तिथ्यन्त में रात्रिव्यापिनी हो जाए, तो दोषकारक न होकर सुखदायिनी हो जाती है।

(ii) **पीयूषधारानुसार—दिन की भद्रा रात्रि को और रात्रि की भद्रा दिन को आ जाए, तो भद्रा दोषरहित हो जाती है।**

रात्रिभद्रा यदह्नि स्याद् दिवा भद्रा यदा निशि। न तत्र भद्रादोषः, सा भद्रा—भद्र दायिनी॥
—पीयूषधारा

(iii) "दिवा परार्द्धजा विष्टिः, पूर्वार्द्धोत्था निशि।
तदा विष्टिः शुभायेति कमलासनभाषितम्॥"

उत्तरार्ध की भद्रा दिन में, तथा पूर्वार्द्ध की रात्रि में शुभ होती है।

भद्रा लोक वास

मेष, वृष, मिथुन, वृश्चिक का चन्द्रमा होने से भद्रा **स्वर्ग लोक** में, कन्या, तुला, धनु, मकर का चन्द्रमा होने से **पाताल** में, कर्क, सिंह, कुम्भ व मीन राशि के चन्द्रमा में **भद्रा मर्त्यलोक (भू लोक)** में—अर्थात् **सम्मुख रहती है।** जब भद्रा भू-लोक में (सम्मुख) रहती है, **अशुभफल दायिनी** एवं वर्जित मानी जाती है, अन्य लोकों में हो, तो शुभ है—

लोकवास	स्वर्ग	पाताल	भू-लोक
चन्द्रराशि	१, २, ३, ८	६, ७, ९, १०	४, ५, ११, १२
भद्रा-मुख	ऊर्ध्वमुखी	अधोमुख	सम्मुख

मर्त्यलोकस्थ (४, ५, ११, १२) राशियों में स्थित **चन्द्रकालीन** भद्रा दिन में उत्तरार्ध वाली रात्रि में शुभ होगी।

(iv) शुक्ल पक्ष की भद्रा का नाम **वृश्चिकी** है। कृष्ण पक्ष की भद्रा का नाम **सर्पिणी** है। **मतान्तर से**, दिन की **भद्रा सर्पिणी**, रात्रि की भद्रा **वृश्चिकी** है। बिच्छू का विष डंक में तथा सर्प का विष मुख में होने के कारण **वृश्चिकी** भद्रा की पुच्छ और **सर्पिणी** भद्रा का मुख विशेषतः त्याज्य है।

(v) भद्रा दोष, मंगल-शनिवार जनित दोष, व्यतीपात, अष्टम भावस्थ एवं जन्म नक्षत्र दोष, मध्यान्ह के पश्चात् शुभकारक मानी जाती है।

गोधूलि काल

विवाह मुहूर्त्तों में क्रूर ग्रह युति, वेध, मृत्युबाण आदि दोषों की शुद्धि उपरान्त यदि अभिवांछित मुहूर्त्त में शुद्ध विवाह-लग्न न निकलता हो, तो मुहूर्त्त ग्रन्थाचार्यों ने गोधूलि का लग्न ग्रहण करने की सम्मति प्रदान की है।

गोधूलि काल—जब सूर्यास्त न हुआ हो (अर्थात् सूर्यास्त होने वाला हो) और गाय आदि चौपाय अपने-अपने गृहों को लौटते हुए अपने खुरों से पथ की धूलि को आकाश में उड़ाकर जाने लगें, तो उस काल को मुहूर्त्तकारों ने **गोधूलि काल** का नाम प्रदान करते हुए, इसे विवाहादि सब मांगलिक कार्यों में प्रशस्त कहा है। यह लग्न, मुहूर्त्त, अष्टम, जामित्रादि दोषों को नष्ट प्राय कर देता है।

नो वा योगो न मृतिभवनं नैव जामित्र दोषो,
गोधूलिः सा मुनिभिरुदिता सर्व कार्येषु शस्ता॥ —मु० चिन्तामणि

जब कोई अन्य शुभ लग्न न बनता हो, और कन्या [illegible]

यात्रादि मुहूर्त्त विचार

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जब कोई अन्य शुभ लग्न न बनता हो, और कन्या विवाह योग्य हो गई हो तो गोधूलि में विवाह शुभ होता है। ज्योतिनिर्बन्धानुसार–

लग्न शुद्धिर्यदा न स्याद् यौवने समुपास्थिते, तदा वै सर्ववर्णानां लग्नं गोधूलिकं शुभम्॥

गोधूलि लग्न काल के सम्बन्ध में विद्वानों ने मतान्तर पाए जाते हैं–

(i) पीयूषधारा के मतानुसार सूर्य के अर्ध–अस्त होने के अनन्तर २ घड़ी (४८ मिनट) का समय गोधूलि काल है।

(ii) मु० गणपति के अनुसार सूर्यार्ध बिम्ब के अस्त हो जाने के पूर्व एवं पश्चात् १५–१५ पल अर्थात् १२ मिनट का मध्यान्तर गोधूलि संज्ञक है।

(iii) आचार्य नारदानुसार सूर्योदय से सप्तम लग्न गोधूलि लग्न काल होता है।

चतुर्थमभिजित लग्नमुदयार्क्षात्तु सप्तमम्॥ –नारद

––क्षौरकर्म (हजामत) के लिए शुभाशुभ दिन––

गर्गादि आचार्यों के अनुसार रविवार, मंगलवार एवं शनिवार को क्षौर (हजामत) कर्म करवाने से आयु का क्षय होता है। **सोमवार, बुधवार, गुरुवार** और **शुक्रवार** को क्षौर कर्म (हजामत) करवाना शुभ होता है। मतान्तर से एक पुत्र सन्तान वाले गृहस्थी को सोमवार के दिन, तथा विद्या एवं धनाकांक्षी गृहस्थी को गुरुवार के दिन क्षौर नहीं करवाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त पर्व वाले दिन, जन्मदिन, चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी (१४) आदि रिक्ता तिथियों में, व्रत के दिन, अमावस्या, पूर्णिमा, संक्रान्ति, श्राद्ध के दिन, भद्रा और व्यातिपात योग में तथा भोजन करने के बाद, देश-प्रदेश जाने के समय में शुभाकांक्षी और कर्म न करावें।

––तैलाभ्यंग—अर्थात् तैल मालिश करना––

रविवार, मंगलवार, गुरुवार तथा शुक्रवार को तैल लगाना शुभ नहीं माना जाता है। **निर्णय सिन्धु** के अनुसार रविवार तैल लगाने से ताप, मंगलवार को आयु क्षीणता, गुरुवार से धन–हानि, शुक्रवार को तैल लगाने से दुःख होता है। सोमवार, बुधवार तथा शनिवारों को तैल लगाना शुभ होता है।

निषिद्ध वारों में तैल लगाना हो, तो रविवार को पुष्प, गुरुवार को दूर्वा, मंगल को मिट्टी, और शुक्रवार को गोबर तेल में डालकर लगाने से दोष नहीं होता। गन्धयुक्त (सुगन्धित) तेल एवं प्रतिदिन तेल लगाने वालों को भी दोष नहीं लगता–(**नित्यं—अभ्यङ्गके चैव वासिते नैव दूषणम्॥**)

––फलित ज्योतिष की दुर्लभ पुस्तकें––

गलत एवंस अशुद्ध ज्ञान की अपेक्षा अल्प सही एवं शुद्ध ज्ञान की जानकारी श्रेष्ठ होती है। यह नियम सभी विषयों पर सटीक बैठता है। ज्योतिष में तो यह नियम और भी आवश्यक है। गणित एवं फलित ज्योतिष ज्ञान के लिए विश्वसनीय एवं प्रामाणिक ग्रन्थों एवं पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। हमारे कार्यालय से प्रकाशित **ज्योतिष तत्त्व (तीन पुस्तकों का सैट)** का अध्ययन एवं अनुशीलन करने बाद आप ज्योतिष सम्बन्धी गूढ़ रहस्यों को सुगमता से हृदयगंम कर सकते हैं, क्योंकि मेष आदि द्वादश लग्नों को आधार मानकर कुण्डली में सभी ग्रहों की स्थितियों का विस्तृत फलादेश अनेक प्रसिद्ध उदाहरण कुण्डलियाँ देकर समझाया गया है। ज्योतिष ज्ञान प्राप्ति के लिए इच्छुक प्रत्येक विद्यार्थी के लिए उत्तम फलित ग्रंथ (दो भागों में) प्रत्येक भाग का मूल्य २५०) रुपये। **कुल मूल्य 565/–**

जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर। फोन–2457959

यात्रादि मुहूर्त्त विचार

किसी कार्य के उद्देश्य से देशान्तर गमन को यात्रा कहते हैं। कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा और २, ३, ५, ७, १०, ११, १३—इन तिथियों में अश्वि., मृग. पुर्न, पुष्य, अनु, हस्त, श्रव., धनि, रेव.—इन नक्षत्रों में तथा चौर, वाण, भद्रा, वैधृति, व्यतियात और मासांत दिनादि दोष रहित समय में यात्रा करें। यात्रा करने से पूर्व क्रोध और मैथुन कर्म का त्याग करना चाहिए।

दिशाशूल

सोमवार, शनिवार को पूर्व, रविवार और शुक्रवार को पश्चिम, मंगलवार, बुधवार को उत्तर तथा गुरुवार को दक्षिण दिशा का दिशाशूल होता है, अतः उक्त वारों को उस दिशा की यात्रा नहीं करनी चाहिए। अत्यावश्यक होने पर रविवार को पान और घी खाकर, सोमवार को दर्पण देखकर या दूध पीकर, मंगलवार को गुड़ खाकर, बुधवार को धनिया या तिल खाकर, गुरुवार को दही खाकर, शुक्रवार को दूध पीकर और शनिवार को अदरक या उड़द खाकर प्रस्थान किया जा सकता है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पाँव आगे उठाकर चले, इसी तरह सवारी पर चढ़े, यात्रा सफल होगी।

चन्द्रवास ज्ञान चक्र

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	बृश्चिक
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

चन्द्रवास विचार

जाने वाली दिशा में चन्द्रमा का वास सम्मुख और दाहिनी ओर को हो तो धन का लाभ और सुख होता है। यदि पीठ की ओर अथवा बाईं तरफ चन्द्रवास हो तो कष्ट और धन की हानि होती है।

सम्मुख चन्द्रमा का विशेष फल

करणदोष, नक्षत्रदोष, वारदोष, संक्रान्ति दोष, अशुभतिथिदोष, कुलिक दोष, प्रहार्द्ध वारवेला दोष, मंगल, शनि, रवि, राहु-केतु के दोष को सम्मुख चन्द्रमा दूर करता है।

'यात्रा के समय शुभ शकुन'

यात्रा के समय श्वेत पुष्पों का दर्शन श्रेष्ठ माना गया है। भरे हुए घड़े का दिखाई देना तो बहुत ही उत्तम है। दूर का कोलाहल, अकेला वृद्ध पुरुष, पशुओं में बकरे, गौ, घोड़े तथा हाथी, देवप्रतिमा, प्रज्वलित अग्नि, दूर्वा, ताज़ा गोबर, सोना, चांदी, रत्न, बच, सरसों आदि औषधियां, मूँग, छाता, पीढ़ा, राजचिह्न, जिसके पास कोई रोता न हो ऐसा शव, फल, घी, दही, दूध, अक्षत, दर्पण, मधु, शंख, ईख, शुभ सूचक वचन, भक्त पुरुषों का गाना-बजाना, मेघ की गम्भीर गर्जना, बिजली की चमक तथा मन का सन्तोष—ये सब शुभ शकुन हैं। 'चले आओ'—यह शब्द यदि सामने की ओर से सुनाई पड़े तो उत्तम है। 'जाओ'—यह शब्द यदि पीछे की ओर से हो तो उत्तम है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विवाहादि शुभ कार्यों में शास्त्रीय विचार

विवाह में जन्म मास, नक्षत्रादि का विचार—

आद्य गर्भ, अर्थात् बड़े लड़के या बड़ी लड़की का विवाह जन्म मास, जन्म नक्षत्र, जन्म तिथि, जन्म लग्न में न करें। **''आद्य गर्भ सुत कन्ययो र्द्वयो जन्म मास भतिथौ कर ग्रहः। नोचितोऽथ विबुधैः प्रशस्यते चेद् द्वितीय जनुषोः सुतप्रदः॥ मु. चिंतामणि॥''**

परन्तु ज्येष्ठ पुत्र के बाद उत्पन्न पुत्र या कन्या का विवाह जन्म मास, नक्षत्रादि में करना प्रशस्त है। ज्येष्ठ पुत्र-कन्या के अतिरिक्त अन्य स्थितियों में जन्म-मास, जन्म राशि, नक्षत्र एवं जन्म लग्न विशेष शुभ माना है।

जन्ममासे च पुत्राढया धनाढया च धनोदये। जन्म मे जन्मराशौ च कन्या हि ध्रुव सन्तति॥

आचार्य भृगु जी के अनुसार जन्म मास, जन्म नक्षत्र एवं जन्म लग्न में विवाह होने पर दम्पत्ति के सुख एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है तथा वह धन सम्पत्ति तथा सन्तान सुख से सौभाग्यशालिनी होती है।

जन्ममासेऽथ जन्मर्क्षे जन्मलग्नेऽथ जन्मनि।
उद्वाहेषु च नारीणां प्रतिष्ठा महती भवेत्। भृगुः
जन्ममासेऽथ पुत्राढ्या धनादया जन्मभोदये।
जन्मभे वा भवेदूढा वृद्धा संतति वर्धिनी॥ (यवनाचार्य)

ज्येष्ठ मास में विवाह का विचार

ज्येष्ठ मास, ज्येष्ठ पुत्र और ज्येष्ठ कन्या यह तीन ज्येष्ठ विवाह संस्कार में विशेषतया वर्जित माने जाते हैं। परन्तु यदि दो ज्येष्ठ वर्तमान हों अर्थात् लड़का-लड़की दोनों ज्येष्ठ (बड़े) हों, परन्तु महीना ज्येष्ठ के अतिरिक्त हो अथवा लड़का-लड़की में से एक ज्येष्ठ हो और दूसरा अनुज हो, तो ज्येष्ठ मास में भी विवाह करना सामान्य एवं मध्यम फल होता है—

द्वौ ज्येष्ठौ मध्यमौ प्रोत्तत्रवेक ज्येष्ठः शुभावहः।
ज्येष्ठ त्रयं न कर्वीत् विवाहे सर्वसम्मतम् —वाराहमिहिर॥

तथापि आवश्यक परिस्थितिवश ज्येष्ठ मास में कृतिका से सूर्य निकल जाने पर सूर्य दानादि करके विवाह करने में कोई हानि नहीं। **मुनि भारद्वाज** के मतानुसार ज्येष्ठ के महीने की भान्ति मार्गशीर्ष मास में भी अग्रज लड़का-लड़की एवं मार्ग मास-तीनों का यथासम्भव त्याग करें।

(३) सगे भाई-बहन के विवाह छः मास के भीतर नहीं करने चाहिएं। यदि इस बीच संवत् परिवर्तन हो जाए, तो कोई दोष नहीं **(मु. मार्तण्ड)**। पुत्र के विवाह के उपरान्त अपनी कन्या का विवाह ६ महीने तक न करें। इसी तरह विवाह के बाद ६ महीने तक मुण्डन, यज्ञोपवीत आदि शुभ कार्य न करें। **(नारद)**, परन्तु कन्या-विवाह के पश्चात् पुत्र विवाह ६ मास के भीतर शुभ है। दो सगे भाईयों का विवाह दो सगी बहनों से न करें अथवा एक वर के साथ दो सगी बहनों का विवाह न करें **(वसिष्ठ)** तथा जिस वर को अपनी कन्या देवे, उसकी बहन के साथ अपने लड़के का विवाह न करे **(नारदः)**।

दो सगे भाईयों या दो सगी बहनों का एक संस्कार ६ महीने के भीतर करना सम्भव है **(वृन्द्धमनुः)**। दो सहोदर (भाई-बहन) के संस्कार आवश्यक स्थिति उत्पन्न होने पर नदी, पर्वत, स्थान एवं पुरोहित भेद (भिन्न) से एक ही दिन अथवा ६ महीने के भीतर शुभ होंगे **(शार्गंधर)** जुड़वें भाई-बहन के मांगलिक कार्य एक ही मण्डप में भी शुभ हैं। विवाहादि मंगल कार्य से ६ मास तक लघु मंगल कार्य न करें। यह ६ महीने का निषेध केवल तीन पीढ़ि तक के मनुष्यों के लिए कहा है।

मंगल संस्कार से ६ महीने तक पितृकर्म, श्राद्धादि न करे। वाग्दान अर्थात् विवाह सम्बन्ध का निश्चय हो जाने के बाद वर-कन्या के कुल में माता-पिता भाई आदि निकटस्थ बन्धु की दुःखद मृत्यु हो जाने पर एक वर्ष के पश्चात् विवाह आदि शुभ कार्य करना चाहिए (निर्णय सिंधु) परन्तु **अपवाद स्वरूप** संकट काल में अथवा अत्यावश्यक परिस्थितिवश एक मास के बाद अथवा सूतक निवृत्ति के बाद जप, पाठ, होम शान्ति एवं यथाशक्ति द्रव्य, वस्त्र, गोदानादि के बाद शुभ कार्य ग्राह्य होंगे—

प्रतिकूलेऽपि कर्त्तव्यो विवाहो मासमन्तरात्।
शान्ति विधाय गां दत्वा वाग्दानादि चरेत् पुनः॥

जन्म नक्षत्र विचार

जातक का जन्म नक्षत्र अन्न प्राशन, उपनयन, मुंडन (चूड़ाकरण), राज्याभिषेक, जन्मदिनादि कृत्यों में प्रशस्त माना गया है, परन्तु यात्रा, सीमान्तोन्नयन तथा विवाहादि कार्यों में जन्म नक्षत्र अनिष्टकर होता है—

बालान्नभुक्तौ व्रतबन्धनेऽपि राज्याभिषेके खलुजन्मधिण्यम्।
शुभं तु अनिष्टं सततं विवाह सीमन्त यात्रादिषु मंगलेषु॥ —वसिष्ठ

मतान्तर से ज्योतिर्निबन्ध एवं मुहूर्त्त दीपिकानुसार केवल चूड़ाकरण (मुण्डन), औषध सेवन, विवाद, यात्रा और कर्णवेध में ही **जन्म-नक्षत्र** का निषेध कहते है, अन्य सभी कार्यों में जन्म नक्षत्र शुभ कहा है—

जन्म नक्षत्रगश्चन्द्रः प्रशस्तः सर्वकर्मसु।
क्षौर भैषजविवादध्वकर्त्तनेषु विवर्जयेत्॥ (मुहूर्त्त दीपिका)

परन्तु जन्म नक्षत्र से २५वां तथा २७वां नक्षत्र शुभ कार्यों में त्याज्य माना जाता है।

जन्म मास अग्रज (बड़े) लड़के या लड़की का विवाह **जन्म नक्षत्र** एवं **जन्म मास** में करने का निर्विवादेन निषेध माना गया है—

न जन्ममासे जन्मर्क्षे न जन्मदिवसेऽपि वा। आद्य गर्भ सुतस्याथ दुहितुर्वा करग्रहः॥ —नारद

परन्तु अनुज लड़के या लड़की का विवाह **जन्म मास** में ग्रहणीय माना गया है—

विवुधैः प्रशस्यते चेत् द्वितीयजनुषोः सुतप्रदः —मुहूर्त्त चिंतामणि

वर—वरण एवं सगाई मुहूर्त्त

वर-कन्या की जन्मपत्रियों में परस्पर सम्यक् मिलान हो जाने के पश्चात् दोनों के माता-पिता विवाह के संकल्प (वाग्दान) को सम्पुष्ट करने के लिए वर-कन्या का वरण (सगाई) करते हैं। इसके लिए निम्नलिखित शुभ मुहूर्त्त में कन्या का भाई, कुल पुरोहित (ब्राह्मण) एवं परिवार के सन्निकट सगे सम्बन्धियों के साथ यज्ञोपवीत, नारियल, साबित सुपारी, हल्दी, अक्षत, छुहारे, गुड़, वस्त्र, अंगूठी, मिष्टान्न, फल, फूलादि अर्पण करके वर का शास्त्र प्रशस्त मांगलिक मन्त्रों के साथ वरण करें। (पूर्ण विधि जानने के लिए हमारी नवीन प्रकाशित **'विवाह पद्धति'** का अवलोकन करें।

विवाह में प्रतिपादित शुभ मासों **वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन मासों** में, रिक्ता (४, ९, १४) तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में (विशेषकर शुक्ल पक्ष प्रशस्त है), चन्द्र, बुध, गुरु एवं शुक्रवारों में तथा कृतिका, रोहिणी, तीनों पूर्वा, मृग, हस्त, श्रवण, चित्रा नक्षत्रों में शुभ लग्न कालीन वर का वरण करें।

कन्या वरण मुहूर्त्त—

उपरोक्त शुभ मासों, तिथियों में तथा कृतिका, तीनों पूर्वा, उत्तराषाढ़ा, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा अनुराधादि विवाहोक्त नक्षत्रों में सुपारी, नारियल, मौसमी फल, सुगन्धित द्रव्य, वस्त्र, आभूषण मिष्टान्न, फल, फूलों आदि के साथ वर परिवार के किसी श्रेष्ठ अग्रज अथवा वृद्धजन के कर कमलों के द्वारा कन्या का विधिवत् वरण करें।

लता दोष

(वर-दोष कुल... में अतिनिन्दित है।)

युति-दोष

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

लता दोष

सूर्य:	चन्द्र:	भौम:	बुध:	गुरु:	शुक्र:	शनि:	राहु:
१२	७	३	२२	६	२४	८	९
धन हानि	अशुभ	मृत्यु	अशुभ	बंधु-नाश	कार्य-नाश	कुल-क्षय	मरण

जैसे सूर्य स्थित नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र यदि १२वां हो तो सूर्य की लता एवं पूर्ण चन्द्र के दिन नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र ७वां हो तो चन्द्रमा की लता जाने।

(पात-दोष कुरु, जांगल, कलिंग बंग और मगध में अतिनिन्दित है।)

अश्वि	भर	कृति	रोहि	मृग	आर्द्रा	पुर्न	तिशा	अनु.	ज्येष्ठा	उषा	श्रव	धनि	शत	पूभा
मघा	हस्त	स्वा	मूला	मघा	रोह	रोहि	उफा	उषा	मृग	उषा	स्वा.	मृग	रोहि	उफा
अनु	उषा	उफा	००	हस्त	मृग	उषा	उषा	००	मघा	अनु.	००	स्वा.	हस्त	हस्त
रेव	उभा	००	००	मृग	उफा	००	००	००	मूला	००	००	मूला	उषा	अनु
००	००	००	००	००	अनु.	००	००	००	रेव	००	००	रेव	उभा	००

ऊपर के नक्षत्रों में सूर्य हो तो नीचे के नक्षत्रों को पात दोष लगता है, हर्षण, वैधृति साध्य, व्यतिपात, शूल—इन योगों के अन्त में विवाह का नक्षत्र हो तो भी पात दोष लगता है।

युति-दोष

जिस नक्षत्र का विवाह हो और उसी नक्षत्र पर यदि शुभ व पाप ग्रह हो तो युति दोष होता है, अथवा चंद्रमा की राशि में कोई ग्रह हो तो युति दोष होता है। क्रूर ग्रहों की युति विशेष करके वर्जित है। यह गौड़ देश में अतिनिन्दित है।

वेध दोष

रोहि	मृग	मघा	उफा	हस्त	स्वा	अनु	मूला	उषा	उभा	रेव
अभि	उषा	श्रव	रेव	उभा	शत	भर	पुन	मृग	हस्त	उफा

ऊपर के नक्षत्रों में से विवाह का नक्षत्र हो और उसके नीचे के नक्षत्र पर कोई ग्रह हो तो उस ग्रह का वेध होता है। यह क्रूर ग्रहों के वेध विशेषतया वर्जित माना गया है।

विवाह नक्षत्र से सातवें ग्रह हो तो जामित्र

रोहि	मृग	मघा	उफा	हस्त	स्वा	अनु	मूला	उषा	उभा	रेव
अभि	ज्ये.	धनि	पूभा	उभा	अश्वि	कृति	मृग	पुन	उफा	हस्त

ऊपर के नक्षत्रों में विवाह का नक्षत्र हो और नीचे के नक्षत्रों पर कोई ग्रह हो तो उस ग्रह का जामित्र दोष होता है सो पाप ग्रह का जामित्र विवाह में वर्जित कहा है यह यमुना प्रांत में अतिनिंद्य है।

बाण दोष

रोग	अग्नि	राजपं	चौरपंचक	मृत्यु	
८।१७ २६	२।११ २०।२९	४ १३।२२	६।१५ २४	१।१० १९।२८	सूर्यांश
व्रते रवौ रात्रौ	गृहकार्ये भौमे दिवा	सेवाया शनौ दिवां	यातंरा भौमे रात्रौ	विवाह बुधे संध्याया	कार्येषु वारे समये

एकार्गल दोष

वि.	अति	शू	गं	व्य	व	वै	यो

सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र अभिजित सहित गणना करने से यदि विषम हो और इन विरुद्ध योगों में से कोई भी योग हो तो एकार्गल दोष होता है। यह काश्मीर में विशेष वर्जित है।

उप ग्रह दोष

सूर्य के नक्षत्र से ५वें, ७वें, ८वें, १०वें, १४वें, १५वें, १८वें, १९वें, २२वें, २३वें, २४वें, २५वें, नक्षत्र पर चन्द्रमा हो तो उपग्रह दोष होता है।

क्रान्ति साम्य दोष

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	कन्या	तुला	सूर्य	चन्द्र
सिंह	मकर	धन	वृश्चि.	मीन	कुम्भ	चन्द्र	सूर्य

ऊपर व नीचे की राशि पर सूर्य व चन्द्रमा हो तो स्थूल रूप से क्रान्ति-साम्य दोष हो जाने से विवाह में सर्वदा वर्जित है।

*वैशा., आषा., भाद्र., कार्ति., पौष., फा. मासों में शुक्ल पक्षीय तिथियां तथा ज्ये., श्रा., अश्वि., मार्ग व माघ में कृ. पक्षीया तिथियां ही वर्जित है।

दग्धा तिथि दोष

वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ़	मार्ग.	कार्ति	पौष	
श्रावण	फाल्गुन	आश्विन	भाद्र	माघ	चैत्र	मास
६	४	८	१०	१२	२	तिथि

इन २ मासों में से २ तिथियां दग्ध होती है सो विवाह में वर्जित कहीं हैं, मध्य देश में त्याज्य है। कुछ विद्वानों अनुसार*

भूमि खरीदने (क्रय) का मुहूर्त्त

वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ (प्रवि. ७ तक) मार्गशीर्ष, माघ और फाल्गुन मास भूमि क्रय के लिए उत्तम कहे गए हैं।

शुभ तिथियाँ—प्रतिपदा (कृष्ण-पक्षे), कृष्ण तथा शुक्ल पक्षे २, ५, ६, १०, ११, १५ तिथियां।

शुभ नक्षत्र—मृगशिर, पुनर्वसु, अश्लेषा, मघा, विशाखा, अनुराधा, तीनों पूर्वा, मूला, रेवती, शतभिषा एवं स्वाती नक्षत्र।

शुभवार—सोमवार, बुधवार, वीरवार, शुक्रवार।

लत्तादि दोषाणां परिहारवाक्यानि-लत्ता मालवके (उज्जैनादि) देशे पातश्च कुरु (कुरुक्षेत्र बांगर) जांगले (फिरोजपुर इत्यादि)। एकार्गले व काश्मीरे वेघं सर्वत्र वर्जयेत्॥ उपग्रहर्क्षे कुरु वाल्हिकेषु (आगरा आदि) कलिंगवंगेषु (जगन्नाथपुरी, बंगाल, अयोध्या च पातिते भम्॥ सौराष्ट्र (कठियावाड़) शाल्वे: लताभं त्यजेत् विद्धकिल सर्वदेशे युतिदोषो भवेद गौड़े (बंगाल) जार्मित्रस्य च यामुने (यमुना के प्रांत)। मासदग्धाश्च तिथयो मध्यदेशे तिथयो मध्यदेशें विवर्जित:। युतिपरिहार-स्वर्क्षस्थ: स्वोच्चगश्चंद्रो पित्रक्षेत्रगतोपिवा। गुरुश्च स्वीयवर्गस्थो वली केन्द्रगतो विधु:। लत्तापांप उपग्रह परिहार:-वनसंख्यं चरणे खेट स्तत्संख्यं चरणं त्यजेत्। लत्तोपग्रहदानेषु त्याज्या नैवाऽग्रय परे॥ परिहार-लत्तोपग्रहजामित्रयांतैकार्गलकर्त्तरी। एते दोषा विनश्यंति लग्नेऽकें दुर्बलान्विते॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आवश्यक मुहूर्त्त विचार

नाम मुहूर्त्त	शुभ ग्राह्य तिथियां	शुभ वार मास	शुभ नक्षत्र
बच्चे का नाम रखना	१ (कृष्ण), तथा दोनों पक्ष की २, ३, ७, १०, ११, १३ (शुक्ल) तिथियाँ॥	सूतकान्त (सप्ताह के बाद) १०, १२, १३, १६ आदि दिनों में एवं चंद्र, बुध, गुरु एवं शुक्र वारों में॥	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, श्रव, धनि, शत, रेवती।
बच्चे को स्कूल डालना (विद्यारम्भ)	२,३,५,७,१०,११,१२, १३ (शु.), १४, बुध एवं पूर्णिमा तिथि	उत्तरायण मासों में (२१ दिसं. से २० जून तक) ५वें ७वें वर्ष, रवि, चंद्र, बुध, गुरु व शुक्र वार।	अश्वि, मृग, रोह, पुन, पुष्य, श्ले, पूर्वा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, श्रव, धनि, शत, उत्तरा—तीनों।
मुंडन संस्कार	१ (कृष्ण), २,३,५,६,७, १०, ११, १३ (शुक्ल, १५ शुभ तिथियाँ।	जन्म से १, ३, ५ इत्यादि वर्षों में, वैशा, ज्ये., आषा. (२० जून तक), माघ, फागु. (उत्तरायणे), चं. बु. गु. शु.।	अश्वि, मृग, पुन, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., ज्ये., श्रव, धनि, शत, रेव एवं जन्म नक्षत्र ग्राह्य॥
दुकान/बही खाता शुरु करना	१ (कृ.), २, ३, ५, ७, १० १२, १३(शुक्ल) तिथियां।	रवि, चंद्र, बुध, वीर, शुक्र, शनि। वैशा, ज्ये, आषा, श्रा, भा., मार्ग, माघ, फा।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा-३, हस्त, चित्रा, अनु, मूल, श्रव, धनि, पूभा, रेवती।
नौकरी करना	२, ३, ५, ६, ७, १०, ११ १२, १५ तिथियां।	रवि, चन्द्र, बुध, वीर, शुक्र, उत्तरायण महीने प्रशस्त हैं।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, अनु, ज्ये, श्रव-रेव।
स्कूटर, कारादि सवारी खरीदना	१ (कृ.), २,३,५,६,७,१० ११, १२, १३ (शु.), १५।	चंद्र, बुध, गुरु व शुक्रवारों में।	अश्वि, उत्तरा-३, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा-३, पूर्वा-३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु. धनि, रेवती।
गृहारम्भ (मकान बनाना)	१ (कृ), २,३,५,६,७,१०, ११, १२, १३ (शु.)व १५।	चन्द्र, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, वैशा, ज्ये, श्रव, भादर, माघ, फागु. प्रशस्त हैं।	रोह, मृग, जुन, पुष्य, उत्तरी, ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, धनि, शत, रेव।
शिलान्यास (नींव खोदना)	गृहारम्भ वाली तिथियां ग्राह्य।	गृहारम्भ वाले वार एवं मास ग्राह्य। सुप्त भूमि के प्रविष्टे (१,५,७,९,१०,२१,२४ त्याज्य)	उपरोक्त नक्षत्रों के अतिरिक्त अश्विनी व श्रवण नक्षत्र सुप्त भूमि के प्रविष्ट।
नए घर में प्रवेश	१(कृ), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शुक्ल) १५ तिथियां।	वैशा, ज्ये, मार्ग, माघ एवं फाल्गु.॥ पुराने गृह में श्राव, भाद्र भी ग्राह्य, चंद्र, बुध, शुक्र व शनि।	अश्वि, रोह, मृग, उत्तरा, ३, हस्त, चित्रा, स्वा, पुष्य, अनु, धनि, रेव।

नाम मुहूर्त्त	शुभ ग्राह्य तिथियां	शुभ वार मास	शुभ नक्षत्र
सगाई मुहूर्त्त	१ (कृ), २,३,५,७,८,१०, ११, १२, १३ (शु.), १५ शुभ तिथियां॥	चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, वैशा, ज्ये, आ, श्रा, भा., आश्वि, मार्ग, माघ, फागु.।	अश्वि, कृति, रोह, मृग, मघा, पूर्वा ३, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु, मू, श्रव, धनि, रेवती।
विवाह मुहूर्त्त	१(कृ.),२,३,५,७,८,९,१० ११, १२, १३ (शुक्ल), १५।	वै., ज्ये, आषा, श्रा., भा, अश्वि, मार्ग, माघ, फागु. तथा कार्तिक (पर्वतीये केवल)। रवि, चंद्र बुध, गुरु, शुक्र प्रशस्त। मं. शं. (मध्यम)।	रोह, मृग, मघा, उत्तरा ३ (तीनों), हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, मूला, रेव।
मुहूर्त्त मुकलावा	२, ३, ५, ६, ७, १०, ११ १२, १३ (शुक्ल) १५ तिथियां।	चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, वैशा., मार्ग, माघ व फाल्गुन मास।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु., मूल, श्रव, धनि, रेव।
बीज बोना (हल चलाना)	१ (कृ) २, ३, ५, ७, १० ११, १२, १३ (शु.) १५ तिथियां।	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, मघा, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, विशा, अनु, मूला, रेवती।
अनाज संग्रह (भरने का मुहूर्त्त)	२, ३, ५, ७, ८, ११, १२, १३, (शुक्ल), १५।	चन्द्र, बुध, गुरु व शुक्र।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, मूल, श्रव, धनि, शत, रेवती।
आप्रेशन कराने का मुहूर्त्त	२, ३, ५, ६, ७, १०, १२, १३	रवि, मंगल, गुरु	अश्वि, रोहि, मृग, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, अभि, श्रव
मन्त्र सिद्ध करने का मुहूर्त्त	२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) १५ तिथि।	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र वारों में।	अश्वि, मृग, उफा, हस्त, श्रवण, विशाखा।
भूमि खरीदने का मुहूर्त्त	१(कृष्ण) तथा ५, ६, १०, ११, १५।	मंगल, गुरु, शुक्र।	मृग, पुन, श्ले, मघा, विशाखा, अनु, पूर्वा ३, मूला, रेवती।
मुकद्दमा दायर करना	३, ५, ८,१०,१३ (शुक्ल) १५, चंद्र व मंग. दोनों बलान्वित होने चाहिएं।	रवि, मंग, बुध, गुरु, वार प्रशस्त हैं।	भर, आर्द्रा, श्ले, मघा, पूर्वा-३, ज्ये., मूला, नक्षत्र।
पशु खरीदने का मुहूर्त्त	१(कृ)२,३,५,६,७,८,१०, ११,१२,१३(शुक्ल) १५।	रवि, चंद्र, बुध, गुरु शनि।	अश्वि, पुन, पुष्य, हस्त, विशा, ज्ये, धनि, शत, रेवती।
औषधि सेवन का मुहूर्त्त	१, (कृ),२, ३, ५, ७, १० ११, १२, १३ (शु.)।	रवि, चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र, जन्म नक्षत्र त्याज्य हैं।	अश्वि, मृग, पुष्य, चित्रा, पुर्न, हस्त, अनु, स्वा, अभि, श्रवण, धनिष्ठा हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आपको किस दिन क्या कार्य करना शुभ है ?

नाम वार	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	वीरवार	शुक्रवार	शनिवार
यात्रा में शुभ ग्राह्य-दिशाएँ	पूर्व, उत्तर आग्नेय (दक्षिण पूर्व)	पश्चिम, दक्षिण वायव्य (उत्तर-पश्चिम)	दक्षिण-पूर्व आग्नेय (दक्षिण-पूर्व)	दक्षिण, पूर्व नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम)	पूर्व, उत्तर ईशान (पूर्व-उत्तर)	पूर्व, उत्तर ईशान (उत्तर-पूर्व)	पश्चिम, दक्षिण नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम)
यात्रा में त्याज्य (दिशाशूले)	पश्चिम, वायव्य (उ. पश्चि. कोण)	पूर्व, उत्तर आग्नेय (दक्षि.-पश्चि.)	उत्तर, पश्चिम वायव्य (उत्तर पश्चि.)	उत्तर, पश्चिम ईशान (पूर्व-उत्तर)	दक्षिण, पूर्व नैऋत्य (दक्षि. पश्चि.)	पश्चिम, दक्षिण नैऋत्य कोण (द. पश्चि.)	पूर्व, उत्तर ईशान (पूर्व-उत्तर)
विद्या एवं शिक्षा सम्बन्धी	विज्ञान, इंजीनियरिंग, सेना, उद्योग, बिजली, मैडिकल, एवं प्रशासनिक शिक्षा सम्बन्धी।	लेखनादि कार्य, मैडीकल शिक्षा, सौंदर्य प्रसाधन, औषधि निर्माण व योजना सम्बन्धी।	बिजली (इलैक्ट्रानिक), सर्जरी की शिक्षा, शस्त्र विद्या सीखना, अग्नि, स्पोर्टस, भूगर्भ विज्ञान, दंत चिकित्सा आदि।	गणित, लेखनादि, बौद्धिक कार्य, बैंक वकालत, तकनीकि हुनर, ज्योतिष, विज्ञान, वाहनादि चलाना सीखना।	दर्शन-शास्त्र, धर्म मंत्र ज्योतिष, वकालत, उच्च पद प्रशासनिक शिक्षा वैद्यक आदि।	नृत्य, वाद्य, गायन, कला, संगीत, ऐक्टिंग, गीत-काव्य, रचना, स्त्रियों एवं सौंदर्य सम्बन्धी शिक्षा।	तकनीकी शिल्प, कला, मशीनरी सम्बन्धी ज्ञान (Engineering) अंग्रेजी, उर्दू, फारसी का ज्ञान शुरु करना।
व्यापार सम्बन्धी कार्य	राज्य प्रशासनिक कार्य सेनाधिकारी, ज्यूलर्ज, औषधि, शस्त्र, अग्नि, अनाज, सोना, तांबा, चाँदी, गाय, बैलादि का क्रय-विक्रय, मैडीकल, इलैक्ट्रीकल, मंत्रानुष्ठान यज्ञादि।	कृषि, गाय, भैंस, दूध, घी डेयरी, फार्म, औषधि, सोडादि तरल पदार्थ, शंख, मोती, स्त्री, धन सम्पदा, सौंदर्य प्रसाधन, सुगन्धि (Perfumes) सम्बन्धी वस्तुओं का क्रय-विक्रय, विदेशी पत्राचार आदि।	शक्ति, अग्नि एवं बिजली से सम्बन्धित कार्य, बेकरी electronics, स्पोटर्स Goods, सोना, तांबा, मूंगा, पीतलादि का क्रय भूमि, सर्जरी एवं रक्षा सामग्री, सन्धि विच्छेद आदि कार्य।	कृषि एवं व्यापारिक वस्तुओं का क्रय-विक्रय, शेयरों का क्रय, पुस्तक, लेखन प्रशासन, लेखाकार्य (Accounts) शिक्षण, वकालत, शिल्प, एवं सम्पादन कार्य, वाहन क्रय-विक्रय।	धार्मिक अनुष्ठान, उच्च प्रशासनिक कार्य, उच्च शिक्षा के कार्य, आभूषण, औषधि, लकड़ी, भूमि, वाहनादि का लेन-देन, विदेश गमनादि कार्य।	संगीत, सिनेमा, विदेश बारे, टैलीविजन, स्त्रियों, एवं श्रृंगारिक वस्तुओं से संबन्धित कार्य, रूई, कपड़ा बैंकिंग, चाँदी, जवाहरात, रसायन, शराब, सोडा, सुगन्धित द्रव्य, वाहनादि क्रय-विक्र, खुशबूदार वस्तु।	मशीनरी, लोहा, लकड़ी चमड़ा, सीमेंट, तेल, पैट्रोल, पत्थर, भूमि, ठेकेदारी, शस्त्रों का क्रय-विक्रय, अन्वेषण एवं आप्रेशण कार्य, अधीनस्थ कर्मचारी, वाहनादि प्रयोग विदेश-यात्रादि कार्य।

नाम वार	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह	शुक्र	शनि
नवीन वस्त्र धारण करना	शुभ है	मध्यम	अशुभ	शुभ	शुभ	अति शुभ	अशुभ
नवीन आभूषण धारण	शुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ
तेल लगाना	अशुभ	शुभ	अशुभ	विशेष शुभ	अशुभ	शुभ	विशेष शुभ
हजामत करना	मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम
नया जूता पहनना	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम
मुकद्दमा करना	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ

अनुष्ठान आरम्भ करने का मुहूर्त्त

मास—वैशाख, श्रावण, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघ फाल्गुन।

तिथि (शुक्ला)—२, ३, ५, ७, १०, ११, १३।

वार—सू. गु. शु. (सोम मध्यम)।

नक्षत्र—अशिव. रो. मृ. पुन. पु. उत्तरा. ३. ह. स्वा. वि. अनु. ज्ये. श्र. ध. श. रे।

लग्न—शिव की आराधना १, ४, ७, १० लग्नों में एवं विष्णु की २, ५, ८, ११ लग्नों में तथा देवी की ३, ६, ९, १२ लग्नों में कर्त्तव्य है।

अन्य देवताओं के अनुष्ठान में वह राशि लग्न ग्रहण करें, जब ३, ६, ११वें क्रूर ग्रह १, २, ४, ५, ७, ९, १०वें सौम्य ग्रह तथा ८, १२वें प्रहाभाव।

विशेष—आराध्य देवताओं के मास, तिथि, वार, नक्षत्र विशेष शुभ है। पुनश्च, गुरु-शुक्रास्त, बलहीन चन्द्र तथा कुयोग परित्याज्य हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मेलापक में मंगलीक योग एवं परिहार

विवाह योग्य लड़के-लड़की की जन्म कुण्डली में वर्ण, वश्य, तारा, ग्रहमैत्री, नाड़ी आदि अष्टकूट सम्बन्धी गुण मिलान के पश्चात् कुण्डली में मंगल एवं **मंगलीक दोष** पर विशेष रूप से विचार किया जाता है। मंगलीक दोष का आधार सामान्यतः निम्न श्लोक माना जाता है।

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या भर्तुविनाशाय भर्ता कन्या विनाशकः।

—मु. संग्रहदर्पण

अर्थात् जिस कन्या की कुण्डली में १, ४, ७, ८ या १२वें स्थान में मंगल हो, तो वह कन्या वर (पति) के लिए हानिकारक तथा इसी भान्ति जिस लड़के की कुण्डली में इन्हीं स्थानों में मंगल हो वह कन्या को हानिकारक होता है। इसी भांति लग्न, चन्द्र और कभी-कभी शुक्र की राशि से भी मंगल की उपर्युक्त स्थितियों का विचार किया जाता है।

अपवाद—(१) मंगल दोष वाली कन्या का विवाह मंगलीक दोष वाले वर के साथ करने से मंगल का अनिष्ट दोष नहीं होता तथा वर-वधू के मध्य दाम्पत्य सुख बढ़ता है—

कुज दोष वती देया कुजदोषवते किल। नास्ति दोषो न चानिष्टं दम्पत्योः सुखवर्धनम्॥

मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक के परिहार स्वरूप मुहूर्त्त ग्रन्थों में अनेकत्र परिहार वाक्य मिलते हैं। यथा—

(२) यदि लड़की की कुण्डली में जिस स्थान पर मंगल स्थित (मंगलीक कारक) हो, और लड़के की कुण्डली में उसी स्थान पर शनि, मंगल, सूर्य, राहु आदि कोई पाप ग्रह स्थित हों, तो भौमदोष भंग हो जाता है। इसी प्रकार लड़के की कुण्डली में भौम दोष होने पर कन्या की कुण्डली में उसी भाव में कोई पाप ग्रह होने से भी भौमदोष नहीं रहता—

शनि भौमोऽथवा कश्चित् पापो वा तादृशो भवेत्।
तेष्वेव भवनेष्वेव भौमदोष विनाश कृत्॥—फलित संग्रह अन्येऽपि—

भौमेन सदृशो भौमः पापो व तादृशो भवेत्। विवाहः शुभदः प्रोक्तश्चिरायुः पुत्रपौत्रदः॥

अर्थात् एक की कुण्डली में मंगल दोष हो, तो दूसरे की कुण्डली में भी उन्हीं स्थानों में शनि आदि पाप ग्रह होने से मंगलीक दोष भंग होकर विवाह में शुभ होता है।

यामित्रे च सदा सौरि लग्ने वा हिबुके तथा। अष्टमे द्वादशो चैव भौमदोषो न विद्यते॥

यह श्लोक भी लगभग इसी आशय का है।

(३) मेष राशि का मंगल लग्न में, वृश्चिक राशि का चौथे भाव में, मकर का सातवें, कर्क राशि का आठवें, एवं धनु राशि का मंगल १२वें हो, तो मंगल दोष नहीं होता।

यथोक्तम्—

अजे लग्ने व्यये चापे पाताले वृश्चिके कुजे।
द्यूने मृगे कर्किचाष्टौ भौमदोषो न विद्यते॥ —मु. पारिजात

प्रकारान्तर से, मीन का मंगल ७वें भाव तथा कुम्भ राशि का मंगल अष्टम में हो, तो भौम दोष नहीं होता।

''द्यूने मीने घटे चाष्टौ भौम दोषो न विद्यते'' —मु. चिंतामणि

(४) यदि द्वितीय भाव में चन्द्र-शुक्र का योग हो, या मंगल गुरु द्वारा दृष्ट हो, केन्द्र भावस्थ राहु हो, अथवा केन्द्र में राहु-मंगल का योग हो, तो मंगल दोष नहीं रहता—

न मंगली चन्द्र भृगु द्वितीये, न मंगली पश्यति यस्य जीवा।
न मंगली केन्द्रगते च राहुः, न मंगली मंगल-राहु योगे॥ —मुहूर्त्त दीपक

(५) बलान्वित गुरु वा शुक्र लग्न में हो, तो वक्री, नीचस्थ, अस्तंगत अथवा शत्रुक्षेत्री मंगल उपरोक्त दुष्ट स्थानों में होने पर भी भौम दोष नहीं होता—

सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने द्यूनेऽथवाभौमे।
वक्रे नीचारि गृहस्थे वाऽस्तेऽपि न कुज दोषः॥ —मुहूर्त्त दीपक

(६) इसी भांति केन्द्र व त्रिकोण में यदि शुभ ग्रह हों, तथा ३, ६, ११वें भावों में पाप-ग्रह हों तथा सप्तमेश ग्रह सप्तम में ही हो, तो मंगल दोष नहीं होता—

''केन्द्र कोणे शुभादये च त्रिषडायेऽप्यसद्ग्रहाः।
तदा भौमस्य दोषो न मदने मदपस्तथा॥'' —मु. चिंतामणि

अपरंच—

(७) यद्यपि १, २, ४, ७, ८, ११ और १२वें भावों में स्थित मंगल वर-वधू के वैवाहिक जीवन में विघटन उत्पन्न करता है, परन्तु यदि मंगल अपने घर (१, ८) का हो, **उच्चस्थ** (मकर) का **किंवा मित्र क्षेत्री** मंगल दोष कारक नहीं होता—

तनु धन सुख मदनायुर्लाभ व्ययगः कुजस्तु दाम्पत्यम्।
विघट्यति तद् गृहेशो न विघटयति तुंगमित्रगेहेवा॥ —मु. चिंतामणि

(८) यदि वर-कन्या की कुण्डलियों में परस्पर राशिमैत्री हो, गणैक्य हो, २७ गुण या अधिक मिलान होता हो, तो भी भौम दोष अविचारणीय है।

राशिमैत्रं यदा याति गणैक्यं वा यदा भवेत्। अथवा गुण बाहुल्ये भौम दोषो न विद्यते॥

—मुहूर्त्त दीपक

विवेचन—उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि मुहूर्त्त संग्रह दर्पण में दिए गए मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक (''लग्ने व्यये पाताले—'') के परिहारस्वरूप कुछ अर्वाचीन ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं, जिनमें परस्पर विरोध वाक्यता भी मिलती है।

उल्लेखनीय है कि प्राचीन सैद्धान्तिक एवं प्रतिष्ठित मुहूर्त्त ग्रंथों जैसे—विवाह वृन्दावन, मुहूर्त्त मार्तण्ड, सारावली, मु. चिन्तामणि (प्राचीन संस्करण), ज्योतिः निबन्ध आदि) में मंगलीक सम्बन्धी उपर्युक्त श्लोक एवं तत्सम्बन्ध विभिन्न परिहार वाक्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता।

वर-कन्या की कुण्डली में मंगलीक दोष एवं उसके परिहार का निर्णय अत्यन्त सावधानीपूर्वक करना चाहिए। केवल १, ४, ७, ८ आदि भावों में मंगल को देखकर दाम्पत्य जीवन के सुख-दुःख का निर्णय कर देना उपयुक्त नहीं। मंगलीक वाले स्थानों (भावों) में मंगल के अतिरिक्त कोई अन्य क्रूर ग्रह भी १, २, ७ एवं १२वें स्थानों में हो, तो वह भी परिवारिक एवं वैवाहिक जीवन के लिए अनिष्टकारी होता है। यथा—

लग्ने क्रूरा व्यये क्रूरा धने क्रूराः कुजस्तथा। —मु. संग्रह दर्पण
सप्तमे भवने क्रूराः परिवार क्षयंकराः॥

(शेष पृष्ठ 161 पर देखें)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

वर-कन्या मिलान में वर्णादि अष्टकूटों का महत्त्व

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वर-कन्या मिलान में वर्णादि अष्टकूटों का महत्त्व

विवाह गृहस्थाश्रम की आधारशिला है और उसी के मध्यम से मनुष्य, देव-ऋषि एवं पितरादि ऋण त्रय से उद्धृण होकर परम कल्याण को प्राप्त होता है। तद् हेतु उत्तम लक्षणों जैसे—सुन्दर, सुशीला, मधुरभाषिणी एवं पतिव्रता कन्या तथा कर्त्तव्यनिष्ठ, स्वस्थ, शिक्षित, सदाचारी एवं सुसंस्कृत लड़के के साथ विवाह सम्बन्ध शुभ होता है। विवाह सम्बन्ध करने से पूर्व लड़के-लड़की का कुल-गोत्र, सनाथता, विद्या, धन, स्वस्थ (शरीर) और आयु—इन सात गुणों की परीक्षा करने के पश्चात् ही कुण्डलियों में परस्पर **मंगलीक आदि अरिष्ट** योगों तथा वर्ग, **स्त्रीदूर, कर्तरि एवं वर्णादि अष्टकूटों** का विचार करना चाहिए।

मेलापक प्रक्रिया में **मंगलीक और अष्टकूट** तत्त्वों का विशेष महत्त्व है, क्योंकि वर-कन्या के दाम्पत्य जीवन को अधिकाधिक सुखी एवं मंगलमय बनाने के लिए उनके जन्म नक्षत्रों एवं जन्म कुण्डलियों के अनुसार मिलान करना अत्यन्त आवश्यक है। उपयुक्त मिलान न होने की स्थिति में पति-पत्नी के वैवाहिक जीवन में—विचार वैमनस्य, सन्तान कष्ट, वैधव्य, वैधुर्यादि दोष अथवा पारिवारिक कष्ट होने की सम्भावनाएं हो जाती है। **मंगलीक दोष** का विशेष विवरण इसी पंचांग के अन्य पृष्ठों में दिया गया है। यहाँ पर नक्षत्र मिलान के मुख्य तत्त्व अष्टकूट का विवेचन किया जा रहा है। ध्यान रहे, अष्ट (आठ) कुंटों का निर्णय वर-कन्या के जन्म नक्षत्रों से ही किया जाता है। अष्टकूटों के आठ कूट (अंग) निम्नलिखित हैं :—

(१) वर्ण (२) वश्य (३) तारा (४) योनि (५) ग्रहमैत्री (६) गणमैत्री (७) भकूट तथा **(८) नाड़ी** —ये आठ कूट हैं।

प्रत्येक कूट की क्रम संख्या अपने श्रेष्ठ गुणों की सूचक है। वर्णादि अष्टकूटों में **गुणों का योग ३६** होता है। इसमें क्रमानुसार वर्ण का १ गुण, वश्य के २, तारा के ३, योनि के ४, ग्रहमैत्री के ५, गण-मैत्री के ६, भकूट के ७ एवं नाड़ी के ८ (आठ) गुण जानने चाहिएं।

वर्णादि कुल ३६ गुणों के योग में से १ से १७ तक गुण मिलान तुच्छ एवं निन्दनीय (त्याज्य) माने जाते हैं, १८ से २१ तक मध्यम एवं ग्राह्य और २२ से २८ तक उत्तम तथा २९ से ३६ तक गुण सर्वोत्कृष्ट मिलान माना जाता है।

एकैकवृद्धितो ज्ञेया वर्णादीनां गुणाः क्रमात्।
विवाहः शुभदस्तेषां गुणे त्वष्टादशाधिके॥ —मु० गणपति

वर्णादि अष्टकूट

(१) वर्ण विचार—४, ५, १२ राशियों का **ब्राह्मण**, १, ५, ९ का **क्षत्रिय**, २, ६, १० **वैश्य** तथा ३, ७, ११ राशियों का **शूद्रवर्ण** होता है। वर का वर्ण कन्या के वर्ण से उच्च स्तरीय अथवा समान वर्ण होने पर **एक गुण** प्राप्त होता है। अन्यथा शून्य गुण होगा।

परिहार—यदि वर की राशि का वर्ण कन्या के राशि-वर्ण से हीन हो, परन्तु राशिपति उत्तम वर्ण हो, तो वर्ण मिलान शुभ हो जाता है।

(२) वश्य विचार—सिंह राशि के अतिरिक्त सभी राशियाँ नर (मनुष्य) राशि के वश में हैं। जल राशियाँ (४।१० उ.।१२) नर राशियों (३।६।७।९ पू.।११) का भक्ष्य है। वृश्चिक को छोड़कर शेष राशियाँ सिंह राशि के वश्य हैं। **समान वश्य होने पर २ गुण,** एक वश्य और दूसरा शत्रु होने पर एक गुण, एक वश्य और एक भक्ष्य होने पर आधा गुण तथा एक शत्रु और एक भक्ष्य होना शून्य अर्थात् गुणाभाव होगा।

(३) तारा विचार—कन्या के जन्म नक्षत्र से वर के जन्म नक्षत्र तक तथा वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक गिनकर दोनों संख्याओं को अलग-अलग ९ द्वारा भाग देने पर यदि शेष ३, ५, ७ बचे तो अशुभ तारा होती है।

दोनों (वर-कन्या) ताराओं में अशुभ तारा हो तो शून्य गुण, एक में तारा शुभ और दूसरे में अशुभ हो तो डेढ़ गुण तथा दोनों में तारा शुभ हो तो ३ गुण होते हैं।

(४) योनि विचार—अश्विनी आदि नक्षत्रों के अनुसार जातक की योनि ज्ञात की जाती है। वर और कन्या की योनियों का आपसी वैर त्याज्य है। जैसे—गौ और व्याघ्र में, सिंह और गज, न्यौला और सर्प में, अश्व और महिष में, श्वान और हरिण में, वानर और मेष में, मूषक और मार्जार में, परस्पर महावैर है।

[**नोट**—योनि व महावैर योनि की तालिका चक्र गत पृष्ठों में दिया गया है।]

गुण—वर-कन्या की एक ही योनि होना शुभ है। योनियों में परस्पर अतिमित्र हो तो ४ गुण, मित्र हो तो ३, सहज प्रकृति समान हो तो २, सामान्य वैर हो तो १ गुण तथा योनियों में अतिशत्रुता हो तो शून्य-अर्थात् गुणाभाव होगा।

(५) ग्रह मैत्री—ग्रह मैत्री कूट के सन्दर्भ में वर-कन्या के राशि स्वामियों का एक्य अथवा मैत्री भावादि अभिप्रेत्य है। (राशि स्वामी का विवरण गत पृष्ठों में नक्षत्र, राशि, वर्णादि तालिका चक्र में दिया गया है।)

गुण विचार—वर-कन्या की राशियों में परस्पर अधि-मित्रता या राश्यैक होने पर ५ गुण, एक सम और दूसरा मित्र हो, तो ४ गुण, एक-दूसरे के सम हो, तो ३ गुण, एक मित्र दूसरा शत्रु हो, तो १ गुण, एक सम दूसरा शत्रु हो, तो आधा गुण, दोनों की राशियां परस्पर शत्रु हों, तो शून्य अर्थात् गुणाभाव होता है।

अष्टकूटों में राशि स्वामी की मैत्री को विशेष महत्त्व दिया गया है। मिलान में वर्ण, योनि, गण और षडाष्टक दोष होने पर भी यदि परस्पर राशि मैत्री पाई जाती हो तो अन्य किंचिद् दोषों का निवारण हो जाता है। यथा—

गणदोषो योनि दोषो वर्णदोषः षडाष्टकम्।
चत्वारि नैव दुष्यन्ति राशिमैत्री यदा भवेत्॥ —**बृहज्जयोतिः सार**

अपवाद—वर-कन्या के राशिपतियों में परस्पर वैर होने पर भी राशि नवांशपति परस्पर मित्र हो, तो विवाह शुभ माना जाता है। यथा—

राशिनाथे विरुद्धेऽपि सबल नवांशकाधिपौ।
तन्मैत्रेऽपि च कर्त्तव्य, दम्पज्योः शुभमिच्छता॥

(६) गण विचार—अश्वि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, स्वा., अनु., श्रव., रेवती नक्षत्रों का **देवता गण,** तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, भर० और आर्द्रा इन नक्षत्रों का **मनुष्यगण,** कृति., अश्ले, मघा, चित्रा, विशा., ज्ये., मूला, धनि. और शत. का **राक्षसगण।**

वर-कन्या का **एक ही गण** होने पर विवाह **उत्तम,** देव-मनुष्य हो तो शुभ, किसी एक का राक्षसगण और दूसरा मनुष्यगण हो अथवा किसी एक का देवगण और दूसरा राक्षस गण हो तो अशुभ एवं त्याज्य होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गुण विभाजन—वर-कन्या का एक ही गुण हो, तो ६ गुण, वर का देवगण एवं कन्या का मनुष्यगण हो तो भी ६ गुण, पर कन्या देवगण एवं वर का मनुष्य हो तो ५ गुण, एक का देवगण तथा दूसरा राक्षसगण अथवा एक का मनुष्यगण दूसरे का राक्षसगण हो, तो शून्य गुण होता है इत्यादि।

मनुष्यादि गणों का गुण बोधक चक्र

कन्या	गुण	देव	मनुष्य	राक्षस
	देव	६	५	१
	मनुष्य	६	६	०
	राक्षस	०	०	६

गुण दोष परिहार—

(क) राशिपतियों में परस्पर मित्रता या राशिनवांशपति में भिन्नता हो, तो गणदोष नहीं रहता।

ग्रहमैत्री च राशिश्च विद्यते नियतं यदि। न गणभाव जनितं दूषणंस्याद विरोधदम्॥

गर्ग—मु. चिन्तामणि च

(ख) ग्रहमैत्री तथा वर-कन्या के नक्षत्रों की नाड़ियों में भिन्नता हो, तो गणदोष होने पर भी दोष नहीं होता। —पीयूषधारा

(ग) इसी भान्ति तारा, वश्य, योनि ग्रहमैत्री तथा भकूट की शुद्धि होने पर कोई दोषपत्ति नहीं होती। —मुहूर्त्त मार्त्तण्ड

(७) भकूट विचार—इसे **राशिकूट** भी कहते हैं। वर-कन्या की जन्म राशि परस्पर छठे एवं आठवें हो, तो **षडाष्टक दोष** होता है। यदि वर-कन्या की जन्म राशि परस्पर पांचवीं-नौवीं हो, तो **नव पंचम दोष**, यदि दोनों की राशियाँ परस्पर दूसरी और बारहवीं हो, तो **द्विद्वादश दोष** कहलाता है। **षडाष्टक दोष** (विशेषकर शत्रु-षडाष्टक) होने की स्थिति में वर-कन्या, इनके माता-पिता अथवा उनके किसी निकटस्थ बन्धु को मृत्यु-तुल्य कष्ट होने की सम्भावना होती है। **नवपंचम दोष** की स्थिति में विवाहित दम्पत्ति को संतान सम्बन्धी दुःख होने का भय होता है तथा **द्विद्वादश दोष** (शत्रुकूट) होने पर वर कन्या को धन हानि एवं आर्थिक परेशानियों का सामना रहता है।

षडाष्टक परिहार—(i) मेष-वृश्चिक, वृष-तुला, मिथुन-मकर, कर्क-धनु, सिंह-मीन तथा कन्या-कुम्भ आदि मित्र राशियों का षडाष्टक शुभ होता है, जबकि वैर-षडाष्टक ही विशेषतया त्याज्य होता है। यथा—१-६, २-९, ३-८, ४-११, ५-१०, ७-१२ राशियों का शत्रुगत षडाष्टक होने से त्याज्य माना जाता है।

(ii) परन्तु परिहारस्वरूप **तारा-शुद्धि, राशीश-मैत्री, राशिवश्यैक्य,** अथवा राशि स्वामी ग्रह **समान** होने पर षडाष्टक दोष भी ग्राह्य होता है। यथा—

न वर्गवर्णौ न गणोः न योनिर्द्विद्वादशे चैव षडाष्टके वा।
तारा विरुद्धे नव पंचमे वा मैत्री यदा स्यात्शुभदो विवाहः॥ —बृ. ज्योतिस्सार

नव पंचम परिहार—

(i) वर की राशि से कन्या की राशि पांचवीं हो और कन्या की राशि से वर की राशि ९वीं हो, तो यह नव-पंचम शुभ होता है—

वरस्य पंचमे कन्या, कन्यायां नवमेवरः। एतत् त्रिकोणकं ग्राह्यां पुत्रपौत्र सुखावहम्॥
—बृहज्योतिषः सारः

(ii) मीन-कर्क, वृश्चिक-कर्क, मिथुन-कुम्भ और कन्या-मकर—ये चार नवपंचक विशेषतया त्याज्य माने जाते हैं।

मीनालिभ्यां युते कीटे कुम्भे मिथुन संगते। मकरे कन्यकायुक्ते न कुर्यान्नवजचमे॥ —शार्गंधर

(iii) वर-कन्या दोनों के चन्द्र राशि अधिपति अथवा राशि नवांशपति परस्पर मित्रक्षेत्री हों, तो नवपंचम अविचारणीय है।

द्वि-द्वादश दोष का परिहार—

(i) लड़के की राशि से कन्या की राशि दूसरी हो तो कन्या धन हानिकारक और १२वीं हो तो वह धनवती और पति प्रिया होती है।

(ii) १-२, ३-४, ५-६, ७-८, ९-१० एवं ११-१२ राशियों का द्वि-द्वादश शत्रु-द्विद्वादश एवं च अनिष्टकर मानते हैं।

(iii) मतान्तर में **सिंह और कन्या** द्वि-द्वादश ग्राह्य है। —मुहूर्त्तमार्त्तण्ड

इसके अतिरिक्त कुछ परिस्थितियों में वर-कन्या की परस्पर राशि-स्थिति विशेष शुभकारी होती है। जैसे—वर-कन्या, दोनों की एक ही राशि १०वें का होना, दोनों की राशियों का परस्पर ३-११वें (त्रिरेकादश) होना, दोनों की राशियों का आपस में ४-१०वें होना एवं च दोनों की राशियों का परस्पर सप्तम **(समसप्तक)** होना वर-कन्या के वैवाहिक जीवन के लिए शुभफल प्रद होता है। परन्तु **अपवाद** रूप में, कर्क-मकर का तथा सिंह-कुम्भ राशियों का समसप्तक योग वर-कन्या के विवाह में शुभ नहीं माना गया—

मकरे कर्कटे चैव कुम्भे सिंहे तथैव च।
परस्परं सप्तमे च वैधव्यं तु विनिर्दिशेत्॥ —ज्योतिनिबन्ध

(८) नाड़ी दोष विचार—अष्टकूट निर्धारक तत्त्वों में नाड़ी का विशेष महत्त्व है। वर-कन्या की एक ही नाड़ी होना विवाह में अशुभ माना गया है।

अश्वन्यादि २७ जन्म नक्षत्रों को तीन नाड़ियों (पंक्तियों) में विभाजित किया गया है—आदि, मध्य और अन्त्य। इनका विवरण निम्न चक्र में दिया गया है।

नाड़ी चक्र

आदि नाड़ी	अश्वि	आर्द्रा	पुन	उफा	हस्त	ज्ये.	मूले	शत	पूभा
मध्य नाड़ी	भर	मृग	पुष्य	पूफा	चित्रा	अनु.	पूषा	धनि	उभा
अन्त्य नाड़ी	कृति	रोह	श्ले.	मघा	स्वा	विशा	उषा	श्रव	रेव

वर-कन्या का जन्म नक्षत्र एक ही नाड़ी में पड़ना विवाह में अशुभ माना जाता है। दोनों की **आदि (प्रथम)** नाड़ी हो, तो विवाह के पश्चात् उनका परस्पर वियोग आदि, **मध्य नाड़ी** हो, तो दोनों की हानि तथा अन्त्य नाड़ी हो तो वैधव्य या अतिशय दुःख होता है। —बृहज्योतिषसार

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

नाड़ी गण विभाग—भिन्न नाड़ी में आठ गुण तथा समान नाड़ी (नाड्यैक्य) होने की स्थिति

...में मंगलीक योग एवं परिहार पृष्ठ 158 का शेष भाग

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नाड़ी गुण विभाग—भिन्न नाड़ी में आठ गुण तथा समान नाड़ी (नाड्यैक्य) होने की स्थिति में शून्य गुण-अर्थात् गुणाभाव होता है।

नाड़ी दोषापवाद एवं परिहार—

(i) नाड़ी दोष ब्राह्मणों के लिए, वर्णदोष क्षत्रियों के लिए, गण दोष वैश्यों के लिए तथा योनि दोष शूद्रों के लिए विशेष रूप से विचारणीय होता है—

नाड़ी दोषस्तु विप्राणां वर्णदोषश्च क्षत्रिये। गणदोषश्च वैश्येषु योनि दोषस्तु पाद्जान्॥

ध्यान रहे, ब्राह्मणेतर वर्ण जातियों के लिए नाड़ी दोष नितान्तः उपेक्षनीय नहीं होता॥

(ii) यदि वर-कन्या दोनों की एक राशि हो, परन्तु नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों अथवा यदि दोनों का नक्षत्र एक हो और राशि अलग-अलग हो, एवं च नक्षत्र चरण भिन्न (पाद भेद) हो, तो ऐसी स्थिति में नाड़ी एवं गण दोष नहीं होता—अर्थात् शुभ होता है।

राश्यैक्ये चेद् भिन्नमृक्षं द्वयोः स्यान्नक्षत्रैक्ये राशियुग्मं तथैव।
नाड़ी दोषो नो गणानां च दोषो नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभंस्यात्॥ —मुहूर्त संग्रह दर्पण

यद्यपि वर-कन्या का एक ही नक्षत्र अथवा एक ही राशि का होने से नाड़ी दोष का परिहार माना गया है, परन्तु यदि दोनों के नक्षत्र चरणों में समानता हो अथवा नक्षत्रों में पाद वेध* हो, तो विवाह सर्वदा त्याज्य एवं वर्जित होगा। यथा—

एक नक्षत्र जातानां नाड़ी दोषो न विद्यते। अन्यर्क्षनाड़ीवेधेषु विवाहो वर्जितः सदा॥
—ज्योतिष तत्त्व प्रकाश

***नोट**—ध्यान रहे, किसी नक्षत्र के प्रथम पाद और चतुर्थ पाद तथा **दूसरे** एवं **तीसरे पाद** में परस्पर वेध होना भी पाद-वेध कहलाता है।

(iii) 'ज्योतिष चिन्तामणि' अनुसार रोहिणी, मृगशिर, आर्द्रा, ज्येष्ठा, कृत्तिका, पुष्य, श्रवण, रेवती एवं उत्तराभाद्रपद—इन नक्षत्रों में उत्पन्न वर-कन्या को नाड़ी दोष नहीं लगता।

रोहिण्यार्द्रा मृगेन्द्राग्नी पुष्यश्रवणपौष्णभम्।
अहिर्बुध्न्यर्क्षमेतेषां नाड़ी दोषो न विद्यते॥ —ज्यो० चिन्तामणि

उपयुक्त उपायों से परिहार—

हमारे मतानुसार गण, योनि, षडाष्टक, द्विद्वादश, नाड़ी आदि अष्टकूटों में परिहार वाक्य उपलब्ध हो जाने पर भी अपनी शक्ति एवं सामर्थ्यानुसार यथोचित संख्या में जप, पाठ, दानादि करवा लेना चाहिए।

'बृहस्पति संहिता' के अनुसार नाड़ी दोष की शान्ति के लिए **श्री मृत्युञ्जय मन्त्र** का जाप (यथोचित संख्या में) करके ब्राह्मणों को गौ, वस्त्र, अनाज, घृतादि सहित भोजन एवं सुवर्ण, चांदी, रत्नों की दक्षिण आदि से सन्तुष्ट करने से नाड़ी दोष का परिहार हो जाता है—

अन्यत्र भी लिखा है—श्री महामृत्युञ्जय के जप-पाठ के उपरान्त—

षडाष्टके गोमिथुनं प्रदेयं, कार्यं सरूप्यं नवपंचमेच।
नाड्यां सुवर्णान्नमथो सुधेनुं द्विद्वादशे ब्राह्मणतर्पणं च॥

अर्थात् दुष्ट षडाष्टक दोष होने पर गोमिथुन (एक गाय, एक बैल), **नवपंचम** में चांदी-कांसे का बर्तन, **नाड़ी दोष** में गाय, अन्न, सुवर्ण-वस्त्र का दान तथा **द्विद्वादश** में ब्राह्मणों एवं सुपात्र जनों को यथाशक्ति भोजन, दान-दक्षिणादि द्वारा सन्तुष्ट करने से मिलान सम्बन्धी **अष्टकूट दोषों** की शान्ति हो जाती है।

मेलापक में मंगलीक योग एवं परिहार

पृष्ठ 158 का शेष भाग

मंगल अथवा मंगलीक दोष का निर्णय कुण्डली विशेष में सभी ग्रहों के पारस्परिक अनुशीलन के पश्चात् ही करना चाहिए। सभी लग्न कुण्डलियों में मंगलीक दोष का प्रभाव एक जैसा नहीं होता। इसमें कोई सन्देह नहीं कि कुछ लग्न कुण्डलियों में मंगल अथवा मंगलीक दोष का अशुभ एवं अनिष्ट प्रभाव वर-कन्या के वैवाहिक जीवन पर पड़ता है, परन्तु यदि किसी कुण्डली में मंगल अन्य ग्रहों के सहचर्य से योगकारक हो, उच्चस्थ या स्वराशिगत हो अथवा गुरु आदि शुभ ग्रह की दृष्टि से प्रभावित हो, तो मंगल अशुभ की अपेक्षा **शुभ प्रभाव कारक** होगा। जैसे—मकर, मेष, वृश्चिक, सिंह, धनु और मीन राशि के मंगल को शुभ माना जाता है तथा **कर्क** एवं **सिंह लग्नों** में मंगल **केन्द्र त्रिकोणपति** होने से मंगल अशुभ न होकर योगकारक माना जाएगा—

''सर्वे त्रिकोणनेतारो ग्रहा शुभफलप्रदाः।
इसी भान्ति स्वोच्चस्थितः शुभफलं प्रकरोति पूर्णम्।
नीचर्क्षगस्तु विपलं रिपु मन्दिरेऽल्पम्॥ (सारावली)
भाव सर्वे शुभपतियुता वीक्षितः वा शुभेशै—
तत्तद्भावाः सकल फलदाः पापदृक्योगहीनाः॥''

अतएव वर-कन्या की कुण्डलियों का मिलान करते समय उनके सुखी एवं सम्पन्न दाम्पत्य जीवन के लिए केवल मंगल या मंगलीक पर ही अत्यधिक बल न देते हुए मेलापक सम्बन्धी **अन्य तत्त्वों** का भी सर्वाङ्ग रूप से विवेचन करना चाहिए। जिनमें कुछ मुख्य तत्त्व निम्नलिखित हैं—

(१) चलित भाव कुण्डली—जो ग्रह भाव मध्य होते हैं, वह भाव सम्बन्धी पूर्ण फल प्रकट करते हैं, जो ग्रह भाव सन्धि में होते हैं, वह शून्य फल दिखाते हैं। तदनुसार वर-कन्या की कुण्डलियों का मिलान करते समय दोनों की कुण्डलियों के ग्रह स्पष्ट, भाव स्पष्ट एवं चलित भाव कुण्डली बनी होनी चाहिए, तभी मंगल अथवा मंगलीक दोष की वास्तविक स्थिति का पता चल पाएगा। यदि दोनों की कुण्डलियों में **मंगल** सन्धिगत होगा, तो मंगलीक दोष भंग माना जाएगा।

(२) सप्तम भाव में सप्तमेश या शुभ एवं योगकारक ग्रहों की स्थिति अथवा मंगल या सप्तम भाव पर गुरु, शुक्र की दृष्टि अथवा सप्तमेश ग्रह की स्वगृही दृष्टि होने से मंगलीक दोष क्षीण होगा।

(३) सप्तमेश ग्रह उच्चस्थ या स्व-मित्रादि राशिगत होकर केन्द्र त्रिकोणादि भावों में स्थित हो तो विवाह में मंगल का दोष निष्प्रभावी होगा।

(४) इसके विपरीत, सप्तमेश त्रिक में हो, पापग्रह युक्त व पाप दृष्ट, नीच राशिगत अथवा अस्तंगत हो तो विवाह का पूर्ण सुख नहीं होता—

दुःस्थे कामपतौ तु पाप ग्रहैः पापेक्षिते-तद्युते। तज्जाया भवनस्य मध्यमफलं सर्वं शुभं चान्यथा॥

(५) इसके अतिरिक्त लग्नेश, कुटुम्बेश (द्वितीयेश), पंचमेश, अष्टमेश, सप्तमेश एवं चन्द्र, शुक्र, गुरु, मंगलादि ग्रहों के बलाबल का विचार करना भी नितान्त आवश्यक है।

(६) अष्टकूट नक्षत्र राशि मिलान पर यदि वर-कन्या में परस्पर राशिमैत्री उपलब्ध हो गुणाधिक्य (२७ या अधिक) गुण मिलते हों तो भी मंगलीक दोष अविचारणीय होगा।

इस प्रकार वर-कन्या की कुण्डली में मंगल के अतिरिक्त कुण्डलियों में अन्य सभी ग्रहों के शुभाशुभत्व का सम्यक् विचार करते हुए विद्वान् ज्योतिषी को मेलापक सम्बन्धी अपना अन्तिम निर्णय देना चाहिए।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

शुद्ध वर-कन्या मेलापक सारिणी (भाग-१)

वर/नक्षत्र →		मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
कन्या नक्षत्र ↓		अश्वि 1 से 4	भर. 1 से 4	कृति 1	कृति 2,3,4	रोह 1 से 4	मृग 1,2	मृग 3,4	आर्द्रा 1 से 4	पुर्न 1,2,3	पुर्न 4	पुष्य 1 से 4	श्ले 1 से 4	मघा 1 से 4	पूफा 1 से 4	उफा 1	उफा 2,3,4	हस्त 1 से 4	चित्रा 1,2
मेष	अश्वि 1 से 4	२८ 8	३३ 4	२८ 3,6	१८ ॥ 1236	२१ ॥ 1,2,3	२२ ॥ 1,2,3	२६ 1,3,5	१७ 1,5,8	१९ 1358	२३ ॥ 3,8	३१ ॥ 3	२८ 6	२१ 6,9,व	२५ 9,व	१५ 389व	११ 3578	९ 14578	१३ ॥ 14567
	भर 1 से 4	३४ 4	२८ 8	२९ 6	१९ 1,2,6	२३ 1,2,3	१४ ॥ 1238	१८ 1358	२६ ॥ 1,3,5	२७ 1,3,5	३१ ॥ 3	२३ ॥ 3,8	२५ 3,6	२० 6,9,व	१८ ॥ 8,9व	२६ 9,व	२१ ॥ 1,5,7	२० 1357	५ 13578
	कृति 1 चरण	२७ ॥ 3,6	२९ 6	२८ 8	१८ 1,2,8	१० 1268	१६ ॥ 1236	२० 1356	२० ॥ 1356	२१ 1356	२५ ॥ 3,6	२६ ॥ 3,6	२३ ॥ 3,8	१७ 389व	२० 6,9व	२० 6,9व	१५ ॥ 1567	१६ 1567	१८ 1357
वृष	कृति 2,3,4	१९ 2,3,6	२० 2,6	१९ 2,8	२८ 8	२० 6,8	२६ ॥ 3,6	१७ ॥ 2,3,6	१७ ॥ 2,3,6	१८ ॥ 2,3,6	२२ 3,5,6	२३ 3,5,6	२० 3,5,8	१९ 358व	२२ 5,6व	२२ 5,6व	२१ 6,9	२१ 6,9	२३ ॥ 3,9
	रोह 1 से 4	२४ 2,3	२३ ॥ 2,3	११ 2,6,8	२० 6,8	२८ 8	३६	२७ 1,2	२४ 1,2,3	२३ 1234	२६ 3,4,5	२७ 3,5	१२ ॥ 3468	१० ॥ 3568	२४ ॥ 3,5व	२७ 5,व	२६ 4,9	२६ 4,9	२० 4,6,9
	मृग 1-2	२३ ॥ 2,3	१५ 2,3,8	१९ 2,3,6	२७ ॥ 3,6	३५ -	२८ 8	१९ ॥ 1,2,8	२४ ॥ 1,2,4	२३ 1234	२६ 3,4,5	१९ 3,5,8	२१ 3,5,6	१९ ॥ 456व	१५ 3458	२४ ॥ 3,5व	२४ 3,9	२६ 4,9	१३ 6,8,9
मिथुन	मृग 3-4	२७ 3,5	१८ 3,5,8	२२ 3,5,6	२० 2,3,6	२७ ॥ 2,व	२० 2,8,व	२८ 8	३३ 4	३१ ॥ 3,4	१९ ॥ 2,4,5	१२ 2358	१४ ॥ 2356	२४ 3,4,6	२० 348व	२८ ॥ 3,व	३१ ॥ 3	३४ 4	२१ 4,6,8
	आर्द्रा 1 से 4	१९ ॥ 3,5,8	२७ ॥ 3,5	२१ ॥ 3,5,6	१९ 2,3,6	२५ 2,3,4	२६ 2,4	३४ -	२८ 8	२५ 4,8	१३ 24568	२० ॥ 235व	१३ 2356	२४ 3,6,व	२९ ॥ 3,4व	२१ ॥ 3,4,8	२४ ॥ 3,4,8	२५ 3,4,8	२७ ॥ 4,6
	पुन. 1,2,3	२० 3,5,8	२७ 3,5	२३ ॥ 3,5,6	२० ॥ 2,3,6	२३ 2,3,4	२४ 2,3,4	३१ ॥ 3,4	२४ 4,8	२८ 8	१६ 258व	२३ 2,5,व	१७ 235व	२३ 346व	२७ 3,4व	२२ 3,8व	२५ 3,8	२६ 3,8	२७ ॥ 3,6
कर्क	पुन. 4	२३ 1,3,8	२९ ॥ 1,3	२५ ॥ 1,3,6	२२ 1356	२४ 1345	२५ 1345	१८ 1245	१० 12568	१५ 1258	२८ 8	३५ -	२९ ॥ 3,6	१६ ॥ 1246	२० ॥ 1234	१५ ॥ 1238	१८ 1358	१९ ॥ 1358	२१ 1356
	पुष्य 1 से 4	३० ॥ 1,3	२१ ॥ 1,3,8	२७ 1,3,6	२३ 1356	२५ 1,3,5	१८ 1358	११ ॥ 12358	१८ ॥ 1235	२२ 125व	३५ -	२८ 8	३० 6	२० 1236	१५ ॥ 1238	२३ ॥ 1,2,3	२६ 1,3,5	२७ 1,3,5	१२ ॥ 14568
	श्ले. 1 से 4	२६ 1,6	२५ 1,3,6	२३ 1,3,8	१९ 1358	११ ॥ 14568	१९ 1456	१३ 12456	१२ 12456	१५ ॥ 1256	२८ 3,6	२९ 6	२८ 8	१५ 1248	१५ ॥ 1246	१८ ॥ 1236	२१ ॥ 1356	२१ 1356	२६ 1,3,5
सिंह	मघा 1 से 4	२० 6,9,व	२० 6,9,व	१६ ॥ 8,9,व	१७ ॥ 158व	९ ॥ 1568व	१७ ॥ 156व	२१ ॥ 146व	२२ ॥ 136व	२१ 1346व	१६ ॥ 2,4,6	२० 2,3,6	१६ ॥ 2,4,8	२८ 8	३० 6	२७ 3,6	१६ 1236	१६ ॥ 1236	२१ ॥ 123व
	पूफा 1 से 4	२६ 9,व	१८ ॥ 8,9,व	२० 6,9,व	२१ 156व	२३ ॥ 145व	१५ ॥ 1458	२० 148व	२८ ॥ 1,3,व	२६ 1,4,व	२२ ॥ 2,3,4	१७ ॥ 2,3,8	१६ ॥ 2346	३० 6	२८ 8	३५ 0	२४ 1,2व	२३ 123व	७ ॥ 1268
	उफा 1	१७ 8,9,व	२६ 9,व	२१ 6,9,व	२१ 156व	२६ 1,5,व	२५ 135व	२८ ॥ 1,3व	२१ 1,3,8	२१ ॥ 1,3,8	१७ ॥ 2,3,8	२५ ॥ 2,3	२० 2,3,6	२७ ॥ 3,6	३५ -	२८ 8	१७ 128व	१६ ॥ 128व	१३ ॥ 1236
कन्या	उफा 2,3,4	१३ 3578	२२ ॥ 5,7	१६ 5,6,7	२१ 6,9	२६ 4,9	२४ ॥ 3,9	३१ ॥ 1,3	२३ ॥ 1,3,8	२४ ॥ 1,3,8	२० 3,5,8	२८ 3,5	२२ ॥ 3,5,6	१८ 2,6,व	२५ 2,व	१८ 2,8व	२८ 8	२७ ॥ 8	२५ 3,4,6
	हस्त 1 से 4	१० 34578	२० 3,5,7	१७ ॥ 5,6,7	२२ 6,9	२५ 9	२६ 9	३३ 1,4	२२ ॥ 1,3,8	२४ 1,3,8	२० 3,5,8	२८ 3,5	२३ 3,5,6	१८ ॥ 236व	२२ ॥ 2,3व	१६ 2,8व	२६ 8	२८ 8	२८ 4,6
	चित्रा 1,2	१३ 3567	४ ॥ 45678	१९ 3,5,7	२४ 3,4,9	२० 6,9	१२ ॥ 6,8,9	१९ 1,6,8	२६ 1,4,6	२५ ॥ 1,3,6	२१ ॥ 3,5,6	१२ ॥ 3568	२७ 3,5,व	२२ ॥ 2,3,व	८ ॥ 2368	१४ ॥ 2346	२४ ॥ 3,4,6	२७ ॥ 4,6	२८ 8

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1, 2, 3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

वर-कन्या मेलापक सारिणी — (भाग-२)

वर/नक्षत्र →		मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
कन्या नक्षत्र ↓		अश्वि 1 से 4	भर. 1 से 4	कृति 1	कृति 2,3,4	रोह 1 से 4	मृग 1,2	मृग 3,4	आर्द्रा 1 से 4	पुर्न 1,2,3	पुर्न 4	पुष्य 1 से 4	श्ले 1 से 4	मघा 1 से 4	पूफा 1 से 4	उफा 1	उफा 2,3,4	हस्त 1 से 4	चित्रा 1,2
तुला	चित्रा 3,4	२२ ॥ 3,4,6	१४ 3468	२८ ॥ 3,4	२४ 3,7	२० ॥ 4,6,7	१२ 6,7,8	१३ 6,8,9	२१ 4,6,9	१९ ॥ 3,6,9	२० ॥ 3,5,6	११ 3568	२६ ॥ 3,5,व	२५ ॥ 3,5,व	११ ॥ 3568	१७ ॥ 456व	१७ ॥ 2346	२० 2,4,6	२१ 2,8
	स्वा. 1 से 4	२७ ॥ 3,4	२९ ॥ 3	१७ ॥ 3,6,8	१३ 3678	१५ ॥ 3,7,8	२६ 4,7	२७ 9	२६ ॥ 4,9	२८ 9	२९ 5,व	२७ 3,5	१४ 3568	१३ 3568	२५ ॥ 3,5व	२५ ॥ 3,5व	२६ 2,3	२७ ॥ 2,3	२१ 2,4,6
	विशा 1,2,3	२२ ॥ 3,4,6	२३ 3,4,6	२० ॥ 3,4,8	१५ ॥ 3478	१० ॥ 3678	१८ ॥ 3,6,7	२० 3,6,9	२० 4,6,9	२१ 4,6,9	२२ 56,व	२१ ॥ 4,5,6	१८ ॥ 3,5,8	१७ ॥ 358,व	१९ ॥ 358व	१७ ॥ 2346	१७ ॥ 2346	१९ 2346	२७ ॥ 2,3
वृश्चिक	विशा 4	१७ 1467	१७ 1467	१४ ॥ 1478	१९ ॥ 1,4,8	१४ ॥ 1368	२२ ॥ 1,3,6	१२ ॥ 1567	१३ 1567	१३ ॥ 1567	१९ ॥ 4,6,9	१८ ॥ 4,6,9	१५ ॥ 3,8,9	२२ 1,3,8	२३ ॥ 136व	२१ ॥ 146व	१७ ॥ 1456	१८ 1456	२७ 135व
	अनु. 1 से 4	२५ 1,3,7	१५ ॥ 1378	२० 1367	२४ ॥ 1,3,6	२७ ॥ 1,3,4	२० ॥ 1,3,8	१० 13578	१५ 13457	२० ॥ 1,5,7	२६ ॥ 9	१८ ॥ 8,9	२१ 6,9	२५ 1,3,6	२१ 13[illegible]	२९ ॥ [illegible],3व	२५ 135व	२६ 135व	११ ॥ 1358
	ज्ये. 1 से 4	१२ 1678	१८ ॥ 1367	२५ 1,3,7	२९ ॥ 1,3	२२ ॥ 1,3,6	२२ ॥ 1,3,6	१३ 13567	३ 134578	५ ॥ 135678	१० ॥ 3689	२० 6,9	२६ 9	३१ 1,4,व	२४ 136व	१७ 1368	१३ 13568	१३ 1568व	२४ ॥ 1345
धनु	मूला 1 से 4	१२ 4689	२१ 6,9	२५ 3,9	१९ ॥ 1,5,7	१३ 1567	१३ ॥ 1567	२१ 1356	१५ 1568	१२ 14568	७ ॥ 4678	१७ ॥ 3,6,7	२४ 4,7	२५ 9,व	२० 6,9व	९ ॥ 689व	१३ 1568	१३ 1568	२६ 1,4,5
	पूषा 1 से 4	२६ 9	१८ ॥ 8,9	१८ ॥ 4,6,9	१२ ॥ 14567	१८ ॥ 1457	११ 14578	१८ ॥ 1458	२७ 1,3,5	२७ 1,3,5	२३ ॥ 37,व	१३ 3478	१७ ॥ 3,6,7	१९ 6,9,व	१७ ॥ 8,9व	२५ 9,व	२८ ॥ 1,5	२७ 1,3,5	१३ ॥ 13568
	उषा 1	२५ 3,9	२६ 4,9	१२ 4689	६ 15678	१० 14578	१७ 1457	२५ 1,4,5	२७ 1,3,5	२७ ॥ 1,3,5	२३ ॥ 37,व	२३ ॥ 3,7,व	८ ॥ 678व	८ ॥ 4689	२४ 4,9व	२५ 9,व	२८ ॥ 1,5	२८ ॥ 1,5	२१ 1,5,6
मकर	उषा 2,3,4	२७ 3,4,5	२८ ॥ 4,5	१४ ॥ 4568	१२ 4689	१६ 4,8,9	२३ 3,4,9	२१ 1347	२२ 1,3,7	२२ ॥ 1,3,7	२८ 3,5	२८ 3,5	१४ 3568	४ ॥ 45678	२० 4,5,7	२१ 4,5,7	२४ ॥ 9,व	२५ 9,व	१७ ॥ 4,6,9
	श्रव 1234	२७ 3,4,5	२६ ॥ 3,4,5	१४ 4568	१२ 4689	१६ 4,8,9	२६ 4,9	२३ 147व	२१ 1,3,7	२२ 1,4,7	२८ 4,5	२६ 4,5	१५ 4568	६ ॥ 5678	१८ ॥ 4,5,7	२० 4,57	२४ 4,9व	२४ ॥ 4,9व	१९ ॥ 4,6,9
	धनि 1,2	२० 3456	११ ॥ 34568	२६ 3,4,5	२४ 3,4,9	२० ॥ 4,6,9	१२ 4689	९ 1678	१६ 1467	१६ 1467	२२ 4,5,6	१३ 4568	२८ 4,5	१९ ॥ 4,5,7	५ ॥ 5678	१२ ॥ 4567	१६ 469व	१८ 469व	१५ 489व
कुम्भ	धनि 3,4	२० 4,5,6	१० ॥ 4568	२६ 3,4,5	३० ॥ 3,4	२७ 4,6	१९ ॥ 4,6,8	१२ 4689	१९ 4,6,9	१८ ॥ 3469	१३ 4567	४ ॥ 45678	१९ ॥ 357व	२५ ॥ 3,5,व	११ 568व	१८ ॥ 456व	१८ 4,6,7	१९ 4,6,7	१७ 4,7,8
	शत 1 से 4	१५ 3568	२१ 3,5,6	२८ 3,5	३२ ॥ 3	२५ ॥ 3,4,6	२७ 4,6	२० 4,6,9	१२ 4698	१३ 6,9,8	८ 5678व	१४ 567व	२१ 5,7,व	२६ ॥ 3,5,व	२० ॥ 356व	१२ ॥ 568व	११ ॥ 3678	९ 4678	२५ 4,7
	पूभा 1,2,3	१८ 4,5,8	२५ 3,4,5	२० 4,5,6	२५ 3,4,6	३१ ॥ 3,4	३१ ॥ 3,4	२५ 3,4,9	१७ ॥ 4,8,9	१८ ॥ 4,8,9	१३ ॥ 4578व	२० 457व	१३ 3567व	१९ ॥ 5,6,व	२५ ॥ 4,5व	१६ ॥ 458व	१५ ॥ 4,7,8	१५ ॥ 3478	१७ ॥ 3467
मीन	पूभा 4	१४ ॥ 1248	२२ 1234	१६ ॥ 1246	१९ 1456	२६ 1345	२६ 1345	२६ 145व	१८ ॥ 1458	१९ 1458	१८ 4,8,9	२५ 4,9	१९ 4,6,9	१८ 1467	२३ ॥ 1347	१४ ॥ 1478	१६ 1458व	१७ 1458	१८ ॥ 1456
	उभा 1 से 4	२५ 1,2,3	१७ 1238	१९ 1236	२१ 1356	२६ 1345	१८ 1358	१७ ॥ 1358	२५ 135व	२८ 1,5,व	२७ ॥ 9	१९ ॥ 8,9	२१ ॥ 6,9	१९ 1367	१७ 1378	२६ 1,3,7	२७ ॥ 135व	२७ 135व	१० 14568
	रेव 1 से 4	२५ 1,2,4	२४ ॥ 1,2,3	११ 1268	१४ 1568	१७ ॥ 1358	२६ 1,3,5	२५ 135व	२४ ॥ 135व	२६ 1,3,5	२६ 3,9	२७ ॥ 9	१४ 6,8,9	१३ 1687	२३ ॥ 1,3,7	२४ 1,3,7	२६ 135व	२७ 135व	१९ ॥ 1456

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1, 2, 3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

वर-कन्या मेलापक सारिणी — (भाग-३)

वर/नक्षत्र →		तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
कन्या नक्षत्र ↓		चित्रा 3,4	स्वा. 1 से 4	विशा 1,2,3	विशा 4	अनु 1 से 4	ज्ये 1 से 4	मूला 1 से 4	पूषा 1 से 4	उषा 1 चरण	उषा 2,3,4	श्रव 1 से 4	धनि 1,2	धनि 3,4	शत 1 से 4	पूभा 1,2,3	पूभा 4	उभा 1 से 4	रेव 1 से 4
मेष	अश्वि 1 से 4	२२ ॥ 1346	२६ ॥ 1,3,4	२२ ॥ 1346	१८ ॥ 3467	२५ ॥ 3,7	१४ ॥ 6,7,8	१३ 6,8,9	२५ 4,9	२३ ॥ 1,3,9	२५ 1,3,5	२६ 1,3,5	२० 1456	२० ॥ 1456	१५ 1358	१६ 1358	१५ 2348	२५ 2,3	२६ 2,4
	भर 1 से 4	१३ ॥ 1368	२९ 1,3	२१ ॥ 1,3,6	१७ ॥ 3467	१७ ॥ 378	२० 3,6,7	२० 6,9	१८ ॥ 8,9	२६ 4,9	२७ ॥ 1,5	२६ 1,3,5	१० 14568	९ ॥ 14568	२० 1356	२४ 1345	२३ 2,3,4	१७ ॥ 2,3,8	२७ 2,3
	कृति 1 चरण	२७ ॥ 1,3,4	१५ 1368	१९ ॥ 1348	१५ ॥ 3478	१९ ॥ 3,6,7	२५ ॥ 3,7	२५ 3,9	१८ ॥ 4,6,9	१२ ॥ 6,8,9	१३ ॥ 1568	१२ 14568	२५ 1,3,5	२५ ॥ 1,3,5	२७ 1,3,5	१९ ॥ 1356	१७ ॥ 2346	१९ ॥ 2,3,6	१२ 2368
वृष	कृति 2,3,4	२३ 1347	११ 13678	१४ ॥ 1378	२० ॥ 3,4,8	२४ ॥ 3,6	३० ॥ 3	२० 3,5,7	१४ 4567	७ 5678	१२ 6,9,8	१० ॥ 4689	२४ 3,4,9	२९ ॥ 1,3,4	३१ ॥ 1,3	२३ ॥ 1346	२० 3456	२२ 3,5,6	१४ 3568
	रोह 1 से 4	१९ ॥ 1,6,7	१५ ॥ 1378	९ ॥ 1678	१५ 1368	२९ ॥ 3,4	२४ 3,6	१४ ॥ 3567	१९ ॥ 3,5,7	११ ॥ 4578	१६ 4,8,9	१७ ॥ 4,8,9	२० ॥ 4,6,9	२६ 1,4,6	२५ 1,3,6	३१ 1,3,4	२७ 3,4,5	२७ 3,4,5	११ 3,5,6
	मृग 1-2	१२ 1678	२५ ॥ 1,7	१९ 1367	२५ 3,6	२१ ॥ 3,5,8	२४ ॥ 3,6	१५ 3567	१० ॥ 3578	१७ ॥ 3457	२२ 3,4,9	२५ ॥ 4,9	१३ 4689	१९ ॥ 1468	२७ 1,4,6	२९ ॥ 1,3,4	२६ 3,5	१८ 3,5,8	२७ 3,5
मिथुन	मृग 3-4	१४ 6,8,9	२७ 4,9	२१ 3,6,9	१४ 3567	११ 3578	१४ 3567	२३ 3,5,6	१८ ॥ 3458	२५ 3,4,5	२० ॥ 347व	२४ 4,7,व	११ 678व	१३ 6,8,9	२१ ॥ 6,9	२४ 3,9	२५ ॥ 3,5,व	१७ ॥ 3,5,8	२६ ॥ 3,5,व
	आर्द्रा 1 से 4	२१ 4,6,9	२७ 9	२० ॥ 4,6,9	१३ 4567	१७ ॥ 3457	३ 34567 8	१६ 3568	२८ 3,5	२८ 3,5	२३ ॥ 3,7व	२३ ॥ 3,7,व	१८ 467व	१९ ॥ 4,6,7	१२ ॥ 4689	१७ ॥ 4,8,9	१९ 5,8,व	२६ ॥ 3,5व	२७ 3,5,व
	पुन. 1,2,3	२१ 3,6,9	२८ 9	२२ 6,9	१५ 5,7व	२२ 5,7व	७ 35678	१४ 34568	२७ 3,5	२७ 3,5	२२ ॥ 3,7व	२३ ॥ 3,7,व	१७ ॥ 3467	१९ 3469	१४ 6,8,9	१६ 4689	१८ ॥ 4,8,9	२८ 5,व	२७ ॥ 3,5,व
कर्क	पुन. 4	२१ 1356	२८ 1,5व	२२ 156व	२० 6,9	२६ 9	१२ 3689	८ ॥ 14678	२१ 147व	२१ ॥ 147व	२६ 1,3,5	२७ 1,3,5	२१ 1456	१२ 14567	८ ॥ 1567	१० ॥ 14578	१६ ॥ 4,8,9	२६ ॥ 9	२६ 3,9
	पुष्य 1 से 4	११ 14568	२६ ॥ 1,3,5	२१ ॥ 1456	१९ ॥ 4,6,9	१८ ॥ 8,9	२१ 6,9	१७ ॥ 1367	११ ॥ 1478	२१ ॥ 1347	२६ 1,3,5	२५ 1345	१३ 13568	४ ॥ 145678	१४ 13567	१८ ॥ 1457	२४ 4,9	१८ ॥ 8,9	२७ 9
	श्ले. 1 से 4	२५ ॥ 1,3,5	१२ 1568	१७ ॥ 1,5,8	१५ 3,8,9	२० ॥ 6,9	२६ 9	२३ 1,4,7	१६ 1367	७ ॥ 3678	१३ 4568	१३ 4568	२६ 1,4,5	१७ ॥ 1457	२० 1357	११ 14567	१८ 4,6,9	२१ 6,9	१३ 6,8,9
सिंह	मघा 1 से 4	२४ ॥ 1,3,5	११ ॥ 13568	१६ ॥ 1358व	२२ ॥ 3,8व	२६ 3,6व	३३ व	२५ 9,व	१९ ॥ 6,9व	८ ॥ 689व	३ ॥ 15678	४ ॥ 15678	१८ ॥ 1,5,7	२४ ॥ 1,5,व	२५ ॥ 1,5,व	१८ ॥ 156व	१९ 3,6,7	२० 3,6,7	१३ ॥ 6,7,8
	पूफा 1 से 4	१० ॥ 1568	२५ ॥ 135व	१८ ॥ 156व	२४ 3,6व	२३ ॥ 3,8व	२५ ॥ 3,6व	२० 6,9व	१७ ॥ 8,9,व	२४ 4,9व	१९ 1,5,7	१८ ॥ 1,5,7	४ ॥ 15678	११ 1568	१९ ॥ 156व	२४ ॥ 135व	२५ 3,7	१७ ॥ 3,7,8	२६ 3,7
	उफा 1	१७ 13456	२५ ॥ 1,3,5	१६ ॥ 13456	२२ ॥ 3,4,6	३१ ॥ 3,व	१७ ॥ 3,6,8	९ ॥ 3689	२५ 9,व	२५ ॥ 9,व	२० 1,5,7	२० 1,5,7	११ ॥ 1567	१७ ॥ 1356	११ 3568	१५ ॥ 358व	१६ 3478	२६ ॥ 3,7	२६ 3,7
कन्या	उफा 2,3,4	१६ ॥ 1246	२५ ॥ 1,2,3	१७ 1246	१८ 456व	२७ ॥ 3,5व	१३ ॥ 568व	१४ 3568	२९ ॥ 5	२९ ॥ 5	२४ ॥ 9,व	२५ 9,व	१७ 3,6,9	१६ ॥ 1367	१० ॥ 3678	१४ ॥ 1378	१७ ॥ 3,5,8	२८ 3,5व	२७ ॥ 3,5,व
	हस्त 1 से 4	२० 1246	२६ ॥ 1,2,3	१८ ॥ 1236	२० 3456	२६ 3,5व	१३ ॥ 3568	१५ 3568	२७ 3,5	२८ ॥ 5	२४ 9,व	२४ 9,व	१९ 4 6,9	१९ 1467	८ ॥ 34678	१३ ॥ 1378	१६ ॥ 3458	२६ ॥ 3,5व	२७ ॥ 3,5,व
	चित्रा 1,2	२० 1,2,8	१९ 1246	२६ ॥ 1,2,3	२८ ॥ 3,5व	११ 3568	२५ 345व	२७ 3,4,5	१४ 3568	२२ 3,5,6	१७ ॥ 3,6,9	१९ 6,9,व	१५ ॥ 4,8,9	१६ 1478	२४ 1,4,7	१६ ॥ 1467	१९ ॥ 3456	१० 34568	१९ ॥ 3456

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1,2,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh, Delhi Collection

वर-कन्या मेलापक सारिणी — (भाग-४)

वर/नक्षत्र ▶		तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
कन्या नक्षत्र ▼		चित्रा 3,4	स्वा. 1 से 4	विशा 1,2,3	विशा 4	अनु 1 से 4	ज्ये 1 से 4	मूला 1 से 4	पूषा 1 से 4	उषा 1 चरण	उषा 2,3,4	श्रव 1 से 4	धनि 1,2	धनि 3,4	शत 1 से 4	पूभा 1,2,3	पूभा 4	उभा 1 से 4	रेव 1 से 4
तुला	चित्रा 3,4	२८ 8	२७ 4,6	३४ 3	२३॥ 2,3व	६ 2348व	२१ 234व	२७॥ 3,4,5	१४ 3568	२२ 3,5,6	२५ 3,6,व	२७ 6,व	२३॥ 4,8,व	१८॥ 4,8,9	२६ 4,9	१९ 3469	१२ 4567	३ 345678	१२ 34567
	स्वा. 1 से 4	२८ 4,6	२८ 8	२० 4,6,8	१० 248व	२१॥ 2,3व	१६॥ 236व	२३ 3,5,6	२७ 3,5	१९ 3,5,8	२२ 3,8,व	२३ 3,8,व	२७ 4,6	२१ 4,6,9	२० 4,6,9	२५ 4,9	१९ 457,व	१९॥ 3,7,व	१२ 3578
	विशा 1,2,3	३४॥ 3	१९ 4,6,8	२८ 8	१७॥ 2,8व	१६ 246व	२१॥ 234व	२७॥ 3,4,5	२२ 3,5,6	१४ 3568	१७ 368व	१७॥ 368व	३०॥ 3,4,व	२५ 3,4,9	२६ 4,9	२० 4,6,9	१४ 4567	१३॥ 4567	४ 45678
वृश्चिक	विशा 4	२३ 123व	७ 12468व	१६॥ 128व	२८ 8	२७॥ 4,6	३१॥ 3,4	२२ 1234	१७॥ 1362व	९ 12368	१२॥ 1368	१२॥ 13568	२५ 1345	२४ 1345	२६ 145,व	२० 1456	१९॥ 4,6,9	१८॥ 4,6,9	९॥ 4689
	अनु. 1 से 4	६॥ 12568	२२ 123व	१६ 1246	२८ 4,6	२८ 8	३१ 6	१५ 12346	१३॥ 1238व	२२ 123व	२५ 1,3,5	२६ 1,3,5	१२ 13568	११ 1358	२१ 1356	२४॥ 145व	२४ 4,9	१८॥ 8,9	२७॥ 9
	ज्ये. 1 से 4	१९॥ 1234	१५ 126व	१९॥ 1234	३१॥ 3,4	३० 6	२८ 8	१४॥ 1248	१७॥ 1236	१७॥ 1236	२० 1356	२० 1356	२५ 1,3,5	२४ 1345व	१८ 1358	१० 13568	९॥ 3689	२१॥ 6,9	२१ 6,9
धनु	मूला 1 से 4	२६ 1,4,5	२१ 1356	२६ 1,4,5	२३ 124व	१५॥ 1246	१५ 1248	२८ 8	२८ 4,6	२६॥ 3,6	१५॥ 1236	१५॥ 1236	२०॥ 1234	२८॥ 1,3,4	२१॥ 1,3,8	१४॥ 1468	१६॥ 3468	२५ 6,व	२७ 6,व
	पूषा 1 से 4	१३ 1568	२७ 1,3,5	२१ 1356	१८ 246व	१५॥ 238व	१८ 246व	२८ 4,6	२८ 8	३४ -	२३ 124व	२३॥ 1,2,व	५॥ 1268	१४॥ 1468	२३॥ 1,4,6	२८॥ 1,4	३०॥ 4,व	२३॥ 8,व	३१ 3,व
	उषा 1	२१ 1,5,6	१९ 1,5,8	१३ 1568	९॥ 268व	२४ 2,3व	१८॥ 2,3,6	२६॥ 3,4,6	३४ -	२८ 8	१६॥ 128व	१५ 1248व	१५॥ 1236व	२३॥ 1,3,6	२३॥ 1,3,6	२९॥ 1,3,4	३१ 3,व	३१ 3,व	२३ 3,8,व
मकर	उषा 2,3,4	२४ 1,3,6	२२॥ 1,3,8	१५॥ 1368	१३ 4568	२७ 4,5	२१ 4,5,6	१६ 246व	२४ 2,4व	१७॥ 2,8व	२८ 8	२६ 4,8	२६॥ 4,6	१७॥ 126व	१७॥ 126व	२३॥ 1234	३०॥ 3,4	३१ 3,4	२२॥ 3,4,8
	श्रव 1234	२७ 146व	२२॥ 148व	१७॥ 1468	१४ 3568	२७ 3,4,5	२२ 3456	१७॥ 246व	२३॥ 2,3व	१५ 248व	२५ 4,8	२८ 8	२८ 4,6	१९ 1246	१८ 1246	२१॥ 124व	२८॥ 3,4	२९॥ 3,4	२२॥ 3,4,8
	धनि 1,2	२३ 148व	२४॥ 146व	२९ 1,4व	२६ 3,4,5	१२ 4568	२६ 3,4,5	२१ 234व	७॥ 2468व	१६ 2346	२७ 3,4,6	२७॥ 4,6	२८ 8	१८॥ 126व	२४ 124व	२० 126व	२६॥ 3,6	१५॥ 4,6,8	२२॥ 3,4,6
कुम्भ	धनि 3,4	१८॥ 4,8,9	२० 4,6,9	२५ 3,4,9	२५ 4,5व	११ 4568	२५ 4,5व	२९॥ 3,4	१५॥ 3468	२४॥ 3,6	१८ 236व	१९ 246व	२० 2,8,व	२८ 8	३३ 4	२८॥ 3,6	१८ 236व	७ 2468व	१४॥ 246व
	शत 1 से 4	२६ 4,9	१९॥ 4,6,9	२६ 4,9	२६॥ 4,5व	२१ 356व	१९ 358व	२२॥ 3,4,8	२४॥ 3,4,6	२४॥ 3,4,6	१८॥ 236व	१८॥ 236व	२५ 2,4,व	३३ 4	२८ 8	१९॥ 4,6,8	८॥ 2468व	१७॥ 236व	१६ 236व
	पूभा 1,2,3	१९ 3469	२६ 4,9	२० 4,6,9	२०॥ 456व	२६॥ 4,5व	११ 456व	१५ 3468	२९॥ 3,4	३०॥ 3,4	२४॥ 234व	२३॥ 234व	२०॥ 236व	२९ 3,6	१९ 4,6,8	२८ 8	१७॥ 2,8,व	२२॥ 2,4,व	२०॥ 234व
मीन	पूभा 4	१२ 14567	१९॥ 1457	१३॥ 14567	१९॥ 4,6,9	२५ 4,9	९ 4689	१५॥ 1468	२९ 134व	३० 1,3व	२९॥ 1,3,4	२८॥ 1,3,4	२५॥ 1,3,6	१७ 1236व	८ 12468	१७ 128व	२८ 8	३३ 4	३०॥ 3,4
	उभा 1 से 4	३ 145678	१९॥ 1357	१२॥ 14567	१८॥ 4,6,9	१९॥ 8,9	२१॥ 6,9	२४॥ 136व	२२॥ 1,8व	३० 134व	२९॥ 1,3,4	२९॥ 1,3,4	१४॥ 1468	५॥ 12468	१६॥ 1236व	२२ 124व	३३ 4	२८ 8	३५ -
	रेव 1 से 4	१३ 14567	११ 1578व	४॥ 145678	१०॥ 4689	२७॥ 9	२२॥ 6,9	२७ 146व	२९॥ 1,3व	२१॥ 138व	२१ 1348	२१॥ 1348	२३ 1346	१४॥ 1246व	१६॥ 1236व	१८॥ 124व	३० 3,4	३४ -	२८ 8

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1, 2, 3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

तिथि, नक्षत्रादि गण्डान्त नक्षत्रों का विचार

अश्विनी नक्षत्र—मेष राशि एवं केतु के इस नक्षत्र में उत्पन्न हुए बच्चे का जीवन प्रायः संघर्षशील होता है। इस नक्षत्र में **प्रथम चरण** में जन्म होने से पिता के लिए कष्टकारी, **दूसरे चरण** में फिजूलखर्ची, **तीसरे चरण** में भ्रमणशील तथा **चतुर्थ नक्षत्र** में कृश शरीर (अपने शरीर के लिए) कष्ट रहता है।

आश्लेषा नक्षत्र—कर्क राशि एवं बुध के नक्षत्र के जातक प्रायः चंचल एवं चतुर बुद्धि वाले तथा परिवर्तनशील प्रकृति के होते हैं। **प्रथम चरण** में जन्म हो तो विशेष दोष नहीं, **दूसरे चरण** में पैतृक धन की हानि, **तीसरे चरण** में माता-पिता के लिए गण्डान्त शूल तथा **चतुर्थ चरण** में पिता के लिए अनिष्टकारी है—

आश्लेषाद्ये न गण्डं स्यातंधनगण्डं द्वितीयके। तृतीये मातृगण्डं तु पितृगण्डं चतुर्थके॥

मघा नक्षत्र—सूर्य राशि और केतु के नक्षत्र में उत्पन्न जातक स्पष्टवादी, शीघ्र क्रुद्ध होने वाले, उद्यमी और धनवान होते हैं। **प्रथम चरण** में उत्पन्न हो तो माता-पिता को कष्ट या मातृ पक्ष की हानि, **दूसरे चरण** में पिता को परेशानी, **तीसरे चरण** में जन्म हो तो शुभ फलदायक, **चतुर्थ चरण** में जन्म हो तो विद्या, धनादि के लिए शुभ होता है।

ज्येष्ठा नक्षत्र—मंगल की राशि (वृश्चिक) एवं बुध के नक्षत्र में उत्पन्न जातक सरल हृदय, तीक्ष्ण बुद्धि, धर्म परायण तथा उन्नति के कार्यों में अनेक बाधाओं से युक्त होते हैं। ज्येष्ठा नक्षत्र के **प्रथम पाद** (चरण) में उत्पन्न बच्चा ज्येष्ठ (बड़े) को अरिष्टकर, **दूसरे चरण** में पैदा हो तो छोटे भाई को नेष्ट, **तीसरे चरण** में पिता के लिए अरिष्टकर तथा यदि **चतुर्थ चरण** में उत्पन्न हो जातक स्वयं अपने एवं पिता के लिए अनिष्टकारी होता है।

ज्येष्टाद्यपादेऽवज्रमाशुं हन्याद् द्वितीयपादे यदि तत्कानिष्ठम्।
तृतीयपादे पितरं निहन्ति चतुर्थे मृतमेति जातः॥

ज्येष्ठा नक्षत्र और मंगलवार के योग में उत्पन्न कन्या बड़े भाई के लिए अरिष्टकारक होती है।

अभुक्त मूल नक्षत्र—ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम २ घटियाँ तथा मूला नक्षत्र के आरम्भ की २ घटियाँ—कुल चार घड़ियाँ **अभुक्त मूल** गण्ड नक्षत्र कहलाते हैं। इनमें उत्पन्न कन्या, पुत्र, पशु और नौकर कुल के लिए अनिष्टकारी होते हैं। इनमें उत्पन्न बच्चे को बिना शान्ति कराये न देखें।

अभुक्त मूं गठिका चतुष्टयं ज्येष्ठान्त्यमूलादि भवं हि नारदः।
जातं शिशुं तत्र परित्यजेत् वा मुखं पिताऽस्याष्ट समा न पश्येत्॥

अभुक्त मूल—नक्षत्रों की आद्यान्त घटियों के बारे में विद्वानाचार्यों में मतान्तर पाया जाता है। यथा-नारद के अनुसार ज्येष्ठा, मूला नक्षत्र की चार घटियाँ, वशिष्ठ के अनुसार २ घड़ियाँ तथा बृहस्पति के मतानुसार केवल १-१ अभुक्त-मूल संज्ञक है। अभुक्तमूलोत्पन्न बालक यदि जीवित रहे, तो अपने वंश की वृद्धि करने वाला, धनवान् एवं सम्पत्तिवान होता है।

मूला नक्षत्र—केतु के नक्षत्र और गुरु की राशि (धनु) में उत्पन्न जातक धार्मिक रुचि वाला, उदार हृदय, मिलनसार, परोपकारी, धन-वाहनादि सुखों से युक्त होता है। चरण भेदानुसार मूला के **प्रथम चरण** में उत्पन्न जातक पिता की हानि करता है। **दूसरे चरण** में माता की हानि, **तीसरे चरण** में धन का नाश तथा **चौथा चरण** शुभ होता है। नक्षत्र की विधिपूर्वक शान्ति करवा लेने से अनिष्ट का भय नहीं रहता।

मूलाद्यपादे पितरं निहन्याद् द्वितीयके मातरमाशु हन्ति।
तृतीयजो वित्तविनाशकः स्यात् चतुर्थपादे समुपैति सौख्यम्॥

मूला नक्षत्र और रविवार दोनों के योग में उत्पन्न कन्या श्वसुर के लिए अनिष्टकारी होती है—

भौमवासरे योगेन ज्येष्ठाजा ज्येष्ठ सोदरम्॥ भानुवासरयोगेन मूलजा श्वसुरं हरेत्॥

मूला नक्षत्र फल का अन्य प्रकार

मूला नक्षत्र की सम्पूर्ण घटियों को १५ द्वारा भाग देकर १५ खण्ड बना लें। प्रत्येक खण्ड का फल इस प्रकार से होगा। **प्रथम भाग** हो तो पिता के लिए अनिष्टकर, **दूसरे में** चाचा की हानि, **तीसरे में** बहनोई की हानि, **चौथे में** पितामह (दादा) की हानि, **आठवें में** चाची के लिए अनिष्टकर, **नवमे में** सबके लिए अनिष्टकर, **दसवें अंश में** पशु का नाश, **ग्यारहवें में** नौकर का नाश होता है। **बारहवें अंश में** स्वयं जातक का नाश होता है। **तेरहवें अंश में** हो तो उसके ज्येष्ठ भाई का नाश, **चौदहवें अंश में** जातक की बहिन का अनिष्ट होता है। अगर **पन्द्रहवें में** हो तो नाना का नाश (अनिष्ट) होता है।

उदाहरणार्थ यदि मूल का सर्वर्क्ष योग ६४ घड़ी १८ पल है, तो इसमें १५ द्वारा भाग देने से लब्ध प्रथम भाग में ४ घड़ी, १७ पल हुए। मान लो कि जन्मकालीन भयात् २८।४५ है। ४।१७ घट्यादि को ९ से गुणा करने पर पता चला कि ३८।३३ पर नौवां खण्ड (भाग) समाप्त होकर ३८।४५ पर दसवां भाग पड़ता है। तदनुसार फल चौपाय आदि पशु के लिए अनिष्ट रहेगा।

रेवती नक्षत्र—बुध के नक्षत्र और गुरु की राशि (मीन) में उत्पन्न जातक सर्वप्रिय, विद्यावान, सुन्दर आकृति, तर्कशील एवं धनवान् होता है। रेवती के **प्रथम चरण** में जन्म हो तो राजा के समान वैभवशाली, **दूसरे में** मन्त्री के समान सुख साधनों से युक्त, **तीसरे में** जन्म होने से धनवान तथा **चतुर्थ में** जन्म होने से माता-पिता के लिए अरिष्टकारी होता है।

दिवाजातस्तु पितरं रात्रिजो जननी तथा। आत्मानं संध्यायोहन्ति नास्ति गण्डे विपर्ययः॥

गण्डमूल नक्षत्र शान्ति के लिए हमारे कार्यालय से नवीन प्रकाशित सम्पूर्ण 'गण्डमूल नक्षत्र-शान्ति प्रयोग' पुस्तक मंगवा लेवें। मूल्य-35 रुपए।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जप-पूजन तथा संध्योपासना में आवश्यक नियम

पवित्री अथवा अँगूठी धारण—स्नान, संध्योपासना, जप-पूजन, वेदाध्ययन एवं पितृ तर्पण आदि कर्मों में पवित्री दर्भ से बनी धारण करना आवश्यक माना गया है।

पवित्री कुशा से बनाई जाती है। दो कुशाओं से बनाई हुई पवित्री दाहिने हाथ की अनामिका के मूल भाग में तथा तीन कुशाओं से निर्मित पवित्री बाएं हाथ की अनामिका के मूल में, "ॐ भूर्भुवः स्वः" मन्त्र पढ़कर धारण करे। दोनों प्रकार की पवित्रियाँ देवकर्म, षष्ठी कर्म एवं पितृ कर्मों में भी प्रशस्त मानी गई हैं। शास्त्रानुसार सोने की अँगूठी (मुद्रिका) भी पवित्री के काम में लाई जा सकती है।

कुशोत्पाटन विधि—कुशोत्पाटन ऐसे स्थान से करना चाहिए जहाँ सामान्य लोगों का आना जाना न हो, तालाब या नदी का किनारा हो, पास में खड़ा हुआ गन्दा पानी न हो। धर्म स्थान या स्वच्छ उद्यान हो। कुश उखाड़ते समय उत्तर या पूर्व की ओर मुख रहे। पहले 'ॐ' कहकर कुशाओं का स्पर्श करें और फिर निम्नलिखित कुशाओं को स्पर्श करते हुए निम्नलिखित मन्त्र से प्रार्थना करें—

विरंचिना सहोत्पन्न परमेष्ठि निसर्जन। नुद सर्वाणि दर्भ। स्वस्ति करो भव॥

फिर ॐ हूं फट् कहते हुए कुशाओं को एकदम झटके से उखाड़ लें। पूजा हेतु प्रतिदिन नवीन कुश का प्रयोग करें। यदि संभव न हो तो अमावस्या को कुशोत्पाटन करें। अमावस्या को उखाड़ा गया कुश एक मास तक चल सकता है। जबकि भद्रमास की अमावस्या को उत्पादित कुश एक वर्ष तक चल सकता है।

विशेष—पिण्ड के नीचे एवं ऊपर संस्पर्श हुई, तर्पणादि में प्रयुक्त कुशा तथा अपवित्र स्थान में पड़ी हुई कुशाओं को जपानुष्ठान में ग्रहण नहीं करना चाहिए।

तिलक धारण करना—देवपूजा, जप, संध्या, होम-यज्ञ, ऋषि, उपनयन आदि कार्यों में तिलक, त्रिपुण्ड आदि का तिलक लगाना आवश्यक माना गया है। तिलक के बिना सत्कर्म नहीं हो पाते—

सत्यं शौचं जपं होमस्तीर्थं देवादिपूजनम्। तस्य व्यर्थमिदं सर्वं यस्त्रिपुण्ड्रं न धारयेत्॥

(भविष्यपुराण)

तिलक, त्रिपुण्ड के बिना पूजन, जप, संध्या, होम, देव आदि कार्य पूर्ण सफलीभूत नहीं माने जाते। तिलक बैठकर लगाना चाहिए।

अनामिका अंगुली से तिलक करने से शान्ति, मध्यमा से आयुवृद्धि, अंगुष्ठ से पुष्टि, तर्जनी से तिलक करने से मोक्ष की वृत्ति में वृद्धि होती है।

तिलक चंदन, केशर, गोपी चन्दन, हल्दी, रोला, श्रीखण्ड, चन्दन (लाल या सफेद), भस्म आदि का लगाना चाहिए। विधिपूर्वक जो भस्म का त्रिपुण्ड लगाता है, शास्त्रों में तिलक या भस्म लगाने का बड़ा महत्त्व है। इसके द्वारा ईश्वर के स्मरण में सहायता मिलती है।

तिलक लगाने का लक्ष्यार्थ—तिलक या भस्म लगाने का यही भाव है कि अपने मस्तिष्क में एवं हृदय में अपने इष्टदेव के स्वरूप का स्मरण एवं ध्यान करना है तथा अपने आपको भगवान् कृष्ण के या भगवान् शिव के अनुरूप बनाकर उनके सौम्य रूप की अर्चना करनी है, जैसे कहा भी है कि **देवो भूत्वा यजेद् देवम्।** अपने जिस इष्टदेव की मंत्र द्वारा उपासना करनी हो, तो अन्दर और बाह्य—दोनों प्रकार से उस देवता के स्वरूप में स्थित होना लाभप्रद होगा।

१२ राशियों का घाती चक्र

द्वादश राशि के प्रत्येक मनुष्य को घाती चक्र में दिए अनुसार प्रत्येक तिथि, वार नक्षत्र, लग्न, चंद्रमास घातक होते हैं। अतः मनुष्य को चाहिये कि वे अपना कोई भी इष्ट और शुभ कार्य घातक समय वा मुहूर्त्त पर आरंभ न करे। नीचे दिया हुआ घात चक्र युद्ध, विवाद (शास्त्रार्थ) राज सेवा, वाहन, यात्रा, रोगादि कार्यों में देखना चाहिए। अर्थात् इन राशि वालों के लिए इन कार्यों में घात चन्द्र, वारादि शुभ नहीं और तीर्थ यात्रा, विवाहादि में घात चन्द्रादि का विचार न करें। विशेष फलादेश जानने के लिये पत्र व्यवहार करें।

राशयः	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
घातमास	कार्तिक	मार्ग	आषाढ़	पौष	ज्येष्ठ	भाद्रपद	माघ	आश्विन	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गुन
घात तिथि	१-६-११	५-१०-१५	२-७-१२	२-७-१२	३-८-१३	५-१०-१५	४-९-१४	१-६-११	३-८-१३	४-९-१४	३-८-१३	५-१०-१५
घात वार	रवि	शनि	चन्द्र	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	मंगल	गुरु	शुक्र
घात नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनुराधा	मूला	श्रवण	शत.	रेवती	भरणी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा
घात योग	विष्कुम्भ	सुकर्मा	परिघ	धृति	प्रीति	सुकर्मा	अतिगंड	ब्रह्म	वैधृति	गंड	व्याघात	वज्र
घात करण	बव	शकुनि	कौलव	नाग	बालव	कौलव	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तुघ्न	चतुष्पाद
घात लग्न	१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५
घात प्रहर	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	प्रथम	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	चतुर्थ
पु. घा. चंद्र	मेष	कन्या	कुम्भ	सिंह	मकर	मिथुन	धनु	वृष	मीन	सिंह	धनु	कुम्भ
स्त्री घा. चंद्र	मेष	धनु	धनु	मिथुन	वृश्चिक	वृश्चिक	मीन	धनु	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	मेष

ग्रहों का नैसर्गिक मैत्री चक्र

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मित्र	चंद्र मंगल गुरु	सूर्य बुध	सूर्य चंद्र गुरु	सूर्य शुक्र	सूर्य चंद्र मंगल	बुध शनि	बुध शुक्र	शुक्र बुध शनि	बुध गुरु
सम	बुध	मंगल गुरु शुक्र शनि	शुक्र शनि	मंगल गुरु शनि	शनि	मंगल गुरु	गुरु	गुरु केतु	मंगल राहु शुक्र
शत्रु	शुक्र शनि	०० ००	बुध राहु	चंद्र	बुध शुक्र	सूर्य चंद्र	सूर्य मंगल चंद्र	सूर्य चंद्र मंगल	सूर्य चंद्र शनि
उच्चांश	मेष १०	वृषे ३	म. २८	कं. १५	कर्क ५	मी. २७	तु. २०	वृ. १५	
नीचांश	तु. १०	वृश्चि ३	क. २८	मी १५	म. ५	कं. २७	मे. २०	वृ. १५	

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नक्षत्र, राशि, वर्ण, योनि आदि ज्ञान चक्र

नक्षत्र	चरणाक्षर	राशि	वश्य	योनि	महावैर योनि	राशि स्वामी	गण	नाड़ी	तत्त्व हंसका	नाम (संज्ञा)	नक्षत्र देवता	कितने तारे	पंचशला का वेध
अश्विनी	चू. चे. चो. ला.	मेष	चतुष्पद	अश्व	महिष	मंगल	देव	आदि	अग्नि	क्षिप्र	अश्वि कु.	३	पू. फा.
भरणी	ली. लू. ले. लो.	मेष	चतुष्पद	गज	सिंह	मंगल	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	यम	३	अनु
कृत्तिका	अ. इ. उ. ए.	मे.१ वृष ३	चतुष्द	मेढ़ा	वानर	मं.१ शु.३	राक्षस	अन्त्य	अ.१ पृ.३	मिश्र	अग्नि	६	विशा
रोहिणी	ओ. वा. वी. वू.	वृष	चतुष्पद	सर्प	न्योला	शुक्र	मनुष्य	अन्त्य	पृथ्वी	ध्रुव	ब्रह्मा	५	अभि
मृगशिर	वे. वो. का. की.	वृ.२ मि.२	च.२ नर२	सर्प	न्योला	शु.२ बु.२	देव	मध्य	पृ.२ वा.२	मृदु	चन्द्रमा	५	उषा
आर्द्रा	कु. घ. ङ छ.	मिथुन	नर(मनुष)	श्वान	मृग	बुध	मनुष्य	आदि	वायु	तीक्ष्ण	शिव	१	पूषा
पुनर्वसु	के. को. हा. ही.	मि.३ क.१	न.३ ज.१	मार्जार	मूषक	बु.३ चं.१	देव	आदि	वा.३ ज.१	चर	अदिति	४	मूला
पुष्य	हू. हे. हो. डा.	कर्क	जलचर	मेढ़ा	वानर	चंद्र	देव	मध्य	जल	क्षिप्र	गुरु	३	ज्ये.
आश्लेषा	डी. डू. डे. डो.	कर्क	जलचर	मार्जा.	मूषक	चंद्र	राक्षस	अन्त्य	जल	तीक्ष्ण	सर्प	५	धनि
मघा	मा. मी. मू. मे.	सिंह	चतुष्पद	मूषक	बिडाल	सूर्य	राक्षस	अन्त्य	अग्नि	उग्र	पितर	५	श्रव
पू.फा.	मो. टा.टी. टू.	सिंह	चतुष्पद	मूषक	बिडाल	सूर्य	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	भग, सूर्य	२	अश्वि
उ.फा.	टे. टो. पा. पी.	सिं.१ कं.३	चं.१ न.३	गौ	व्याघ्र	सू.१ बु.३	मनुष्य	आदि	अ.१ पृ.३	ध्रुव	अर्यमा	२	रेव
हस्त	पू. ष. ण. ठ.	कन्या	नर	महिष	अश्व	बुध	देव	आदि	पृथ्वी	क्षिप्र	सूर्य	५	उभा
चित्रा	पे. पो. रा. री.	के.२ तु.२	नर	व्याघ्र	गौ	बु.२ शु.२	राक्षस	मध्य	पृ.२ वा.२	मृदु	विश्व	१	पूभा
स्वाती	रू. रे. रो. ता.	तुला	नर	महिष	अश्व	शुक्र	देव	अन्त्य	वायु	चर	वायु	१	शत
विशाखा	ती. तू. ते. तो.	तु.३ वृ.१	न.३ की.१	व्याघ्र	गौ	शु.३ मं.१	राक्षस	अन्त्य	वा.३ ज.१	मिश्र	इंद्राग्नि	४	कृति
अनुराधा	ना. नी. नू. ने.	वृश्चिक	कीट	मृग	श्वान	मंगल	देव	मध्य	जल	मृदु	मिश्र	४	भर
ज्येष्ठा	नो. या. यी. यू.	वृश्चिक	कीट	मृग	श्वान	मंगल	राक्षस	आदि	जल	तीक्ष्ण	इन्द्र	३	पुष्य
मूला	ये. यो. भा. भी.	धनु	नर	श्वान	मृग	गुरु	राक्षस	आदि	अग्नि	तीक्ष्ण	राक्षस	११	पुन
पूर्वाषाढ़ा	भू. ध. फ. ढ.	धनु	न॥ चतु ३	वानर	मेंढ़ा	गुरु	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	जल	२	आर्द्रा
उत्तराषाढ़ा	भे. भो. जा. जी.	ध.१ मं.३	चतुष्पद	नकुल	सर्प	गु.१ शं.३	मनुष्य	अन्त्य	अ.१ पृ.३	ध्रुव	विश्वे	२	मृग
अभिजित	जु. जे. जो. ख.	मकर	—	नकुल	सर्प	शनि	—	—	पृथ्वी	क्षिप्र	विष्णु	३	रोह
श्रवण	खी. खू. खे. खो.	मकर	चतु.१ ॥जर	वानर	मेढ़ा	शनि	देव	अन्त्य	पृथ्वी	क्षिप्र	विष्णु	३	कृति
धनिष्ठा	गा. गी. गू. गे.	म.२ कुं.२	ज.२ न.२	सिंह	गज	शनि	राक्षस	मध्य	पृ.२ वा.२	चर	वसु	४	विशा
शतभिषा	गो. सा. सी. सू.	कुम्भ	नर	अश्व	महिष	शनि	राक्षस	आदि	वायु	चर	वरुण	१००	स्वा
पूर्वाभादपद	से. सो. दा. दी.	कुं.३ मी.१	न.३ ज.१	सिंह	गज	श.३ गु.१	मनुष्य	आदि	वा.३ ज.१	उग्र	रूद्र	२	चित्रा
उ. भादपद	दू. थ. झ. ञ.	मीन	जलचर	गौ	व्याघ्र	गुरु	मनुष्य	मध्य	जल	ध्रुव	अहिबु	२	हस्त
रेवती	दे. दो. चा. ची.	मीन	जलचर	गज	सिंह	गुरु	देव	अन्त्य	जल	मृदु	पूषा	३२	उफा

नामाक्षरों से वर्ग देखने का चक्र (अपने से चतुर्थ वर्ग को मित्र क्षेत्री समझना चाहिए)

अ इ उ ए	क ख ग घ ङ	च छ ज झ ञ	ट ठ ड ढ ण	त थ द ध न	प फ ब भ म	य र ल व	श ष स ह
गरुड़	बिडाल	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	हरिण	मेढ़ा

वर्ण ज्ञान चक्र

वर्ण	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
राशि	१२/४/८	१/५/९	२/६/१०	३/७/११

ग्रह मैत्री चक्र

ग्रहाः	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मित्राणि	चं मं गु	सू बु	सू चं गुरु	सू शु	सू चं मं.	बु श	शु बु
समाः	बुधः	मं गु शु श	शु श	मं गु श	श	मं गु	गु
शत्रव	शु श	० ०	बुध	चं	बु शु	सू चं	सूचंमं
उच्चांश	मे १०	वृष ३	म २८	क १५	कर्क ५	मी २७	तु २०
नीचांश	तु १०	वृ ३	क २८	मी १५	म ५	क २७	मे २०

मित्र नवपंचम चक्र

१	२	३	५	७	८	९	१०	१२	११	६	४
५	६	७	९	११	१२	१	२	४	३	१०	८

शत्रु नवपंचम चक्र

मित्रषडाष्टक चक्र

१	३	५	७	९	११
८	१०	१२	२	४	६

शत्रुषडाष्टक चक्र

१	३	५	७	९	११
६	८	१०	१२	२	४

मित्रद्विर्द्वादश चक्र

१२	२	४	६	८	१०
१	३	५	७	९	११

शत्रुद्विर्द्वादश चक्र

१	३	५	७	९	११
२	४	६	८	१०	१२

नव पंचम—कन्या से वर अथवा वर से कन्या की राशि पांचवीं, नौवीं हो, तो दम्पत्ति को संतान हानि की संभावना होती है। परन्तु मीन-कर्क, कर्क-बृश्चिक, कुम्भ-मिथुन, कन्या-मकर विशेषतः त्याज्य माने जाते हैं। राशि मैत्री होने की स्थिति में नव-पंचम दोष अचिन्तनीय है।

षडाष्टक दोष—लड़के और लड़की की राशियां परस्पर छठे-आठवें हों तो षडाष्टक यथा-सम्भव त्याज्य है। शत्रु षडाष्टक दोष विशेषतः त्याज्य माना जाता है।

विस्तृत विवेचन के लिए देखें आगामी पृष्ठ।

भारतीय संस्कृति में संस्कारों का महत्त्व

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भारतीय संस्कृति में संस्कारों का महत्त्व

(मुख्य-मुख्य मुहूर्तों का निर्णय स्वंय करें)

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में संस्कारों का विशेष महत्त्व है। प्राचीन ऋषियों ने गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि कर्म तक **षोडश-संस्कारों** के महत्त्व को एकमत से स्वीकार किया है। मनुष्य जन्म से अबोध होता है, परन्तु संस्कारों से मनुष्य के आन्तरिक एवं बाह्य व्यक्तित्व का निखार व परिष्कार होता है। जैसे, शास्त्र में कहा गया है—

जन्मना जायते शूद्र: संस्काराद् द्विज उच्यते।
वेद पाठात् भवेद् विप्र:, ब्रह्म जानाति ब्राह्मण:॥

अतएव सुख, समृद्धि एवं कल्याण चाहने वाले प्रत्येक वर्ण के गृहस्थी मनुष्य को भारतीय परम्परा एवं संस्कृति का अनुगमन करते हुए गर्भाधान, पुंसवन, नामकरणादि संस्कारों को धारण करना चाहिए। शास्त्र विधि अनुसार बच्चे के संस्कार करने से बालक/कन्या मेधावी, स्वास्थ्य धनी, यशस्वी एवं दीर्घायु होता है॥

षोडश संस्कार इस प्रकार से हैं—

(१) गर्भाधान (२) पुंसवन (३) सीमन्तोन्नयन (४) जातकर्म (५) नामकरण (६) निष्क्रमण (७) अन्न प्राशन (८) चूडाकरण (मुण्डन), **(९) यज्ञोपवीत (१०)** से **(१३) तक चतुर्वेदीय व्रत, (१४) समानवर्त्तन (१५) विवाह (१६) अन्त्येष्टि।**

☞(१) गर्भाधान संस्कार—यह प्रथम संस्कार है, जो स्त्री के ऋतु (रजस्वला) स्नान के पश्चात् किया जाता है। भार्या के स्त्री धर्म (रजोदर्शन) में होने के १६ दिन तक वह गर्भ-धारण के योग्य रहती है। **रजोदर्शन** के दिन ६, ८, १०, १२, १४, १६वें दिनों में क्रियमाण गर्भाधान पुत्रदायक तथा विषम दिनों (५, ७, ९, ११, १३, १५) में कन्या-प्रद होता है। उपरोक्त दिनों में भी शुद्ध मुहूर्त्त दिनों का विचार किया जाता है।

(१) गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त्त

शुभतिथियां—१ (कृष्ण) २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ (शुक्ल)

शुभ वार—सोम, बुध गुरु एवं शुक्रवार

शुभ नक्षत्र—रोह, मृग, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, पुन, पुष्य, स्वा, अनु, श्रव, धनिष्ठा व शतभिषा।

शुभ लग्न—लग्न, केन्द्र-त्रिकोण में शुभ ग्रह हों एवं लग्न को सूर्य, मंगल, और गुरु देखते हों, तो गर्भाधान से पुत्रोत्पत्ति की संभावना होती है। इसके अतिरिक्त **पुत्रार्थी** विषम लग्न राशि एवं विषम नवांशगत लग्न में तथा कन्याकांक्षी सम लग्न राशि में स्त्री संग करें।

गर्भ-धारण के दिन स्त्री-पुरुष दोनों का चन्द्र-बल प्राप्त होना शुभ होता है।

गर्भाधान के लिए त्याज्य काल—रजोदर्शन से प्रथम चार रात्रि को छोड़कर, रिक्ता तिथि, जन्म नक्षत्र, मघा-अश्ले आदि तीनों गण्डांत, मूला, भरणी, अश्विनी, रेवती नक्षत्र, ग्रहण का दिन, माता-पिता के श्राद्ध का दिन, वैधृति, परिघ का पूर्वार्ध, संक्रान्ति, व्यतीपात, ग्रहण, सन्ध्या, दिन का समय, जन्म राशि से अष्टम लग्न, दीवाली, दशहरा, नवरात्र आदि पर्व दिनों को स्त्री संसर्ग में त्याग करना चाहिए।

गर्भ मासों के अधिपति

गर्भाधान से लेकर नव एवं दस मास तक भिन्न-भिन्न ग्रह अधिपति होते हैं। अरिष्टभय की स्थिति में उसी मास से सम्बन्धित ग्रह की पूजा-दानादि करना चाहिए।

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरु	सूर्य	चंद्र	शनि	बुध	आधानकालिक लग्नेश	चंद्र	सूर्य

☞(२) पुंसवन संस्कार मुहूर्त्त—यह संस्कार गर्भधारण से तीसरे मास में किया जाता है। इस मास का स्वामी गुरु है। इस दिन श्री विष्णु पूजा करना शुभ होता है। इस संस्कार के शुभ मुहूर्त्त इस प्रकार से हैं।

शुभवार—रवि, चंद्र, मंग, बुध, गुरु व शुक्र। **मंगल** व बुध वारों में मं. बु. उदित होने चाहिएं।

शुभ तिथियां—१ (कृ) २, ३, ५, ७, १०, १२, १३ (शुक्ल)।

शुभ नक्षत्र—रोहणी, मृग, पुन. पुष्य, हस्त, तीनों उत्तरा, श्रवण, अनु एवं रेवती नक्षत्र। विद्ध नक्षत्र त्याज्य हैं।

☞(३) सीमन्त संस्कार—यह तृतीय संस्कार है, जो गर्भ धारण से ६, ८ वें मास, जब मास-स्वामी बली हो। **शुभवार**—रवि, मंगल, एवं गुरु।

शुभ तिथियां—२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शुक्ला)।

नक्षत्र—मृग, पुन, पुष्य, हस्त, मूला, श्रवण:

लग्न—१, ३, ५, ७, ९ आदि विषम लग्न, केन्द्र त्रिकोण में शुभग्रह हों॥

(३)(क) श्री विष्णु पूजा मुहूर्त्त—यह पूजा गर्भाधान से आठवें मास गर्भरक्षा के उद्देश्य से की जाती है। इसमें शंख चक्र-गदा-पद्मधारी भगवान विष्णु की यथाशक्ति, सुवर्णमयी प्रतिमा बनवाकर षोडशोपचार से पूजा करके परिधान सहित, प्रतिमा को ब्राह्मण को दान करें।

शुभ तिथियां—२, ७, १२

शुभ वार—चंद्र, बुध, गुरू, शुक्र।

शुभ नक्षत्र—रोहिणी, पुष्य और श्रवण।

☞(४) जातकर्म संस्कार—कुछ शास्त्रकार प्रसव के समय नालछेदन के पूर्व ही इस संस्कार को कार्यान्वित करने की आज्ञा दी है। परन्तु आजकल नरघटी अथवा १६ घटी तक कर लेना चाहिए।

कुछ लोग परम्परानुसार **११वें** अथवा **१२वें** दिन कर लेते हैं।

शुभ तिथियां—१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, १२, १३ (शु.)

शुभ वार = च., बु., गु., शु.

नक्षत्र—अश्वि. रोह. मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., श्रव., धनि, शत, रेव।

☞मेधा-जनन संस्कार—जात कर्म के साथ ही इस कृत्य का निष्पादन करना चाहिए। बालक/बालिका मेधावी, कीर्तिमान एवं सौभाग्यशाली हो, इसके लिए दाएं हाथ की अनामिका अंगुली से शहद एवं गोघृत चार बार बच्चे को चटाएँ। चारों बार क्रमश: "ॐ भूस्त्वपि धधामि।" ॐ भुस्त्वपि दधामि।" तथा ॐ भूर्भुवस्व: सर्वत्वपि दधामि। **मंत्रों का उच्चारण करें।** इसके साथ ही कुछ घृत मिश्रित गुड़ भी बालक के तालु में लगा देना शुभ होता है। जिससे बच्चे को स्तनपान के पूर्व ही कुछ चूसने की आदत हो जाए। (अंगुली के अतिरिक्त सुवर्ण या चांदी के चम्मच का भी प्रयोग कर सकते हैं।

☞स्तनपान का मुहूर्त्त—जन्मान्तर ५वें या ७वें किसी दिन नीचे लिखे भद्रा, व्यति, वैधृति, व्याघात आदि योगों को छोड़कर निम्न शुभ मुहूर्त्त माता संतान को प्रथम बार स्तनपान कराए।

शुभ तिथि—१ (कृ.), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.), १५,

शुभ नक्षत्र—रोह., मृग. ,पुन, पुष्य, उत्तरा ३ हस्त, चित्रा, अनु, श्रव. धनि, व रेवती॥

शुभ वार—चंद्र, बुध, गुरु व शुक्र।

शुभ लग्न—२, ३, ४, ६, ७, ९, १२ राशि लग्न।

सूतिका पथ्य में भी उपरोक्त मुहूर्त्त ग्राह्य है।

☞षष्ठी पूजन—जन्म से पांचवें दिन, जीवन्ती देवी का पूजन करना चाहिए। इसी प्रकार छेठे दिन रात्रि में **षष्ठी पूजन,**

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कात्यायनी देवी' का आनन्द मंगल व गीत वाद्य के साथ पूजन करना चाहिए। जीवन्ती एवं षष्ठी पूजा में सूतक की दोष आपत्ति नहीं होती। देशाचारानुसार कोई २१वें या ३१वें दिन की षष्ठी पूजन करते हैं।

☞प्रसूता स्नान मुहूर्त्त—सूतिका स्नान बच्चे के जन्मदिन से एक सप्ताह के बाद करना चाहिए।

शुभ तिथियां—१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) १५।

शुभ वार—रवि, मंगल, गुरू, शुभ हैं। सोम एवं शुक्रवार मध्यम हैं।

शुभ नक्षत्र—आश्वि, रोह, मृग, तीनों उत्तरा, हस्त, स्वा., अनु, रेव।

शुभ लग्न—२, ३, ४, ६, ७, ९, १२ सौम्य ग्रह से युत या दृष्ट।

☞नामकरण संस्कार—यद्यपि प्रत्येक मनुष्य के बाह्य एवं आन्तरिक व्यक्तित्व पर उसके परिवेश एवं परिस्थितियों का विशेष प्रभाव होता है। परन्तु ज्योतिष आचार्यों के अनुसार मनुष्य के व्यक्तित्व के विकास में उसके प्रसिद्ध नाम का भी विशेष महत्त्व होता है—

''नामाखिलस्य व्यवहार हेतुः, शुभावहं कर्मसु भाग्य हेतुः।
नाम्नैव कीर्ति लभते मनुष्यस्ततः प्रशस्तं खलु नाम कर्म॥''

गृहारम्भ—प्रवेश, युद्ध व्यापार, व्यावहारिक कार्य, दान, मन्त्र-सिद्धि, भाग्य, पुनर्विवाह, रोगोत्पत्ति तथा स्वामी-सेवक के पारस्परिक कृत्यों में नाम राशि वांछनीय है।

☞नामकरण—सूतक-समाप्ति पर देशानुसार १०, ११, १२, १३, १६, १९, २२वें दिन संस्कार करना चाहिए। एक अन्य मतानुसार ब्राह्मण को १० या १२वें दिन, क्षत्रिय को ११ या १२ वें दिन वैश्य को १६ या २०वें दिन नामकरण संस्कार करना चाहिए। नामकरण पिता-पितामह या कुल के वृद्ध व्यक्ति के द्वारा स्वास्ती वाचन मन्त्रों सहित (विद्वान ज्योतिषी से कुण्डली परामर्श के बाद) उच्चारित करवाना चाहिए।

शुभ तिथियाँ—१ (कृष्ण), २,३,७,१०,११,१२,१३ (शुक्ल)।

शुभ वार—चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र।

शुभ नक्षत्र—अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, श्रव, धनि, शत, रेवती।

शुभ लग्न—१,४,६,७,९,१२ लग्न शुभ ग्रह युत या दृष्ट हों। भद्रा, ग्रहण, श्राद्ध दिन, दुष्ट योग, संक्रान्ति आदि रहित काल में, सुयोग्य ज्योतिषी से प्रथम नामाक्षर पूछ कर कानों को मधुर लगने वाले अक्षर, महापुरुषों के नाम सदृश अथवा शुभ सार्थक शब्दों वाला नाम रखना कल्याणकारी रहता है।

बालक के दाँत निकलने का फल

यदि पहले मास में बालक के दाँत निकल आएं तो स्वयं अपनी आयु के लिए अरिष्टकारक, दूसरे मास में भाई को, तीसरे मास में बहिन को, चौथे मास में माता को, पाँचवें मास में बड़े भाई के लिए विशेष कष्टकारी होता है, **छटे मास में दाँत निकलें** तो अत्यन्त सुख, सातवें मास में पिता से सुख, आठवें मास में देह की पुष्टता, नवें मास में लक्ष्मी की प्राप्ति, दसवें मास में सौख्य प्राप्ति, ११वें निकलें तो **अति सौख्य**, १२वें मांस में निकलें तो विपुल धन-प्राप्ति होती है। यदि गर्भ से ही दाँतों सहित उत्पन्न हुआ हो वह माता-पिता के सुख से विहीन अथवा ऊपर की पंक्ति के दाँत पहलें निकले तो भी माता-पिता तथा नानके पक्ष के लिए हानिकारक माना जाता है। यदि उपरोक्त अशुभ मासों में बालक को दन्तोत्पत्ति की संभावना हो तो मृत्युज्जय का जाप, ग्रह शान्ति एवं उचित दान आदि करने से अशुभत्व का निवारण तथा अरिष्ट की शान्ति हो जाती है।

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
फल	स्वयं को अरिष्ट	भ्रातृ कष्ट	बहिन को कष्ट	मातृ कष्ट	ज्येष्ठ भ्रातृ कष्ट	सुख	पिता से सुख	देह सुख	धन प्राप्ति	सौख्य प्राप्ति	अति सौख्य	विपुल धन

☞झूला आरोहन मुहूर्त्त—बालक के जन्मदिन से १०, १२, १६, २२ एवं ३२वें दिन बालक को आराम देह झूले में सुलाना चाहिए। झूले में डालने से पूर्व शुभ तिथि, वार, नक्षत्र, योगादि का विचार कर लेना चाहिए। झूले में माता या दादा, दादी के द्वारा, भगवान् विष्णु का ध्यान करते हुए बच्चे का सिर पूर्व की ओर रखकर शिशु को सुलाना चाहिए।

शुभ तिथियां—१ (कृ), २,३,५,७,१०,११,१३ (शुक्ल) व पूर्णिमा।

शुभ वार—सोम, बुध, गुरु, एवं शुक्रवार।

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि, रोहिणी, मृग, पुनर्वसु, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा तथा अनुराधा।

☞निष्क्रमण मुहूर्त्त—जन्म से ३,४ मासों में निम्नलिखित शुभ योगों में बालक को प्रथम बार घर से बाहर निकालना हितकर होता है। शीघ्रता में आवश्यक हो तो जन्म से १२वें दिन भी निष्क्रमण लिखा गया है।

शुभ तिथियां—१ (कृ) २,३,४,७,१०,११,१२ (शु.) एवं १५।

शुभ वार—सोम, बुध, गुरु तथा शुक्र।

शुभ नक्षत्र—अश्वि, मृग, पुन, पुष्य, हस्त, अनु, श्रव, धनि।

शुभ लग्न—२,३,४,५,६,७,९,१०,११ राशि लग्न।

माता, दादी आदि आत्मीयजन बालक को स्नानादि करवा कर वस्त्रादि से अलंकृत करें तथा पुण्याहवाचन, शंख और मंगल मंत्रों एवं गीत-वाद्य सहित ध्वनि के साथ उसे प्रथम देवालय (मन्दिर) में ले जावें। वहाँ देव पूजा व अर्चना करके आत्मीयजन शुभाशीष दें तथा मन्दिर की परिक्रमा करके स्वगृह लौट कर बच्चे को ननिहाल या मौसी के घर ले जावे। पुनः गृहागमन के समय दीर्घायु संज्ञक आशीर्वचनों से बालक का अभिनन्दन करें। पुनश्च, निष्क्रमण तृतीय मास में हो, तो बालक को सूर्य-दर्शन तथा चतुर्थ मास में हो तो चन्द्र-दर्शन करवाना चाहिए।

☞भूम्युपवेशन-मुहूर्त्त—जन्म से पंचम मास में मंगल के बलान्वित होने पर बालक को प्रथम बार भूमि पर विराजमान (बिठाने) के लिए विचारणीय मुहूर्त्त—

शुभ तिथियां—१ (कृ) 2,३,४,७,१०,११,१३ (शु.) तथा पूर्णिमा।

शुभ वार—चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्रवार।

शुभ नक्षत्र—अश्वि, रोह, मृग, पुन, तीनों उत्तरा, हस्त, अनु, ज्ये, अभिजित।

शुभ लग्न—२,५,८,११ राशि लग्न।

☞जीविका परीक्षा—'भूम्युपवशन' के अवसर पर बालक के सामने हानि रहित अस्त्र-शस्त्र, पुस्तकें, लेखनी (Pen-Pencil), वस्त्र, सोना, चाँदी, ताँबा, लोहादि धातुएँ, मशीनें मोटर, पंखा-रेडियों, टी. वी. आदि खिलौने, विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेज़ी, संस्कृतादि साहित्य आदि वस्तुएँ रखें। इन वस्तुओं में से जिस वस्तु को बालक सहज रूप में सर्वप्रथम स्पर्श करें, वही उसकी भावी आजीविका होगी। ऐसा अनुमान लगाना चाहिए। कुल परम्परा अनुसार, कहीं-कहीं यह क्रिया अन्नप्राशन के साथ भी कर लेते हैं।

☞अन्न-प्राशन का मुहूर्त्त—जन्म से सौर मास ६, ८, १० या १२वें मास में पुत्र को तथा ५,७,९ या ११वें मास पुत्री को उसकी पाचन शक्ति उपयुक्त होने पर प्रथम बार बच्चे को अन्न प्राशन कराना **अन्न प्राशन** में शुक्ल पक्ष विशेष प्रशस्त माना गया है। यद्यपि कृष्ण पक्ष की १,३,५,७,१० तिथियाँ भी ग्राह्य हैं। सोमवार, बुध, गुरु, एवं शुक्रवार शुभ हैं।

नक्षत्र—अश्वि, रोह, मृग, पुन, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, अभिजित श्रव, धनि, रेवती तथा जन्म-नक्षत्र 'सप्तशलाका चक्र' द्वारा क्रूर ग्रह विद्ध नक्षत्र त्याज्य होगा। जन्म राशि से ६, ८वें लग्न को छोड़कर २,३,४,५,६,७,९,१०,११ की राशि का लग्न जबकि लग्न से १,४,७वें शुभ ग्रह हों तथा लग्न शुभ ग्रहों द्वार दृष्ट हो।

विशेष—अन्न प्राशन दिन के पूर्वार्द्ध भाग में बालक की राशि का चन्द्रबल देखकर भद्रा रहित काल एवं उपरोक्त शुभ दिन को

सूर्य, ब्रह्म, विष्णु, महेश तथा दिक्पतियों की पूजा करके माता स्वलंकृत बालक को अपनी गोद में बिठाकर ईश्वर-स्मरण करते

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

है। जन्मदिन पर तिल स्नान, तिलों चावल, दूध, चीनी आदि से बनी क्षीर तथा वस्त्र अनाजादि का दान एवं स्वयं भी क्षीर सेवन शुभ होता है।

—वास्तु भूमि का शुभाशुभ विचार—

(क) गृहादि निर्माण हेतु जिस भूमि की शुभाशुभ परीक्षा करनी

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सूर्य, ब्रह्म, विष्णु, महेश तथा दिक्पतियों की पूजा करके माता स्वलंकृत बालक को अपनी गोद में बिठाकर ईश्वर-स्मरण करते हुए उसे मधु, घृत, दही, खीर का भोजन सर्व प्रथम कराएँ।

☛कर्ण वेध का मुहूर्त्त—बालक के जन्म से १२, १६वें दिन, या ६,७,८वें मास में अथवा ३,५वें वर्ष बालक का कर्ण छेदन प्रशस्त माना जाता है।

ग्राह्य मास—चैत्र, (का. शु. ११ के बाद), पौष तथा फाल्गुन।

तिथियां—४,९,१४ (रिक्ता तिथियां छोड़कर)।

वार—चं, बु., गु., शु, वारों में अश्वि, मृग, आ. पुन, पुष्य हस्त, चित्रा, अनु, अभि, श्रव, धनि, रेव, विद्ध तथा जन्म नक्षत्र भी त्याज्य।

शुभ लग्न—२,३,४,६,७,९,१२।

विशेष—बोलक को पूर्वाभिमुख बिठाकर हाथ में कुछ मिष्ठान्न दें तथा पुत्र के बाएं कान को तथा पुत्री के दाएं कान को सुवर्ण या चाँदी की शलाका से सौभाग्यवती स्त्री या कुशल स्वर्णकार से कर्ण विधवाना चाहिए।

☛कन्या की नासिका छेदन—हेतु उपरोक्त कर्ण वेध मुहूर्त्त के मासों में ही कन्या का नामक विंधवाया जाता है। शुक्ल पक्ष की तिथियाँ शुभ होती हैं—२, ३ ५, ७, १०, ११, १२, १३, १५।

जन्म दिन कृत्य

सामान्यत: लोग अंग्रेज़ी तारीख अनुसार ही जन्मदिन कृत्य कर लेते हैं। परन्तु इसमें कई बार भूल होने की सम्भावना रहती है। सिद्धान्त: एक सौर वर्ष उपरान्त जिस दिन जन्मेष्ट एवं जन्मदिन के समान ही स्पष्ट सूर्य के राशि, अंश, कलादि की जब पुनरावृत्ति आ जाए, उसी दिन को जन्मदिन का नववर्ष प्रवेश माना जाएगा। यदि इतनी सूक्ष्मता का पता न चल पाए तो देशी प्रविष्टों के अनुसार जन्म दिन के वर्ष का निर्धारण किया जाए तो शुद्धता के अधिक पास रहेंगे। यदि किसी सुयोग्य ज्योतिषी द्वारा वार्षिक जन्मदिन का निर्णय (गणितानुसार) करवा लें तो और अधिक उचित होगा।

जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रात: उठकर गंगा जल सहित शुद्ध पवित्र जल से बालकको स्नानादि के पश्चात् सुन्दर वस्त्र धारण करवा कर पूर्वाभिमुख होकर माता पिता उसे गोदी में बिठाकर किसी सुयोग्य पण्डित जी द्वारा पंचदेव पूजन, नवग्रह पूजन एवं संकल्पपूर्वक छाया दान सहित जन्मदिन पूजन करवाना चाहिए। पूजनोपरांत भगवान् सूर्यदेव को अर्घ्य तथा ब्राह्मण भोजन एवं यथाशक्ति दानादि करें।

विशेषकर वर्षफल में स्थित अशुभ ग्रहों के दान, जपादि करवाने से बच्चों को आरोग्यता एवं माता-पिता को सुख-शान्ति बनी रहती है। जन्मदिन पर तिल स्नान, तिलों चावल, दूध, चीनी आदि से बनी क्षीर तथा वस्त्र अनाजादि का दान एवं स्वयं भी क्षीर सेवन शुभ होता है।

☛मुण्डन (चूड़ाकर्म) संस्कार मुहूर्त्त

जन्म या गर्भाधान में १, ३, ४, ७ इत्यादि विषम वर्षों के कुलाचार के अनुसार उत्तरायणगत सूर्य में बालक का चौलकर्म (मुण्डन) संस्कार पूर्वान्ह काल में करना चाहिए।

चैत्र मास को छोड़कर अन्य उत्तरायण के मासों में —वैशा, ज्ये. आषा. (२० जून तक), माघ, फाल्गुन, २, ३, ४, ५, ६, ७, १०, ११, १३ (शु०) १५ तिथियों में, संक्रान्ति आदि पर्व दिनों को छोड़कर, चन्द्र, स्वा, ज्ये. श्रव, अभि., धनि. और शतभिषा नक्षत्रों में मुण्डन कार्य शुभ है। लोकाचार अनुसार कुछ लोग नवरात्रों में, अक्षयातीज आदि शुभ दिनों में बिना सुनिश्चित मुहूर्तों के भी मुण्डन आदि कार्य कर सकते हैं।

बालक का जन्म मास त्याज्य है। परन्तु जन्म नक्षत्र या जन्म राशि शुभ है। तथा जन्म राशि या जन्म लग्न से अष्टम लग्न न हो। बालक की माता रजस्वला या गर्भवती हो, तो मुण्डन कार्य न करावें परन्तु यदि गर्भ ५ मास से अधिक का हो तो या बालक की आयु ५ वर्ष से अधिक हो, तो दोष नहीं। ज्येष्ठ (बड़े) लड़के का मुण्डन ज्येष्ठ मास में शुभ नहीं।

☛क्षौर (हजामत) कर्म मुहूर्त्त—मुण्डन के लिए जो तिथियां, नक्षत्र और वार शुभ बतलाए गए हैं, वे ही क्षौर (हजामत) के लिए शुभ हैं। मंगल, शनि, व रवि वारों में क्षौर से पुन: ९वां दिन, रिक्ता तिथियों और विशेष ग्राम (नगर) में जाने के दिन, स्नान करने के बाद, शरीर में उबटन लगाने के बाद और भोजन कर लेने के बाद अपना कल्याण चाहने वाले वाले क्षौर कर्म (हजामत) न करावें॥

विशेष—यज्ञ में, विवाह, मृतक कर्म में कारागार (जेल) से छूटने पर, राजा और ब्राह्मण की आज्ञा से क्षौर कर्म निषेध दिनों में भी करा लेना शुभद होता है।

विवाह में तैलादि चढ़ाने का मुहूर्त्त

वर कन्या जिसको विवाह से पूर्व तैल चढ़ाना हो, उसका चन्द्र बल देख लेना चाहिए। तैलादि मंगल कार्य हेतु, मेषादि राशि वालों के लिए चक्र में निर्दिष्ट संख्या दिन पूर्व करना चाहिए। उदाहरणार्थ मिथुन राशि वाले वर-कन्या को विवाह से ५ दिन पूर्व तेल चढ़ाना चाहिए। इनमें विवाह का दिन गिनती में न करें।

राशि	मेष	वृष	मिथु	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुंभ	मीन
दिन	७	१०	५	१०	५	७	७	५	५	५	५	७

—वास्तु भूमि का शुभाशुभ विचार—

(क) गृहादि निर्माण हेतु जिस भूमि की शुभाशुभ परीक्षा करनी हो, तो शाम के समय वहाँ पर भूमि पूजन करवाने के पश्चात् वहाँ अपने एक हाथ लम्बा, एक हाथ चौड़ा और डेढ़ हाथ गहरा गढ़ा खोद कर उसे जल भर दें। प्रात:काल आकर उसे देखने पर, यदि वह गढ़ा पानी से भरा हुआ दिखे तो, भूमि शुभ जानें। यदि पानी न हो, तो मध्यम जानें, और यदि गड्ढा में पानी न हो और उसके आस-पास की मिट्टी फटी हुई हो, तो भूमि को अशुभ समझें।

(ख) वास्तुभूमि में परीक्षा के लिए भूमि में लगभग डेढ़ फुट गहरा उतना ही चौड़ा गढ़ा खोदें। खुदाई के समय यदि पत्थर, ईंट, ताम्बा, पात्र, धनादि द्रव्य मिलें, तो यह परिवार की आयु, धन, संतति आदि में वृद्धि होने के संकेत हैं। इसे शुभ शकुन मानना चाहिए। यदि भूमि खोदने पर कपाल, हड्डी, कोयला, केश, राख, गुठली, रुई, सीप खोपड़ी, लोहादि मिलें तो इसे अशुभ शकुन समझना चाहिए।

(ग) विश्वकर्मा के अनुसार एक अन्य परीक्षा भूमि में उत्तर दिशा की ओर एक लगभग टेढ़ फुट गहरा और डेढ़ फुट चौड़ा गढ़ा खोदें। गड्ढे में से सारी मिट्टी निकाल लें। तथा निकाली हुई मिट्टी को दुबारा उसे गड्ढे में भर देवें। यदि गड्ढा भर देने के बाद भी मिट्टी शेष बच जाती है, तो समझ लें कि भूमि उत्तम है। यदि फिर भरने के बाद मिट्टी शेष नहीं बचती और गढ़ा पूरा भर जाता है, तो इससे यह समझना चाहिए कि भूमि मध्यम स्तरीय होगी। यदि निकाली गई सारी मिट्टी गड्ढे में भरने पर भी, गड्ढा पूरी तरह नहीं भरता है, तो समझें कि जमीन निकृष्ट प्रकार की है।

(घ) फटी हुई, शूल (कांटों), दीमक आदि से युक्त ऊँची-नीची भूमि अशुभ होती है।

(ङ) **शुभ-भूमि**—चिकनी, गीली, उपजाऊ मिट्टी अथवा घास, पुष्प, लताओं, फूलों आदि से सुगन्धित एवं समतल भूमि गृह स्वामी एवं उसके परिवार के लिए सुख-सम्पत्ति में वृद्धिकारक होती है।

(च) मकान की नींव को गहरा खोदते समय यदि काली ईंटें देखने को मिलें, तो भूमि शुभ जानें। हड्डी, केश, (बाल), कोयला राखादि निकलें तो वहां मकान बनवाने वाले को रोगादि से कष्ट रहे॥

सुप्त भूमि (भू-शयन) का विचार

प्रत्येक सूर्य संक्रान्ति से ५, ७, ९, १०, २१, एवं २४वें प्रविष्टे को पृथ्वी सोई रहती है, अतएव सुप्त भूमि के दिवसों में यथासम्भव कृषि, होम, गृह निर्माण, वापी, कुआं, तालाब के लिए भूमि का खनन न करें।

एक अन्य मतानुसार, **सूर्य-नक्षत्र** से ५, ७, ९, १२, १९, तथा २६ वे नक्षत्रों में भी भूमि का शयन होता है।

भू-रजस्वला—सूर्य संक्रान्ति के दिन से १, ५, १०, ११, १६, १८, १९ वें दिन भूमि रजस्वला रहती है। अत: इन दिनों भी यज्ञ, हवन, कृषि,तालाब, गृह निर्माणारम्भ आदि कार्यों का आरम्भ न करें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ अशौच व्यवस्था

अशौच दो प्रकार का होता है—(१) जनना शौच जिसे सूतक और (२) मरणाशौच जिसे पातक कहते हैं।

गर्भास्त्रावादि अशौच-व्यवस्था

चार मास तक गर्भ के गिरने को 'गर्भस्राव' कहते हैं। पांचवें, छटे मास में 'गर्भपात' और इसके उपरान्त 'प्रसव' कहलाता है। तीन मास के भीतर किसी भी मास में गर्भ के गिराने से गर्भिणी को तीन दिन का और चौथे महीने में चार दिन का अशौच रहता है, पिता आदि सपिण्ड केवल स्नानमात्र से शुद्ध हो जाते हैं। पितादि सपिण्डों को ३ दिन का 'सूतक' होता है।

जननाशौच व्यवस्था

सात महीने से लेकर किसी भी महीने में जन्म हो तो माता-पितादि सपिण्डों को अपने २ वर्ण के अनुसार पूरा अशौच (सूतक) होता है, जैसे ब्राह्मण को १० दिन, क्षत्रिय को १२ दिन, वैश्य को १५ दिन और शूद्र को एक मास का सूतक रहता है, किन्तु माता को सूतक निकालने के बाद भी पुत्र जन्मा हों, तो, २० दिन और कन्या उत्पन्न होने से एक मास तक धर्मकार्य करने का अधिकार नहीं होता। नाल छेदन से पीछे सूतक हो जाने के कारण जात कर्म का अधिकार नहीं होता।

मृतोत्पत्ति में विचार

यदि मरा हुआ बालक उत्पन्न हो तो पितादि सपिण्डों को अपने-अपने वर्ण के अनुसार अशौच (सूतक) होता है। बालक जन्म लेकर नाल-छेदन से पूर्व ही मर जाये तो माता को १० दिन तक सूतक और पितादि सपिण्डों को ३ दिन का जननाशौच (सूतक) होता है। नाल-छेदन के बाद १० दिन के भीतर अर्थात् नाम संस्कार से पूर्व बालक की मृत्यु हो जाये तो पितादि सपिण्डों का पूर्ण जननाशौच (सूतक) रहता है। पातक में देवकर्म और पितृकर्म का अधिकार नहीं होता।

मृताशौच-व्यवस्था

नामकरण अर्थात् १० दिन के बाद ६ महीने के भीतर अर्थात् दाँत आने से पहिले बालक के मरने पर माता और पिता को ३ दिन का मृताशौच (पातक) होता है किन्तु सपिण्ड स्नानमात्र से शुद्ध हो जाते हैं। कन्या मरने पर पिता को एक दिन का पातक लगता है। स्मरण रखना चाहिए ७वें महीने से अर्थात् दांत निकलने के पीछे ३ वर्ष तक, अर्थात् मुंडन संस्कार न हुए बालक के मरने पर माता-पिता को ३ दिन सपिण्डों को १ दिन तक पातक हो जाता है और ३ वर्ष में मुण्डन संस्कार हो गया हो तो बालक को जलाना चाहिए।

कन्या शौच-व्यवस्था

सगाई होने से पहले कन्या मरने पर तीन पुरुषों तक १ दिन का पातक होता है, सगाई हो जाने के बाद और विवाह से पहले कन्या मरने पर पिताकुल के और पतिकुल को ३ दिन का पातक रहता है। यदि विवाह हुई कन्या पिता के घर में मर जाए व प्रसूता हो तो माता-पिता सहोदर, भाईयों को तीन दिन का पातक, चाचा आदि को १ दिन का अशौच होता है। परन्तु पतिकुल में पूर्ण अशौच होता है।

मातामह-मातामही दौहित्र मरण पर विचार

नाना मरे तो दौहित्र को ३ दिन, नानी मरने पर १ दिन का पातक होता है। यज्ञोपवीत संस्कार हुए दौहित्र के मरने पर नाना की ३ दिन, बिना यज्ञोपवीत के १ ॥ दिन का पातक होता है।

सास-ससुर तथा जामातृ पर अशौच विचार

सास और ससुर यदि मर जाये तो जामित्र पास होने से ३ दिन, बिना समीप होने से १ ॥ दिन का पातक लगता है। जामाई के मरने पर १ दिन का पातक होता है।

बन्धुत्रय-विचार

भूआ मासी और मामी के पुत्रों को आत्मबांधव कहते हैं। पिता की भूआ, मासी की मामी के पुत्रों को पितृबांधव कहते हैं। माता की भूआ, मासी और मामी के पुत्रों को मातृबांधव कहते हैं। इन तीन प्रकार के बांधवों में से किसी की मृत्यु हो जाये तो तीन दिन का पातक होता है। इनकी बहिन मरे तो १ दिन का पातक होता है। और विवाहित कन्या मरने पर १ दिन का।

राहु कालम्

शुभ कार्यों में विशेषतया त्याज्य

दक्षिण भारत में राहु-कालम का विशेष प्रचलन है। विशेष वार प्रतिदिन डेढ़ घण्टे के लिए यह अनिष्ट समय होता है। जिसे शुभ कार्यारम्भ में यथासम्भव टाल देना चाहिए। दक्षिणी भारत में राहु कालम का विशेष विचार किया जाता है।

सोमवार—प्रात: ७/३० से प्रात: ९ बजे तक
मंगलवार—अपरान्ह ३/०० से ४/३० बजे तक
बुधवार—दोपहर १२/०० से १/३० बजे तक
बृहस्पतिवार—दोपहर १/३० से ३/०० बजे तक
शुक्रवार—प्रात: १०/३० से दुपै. १२ बजे तक
शनिवार—प्रात: ९/०० से प्रात: १०/३० बजे तक
रविवार—सायं ४/३० से सायं ६/०० बजे तक

स्त्री जातक विचार

- यदि कन्या की जन्म कुण्डली में सप्तमेश ग्रह के साथ शनि स्थित हो, तो ऐसी कन्या का विवाह बड़ी आयु में होता है।
- यदि सूर्य, मंगल, बुध लग्न में हो और गुरु द्वादश भाव में स्थित हों, तो भी उस कन्या का विवाह दीर्घकाल में ही होता है।
- जिस स्त्री के जन्म काल में सप्तम भाव में शुभ-अशुभ—दोनों प्रकार के ग्रह होते हैं, उसके दो विवाहों के योग बनते हैं।
- यदि किसी स्त्री के सप्तम भाव में सूर्य हो अथवा अन्य कोई पाप ग्रह ७वें भाव में स्थित हो, तो ऐसी स्त्री को वैवाहिक—सुख कम मिलता है।
- यदि सप्तम भाव में बुध तथा शनि की युति हों, तो ऐसी स्त्री का पति नपुंसक होता है।
- आठवें भाव में बुध गया हो ऐसी स्त्री काक—बन्ध्या होती है अर्थात् एक बार सन्तान होकर पुन: सन्तान होने में बाधा होती है।

विष कन्या योग

- शनिवार, आश्लेषा नक्षत्र और द्वितीया तिथि—में तीनों जिस दिन मिलें उस दिन जन्मी कन्या विष कन्या होती हैं।
- मंगलवार, विशाखा नक्षत्र और द्वादशी तिथि—ये तीनों जिस दिन मिलें, उस दिन जन्मी कन्या विष कन्या होती हैं।
- यदि पंचम भाव में धन अथवा मीन राशि हो तथा गुरु पंचम भाव में स्थित हो अथवा पंचम भाव पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो, तो ऐसे योग वाली स्त्री को उपाय से सन्तान होती है।

माला योग

- यदि कुं. में बुध, गुरु और शुक्र ४, ७, १०वें स्थानों में स्थित हों, और शेष ग्रह इनमें भिन्न भावों में पड़ें हों, तो माला योग होता है। इस योग के होने से जातक धनवान् वस्त्राभूषणों से युक्त, एक से अधिक स्त्रियों से प्रेम सम्बन्ध रखने वाला, एवं उच्च अधिकारी होता है। चुनाव, कम्पीटीशन आदि में प्राय: सफल रहता है।

शकट योग

- जन्म कुण्डली में यदि लग्न और सप्तम भाव में समस्त ग्रह पड़े हों तो शकट योग होता है। इस योग वाला व्यक्ति स्वार्थी, चतुर, रोगी, दुष्ट, अल्प-विद्या, ड्राईवरी एवं संचालनादि कार्यों में सफल होता है। धन की उसे प्राय: कमी रहती है। बन्धुओं का सुख भी नहीं होता।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ प्रसूति लग्नादि का विचार

मेष—बालक के जन्म समय मेष लग्न हो तो घर के पूर्व की ओर प्रसूतिका की शय्या, दो उपसूतिकाएँ अथवा लग्न व चन्द्रमा के मध्य में जितने ग्रह हों उतनी उपसूतिका की संख्या जानें, मुख की कांति लाल वर्ण की, माता का मुख पूर्व की ओर, बालक की प्रकृति पित्तकारक, चंचल एवं साहसी होगी। माता के वस्त्र लाल वर्ण के तथा उसने पहले मीठा भोजन किया हो। जन्म के बाद बालक दीर्घ शब्द से रोया हो। मकान पुराना होगा। आयु के २, ४, ११, १६, २९वें साल विशेष कष्ट रहे।

वृष—बालक के जन्म समय वृष लग्न हो, तो बालक गौरपूर्ण सुन्दर रूप, द्वार एवं माता का शिर दक्षिण की ओर, रक्त-पित्त प्रकृति, माता ने श्वेत वस्त्र और चाँदी के आभूषण पहने हों, पहले शाकादि का भोजन किया हो। पाँव से प्रसवोत्पन्न, ३ या ४ उपसूतिकाएँ हों। आयु के १, १३, १८, ३३, ४३, ५८वें वर्ष में विशेष कष्ट हो।

मिथुन—बालक का चंचल स्वभाव, वात-श्लेष्म (वायु बलगम) प्रकृति, उपसूतिकाएँ (स्त्रियाँ) ३ या ५, माता का मुख पश्चिम की ओर, स्तनों में दूध कम उतरा हो, माता ने पहले नमकीन विचित्र (मिश्रित) भोजन किया हो, वस्त्र हरा पुराना, गृह का द्वार पश्चिम की ओर हो, शिराभिमुख प्रसव हुआ हो, बालक ने दीर्घ स्वर में रूदन किया हो। आयु के २, ४, १०, १३, ३८, ४८वें साल कष्ट रहे।

कर्क—गौर वर्ण, कोमल पर पुष्ट शरीर, चंचल नेत्र, वात-श्लेष्म प्रकृति, कद लम्बा व गोल, सुन्दर मुख, माता का मुख उत्तर की ओर, प्रसव से पूर्व माता ने मीठा-शीतल थोड़ा भोजन किया हो, तथा पुराने वस्त्र पहिने हो, माता के दाहिने अंग पर लहसन का निशान हो, प्रसव से पूर्व माता ने श्वेत व गुलाबी वस्त्र व चाँदी के आभूषण पहिने हों। प्रसवोपरान्त बालक कुछ देर से रोया हो। वह जलीय (liquids) का शौकीन हो। आयु के १, ५, २५, ३९, ४८, ६२वें वर्ष कष्ट।

सिंह—जन्म समय सिंह लग्न हो, तो माता का मुख पूर्व किन्तु गृहद्वार दक्षिण की ओर, उसने रक्त वस्त्र एवं सुवर्ण आभूषण पहने हों, प्रसव पूर्व उसने खट्टा व कसैला भोजन किया हो। जन्म समय ३ या ५ स्त्रियाँ, नया मकान, बालक की पीठ पर चिन्ह हो और वह दीर्घ स्वर में रोया हो। आयु के ३, ५, १२, २८, ३६, ४९वें वर्ष कष्ट रहे।

कन्या—इस लग्न का स्वामी बुध है। जन्म समय बालक के सुन्दर नेत्र, गौर वर्ण, अल्प बाल, गोल चेहरा, सौम्य पांव, चंचल वृत्ति, कण्ठ व जंघा में चिह्न हो। माता का मुख दक्षिण की ओर, स्त्रियां ४ या ५, माता लाल एवं प्राचीन वस्त्र, कसैला सहित भोजन, पिता घर से बाहर, बालक अल्प शब्द से रोया हो। आयु के २, ४, १५, २३, २५, ३५, ४५, ५६वें वर्ष विशेष कष्ट रहे।

तुला—गौरवर्ण, कुछ लम्बा चेहरा, काले नेत्र, बड़ी नाक, थोड़े बाल, चंचल, तीक्ष्ण बुद्धि, दुबला कृश शरीर, माता का मुख पश्चिम की ओर, कषाय भोजन किया हो तथा पुराने वस्त्र धारण किए हों, बालक-बालिका दीर्घ शब्द में रोए। आयु के ३, ६, ८, १५, २७, ३१वें वर्ष विशेष कष्ट हो।

वृश्चिक—ऊँचा मस्तक, सौम्य प्रकृति, पुष्ट शरीर, ताम्रवर्ण भूरे नेत्र, शीर्षोदय, तेज स्वभाव, केश लम्बे, स्त्रियाँ २ या ३, गृह का द्वार उत्तर की ओर, बालक की पीठ पर चिन्ह, माता ने लाल वस्त्र पहनें हों, बालक देर से रोया हो। आयु के २,६,११,२७,५८वें वर्ष विशेष कष्ट हो।

धनु—रंग गोरा, ऊँचा मस्तक, बड़े नेत्र, माता का मुख पूर्व की ओर, पीले वस्त्र सहित चित्रित वस्त्र एवं पकवान भोजन किया हो, बालक की छाती पर चिन्ह, माता का मुख उत्तर-पूर्व की ओर होगा तथा जन्म समय १ या ५ स्त्रियां, बालक दीर्घ शब्द से रोया हो। वर्ष के १, ३, १०, १८, २१, ३७, ४२वें वर्ष विशेष कष्टकारी होंगे।

मकर—जन्म समय कृश शरीर, पिंगल वर्ण, बहुत केश, ऊँचा मस्तक एवं ऊँची नाक, वात-विकार, माता का सिर दक्षिण की ओर, पुराना काला, नीला वस्त्र धारण किया हो, कसैला भोजन व शीतल जल पिया हो, स्त्रियां ३ या ४ हों, सूतिका गृह प्राचीन एवं गृह द्वार उत्तर की ओर, जन्म के बाद बालक ने थोड़ा रोया हो। आयु के ३, ५, १३, २७, ३३, ५७वें वर्ष में विशेष कष्ट रहें। जातक पर शनि का विशेष प्रभाव रहे।

कुम्भ—जन्म समय कुम्भ लग्न हो, तो बालक-बालिका का चौड़ा मस्तक, कुछ मोटे होंठ, वात-पित्त प्रकृति, श्वेत-श्याम वर्ण, धूम्रवर्ण वस्त्र, मध्यम केश, माता का मुख पश्चिम की ओर, ३ या ५ स्त्रियाँ, शाकादि का भोजन किया हो, माता को शरीर कष्ट, पिता घर में न हो तथा बालक-बालिका ने थोड़ा रूदन किया हो। आयु के २, ४, १३, २८, ३३, ४२, ४८, ५४वें वर्ष विशेष कष्ट हो। बालक पर शनि ग्रह का विशेष प्रभाव रहेगा।

मीन—बालक जन्म समय सुन्दर सौम्य एवं पीत (पिंगल) वर्ण, वात-श्लेष्म कफ प्रकृति, माता पीले वर्ण सहित मिश्रित वर्ण के वस्त्र धारण किए हुए मिष्ठान्न सहित अल्प भोजन किए, उस का मुख उत्तर की ओर, जन्म समय २ या ३ स्त्रियां हों, बालक जन्म से कुछ देरी के बाद रोया हो। आयु के १, ७, १०, १३, १६, २६, २९, ३८, ४१वें वर्ष विशेष कष्ट रहे।

ग्रह व राशियों के तत्त्वों पर से शारीरिक स्थिति

जन्म समय जिस प्रकार की उदित लग्न राशि और ग्रह के तत्त्व होंगे, जातक की शरीर संरचना भी वैसी ही होगी। शरीर की स्थिति के सम्बन्ध में विचार करने के लिए ग्रह और राशियों के तत्त्व नीचे लिखे जाते हैं—

ग्रह	शुष्कादि	तत्त्व	कद
सूर्य	शुष्क ग्रह	अग्नि	मध्यम
चन्द्र	जल ग्रह	जल	दीर्घ
मंगल	शुष्क ग्रह	अग्नि	ह्रस्व
बुध	जलीय	पृथ्वी	मध्यम
गुरु	जलीय	आकाश या तेज	मध्यम या ह्रस्व
शुक्र	जलीय	जल तत्त्व	ह्रस्व
शनि	शुष्क	वायु तत्त्व	दीर्घ
राहु	शुष्क	वायु	दीर्घ
केतु	शुष्क	वायु	मध्यम

राशि तत्त्व

मेष	अग्नि	ह्रस्व
वृष	पृथ्वी	ह्रस्व
मिथुन	वायु	मध्यम
कर्क	जल	मध्यम
सिंह	अग्नि	दीर्घ
कन्या	पृथ्वी	दीर्घ
तुला	वायु	दीर्घ
वृश्चिक	जल	दीर्घ
धन	अग्नि	मध्यम
मकर	पृथ्वी	मध्यम
कुम्भ	वायु	ह्रस्व
मीन	जल	ह्रस्व

(१) जन्म लग्न में जल राशि हो एवं उसमें जल तत्त्व ग्रह की स्थिति हो, तो जातक का शरीर मोटा एवं पुष्ट होगा।

(२) लग्न एवं लग्नाधिपति ग्रह जलराशिगत हो, तो भी शरीर स्थूल एवं पुष्ट होगा।

(३) यदि जन्म लग्न अग्नि राशि का हो और अग्नि तत्त्व के ग्रह उसमें स्थित हों, तो मनुष्य शक्तिशाली एवं बली होता है, पर शरीर देखने में दुबला लगेगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(४) पृथ्वी राशि का लग्न हो और उसका राशि स्वामी ग्रह जल राशि में हो तो शरीर साधारणतया स्थूल होता है।

(५) पृथ्वी राशि लग्न हो और लग्नपति ग्रह पृथ्वी राशि में हो, तो शरीर स्थूल और दृढ़ होता है।

(६) यदि लग्न राशि पृथ्वी तत्त्व की हो और उसमें पृथ्वी तत्त्व का ही ग्रह पड़ा हो, तो जातक नाटे (छोटे) कद वाला होता है।

(७) यदि लग्न वायु तत्त्व राशि वाला हो और उसमें वायु तत्त्व के ग्रह हों, तो जातक दुबला, परन्तु तीक्ष्ण बुद्धि वाला होगा।

(८) यदि लग्न अग्नि या वायु तत्त्व की राशि वाला हो और लग्नाधिपति जल राशिगत हो तो शरीर स्थूल होगा।

(९) यदि लग्न में अग्नि या वायु तत्त्व की राशि हो और लग्नेश ग्रह पृथ्वी राशिगत हो, तो हड्डियाँ साधारणतया मज़बूत और शरीर पुष्ट होगा।

इसके साथ ही लग्न की राशि ह्रस्व, दीर्घ या सम (मध्यम), जिस प्रकार की हो, उसी के अनुसार जातक के शरीर की ऊँचाई समझनी चाहिए।

इसी भान्ति लग्न राशि और लग्नेश ग्रह के अनुसार जातक के रूप-रंग का निर्णय करना चाहिए।

राशियों द्वारा वर्ण ज्ञान

मेष लग्न में लाल मिश्रित, **वृष** में पीला मिश्रित श्वेत, **मिथुन** में विविध मिश्रित श्वेत, **कर्क** में नीला मिश्रित सफेद, **सिंह** में गन्दमी, **कन्या** में श्याम मिश्रित सफेद, **तुला** में तालिका युक्त सफेद, **वृश्चिक** में लालिमा युक्त सफेद, **धनु** में पीत वर्ण युक्त सफेद, **मकर** में चितकबरा सफेद, **कुम्भ** में आकाश सदृश नीला, **मीन** में पीत युक्त गौर वर्ण। इस भान्ति लग्न राशि और लग्नेश के स्वरूप के अनुसार जातक के रूप-रंग का निश्चय करना चाहिए। इसके अतिरिक्त लग्न पर ग्रहों की दृष्टियों का भी प्रभाव रहता है।

ग्रहों के अनुसार वर्ण (रूप-रंग) विचार

सूर्य से रक्त-श्याम (गन्दमी) **चन्द्र** से गौरवर्ण, **मंगल** से लाल वर्ण, **बुध** से दूर्वादल के समान श्यामल, **गुरु** सुवर्ण (बादामी), **शुक्र** से (नीलिमा युक्त) सफेद, **शनि** से श्यामवर्ण, **राहु** से कृष्ण एवं **केतु** से **धूम्र वर्ण** जानना चाहिए। **बुध-शुक्र** एक साथ हों तो गौरववर्ण न होते हुए भी सुन्दर आकृति होती है। **लग्न** एवं लग्नेश पर पाप ग्रह की दृष्टि होने से जातक के सौन्दर्य में कमी आती है।

शरीर के अंगों पर व्रण, तिलादि का विचार—जिस अंग का विचार करना हो, उस अंग की राशि जिस प्रकार की ह्रस्व या दीर्घ हो तथा उस राशि में रहने वाला जैसा ग्रह होगा, उस अंग की वैसी ही स्थिति (ह्रस्व या दीर्घ) होगी।

द्वादश भावों में अंग ज्ञान—ज्योतिष शास्त्र में **लग्न भाव** में स्थित राशि से सिर, **दूसरे भाव** की राशि को मुख, **तीसरे भाव** से वक्षस्थल और फेफड़े, **चौथे भाव** की राशि से हृदय और छाती, **पंचम** स्थान से कुक्षि और पीठ, **छठे भाव** से कमर और आंते, **सप्तम** स्थान से नाभि और गुप्तांग के बीच का स्थान, **अष्टम** स्थान से गुप्तांग, **नवम्** भाव से ऊरू और जंघा, **दशम्** स्थान से टेहुना, **एकादश** स्थान की राशि से पिण्डलियाँ, **द्वादश** स्थान से पाँव का विचार करना चाहिए।

राशि के अनुसार अंगों का विचार—(१) **मेष राशि** से मुख, मस्तिष्क। (२) **वृष** से नेत्र, जिह्वा, कण्ठ, भुजाएँ। (३) **मिथुन** राशि से हाथ, कन्धे, हृदय। (४) **कर्क** से पेट, (५) **सिंह** राशि से कमर, पीठ, मेरूदण्ड। (६) **कन्या** राशि से नाभि, पेट। (७) **तुला** राशि से नाभि के नीचे, गुर्दे, मूत्राश्य। (8) **वृश्चिक** से मूत्रेन्द्रिय, जननेन्द्रिय, गुदा आदि। (9) **धनु** से जंघाएँ, नितम्ब। (10) **मकर** राशि से दोनों घुटने। (11) **कुम्भ** से दोनों पिंडलियां। (12) **मीन** राशि से दोनों पाँवों का विचार किया जाता है।

काल पुरुष में राशि ज्ञान

काल पुरुष एक काल्पनिक विराट् समय को पुरुष माना गया है, जिसमें द्वादश राशियों की कल्पना की गई है।

कालपुरुष के शिर में मेष राशि मुख में वृष, वक्षस्थल में मिथुन, हृदय में कर्क, उदर में सिंह, कटि में कन्या इत्यादि काल पुरुष



के शरीर की राशि जानें। जिस लग्न में बालक जन्मे वह शिर जानना अन्य सब राशि क्रम से अंग होते हैं।

ग्रहों के अनुसार अंगों पर चिन्ह विचार

जिस भाव एवं राशि पर पाप ग्रह हों, उसमें व्रण (घाव) आदि और जिसमें शुभ ग्रह हों, उस स्थान पर चिन्ह कहना चाहिए। यदि ग्रह अपनी राशि या अपने नवांश में हो, तो, व्रण या चिन्ह जन्म (गर्भ) से ही समझना चाहिए। अन्यथा ग्रह की अपनी दशा के समय व्रण या चिन्ह प्रकट होते हैं।

यदि किसी जातक के जन्म लग्न में मंगल और सप्तम भाव में गुरु या शुक्र हो, तो उसके सिर में व्रण (दाग) होता है।

जन्म लग्न में **मंगल-शुक्र** और चन्द्रमा हों तो जातक को जन्म से दूसरे या छठे वर्ष सिर में चोट लगने से घाव होता है। जन्म लग्न में शुक्र और आठवें स्थान में राहु हो, तो मस्तक या बाएँ कान में चिन्ह होगा। यदि लग्न में गुरु, सप्तम में राहु और आठवें स्थान में पाप ग्रह हों, तो जातक के बाएँ हाथ में चिन्ह होता है अथवा लग्न में गुरु या शुक्र हो और अष्टम में पाप ग्रह हों, तो भी बाएँ हाथ पर चिन्ह होगा।

पाँचवें या नवें (८, ९) शनि हो और उस पर शुक्र की दृष्टि हो, तो मूत्रेन्द्रिय या गुदा के समीप तिल होता है। पांचवें या नवम् भाव में शुक्र और बुध हों, अष्टम में गुरु और लग्न या चतुर्थ भाव में शनि हो, तो पेट पर चिन्ह होता है। **चतुर्थ स्थान** में राहु या शुक्र दोनों में से एक ग्रह स्थित हो और लग्न में शनि या मंगल स्थित हो, तो पाँव के तलवे में चिन्ह होता है। दूसरे भाव में शुक्र, **आठवें भाव** में सूर्य और तीसरे में मंगल हो तो जातक की कमर के आस-पास चिन्ह होता है। १२वें भाव में गुरु, नौवे भाव में चन्द्रमा और तीसरे या ११वें में बुध हो, तो गुदा स्थान में चिन्ह होता है।

जातक के शरीर में तिल, मस्सा, चिन्ह आदि का विचार लग्न राशि, लग्न स्थित द्रेष्काण राशि एवं शीर्षोदय राशि आदि के द्वारा भी किया जाता है।

पितृ-परोक्ष ज्ञान

बालक के जन्म समय पिता घर में था या नहीं ? जन्मकुण्डली में यदि लग्न को चन्द्रमा न देखता हो तो बालक के जन्म समय उसका पिता घर में नहीं था, यदि सूर्य जन्म लग्न से अष्टम, नवम, एकादश तथा द्वादश स्थान में चर राशि का होकर पड़ा हो और चन्द्रमा लग्न को न देखता हो तो पिता बालक के जन्म समय दूसरे देश में था। इन्हीं उपरोक्त स्थानों में सूर्य स्थित राशि का हो तो पिता घर में नहीं था, परन्तु देश ही में है। इसी प्रकार सूर्य के द्विस्वभाव में होने पर मार्ग में कहे, परन्तु इन सब योगों में लग्न को चन्द्रमा न देखता हो तो ऐसा होगा।

माता पिता को अरिष्ट योग

पिता के लिये सूर्य तथा दशम् स्थान से और माता के लिये चन्द्रमा तथा चतुर्थ स्थान से विचार करना चाहिये। यदि बालक की जन्मकुण्डली में सूर्य के साथ अथवा दशम् स्थान में पाप ग्रह बैठे हों या देखते हों या सूर्य पाप ग्रहों के बीच में पड़ा हो तो बालक के जन्म समय पिता को कष्ट जानना चाहिये। यदि सूर्य से ४/ ६ /८ स्थान में पाप ग्रह हों, शुभ कोई भी न हो तो भी पिता को कष्ट जानें।

इसी प्रकार चन्द्रमा तथा चतुर्थ भाव से माता का विचार करें। चन्द्रमा के साथ २। १२ स्थान में व ४। ६। ८ स्थान में क्रूर ग्रह हों, शुभ न हों तो माता को कष्ट जाने।

पंचाँग-परिवर्तन करना

जालन्धर से अतिरिक्त नगर की जन्मपत्री निर्माण हेतु पंचांग परिवर्तन आवश्यक है। इस प्रक्रिया द्वारा आप भारत के किसी भी नगर का सू. उ. ज्ञात करके जालन्धर के सू.उ. से अन्तर

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

पंचाँग-परिवर्तन करना

'पंचांगदिवाकर' में जहाँ तिथि, नक्षत्र, योगादि का समाप्ति काल तथा ग्रहों की वक्री-मार्गी तथा राशि चार्ट भा. स्टै. टा. में दिए गए हैं, उन (समयों) में भारत के किसी अन्य स्थल के लिए कोई संस्कार करने की आवश्यकता नहीं है तथा विश्व के किसी अन्य नगर के लिए तिथि, नक्षत्रादि का समाप्ति काल जानने हेतु भा. स्टै. टा. से उस देश का स्टै. अन्तर जमा या घटा कर प्राप्त कर सकते हैं। परन्तु **पंचांगदिवाकर** में तिथ्यादि के समाप्ति काल घड़ी पलों में दिए हुए हैं, क्योंकि यह घड़ी पल जालन्धर के स्पष्ट सूर्योदय काल से हैं, इसलिए अन्य नगर के लिए तिथि, नक्षत्र, योग, चन्द्र राशि प्रवेश आदि हेतु पंचांग परिवर्तन आवश्यक है। यह ध्यान रहे कि भारतीय ज्योतिष में वार (रविवार, सोमवार) का प्रारम्भ तथा तिथि, नक्षत्र आदि का घड़ी पलों में समाप्तिकाल सूर्योदय के समय से ही माना जाता है।

भारत के किसी भी अन्य नगर का पंचांग अर्थात् तिथि, नक्षत्र, योग, चन्द्र-सूर्यादि संचार घटी पलों में प्राप्त करना हो तो आप इसी पंचांग में आगामी पृष्ठों से अपने अभीष्ट नगर का अक्षांश, रेखांशादि ज्ञात करके मध्यम सूर्योदयास्त सारिणी से सू. उ. ज्ञात कर लें। आपके अभीष्ट नगर के सू. उ. का जालन्धर के सूर्योदय से जितना अन्तर होगा, उसके घड़ी पल बनाकर $2\frac{1}{2}$ गुणा करके) ऋण (घटावे) या जमा (धन) करे। यदि अभीष्ट नगर जालन्धर से पूर्व अर्थात् जहाँ का सूर्योदय जालन्धर से पूर्व (पहले) होगा, वहाँ सूर्योदय अन्तर (कालान्तर) के घड़ी पल बनाकर पंचांगदिवाकर में तिथ्यादि के घड़ी-पलों में जमा करें तथा यदि अभीष्ट नगर जालन्धर से पश्चिम में स्थित होगा अर्थात् जहाँ का सूर्योदय जालन्धर के सू. उ. से बाद होगा, वहाँ कालान्तर के घड़ी पल बनाकर तिथ्यादि के घड़ी-पल में से घटावें।

उदाहरण—मान लीजिए 8 अप्रै., 2007 ई. को दिल्ली का पंचांग बनाना है, तो दिल्ली का अक्षांश, स्टै. अन्तर प्राप्त कर मध्यम सूर्योदय सारिणी से 6/08 सू.उ. प्राप्त (घण्टा मिनट वाले पृष्ठों से दिल्ली का तैयार दैनिक सू. उ. देख सकते हैं) हुआ जोकि जालन्धर के सू. उ. (6/12) से 4 मिनट पूर्व (पहले) है। अत: घड़ी पलों में तिथि, नक्षत्रादि दिल्ली के प्राप्त करने के लिए हमें जालन्धर के तिथि, नक्षत्र आदि में 4 मिनट के घटी पल 10 पल जमा करने होंगे। (ढाई गुणा करके)। **ध्यान रहे,** सूर्योदय अन्तर नगरों में सदैव एक समान नहीं रहता। इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि भारतीय ज्योतिष अनुसार जन्मपत्री निर्माण के समय जन्मपत्री में उसी तिथि, नक्षत्रादि के घड़ी पल लिखे जाते हैं जो जातक के जन्म वार के दिन स्थानीय सू. उ. के समय वर्तमान हो। चाहे वह तिथि, नक्षत्र जातक के जन्म से पूर्व ही समाप्त क्यों न हो जाए। कई बार पंचांग परिवर्तन करते हुए तिथियों/नक्षत्रों के क्षय या वृद्धि में भी अन्तर पड़ सकता है।

8 अप्रैल, 2007 ई. को जालन्धर का पंचांग—**8 अप्रैल, 2007 ई. को दिल्ली का पंचांग**

	घटी पल		घटी पल
तिथि —	९/०८ (समाप्ति काल)	**तिथि** —	९/१८ (समाप्ति काल)
नक्षत्र —	३८/१३	**नक्षत्र** —	३८/२३
योग —	३/०५	**योग** —	३/१५

जालन्धर से अतिरिक्त नगर की जन्मपत्री निर्माण हेतु पंचांग परिवर्तन आवश्यक है। इस प्रक्रिया द्वारा आप भारत के किसी भी नगर का सू. उ. ज्ञात करके जालन्धर के सू.उ. से अन्तर जानकर पंचांग परिवर्तन कर सकते हैं। जबकि जहाँ तिथ्यादि, ग्रहों के वक्री-मार्गी का समय भा. स्टै. टा. में दिया गया है, वहाँ पंचांग परिवर्तन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। घण्टा मिनट वाले पृष्ठों पर सर्वत्र समय (तिथि, नक्षत्र, योग, चन्द्र संचार आदि का) भा. स्टै. टा. में दिया गया है, वहाँ पंचांग परिवर्तन करने की कोई आवश्यकता नहीं।

लग्न सारिणी द्वारा लग्न स्पष्ट करने की विधि

आगामी पृष्ठों पर विभिन्न अक्षांशों पर आधारित, निर्मित लग्न सारिणियां दी गई हैं। जिस नगर का लग्न स्पष्ट करना हो, सर्वप्रथम अपने अभीष्ट काल का सूर्योदयात् इष्टकाल घट्यादि में बना ले। इसके लिए उस स्थान का सही सूर्योदय का ज्ञान होना आवश्यक है। अपने नगर की शुद्ध एवं सूक्ष्म **सूर्योदय काल** जानने के लिए पंचांगदिवाकर के आगामी पृष्ठों में दी गई। **अक्षांश सारिणियों** का प्रयोग करना चाहिए। स्थानीय इष्टकाल बना लेने के पश्चात् अपने अभीष्ट काल का सूर्य स्पष्ट ग्रहण करें। सूर्यस्पष्ट जिस राशि के जितने अंश पर हो, लग्न सारिणी में उसी राशि के सामने तथा सूर्य स्पष्ट के अंशों के कोष्ठक के नीचे जितने घड़ी पल हो, उनमें अपने इष्ट के घड़ी पल जोड़ (जमा) देने से लग्न स्पष्ट जानने के लिए घड़ी पल होंगे। यह घड़ी पल लग्नसारिणी में जिस राशि के सामने और जितने अंश के नीचे होगा, वही राश्यादि पर लग्नस्पष्ट होगा।

उदाहरण—मान लीजिए, विक्रमी संवत् २०६४ मध्ये कांगड़ा (हि. प्र.) में वैशाख कृष्ण तृतीया प्रविष्टे २३ चैत्र, तदनुसार 5 अप्रै., २००७ ई. को दोपहर २ बजकर २४ मिनट पर उत्पन्न बालक का लग्न स्पष्ट करना है। इसका सूर्योदयात् ईष्ट २० घड़ी ३० पल बनेगा तथा ईष्टकालिक सूर्यस्पष्ट ११/२१°/१४'/१५'' होगा। कांगड़ा का अक्षांश ३२/०५ होने के कारण आगामी पृष्ठों पर दी गई उसके निकटवर्ती अक्षांश ३१/२० की लग्न सारिणी प्रयोग में लाई जा सकती है। लग्न सारिणी में सूर्य स्पष्ट की राशि अर्थात् मीन राशि के सामने और २१° अंश के नीचे कोष्ठक में हमें १/४१ घट्यादि प्राप्त हुए। इनको जन्म इष्ट के घटयादि २०/३० में जमा कर देने से कुल जोड़ २२/११ घट्यादि बनेगा। इस जोड़ को पुन: लग्न सारिणी में निकटवर्ती संख्या २२/११ कर्क (३) राशि के सामने और २७ अंश के नीचे प्राप्त हुई। यह संख्या हमारे कुल जोड़ २०/११ से केवल ४ पल अधिक है। अब अनुपातिक विधि द्वारा ४ पलों के कलादि निकाल लेने से हमें इष्टकालिक लग्न स्पष्ट पता चल जाएगा। **जैसे** यदि १२ पल के पीछे १ अंश अर्थात् ६० कला का अन्तर पड़ता है तो १ पल के पीछे ५ कला का अन्तर पड़ेगा। इसी प्रकार ४ पलों के पीछे २० कलाओं का अन्तर पड़ेगा। इस प्रकार उपरोक्त इष्टकाल पर (२०/३० घट्यादि) ३ गत राशि अर्थात् कर्क लग्न, २६ अंश, ४० कला पर लग्न स्पष्ट होगा। (लग्न स्पष्ट ३/२६°/४०'/००')। अधिक सूक्ष्मता के लिए हमारे कार्यालय से प्रकाशित पुस्तक **'ज्योतिष तत्त्व'** का अध्ययन करें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

उत्तर पलभा १५।०।।५० — लग्न सारणी लंदन (अक्षांश ५१।३०) — चरखण्ड १५१।१२०।५१

उपरोक्त लंदन सारिणी विदेशी नगरों जैसे—लंदन, बर्मिंघम, साऊथ हैम्पटन, आक्सफोर्ड, स्लोह तथा लंदन के आसपास नगरों के लग्न निकालने के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध होगी। ध्यान रहें, लग्न स्पष्ट करने के लिए लंदनादि नगरों का ही सूर्योदय एवं सूर्य स्पष्ट करना चाहिए।

अंश		०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९
० मेष	घ.	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	४	४	४	४	४
	प.	४६	५०	५५	५९	४	९	१४	१९	२४	२९	३५	४०	४६	५२	५८	३	९	१५	२१	२७	३२	३८	४४	५०	५७	२	८	१२	१८	२४
१ वृष	घ.	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६	६	६	७	७	७	७	७	७	७	७	८	८	८
	प.	३०	३५	४१	४७	५३	५९	५	११	२०	३०	३९	४८	५७	६	१५	२४	३३	४२	५१	००	०७	१५	२३	३२	४१	५०	५९	८	१७	२६
२ मिथुन	घ.	८	८	८	९	९	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१३	१३	१३	१३	१३	१४	१४
	प.	३५	४४	५३	०२	११	२०	३१	४२	५३	०२	१५	२८	४१	५४	०७	२०	३३	४६	५९	१२	२४	३७	५०	०३	१६	२९	४२	५५	०७	१९
३ कर्क	घ.	१४	१४	१४	१५	१५	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१७	१७	१७	१७	१८	१८	१८	१८	१९	१९	१९	१९	२०	२०	२०	२०	२०	२१
	प.	२९	४२	५५	०८	२०	३३	४६	५९	१३	२७	४१	५५	०९	२३	३७	५२	०७	२१	३५	५०	०४	१८	३२	४६	००	१३	२७	४१	५५	०९
४ सिंह	घ.	२१	२१	२१	२२	२२	२२	२२	२३	२३	२३	२३	२३	२४	२४	२४	२४	२५	२५	२५	२५	२६	२६	२६	२६	२७	२७	२७	२७	२७	२८
	प.	२३	३७	५२	०६	२०	३४	४८	०३	१७	३१	४५	५९	१३	२७	४१	५५	०९	२३	३७	५१	१८	१८	३२	४६	००	१४	२८	४२	५६	१०
५ कन्या	घ.	२८	२८	२८	२९	२९	२९	२९	३०	३०	३०	३०	३०	३१	३१	३१	३१	३२	३२	३२	३२	३३	३३	३३	३३	३४	३४	३४	३४	३४	३५
	प.	२४	३८	५२	०७	२१	३५	५०	०२	१६	३०	४५	५९	१३	२७	४२	५६	१०	२३	३७	५१	५	१९	३३	४७	०१	१५	२९	४३	५७	११
६ तुला	घ.	३५	३५	३५	३६	३६	३६	३६	३७	३७	३७	३७	३८	३८	३८	३८	३९	३९	३९	३९	३९	४०	४०	४०	४०	४०	४१	४१	४१	४१	४२
	प.	२५	३९	५३	०७	२२	३७	५१	०५	२०	३४	४८	०२	१६	३१	४५	००	१३	२७	४१	५५	९	२३	३७	४१	५५	०९	२३	३७	५१	०५
७ वृश्चिक	घ.	४२	४२	४२	४३	४३	४३	४३	४४	४४	४४	४४	४४	४४	४५	४५	४५	४५	४६	४६	४६	४६	४६	४७	४७	४७	४७	४७	४८	४८	४८	४८
	प.	३०	४४	५८	१२	२६	४१	५६	१०	२३	३५	४७	५८	१२	२६	३८	५०	०२	१६	२८	४२	५४	०६	१९	३१	४४	५६	०८	२०	३२	४४
८ धनु	घ.	४८	४९	४९	४९	४९	५०	५०	५०	५०	५०	५०	५१	५१	५१	५१	५१	५१	५१	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५३	५३	५३	५३	५३	५३
	प.	५९	११	२४	३७	४९	०२	१५	२७	३८	४७	५५	०४	१३	२२	३१	४०	४९	५८	०६	१५	२४	३३	४२	५१	००	०८	१७	२६	३५	४४
९ मकर	घ.	५३	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५७
	प.	५२	०१	१०	१९	२८	३७	४६	५५	००	०६	१२	१७	२३	२९	३४	४०	४६	५२	५८	०४	१०	१६	२२	२८	३४	३९	४५	५१	५७	०३
१० कुम्भ	घ.	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५९	५९	५९	५९	५९	५९
	प.	०८	१३	१९	२५	३०	३५	४१	४७	५२	५७	०१	०५	०९	१४	१९	२३	२८	३३	३७	४१	४५	५०	५५	००	०४	०८	१३	१७	२२	२७
११ मीन	घ.	५९	५९	५९	५९	५९	५९	५९	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	१	१	१
	प.	३१	३५	३९	४४	४८	५२	५७	०२	७	११	१५	२०	२४	२८	३३	३७	४१	४५	४९	५३	५८	०३	०८	१३	१८	२२	२७	३२	३७	४२

अक्षांश १९°

पलभा ४।७।५५

मुम्बई, कल्याण, पूना, औरंगाबाद, अहमदनगर, बस्तर, खण्डाला, भुवनेश्वर, पुरी, दादरा आदि नगरों के लिए

अंश		०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
० मेष	घ.	३	३	३	३	३	३	३	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६	६	६	६	७	७	७
	प.	६	१४	२१	२९	३७	४५	५३	१	१०	१९	२८	३६	४५	५४	३	१२	२१	३०	३८	४७	५६	५	१४	२३	३२	४१	४९	५८	७	१६	२५
१ वृष	घ.	७	७	७	७	८	८	८	८	८	८	८	९	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	११	१२	१२	१२
	प.	२५	३४	४३	५१	०	९	१८	२७	३७	४८	५८	८	१९	२९	३९	५०	००	१०	२०	३०	४१	५२	२	१२	२३	३३	४३	५४	४	१४	२५
२ मिथुन	घ.	१२	१२	१२	१२	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१४	१४	१४	२४	१४	१५	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१७	१७	१७	१७	१७
	प.	२५	३५	४५	५६	६	१६	२७	३७	४८	५९	१०	२२	३३	४४	५५	७	१८	२९	४०	५१	३	१४	२५	३६	४८	५८	१०	२१	३२	४३	५५
३ कर्क	घ.	१७	१८	१८	१८	१८	१८	१९	१९	१९	१९	१९	१९	२०	२०	२०	२०	२०	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२२	२२	२२	२२	२२	२३	२३	२३
	प.	५५	६	१७	२८	३९	५१	२	१३	२४	३५	४६	५७	८	१९	३०	४१	५२	४	१५	२६	३७	४८	५९	१०	२१	३२	४३	५४	५	१६	२७
४ सिंह	घ.	२३	२३	२३	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२६	२६	२६	२६	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२८	२८	२८	२८	२८
	प.	२७	३९	५०	१	१२	२३	३४	४५	५६	६	१७	२७	३८	४९	५९	१०	२१	३१	४२	५३	३	१४	२४	३५	४६	५६	६	१७	२८	३९	५०
५ कन्या	घ.	२८	२९	२९	२९	२९	२९	२९	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३१	३१	३१	३१	३१	३२	३२	३२	३२	३२	३२	३३	३३	३३	३३	३३	३३	३४
	प.	५०	०	११	२१	३२	४३	५३	४	१५	२५	३६	४६	५७	८	१८	२९	४०	५०	१	१२	२२	३३	४३	५४	५	१५	२६	३७	४७	५८	०९
६ तुला	घ.	३४	३४	३४	३४	३४	३५	३५	३५	३५	३५	३५	३६	३६	३६	३६	३६	३७	३७	३७	३७	३७	३७	३८	३८	३८	३८	३८	३९	३९	३९	३९
	प.	९	१९	३०	४०	५१	०२	१२	२३	३४	४५	४६	७	१८	२९	४०	५१	३	१४	२५	३६	४७	५८	९	२०	३१	४२	५३	४	१५	२६	३७
७ वृश्चिक	घ.	३९	३९	४०	४०	४०	४०	४०	४०	४१	४१	४१	४१	४१	४२	४२	४२	४२	४२	४२	४३	४३	४३	४३	४३	४४	४४	४४	४४	४४	४५	४५
	प.	३७	४९	००	११	२२	३३	४४	५५	६	१७	२९	४०	५१	२	१३	२५	३६	४७	५८	९	२२	३२	४२	५४	५	१६	२७	३९	५०	१	१३
८ धनु	घ.	४५	४५	४५	४५	४५	४६	४६	४६	४६	४६	४७	४७	४७	४७	४७	४७	४८	४८	४८	४८	४८	४८	४९	४९	४९	४९	४९	४९	५०	५०	५०
	प.	१३	२४	३५	४६	४७	९	२०	३१	४१	५२	२	१२	२३	३३	४२	५४	४	१४	२५	३५	४५	५६	६	१६	२६	३७	४७	५७	८	१८	२९
९ मकर	घ.	५०	५०	५०	५१	५१	५१	५१	५१	५१	५१	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५५
शनि मध्ये केतु का प्रत्यन्तर

ग्रह	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.
मास	0	2	0	1	0	1	1	2	1
दिन	23	6	19	3	23	29	23	3	26
घंटे	6	12	22	6	6	20	4	4	12
मिन्ट	36	0	48	0	36	24	48	12	36

शनि मध्ये शुक्र का प्रत्यन्तर

ग्रह	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.
मास	6	1	3	2	5	5	6	5	2
दिन	10	27	5	6	21	2	0	11	6
घंटे	0	0	0	12	0	0	12	12	12
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

शनि मध्ये सूर्य का प्रत्यन्तर

ग्रह	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.
मास	0	0	0	1	1	1	1	0	1
दिन	17	28	19	21	15	24	18	19	27
घंटे	2	12	22	7	14	3	10	22	0
मिन्ट	24	0	48	12	24	36	48	48	0

शनि मध्ये चंद्र का प्रत्यन्तर

ग्रह	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.
मास	1	1	2	2	3	2	1	3	0
दिन	17	3	25	16	0	20	3	5	28
घंटे	12	6	12	0	6	18	6	0	12
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

शनि मध्ये मंगल का प्रत्यन्तर

ग्रह	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.
मास	0	1	1	2	1	0	2	0	1
दिन	23	29	23	3	26	23	6	19	3
घंटे	6	20	4	4	12	6	12	22	6
मिन्ट	36	24	48	12	36	36	0	48	0

शनि मध्ये राहु का प्रत्यन्तर

ग्रह	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.
मास	5	4	5	4	1	5	1	2	1
दिन	3	16	12	25	29	21	21	25	29
घंटे	21	19	10	8	20	0	7	12	20
मिन्ट	36	12	48	24	24	0	12	0	24

शनि मध्ये गुरू का प्रत्यन्तर

ग्रह	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.
मास	4	4	4	1	5	1	2	1	4
दिन	1	24	9	23	2	15	16	23	16
घंटे	14	9	4	4	0	14	0	4	19
मिन्ट	24	36	48	48	0	24	0	48	12

बुध की अन्तर्दशाएँ (17 वर्ष)

ग्रह	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.
वर्ष	२	०	२	०	१	०	२	२	२
मास	४	११	१०	१०	५	११	६	३	८
दिन	२७	२७	०	६	०	२७	१८	६	९

बुध मध्ये बुध का प्रत्यन्तर

ग्रह	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.
मास	4	1	4	1	2	1	4	3	4
दिन	2	20	24	13	12	20	10	25	17
घंटे	19	13	12	8	6	13	1	14	6
मिन्ट	48	48	0	24	0	48	12	24	36

बुध मध्ये केतु का प्रत्यन्तर

ग्रह	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.
मास	0	1	0	0	0	1	1	5	1
दिन	20	29	17	29	20	23	17	26	20
घंटे	19	12	20	18	19	13	14	12	13
मिन्ट	48	0	24	0	48	12	24	36	48

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बुध मध्ये शुक्र का प्रत्यन्तर

ग्रह	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.
मास	5	1	2	1	5	4	5	4	1
दिन	20	21	25	29	3	16	11	24	29
घंटे	0	0	0	12	0	0	12	12	12
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

बुध मध्ये सूर्य का प्रत्यन्तर

ग्रह	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.
मास	0	0	0	1	1	1	1	0	1
दिन	15	25	17	15	10	18	13	17	21
घंटे	7	12	20	21	19	10	8	20	0
मिन्ट	12	0	24	36	12	48	24	24	0

बुध मध्ये चंद्र का प्रत्यन्तर

ग्रह	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.
मास	1	0	2	2	2	2	0	2	0
दिन	12	29	16	8	20	12	29	25	25
घंटे	12	18	12	0	18	6	18	0	12
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

बुध मध्ये मंगल का प्रत्यन्तर

ग्रह	मं.	रा.	गु.	श.	बु	के.	शु.	सू.	चं.
मास	0	1	1	1	1	0	1	0	0
दिन	20	23	17	26	20	20	29	17	29
घंटे	19	13	14	12	13	19	12	20	18
मिन्ट	48	12	24	36	48	48	0	24	0

बुध मध्ये राहु का प्रत्यन्तर

ग्रह	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.
मास	4	4	4	4	1	5	1	2	1
दिन	17	2	25	10	23	3	15	16	23
घंटे	16	9	8	01	13	0	21	12	13
मिन्ट	48	36	24	12	12	0	36	0	12

बुध मध्ये गुरू का प्रत्यन्तर

ग्रह	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं	रा.
मास	3	4	3	1	4	1	2	1	4
दिन	18	9	25	17	16	10	8	17	2
घंटे	19	4	14	14	0	19	0	14	9
मिन्ट	12	48	24	24	0	12	0	24	36

बुध मध्ये शनि का प्रत्यन्तर

ग्रह	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.
मास	5	4	1	5	1	2	1	4	4
दिन	3	17	26	11	18	20	26	25	9
घंटे	10	6	12	12	10	18	12	8	4
मिन्ट	12	36	36	0	48	0	24	36	48

केतु की अन्तर्दशाएँ (7 वर्ष)

ग्रह	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.
वर्ष	0	1	0	0	0	1	0	1	0
मास	4	2	4	7	4	0	11	1	11
दिन	27	0	6	0	27	18	6	9	27

केतु मध्ये केतु का प्रत्यन्तर

ग्रह	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.
मास	0	0	0	0	0	0	0	0	0
दिन	8	24	7	12	8	22	19	23	20
घंटे	13	12	8	6	13	1	14	6	19
मिन्ट	48	0	24	0	48	12	24	36	48

केतु मध्ये शुक्र का प्रत्यन्तर

ग्रह	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.
मास	2	0	1	0	2	1	2	1	0
दिन	10	21	5	24	3	26	6	29	24
घंटे	0	0	0	12	0	0	12	12	12
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

केतु मध्ये सूर्य का प्रत्यन्तर

ग्रह	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.
मास	0	0	0	0	0	0	0	0	0
दिन	6	10	7	18	16	19	17	7	21
घंटे	7	12	8	21	48	22	20	8	0
मिन्ट	12	0	24	36	0	48	24	24	0

केतु मध्ये चंद्र का प्रत्यन्तर

ग्रह	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.
मास	0	0	1	0	1	0	0	1	0
दिन	17	12	1	28	3	29	12	5	10
घंटे	12	6	12	0	6	18	6	0	12
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

केतु मध्ये मंगल का प्रत्यन्तर

ग्रह	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.
मास	0	0	0	0	0	0	0	0	0
दिन	8	22	19	23	20	8	24	7	12
घंटे	13	1	14	6	19	13	12	8	6
मिन्ट	48	12	24	36	48	48	0	24	0

केतु मध्ये राहु का प्रत्यन्तर

ग्रह	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.
मास	1	1	1	1	0	2	0	1	0
दिन	26	20	29	23	22	3	18	1	22
घंटे	16	9	20	13	1	0	21	12	1
मिन्ट	48	36	24	12	12	0	36	0	12

केतु मध्ये गुरु का प्रत्यन्तर

ग्रह	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.
मास	1	1	1	0	1	0	0	0	1
दिन	14	23	17	19	26	16	28	19	20
घंटे	19	4	14	14	0	19	0	14	9
मिन्ट	12	48	24	24	0	12	0	24	36

केतु मध्ये शनि का प्रत्यन्तर

ग्रह	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.
मास	2	1	0	2	0	1	0	1	1
दिन	3	6	23	6	19	3	23	29	23
घंटे	4	12	6	12	22	6	6	20	4
मिन्ट	12	36	36	0	48	0	36	24	48

केतु मध्ये बुध का प्रत्यन्तर

ग्रह	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु	श.
मास	1	0	1	0	0	0	1	1	1
दिन	20	20	29	17	29	20	23	17	26
घंटे	13	19	12	20	18	19	13	14	12
मिन्ट	48	48	0	24	0	48	12	24	36

शुक्र की अन्तर्दशाएँ (20 वर्ष)

ग्रह	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु	श.	बु.	के.
वर्ष	३	१	१	१	३	२	३	२	१
मास	४	०	८	२	०	८	२	१०	२
दिन	०	०	०	०	०	०	०	०	०

शुक्र मध्ये शुक्र का प्रत्यन्तर

ग्रह	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.
मास	6	2	3	2	6	5	6	5	2
दिन	20	0	10	10	0	10	10	20	10
घंटे	0	0	0	0	0	0	0	0	0
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

शुक्र मध्ये सूर्य का प्रत्यन्तर

ग्रह	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.
मास	0	1	0	1	1	1	1	0	2
दिन	18	0	21	24	18	27	21	21	0
घंटे	0	0	0	0	0	0	0	0	0
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

शुक्र मध्ये चंद्र का प्रत्यन्तर

ग्रह	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.
मास	1	1	3	2	3	2	1	3	1
दिन	20	5	0	20	5	25	5	10	0
घंटे	0	0	0	0	0	0	0	0	0

शुक्र मध्ये मंगल का प्रत्यन्तर

ग्रह	मं.	रा.	गु	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.
मास	0	2	1	2	1	0	2	0	1
दिन	24	3	26	6	29	24	10	21	5
घंटे	12	0	0	12	12	12	0	0	0
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

शुक्र मध्ये राहु का प्रत्यन्तर

ग्रह	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.
मास	5	4	5	5	2	6	1	3	2
दिन	12	24	21	3	3	0	24	0	3
घंटे	0	0	0	0	0	0	0	0	0
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

शुक्र मध्ये गुरु का प्रत्यन्तर

ग्रह	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.
मास	4	5	4	1	5	1	2	1	4
दिन	8	2	16	26	10	18	20	26	24
घंटे	0	0	0	0	0	0	0	26	0
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

शुक्र मध्ये शनि का प्रत्यन्तर

ग्रह	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.
मास	6	5	2	6	1	3	2	5	5
दिन	0	11	6	10	27	5	6	21	2
घंटे	12	12	12	0	0	0	12	0	0
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

शुक्र मध्ये बुध का प्रत्यन्तर

ग्रह	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.
मास	4	1	5	1	2	1	5	4	5
दिन	24	29	20	21	25	29	3	16	11
घंटे	12	12	0	0	0	12	0	0	12
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

शुक्र मध्ये केतु का प्रत्यन्तर

ग्रह	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.
मास	0	2	0	1	0	2	1	2	1
दिन	24	10	21	5	24	3	26	6	29
घंटे	12	0	0	0	12	0	0	12	12
मिन्ट	0	0	0	0	0	0	0	0	0

पण्डित देवी दयालु ज्योतिष संस्थान वालों की

श्री दशवर्षीय पंचाँग

(दैनिक ग्रह स्पष्ट सहित)

संवत् 2051 से संवत् 2060 तक

(सन् 1994 से 2003–04 ई. तक)

सम्पादकः पण्डित पन्ना लाल ज्योतिषी

हमारे ज्योतिष संस्थान से गत वर्ष से प्रकाशित 'अर्ध शताब्दी पंचाँग'-(सं. 2001 से सं. 2050 तक) को ज्योतिष के विद्वानों द्वारा हृदय से सराहा गया है, जिसके कारण प्रथम संस्करण हाथों हाथ बिका है। द्वितीय संशोधित संस्करण भी छप गया है। ज्योतिष विद्वानों के विशेष अनुरोध पर अब संवत् 2051 से 2060 तक वर्षों की दस वर्षीय पंचाँग भी आकर्षक बढ़िया जिल्द में छप कर तैयार हो चुकी है। आशा है, यह ज्योतिष संकलन ग्रन्थ भी 'अर्ध शताब्दी पंचाँग' की भान्ति ज्योतिष भाईयों के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा। मूल्य 160/-

मंगवाने का पता–

जनरल बुक डिपो (पब्लिशर्ज़)

अड्डा होशियारपुर, जालन्धर शहर

(पिन–144008)

फोन : (0181) 2457959 (Office)

ग्रहों की विंशोत्तरी दशाओं का वर्णन

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रहों की विंशोत्तरी दशाओं का वर्णन

फलित ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों द्वारा अपना शुभशुभ फल प्रदान करने का समय ज्ञात करने के लिए **भारतीय दशा-पद्धति** का विशेष महत्त्व है। सभी ग्रह अपनी दशा, अन्तर्दशा, प्रत्यन्तर दशा एवं सूक्ष्म दशाकाल में फल देते हैं। भारतीय आचार्यों ने ग्रहों की अनेक प्रकार की दशाओं एवं अन्तर्दशाओं आदि का वर्णन किया है, जैसे विंशोत्तरी दशा, योगिनी दशा, अष्टोतरी दशा, काल दशा इत्यादि मुख्य हैं। परन्तु उत्तरी भारत में सर्वाधिक महत्त्व एवं मान्यता महर्षि पाराशर द्वारा प्रतिपादित विंशोत्तरी महादशाऽन्तर दशा पद्धति को दी जाती है। तदनन्तर योगिनी दशा एवं तदुपरान्त अष्टोतरी दशा को मान्यता प्रदान की जाती है। आचार्य वराहमिहिरानुसार जातक को जिस ग्रह की दशाऽन्तरदशा होती है, उस ग्रहावधि में उस ग्रह की छाया जातक पर रहती है। अग्नि (तेज), पृथ्वी, जल, आकाश और वायु- इन पांचों में से जो महाभूत जिस ग्रह से सम्बन्धित होता है, वह ग्रह अपनी दशा और अन्तर्दशा में उस महाभूत की कांति को प्राणी के शरीर एवं उसकी चेष्टाओं से प्रकट करता है। जैसे सूर्य एवं मंगल की दशा में जातक रूपवान, तेजवान एवं कान्तियुक्त हो जाता है। यदि अशुभ हो, तो जातक में क्रोधाधिक्य, पित्त प्रकोप, नेत्र पीड़ा या रक्त विकार होते हैं। यदि जातक को मधुर-अम्लादि मृष्ट रसों के प्रति रूचि, संगीत, गायन, कल्पना, काम एवं भोगासक्ति की प्रबलता हो, तो जातक पर चन्द्र एवं शुक्र कृत जल की छाया जानें। जब जातक के शरीर से उत्तम सुगन्धि (बुध नीचादि अशुभ हो, तो दुर्गन्ध) आती हो, तो बुध कृत पृथ्वी की छाया जानें। जब जातक की प्रवृत्ति धर्म-कर्म एवं परोपकार की ओर बढ़े एवं भक्ति संगीत की ओर रूचि हो और वाणी में भी मधुरता एवं गाम्भीर्य हो तो, गुरु कृत आकाश तत्त्व सम्बन्धी छाया जाननी चाहिए। जो स्पर्श मे कोमल हो, या वायु सम्बन्धी प्रकोप हो, तो आकाश सम्बन्धी छाया जाननी चाहिए।

छाया शुभाशुभ फलानि निवेदयन्ती लक्ष्म्या मनुष्यपशु पक्षिषुलक्षणज्ञैः।
तेजो गुणान् बहिरपि प्रतिभासयन्ती, दीपप्रभा स्फटिकरत्न घटस्थितेव॥ बृहत्संहिता॥

''विंशोत्तरी दशा'' का मुख्य आधार **चन्द्र स्पष्ट** एवं उससे सम्बन्धित **नक्षत्र** होते हैं। किसी जातक के जन्म समय चन्द्रमा जिस नक्षत्र में होता है। उस नक्षत्र-चरण के अनुसार ही ग्रह दशा का निधारण किया जाता है। किसी व्यक्ति का जन्म जिस नक्षत्र में होगा, उसी नक्षत्र के स्वामी ग्रह से विंशोत्तरी दशा का प्रारम्भ माना जाता है। चन्द्र स्पष्ट तथा नक्षत्रों के भयात्-भभोग (सर्वक्षं) द्वारा जन्म दशा के भोग्य वर्षों को जानने की सरल विधियां **''ज्योतिष तत्त्व-गणित खण्ड में तथा इसी पंचाँग दिवाकर''** में पढ़ सकते हैं।

पाठकों की सुविधा के लिए चन्द्र संचार से ग्रहों की **भोग्य दशा** वर्षों का विवरण संक्षिप्त रूप से आगामी पृष्ठों पर कर रहे हैं। गणित सहित इसका विस्तृत विवरण **ज्योतिष तत्त्व (गणित खण्ड)** में लिख चुके हैं।

चन्द्र स्पष्ट से नक्षत्रों एवं ग्रहों के भोग्य वर्ष

क्रम	नक्षत्र	राशि अंश कला	से	रा. अं. क. तक	नक्षत्र स्वामी	दशा वर्ष
1.	अश्विनी	0 - 00 - 00	से	0 - 13 - 20 तक	केतु	7 वर्ष
2.	भरणी	0 - 13 - 20	से	0 - 26 - 40 तक	शुक्र	20 वर्ष
3.	कृतिका	0 - 26 - 40	से	1 - 10 - 00 तक	सूर्य	6 वर्ष
4.	रोहिणी	1 - 10 - 00	से	1 - 23 - 20 तक	चन्द्र	10 वर्ष
5.	मृगशिर	1 - 23 - 20	से	2 - 06 - 40 तक	मंगल	7 वर्ष
6.	आर्द्रा	2 - 06 - 40	से	2 - 20 - 00 तक	राहु	18 वर्ष
7.	पुनर्वसु	2 - 20 - 00	से	3 - 03 - 20 तक	गुरु	16 वर्ष
8.	पुष्य	3 - 03 - 20	से	3 - 16 - 40 तक	शनि	19 वर्ष
9.	आश्लेषा	3 - 16 - 40	से	4 - 00 - 00 तक	बुध	17 वर्ष
10.	मघा	4 - 00 - 00	से	4 - 13 - 20 तक	केतु	7 वर्ष
11.	पूर्वाफाल्गुनी	4 - 13 - 20	से	4 - 26 - 40 तक	शुक्र	20 वर्ष
12.	उत्तराफाल्गुनी	4 - 26 - 40	से	5 - 10 - 20 तक	सूर्य	20 वर्ष
13.	हस्त	5 - 10 - 00	से	5 -23 - 20 तक	चन्द्र	10 वर्ष
14.	चित्रा	5 - 23 - 20	से	6 - 06 - 40 तक	मंगल	7 वर्ष
15.	स्वाती	6 - 60 - 40	से	6 - 20 - 00 तक	राहु	18 वर्ष
16.	विशाखा	6 - 20 - 00	से	7 - 03 - 20 तक	गुरु	16 वर्ष
17.	अनुराधा	7 - 03 - 20	से	7 - 16 - 40 तक	शनि	19 वर्ष
18.	ज्येष्ठा	7 - 16 - 40	से	8 - 00 - 00 तक	बुध	17 वर्ष
19.	मूला	8 - 20 - 00	से	8 - 13 - 20 तक	केतु	7 वर्ष
20.	पूर्वाषाढ़ा	8 - 13 - 20	से	8 - 26 - 40 तक	शुक्र	20 वर्ष
21.	उत्तराषाढ़ा	8 - 26 - 40	से	9 - 10 - 00 तक	सूर्य	6वर्ष
22.	श्रवण	9 - 10 -00	से	9 - 23 - 20 तक	चन्द्र	10 वर्ष
23.	धनिष्ठा	9 - 23 - 20	से	10 -06 - 40 तक	मंगल	7 वर्ष
24.	शतभिषा	10 -06 - 40	से	10 - 20 - 00 तक	राहु	18 वर्ष
25.	पूर्वाभाद्रपद	10 - 20 - 00	से	11- 03 - 20 तक	गुरु	16 वर्ष
26.	उत्तराभाद्रपद	11-03-20	से	11-16- 40 तक	शनि	19 वर्ष
27.	रेवती	11 - 16- 40	से	0 - 00 - 00 तक	बुध	17 वर्ष

प्रत्येक ग्रह के अन्तर्गत तीन- तीन नक्षत्रों का समावेश होता है। जो ग्रह जिन-जिन नक्षत्रों का स्वामी होता है। तदनुसार ही नक्षत्र के दशा वर्षों का निर्धारण होता है। **जैसे**— कृतिका, उत्तराफाल्गुनी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

एवं उत्तराषाढ़ा नक्षत्रों का स्वामी **सूर्य ग्रह** होने से, कृतिका आदि प्रत्येक नक्षत्र की दशा का मान सूर्य प्रदत्त छः (6) वर्ष होंगे। आगे लिखी तालिका से स्पष्ट होगा—

जन्म नक्षत्र (Birth Nakshatra)	(क्रम)	नक्षत्र स्वामी ग्रह (Lord of Nakshatra)	भोग्य दशा वर्ष Duration of Period)
कृतिका, उ. फाल्गुनी, उ. षा.	1	सूर्य	6 वर्ष
रोहिणी, हस्त, श्रवण	2.	चन्द्र	10 वर्ष
मृगशिर, चित्रा, धनिष्ठा	3.	मंगल	7 वर्ष
आर्द्रा, स्वाती, शतभिषा	4.	राहु	18 वर्ष
पुनर्वसु, विशाखा, पूर्वाभाद्रपद	5.	गुरु	16 वर्ष
पुष्य, अनुराधा, उत्तराभाद्रपद	6.	शनि	19 वर्ष
अश्लेषा, ज्येष्ठा, रेवती	7.	बुध	17 वर्ष
मघा, मूला, अश्विनी	8.	केतु	7 वर्ष
पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा, भरणी	9.	शुक्र	20 वर्ष

विंशोत्तरी दशा पद्धति में ग्रहों की दशा का क्रम उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए अनुक्रम के अनुसार ही किया जाता है, यथा—सूर्य, चन्द्र, मंगल, राहु, गुरु, शनि, बुध, केतु, शुक्र। इसको कण्ठस्थ करने के लिए (आ चं भौ रा जी शबु केशु) का सूत्र याद कर सकते हैं, जैसे आ से तात्पर्य सूर्य, च से चन्द्र, भौ को भौम (मंगल), रा को राहु, जी को जीव (गुरु) समझें इत्यादि जन्म समय किसी ग्रह को भुक्त-भोग्य दशा ज्ञात करने के लिए चन्द्र स्पष्ट पद्धति एवं नक्षत्र के भयात्-भभोग की प्रक्रिया ग्रहण कीजाती है। दोनों प्रकार की प्रणालियों का सरल विवरण उदाहरण सहित हमारी पँचाग दिवाकर या ज्योतिष तत्त्व (गणित खण्ड) में देख सकते हैं।

ग्रहों की अन्तर्दशा जानने की विधि

ग्रहों की अन्तर्दशा के भोग्य वर्ष, मास आदि जानने के लिए महादशा ग्रह के वर्षों को अन्तर्दशा ग्रह के वर्षों से गुणा करके जो संख्या मिले,उसे 120 से भाग देने पर अन्तर्दशा के **भोग्य वर्ष,** फिर शेष को 12 से गुणा करके पुनः 120 से भाग देने पर तथा शेष 30 से गुणा करके पुनः 120 से भाग देने पर हमें अर्न्तदशा के भोग्य दिन आदि प्राप्त होंगे। **उदाहरणस्वरूप—** यदि हमें शनि की महादशा में शुक्र की अन्तर्दशा के भोग्य वर्षादि जानने हैं, तो शनि की महादशा के 19 वर्ष को शुक्र दशा के 20 वर्ष से गुणा करने पर हमें 380 की संख्या मिली, इसको 120 से भाग देने पर 3 वर्ष तथा शेष 20 को 12 से गुणा करके प्राप्त संख्या 240 को पुनः 120 से भाग देने पर हमें 2 मास प्राप्त हुए। इस प्रकार शनि महादशा के मध्य शुक्रान्तर भोग्यदशा 3 वर्ष, 2 महीने होगी। इसी प्रकार अन्य सभी ग्रहों की अन्तर्दशाएं जान सकते हैं। सूर्यादि सभी ग्रहों की अन्तर्दशाओं के भोग्य वर्ष, मासादि के चक्र आप इसी में तथा **पंचाँगदिवाकर** में अवलोकन कर सकते हैं।

ग्रहों की विंशोत्तरी महादशा के फलादेश के सम्बन्ध में उपरोक्त 'ज्योतिष तत्त्व' (गणित खण्ड) पृष्ठ 210 से पृष्ठ 213 तक का अध्ययन कर सकते हैं। सम्पादक

दशाऽन्तर्दशा के फलादेश सम्बनधी विशेष नियम

(1) जो ग्रह उच्च राशिस्थ, मित्र राशि या वर्गोत्तम में हो या स्वराशि का होकर केन्द्र या त्रिकोण (१,४, ५, ७, ९, १०) में स्थित हो, वह अपनी दशा या अन्तर्दशा काल में कार्यों में लाभ व उन्नति, आरोग्य सुख, अभीष्ट कार्यों में सफलता, भाग्योन्नति आदि सुख प्रदान करवाता है।

(2) जो ग्रह नीच राशि, शत्रु राशि, वक्री ग्रह एवं अस्तंगत हो, उसकी दशाऽन्तर्दशा में बनते कामों में अड़चनें, धन हानि, रोग एवं शत्रु भय, अपव्यय आदि अशुभ फल होते हैं। इसी भान्ति वक्री ग्रह की दशा में स्थान परिवर्तन, धन हानि एवं सुख में कमी होती है।

(3) पाप ग्रह की महादशा में अशुभ भावस्थ पाप ग्रह की अन्तर्दशा में स्वास्थ्य हानि, शत्रु भय, धन का नुकसान, बन्धुओं से वैर,कलह-क्लेश, अड़चनें, मानसिक व शारीरिक कष्ट होते हैं।

(4) जिस ग्रह की महादशा हो, उससे छटे या आठवें या 12वें स्थान में स्थित ग्रहों की अन्तर्दशा हो, तो जातक को धन हानि, कार्य-व्यवसाय में बाधाएं, अत्यधिक संघर्ष एवं धन का खर्च, स्थानान्तरण एवं मानसिक तनाव, कलह व शरीर कष्ट होते हैं।

(5) शुभ ग्रह की महादशा के मध्य शुभ ग्रह की अन्तर्दशा हो, तो उसका फल उत्तम होगा। उसमें धन लाभ, आरोग्य सुख, अभिलषित कार्यों में सफलता, विद्या लाभ एवं स्त्री (पति) सुख व संतान आदि सुख प्राप्त होते हैं। महादशा स्वामी एवं अन्तर्दशा स्वामी दोनों बलान्वित हों, तो और भी अच्छा है।

(6) केन्द्र भावों को विष्णु स्थान और त्रिकोण भावों को लक्ष्मी स्थान भी कहा जाता है। केन्द्र त्रिकोण के स्वामी ग्रह यदि केन्द्र-त्रिकोण (1-4-5-6-9-10) भावों में ही आ जावें, तो विशेष शुभ फल देते हैं, इनकी दशाऽन्तर्दशा में विपुल धन, लाभ, धर्म-परायणता, विद्या, भूमि-जायदाद, विद्या एवं सवारी आदि सुखों की प्राप्ति तथा स्त्री-संतान सम्बन्धी पारिवारिक सुखों की उपलब्धि होती है।

(7) दुःस्थानों (6, 8 एवं 12वें) स्थानों में स्थित ग्रहों अथवा उनके स्वामी ग्रहों की दशाऽन्तर्दशा में धन हानि, रोग, शत्रु, धन का अत्यधिक खर्च, कठिनाइयाँ , शरीर कष्ट, मानसिक तनाव एवं संघर्ष होते हैं।

(8) जो ग्रह शुभ एवं योगकारक ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो तथा अस्त, वक्री एवं सन्धिगत न हो, तो उस ग्रह की दशाऽन्तर्दशा में धन लाभ, प्रिय बन्धुओं का सुख, भूमि, वाहन आदि का लाभ, विद्या एवं धर्म में रुचि तथा कार्यों में सफलता होती है।

(9) महादशा ग्रह का स्वामी एवं अन्तर्दशा ग्रह का स्वामी परस्पर मित्र क्षेत्री हों तथा कुण्डली में उनकी पारस्परिक स्थिति 6-8 या 12वीं न हो, तो उनकी दशाऽन्तर्दशा में ग्रह अपने भावेशत्व के अनुसार भूमि, जायदाद, धन, परिवार आदि का सुख प्रदान करेगा।

(10) जिस ग्रह की महादशा चल रही हो, यदि अन्तर्दशा स्वामी ग्रह उसका शत्रु हो, या शत्रु राशि में स्थित हो, या छठे/आठवें में हो, या लग्नेश का शत्रु हो, तो ऐसी अन्तर्दशा में शत्रु भय, रोग भय, धन हानि, स्थान परिवर्तन, भाई-बन्धुओं से वैर-विरोध तथा बनते कार्यों में अड़चनें पड़ती हैं।

(11) शुभ ग्रह की महादशा में पाप ग्रह की अन्तर्दशा हो तो, उस अन्तर्दशा का पूर्वार्द्धभाग सुखदायक और उत्तरार्द्ध भाग कष्टकारी होता है।

(12) शनि की दशा में चन्द्र का अन्तर अथवा चन्द्रमा की दशा में शनि का अन्तर काल प्रायःआर्थिक दृष्टि से कष्टकारी होता है।

इसके अतिरिक्त यदि चन्द्रमा शनि की राशि (मकर या कुम्भ) में हो, तो उसकी महादशा के मध्य यदि सप्तमेश की अन्तर्दशा हो, तो भी कष्टकारी होती है।

11. एकादशेश की दशा में आय के स्रोतों में वृद्धि, तथा गत किए गए प्रयासों में सफलता [illegible] है। यदि एकादशेश पाप ग्रह युक्त व दृष्ट हो, तो स्वयं जातक के [illegible] के लिए अशुभ होती है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इसके अतिरिक्त यदि चन्द्रमा शनि की राशि (मकर या कुम्भ) में हो, तो उसकी महादशा के मध्य यदि सप्तमेश की अन्तर्दशा हो, तो भी कष्टकारी होती है।

(13) शनि में मंगल अथवा मंगल में शनि की अन्तर्दशा संघर्षपूर्ण, रोग एवं शरीर कष्ट तथा आर्थिक दृष्टि से परेशानीकारक रहती है।

(14) शनि में सूर्य की दशा और सूर्य में शनि की अन्तर्दशा प्रायः जातक के स्वास्थ्य की दृष्टि से तथा उसके माता-पिता एवं अग्रजों के लिए कष्टकारी होती है।

(15) राहु और केतु की दशाऽन्तर्दशा प्रायः अशुभफली होती है। यदि राहु ३, ६ या ११वें भाग में हों, तो अच्छा फल भी प्रकट होता है।

(16) जो ग्रह उच्च राशि से निकलकर नीच राशि की ओर जा रहा हो, उसकी दशा को **अवरोहिणी दशा** कहा जाता है। यह दशा अशुभ एवं कष्टकारी होती है। परन्तु यदि अवरोही ग्रह उच्च, मित्र या अपने नवांश में हो, तो वह दशा मिश्रित फल देने वाली होती है।

(17) जो ग्रह नीच से उच्च राशि की ओर अग्रसर हो, उसकी दशा को **आरोहिणी दशा** कहते हैं। इस अवधि में जातक को शुभ फल प्राप्त होते हैं। यदि ग्रह नीच या शत्रु राशि के नवांश में हो, तो शुभ फलों में कमी होती है।

भावेश अनुसार विंशोत्तरी दशा का फल

1. लग्नेश ग्रह की दशा में उद्यम में वृद्धि, शारीरिक सुख, धन लाभ, भूमि, वाहन आदि सुख होते हैं,परन्तु धन का अपव्यय एवं परिवार सम्बन्धी परेशानियां भी देखी गई हैं।

2. द्वितीयेश की दशा में धन-आय के साधन बढ़ते हैं परन्तु यदि धनेश पाप ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो वृथा खर्च एवं स्वास्थ्य के लिए अशुभ है।

3. तृतीयेश की दशा में संघर्ष एवं भ्रमण अधिक रहेगा। भाई-बन्धु एवं आत्मीय जनों के बारे में परेशानियां व खर्च भी अधिक होते हैं।

4. चतुर्थेश दशा में भूमि, मकान, वाहनादि सुखों की प्राप्ति, माता का सुख होता है। यदि अशुभ ग्रह युक्त हो, तो माता या पिता दोनों में से किसी एक को शरीर कष्ट का भय।

5. पंचमेश की दशा में विद्या की प्राप्ति, धन लाभ-संतान-सुख एवं सोची हुई योजनाओं में सफलता प्राप्त होती है। यदि अशुभ या पाप ग्रह युक्त हों, तो विघ्न एवं अड़चनों के बाद सफलता प्राप्त होती है।

6. षष्ठेश की दशा में रोग व शत्रुओं का भय, मातुल पक्ष को कष्ट, व्यवसाय में विघ्न-बाधाएं, शरीर कष्ट तथा खर्च अधिक होते हैं।

7. सप्तमेश पाप ग्रह हो, तो उसकी दशा में शरीर कष्ट, धन हानि, स्त्री को कष्ट, तनाव एवं व्यवसाय में बाधाएँ आती हैं। यदि शुभ ग्रह हों, तो मिश्रित फल होते हैं।

8. अष्टमेश (पापग्रह हो तो) उसकी दशा में परिवारिक बन्धुओं सम्बन्धी परेशानी, आर्थिक उलझनें, बनते कामों में विघ्न एवं मृत्युतुल्य कष्ट होते हैं। यदि शुभ ग्रह हों,तो कष्टों में कमी होती हैं।

9. नवमेश की दशा में परोपकार एवं धार्मिक भावना में वृद्धि, तीर्थ यात्रा, विद्या में उन्नति, भाग्यवश लाभ व उन्नति, कार्य-व्यवसाय में सफलता और श्रेष्ठ लोगों के साथ सम्बन्ध होते हैं।

10. दशमेश की दशा में कार्य-व्यवसाय में लाभ व उन्नति, सरकारी क्षेत्रों से लाभ, परन्तु माता के स्वास्थ्य के लिए अशुभ होगी।

11. एकादशेश की दशा में आय के स्रोतों में वृद्धि, तथा गत किए गए प्रयासों में सफलता होती है। विद्या, संतान के लिए शुभ है। यदि एकादशेश पाप ग्रह युक्त व दृष्ट हो, तो स्वयं जातक के स्वास्थ्य के लिए अशुभ होती है।

12. द्वादशेश की दशा में गुप्त चिन्ताएँ, खर्च की अधिकता, वृथा भागदौड़ एवं धन हानि तथा बनते कामों में अड़चनें होती हैं।

दशाफल में प्रत्येक लग्नगत ग्रहों का शुभाशुभ

आगे मेषादि द्वादश लग्नों के अन्तर्गत ग्रह दशाओं के शुभाशुभत्व का विवरण दे रहे हैं। किसी लग्न में ग्रहों के शुभत्व एवं अशुभत्व का निर्देश सदा के लिए स्थायी नहीं समझना चाहिए। कुछ स्थितियों में किसी लग्न विशेष में शुभफल प्रदक लिखा ग्रह भी अपना दशाऽन्तर्दशा में अशुभ फल देने लगता है। **उदाहरण स्वरूप** मेष लग्न में गुरु को (भाग्येश होने के कारण) शुभ फल देने वाला लिखा गया है। परन्तु जन्म कुण्डली में यदि गुरु नीच (मकर) राशि का होकर अस्त एवं वक्री होकर पड़ा हो अथवा शत्रु राशि (२, ६) का होकर राहु, शनि आदि पाप ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो गुरु अपना दशाऽन्तर्दशा में जातक को उच्च विद्या एवं भाग्योन्नति में विघ्न-बाधाऐं, बड़े आत्मीय लोगों के साथ विरोध, धन का अपव्यय एवं रोग आदि अशुभ फल भी होते हैं। आगे दशाफल में प्रत्येक लग्न में ग्रहों का शुभ-अशुभ विवरण देते हैं—

दशा फल में प्रत्येक लग्न में ग्रहों का शुभ-अशुभ विवरण

लग्न राशि	शुभ फल	अशुभ फल	मिश्रित फल
मेष	सूर्य, मंगल, गुरु	बुध, शुक्र	चन्द्र, शनि, राहु, केतु
वृष	सूर्य, बुध, शुक्र शनि	मंगल, केतु	चन्द्र, राहु, गुरु
मिथुन	चंद्र, बुध शुक्र	मंगल, केतु	सूर्य, गुरु, शनि, राहु
कर्क	चन्द्र, मंगल	बुध, शनि, राहु,	सूर्य, केतु, गुरु, शुक्र
सिंह	सूर्य, मंगल	शनि, शुक्र, राहु	चन्द्र, बुध, गुरु, केतु
कन्या	बुध, शुक्र	मंगल, सूर्य, केतु,	चन्द्र, शनि, गुरु, राहु
तुला	बुध, शुक्र, शनि,	सूर्य, राहु, गुरु	चंद्र, मंगल, केतु
वृश्चिक	सूर्य, चन्द्र, गुरु	बुध, शनि, राहु	मंगल, शुक्र, केतु
धनु	सूर्य, मंगल, गुरु	शुक्र, शनि, राहु,	बुध, चन्द्र, केतु
मकर	बुध, शुक्र, शनि	चन्द्र, गुरु	सूर्य, मंगल, राहु, केतु
कुम्भ	मंगल, शुक्र, शनि	चन्द्र, केतु	सूर्य, बुध, गुरु, राहु
मीन	चन्द्र, मंगल, गुरु	सूर्य, शुक्र, राहु	बुध, शनि, केतु

गत वर्ष सूर्य, चन्द्र, मंगल ग्रहों की महादशा में अन्य ग्रहों की अन्तर्दशाओं का फल दिया गया था। इस बार चन्द्रमा एवं मंगल मध्ये अन्तर्दशाओं का फल दे रहे हैं। अधिक व सम्पूर्ण जानकारी के लिए 'ज्योतिष तत्त्व' फलितखण्ड-द्वितीय भाग पढ़ें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

राहु की महादशा में राहु आदि अन्तर्दशाओं का फल

विशेष : ज्योतिष आचार्यों के अनुसार राहु की दशा में सामान्यतः आदि में दुख, मध्य में सुख और यश तथा अन्त में स्थान हानि एवं गुरु, पुत्र आदि को कष्टदायक सिद्ध होती है। राहु, वृष, मिथुन, कर्क, कन्या एवं कुम्भ राशि का हो, तो अपनी दशा में उच्च-प्रतिष्ठा, सम्मान, शासन लाभ एवं व्यवसाय में लाभ व उन्नति प्रदान करता है।

राहु मध्ये राहु का अन्तर—राहु 3, 6, एवं 11वें भाव में शुभ राशिस्थ एवं शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो अपनी दशा में उत्साह एवं पराक्रम में वृद्धि, प्रशासन में उच्च पद की प्राप्ति, राजनीति में सफलता, शेयरों, लाटरी अथवा वकालत में अकस्मात् लाभ की सम्भावना एवं पुत्र-सन्तति का लाभ देता है। यदि राहु मेष, सिंह आदि पुरुष राशियों में स्थित होकर 1, 4, 7, 8, 9, एवं 12वें भावों में पाप ग्रह से युत या दृष्ट हो, तो शरीर कष्ट, बन्धुओं से वियोग, धन हानि, फाईनैंस की कमी या आर्थिक परेशानियां, बनते कामों में विघ्न तथा व्यवसाय के सम्बन्ध में संघर्ष एवं दौड़धूप अधिक रहती है। दशा में शरीर कष्ट, मानसिक तनाव, गुप्त चिन्ताएं एवं अपव्यय बढ़ जाते हैं।

राहु मध्ये गुरु का अन्तर—गुरु कुण्डली में उच्च राशि या स्वगृही होकर केन्द्र या त्रिकोण एवं 11वें में स्थित हों, तो गुरु की अन्तर्दशा में धार्मिक कार्यों के प्रति रूचि, श्रेष्ठ लोगों से सम्पर्क, उच्च विद्या में सफलता, शत्रु नाश, राज्य सम्मान, धन लाभ, भूमि, वाहन, विवाह एवं पुत्र संतान आदि शुभ फल होते हैं। परोपकार की ओर प्रवृत्ति बढ़ती है। यदि गुरु नीच, शत्रु राशि या अस्तंगत होकर, 6, 8, 12वें भाव में हो, तो उच्च विद्या में विघ्न-बाधाएं, स्वास्थ्य की हानि, शरीर कष्ट, पीलिया रोग, तनाव, धन हानि, बड़े बुजुर्गों या अग्रजनों के साथ मतान्तर, आर्थिक उलझनें, बनते कामों में बाधाऐं तथा स्त्री व संतान सम्बन्धी परेशानियों का सामना होता है।

राहु मध्ये शनि का अन्तर—कुण्डली में शनि यदि उच्च, स्वराशि में होकर केन्द्र या त्रिकोण एवं लाभ स्थान में हो तो इस दशाकाल में भूमि, जायदाद एवं वाहन सम्बन्धी सुख-साधनों में वृद्धि, व्यवसाय में गुप्त युक्तियों द्वारा धनार्जन करता है। जातक लोहे, तेल, पैट्रोल, एवं शेयर-सट्टा आदि के व्यवसाय से विशेष अधिक धन प्राप्त कर लेता है। परन्तु मानसिक तनाव एवं असंतोष की भावना रहती है। शनि यदि नीच या शत्रुक्षेत्री होकर, 2, 6, 7, 8, 12वें स्थान में हो, तो जातक के किसी आत्मीयजन, पिता, माता, स्त्री, संतानादि को मृत्यु तुल्य कष्ट, धन एवं स्वास्थ्य हानि तथा अनेक प्रकार के कष्टों का भी सामना होता है।

राहु मध्ये बुध का अन्तर—बुध यदि कुण्डली में उच्च, स्वक्षेत्री होकर केन्द्र-त्रिकोण में हो, तो जातक को उच्च तकनीकी विद्या की प्राप्ति, पदोन्नति, नए मित्रों के साथ सम्बन्ध, स्त्री एवं संतान सुख, व्यवसाय में बुद्धि-कौशल द्वारा धन लाभ होता है। किसी नवीन कार्य की योजना भी बन सकती है। यदि बुध राहु से 6-8 या 12वें स्थान में हो, तो जातक को धन हानि, पारिवारिक कलह-क्लेश, आर्थिक संकट तथा मानसिक व शरीरिक कष्ट होते हैं। जातक को वात, कफ़, पित्तादि रोग तथा त्वचा (चर्म), रक्त विकारादि रोग होते हैं।

राहु मध्ये केतु का अन्तर—इस अन्तर्दशा में प्रायः अशुभ फल होते हैं। जातक को ज्वर, नेत्र रोग, शत्रु भय, सिर में पीड़ा एवं शरीर कष्ट, जातक के निकट-बन्धुओं एवं मित्रों से कलह व धन हानि एवं ऋण लेने की सम्भावना हो। यदि केतु शुभ ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो, तो जातक को शेयरों, लाटरी या व्यवसाय से लाभ, किसी नवीन कार्य की योजना बनती है। स्थानान्तरण से लाभ मिलता है।

राहु मध्ये शुक्र का अन्तर—शुक्र केन्द्र-त्रिकोण एवं 11वें भाव में शुभ राशिगत हो, तो जातक उच्च-प्रतिष्ठित लोगों से लाभ व उन्नति के योग, व्यवसाय में धन लाभ एवं प्रगति के मार्ग प्रशस्त होंगे। मैत्री भाव बढ़ेंगे। भूमि, वाहन, प्रिय-बन्धु, स्त्री एवं विवाह सम्बन्धी सुखों में वृद्धि होगी। प्रेम प्रसंग बढ़ेगें। विवाहित होने की स्थिति में संतान सुख के योग परन्तु शुक्र यदि नीच या शत्रु राशि अथवा पाप ग्रह से पीड़ित हो, तो किसी प्रिय-बन्धु से कलह, स्त्री को कष्ट, धन हानि, पेट सम्बन्धी गुप्त रोगों की सम्भावना होती है। किसी से धोखा मिलने की सम्भावना भी रहेगी।

राहु मध्ये सूर्य का अन्तर—सूर्य अगर उच्च, स्वक्षेत्री होकर 5, 9, 11वें भाव में हो, तो जातक व्यवसाय में अत्यन्त संघर्ष के पश्चात् उच्च-प्रतिष्ठा, धन-धान्य का लाभ प्राप्त करता है। इस अवधि में उसे सरकारी क्षेत्रों में लाभ, प्रतिष्ठा एवं विदेश यात्रा से लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होते हैं। यदि राहु से सूर्य 6, 8, 12वें भाव होकर नीच राशिगत हो, तो जातक का पारिवारिक सदस्यों से कलह-क्लेश, सरकारी क्षेत्रों से भय, स्त्री-पुत्र को कष्ट, स्थान परिवर्तन, शरीर कष्ट एवं ज्वरादि अशुभ फल घटित होते हैं।

राहु मध्ये चन्द्र का अन्तर—चन्द्रमा उच्च, स्वराशि आदि बलान्वित होकर केन्द्र-त्रिकोण एवं 11वें भाव में हो, तो मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, विद्या में सफलता, धन लाभ, स्त्री-संतान एवं वाहनादि सुखों की वृद्धि आदि शुभ फल होते हैं। यदि चन्द्रमा नीच, शत्रुादि राशि में होकर राहु से 1, 6, 8,12 वें भाव में अशुभ ग्रह युक्त हो, तो अकस्मात् धन हानि, माता को कष्ट, घरेलू कलह-क्लेश, नेत्र एवं शिर में पीड़ा, मानसिक तनाव, वात, कफ़ आदि रोगों के कारण शरीर को कष्ट आदि अशुभ फल होते हैं।

राहु मध्ये मंगल का अन्तर—मंगल यदि शुभ राशि, उच्च एवं स्वराशि का केन्द्र-त्रिकोण या 11वें भाव में हो, तो उसकी अन्तर्दशा में भूमि, जायदाद एवं पुत्र सन्तति, वाहनादि सुखों की प्राप्ति, उद्यम में वृद्धि, धन लाभ, स्वास्थय में सुधार, शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। यदि मंगल पाप युक्त होकर राहु से 4, 6, 8 एवं 12वें स्थान में हो, तो जातक को गृह सुख में कमी, भाई-बन्धुओं से विवाद, स्त्री व संतान कष्ट, धन हानि, रक्त विकार तथा दुर्घटना से चोटादि का भय होता है।

गुरु की महादशा में राहु आदि अन्तर्दशाओं का फल

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

वाहन एवं अन्य सुख-साधनों में वृद्धि हो तथा धार्मिक कार्यों में

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गुरु की महादशा में गुरु आदि अन्तर्दशाओं का फल

गुरु में गुरु का अन्तर—गुरु उच्च और स्वक्षेत्री होकर केन्द्र या त्रिकोण (१, ५, ९) भावों में हो, तो इस अन्तर्दशा में जातक की परोपकार एवं धार्मिक कार्यों में प्रवृत्ति होती है। योग, दर्शन, ज्योतिष आदि ग्रंथों में भी रूचि बढ़ती है। उच्च विद्या में सफलता, धन लाभ, विवाहादि उत्सव, पुत्र एवं सन्तान सुख, वाहन, भूमि, आवास आदि सुखों की प्राप्ति होती है। सौभाग्य की वृद्धि तथा महात्माओं आदि श्रेष्ठ जनों के साथ संयोग होता है। यदि गुरु नीच या पाप ग्रहों से युत या दृष्ट हो, तो आर्थिक उलझनें, कौटुम्बिक सदस्यों के साथ मनमुटाव एवं क्लेश, उच्च विद्या में बाधाएं, स्त्री एवं सन्तान सम्बन्धी चिन्ता, उदर विकार एवं शरीर कष्ट की सम्भावना होती है।

गुरु में शनि का अन्तर—शनि यदि उच्च, स्वराशिस्थ हो या केन्द्र-त्रिकोण व 11वें भाव में स्थित हो, तो इस दशा में जातक का उच्च-प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क, धन-धान्य, भूमि, कृषि, मकान, वाहनादि सुख-साधनों की प्राप्ति, पश्चिम दिशा में यात्रा, लोहे, तेल, व्यवसाय में लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त हों। शनि नीच, अस्त या शत्रु भावीं हो, या गुरु से 6, 8, एवं 12वें भाव में हो, तो पारिवारिक सम्बन्धों में तनाव, स्त्री एवं सन्तान सम्बन्धी परेशानी, नीच लोगों के साथ संगति, व्यसनों आदि में प्रवृत्ति हो, धन का खर्च बहुत अधिक एवं गुप्त चिन्ताऐं रहें, आंखों में रोग, शरीर कष्ट एवं आर्थिक संकट आदि अशुभ फल होते हैं।

गुरु में बुध का अन्तर—बुध उच्च या स्वराशि होकर केन्द्र-त्रिकोण या 11वें भाव में हो, तो इस दशा में जातक के मैत्री क्षेत्र में विस्तार, उच्च व्यवसायिक विद्या में सफलता, पदोन्नति, धन लाभ, स्त्री एवं सन्तान सुख, व्यवसाय में क्रय-विक्रय द्वारा लाभ, किसी नवीन विद्या, ज्योतिष, धर्म, योग, तंत्र आदि विषयों में रूचि एवं आय के साधनों में वृद्धि होती है। यदि बुध अस्तंगत या नीचस्थ होकर गुरु से 6, 8 या 12वें भाव में हो, तो धन हानि, मदिरा आदि व्यसनों में प्रवृत्ति, किसी नजदीकी भाई-बन्धु के व्यवहार से दुख, वात-पित्त, कफ़ आदि त्रिदोषों के कारण शरीर कष्ट का भय होता है।

गुरु मध्ये केतु का अन्तर—कुण्डली में केतु पाप युक्त होकर गुरु से 6, 8 या 12वें स्थान में हो, तो जातक के परिवारिक सदस्यों - स्त्री, पुत्रों; माता-पिता आदि को कष्ट अथवा उनके सुख में कमी हो, गृह में कलह-क्लेश, धन-हानि, दुर्घटना से चोटादि का भय, स्वास्थ्य की हानि तथा मन में असन्तोष व दुख बढ़ते हैं। यदि केतु शुभ ग्रहों से युत या दृष्ट हो, तो किसी नवीन कार्य में रूचि, भाई-बन्धुओं का सुख, स्थान परिवर्तन तथा निर्वाह योग्य ही धन के साधन बनते हैं।

गुरु मध्ये शुक्र का अन्तर—कुण्डली में शुक्र स्वराशि या उच्चस्थ होकर केन्द्र-त्रिकोण में हो, तो जातक को उच्च शिक्षा में सफलता, कार्य-व्यवसाय में धन लाभ एवं उन्नति के अवसर, उच्चपदस्थ अधिकारियों से लाभ, रहन-सहन के स्तर में सुधार, स्त्री, सन्तान सम्बन्धी सुख, संगीत, कला एवं साहित्य में रूचि, कामासक्ति एवं विलासिता आदि के कार्यों पर खर्च की अधिकता, भूमि, वाहन एवं अन्य सुख-साधनों में वृद्धि हो तथा धार्मिक कार्यों में भी रूचि बढ़े। यद्यपि कार्य-व्यवसाय में संघर्ष भी अधिक बढ़े। यदि शुक्र नीच, अस्त या गुरु से 6, 8 या 12वें स्थान में हो, तो जातक की मदिरा एवं अन्य व्यवसनों में प्रवृत्ति हो, शरीर कष्ट, आर्थिक परेशानियां तथा स्त्री एवं सन्तान सम्बन्धी कष्ट एवं चिन्ताएँ तथा वृथा धन के अपव्यय तथा उदर-विकार व गुप्त रोगों की सम्भावना होती है।

गुरु मध्ये सूर्य का अन्तर—सूर्य स्वक्षेत्री या उच्च होकर केन्द्र-त्रिकोण, 11वें भाव हो, तो इस अन्तर्दशा में जातक को उच्च विद्या में सफलता, मान-सम्मान, उच्च-प्रतिष्ठत लो के साथ सम्पर्क, पराक्रम एवं उत्साह में वृद्धि, आरोग्य, सरकारी क्षेत्रों से लाभ, व्यवसाय में ध लाभ, भूमि, जायदाद, वाहनादि सुख एवं सौभाग्य की वृद्धि होती है। पिता से सुख एवं सहयो प्राप्त होता है। सूर्य यदि गुरु से 6, 8, या 12वें स्थान में हो, या राहु आदि पाप ग्रह युक्त हो, जातक का प्रिय-बन्धु से वियोग अथवा सुख में कमी, नेत्र या सिर पीड़ा, ज्वर, वृथा खर्च शरीर कष्ट आदि अशुभ फल होते हैं।

गुरु मध्ये चन्द्रान्तर—उच्चादि स्थिति में शुभ चन्द्रमा केन्द्र-त्रिकोण एवं 11वें भाव हो, तो उस दशा में मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, विद्या में उन्नति एवं व्यवसाय में धन प्राप्ति, स्त्री ए सन्तान सुख तथा सवारी आदि के सुख प्राप्त होते हैं। मित्रों एवं पारिवारिक सदस्यों का सुख एवं सहयोग मिलता है। यदि चन्द्र लग्नेश या गुरु से 6, 8, या 12वें स्थान में हो या पाप ग्र से युक्त या दृष्ट, नीचादि स्थिति में हो, तो जातक के निकट बन्धुओं के साथ तकरार, मिथ्याबोध माता को कष्ट, धन हानि, मानसिक तनाव तथा बनते कामों में अड़चनें पैदा होती हैं।

गुरु मध्ये मंगल का अन्तर—मंगल उच्च या स्वराशि का होकर केन्द्र-त्रिकोण भाव में स्थित होने से जातक के उत्साह एवं पराक्रम में वृद्धि, उच्च विद्या में सफलता, भूमि-जायदाद सम्बन्धी कार्यों से लाभ, नवीन कार्यों द्वारा धन व यश, तीर्थ यात्रा, परोपकार आदि धार्मिक कार्यों में रूचि होती है। भाई-बन्धुओं एवं मित्रों के साथ समागम होता है। यदि गुरु से मंगल 6, 8, 12वें भाव में हो, या पाप ग्रह से युत या दृष्ट हो, तो जातक का भाई-बन्धुओं से मतान्तर, किसी से विवाद होने का भय, पिता-माता या स्त्री एवं सन्तान को कष्ट, धन हानि, स्वयं जातक का स्वास्थ्य भी ठीक न हो, ज्वर एवं शिर पीड़ा आंखों में कष्ट का भय हो।

गुरु मध्ये राहु का अन्तर—राहु का उच्च या स्वक्षेत्री होकर ३, ६ या ११वें भाव में हो, तो जातक को उच्च विद्या का लाभ, किसी तकनीकी क्षेत्र में विशेष कुशलता, भूमि, वाहन आदि का लाभ, विदेश आदि दूर देश गमन से लाभ, शेयर, लाटरी आदि से अकस्मात् धन लाभ की सम्भावना होती है। गुरू से राहु यदि १, ४, ६, या १२वें भाव में अशुभ हो, तो घरेलू एवं व्यवसाय सम्बन्धी परेशानियां, माता-पिता या किसी आत्मीय या गुरुजन को कष्ट हो, धन हानि एवं अपव्यय, चित्त-व्याकुलता, वृथा दौड़धूप, दुःस्वप्न, शरीर कष्ट तथा अल्प लाभ, किसी से धोखा आदि अशुभ फल होते हैं। अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए "ज्योतिष तत्त्व (फलित खण्ड)" का अध्ययन करें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अनिष्ट निवारक नवग्रह यन्त्र और उनको धारण करने की विधि

संसार में प्रत्येक मनुष्य को अपने पूर्व जन्म में तथा वर्तमान जन्म में किए गए कर्मों एवं नव ग्रहों के प्रभावस्वरूप अनेक प्रकार के शुभ-अशुभ (सुख-दुखादि) फलों की प्राप्ति होती है। जिस पुरुष/स्त्री की जन्म राशि या प्रसिद्ध राशि पर सूर्य, चन्द्र, मंगल आदि ग्रह अशुभ प्रभाव डाल रहे हों, उन्हें तदानुसार सम्बन्धित ग्रह यंत्र को अष्टगंध की स्याही तथा अनार की कलम द्वारा भोजपत्र पर लिखकर सोने, चांदी अथवा तांबे के तावीज़ में रखकर गले में धारण करे अथवा पुरुष दाहिनी भुजा में तथा स्त्री बाई भुजा में धारण करें। इन यंत्रों को सोना, चांदी अथवा तांबे के लाकेट अथवा प्लेट पर खुदवा कर उस पर सम्बन्धित ग्रह की पूजा शुभ मुहूर्त्त में विधिपूर्वक धारण करने से ग्रह जनित अनिष्ट प्रभाव का निवारण होकर सब प्रकार की बाधाएं दूर होती हैं।

अष्टगंध—केशर, कस्तूरी, कपूर, गोरोचन, सफेद चन्दन, लाल चन्दन, अगर-तगर तथा कुमकुम।

सूर्य का यन्त्र

६	९	८
७	५	३
२	९	४

चन्द्र का यन्त्र

७	२	९
८	६	४
३	१०	५

मंगल का यन्त्र

८	३	१०
९	७	५
४	११	६

बुध का यन्त्र

९	४	११
१०	८	६
५	१२	७

गुरु का यन्त्र

१०	५	१२
११	९	७
६	१३	८

शुक्र का यन्त्र

११	६	१३
१२	१०	८
७	१४	९

शनि का यन्त्र

१२	७	१४
१३	११	९
८	१५	१०

राहु का यन्त्र

१३	८	१५
१४	१२	१०
९	१६	११

केतु का यन्त्र

१४	९	१६
१५	१३	११
१०	१७	१२

'नवग्रहों के ध्यान मन्त्र'

सूर्य—पद्मासनः पद्मकरः पद्मगर्भः समद्युतिः। सप्तश्वः सप्तजुश्च द्विभुजः स्यात् सदारविः॥
चन्द्रमा—श्वेतः श्वेताम्बरधरः श्वेताश्वः। श्वेतवाहनः गदापाणिर्द्विबाहुश्च कर्तव्यो वरदः शशी॥
मंगल—रक्तमाल्याम्बरधरः शक्तिशूलगदाधरः। चतुर्भुजः रक्तरोमा वरदः स्याद् धरासुतः॥
बुध—पीतमाल्याबरधरः कर्णिकारसमद्युतिः। खड्गचर्मगदापाणिः सिंहस्थो वरदो बुधः॥
बृहस्पति—देवानां गुरुः तद्वत् पीतवर्णः चतुर्भुजः। दण्डी च वरदः कार्यः साक्षसूत्रकमण्डलुः॥
शुक्र—दैत्यानां गुरुः तद्वत् श्वेतवर्णः चतुर्भुजः। दण्डी च वरदः कार्यः साक्षसूत्रकमण्डलुः॥
शनि—इन्द्रनीलद्युतिः शूली वरदोगृध्रवाहनः। बाणबाणासनधरः कर्त्तव्योऽर्कसुतस्तथा॥
राहु—करालवदनः खड्गचर्मशूली वरप्रदः। नीलसिंहासनस्थश्च राहुरत्र प्रशस्यते॥
केतु—धूम्रा द्विभुजः सर्वेगदिनो विकृताननाः। गृध्रासनगता नित्यं केतवः स्युर्वरप्रदाः॥

(मत्स्यपुराण ९४।१—९)

सूर्यादि ग्रहों के यंत्र-धारण विधि

सूर्य यन्त्र—जन्मपत्री में सूर्य की स्थिति अशुभ हो अथवा विंशोतरी दशा में सूर्य की अशुभ दशा चल रही हो, गोचर स्थिति भी अशुभ हो, तो सूर्य यंत्र को शुक्ल पक्ष के रविवार के दिन (यदि कृतिका, उत्तरा फाल्गुनी या उत्तराषाढ़ा नक्षत्र भी हो तो और भी अच्छा है) उपर्युक्त विधि अनुसार अष्टगन्ध से लिखकर सोने या ताम्र के तावीज़ में रखकर अथवा सोने या ताम्र की प्लेट पर खुदवा कर लाल रुमाल एवं लाल (गुलाबी) डोरी में लपेट कर अपने पास रखे। प्रातः धारण करने से पूर्व यंत्र पर "ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः" इस मन्त्र का ७ हजार बार जाप करना कल्याणकारी होगा।

चन्द्र यन्त्र—आपकी राशि की जन्मकुण्डली में दशा-अन्तरदशा अथवा गोचर में चन्द्रमा अशुभ हो तो चन्द्र यन्त्र को शुक्ल पक्ष के सोमवार विशेषकर रोहिणी, हस्त या श्रवण नक्षत्र में सायं काल को उपर्युक्त विधि अनुसार चांदी का यंत्र धारण करें अथवा भोजपत्र पर अष्टगंध से लिखकर चांदी के तावीज़ में रखकर सफेद डोरी में धारण करें। यंत्र धारण करने से पूर्व उस पर "ॐ सों सोमाय नमः" या "ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः" इस मंत्र का ११००० पाठ पूरा कर लेना शुभ होगा।

मंगल यन्त्र—अपनी राशि या कुण्डली में मंगल ग्रह के अनिष्ट निवारण हेतु शुक्ल पक्ष के मंगलवार को मृगशिर, चित्रा या धनिष्ठा नक्षत्र कालीन "ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः" मन्त्र को दस हजार संख्या में जाप एवं पूजा के पश्चात् ताम्बे का यन्त्र (प्लेट, लाकेट आदि) धारण करना श्रेयकर रहता है। ताम्र यंत्र के अभाव में भोजपत्र पर अष्टगंध से यंत्र लिखकर ताम्बे के तावीज़ में धारण कर सकते हैं।

बुध यन्त्र—अपनी राशि या कुण्डली में बुध के अनिष्ट निवारण हेतु शुक्ल पक्ष के बुधवार को आश्लेषा, ज्येष्ठा या रेवती नक्षत्र के समय सोने या चांदी की प्लेट, अंगूठी या लाकेट पर खुदवा कर हरे रुमाल में बुध यंत्र धारण करें। धारण करे से पूर्व इस पर बुध के बीज मंत्र का ९००० की संख्या में पाठ करना शुभ होगा।

गुरु यन्त्र—अपनी राशि पर कुण्डली में गुरु के अरिष्ट निवारण हेतु शुक्ल पक्ष के गुरुवार को पुनर्वसु, विशाखा अथवा पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र के समय या किसी अन्य शुभ मुहूर्त्त पर सोने, चांदी या ताम्बे की प्लेट अथवा लाकेट या अंगूठी पर यन्त्र खुदवा कर गुरु का बीजमंत्र "ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः" (१९०००) पढ़ते हुए पीले रुमाल में लपेट कर अपने पास रखने से अनिष्ट प्रभाव दूर हो जाता है।

शुक्र यन्त्र—अपनी राशि या कुण्डली में शुक्र ग्रह के अनिष्ट के निवारण हेतु शुक्ल पक्ष के शुक्रवार को पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा या भरणी नक्षत्र कालीन अथवा किसी अन्य शुभ मुहूर्त्त में चांदी की प्लेट या लाकेट अथवा अंगूठी पर यंत्र खुदवा कर शुक्र का बीज मंत्र "ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः" १६००० की संख्या में पढ़कर श्वेत चन्दन और श्री गंगा जल के ३ छींटे देते हुए गुलाबी रुमाल में लपेटकर अपने पास रखें।

शनि यन्त्र—अपनी नाम राशि या जन्म कुण्डली में शनि ग्रह के अनिष्ट निवारण हेतु कृष्ण पक्ष के शनिवार को पुष्य, अनुराधा या उत्तराभाद्रपद नक्षत्र कालीन अथवा किसी अन्य शुभ मुहूर्त्त में सोने या सप्तधातु की प्लेट, लाकेट अथवा अंगूठी पर यंत्र खुदवा कर, शनि के बीज मंत्र "ॐ शं शनैश्चराय नमः" मन्त्र की ३ माला का जाप करके यथाशक्ति दान के उपरान्त काले रुमाल में लपेट कर अपने पास रखें।

राहु यन्त्र—अपनी नाम राशि या जन्मकुण्डली में राहु के अनिष्ट निवारण हेतु कृष्ण पक्ष के शनिवार को आर्द्रा, स्वाती या शतभिषा नक्षत्र कालीन अथवा किसी अन्य शुभ मुहूर्त्त में चांदी अथवा सप्तधातु की प्लेट, लाकेट अथवा अंगूठी में यन्त्र खुदवा कर राहु के बीज मन्त्र "ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः" की कम-से-कम तीन माला का जाप करके दानपूर्वक धूम्र वर्ण के रुमाल में लपेट कर अपने पास रखने से लाभ होगा।

केतु यन्त्र—अपनी नाम राशि या जन्म कुण्डली में केतु के अनिष्ट प्रभाव को दूर करने के लिए शुक्ल पक्ष के मंगलवार या रविवार को अश्विनी, मघा या मूला नक्षत्र में अथवा किसी शुभ मुहूर्त्त कालीन चांदी या सप्तधातु की प्लेट, लाकेट या अंगूठी में यंत्र को खुदवाकर केतु के बीज मन्त्र "ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः" की तीन माला का जाप करके दानपूर्वक लहसुनिया जैसे वर्ण के रुमाल में लपेट कर अपने पास रखने से नेष्ट फल दूर हो जाता है।

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भाग्योदय देखने का चक्र

यदि आपको किसी व्यक्ति के भाग्य का फल जानना हो, तो उस व्यक्ति को कहें कि वह व्यक्ति 1 से 31 की संख्या के भीतर कोई भी अंक मन में सोच ले। तदुपरान्त उसको पूछें कि नीचे लिखे A से लेकर E तक के पाँच यन्त्रों में से किस-किस यन्त्र में उसका सोचा हुआ अंक विद्यमान है। जिस-जिस यन्त्र में अमुक व्यक्ति का सोचा हुआ अंक मिले, उस यन्त्र के दाईं तरफ के सबसे ऊपर के कोने वाले पहले हिन्दसों को परस्पर जमा कर लेने से व्यक्ति विशेष के मन में सोची हुई संख्या पता लग जाएगी। उस अंक की संख्या के आधार पर व्यक्ति के 'भाग्य का फल' आगे लिखे अनुसार जानें--

उदाहरण--मान लो किसी मनुष्य ने अपने मन में 22 का अंक सोचा है। अब देखो कि यह 22 का अंक खाना नं० A, B, C, D, E में कहाँ मिलता है। अब इन यन्त्रों B, C, E के ऊपर के दायें कोनें के अंकों 2 + 4 +16 को जोड़ो तो 22 का जोड़ बनता है। अतः प्रश्नकर्ता ने 22 का अंक सोचा है और इसके अनुसार देखा तो लिखा है, कि विदेश गमन सम्बन्धी विचार बनेगा। व्यवसाय में कुछ परिवर्तन के योग हैं। इसी भांति अन्य अंकों के बारे में भी विचार करें।

नं० A

7	5	3	1
15	13	11	9
17	19	21	23
25	27	29	31

नं० B

7	6	3	2
15	14	11	10
23	22	19	18
31	30	27	26

नं० C

30	29	28	4
22	21	20	23
15	13	12	14
5	6	7	31

नं० D

30	10	28	8
26	25	24	31
14	13	12	27
9	29	11	15

नं० E

29	30	31	16
26	25	24	20
21	22	23	27
17	18	19	28

(1) तुम्हारे मन की मुराद उस समय पूरी होगी, जब तुम्हारा इस का ध्यान भी न होगा। (2) धैर्य रखें, भाग्योदय होने वाला है। फिर भी प्रतिदिन गायत्री मन्त्र का पाठ करते रहें। (3) किसी ऐसे साधन द्वारा तुम्हारी आशा पूर्ण होगी जिसका आपको ध्यान भी नहीं होगा। (4) जिस गुप्त चिन्ता के लिए आप परेशान हो, उसकी सफलता के लिए अभी कुछ विलम्ब हो सकता है, अपना पुरुषार्थ जारी रखें। (5) आपके लिए खुशी का समय आने वाला है, धैर्य रखें। सूर्य उपासना करना शुभ होगा। (6) घबराओ नहीं, तुम्हारी बेहतरी का साधन (ईश्वर कृपा से) शीघ्र निकल आएगा। (7) आपकी मुश्किलों का हल माता-पिता के आशीर्वाद से ही निकल पाएगा। (8) तुम्हारे भाग्य में धन-सम्पत्ति का सुख लिखा है, किन्तु विशेष परिश्रम करना होगा, लक्ष्मी चालीसा का पाठ करना शुभ रहेगा। (9) थोड़े दिनों में आपके सामने विदेश यात्रा सम्बन्धी प्रस्ताव रखा जाएगा, इसको स्वीकृति देने से पहले गम्भीरता से विचार करना उचित होगा। (10) इस समय आपका भाग्य गर्दिश में है, विशेष पुरुषार्थ एवं शिव उपासना करने से सफलता मिलेगी। (11) आपके संघर्ष और परेशानियों का समय बीत गया है, आने वाले दिनों में धन-लाभ एवं सुख के साधन बढ़ेंगे। (12) उतावलेपन से बनते काम बिगड़ सकते हैं। धीरज से काम लें, धीरे-धीरे ही बिगड़े कामों में सुधार आएगा। (13) किसी प्रिय बन्धु के सहयोग से बिगड़ा हुआ कोई विशेष काम बनेगा। (14) अभी बनते कामों में विघ्न-बाधाएँ रहेंगी। मानसिक तनाव व उद्विग्नता से बचें। (15) भाग्य में अभी कशमकश रहेगी। लगभग अढ़ाई महीने बाद सुधार के योग हैं। (16) ईश्वर पर भरोसा रखो, लगभग दो महीने बाद भाग्य में परिवर्तन होने के संकेत मिलते हैं। (17) अभी सितारे गर्दिश में है, लगभग डेढ़ मास बाद हालात में सुधार होगा। (18) अनावश्यक चिन्ता एवं तनाव से बचें, अच्छा समय आने वाला है। (19) उत्साहपूर्वक कर्म करते रहें, भाग्य में परिवर्तन व शुभ लाभ के योग पाए जाते हैं। (20) अपने भाग्य एवं पुरुषार्थ पर भरोसा रखें, मनोवांछित कार्यों में सफलता मिलने वाली है। (21) वर्तमान काल में आपके भाग्य के सितारे गर्दिश में है। लगभग एक मास बाद हालात में सुधार के योग हैं। (22) विदेश गमन सम्बन्धी विचार बनेगा। व्यवसाय में कुछ परिवर्तन के योग हैं। (23) आर्थिक परेशानियों के कारण तनाव होगा, लगभग डेढ़ मास बाद भाग्य में लाभ व उन्नति के योग हैं। (24) वर्तमान में समय संघर्षपूर्ण होगा। निकट भविष्य में मनोवांछित कार्यों में सिद्धि प्राप्ति होने के संकेत हैं। (25) किसी अंतरंग मित्र की सहायता से कोई बिगड़ा काम बनेगा। अचानक धन लाभ भी होगा। (26) वृथा कामों में समय न गंवाओ, आने वाले दो महीनों में लाभ व उन्नति के योग हैं। (27) व्यर्थ की चिन्ता न करें, लगभग डेढ़ मास बाद भाग्य में सुखद परिवर्तन होने के आसार हैं। (28) उत्साह से अपने कर्तव्य पालन में लगे रहें, लगभग दो मास में भाग्य में शुभ परिवर्तन होने वाला है। (29) संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के कारण मन अशान्त रहेगा। लगभग अढ़ाई मास बाद आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। लक्ष्मी स्तोत्र का पाठ करें। (30) अपने निश्चय पर दृढ़ रहें, लगभग डेढ़ मास आर्थिक कामों में सुधार होगा। (31) वर्तमान परिस्थितियां संघर्षपूर्ण होंगी। कार्य-व्यवसाय में परिवर्तन के बाद सफलता प्राप्त होगी।

''श्री अर्द्धशताब्दि पंचांग''

(संवत् 2001 से 2050 तक) अर्थात् सन् 1944 से 1993-94 ई. तक

(दैनिक ग्रह स्पष्ट सहित—ज्योतिषीयों के लिए एक संग्रहणीय एवं आवश्यक ग्रन्थ)

(प्रधान सम्पादक —पं. पन्ना लाल ज्यो.,

उप-सम्पादक—पं. विवेक शर्मा, व्यवस्थापक —पं. पंकज शर्मा)

नोट--पूर्ण राशि अग्रिम भेजने पर डाक खर्च (लगभग 60/- रु.) माफ। पुस्तक आपको रजिस्टर्ड पैकेट द्वारा भेज दी जाएगी। मूल्य 640 रु.

पता--जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर। फोन--2457959

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

स्वप्न—शकुन का शुभाशुभ फल विचार

दैनिक जीवन में मनुष्य की जो वासनाएँ अतृप्त अथवा अपूर्ण रहती हैं, वही स्वप्न रूप में येन-केन प्रकारेण पूर्ति का आभास कराती हैं। सूर्योदय के कुछ पूर्व अथवा ब्रह्म मुहूर्त में देखे गए स्वप्न का फल दस दिनों में, रात्रि के प्रथम प्रहर में देखे गए स्वप्न का फल एक वर्ष के पश्चात्, रात्रि के दूसरे प्रहर में देखे गए का फल छः मास में, तृतीय प्रहर में देखे गए स्वप्न का फल तीन मास के बाद, रात्रि के अन्तिम प्रहर में देखे गए स्वप्न का फल एक मास में प्रकट होता है, जबकि दिन में देखे गए स्वप्न विश्वसनीय नहीं होते। शुभ सांकेतिक स्वप्न देखने के पश्चात् सोना नहीं चाहिए, शेष रात्रि भजन, चिंतन में बितानी चाहिए तथा किसी को अपना स्वप्न बताना भी नहीं चाहिए। इसके विपरीत अशुभ स्वप्न देखने के बाद फिर सो जाएं तथा प्रातःकाल यदि उस अशुभ स्वप्न की स्मृति ताजी रहे तो गुरुजनों को उसे बतला दें। अशुभ निवारण के लिए गायत्री पाठ, स्नानदानादि, अनुष्ठानादि कार्यों का सम्पादन करें। अधिक जानकारी हेतु हमारे कार्यालय से स्वप्न ज्यो. विज्ञान सम्बन्धी पुस्तक मंगवाएँ।

स्वप्न	फल	स्वप्न	फल	स्वप्न	फल	स्वप्न	फल	स्वप्न	फल
अंगूठी पहनना	धन लाभ व प्रसन्नता	कैंची चलाना	व्यर्थ विवाद	गर्भपात	गम्भीर रोग	ज्वर पीड़ित	स्वास्थ्य ठीक	ढोलक बजाना	किसी व्यक्ति से भेंट
आम का वृक्ष देखना	सन्तान सुख	कौआ बोलते देखना	बुरा समाचार मिले	घूंघट देखना	नया कारोबार	जुआ खेलना	धन हानि	तम्बू देखना	नया काम शुरु करें
अतिथि देखना	आकस्मिक विपत्ति	कंघी करना	इच्छा पूर्ण हो	घोड़े से गिरना	परेशानी, चिन्ता	जेब काटना	धन हानि	तलवार चलाना	शत्रु पर विजय
अन्धेरा देखना	दुःख मिले	कबूतर देखना	शुभ समाचार	घाट पर नहाना	तीर्थ यात्रा	जड़ें देखना	दीर्घायु	तपस्वी देखना	आत्म उन्नति
आकाश से गिरना	मान हानि, चिन्ता	काला नाग	राज्य सम्मान	घायल देखना	संकट से मुक्त होना	जड़ें काटना	संकट का सूचक	तैरते देखना	आयु में वृद्धि
अर्थी देखना	रोग मुक्त	किला देखना	तरक्की पाना	घर बनाना	प्रसिद्धि प्राप्त हो	जनाजा दखना	धन लाभ/तरक्की	तर्पण करते देखना	मृत्यु की सूचना
अग्नि देखना	पित्त सम्बन्धी रोग	कोढ़ी देखना	रोग सूचक	घडी देखना	यात्रा का संकेत	झगड़ा देखना	प्रसन्नता मिले	तारे देखना	मनोरथ सिद्धि
आकाश देखना	तरक्की होना	कन्या देखना	तीर्थ यात्रा	घोड़े पर बैठना	सफलता का सूचक	झाड़ू देखना	नुकसान हो	तीर मारना	खुशी मिले
आँवला खाना	स्वास्थ्य लाभ	कोयला देखना	व्यर्थ का झगड़ा	चोट लगना	स्वास्थ्य लाभ	झण्डा देखना	सुयश/धन लाभ	तूफान देखना	परेशानी बढ़े
अपने को मृत देखना	आयु वृद्धि	कीचड़ में फंसना	कष्ट हो, व्यय हो	चरखा देखना	आर्थिक लाभ	झांकी देखना	अशुभ	तीर्थ देखना	धार्मिक खींच
आग जलाकर पकड़ना	व्यर्थ व्यय हो	कटा सिर देखना	चिन्ता परेशानी	चावल खाना	शुभ समाचार	झोली देखना	विजय संकेत	तितली देखना	प्रेम सम्बन्ध में सफलता
आत्महत्या करना	दीर्घायु	कुत्ता देखना	उत्तम मित्र प्राप्त हो	चोर देखना	धन प्राप्ति	झोंपड़ी देखना	सुरक्षा सूचक	तोता देखना	धन लाभ
आलू देखना	मुसीबत आना	कोयल देखना	कोई शुभ समाचार	चादर देखना	बदनामी हो	झरना देखना	दुःख दूर हों	तलाक होते देखना	दाम्पत्य सुख में बाधा
आपरेशन देखना	रोग के चिन्ह	कढ़ाई करते देखना	प्रेम या व्यापार में सफलता	चांदी के जेवर	सम्बन्ध विच्छेद	टिकट लेना	सम्बन्ध टूटना	तरक्की होते देखना	योजनाओं में सफलता
अस्त्र-शस्त्र देखना	दुःखों से निपटारा हो	कबाब खाना	अपयश/विवाद	चौकीदार देखना	धनागमन का संकेत	टोकरी देखना	व्यापार में वृद्धि	तराजू देखना	व्यापार लाभ
इन्द्रिय देखना	सन्तान सुख	कब्रिस्तान देखना	प्रतिष्ठा वृद्धि	चीखें मारना	परेशानी व कष्ट	टाट देखना	सम्मानजनक स्थिति	ताली बजाना	खुशी मिले
इम्तहान में फेल होना	शुभ फल प्राप्ति	खून करना	संकट आना	चुनरी देखना	सौभाग्य प्रतीक	टेलीफोन करना	शुभ समाचार	ताश खेलना	व्यापार लाभ
ईमारत बनाना	धन लाभ, तरक्की	खिलौना देखना	सुख शान्ति	छुरी मारना	परिवार से वाद विवाद	टापू देखना	संकट लक्षण	ताला बन्द देखना	कार्यों में रुकावट
